आंदोलन आरक्षण संघर्ष समिति के कार्यकर्ता द्वारा ही गांव-गांव जाकर, सभाएं/बैठके, करके रैलियां निकालकर, लाउडस्पीकरों से, मेलों में मंच तैयार करके आदि तरीकों से इस आंदोलन की लामबंदी की गई तथा समुदाय के लोगों ने भी इस आंदोलन में बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। लामबंदी के दौरान लोगों को आरक्षण के प्रति जागरूक तो किया गया। उन्हें यह तो समझा दिया गया कि एसटी की श्रेणी में आरक्षण या एसबीसी या एमबीसी की श्रेणी में आरक्षण मिलने से सरकारी नौकरी में, सरकारी संस्थान में पढ़ने के लिए मौके मिलेंगे। परंतु इसके साथ ही आरक्षण का अर्थ समझाने में कमी रह गई। वर्तमान समय में लोगों को आरक्षण का सामान्य सा यह अर्थ स्पष्ट समझ आता है कि आरक्षण के बाद अच्छी नौकरी मिल जाएगी तथा अच्छी नौकरी आर्थिक सम्पन्नता का साधन है। अत: आरक्षण को आर्थिक सम्पन्नता के साधन के रूप में ही समझा जाने लगा है।

शोध के दौरान यह पाया गया कि यह आंदोलन समुदाय के द्वारा ही बनाए गए गैर राजनीतिक संगठन द्वारा चलाया गया था यह आंदोलन

इतिहास का सबसे बड़ा आंदोलन हुआ जिसमें बडी संख्या में ट्रेने रोकी गई। राजस्थान में गुर्जर–मीणा समाज समान रूप से निवासरत है लेकिन मीणाओं को धारा 3 का अधिकार दिया गया जिससे उनकी जमीन आदि दुसरे व्यक्ति के नाम नहीं हो सकती है, वहीं जल, जंगल, जमीन आदि खत्म होते गए। जिससे गुर्जर जाति का प्रमुख व्यवसाय पशुपालन खतरे में आ गया। फलस्वरूप गुर्जर जाति आर्थिक रूप से कमजोर होती गई। अत: गुर्जर समाज ने अपने आप को मुख्यधारा में लाने के आरक्षण की मागं की। इसकी शुरूआत सकारात्म हुई थी किन्तु आंदोलन सही दिशा में नहीं जाने के कारण प्रदेश सरकार एवं निवासियों को अनेक समस्याओं का सामना करना पड़ा। समाज की मूल मांग एस.टी. में सम्मिलित करने की थी परन्तु सरकार द्वारा इन्हें अति पिछड़ा वर्ग में शामिल किया गया इससे सकारात्मक बदलाव देखने को मिल रहा है संविधान की मूल भावना भी यही है।

शोध के आधार पर समाधानात्मक सुझाव – आरक्षण के शांतिपूर्वक समाधान के लिए निम्न सुझाव प्रस्तुत किये गये है।

1. गुर्जर आरक्षण (एमबीसी) को स्थाई रखने के लिए नौवी अनुसूची में सम्मिलित किया जाए।
2. गुर्जर समाज की मूल मांग एसटी आरक्षण की है जिसका राजस्थान सरकार जातिगत अध्ययन करवाकर उचित सिफारिशें केन्द्र सरकार को कार्यवाही हेतु प्रेषित करें।
3. सरकार को पिछड़े क्षेत्रों के लिए विशेष योजनाओं का निर्माण किया जाना चाहिए ताकि उस क्षेत्र के निवासियों को रोजगार के उचित अवसर प्राप्त कर सके।
4. आरक्षण का उपयोग केवल राजनीतिक उद्देश्य और सत्ता प्राप्ति के लिए नहीं किया जाना चाहिए। सभी दलों के राजनेताओं को इस समस्या के समाधान के लिए राजनीति से उपर उठकर प्रयास करने चाहिए।
5. राजस्थान में बालिका शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए जिला मुख्यालयों पर एमबीसी वर्ग की बालिकाओं के लिए आवासीय विद्यालय प्रारंभ किये जाए।
6. सरकार द्वारा आरक्षण व्यवस्था की कमियों का पता लगाने के लिये प्रबुद्धजनों और विद्धानों की एक समिति गठित करनी चाहिए जो कि इस व्यवस्था की कमियों को उजागर कर सके और उनका समाधान प्रस्तुत कर सके।

संदर्भ ग्रंथ सूची :–

1. नयन तारा सक्सेना, अधिकारों का दस्तावेज पूना पैक्ट तथा मंडल रपट, सिद्धार्थ हाउस, लखनऊ 1991,
2. डॉ. अम्बेडकर पूना पेक्ट शर्ते, कल्चरल पब्लिशर्स, लखनऊ 1962,
3. दैनिक राजस्थान पत्रिका उदयपुर– 20 जुलाई 2009,
4. दैनिक भास्कर–उदयपुर–31 जुलाई 2009,
5. व्यक्तिगत शोध के आधार पर

****

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed/ Peer Review Research Journal)
RNI No.- MPHIN/2013/60638, ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Scientific Journal Impact Factor (SJIF)- 7.671
April to June 2023, E-Journal, Vol. I, Issue XLII

कालिदास के विचार-रत्नों का वर्तमान से सम्बन्ध

डॉ. धानी जामोद*

* सहायक प्राध्यापक (संस्कृत) पं. एस. एन. शुक्ला विश्वविद्यालय, शहडोल (म.प्र.) भारत

शोध सारांश – महाकवि कालिदास के भिन्न –भिन्न विचार उनके ग्रन्थों में विस्तार रूप से पाये जाते हैं। उनके ग्रन्थों को मनोयोग से पढने वाले ही उनके समग्र विचारों को अपने जीवन के लिए गुम्फन कर सकता है। ओर कवि कालिदास के इन विचारों के माध्यम से व्यक्ति अपना और समाज तथा लोगों का भी कल्याण कर सकता है। कतिपय विषय ऐसे भी है जिनके अध्ययन से हम और हमारे समाज के व्यक्ति प्रेरणा प्राप्त कर सकते है। इन सभी विषयों का वर्णन कर उनका सम्बन्ध इस शोध पत्र में विचार कर उनका सम्बन्ध स्थापित किया गया है।

शरणागत –रक्षा – प्राचीन काल से ही शरणागत की रक्षा भारतीयों के धर्म में मुख्य समझी जाती है। सज्जन व्यक्तियों ने शरणागत की रक्षा करने के लिये अपने प्रिय प्राणों की आहुति दे डाली है। अपने प्राणों को न्यौछावर कर शरणागत की रक्षा करना हमारा प्रथम धर्म है। भारतीय इतिहास इसका पूर्ण साक्षी है। यथा – राजा शिवि शरणागत बाज के लिए अपनी जान तक देने के लिये तैयार हो गए थे। कवि कालिदास के विचार इस विषय में स्वत: उन्नत है। उनका मत है कि –

क्षुद्रेअ्पि नूनं शरणं प्रपन्ने ममत्वमुच्चै: शिरसां सतीव ।
कुमारसम्भवम् 1.12

शरणागत की स्थिति वर्तमान समय में बहुत ही प्रचलित मानी जाती है। जैसे हमारे देश के सैनिक देश की रक्षा के लिऐ प्रतिदिन अपने प्राणों की बलि दे रहे है।

भेदभाव की स्थिति – यदि कोई छोटी जाति का या गुणहीन मनुष्य भी शरण में आ जाये तो सज्जन पुरूष उस पर उतनी ही ममता और अभिमान रखते हैं जितनी उच्चकुल में उत्पन्न गुणवान व्यक्ति पर होती है। कितनी ही उच्च कोटि की शिक्षा हो– मानव को सहायता करते समय जाति–पॉति का संकीर्ण विचार कभी नही करना चाहिए। ब्राह्मण हो या शूद्र, पापी हो या पुण्यात्मा, जब हमारे द्वार पर सहायता के लिए आ जाये तो अपने मन में नीची जाति के ख्याल को त्यागकर देना चाहिए। समाज में आज भी कहीं – कहीं जाति का भेद समाहित है अत: सर्वश्रेष्ठ भाव यह है कि हम सबको सब पर बराबर ममता रखना तथा यथाशक्ति सहायता करनी चाहिये। वर्तमान समय में प्रत्येक मनुष्य को ऐसी उज्ज्वल शिक्षा की गॉठ बाँध लेना चाहिए। जो हमारे जीवन का महत्वपूर्ण अंग है।

धीरता –कवि कालिदास ने धीर का लक्षण परिमित शब्दों में बहुत ही अच्छे रूप में प्रस्तुत किया है–**'विकारहेतौ सतिविक्रियन्ते येषां न चेतांषि त एवं धीरा:।' कुमारसम्भवम्** 1.51। धीर वही है जिसका चित्त विकार पैदा करने वाले कारणों के रहने पर भी विकृत न हो। यह लक्षण कितना विशद तथा तात्विक है धीरता की सच्ची कसौटी यही है कि सैकडों वासनाऍ मन को बूरा बनाने पर लगी हो , परन्तु चित्त की वृत्ति में किसी भी प्रकार का विकार प्रवृत्त न हों। इसी भाव का प्रसिद्ध पद्य है–

नवे वयसि य: शान्त: स शान्त: इति कथ्यते।
धातुषु क्षीयमाणेषु शम: कस्य न जायते।।

शान्त वही है जो युवावस्था में शान्त है। जब प्रलोभनों का अन्त हो जायेगा तो शान्ति स्वयं आ जायेंगी। बूढापे की शान्ति को क्या असली शान्ति कहेगें। हमें सच्चे धीर बनने का सतत प्रयत्न करना चाहिए।

मित्र– माहात्म्य: – यदि एक भी सच्चा, मित्र मिल जाय तो जीवन की गति अच्छी बन सकती है। सुख के दिनों में सदा साथ देने वाले बहुत मिलेंगे, परन्तु विपत्ति के समय मित्र का साथ देने वाले बहुत कम मिलते है। मित्रों की पहचान के लिए दु:ख निकष ग्रावा है। विपत्ति की कसौटी पर कसे जाने पर चमकने वाले मित्र ही आदर्श मित्र है। ऐसे मित्रों के प्रेम के विषय में कवि का मत है–:**'द्धियितास्वनवस्थितंनृणां न खलु प्रेम चलं सुहृज्जन।' कुमारसम्भवम्** 4.28। पुरूष का प्रेम पत्नी पर नि:श्चल नही, परन्तु मित्रजनों पर प्रेम सदा अटल रहता है। ऐसे ही मित्रों से जीवन सुखमय बन जाता है। वर्तमान समय के नव युवकों को सोच –समझकर किसी से मैत्री करनी चाहिए। क्योंकि वर्तमान में मित्रता का अर्थ परिवर्तित रूप में प्राप्त होता है तथा मित्रता जीवन का अभिन्न अंग माना गया है। जिसका सम्बन्ध हमारे जीवन से है।

सच्चा प्रेम – किसी–किसी कवि ने प्रेम के विषय को सिद्धान्त माना है– **'मैत्री चाप्रणयात् समृद्धिरनयात् स्नेह: प्रवासाश्रयात्।'** अर्थात् विदेश में रहने से स्नेह नष्ट हो जाता है। महानुभाव संयोग में ही स्नेह का अस्तित्व स्वीकार करते हैं उनका कहना है कि प्रेम वियोग होते ही घटने लगता है, परन्तु कवि कालिदास ने इस सिद्धान्त का सर्वथा खण्डन किया है। उनका मत है कि–

स्नेहानाहु: किमपि विरहे ध्वंसिनस्ते त्वभोगा–दिष्टे
वस्तुन्युपचितरसा: प्रेमराशीभवन्ति। उत्तरमेघ 52

कालिदास कहते है कि प्रेम घटने की बात तो दूर, वियोगावस्था में प्रेम बढता है। कारण यह होता है कि वियोग में स्नेहरस का आस्वादन नही होता है। अत: रस एकत्र होते –होते महान् राशि बन जाता है। इसके विपरीत, संयोग में प्रेम आस्वादन के घटता हुआ प्रतीत होता है। किस सहृदय को यह सिद्धान्त मान्य नहीं है? आधुनिक समय में भी कालिदासकालीन प्रेम का

सम्बन्ध प्रचलित है।

सज्जन– सज्जन के विषय में कवि कालिदास के विचार सुनने के लायक हैं। सज्जनों का आचरण करना अपने को मनुष्यों से श्रेष्ठ बनाना है। कवि हमारे जीवन को उच्च बनाने के लिए ही अपनी सुन्दर सम्मति दे रहे है। यथा–

नि:शब्दोअ्पि प्रदिशति जलं याचितश्चातकभ्य:।
प्रत्युक्त हि प्रणयिषु सतामीप्सितार्थक्रियैवां। उत्तरमेघ 54।

सज्जन प्रणयीजनों की याचना का जवाब उनकी अभिलाषा को पूरा करने से ही देते है,। मुख से इच्छापूर्ति के वचन नहीं कहते। सज्जन मांगी हुई चीज को ही दे देते है–याचना की सिद्धि की देते है। मुख से केवल शब्दों का व्यर्थ खर्च नहीं करते, शीघ्र मनोरथ ही पूरा कर देते है। यथा चातक ने मेघ से प्यास बूझाने के लिये जल मांगा। मेघ गर्जनरूपी शब्दों से इसे स्वीकार नहीं करते, वरन् जल बरसाकर उसे तृप्त कर देता है– सज्जनों का उत्तर कार्यमय हो जाता है, शब्दमय नहीं। वे ही सच्चे सज्जन होते है, जो प्रणयी की अभिलाषा पूर्ण करके दिखा देते है। इस उची पदवी के योग्य वे लोग नहीं है जो मुह से काम करने की प्रतिज्ञा कर देते है, परन्तु उसे पूरा करने से कोसों दूर भागते है। इसी भाव को कवि ने क्या गजब कहा है–

गर्जति शरदि न वर्षति, वर्षासु नि:स्वनो मेघ:।
नीचों वदति न कुरूते, न वदति सुजन: करोत्येव।।

सुख–दु:ख– कालिदास ने सुख–दु:ख के परिवर्तन की उपमा पहिये की नेमी से दी है। जिस प्रकार पहिये नेमि नीचे से उपर तथा उपर से नीचे की घूमा करती हैं, उसी प्रकार सुख–दु:ख की भी दशा है। संसार में कौन ऐसा मानव होगा जो सदा सुख भोगे और कोन ऐसा है जो दु:ख के नरक में पडा हुआ सदा आहें और भरा करें? इसमें हमारा इतिहास साक्षी हैं कि अवनति के बाद उन्नति तथा उन्नति के बाद अवनति अवश्य होती है। इस बात में तनिक भी सन्देह नहीं है। हमारे भारतभूमि के लाडले सपूत कवि कालिदास मेघदूतम् के द्वारा अपनी प्यारी जननी के पास सन्देश भेज रहे है –

कस्यात्यन्त सुखमुपनतं दु:खमेकान्ततो वा।
नीचैगच्छत्युपरि च दशा चक्रनेमिक्रमेण।। उत्तरमेघ 49।

हे भारतभूमि घबराओ नहीं, दु:ख सदा नहीं रहता। पराधीनता–पंक में फॅसी हुई भी तुम्हें यह नहीं सोचना चाहिए कि इस विपत् से उद्धार नहीं होगा। ज्ञान सूर्य की किरणे अब चमकने लगी है। उन्नति तथा स्वाधीनता की उषा अपनी लालिमामयी साडी पहने तुम्हारा स्वागत करने के लिए आ रहीं है। अत: घबराने का समय नहीं है। सुख –दु:ख की इस प्रक्रिया का सीधा सम्बन्ध हमारे जीवन से जुडा है। हमें भी इस प्रक्रिया के अनूसार कभी विचलित नहीं होना चाहिए तथा इस सन्देश को समाज में प्रचलित करना चाहिए जिससे लोगों को ज्ञान प्राप्त हो सकें। महाकवि भास ने ऐसा ही कहा है यथा –

चक्रारपंक्तिरिव गच्छति भाग्यपंक्ति:। स्वप्नवाससवदत्तम्

निर्धन – धनिक ही अधिक बेईमान है, परन्तु कालिदास का गरीबों के प्रति यह विचार सर्वथा अखण्डनीय है –**रिक्त: सर्वो भवति हि लघु: पूर्णता गौरवाय। उत्तरमेघ**

सब खाली चीजें हल्की होती है, निर्धन का सब जगह निरादर होता है परन्तु भरपुर होने से भारीपन आता है। धनिकों का सब जगह आदर होता है। यह सोचने वाली बात है कि वर्तमान समय में भी कवि कालिदास के निर्धनता के विचार अटल सत्य है। आज भी निर्धन व्यक्ति की कोई कीमत नहीं है।

धन का लाभ – धन इकट्ठा करना ही मनुष्य–जीवन का उद्देश्य नहीं है। रूपया कमाकर उसे अपने ही काम में खर्च करना ठीक नहीं है। स्वार्थ–पंक में फॅसकर जीवन बिताना भी श्रेयस्कर नहीं है। रूपये का एक उद्देश्य भोजन बिना मरने वाले व्यक्तियों की मदद करना भी होना चाहिए। धन इकट्ठा करो सही, पर दूसरों के दु:ख दूर करने में भी उनका व्यय करना चाहिए। कालिदास की यही राय है–**आपन्नार्तिप्रशमनफला: सम्पदो ह्युत्तमानाम्। पूर्वमेघ 57**

कृतज्ञता – कालिदास कृतज्ञता को बडे सम्मान की दृष्टि से देखते है। सब मनुष्यों का कर्तव्य है कि समय पडने पर उपकारी की सहायता करें–

न क्षुद्रो पि प्रथमसुकृतापेक्षया संश्रयाय
प्राप्ते मित्रे भवति विमुख: किं पुनर्यस्तथोच्चै:। पूर्वमेंघ 17

निष्कर्ष– आधुनिक समय में हमें अच्छे जीवन की कामना के लिए यह अति महत्वपूर्ण होगा कि हम कालिदासि के विचार रत्नों के व्याप्त अनेकों दोषों से बचा जा सकें। विचार–रत्नों का तादाम्य सम्बन्ध वर्तमान से सम्बन्धित है तथा सभी को अपने जीवन में अनुशरण करना हमारा नैतिक धर्म ही नहीं, बल्कि हमारा परम कर्तव्य भी है जिससे व्यक्ति बूरी बादतों से बच सकें। क्योंकि बुरी आदतें मनुष्य को बर्बात कर देती है। यथा– नाव में अगर बडा या छोटा छेद हो तो वह नाव को डूबो देता है, इसी तरह व्यक्ति की बुरी आदतें उसे बर्बाद कर देती है। मन को विचलित करने वाली कितनी भी परेशानियॉ क्यों न हो, लेकिन एक धैर्यवान व्यक्ति हर बुरी परिस्थितियों से बाहर निकल सकता है। सन्त –महात्मा और अच्छे लोग बिना कहे ही दूसरों का भला करते है, जिस प्रकार सूर्य घर–घर में एक समान प्रकाश करता है। हमें भी इसी प्रकार सभी रत्नों के माध्यम से अपना और दूसरों का सदैव कल्याण करना चाहिए। अच्छे काम करने वाले व्यक्तियों को देर से ही सही, लेकिन नेक कर्मो का फल जरूर मिलता है, इसीलिए निराश नहीं होना चाहिए।

सन्दर्भ ग्रन्थ सूची :–

1. कालिदास ग्रन्थावली–डॉ. ब्रह्मानन्द त्रिपाठी, पृष्ठ क्रमांक–528।
2. कुमारसम्भवम् 1.12, 1.51।
3. स्वप्नवासवदत्तम् षष्ठ अंक।
4. विक्रमोर्वशीयम्।
5. मालविकाग्निमित्रम्।
6. मेघदूतम् पूर्वमेघ 57,17
7. मेघदूत उत्तरमेघ 49,54.
8. संस्कृत साहित्य का इतिहास पृष्ठ 211
9. संस्कृत सुकवि समीक्षा –बलदेव उपाध्याय पृष्ठ–108

****

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed/ Peer Review Research Journal)
RNI No.- MPHIN/2013/60638, ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Scientific Journal Impact Factor (SJIF)- 7.671
April to June 2023, E-Journal, Vol. I, Issue XLII

मेवाड़ राज्य का भोगोलिक-ऐतिहासिक परिचय

डॉ. शगुफ्ता सैफी *

* सहायक आचार्य (भूगोल) सेठ मथुरादास बिनानी राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय,नाथद्वारा, राजसमन्द (राज.) भारत

प्रस्तावना – भारतीय उपमहाद्वीप के उत्तरी-पश्चिमी भाग में स्थित राजस्थान का दक्षिणी-पश्चिमी भू-भाग मेवाड़ है।[1] द्वितीय शताब्दी ई. पू. में यह 'शिबि' जनपद के नाम से प्रसिद्ध था।[2] संस्कृत शिलालेखों एवं पुस्तकों में इसे 'मेदपाट' नाम से भी सम्बोधित किया गया है। मेवाड़ राज्य की पूर्व-मध्यकाल व मध्यकाल में नागदा, आहाड़ (आघाटपुर)[3] और चित्रकूट या चित्तौड़गढ[4] भी राजधानी के रूप में रही।[5] यह 'मेदपाट' मेवाड़ राज्य राजस्थान में विलीनीकरण से पूर्व राजस्थान के दक्षिण में 23°49' से 25°28' उत्तर अक्षांश तथा 73°1' से 75°49' पूर्व देशान्तर के मध्य में स्थित है। भारतीय संघ में विलिनीकरण से पूर्व इसका क्षेत्रफल 12691 वर्गमील (2043.626 वर्ग कि.मी. या 22032.92 वर्ग किमी) था।[6]

राजनीतिक राज्य के रूप में मेवाड़ का विकास छठी शताब्दी ई. के उत्तरार्द्ध में गुहिल या गुहिलोत वंश की स्थापना से होता है जिसका संस्थापक गुहिल था।[7] गुहिल अपने को सूर्यवंशी मानते हैं और अपनी वंशावली अयोध्यापति रामचंद्र के ज्येष्ठ पुत्र कुश के वंश से जोड़ते हैं।[8] अयोध्या में कुश की परम्परा का अंतिम शासक सुमित्र था।[9] सुमित्र की कुछ पीढ़ियों पश्चात् कनकसेन ने काठियावाड़ में वल्लभी साम्राज्य स्थापित किया जिस पर उसके वंशजों ने 524 ई. तक शासन किया।[10] इसके बाद 568 ई. में मेवाड़ में इसी वंश का उक्त गुहादित्य या गुहिल नाम का राजा हुआ जिसके नाम से उसका वंश 'गुहिल-वंश' अथवा 'गहलोत/गुहिलोत वंश' कहलाया।[11] इस वंश का अन्य महत्वपूर्ण शासक 'काल-भोज' या 'बापा' था।[12]

मेवाड़ राज्य की सीमाएँ तथा आकार समय-समय पर बदलते रहे हैं और अपने उत्कर्ष काल में महाराणा कुम्भा (1433-1468 ई.) ने राजपूताने के अधिकांश (मारवाड़, नागौर, सिरोही) का भाग सहित गुजरात, मांडू (मालवा) और दिल्ली सल्तनत के (सैय्यद एवं लोदी शासक) राज्यों के कुछ इलाके छीनकर मेवाड़ को महाराज्य बना दिया।[13] महाराणा सांगा (1507-1527 ई.) के काल में इस राज्य की सीमाएँ पूर्व में भिलसा, कालपी, गागरौन, चन्देरी एवं चम्बल पार से लेकर (मालवा) दक्षिण में रेवाकांठा एवं माहीकांठा (गुजरात), पश्चिम में अरावली पर्वतमाला के पार गोड़वाड़, सिरोही क्षेत्र व पालनपुर, पश्चिमोत्तर में मण्डोर (मारवाड़), उत्तर में बयाना (भरतपुर), मेवात तथा पूर्वोतर में रणथम्भौर और बयाना, आगरा के निकट पीलाखाल या पिल्याखाल (पीलियाखाल) तक फैली थी। इस प्रकार महाराणा सांगा के काल में दिल्ली सल्तनत, गुजरात और मालवा के मुस्लिम राज्यों के भागों पर भी मेवाड़ ने आक्रमणकारी नीति अपनाकर अधिकार कर लिया था।[14] डूँगरपुर, बांसवाड़ा, प्रतापगढ़, कोटा, बूंदी, अजमेर और ब्यावर के क्षेत्र भी महाराणा सांगा के अधीन थे।

महाराणा प्रताप व महाराणा अमरसिंह के युग में ऐसा भी समय आया कि मेवाड़ के अधीन चावण्ड के आस-पास का छप्पन-भोमट का क्षेत्र ही रह गया था।[15] परन्तु 1615 ई. में सम्पन्न हुई मेवाड़-मुगल संधि की शर्तों के अनुरूप जहाँगीर ने मेवाड़ राज्य के सभी पुराने प्रदेश (1568 ई. के पूर्व मेवाड़ के अधीन थे) वापस लौटा दिये।[16]

मेवाड़ महाराणा राजसिंह प्रथम (1652-1680 ई.) के सन्तुलित शासन काल में सन 1680 में मेवाड़ राज्य की सीमाएँ विभिन्न दिशाओं में निम्नलिखित राज्यों की सीमाओं से मिलती थी-

उत्तर- अजमेर सुबा तथा शाहपुरा राज्य
दक्षिण- डूंगरपुर, बांसवाड़ा तथा देवलिया राज्य
पूर्व-कोटा एवं बूंदी का राज्य
पश्चिम-जोधपुर एवं सिरोही राज्य
नैऋत्य-ईडर राज्य[17]

अठारहवीं शताब्दी के प्रारम्भ में महाराणा संग्रामसिंह द्वितीय (1710-1734 ई.) के समय मेवाड़ की सीमा पुन: बढ़ती रही। इस समय मेवाड़ राज्य उत्तर-पूर्व में देवली, उत्तर में नसीराबाद के पास तक, पश्चिम-उत्तर तथा पश्चिम में जोधपुर व सिरोही, पश्चिम-दक्षिण में ईडर राज्य के कुछ भाग, दक्षिण में डूँगरपुर, बांसवाड़ा, और प्रतापगढ़ राज्य, दक्षिण-पूर्व और दक्षिण में भानपुरा, बूंदी, कोटा तथा उत्तर-पूर्व में जयपुर राज्य की सीमा तक फैला हुआ था।[18] परंतु 18 वीं शताब्दी के पूर्वार्द्ध से मेवाड़ पर मराठा उपद्रव, चौथ व सहायता के बदले में मेवाड़ के कई गाँव एवं परगने देने पड़े जिससे मेवाड़-क्षेत्र में कमी आना स्वाभाविक ही था जैसे-महाराणा संग्रामसिंह द्वितीय ने 1729 ई. में मेवाड़ के पूर्वी-पश्चिमी भाग में स्थित रामपुरा(मालवा) का परगना मेवाड़ महाराणा अमरसिंह द्वितीय के दौहित्र व अपने भाणेज और जयपुर महाराजा सवाई जयसिंह द्वितीय के द्वितीय पुत्र माधोसिंह (जयपुर) को जागीर के रूप में दिया था किन्तु माधोसिंह ने 8,56,997 रुपये वार्षिक आय का यह परगना मल्हार राव होल्कर को सहायता के बदले में दे दिया।[19] महाराणा राजसिंह द्वितीय (1754-1761 ई) ने चम्बल के समीप स्थित कणजेड़ा, जारडा, हिंगलाजगढ़, जामुनिया व वुडसु (बुडसा) के 60 लाख रुपये वार्षिक आय वाले परगने होल्कर के गिरवी रखे परन्तु ऋण की राशि चुकता न होने से 1763 ई. में होल्कर ने महाराणा अरिसिंह के काल में इन परगनों पर स्थायी रूप से अधिकार कर लिया।[20]

महाराणा अरिसिंह (1761-1773 ई.) के काल में कोटा के मुसाहिब झाला जालिमसिंह को चीताखेड़ी की जागीर व जोधपुर के महाराजा विजयसिंह को राज्य के उत्तर-पश्चिम में स्थित 80 लाख रुपये वार्षिक उत्पादन का गोडवाड़ परगना प्रदान किया जो कभी भी मेवाड़ में पुन: सम्मिलित नहीं हो सका।[21] महाराणा हमीरसिंह (1773-1778 ई.) के काल में माधवराव सिंधिया (महादजी सिंधिया) ने 1774 ई. में 13,725 रुपये वार्षिक उत्पादन के 48 गाँव बेगूँ जागीर से, 31,451 रुपये वार्षिक उत्पादन के 36 गाँव सिंगोली परगने से तथा 3651 रुपये वार्षिक उत्पादन के 18 गाँव भिंचोर परगने से ले लिये थे। इसी भांति अहिल्या बाई होल्कर ने भी इसी काल में 10,000 रुपये वार्षिक आय वाले 29 गाँवों के मोरवण व नन्दवास नामक दो परगनों के साथ 1774 ई. में निम्बाहेड़ा परगने को चौथ की बकाया राशि के बदले में स्थायी रूप से ले लिया था।[22] महाराणा भीमसिंह ने (1778-1828 ई.) राज्य के दक्षिण-पूर्व स्थित जावद व जीरण नामक क्षेत्र 1788 ई. में सिंधिया को फौज खर्च के बदले में दिये थे।[23]

सन् 1774 ई. में अहिल्या बाई होल्कर द्वारा अधिकृत[24] एवं 1809 में अमीर खां पिण्डारी को अपने मालिक जसवंतराव होल्कर से मिला निम्बाहेड़ा परगना अंग्रेजी शासनकाल में 1817 ई. की संधि के अन्तर्गत विधिवत् रूप से टोंक राज्य में मिला दिया गया।[25] टोंक नवाब अमीर खां के टोंक राज्य के अन्तर्गत स्थित निम्बाहेड़ा परगना तीन तरफ से मेवाड़ से और एक तरफ ग्वालियर राज्य से मिला हुआ था। सिन्धिया का भिंचोर का परगना चारों ओर मेवाड़ से घिरा हुआ था, ऐसे ही होल्कर का नंदवास और सिन्धिया के जाट (जाठ) सिंगोली और खेड़ी परगने के इलाके अधिकतर मेवाड़ के भीतर आ गये थे। ये सब इलाके पहले मेवाड़ के ही थे परन्तु पीछे समय के हेरफेर में मेवाड़ से छूट गये।[26]

मेवाड़ राज्य के कुल रकबे में से 1/4 जमीन पीवल थी। इस प्रदेश का उत्तरी व पूर्वी भाग खुला हुआ मैदान और उपजाऊ रहा है परन्तु दक्षिण-पश्चिम बहुत सी पहाड़ियों और घने जंगलो से आच्छादित है। दक्षिण में डूंगरपुर की हद से लेकर पश्चिम में सिरोही की सीमा तक सारा प्रदेश पहाड़ी होने के कारण मगरा कहलाता है। मेवाड़ का राज छोटे-मोटे 15 जिलों में बंटा हुआ था। इन जिलों में से दस में तो पैमाइश होकर मालगुजारी का पक्का बंदोबस्त हो गया अर्थात् वहाँ से जमीन का राजस्व (हासिल) रुपयों में लिया जाता था और शेष जिलों में पुराने ढंग का प्रबन्ध होने के कारण वहाँ लाटा-कूंता होता था अर्थात् पैदावार का हिस्सा लिया जाता था। गिरिवा (गिरिवाह/गिर्वा) के दो विभाग हैं, अंदरूनी, देबारी के पहाड़ी सिलसिले के भीतर का भाग अंदरूनी और बाहरी का बेरूनी गिरिवा कहलाता है। अंदरूनी गिरिवा में कच्ची तहसील है।[27] मेवाड़ राज्य-प्रबन्ध के लिये मेवाड़ के सोलह भाग किये गये थे जो जिले या परगने कहलाते थे। इन जिलों या परगनों का वर्णन निम्नानुसार है[28] -

1. गिरवा
2. छोटीसादड़ी
3. कपासण
4. चितौड़
5. राशमी
6. भीलवाड़ा
7. सहाड़ा
8. मांडलगढ
9. जहाजपुर
10. राजनगर
11. सायरा
12. कुंभलगढ़
13. मगरा
14. बागोर
15. आसींद
16. कुआखेड़ा

वर्तमान समय में भीलवाड़ा, उदयपुर, राजसमंद एवं चित्तौड़गढ़ जिलों के भू-भाग मेवाड़ के रूप में सुज्ञात है। मुँहणोत नैणसी की ख्यात में लिखित हैं कि.....उदयपुर के आस पास पांच कोस तक गिरवा (गिरिवा) कहलाता है .....एकलिंगजी से एक कोस, देवी राठासण (राष्ट्रश्येना) का मंदिर पहाड़ पर दो कोस दूर है। एकलिंगजी का मंदिर दोनों तरफ पहाड़ों की नाल में है, ...एकलिंगजी से एक कोस उदयपुर की तरफ नागदा (नाग या नागहद) गाँव है .....तालाब उदयसागर उदयपुर से कोस 3 पूर्व दिशा में देबारी की घाटी के पास है। यह तालाब बहुत बड़ा और (पूरा) भरने पर क़रीब 20 (?) कोस के फैलाव में हो जाता है और पानी इसमें गोदे और कुम्भलमेर के पहाड़ों से आता है, और तालाब में जल न्यूनाधिक सदा बना रहता है। इसके नाले से बेड़च नदी निकलती है। तालाब के चारों ओर पहाड़, और 200 तथा 205 पावण्डों (करीब 630 फुट) की पक्की पाल बन्धी हुई है। नाला मोरीरूप में बहता है।.....देबारी की घाटी नगर से 3 कोस, केवड़ों की नाल शहर से कोस 7, (दक्षिण पूर्व) में। उदयपुर से 4 कोस डूंगरपुर बांसवाड़ा जाते गुजरात के मार्ग में पर्वतों की नाल कोस सात की है। केवड़ा गाँव नाल के दूसरे ढाल पर है। नगर से चार कोस दक्षिण और चावण्ड के मगरों के मार्ग में जावर की नाल है ..... खमनोर का घाटा शहर से 3 कोस ईशान कोण में है। .....घाणेराव का घाटा उदयपुर से कोस 19 वायव्य कोण में कुम्भलमेक के पास है। जीलवाड़े का घाटा नगर से 23 कोस है।

मानपुरे का घाटा 40 कोस दूर है।.... [29]

संदर्भ ग्रंथ सूची :-

1. कविराजा श्यामलदास, वीर विनोद, भाग-1, पृ. 99-100 महाराणा मेवाड़ हिस्टोरिकल पब्लिकेशन ट्रस्ट ,उदयपुर 2016 ; ओझा गौरीशंकर हीराचन्द, उदयपुर राज्य का इतिहास, भाग-1, पृ. 1-2 राजस्थानी ग्रंथागार ,जोधपुर 2015 ई.; अहमद शाहिद, मध्ययुगीन राजपूताने की शासन प्रणाली, पृ.38 अपोलो प्रकाशन, जयपुर, 2006
2. ओझा गौरीशंकर हीराचन्द, उदयपुर राज्य का इतिहास, भाग-1, पृ.1-2, पाद टिप्पणी, क्र.स. 1; भटनागर डॉ. राजेन्द्र प्रकाश, मेवाड़ का राज्य प्रबंध एवं महाराणा राजसिंहकालीन दो बहियाँ, पृ. 1-2 सूर्य प्रकाशन संस्थान, उदयपुर, 1987 ई. ; सं. सिंह रोहित कुमार, संदर्भिका राजस्थान सुजस, पृ. 805 सूचना एवं जनसंपर्क विभाग, राजस्थान सरकार
3. ओझा गौरीशंकर हीराचन्द, उदयपुर राज्य का इतिहास, भाग-1, पृ.1-2, पाद टिप्पणी, क्र.स1 एवं पृ. 31-34 मेदपाट का विवरण मिलता है; ओझा गौरीशंकर हीराचन्द, ओझा निबन्ध संग्रह, द्वितीय भाग, पृ. 187; व्यास कैलाशनाथ, गहलोत देवेन्द्रसिंह, राजस्थान की जातियों का सामाजिक एवं धार्मिक जीवन, पृ. 78; दलपति विजय कृत खुम्माण रासो, लेखक श्रोत्रिय कृष्णचन्द्र, सं. जावलिया ब्रजमोहन, पृ. संपादकीय 14-18 नागदा (एकलिंगजी) मेवाड़ की पूर्व मध्यकाल में राजधानी रही महाराणा प्रताप स्मारक समिति, उदयपुर, 2001 ई.; टॉडकृत राजपूत जातियों का इतिहास, अनु. सं. पालीवाल देवीलाल, पृ. 150; जुगनू डॉ. श्रीकृष्ण, मेवाड़ का प्रारम्भिक इतिहास, पृ. 70-71, 76, 78- 79 आर्यावर्त प्रकाशन ,दिल्ली
4. शास्त्री शोभालाल, वीरभूमि अथवा श्री चित्रकूट-गुण-मालिका, पृ. 10-11 ओझा, उदयपुर राज्य का इतिहास, भाग-1, पृ.1-2, पाद टिप्पणी, क्र.स. 1; पिन्हे, ए.एफ., हिस्ट्री ऑफ मेवाड़, पृ. परिचयात्मक अध्याय, 1-25 ओझा, उदयपुर राज्य का इतिहास, भाग-1, पृ.45-54
5. टॉडकृत राजपूत जातियों का इतिहास, अनु. सं. पालीवाल देवीलाल, पृ. 16-17, 150, पाद टिप्पणी, क्र.सं. 12; गहलोत जगदीश सिंह, राजस्थान के राजवंशों का इतिहास, पृ. 24,26; ओझा, गौरीशंकर हीराचंद, उदयपुर राज्य का इतिहास, भाग-1, पृ.1;The Journal of the numismatic society of India, Vol. XXV, 1963, Part-I, Chief editor H.V. rivedi, Editors A.K. Narain, P.L. Gupta, p.no. 81-86, JNSI-XXV, plate-VI-VII, मेवाड़ स्टेट के सिक्कों पर उदयपुर का अंकन प्राप्त होता है। ; सं. गुप्ता, के.एस., मेवाड़ के कलाविद्, पृ. 42; राठौड़ भूपेन्द्रसिंह, मध्यकालीन राजस्थान के प्रमुख पर्यटन स्थल, पृ. 31 राजस्थानी ग्रंथागार जोधपुर, 2013 ई.
6. Compiled by Erskine, Major K.D. Imperial Gazetteer of India,Provincial Series Rajputana, Pg. no. 107; ओझा, उदयपुर राज्य का इतिहास, भाग-1, पृ. 2; मेनारिया, डॉ. शिवनारायण, उत्तर मुगलकालीन मेवाड़, पृ. 9 संघी प्रकाशन, जयपुर, प्रथम संस्करण ,1986
7. कविराजा श्यामलदास, वीर विनोद, भाग-1, पृ. 248-250; ओझा गौरीशंकर हीराचन्द, उदयपुर राज्य का इतिहास, भाग-1, पृ. 65-66
8. कविराजा श्यामलदास, वीर विनोद, भाग-1, पृ. 230-232
9. कविराजा श्यामलदास, वीर विनोद, भाग-1, पृ. 232; ओझा गौरीशंकर हीराचन्द, उदयपुर राज्य का इतिहास, भाग-1, पृ. 65, 90-91 एवं पाद टिप्पणीयाँ
10. कविराजा श्यामलदास, वीर विनोद, भाग-1, पृ. 239
11. ओझा गौरीशंकर हीराचन्द, उदयपुर राज्य का इतिहास, भाग-1, पृ. 65-66, 96-98
12. कविराजा श्यामलदास, वीर विनोद, भाग-1, पृ. 250-254; ओझा गौरीशंकर हीराचन्द, उदयपुर राज्य का इतिहास, भाग-1,पृ.100-110
13. भट्ट राजेन्द्र शंकर, महाराणा कुंभा, पृ. 131प्रथम संस्करण, 2008, नेशनल बुक ट्रस्ट, इंडिया
14. कविराजा श्यामलदास, वीर विनोद, भाग-2, पृ. 239-247; ओझा उदयपुर राज्य का इतिहास, भाग-1, पृ. 385-386; राणावत, डॉ. ईश्वरसिंह, राजस्थान के जल संसाधन, पृ. 2
15. कविराजा श्यामलदास, वीर विनोद, भाग-2, पृ.156-159, 217-218, 223; ओझा, उदयपुर राज्य का इतिहास, भाग-1, पृ. 448-451, 489-491; राणावत, डॉ. ईश्वरसिंह, राजस्थान के जल संसाधन, पृ. 2
16. कविराजा श्यामलदास, वीर विनोद, भाग-2, पृ.239-249 ;ओझा, उदयपुर राज्य का इतिहास, भाग-1, पृ. 497-507; राणावत डॉ. ईश्वरसिंह, राजस्थान के जल संसाधन, पृ. 2-3 चिराग प्रकाशन, उदयपुर, 2004
17. मेनारिया, डॉ. शिवनारायण, उत्तर-मुगलकालीन मेवाड़, पृ. 9-10; राठौड़, डॉ.भूपेन्द्र सिंह, मध्यकालीन राजस्थान के प्रमुख पर्यटन स्थल (मेवाड़ के संदर्भ में), पृ. 15-16
18. कविराजा श्यामलदास, वीर विनोद, भाग-2, पृ. ;ओझा, उदयपुर राज्य का इतिहास, भाग-1, पृ. 30-40; गुप्ता, डॉ. के.एस., मेवाड़ एण्ड दी मराठा रिलेशन्स, पृ. 20-26,29, इसमें 18 वीं शताब्दी में मेवाड़ पर मराठों के द्वारा किये गये आक्रमणों का विस्तृत विवरण प्राप्त होता है (पृ. 20-49); व्यास, डॉ. गोपाल, मेवाड़ का सामाजिक एवं आर्थिक जीवन, पृ. 2 राजस्थानी ग्रन्थागार, जोधपुर, 1989 ई.
19. गुप्ता, डॉ. के.एस., मेवाड़ एण्ड दी मराठा रिलेशन्स, पृ. 63-65 इसमें पृ. 51 व 52 पर विवरण प्राप्त होता है कि Hence in 1729, Maharana Sangram Singh-II, granted the Paragana of Rampura to Madho Singh giving him the ranked and status of a Sardar of the first sixteen nobles.; ओझा, डॉ. जे.के. मेवाड़ का इतिहास, पृ. 7-10; व्यास, डॉ. गोपाल, मेवाड़ का सामाजिक एवं आर्थिक जीवन, पृ. 2 पाद टिप्पणी, क्र.स. 3
20. ओझा, उदयपुर राज्य का इतिहास, भाग-2, पृ. 645, 648; गुप्ता, डॉ. के.एस., मेवाड़ एण्ड दी मराठा रिलेशन्स, पृ. 73-74
21. ओझा, उदयपुर राज्य का इतिहास, भाग-2, पृ. 660 मेवाड़ का गोडवाड़ का परगना जोधपुर महाराजा विजयसिंह (1752-1797 ई.) के अधिकार में चला गया ; ओझा, डॉ. जे.के. मेवाड़ का इतिहास, पृ. 155-156, 192-194एस. चांद एण्ड कं. नई दिल्ली, 1980 ई.
22. गुप्ता, डॉ. के.एस., मेवाड़ एण्ड दी मराठा रिलेशन्स, पृ. 110-112, भिंचोर वर्तमान में गुलाब जामुन के लिए प्रसिद्ध है।
23. व्यास, डॉ. गोपाल, मेवाड़ का सामाजिक एवं आर्थिक जीवन, पृ. 3

24. होल्कर मधुसूदन राव, होल्करों का इतिहास पृ.सं.294 होल्कर एकीकृत संघ, इंदौर, 2009
25. खान, अब्दुल मोईद, रियासत टोंक के हुक्मराने जीशान, भाग-द्वितीय, पृ. 25 मौलाना अबुल कलाम आजाद अरबी फारसी शोध संस्थान, टोंक, 2011 ;अहमद एजाज, निम्बाहेड़ा का इतिहास, कल आज और कल, पृ. 21 बज्मे सागर, निम्बाहेड़ा, 2009
26. श्यामलदास, वीर विनोद, भाग-1, पृ. 100-102, पृ. 100 की पाट टिप्पणी, क्र.स. 1; ओझा गौरीशंकर हीराचंद, उदयपुर राज्य का इतिहास, भाग-1, पृ. 2, पृ. 17 की पाद टिप्पणी, क्र.स. 1
27. श्यामलदास, वीर विनोद, भाग-1, पृ. 100-102, पृ. 100 की पाट टिप्पणी, क्र.स. 1; ओझा गौरीशंकर हीराचंद, उदयपुर राज्य का इतिहास, भाग-1, पृ. 2, पृ. 17 की पाद टिप्पणी, क्र.स. 1; दुग्गड़ रामनारायण, मेवाड़ राज्य का इतिहास, पृ.2-3
28. श्यामलदास, वीर विनोद, भाग-1, पृ. 149-168; ओझा गौरीशंकर हीराचंद, उदयपुर राज्य का इतिहास, भाग-1, पृ. 17-19
29. मुँहणोत नैणसी की ख्यात,अनुवादक रामनारायण दुग्गड़,संपादक गौरीशंकर हीराचंद ओझा ,पृ.40,राजस्थानी ग्रंथागार जोधपुर 2016

****

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed / Peer Review Research Journal)
RNI No.- MPHIN/2013/60638, ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Scientific Journal Impact Factor (SJIF)- 7.671
April to June 2023, E-Journal, Vol. I, Issue XLII

मध्यप्रदेश शासन की योजनाओं द्वारा महिला सशक्तिकरण की सार्थक भूमिका

श्रीमती मीनाक्षी भार्गव*

* शोधार्थी, देवी अहिल्या विश्वविद्यालय, इन्दौर (म.प्र.) भारत

सशक्तिकरण की परिभाषा – सशक्त का अर्थ है सभी प्रकार से बलवान सशक्तिकरण का अर्थ है 'आध्यात्मिक, आर्थिक, सांस्कृतिक, सामाजिक, धार्मिक, राजनीतिक, सर्वांगीण शक्ति प्राप्त होना।'

भारत सरकार ने महिलाओं को सशक्त बनाने हेतु काफी प्रयास किसे हैं। अपनी योजनाओं के माध्यम से शासन ने महिलाओं को सशक्त बनाने का हरसंभव प्रयास किया है। भारती महिला का सशक्तिकरण धार्मिक कानूनी और पारिवारिक रूप से प्रशंसनी कार्य विधि बनाई है। नारियों की दशा सुधारने के लिए उन्हें कुछ अधिकार स्वातंत्र्य आवश्यक है। अत: महिलाओं को सशक्त बनाने के लिए निम्नांकित क्षमताओं को मिलाकर सशक्त बनाया जा सकता है।

1. स्वयं की अस्मिता एवं अस्तित्व की पहचान हेतु स्वनिर्णय लेना।
2. जानकारी हेतु संसाधनों की उपलब्धता, त्वरित निर्णय की प्रतिभा द्वारा विषयों व अन्य प्रकार की ज्ञान सामग्री को प्राप्त करना, जिससे महिला अपने व्यक्तित्व का विकास कर सके।
3. महिला को दृढतापूर्वक विकल्प रखना और प्रतिभाओं को अंगीकार करना।
4. स्वमेव ही परिवर्तन लाने हेतु तत्पर सजगता।
5. अपनी रूचि एवं प्रतिभा अनुसार कौशल सीखने की क्षमता।
6. विकास प्रकियां को समझकर नारी में बदलाव हेतु सहयोग करना।
7. स्वयं की सकारात्मक छवि में वृद्धि करने हुए विभिन्न प्रकार के दोषों से स्वय को मुक्त रखने का प्रास करना।

महिला सशक्तिकरण:

1. गरीब परिवारों की महिलाएँ गरीबी के साथ परिवार को चलाना, ये दो जिम्मेदारियों को निभाती है।
2. गरीब परिवार की महिलाएँ घरेलू हिंसा और कई समस्याओं की शिकार हो रही है।
3. गरीब महिलाओं को अपनी कमाई होने पर भी उनके जीवन पर उनको अधिकार नहीं है।
4. गरीब महिलाएँ बाल विवाह की शिकार हो रही हैं।
5. गरीब महिलाओं में अशिक्षित अधिक है।
6. गरीब महिलाओं में पोष्टिक आहार की कमी से कमजोर हो रही है।
7. गरीब महिलाओं में पढाई और स्वास्थ प्राप्त न होने से लिंग भेद की शिकार हो रही है।
8. महिलाओं को एक ही काम का कम वेतन दे रहे है। अर्थात् महिलाओं को पुरूषों के समान एक जैसा वेतन नहीं मिल रहा है।
9. महिलाओं को श्रम की पहचान नहीं हो रही है। जिस श्रम से उन्हें अधिक आय प्राप्त हो सकेगी।

महिला सशक्तिकरण के उद्देश्य: संगठित होने के लिए महिलाओं की सहायता कर के अवसरों को उपलब्ध कराना।

1. महिलाओं की अपनी संस्थाओं का निर्माण करना जहाँ वे संपूर्ण सहभागिता के साथ उनके अपने विकास के लिए निर्णय लेने जैसी संस्था का निर्माण होना।
2. महिलाओं को अपनी जरूरतों को पहचान कर आवश्यक सहायता जो उन्हें चाहिए वह सहायता वे प्राप्त कर सके। ऐसी उनकी अपनी हो।
3. ये अपनी संस्थाओं को स्वंय संचालित कर सके ऐसी क्षमता का विकास उनमें करना।
4. संसाधनों को प्राप्त करें जैसे जागरूक करवाना।
5. उनके अपने अधिकारों के प्रति वे संवेदनशील रहे ऐसी जागरूकता उनमें लाना।
6. वह अपने काम से संबंधित विषयों को जाने, जिन से उनके अंदर समझदारी और विश्वास में वृद्धि हो।
7. गरीबों के परिवारों का विकास होने के लिए उन्हें हथियार की तरह तैयार करना।
8. उनके जीवन पर उनका अपना नियंत्रण ही ऐसी क्षमताओं का निर्माण करना।
9. परिवारों में पहचान, ओहदा और निर्णयों में समान सहभागिता।
10. परिवार की उन्नति के लिए सहयोग करने हेतु उनके अंदर कौशल को बढाना।
11. समाज में मान-सम्मान एवं पहचान मिलना चाहिए, जिससे उनके आत्मविश्वास में वृद्धि हो।
12. सामाजिक दूराचार, बाल विवाह, अनपढपन, गृह-हिंसा लूटने से, अंधविश्वास से बाहर आकर सम्मानपूर्वक जीवन व्यतीत करना।
13. समस्याओं और मुश्किलों का ध्यान से सामना करने के लिए आमतौर करना।

महिलाओं का समूह गठन करना – 10 से 15 गरीब महिलाओं का एक समूह बनाना चाहिए उन्हें व्यवस्थित प्रशिक्षण आवश्यक है। समूह का संचालन करने के लिए कुछ नियमों का निर्णय किया जा। इसके लिए अध्यक्ष,

सचिव आदि का चुनाव कर उनको व्यवस्थित काम सौंपना नजदिकी बैंक शाखा में खाते खुलवाना। बैंक खाते से लेन-देन के लिए अनुभवी अध्यक्ष का और सचिव की नियुक्ति की जानी चाहिए।

महिला सशक्तिकरण की बुनियादी रचना – 8 मार्च 1975 में सुयुंक्त राष्ट संघ के तत्वाधान में प्रथम महिला दिवस का ओजन किया गया। 1970 के दशक में महिला सशक्तिकरण सामने आया। सन् 1985 में नौरोबी में महिला अन्तर्राष्ट्रीय सम्मेलन आयोजित किया गया। सन् 1953 में महिला कल्याण नीति में भारत सरकार ने सशक्तिकरण के सुझाव दिये। तदनुसार 1926 में विधानसभाओं में महिला सदस्य बनाई गई। भारत सरकार ने 2001 को महिला सशक्तिकरण वर्ष घोषित किया एवं 2011में महिला सशक्तिकरण की नीति पारित की गई।

भारत सरकार ने महिलाओं के सशक्तिकरण हेतु संविधान में निम्नांकित प्रावधान किये हैं-

1. लैंगिक न्याय

(अ) भारतीय संविधान का अनुच्छेद 15(1) लिंग के आधार पर भेदभाव समाप्त करना।

(ब) अनुच्छेद 15(2) में महिलाओं और बच्चों के लिए विशेष नियम बनाने की अनुमति देता है।

(स) अनुच्छेद 243(डी) और 243 (टी) के अन्तर्गत एक तिहाई महिला-सदस्य निकाय हेतु सीट आरक्षित रखी जावे।

2. उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम

(अ) धारा 10(1) सी, 16(1) बी और 20(1) बी. में हर जिले में उपभोक्ता-मंच गठित है जिसमें कम ही कम एक महिला सदस्य अनिवार्य है।

(ब) परिवार न्यायालय अधिनियम की धारा 4(4) बी.के अंतर्गत न्यायालयों नगणों की नियुक्ति करते समय महिलाओं को वरीयता दी जाये।

3. पर्सनल लॉ-(अ) अनुच्छेद 44 के अनुसार देश में समान सिविल संहिता बनाई जो। (ब) संविधान के अनुच्छेद 13 के अंतर्गत स्व विधि और दूसरे किसी कानून में कोई अंतर नहीं। यह न्यायलय अनुच्छेद 13 को शून्य घोषित कर सकता है।

4. गुजारा भत्ता-पति से संबंध विच्छेद होने पर महिला (पत्नी) को फौजदारी और 125 के अंतर्गत गुजारा भत्ते का का आवेदन दे सकती है।

5. दहेज संबंधी कानून- भारती दंड संहिता धारा (498) (क) में दहेज प्रताड़ना होने पर दण्डात्मक कार्यवाही की जावे। साक्ष्य अधिनियम धारा 113 (क) में दहेज मृत्यु होने पर अलग से कानून व्यवस्था है।

6. बलात्कार रोकने के संसदन में धारा 375, 376 (क) से 376 (घ) का प्रयोग किया जावे।

7. इसी प्रकार स्वतंत्रता अधिनियम के अंतर्गत दैहिक स्वतंत्रता व शिक्षा के अधिकार में अनुच्छेद 21, 21(क) में अधिनियम में प्रावधान किये गये।

8. उसी प्रकार समानता अधिनियम में समान काम, समान वेतन के आधार पर अनुच्छेद 14 से 18 तक के उल्लेख है। अनुच्छेद 39 (घ) में समान काम, समान वेतन का नियम निर्धारित है।

इसी प्रकार भारती महिलाओं की स्थिति में सुधार के अनेक प्रावधान किये गये है। जिनमें शिक्षा, उद्योग, राजनीति, समाज खेलकूद, साहित्य, विज्ञान आदि क्षेत्रों में अनेक सुविधाओं का लाभ महिलाओं को दिया जा रहा है। आदिवासियों को अपनी भाषा में शिक्षित करने, ज्ञान व कौशल देना आदि प्रावधान दिये है।

सन् 2015 तक 37 लाख स्वसहायता समूहों में लगभग 52 प्रतिशत महिलाएँ सृजन का कर्ा करने रही है। महिलाओं को सशक्त बनाने के लिए महिला एवं बाल विकास मंत्रालय योजना तथा वृद्धों के लिए समेकित योजना ग्रामीण विकास मंत्रालय द्वारा अनेक सुविधाएँ दी गई है।

इस सब योजनाओं के कियान्वन में साइकिल, छात्रवृत्ति, आवागमन भत्ता, आवास भत्ता भदिया जा रहा है।

इन सब सुविधाओं के कारण महिला-सशक्तिकरण प्रगति पथ पर अग्रसर है। महिलाओं के संवैधानिक अधिकारों का डॉ. भीमराव अम्बेडकर को जाता है। जिनके प्रयासों के कारण नारी का चहुमुखी विकास हो रहा है। स्त्री हमारे समाज का आभूषण है। इन सब के विकास के लिए महिलाओं अधिक सशक्त बनाने के लिए कुछ और अधिक उपाय किये जा सकते हैं- जैसे महिलाओं को व्यवसायिक एवं तकनीकी शिक्षा दी जो। आत्मरक्षा हेतु करटि, कुंगफू आदि का प्रशिक्षण दिया जो। स्त्रियों के पारिवारिक दायित्व को सरल एवं सहज बनाया जावे। नारी को रूढिवादिता अंधविश्वास आदि से दूर रखना चाहिए। स्त्रियों को आर्थिक निर्रक्षर होने का सतत प्रयत्नशील रहना चाहिए।

भारती नारी को वर्तमान में अधिक आदर्श बनाने की जरूरत है।

संदर्भ ग्रंथ सूची :-

1. भारत 2010 सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय
2. डॉ. जनाराण पाण्डे- भारत का संविधान, सेंट्रल लॉ एजेंसी, इलाहाबाद
3. अनिल सचदेव-भारती दण्ड संहिता 1860, आगरा लॉ हाउस, आगरा
4. एम.ए. अंसारी- महिला एवं मानवाधिकार, ज्योति प्रकाशन, बरकत नगर जयपुर
5. आशा रानी व्होरा- भारती नारी, अस्मिता और अधिकार।
6. श्रीमती सुधारानी श्रीवास्तव- भारत में महिलाओं की वैधानिक स्थिति- कॉमनवेल्थ पब्लिकेशन, नई दिल्ली

****

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed / Peer Review Research Journal)
RNI No.- MPHIN/2013/60638, ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Scientific Journal Impact Factor (SJIF)- 7.671
April to June 2023, E-Journal, Vol. I, Issue XLII

बाल काव्य और नैतिक मूल्य

डॉ. मंजरी चतुर्वेदी*

* पीएच डी. (स्वतंत्र लेखिका) मप्र राष्ट्र भाषा प्रचार समिति, हिंदी भवन, भोपाल (म.प्र.) भारत

प्रस्तावना – साहित्य की समस्त विधाओं में काव्य सर्वाधिक लोकप्रिय और संप्रेषणीय विधा रही है। बाल – कविता निरंतर विकासशील, मौलिक, प्रयोगधर्मी होने के साथ–साथ अनोखी विधा है। हिंदी बाल कविता में भारतीय संस्कृति की झलक,जीवन मूल्यों का पाठ,प्रकृति का सौंदर्य, राष्ट्रीयता की भावना आदि उपदेशात्मक ना होकर सहज,सरल,स्वभाविक ढंग से प्रस्तुत होते हैं, जिसे बालमन बिना किसी अथक प्रयास के साथ ग्रहण कर सकता है। संबंधों की प्रगाढ़ता रिश्तो की गरिमा संस्कारों की ऊष्मा का जो मनोहारी रूप बाल काव्य में समाहित होता है वह अन्यत्र किसी विधा में इतनी सहजता से नहीं समा पाता। 'हिंदी बाल साहित्य में भारतीयता और हिंदुस्तानियत का गहरा रंग है, भले ही उसमें भारतीय संस्कृति की झांकी किसी उपदेशात्मक रंग – ढंग से नहीं आती पर भारतीय जीवन की सादगी,प्रेम,अपनत्व और संबंधों की प्रगाढ़ता की एक गहरी छाया वहां देखी जा सकती है। मम्मी पापा ही नहीं दादा–दादी, नाना–नानी, चाचा– चाची, मामा– मामी,बुआ –फूफा आदि भारतीय पारिवारिक रिश्ते भी अपनी पूरी ऊष्मा और गर्मजोशी के साथ हिंदी की बाल कविताओं में मिलते हैं,और उसे एक नई मनोहारी छवि दे जाते हैं। '[1] कविताओं की सृजनात्मक कोंध अपने प्रखर रूप में बच्चों के लिए प्रेरणास्रोत बन कर निरंतर अपना विकास करती रहती है।

सर्वधर्म समभाव भारतीय संस्कृति का मूल मंत्र रहा है। हमारे देश में सभी धर्मों,जातियों, भाषाओं का सम्मान करना हमें बचपन से ही सिखाया जाता है। बाल साहित्यकारों ने इस भावना को अपने साहित्य में भरपूर स्थान दिया है। बच्चों के चारित्रिक विकास नैतिक और जीवन मूल्यों की शिक्षा देने के लिए कवियों ने रुचिकर मनोरंजन के काव्य का सृजन किया। सत्य,अहिंसा, परोपकार, करुणा,दया सहानुभूति सन्मार्ग, मर्यादा पालन जैसे व्यावहारिक मूल्यों की सीख देने के लिए डॉ परशुराम शुक्ल ने महापुरुषों के जीवन चरित्र से गुणों को ग्रहण करने का संदेश इस प्रकार दिया...

'मर्यादा में रहना सीखो श्री राम रघुराई से
भेद कर्म का सीखो बच्चों अपने कृष्ण कन्हाई से
लो शिक्षा खिलते गुलाब से कांटो में भी पढ़ने की
गौतम,नानक ,महावीर से सत्य मार्ग पर चलने की।।'[2]

इतनी भाव प्रवण अभिव्यक्ति द्वारा कवि बच्चों को महान चरित्र से भी अवगत करा रहे हैं तथा अपने व्यक्तित्व में उनकी अच्छाइयों को समाहित करने का आहवाहन भी कर रहे हैं। इसी प्रकार बच्चों के उत्तम चरित्र निर्माण के लिए कवियों ने सौंदर्य शालिनी रचनाएं की हैं,इसी क्रम में डॉ. रोहिताश्व अस्थाना की कविता दृष्टव्य है –

'खुशबू है व्यवहार प्यार का,जिस की बड़ी जरूरत भाई।इसके कारण
सुन्दर लगती,कैसी भी हो मूरत भाई।।
खुशबू बुरी नहीं हो सकती, खुशबू है केवल अच्छाई।।'[3]

शिष्टाचार, सदाचार, विनम्रता ही ऐसे अमोघ अस्त्र हैं,जिनके द्वारा भावी पीढ़ी देश का गौरवशाली भविष्य बन सकती है। अत: बच्चों के मन में उनके चरित्र में भावना और गुणों का होना अति आवश्यक हो जाता है। काव्य वह माध्यम है जिसके द्वारा बिना किसी अतिरिक्त प्रयास के बच्चों को ही महत्वपूर्ण बातों का बोध भी हो जाता है और उनके चरित्र में अनायास ही यह गुण अपना स्थान भी बना लेते हैं।

जीवन मूल्यों के लिए आपसी प्रेम,सौहार्द,परस्पर सम्मान, भाईचारा, सहयोग आदि की भावना का विकास होना बहुत जरूरी है। तभी सूर्यभान गुप्त ने अपने इस बालगीत के माध्यम से बंधुत्व की भावना के साथ साथ मिलकर रहने का भी संदेश दिया है

'हम कली फूल बहुरंगे हैं, निर्मल है विमल तरंगे हैं,
हमेशा हर्ष की मधुर–मधुर उठती नित सरस उमंगें हैं
मेलजोल अपनेपन के मधुर गीत सुनाएंगे
हम बढ़ते जाएंग...
आओ मिलकर ज्ञान करें सब में भावना महान करें।'[4]

बच्चों में दया करना और उदारता के भावों को विकसित करने के लिए कभी उन्हें सरल शब्दों की माला में गीतों की लड़ियां तैयार कीजिए बालक चाहे धारण कर अपने चरित्र के संदर्भ में विभक्ति कर सकते हैं उदारता जैसी संस्कृत भाषा को समझने के लिए उनको बड़े–बड़े उद्देश्यों को सुनना समझना नहीं उतना जितना एक मधुर गीत कविता को सुनकर जाकर भी समझ सकते हम दुल्हन भी कर सकते हैं हम जिला अग्रवाल की है कविता बच्चों में उदारवादी दृष्टिकोण को विकसित करने के लिए प्रेरणा स्रोत है –

'आटा बाटा दही चटाका बात पते की बोलो काका,
दीन दुखी को सुख पहुंचाओ,हर बिछड़े को गले लगाओ
खींचो प्रीत प्यार का खाका
बात पते की..
चिंताओं की चिता जलाना खुशहाली के सपने सजाना
हरदम हंसना मार ठहाका
बात पते की... '[5]

हमारे देश की संस्कृति अत्यंत प्राचीन है और किसी भी देश की पहचान अपनी संस्कृति और परंपराओं से ही होती है। अत: इसे एक पीढ़ी से दूसरी पीढ़ी तक हस्तांतरण करने में साहित्यकारों का अमूल्य योगदान रहा है। बाल्यकाल से ही जब नौनिहालों में परंपराओं और मूल्यों के बीज रोपित

किए जाते हैं, तभी युवावस्था तक आते–आते वे परिपक्व वृक्ष का रूप धारण कर पाते हैं अत: बाल कवियों की बच्चों को संस्कारी बनाने में सक्रिय भूमिका रही है। कृष्ण शलभ की यह बाल कविता बच्चों के जिज्ञासु मन में मानवीय मूल्यों का चित्र अंकित करती है..

'रंग नहीं पानी का होता,जात नहीं होती पानी की
प्यास सभी को एक बराबर, हो फकीर की या रानी की
इतनी बड़ी धूप के टुकड़े, होते हैं क्या बोलो भाई
रोटी पर क्या नाम लिखा है,हिंदू मुस्लिम सिख ईसाई।'[6]

बाल पद्य साहित्य द्धारा बच्चों के चारित्रिक विकास की पृष्ठभूमि तैयार होती है। इस माध्यम से बच्चे मनोरंजक तरीके से जीवन मूल्यों को आत्मसात भी कर पाते हैं और उन्हें अपने निजी जीवन में अनुभव भी। हिंदी के अनेक महान कवियों ने बाल साहित्य का सृजन किया है और पद्य के माध्यम से बालकों के अंतर्मन पर सदाचार ,परंपरा,मूल्यों, संस्कृति की कोपलें विकसित करने में सराहनीय प्रयास भी किया है। इन कवियों में राष्ट्रकवि मैथिलीशरण गुप्त, अयोध्या सिंह उपाध्याय हरिऔध,सोहनलाल द्धिवेदी,बाबू गुलाब राय, सुभद्रा कुमारी चौहान, रामधारी सिंह दिनकर, सुमित्रानन्दन पंत, पं हरिकृष्ण देवसरे,डॉ. सुरेंद्र विक्रम, बालकृष्ण शर्मा, कृष्ण शलभ, डॉ. परशुराम शुक्ल, कृष्ण कुमार अष्ठाना आदि बहुचर्चित बाल साहित्यकार हैं। इन समस्त कवियों ने अपनी सरल, सहज, भाषा और शिल्प के माध्यम से बाल कविता में बालोचित प्रवत्तियों और भावनाओं का प्रणयन किया है।

आधुनिक समय में जब जाओ और अराजकता का माहौल है लोक सहित नेता को त्याग कर असहिष्णु हो रहे हैं लाभ हिंसा बनाना आपका राधिका वे समाज में अपनी गिरफ्त में ले रहा है ऐसे में आवश्यक है कि हमें अपने बचपन को एक जहरीले हवा से बचाना होगा उनकी सांस में नैतिक मूल्यों के प्राण भाइयों का संचार करना होगा नैतिक मूल्यों की अभाव में परिवार व समाज का पता लगाना निश्चित ही यह नैतिक मूल्य व्यक्तित्व के विकास के लिए आंतरिक व अंतर सपोर्ट तत्व है यही बालकों के संपूर्ण विकास को दिशा प्रदान करते हैं वर्तमान समाज की मूल्य संस्कृति की चर्चा करते हुए कवियों ने इसके दुष्परिणामों से बच्चों को अवगत कराया था कि बच्चे सजग होकर नैतिकता के पथ पर अग्रसर हो

आदमी को आदमी का दर्द नहीं दिखता है,
सच्चाई का करे सामना मर्द नहीं मिलता है,
हर साल से बोलूं सुकून और चौन गायब है,
जीना बहुत मुश्किल है मरना बहुत आसान है

इसी प्रकार मानवीय मूल्यों के ह्रास के कारण समाज की आंतरिक वेदना को दर्शाती डॉक्टर शुक्ल की जय कविता वर्तमान काल की व्यवस्थाओं पर करारा तरीके इन व्यवस्थाओं के बोझ तले आम आदमी की दशा विचारणीय था कवि ने बालमन में समाज की दुर्दशा के बीच सकारात्मक संवेदनाएं जागृत करने का प्रयास किया है,

मां तुम साहब के कुत्तो को कितनी रोटियां बना कर आई हो,
मां बोली चार मोटी मोटी रोटियां दोपहर की और 4 ही शाम के लिए बना कर रख कर आई हूं उन्हें दूध में गला कर भी रख आई हूं,

बहुत देर तक छोटा बच्चा मां को देखता रहा फिर ने सवाल पूछ कर बोला

ना कितना अच्छा होता अगर मैं साहब का कुत्ता होता

कवि ने गरीबी के कारण भूखे बच्चे की अभिलाषा का मार्मिक चित्रण किया है जहां धन मानव के कुत्तो भी दूध मलाई का सेवन करते हैं वहीं गरीब के बच्चे एक वक्त के खाने को भी तरसते हैं इस तरह की कविताओं द्धारा बच्चों की संवेदनशीलता और करना को किया जा सकता है

निष्कर्ष स्वरूप कह सकते हैं कि बाल कविताओं में नैतिक मूल्यों के रेखांकन से बालमन के सर्वांगीण विकास को बल मिलता है। बाल कविता में संस्कृति व मूल्यों का निरूपण आधुनिक समय की आवश्यकता है। भौतिकवादी युग में जब परिवार में भी बच्चा उपेक्षित हो जाता है ऐसे में बाल साहित्य उनकी दबी जिज्ञासाओं मूल्यों के साथ उनके मनोरंजन का मुख्य स्रोत बनकर उभरता है। वर्तमान समय में जनसंचार माध्यमों द्धारा कविताओं के भाव को दृश्य – श्रव्य आदि द्धारा और अधिक ग्राहय बना दिया जाता है जो भावी पीढ़ी के जीवन में सकारात्मक परिवर्तन काोतक हैं।

संदर्भ ग्रंथ सूची :–

1. हिंदी बाल साहित्य का इतिहास / प्रकाश मनु / पृष्ठ – 229
2. बालगीत भाग 3 / डॉ परशुराम शुक्ल /पृष्ठ –20
3. रोहिताश्व अस्थाना /चुने हुए बालगीत –प्रथम खंड/ पृष्ठ – 32
4. बालहंस दिसंबर (1960) 7 वर्ष 12 अंक 11 / पृष्ठ –3
5. डॉ. रोहिताश्व अस्थाना / चुने हुए बालगीत प्रथम खंड / पृष्ठ –18
6. डॉ. जगदीश व्योम / 151 बाल कविताएं संपादक –जाकिर अली / पृष्ठ – 07
7. डॉ. शंकर लाल शुक्ल / और राजू चल बसा / भूमिका से
8. डॉ. परशुराम शुक्ल / आओ बच्चो गाओ बच्चो / पृष्ठ –59

****

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed / Peer Review Research Journal)
RNI No.- MPHIN/2013/60638, ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Scientific Journal Impact Factor (SJIF)- 7.671
April to June 2023, E-Journal, Vol. I, Issue XLII

फर्नीचर उद्योग में एक आर्थिक अध्ययन

डॉ. शिव कुमार वर्मा* नरेश कुमार प्रजापति**

* प्राध्यापक एवं विभागाध्यक्ष (अर्थशास्त्र) शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, अमरपाटन, जिला-सतना (म.प्र.) भारत
** शोधार्थी, अवधेश प्रताप सिंह विश्वविद्यालय, रीवा (म.प्र.) भारत

शोध सारांश – छतरपुर जिले के फर्नीचर उद्योग में उद्यमियों द्वारा फर्नीचर कार्य किया जाता है जिले में सब उद्योग में से सबसे ज्यादा फर्नीचर उद्योग का कार्य किया जाता है और जिले में कई जगह फर्नीचर कार्य किया जाता है। कई प्रकारों एवं डिजाइनों में तथा उपकरणों द्वारा फर्नीचर निर्मित किया जाता है। फर्नीचर निर्मित करने के लिए मजदूरों की बड़ी भूमिका रहती है। बिना कार्यरत मजदूरों द्वारा फर्नीचर निर्मित सम्भव नहीं है। फर्नीचर उद्योग प्रशिक्षित मजदूर होना चाहिए जिससे वह फर्नीचर कार्य अच्छे तरीके से हो सके।

प्रस्तावना – छतरपुर जिले में फर्नीचर उद्योग का एक आर्थिक अध्ययन से स्पष्ट है कि फर्नीचर उद्योग एक ऐसा उद्योग है। जो विश्व में तेजी से बढ़ रहा है। कच्चा माल को उपलब्ध कराकर अच्छी डिजाइनों द्वारा बनाया जाता है इसमें कुशल कारीगरों या मजदूरों द्वारा बनाया जाता है जो आज विश्व स्तरीय रूप से कार्य चल रहा है। प्राचीन काल से लेकर आज तक फर्नीचर का बड़ा योगदान रहा है। लकड़ी से कई प्रकार के फर्नीचर डिजाइनों में तैयार किया जाता है। उद्यमी द्वारा कार्य संचालन के रूप में प्रयोग किये गये संसाधन जैसे- भूमि, पूंजी, श्रम, संगठन, साहस आदि का प्रयोग करके फर्नीचर निर्मित किये जाते हैं। जैसे उद्यमी द्वारा उद्योग को स्थापित करने के लिए पहले से आर्थिक स्थिति का सामना करना पड़ता है। उद्यमी द्वारा फर्नीचर कई समस्या का सामना करना पड़ता है। फर्नीचर निर्मित के लिए के कच्चे माल को परिवहन द्वारा माँगने पर खर्च आता है फर्नीचर वैसे तो मध्यप्रदेश में लकड़ी उत्पादन सबसे अधिक होता है मध्यप्रदेश में सागोन लकड़ी अधिक मात्रा में पायी जाती है जिस वजह से यहां फर्नीचर उद्योग अधिक स्थापित है। छतरपुर जिले में फर्नीचर उद्यमी एवं कार्यरत मजदूरों द्वारा निर्माण किया जाता है। छतरपुर जिले में फर्नीचर निर्माण का कार्य सबसे ज्यादा सागोन की लकड़ी से किया जाता है। फर्नीचर उद्योग के उद्यमी द्वारा वन विभाग से सागौन लकड़ी का पंजीयन कराना होता है। तब उद्यमी को सागौन की लकड़ी प्राप्त होती है, फिर फर्नीचर निर्माण कार्य किया जाता है।

सागौन लकड़ी के अलावा अन्य लकड़ी का प्रयोग किया जाता है मगर सागौन की लकड़ी का फर्नीचर से बनी वस्तु की लम्बी आयु तक चलता है। इस लकड़ी में पॉलिश जल्दी चढ़ जाता है। लकड़ी चिराई के लिए आरामशीन भी कुछ उद्यमी द्वारा किया जाता है। एक फर्नीचर उद्योग में 20 से 30 कार्यरत मजदूर फर्नीचर उद्योग में कार्य करते हैं इनकी मजदूरी उनकी कार्यकुशलता के अनुसार दिया जाता है। जो कार्यरत मजदूर अच्छी डिजाइन निकालेगा उसे अधिक मजदूरी दी जाती है जो कम डिजाइन निकालते उनको कम मजदूरी दी जाती है। कुछ मजदूरों से घिसाई या पॉलिश कार्य कराया जाता है फर्नीचर उद्योग में मजदूरों की ड्यूटी आठ घंटे की होती है। इनकी प्रतिदिन के हिसाब से मजदूरी दर 600, 500, 400 क्रमश: अनुसार दी जाती है।

फर्नीचर उद्योग एक निजी उद्योग है जो उद्यमियों द्वारा स्वयं अपने ही संसाधन द्वारा निर्माण किया जाता है। इसमें सरकार का कोई अस्तित्व नहीं है। मगर सरकार के माध्यम जिला उद्योग केन्द्र द्वारा उद्यमियों को भूमि आवंटन पट्टा दिया गया है अभी तक आगे कोई कार्यवाही सरकार द्वारा नहीं किया गया है न ही किसी प्रकार की आर्थिक मदद दी गयी है। इस फर्नीचर उद्योग में सरकार अस्तित्व होना था।

वर्तमान में फर्नीचर की मांग तीव्र गति बढ़ रही है। जो उद्यमियों द्वारा फर्नीचर कार्य किया जाता है जैसे- सिंगल बेड, डबल बेड, कुर्सी, दरवाजे, चौखट, टेबिल, डेनिट सेट, सोफा सेट, खिड़की, आलमारी, संदूक, सिंगारदानी, चारपाई, स्टूल, झूला, पालना, गोल मेज, स्कूल टेबिल, दूकान, टेबिल, कार्यालय टेबिल इत्यादि बनाये जाते है।

फर्नीचर डिजाइन वर्तमान में फर्नीचर की डिजाइन का महत्व बढ़ता जा रहा है। उद्यमी द्वारा कई प्रकार की डिजाइनों द्वारा फर्नीचर निर्मित कराया जाता है। जिस फर्नीचर निर्माण में अच्छी डिजाइन होगी। उसकी कीमत मांग अधिक होगी। कम डिजाइन फर्नीचर की मांग कम होगी जिस प्रकार की डिजाइन होगी उस वस्तु का उसी प्रकार मूल्य तय होगा।

उद्देश्य:

1. फर्नीचर उद्योग में विकास की तीव्र गति बढ़ाना है।
2. लकड़ी फर्नीचर उद्योग का कार्य के लिए वन विभाग पंजीयन करना।
3. फर्नीचर उद्योग में प्रशिक्षित मजदूर कार्यरत हो।
4. फर्नीचर उद्योग में कच्चे माल की उपलब्ध पर्याप्त मात्रा में हो।
5. फर्नीचर निर्मित कार्य अच्छे डिजाइनों में किया जाए।

निष्कर्ष – छतरपुर जिले में फर्नीचर उद्योग का कार्य इसलिए ज्यादा किया गया है। कि यहां वनों की अधिकता है। उद्यमियों द्वारा फर्नीचर कार्य तीव्र गति बढ़ से रहा है। यहां कच्चे माल पर्याप्त मात्रा में मिल जाते है। यहां प्रशिक्षित कार्यरत मजदूर होने से फर्नीचर कार्य विकसित हो गया है। फर्नीचर उद्योग जिले का देश और विदेश में अपनी पहचान बना ली है।

संदर्भ ग्रंथ सूची :-

1. आर्य, एस.पी.- 'सामाजिक अनुसंधान' साहित्य भवन आगरा (1979)
2. मिश्र पंचनारायण-उद्यमी, उद्योग और स्वरोजगार उद्यमिता विकास केन्द्र भोपाल, 1995
3. कुलश्रेष्ठ, रघुबीर सहाय-भारत में उद्योगों का संगठन, प्रबंध एवं वित्त, साहित्य भवन, आगरा, 1990
4. सिन्हा, वी.सी.- श्रम अर्थशास्त्र, मयूर पेपर नौएडा, नई दिल्ली, 1991
5. झिंगन, डॉ0 एम.एल.- समष्टि अर्थशास्त्र, वृंदा पब्लिकेशन्स बी-5 आशीष कम्पलेक्स, मयूर विहार रोड, दिल्ली (1988)

****

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed / Peer Review Research Journal)
RNI No.- MPHIN/2013/60638, ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Scientific Journal Impact Factor (SJIF)- 7.671
April to June 2023, E-Journal, Vol. I, Issue XLII

The Effect of Decision Support Systems on Management's effectiveness

Dr. Nitin Rao Chavhan* Dr. Ajay Trivedi**

*Assistant Professor (Commerce) Parul University, Vadodara (Gujrat) INDIA
** Dean (Commerce) Parul University, Vadodara (Gujrat) INDIA

Abstract - The impact of Decision Support Systems (DSS) on the efficient operation of management is examined in this study article. Making decisions has become harder for managers due to the complexity of corporate operations and the volume of data available. DSS has become a useful tool that helps managers make decisions by using technology and data analysis to deliver timely, accurate, and relevant information. This essay looks at the advantages and difficulties of DSS adoption and how it affects organizational performance, managerial judgement, and overall effectiveness. It also examines the crucial elements to take into account when adopting DSS and offers suggestions for its implementation.

Introduction - Effective decision-making is essential for the success of any organisation in the quickly evolving business climate of today. Managers must make a variety of difficult decisions that could have a significant impact on their companies. Organisations now use Decision help Systems (DSS), which make use of technology and data analysis to give managers timely and pertinent information to help decision-making processes.

A DSS's main goal is to help managers make wise decisions by employing numerous tools, models, and methodologies. With its advanced analytics, simulations, and data visualisation features, it goes beyond conventional management information systems. Managers can acquire useful insights into the workings of their organisations, market trends, customer preferences, and competitive environments by utilising the power of DSS.

The availability of precise and trustworthy information is crucial for the efficient operation of management. DSS acts as a link between unprocessed data and useful information, giving administrators quick access to a massive volume of data for analysis. DSS equips managers with the real-time data and powerful analytical tools they need to make informed decisions in a fast-paced corporate environment.

सारणी क्रमांक–2 से स्पष्ट है कि वर्ष 1981 मे ग्रीष्म ऋतु का औसत तापमान 34.25° से. था जबकी ग्रीष्म ऋतु का वर्ष 2021 का औसत तापमान 39.6° से. हो गया इससे स्पष्ट होता है की विगत 5 दशकों में ग्रीम ऋतु के औसत तापमान में 5.35 कि वृद्धि हुई है। यह वृद्धि 1991 में 1.37° से. 2001 में 0.8° से. तथा वर्ष 2011 में यह वृद्धि 1.5° से. दर्ज कि गई। वर्ष 1991 से 2001 के मध्य हुई तापमान में औसत कम वृद्धि का मुख्य कारण 1992 में हुये रियो डी जेनिरो के मौट्रोपोलियन प्रोटोकाल का कढ़ाई से पालन करना है।

इसी प्रकार वर्ष 1981 में वर्षा ऋतु का औसत तापमान 26.5° से. था, जबकि 2021 में 5.75° से. की वृद्धि के साथ 32.07° से. हो गया यह औसत क्रमश: 1991,2001,2011 में 28.27° से. 29.12° से., 30.3° से. दर्ज की गई। इसीतरह वर्ष 1981 में शीत ऋतु का औसत तापमान 14.25° से. था, जो 1991 में 15.22° से. 2001 में 16.17° से., 2011 में 16.72° से. तथा 2021 में 17.17° से. हो गया। उल्लेखनीय है कि विगत वर्षो की अपेक्षा प्रत्येक ऋतु में औसत तापमान वृद्धि का मुख्य कारण मानवीय आर्थिक क्रियाये, वन विनाश आदि है।

जलवायु परिवर्तन का प्रभाव

मिट्टी पर प्रभाव – कृषि के मुख्य घटक के रूप में मिट्टी का महत्वपूर्ण स्थान है। अध्ययन क्षेत्र मे जलवायु परिवर्तन के कारण मिट्टी पहले से ही जैविक कार्बनिक हो रही थी अब मिट्टी की नमी और कार्य क्षमता भी प्रभावित हो रही है। मिट्टी में लवणता की वृद्धि तथा जैव विविधता का ह्रास हुआ है। भूमिगत जल स्तर प्रतिवर्ष नीचे तथा बाढ़ एवं सूखा जैसी आपदाओं के कारण मिट्टी का क्षरण हो रहा है परिणाम स्वरूप मिट्टी में बंजरता बढ़ती जा रही।

फसलों पर प्रभाव – अध्ययन क्षेत्र मे जलवायु परिवर्तन से मात्र फसलों का उत्पादन ही नहीं प्रभावित हुआ वरन् उसकी गुणवत्ता पर भी नाकारात्मक प्रभाव परिलक्षित हुये है। अनाजों में पोषक तत्वों और प्रोटीन की कमी पाई गई है। जलवायु परिवर्तन का एक ही क्षेत्र में अलग–अलग प्रभाव दृष्टव्य हुये है।

जल संसाधन पर प्रभाव – जलवायु परिवर्तन के कारण कृषि हेतु जल आपूर्ति भयंकर समस्या है। क्षेत्र में तालाब, पोखर, कुआँ जो जल स्तर को बनाये रखने में सहायक होते थे। कृषक अपने खेतों में अधिक से अधिक वर्षा जल का संचय करता था, किन्तु बाढ़ एवं सूखे की बारम्बारता के कारण पारम्परिक स्रोत समाप्त होते जा रहे है।

जीव – जन्तु पर प्रभाव – अध्ययन क्षेत्र में जलवायु परिवर्तन नें जीव–जन्तुओं को भी प्रभावित किया है। लम्बे समय तक चलने वाले ग्रीष्म ऋतु, शीत ऋतु तथा वर्षा ऋतु में अनेक जीव–जन्तुओं की प्रजनन क्षमता में वृद्धि से अपना जीवन चक्र पूरा करते थे। किंतु जलवायु परिवर्तन के कारण प्रकृति और जीव–जन्तुओं के मध्य अर्न्तसम्बन्धों में अत्यधिक परिवर्तन हुआ।

जैव विविधता पर प्रभाव – जलवायु परिवर्तन से मिट्टी की उर्वरता में कमी होने से पेड पौधों के स्वास्थ एवं उगने की क्षमता में ह्रास हुआ है, फलत: अनेक वनस्पतियां समाप्त होने की स्थिति में आ गई है। परिणाम स्वरूप यहां रहने वाले मानव व जानवरों में अनेक रोगों के आक्रमण से संकट में आ गये है क्योंकि वनस्पति उनके लिये महत्वपूर्ण संसाधन है।

समस्या:

1. जलवायु परिवर्तन से मौसम की अनियमितता में वृद्धि हुई है।
2. बाढ़ एवं सुखे की पुर्नावृत्ति के कारण मिट्टी की अम्लीयता में वृद्धि हुई

है।

3. जल स्तर में कमी तथा क्षारीयता में वृद्धि हुई है।
4. फसल उत्पादकता में कमी।
5. मानव की क्रिया शीलता में कमी आई है।

सुझाव:

1. विशैले पदार्थो व रेडियोधर्मी अपशिष्ट को रोकना।
2. झूम खेती कृषि पर नियंत्रण तथा वृक्षारोपण कार्यक्रम को अनवरत जारी रखना।
3. फसल उत्पादन हेतु नई तकनीकों का विकास तथा उत्पादन विधियों में परिवर्तन के साथ खेती में जल का संरक्षण कारना।

निष्कर्ष – विगत 5 दशकों के जलवायविक आकड़ों के विश्लेषण से यह निष्कर्ष निकलता है कि जलवायु परिवर्तन का कृषि वनस्पति, जीव–जन्तु, जल संसाधन एवं जैव विविधता पर प्रभाव परिलक्षित होने लगे हैं। अगर समय रहते जलवायु परिवर्तनों के कारण और उसके प्रभावों को नहीं रोका गया तो यह एक विकट समस्या का रूप धारण कर लेगे। अत: प्रस्तुत सुझावों का कढ़ाई से पालन करते हुए तथा जनजागरुकता के माध्यम से उपरोक्त प्रभाव को रोका जा सकता है।

संदर्भ ग्रंथ सूची :–

1. सिंहा मेघा (2001) पर्यावरणीय समस्या और संसाधन, बंदना पब्लिकेशन नई दिल्ली।
2. सिंह संतनाम (2008) कृषि भूगोल यूनिर्वसिटी पब्लिकेशन नई दिल्ली।
3. जिला सांख्यिकी पुस्तिका (2021) जिला सांख्यिकी कार्यालय, जबलपुर।
4. सक्सेना हरिमोहन (2001) पर्यावरण एवं पारिस्थतिकी राजस्थान हिन्दी ग्रन्थ अकादमी जयपुर।
5. Review 2000 Geographical Review of India, Vol- 62,No 1-4
6. Mamona C-B- (1960), Agricultural problems in India Kitab mahal- Atlaha badi G-P- 3rd edi.
7. तिवारी, डॉ. अजय, (2007) कृषि की प्रमुख समस्याएं सतपुड़ा क्षेत्र के संदर्भ में उत्तर भारत भूगोल पत्रिका अंक– 21 पृ. 143।
8. पाण्डेय, जे. एन. और एस. आर. कमलेश (1999) कृषि भूगोल बसुंधरा प्रकाशन गोरखपुर।
9. Singh Jasbir and Dhillonss (1984) Agricultural Geography Tata Mc Growill Publishing Company Limited New Delhi P-P- 127- 128A
10. भारतीय मौसम रिर्पोट 2021

****

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed/ Peer Review Research Journal)
RNI No.- MPHIN/2013/60638, ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Scientific Journal Impact Factor (SJIF)- 7.671
April to June 2023, E-Journal, Vol. I, Issue XLII

मानवीय मूल्यों का प्रासंगिक महत्व

डॉ. शिवानी शर्मा * राजश्री रतावा डॉ. राजेश कुमार शर्मा *****

* शोध निर्देशक, भगवंत विश्वविद्यालय, अजमेर (राज.) भारत
** शोधार्थी, भगवंत विश्वविद्यालय, अजमेर(राज.) भारत
*** भगवंत विश्वविद्यालय, अजमेर (राज.) भारत

शोध सारांश – 'मूल्य' शब्द का अलग-अलग भाषाओं में अलग-अलग अर्थ होता है। अच्छा, सुन्दर, इच्छित, वांछित, वेल्यू, उपयोगिता इत्यादि। किन्तु मानवीय व्यवहार में 'मूल्य' का अर्थ आत्मशुद्धि, इन्द्रिय निग्रह, आत्म संयम, शुद्ध आचरण, सहज जीवन इत्यादि के अर्थ में प्रयुक्त हुआ है। इन सभी गुणों को आत्मसात करना हर भारतीय का कर्त्तव्य है क्योंकि मूल्य हमारी पहचान होते हैं यदि हम इन मूल्यों से अपरिचित रहते है, अनभिज्ञ रहते हैं तो हम अनैतिक बन जाते है। आध्यात्मिकता के अर्थ में हमारे मूल्य है सत्य, अहिंसा, शुद्धता, अच्छाई। यथार्थवादी अर्थ में मूल्य का संबंध सत्य, ईमान, अहिंसा, प्रेम, मानवीय सद्क्रमों से है। आदर्शवादी अर्थ में मूल्य को सत्ता व ज्ञान की विशिष्टता कहा गया है। अत: मूल्य ही हमारी पृष्ठभूमि है, मूलाधार है, मूल्य ही विषय और विषयी का तादात्म्य कराता है तथा जीवन के प्रति सकारात्मक दृष्टिकोण बनाता है। भारतीय आचार्यो ने धर्म, अर्थ, काम, मोक्ष इन चारो पुरूषार्थी को मूल्य रूप में वर्गीकृत किया है। मानवीय मूल्य जो व्यक्ति की उपयोगिता या महत्व को बढाते हैं उसे भीड़ से अलग बनाते है वे है – सामाजिक मूल्य, पारिवारिक मूल्य, ग्राम्य मूल्य, वर्गीय मूल्य, महानगरीय मूल्य, संपत्ति एवं रोजगार संबंधी मूल्य, प्रणयगत मूल्य, नैतिक मूल्य, सांस्कृतिक मूल्य, धार्मिक मूल्य, अंतर्राष्ट्रीय मूल्य, राष्ट्रीय मूल्य आदि। इन सभी मूल्यों को अपनाकर व्रूक्ति अपने जीवन को खुशहाल बना सकता है तो राष्ट्र के चहुमुखी विकास में अपना योगदान भी दे सकता है। यदि व्यक्ति इन मूल्यों से परिचित नहीं होगा तो वह अपने अधिकारो को, कर्तव्यों को भी नहीं जान पाएगा वह आपके युग में धरती पर बोझ या पशु के रूप में विचरण करने योग्य रह जाएगा। युगीन परिस्थितियों को देखते हुए मानव का व्यवहार में परिवर्तन लाना, कार्यो में योगदान देना, सही-गलत को पहचानना, भविष्य के लिए जागरूक होना आदि के महत्व को समझकर जीवन में स्थापित करना ही श्रेष्ठ व्यक्ति की पहचान होती है।

प्रस्तावना – मूल्य बोध एक व्यावहारिक एवं आदर्शसूचक चिन्तन हैं जो प्रत्येक व्यक्ति के कल्याण का साधन हैं। भारतीय ऋषि मुनियो ने जीवन को उत्तम बनाने व आनन्द की प्राप्ति करने के लिए ऐसे मूल्यों की रचनपा की जिनका अनपुसरण कर व्यक्ति इस लोक में सुखी रहकर परलोक में भी सुख को निश्चित करने में सक्षम बनता हैं। मूल्य का समानार्थी शब्द है पुरूषार्थ और ये पुरूषार्थ (मूल्य) है- धर्म, अर्थ, काम, मोक्ष। धर्म में सामाजिक और नैतिक मूल्य आ जाते हैं, अर्थ का संबंध भौतिक मूल्यों से है, काम में सौन्दर्य और कला संबंधी सभी मूल्य सम्मिलित है और मोक्ष में आध्यात्मिक मूल्य आ जाते है। आध्यात्मिक मूल्य भौतिक मूल्यों से ऊँचे अवश्य हैं, किंतु उनकी उपेक्षा नहीं करते। भौतिक सोपानों द्वारा ही आध्यात्मिक की प्राप्ति होती है।

मानवीय मूल्य ही मनुष्य में मनुष्यता लाते है अन्यथा पशु व मानव एक समान होते है। मनुष्य का आचरण, उसके गुण उसे पहचान देते है।

'येषां न विद्या न तपो न दानं
ज्ञानं न शीलं गुणो न धर्म: ।
ते मर्त्यलोके भुविभारभूता
मनुष्यरूपेण मृगाश्चरन्ति ।।'

अर्थात् जिस मानव के पास न विद्या, न तप है, न दान है, न ज्ञान है, न सदाचार है और न ही धर्म है, वे मनुष्य इस धरती पर भार के समान है अर्थात् निरर्थक जीवन जी रहे है और मनुष्य के भेष में वे पशु के समान विचरण कर रहे है।'[2]

वास्तव में मूल्य जीवन के दिशा निर्देशक, पथ प्रदर्शक व उद्धेश्य हैं जिनसे व्यक्ति के चरित्र का निर्माण होता हैं। सयामाजिक प्राणी को मानवीय मूल्यो का निर्धारण करना आवश्यक है। दिनकर के शब्दो में 'मूल्य आचरण के सिद्धान्तो को कहते हैं। मूल्य वे मान्यताएँ है, जिन्हें मार्गदर्शक, ज्योति मानकर सभ्यता चल रही है और जिनकी उपेक्षा करने वालो को परम्परा अनैतिक, उच्छृड्.खल या बागी कहती है।'[3]

समाज द्धारा मूल्यो की स्थापना करना ही काफी नहीं है व्यक्तियों द्धारा उसे आचरण में लाना आवश्यक है जिसके लिए व्यक्तिगत सोच का विकसित होना अत्यन्त आवश्यक हैं। 'हम मानते है कि एक प्रतिमानो का, सब मूल्यो का स्त्रोत मानव का विवेक हैं, वही उसे सदासद का ज्ञान देता है- फिर उसे सत् और असत् का क्षेत्र चाहे जो हो।'[4]

'मूल्य' के सम्बन्ध में कुछ भारतीय व पाश्चात्य विद्धानों के विचारो को जाने तो –

डॉ. बैजनाथ सिंहल के अनुसार 'प्रत्येक उपलब्धि जीवन को प्रभावित करती है। उपलब्धि का यह प्रभावशाली सूक्ष्म रूप ही मूल्य है।'[5]

ऑसफोर्ड डिक्शनरी के अनुसार- 'मूल्य मानव इच्छाओं की संतुष्टि करने वाली वस्तुएँ हैं, इच्छा की पूर्ति से सुख होता हैं इवसलिए सुखानुभूति में मूल्य की अनुभूति है।'[6]

केन के अनुसार- 'मूल्य वे आदर्श एवं विश्वास या नियम हैं जिन्हें कोई समाज या समाज के अधिकांश लोग अपनाते है।'[7]

अत: मूल्य 'वेल्यू' से बना है जो किसी का भी महत्व बढ़ा सकता है चाहे आर्थिक, सामाजिक, मानसिक, क्रियात्मक, लाक्षणिक इत्यादि कोई भी क्षेत्र क्यों न हो। शेशवावस्था से ही बालक में परिवार के द्वारा मूल्यो की स्थापना करना आरम्भ कर दिया जाता है जिसको हमें जीवनपर्यन्त हमारे व्यवहार में रखना होता है।' नैतिक मूल्य जीवन की महत्वपूर्ण धरोहर है। इनकी सुरक्षा के दायित्व का निर्वाह करना हमारा प्रथम कर्तव्य हैं। संस्कृत की यह पंक्ति सत्य व चरितार्थ होती है कि –

'वृत्यत्नने संरक्षेत वितमेति च याति च।'

अर्थात् धन जो आता है चला जाता हैं, लेकिन चरित्र जाकर वापस नहीं आता है इसकी हमें यत्नपूर्वक रक्षा करनी चाहिए।'[8]

वर्तमान परिपेक्ष्यमें यदि बात की जाए तो सत्य, पेम, सेवा, शांति, अहिंसा,करूणा, परोपकार, त्याग इत्यादि वे मानवीय मूल्य है जिनको अपनाकर हमारे देश के महापुरूषो ने अपना जीवन अमर किया। वे आज भी हर भारतीय की पहचान बने है, हर भारतीय का गौरव है। सम्पूर्ण विश्व के कुछऐसे युग प्रवर्तक नेता है जिनमें महात्मा गॉधी, मार्टिन लूथर, वाक्लव हेवेल, मदर टेरेसा, नेल्सन मंडेला, अब्राहम लिंकन आदि हुए जिनके मानवीय गुण उदाहरण बने वे है–

नि:स्वार्थता, गरिमा, न्याय के प्रति प्रेम और लगाव, स्नेहिल व्यवहार, अंहिसा व शान्ति से प्रेम, परोपकारिता, सहानुभूति इत्यादि।

वर्तमान पीढ़ी के लिए आदर्श बने हमारे कुछ प्रशासक जिनमें एम.एस.स्वामीनाथन, वर्गीस कुरियन, सी.डी. देशमुख, वी.पी.मेनन, कृष्णमूर्ति, ई.श्रीधरन, वर्गीसकुरियन, सैमन पित्रोदा, आई.जी.पटेल का नाम प्रमुख है। इनका व्यवहार, इनके गुण ही इनकी उपलब्धियों की सीढ़ी बने वे मानवीय गुण जो इनके पथ प्रदर्शक थे वे है–

भेदभाव का विरोध, सत्यनिष्ठता, अनुशासन, सामाजिक समानता, साहस, कानून के प्रति सम्मान, कर्तव्यपरायणता, भाईचारा इत्यादि।

समाज सुधारकों का संघर्ष एवं विचारधाराओ का समाज व देश के विकास में बहुमूल्य योगदान रहा। सामाजिक कुप्रथाओं, खोखली परम्पराओ का जिन्होने पुरजोर विरोध किया उनमें थे — राजाराम मोहनराय, स्वामी विवेकानन्द, गुरूनानक दउेव, कबीर, ईश्वरचन्द विद्यासागर इत्यादि। इन्होने अपने शील गुणो व दूरदर्शिता से समाज का पुनरोत्थान किया इनसे प्राप्त मूल्य है–

मानवतावाद, गरिमामय व्यवहार, मानलवता के प्रति आदर, दयालुता, आत्मसंतोष, सामाजिक समसता, तर्क व अन्वेषण से सत्य की खोज इत्यादि।

अत: हमारे पूर्वजो का व्यक्तित्व हमारे लिए आदर्श बन सकता है केवल इनके बारे में पढ़कर लिखकर या बोलकर नहीं बल्कि इनकी चारित्रिक विशेषताओं को अपने व्यवहार में अपनाकर इन्ही आदर्शो से वर्तमान समाज के चहुँमुखी विकास में युवा अपना बहुमूल्य योगदान दे सकता हैं इसके लिए आवश्यकता है तो इस आत्मसातिकरण की। बालक में इन गुणो का विकास करने में कई ईकाईयों की महत्वपूर्ण भूमिका होती है–

परिवार की भूमिका – समाज की प्राथमिक इकाई है परिवार जहां बच्चे का सामाजिकरण होता है या यूं कहे बालक की प्रथम पाठशाला है परिवार और प्रथम गुरू है मां ! परिवार व परिवार के सदस्यो द्वारा ही बच्चा सामाजिक आचरण से परिचित होता है वह प्रेम, त्याग, परोपकार, आज्ञापालन सहयोग का पाठ यही से सीखता है और सद्भावनाओ को विकसित करता है इसके लिए उचित माहौल की आवश्यकता भी होती है जो कि परिवार के सदस्यो द्वारा उपलब्ध कराया जाता है। विज्ञान भी कहता है जिस परिवार में संबंध अच्छे रहते है खुशहाल माहौल रहता है उस परिवार के बच्चे सफलता प्राप्त करते है, वे मानसिक व शारीरिक रूप से स्वस्थ रहते है।

वर्तमान समय में जहां आपसी मनमुटाव का माहौल होता है वहां पर बच्चे अपराधी प्रवृत्ति के ही नजर आते है अत: बच्चो के शारीरिक, मानसिक व बौद्धिक विकास के लिए उचित मूल्यो की स्थापना परिवार के माध्यम से ही की जा सकती है। परिवार ही बालक को समाज का योग्य सदस्य बनाता हैं और आचरण संबंधी नियमों से परिचित कराता है।

समाज की भूमिका – 'समाज' शब्द व्यक्तियों के एक समूह के लिए प्रयुक्त होता है या यो कहे सामाजिक साहचर्य का वह रूप जहा व्यक्तियो का समूह एक निश्चित भौगोलिक क्षेत्र में निवास करते है इनमें अन्त:पारस्परिकता, साझा या संगठित क्रियाकलाप व एकत्व की भावना होती है। समाज से सम्बन्धित नियम (नैतिक मूल्य) पूरे समूह को मानने होते है ये समाज एक गॉव, शहर, राज्य या देश हो सकता है जहां सभी के लिए समान व्यवहार अपेक्षित होता है। अनुसंधान में पाया गया कि किसी संगठन, व्यवसाय, संघ या संस्था के नैतिक मापदंड़ देश के प्रचलित मानदंडो से भिन्न नहीं हैं।

किसी सरकार की सफलता वहां के शासन व जागरूक जनता की भागीदारी पर निर्भर करती है और यह तभी संभव है जब वहां की शिक्षा व्यवस्था नागरिको के चरित्र निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हो। जनता के उज्जवल चरित्र से ही देश के विकास व आधुनिकीकरण को ऊर्जा मिलती है।

वर्तमान में जागरूकता और मीडिया के प्रतिनिष्ठा हर व्यक्ति को अपने कर्तव्यों को बोध कराने में सक्षम है आवश्यकता है तो उन गुणो को आत्मसात करने की।

शिक्षण संस्थानो की भूमिका – परिवर्तन के इस दौर में शिक्षा ही है जो व्यक्ति को लचीला बनाती है और सामाजिक बदलाव का नेतृत्व करती है। व्यक्ति को परिवर्तन अपनाने के लिए मानसिक रूप से तैयार करती है, किन्तु यह तभी संभव है जब शिक्षा बालक को बोझ न लगे, उसकी स्वतन्त्रता को बाधित न करें तभी वह जीवन में गुणात्मक व उच्चतर विकास कर पाने में सक्षम होगा और शैक्षणिक विकास के उदेश्य ज्ञानार्जन, सामाजिक न्याय, संस्कृति का संरक्षण, व्यक्तित्व का विकास, वैज्ञानिक मनोदशा का विकास, धर्मनिरपेक्ष मनोवृत्ति तथा लोकतंत्र आदि को अपना सकेगा।

अत: शिक्षा से ही समाज उच्च मूल्यो का संरक्षण कर विकास को प्रोत्साहन दे सकता है।

मानवीय मूल्यो की आवश्यकता या महत्व – आधुनिकता की अंधीदौड़ में दौडते हुए युवा, बच्चो या भारतीयो को मानवीय मूल्यो के महत्व को समझाकर ही कर्तव्यपथ से जोड़ा रखा जा सकता है अन्यथा कम्प्युटर मोबाइल ने अपराधी प्रवृति फैलाने में कोई कसर नहीं छोड़ी है। तकनिकी विकास जहां राष्ट्र उत्थान में सहायक है वही बालको, विद्यार्थियो व युवाओ के लिए अभिशाप बन गया है। मनोरंजन के लिए जिस देश में साहित्य पढ़ा जाता था– कहानियो, उपन्यासो में चरित्र जिया जाता था, कविताओ का रसास्वादन किया जाता था उसी देश के कर्णधार इन किताबी ज्ञान को, आदर्शो की बातो को मजाक समझते है और पिछड़ेपन की पहचान बताते हैं। वे नई–नई मोबाइल ऐप से, सौशल मीडिया से अपने ज्ञान को बढ़ाते हैं जो

उन्हें मानसिक रूप से बिमार करता है और अपराधी प्रवृत्ति की और अग्रसर करता है इसके उदाहरण हम प्रतिदिन अखबारो में पढ़ सकते है ।

अत: इन बालको को युवाओ को इनके कर्त्तव्यो का ज्ञान कराना आवश्यक हैं इसके महत्व को समझाना अत्यन्त आवश्यक है–

दक्षिण्यं स्वजने दया परिजने शाठत्रं सदा दुर्जने
प्रीति: साधुजने नया नृपजने विद्धज्जने चार्जवम्।
शौर्य शत्रुजने क्षमा गुरूजने नारीजने धूर्तता
ये चैवे पुरूषा: कलासु कुशलास्तेष्वेव लोकस्थिति: ।।

अर्थात् अपने सगे–सम्बन्धियों के साथ उदारता, परिजनों पर दया, दुर्जनो के साथ दुष्टता सज्जनों से मित्रता, राजा के साथ नीति, विद्धानों से विनम्रता, शत्रुओ पर पराक्रम, वृद्धो के प्रति क्षमात, स्त्रियो के साथ चातुर्थ , जो मनुष्य इस प्रकार की कलाओ में निपुण होता है, उन्ही पर यह संसार स्थिर है।[9]

अत: परिस्थितिनुरूप अपने मूल्यो में परिवर्तन अत्यन्त आवश्यक होता है । मानवीय मूल्यो की उपयोगिता को निम्न रूप से समझा जा सकता है–

1. **उपयोगिता को समझने के लिए मानवीय मूल्य का महत्व –** वस्तु की उपयोगिता उसके मूल्य से आंकी जाती है, उसी प्रकार व्यक्ति की पहचान भी उनके 'मूल्य' होते है। 'ईमानदारी व्यक्ति का आभूषण है।''सच्चाई व्यक्ति को पहचान देती है।' 'कर्त्तव्यपरायण हमारे संस्कार है।' ये बाते बोलने में सुनने में बहुत अच्छी लगती है किन्तु हम इनका अनुसरण करके, इनको व्यवहार में लाके जिस गौरव का अनुभव करत है, आत्मविश्वास से जीते है वो हैं हमारी उपयोगिता। हमारे मन की वैचारिक शुद्धता, जीवनदाविनी तरंगे देने वाले विचार ही मूल्य होते है जो दूसरों के लिए भी आदर्श बनते हैं।

2. **संस्कृति को जानने के लिए –** हमारी भारतीय संस्कृति के अनेक मूल्य पहचान है। इन मानवीय मूल्यों का ज्ञान प्रत्येक देशवासी के लिए आवश्यक है। ये मूल्य हमारी सांस्कृतिक विरासत भी है, इनके आधार पर हम सांस्कृतिक व्यवस्थाओं का ज्ञान प्रापत कर सकते हैं और सही गलत पर अपनी विचार रख सकते हैं।

3. **अधिकारों के ज्ञान के लिए –** प्रत्येक देश की संस्कृति, संरचना, नियम, अधिकार अलग–अलग होते हैं। अधिकारों की व्यवस्था मूल्य परम्पराओं के आधार पर होती है। जैसे– भारतीय महिलाएं व अमेरिकन महिलाएं दोनों के अधिकारों में अन्तर पाया जाता हैं, यह अन्तर वहां के समाज व संस्कृति की भिन्नता के कारण होता है, अत: अधिकारों की स्थिति व स्वरूप का ज्ञान मानवीय मूल्यों के ज्ञान पर निर्भर करता है।

4. **कर्त्तव्यों को जानने के लिए –** हमारे कर्त्तव्य हमारे मूल्यों पर ही आधारित होते है क्योंकि भारत में आध्यात्मिक ज्ञान को अधिक महत्व दिया गया है, इसीलिए हमारे कर्त्तव्य आदर्शोन्मुख है और अन्य देशों के भौतिकता पर आधारित पुरूष का पुत्र, पिता, भाई, पति रूपों में अलग कर्त्तव्य है तो व्यवसायिक क्षैत्र में आ गए। इसी प्रकार महिला के मां, पुत्री, बहू, भाभी, सास, दादी, पत्नी हर रूप में अलग–अलग कर्त्तव्य हैं और इन कर्त्तव्यों का निर्वहन ही जीवन का सार है। साथ ही भारतीय होने के कारण सबसे बड़ा कर्त्तव्य हमारे देश के प्रति होता हैं जो अत्यन्त आवश्यक है।

5. **मानवता को जानने के लिए मूल्य बोध :–** मानवता की प्रकृति व ज्ञान को समझने के लिए आवश्यक है कि मूल्यों का ज्ञान प्राप्त किया जाए जो सार्वभौमिक है। इसके लिए कोई दूसरा विकल्प नहीं है। मानवता को सम्पूर्ण विश्व में प्राथमिकता दी गई है जिसका उदाहरण हमने कोरोनाकाल में देखा, भारत हो या विदेश लोगों ने मानवता दिखाई और मरीजों के लिए अप्रत्यक्ष रूप से सहायता की इस मूल्य से ही राष्ट्र का, विश्व का कल्याण संभव है।

6. **राजनैतिक स्थिति में मूल्य बोध –** राजनीति के उत्थान और पतन दोनों का कारण 'मूल्य' ही है। प्रत्येक राष्ट्र, राज्य में राजनैतिक स्थितियाँ अलग–अलग होती हैं। राम–राज्य की कल्पना करना आदर्शवादिता का द्योतक है, अत: आध्यात्मिक मूल्य यहां प्रभावी दिखता हैं और जब इन मूल्यों का पतन होता है तो राजनेता अपने बाप को सेवक न मानकर शासक मान बैठता है, वह जनता का शोषण करता है, उसके हृदय में सेवाभावना का अभाव रहता है, अत: उसके मूल्यों का पतन हो जाता है इसलिए मूल्यों का ज्ञान एवं उसके महत्व को समझना अत्यन्त आवश्यक है।

7. **सामाजिक उत्थान में मूल्य बोध –** समाज में निहित नियमों, परम्पराओं को मानना व उनका अनुसरण करना सामाजिक व्यवस्था का पहलू है। जिस समाज में आदर्शोन्मुखी मूल्यों की व्यवस्था होगी निश्चित ही वह समाज उपलब्धियों, सफलताओं की ओर अग्रसर होगा। असामाजिक तत्वों का ज्ञान कराकर लोगों को उसके दुष्परिणामों से अवगत कराना भी सामाजिक उत्थान का कारक हो सकता है।

8. **शिक्षा व्यवस्था के लिए मूल्य बोध –** प्राचीन शिक्षा प्रणाली व नवीन शिक्षा प्रणालियों में पर्याप्त अन्तर है, इसका कारण है मूल्यों में परिवर्तन यसमय के साथ शिक्षा का परिवर्तित होना विकास करना है किन्तु आदर्शों को भूलना पतन का कारण बन सकता है, अत: हमें पाश्चात्य शिक्षा को न अपनाकर प्राचीन शिक्षा के नवीन स्वरूपों को आगे लाना चाहिए और मूल्य परक शिक्षा की ओर लोगों को अग्रसर करना चाहिए।

9. **जीवन दर्शन को समझने में –** दर्शन से मूल्यों को जोड़ा जाए तो कोई व्यक्ति आदर्शवाद को महत्व देता है तो कोई यथार्थवाद को, कोई भौतिकवाद को अपनाता है तो कोई प्रकृतिवाद को। वर्तमान में युवा व बच्चे प्रयोजनवादी दर्शन को अधिक महत्व दे रहे है और अपना रहे है क्योंकि आज का मानव तर्क व विज्ञान को खोजकर ही नवीन ज्ञान प्राप्त करता है, अत: विभिन्न दर्शनों को समझने के लिए मूल्यों को आधार बना कर सही गलत को जाना जा सकता है।

10. **पर्यावरणीय व्यवस्था का ज्ञान व मूल्य बोध –** पर्यावरण की स्वच्छता व प्रदूषण का कारण भी हमारे मूल्य है, हमारी अच्छी आदतें हमारे व्यवहार से हम पर्यावरण को स्वच्छ बनाए रख सकते है। प्राचीनकाल में प्रदूषण का कोई नाम नहीं था क्योंकि मानव जीवन दर्शन व जीवन मूल्यों में समन्वय स्थापित करके रखता था। धीरे–धीरे आधुनिकता का प्रभाव ऐसा पड़ा कि भौतिकता हम पर हावी हो गई और हमने अपने कर्त्तव्यों व मूल्यों से मुँह फेर लिया जिसका हरजाना भी हमें कई बिमारियों, महामारियों के रूप में भरना पड़ा। वर्तमान में मानव पुन: यप्रकृति की और लौटा' जैसी विचारधाराओं का प्रसार कर स्वच्छता लाने का प्रयास कर रहा है।

अत: मानवीय मूल्य सम्पूर्ण विश्व के लिए आवश्यक है। जिससे सामाजिक, धार्मिक, राजनैतिक, आर्थिक उत्थान संभव है क्योंकि हमारे मूल्य ही हमारी पहचान हैं।

साहित्य और मूल्य बोध – साहित्य के संदर्भ में मूल्यों का विश्लेषण किये बिना कोई भी लेखक मूल्य बोध की पहचान करने में असमर्थ है। साहित्यकार साहित्य में सृजनात्मकता लाने का सदैव प्रयास करता है और वह आती है

मूल्यों के समावेश होने पर। साहित्य 'स्वान्त: सुखाय' भी होता है तो 'बहुजन हितार्थ' भी। इसीलिए साहित्यकारों से अपेक्षा की जाती है कि उनका सृजन समाज कल्याण में सहायक सिद्ध हो और आने वाली पीढ़ियों के लिए पथ-प्रदर्शन का कार्य करें।

साहित्यिक मूल्य जीवन दर्शन से स्वत: उत्पन्न होते हैं, जीव जगत की गतिविधियां समय के साथ परिवर्तित होती है और दर्शन को प्रभावित भी करती है, वस्तुत: प्रत्यक्ष या परोक्ष रूप से समाज के मूल्य भी बदलते रहते है। साहित्य में आनन्द व नीति दोनों का समावेश होता है। मनस्विता, तेजस्विता, धार्मिकता, उदारता, शीलता इत्यादि गुण साहित्य के माध्यम से मानव में प्रसारित होते है। साहित्य की दो पृष्ठभूमियां होती है - पहली निरपेक्षता, दूसरी पक्षधरता। इन दोनों के लिए दो भिन्न-भिन्न दृष्टियां कार्य करती है, जिनमें से एक दृष्टि परम्परावादी है तो दूसरी प्रगतिवादी। परम्परागत रूप से चली आ रही जीवन दृष्टि में जब गतिरोध आ जाता है और यह रूढ़ि या जड़ता में परिवर्तित हो जाती है, तब नवीन जीवन मूल्य इस जड़ता से संघर्ष करते है और अपना अस्तित्व स्विर कर लेते है, इस तरह साहित्य भी नवीनता लाता रहता है। आधुनिक युग में रचनाओं का केन्द्र बिन्दु मानव सोच पर आधारित रहा है। आधुनिक काल में भारतीय नव जागरण और अन्य सुधारवादी आन्दोलनों से नवीन समाज की उत्पति पर जोर दिया गया।

मूल्य परकता, साहित्य की केाई भी विधा हो कुछ विशिष्ट गुणों से अभिभूत रहती है, जैसे -

1. **विषयवस्तु की पूर्णता**
2. **मानवीयता**
3. **सत्यता**
4. **क्रमबद्धता**
5. **तटस्थता**
6. **मनोवैज्ञानिकता**

अत: हम कह सकते है कि मूल्यपरक साहित्य में जीवन का क्रमबद्ध व आदर्श ज्ञान होना साहित्यकार की कुशलता को प्रकट करता है।

निष्कर्ष - अत: वर्तमान भारतीय समाज में मूल्य बोध के विविध आयाम यदि देखे जाए तो धर्म निरपेक्षता, सत्य, अहिंसा और धर्म, सामाजिक समानता, सादगी और सरसता, विश्वबन्धुता, राष्ट्र प्रेम इत्यादि मानवीय मूल्यों का प्रत्येक देशवासी में होना आवश्यक है। धैर्य, क्षमा, दमन, अस्तेय, शौच, इन्द्रिय निग्रह, धीर, विद्या, सत्य, अक्रोध आदि मनुष्य जीवन के सार्वभौमिक मूल्य है, जिनको व्यवहार में लाकर अच्छे नागरिक बनकर, राष्ट्र निर्माता बन सकते है। साहित्य, समाज व जीवन तीनों एक दूसरे के पूरक है। इन्हें उच्चतम मूल्यों से सिंचित कर हम जीवनधर्मी तत्वों, सामाजिक मूल्यों, सद्वृत्तियों का विकास कर सकते हैं।

'जीने का ध्येय बदलते ही
बदल जाता है जीवन
प्यार और करूणा से सोचें
तो जीने का अर्थ बदल जाता है।'[10]

मानवीय मूल्यों को अपनाने से वास्तव में जीवन का चित्र बदल जाता हैं। प्रत्यक्ष को प्रमाण की आवश्यकता नहीं इतिहास गवाह हैं कि भौतिकता सिर्फ मृगतृष्णा के समान हैं। बड़े-बड़े महलों के शासक राजा, महाराजाओं द्वारा निर्मित नगर, इमारतें आज अवशेष के रूप में मिलते है या लुप्त हो चुके हैं किन्तु कबीर, बुद्ध, गांधी, विवेकानन्द, दयानन्द सरस्वती के आदर्श चरित्र आज भी जीवित है। अत: भौतिकता की दौड़, अत्याचार और हिंसा के गहरे गर्त में भटके लोगों को आदर्श चरित्रों के मूल्यों की प्रासंगिकता को समझना चाहिए और आपसी मतभेद को त्याग, प्रेम, पूर्ण सौहार्द से रहना चाहिए।

'एक सुलह की शपथ
हो सकती है पर्याप्त संजीवनी
कि आंखे मलते हुए उठ बैठे
एक नया जीवन - संकल्प।।'

संदर्भ ग्रंथ सूची :-

1. अध्ययन और आस्वादन, गुलाब राय, पृ.सं. 6-7
2. नीतिशतकम् भर्तृहरि श्लोक, 13
3. आधुनिक बोध, रामधारी सिंह दिनकर, पृ.सं. 48
4. हिन्दी साहित्य,एक आधुनिक परिदृश्य : सच्चिदानंद, हीरानंद वात्स्थापन असेय, पृ.सं. 10
5. डॉ. बैजनाथ सिंह ; नयी कविता : मूल्य सीमांसा, 1981, पृ.सं. 98-99
6. रैनू चौधरी, मूल्य एवं नैतिक शिक्षण, पृ.सं. 8
7. वही, पृ.सं. 9
8. वही, पृ.सं. 2
9. नीतिशतकम् भर्तृहरि, श्लोक 22
10. कुँवर नारायण - कुमार जीव, पृ.सं. 135
11. वाजश्रवा के बहाने, कुँवर नारायण, पृ.सं. 91

****

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed / Peer Review Research Journal)
RNI No.- MPHIN/2013/60638, ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Scientific Journal Impact Factor (SJIF)- 7.671
April to June 2023, E-Journal, Vol. I, Issue XLII

पश्चिम ओड़िशा के लोकगीत: परम्परा एवं प्रयोग

गोविन्द नाएक *

*** शोधार्थी,गंगाधर मेहेर विश्वविद्यालय, सम्बलपुर (ओड़िशा) भारत**

प्रस्तावना – ओड़िशा भारतवर्ष की पूर्वी दिशा में स्थित एक संस्कृति संपन्न राज्य है। ओड़िशा प्रदेश का गठन भारत स्वतंत्रता से पूर्व 1936 अप्रैल 1 को हुआ था। ओड़िशा प्रदेश के पश्चिमी क्षेत्र तथा पश्चिम ओड़िशा दस जिला को लेकर एक अलग सांस्कृतिक परंपरा सदियों से जीवित रखा है। इसी क्षेत्र को पश्चिमांचल, कौशल, दक्षिण कौशल, महाकौशल आदि कई नामों से अभिहित किया जाता है। पश्चिम उड़ीसा में ज्यादातर लोग आदिवासी संप्रदाय के लोग निवास करते हैं। ओड़िशा की राजभाषा ओड़िया है। परंतु पश्चिम ओड़िशा के दस जिला में कोसली या संबलपुरी भाषा का व्यवहार देखने को मिलता है। यह भाषा एक प्राचीन एवं सरस, लचीला और मधुर भाषा है। कोसली–सम्बलपुरी भाषा को भारतीय संविधान के अष्टम अनुसूची में शामिल करने केलिए समय समय पर अनेक भाषा आंदोलन देखने को मिलता है। यह भाषा इस क्षेत्र के सांस्कृतिक विरासत है। इस अंचल की कला, संस्कृति, लोकगीत, लोक नृत्य, लोक वाद्य, लोक साहित्य, अत्यन्त प्राचीन एवं समृद्धशाली है। जो एक अभिन्न सांस्कृतिक परम्परा को सदियों से पीढ़ी दर पीढ़ी नदी की स्वच्छंद जल धारा के समान प्रवाहित हो रहा है।

लोक गीत किसी भी जाति तथा समाज प्रमुख अंग है। इसके माध्यम से समाज के सभी गतिविधियों को अवलोकन किया जाता है। जिस गीतों का प्रयोग साधारण जनता द्धारा समाज में व्यवहार होता है, उसे लोकगीत कहा जाता है। जिस प्रकार शरीर को मजबूत बनाने के लिए खाना या खाद्य आवश्यकता ठीक उसी प्रकार मन की शान्ति के लिए संगीत की भूमिका महत्वपूर्ण है। सदियों से सामाजिक चेतना के साथ– लोकगीत का उदय हुआ है। धीरे–धीरे मानव में ज्ञान का विकास हुआ और उसने लयबद्ध वाणी में अपनी दु:ख–सुख की मनोदशा को कहना आरम्भ किया। यह वाणी लोक कंठ का आश्रय पाकर लोकगीत बनी। लोकगीत के सम्बन्ध में श्री सूर्यकरण काधारीक का मानना है कि 'आदिम मनुष्य हृदय के गाने का नाम लोकगीत है। मानव जीवन की, इसके उल्लास की उसके उमंगो की, उसकी करुणा की, उसके रुदत की, उसके समस्त कहानी इनमें चित्रित हैं।'अर्थात लोक गीत के माध्यम है समाज को सभी गतिविधिया, क्रिया कलाप, हाव–भाव, सहन, आचार–विचार, आदी के संदर्भ में एक विस्तृत विवरण– प्राप्त होता है।

पश्चिम ओडिशा एक आदिवासी बहुल क्षेत्र है। यहां की लाके गीत बहुत प्राचीन होने के साथ– साथ महान भी है। सम्बलपुरी कोसली भाषा में इस क्षेत्र सुखरू दु:ख, हर्ष, उल्लास, मनोरंजन, खेल–कुद विभिन्न प्रकार की लोक गीतों के माध्यम से सुसज्जित है। जो अत्यन्त मनमोहक एवं आकर्षक है। सम्बलपुरी–कोसली भाषा अत्यन्त सरल संव मधुर है। इस क्षेत्र के लोकगीत यहां के लोक गीत के साथ पंचवाद्य (गणा बजा) का समन्वय हो जाता है, तो एक मधुर संगीत सृष्टि होता है। वाद्य–गीतों की मधुर ध्वनि के चलते लंगड़ा भी नृत्य करने के लिए उत्साहित होता।

पश्चिम ओडिशा में लोक व्यवहार की दृष्टि से इस क्षेत्र में अनेक प्रकार की लोकगीतों का व्यवहार देखने को मिलता है। सभी लोकगीत सामाज के जन जीवन के कार्य कलाप पर पर्यवेक्षित है। पश्चिम ओड़िशा में जो लकि गीतों का व्यवहार होता है, उसका वर्गीकरण इस प्रकार से है –

1. कृषिपरक लोकगीत
2. आध्यात्मिक तथा धार्मिक लोकगीत
3. मनोरंजन परक लोकगीत
4. सामाजिक तथा संस्कार धर्मी लोक गीत
5. अन्यान्य

1. कृषिपरक लोकगीत – कृषि भारतीय अर्थव्यवस्था को रीड है। देश के लगभग 18% आय कृषि उत्पादन से होता है। किसान देश का अन्नदाता है, पालन कर्ता है। खेती करना अत्यन्त कष्ट पूर्ण कार्य है। किसान वाल्यकाल से लेकर वृद्धावस्था तक कृषि कार्य करके सभी लोगों की भरपेट खाना खिलाता है। पश्चिम ओडिशा एक आदिवासी तथा कृषि प्रधान क्षेत्र रहा हूँ। बरंगड जिला को ओडिशा प्रदेश का 'धान का कटोरा' कहा जाता है। इस क्षेत्र में अनेक प्रकार की कृषि प्रधान लोकगीत देखने को मिलता है। जैसे हलिया गीत, शगड़िया गीत, माडेन गीत, लटावछा गीत आदि।

(क) हलिया गीत – 'हेलिया' का शाब्दिक अर्थ होता है 'नौकर' कुछ जगह पर हलिया शब्द के लिए पश्चिम भोडिशा में थकान को भी कहा जाता है। यहां पर नौकर से अभिप्राय उनसे है जो अपने मालिक के घर में रहकर खेती–बाड़ी का काम करतें हैं। जमीन पर खेती करते समय हलिया या नौकर जिस आनंद, उल्लास और थकान के साथ गीतों का वाचन करता है या गाता है, वह हलिया गीत के रूप में जाना जाता है। हलिया गीतों की विषय वस्तु अत्यंत व्यापक है। खेती करते समय उसके मन में संसार की जितने भी दु:ख, कष्ट, पीड़ा का अनुभव होता है वह अत्यंत सुंदर ढंग से गीत के रूप में अपनी वेदना को प्रकट करता है और क्षण भर में उसके दुख दर्द वेदना समाप्त हो जाता है।

जैसे:

'बएला रे...ए...ए...ए
महाजन र जंजाल कुटुम्बर तो दु:ख
कुटुम्बर त दु:ख लागी
प्राणी मानकर केभे नाई सुख'

अर्थात 'बएला रे...ए...ए..ए'इस शब्द का प्रयोग किसान दो बैल को संबोधित करते हुए लय के साथ अपनी दुख दर्द वेदना को गीतों के माध्यम से प्रकट करता है। साहूकार के कर्ज के चलते किसान हमेशा चिंता ग्रस्त रहता है इसके साथ उसके परिवार की समस्याओं का भी जिक्र करता है ,कभी वह शांति से नहीं रहता। हलिया गीत के माध्यम से किसान जीवन की वास्तविकता चित्र मुखरित होता है।

(ख)शगडिया लोकगीत – शगडिया लोकगीत भी एक कृषि प्रधान गीत है। 'शगड' से तात्पर्य बैलगाड़ी से है। जब आधुनिक उपकरण तथा गाड़ी का निर्माण नहीं हुआ था तो फसल को एक जगह से दूसरी जगह तक लेने के लिए तथा लोगों को एक स्थान से दूसरे स्थान तक यातायात करने के लिए बैलगाड़ी का व्यवहार प्राचीन काल से हो रहा था। उसी समय बैलगाड़ी को जो दिशा प्रदान करते हैं तथा चलाते हैं उसे सगड़िया कहा जाता है, वह आनंदित होकर सुमधुर कंठ से जो गीत गाता है वह शगड़िया गीत के नाम से पश्चिम ओड़िशा में परिचित है।

'ए...ए...ए..ए
सेमिकु मडुआरे काकेरकू रांज
पांच माएझीरू गुरी काए कलारे दईब कला त बांज
.....
काली गुरी दुई जन कले पौ जिऊतिआ
कालिर कुले बालक जनम
गुरीर कुल छुछारे'

2. **आध्यात्मिक तथा धार्मिक लोकगीत –** पश्चिम ओडिशा एक आध्यात्मिक एवं धार्मिक स्थल रहा है। यहां के लोग मिट्टी को, पानी को, पेड़ की, जंगल को, नदी को, हवा को पूजा करते है। आदिवासी बहुल क्षेत्र होने कारण यहां के लोग ज्यादातर देवी-देवता को अपने आराध्य तथा ईश्वर मानते है। इस क्षेत्र के आध्यात्मिक लाक गोतों में रू-रसरकेली, डालखाई, करमशानी, ढंड गीत, संप्रदा, डका, देवगुनिया, कृष्ण गुरु आदि प्रमुख हैं-

(क) डालखाई – डालखाई लोकगीत पश्चिम ओड़िशा ही नही बल्कि संपूर्ण भारतवर्ष में बहुत विख्यात है। यह गीत अत्यन्त मधुर एवं मनमोहन है। लोग आनन्द उल्लास के साथ डालखाई गीत का प्रयोग करते हैं।

'डाला रे डालभाई रे
भादो मासे तो जिउतिया
कुआरी टुकिला माने धनरे
माँ के सुमरी उपासकरि
ददा भाईर लागी काए डालखाई रे'

(ख) करमशानी– मानव जीवन में कर्म या कार्य की भूमिक अत्यन्त महत्त्व पूर्ण है। मानव हमेशा अपने कर्म को आदर करता है। पश्चिम ओड़िशा के आदिवासी लोग कर्म की देवी करमशानी को ढोल,मादल बजाकर उपासना करते हुए आनन्द पूर्वक लोक गीतों में झूम उठते है। लोगों का विश्वास है कि कर्म शानी देवी को पूजा करने से फसल पर कीट नहीं लगते एवं फसल का उत्पादन भी बहुत होता है।

जुआर मां गो करमशानी
तोर पादे दईनी मां गो तोर पादे दईनी

3. **मनोरंजन पार्क लोकगीत–** मनुष्य हमेशा अपने कर्तव्य पथ पर अग्रसर होता है। सामाजिक जीवन में किसी व्यक्ति को समय-समय पर दु:ख, कष्ट, वेदना आदि से गुजरना पड़ता पड़ता है जीवन को मनोरंजन बनाना कौन नहीं चाहता। पश्चिम ओड़िशा के लोग अपने दैनिक जीवन में अनेक मनोरंजन परक लोकगीत का व्यवहार करते हैं। विवाह, व्रत, पर्व त्योहार के समय गीत और वाद्य के साथ मौज मस्ती से झूम उठते हैं।इस क्षेत्र में अनेक मनोरंजन धर्मी लोकगीत देखने को मिलता है जो इस प्रकार से हैं, जैसे रसरकेली, जाईफूल माएलाजड़, जामुडाली, चपकराटी गलार।

(क)रसरकेली – रसरकेली पश्चिम उड़ीसा का एक बहुत प्रचलित एवं पसंदीदा लोकगीत है रसरकेली दो शब्द से मिलकर बना है 'रस' और 'केली' इसमें रसर शब्द का अर्थ 'रस युक्त' से है तथा 'केली' शब्द से आशय युवक-युवतियों के नोक झोंक से है। विशेष रूप से डालखाई लोकगीत का प्रयोग युवतियों द्वारा मुखरित होता है। इस गीत का प्रयोग पर्व, त्यौहार, विवाह, महोत्सव, आध्यात्मिक, सांस्कृतिक, कार्यक्रम में व्यवहार देखने को मिलता है।

4. **सामाजिक तथा संस्कार धर्मी लोकगीत –** मनुष्य एक सामाजिक प्राणी है। इसके जन्म से लेकर मृत्यु तक अनेक संस्कार देखने को मिलता है। विभिन्न प्रकार के संस्कार को लेकर भारत के सभी प्रांतों में अलग-अलग प्रकार के लोकगीत देखने को मिलता है। यहां गीत पीढ़ी दर पीढ़ी सदियों से मुखरित होता आ रहा है। पश्चिम ओड़िशा में विशेष रूप से अनेक प्रकार की संस्कार गीत देखने को मिलता है, जो इस प्रकार से है।

(क) कांदणा गीत– कांदणा शब्द का अर्थ रोना है। जब किसी लड़की शादी करके अपने ससुराल जाती है तो वह अपने मायके की सभी स्मृतियों को याद करके बहुत रोती है। वह अपने अतीत के चित्र को रो-रो कर सामने प्रकट करती है। यह गीत हृदय विदारक होती है जिसमें युवतियों की मन की भावना मुखरित होती है।

(ख) शोक गीत– शोक गीत का परंपरा ओड़िशा में अत्यंत प्राचीन है यह गीत अत्यंत करुणा दायक होती है। किसी व्यक्ति की मृत्यु पर अपने परिवार वाले उसी को याद करके, उसी के अतीत की घटनाओं को याद करके बहुत रोते हैं मृतक व्यक्ति के गुण का बखान करते हैं और अपने परिवार के भविष्य के बारे में चिंता करते हैं। लगभग सभी गांव में इस प्रकार की स्थिति देखने को मिलता है इसमें विशेष रूप से अपने प्रियतम व्यक्ति की मृत्यु पर बहुत शौक परिवेश उत्पन्न होता है।

निष्कर्ष – निष्कर्ष के रूप में यह कहा जा सकता है कि पश्चिम ओड़िशा के लोकगीत अत्यंत प्राचीन एवं समृद्धशाली है। यहां के जनताओं के बीच लोकगीत का व्यवहार बहुत प्राचीन काल से चली आ रही है जिसका प्रयोग अपने दैनिक जीवन में देखने को मिलता है मानव मन की समस्त सुख दुख विडंबना लोकगीतों के माध्यम से उजागर होता है।

संदर्भ ग्रंथ सूची :-

1. ओडिआ लोक साहित्य और लोक संस्कृति - प्रो. कृष्ण चन्द्र प्रधान
2. पश्चिम ओडिशा के सांस्कृतिक विकासधारा- सूधीर कुमार साहू
3. लोक संस्कृति परिक्रमा- डॉ. महेंद्र कुमार मिश्रा
4. पश्चिम ओडिशा के लोक साहित्य का स्वरूप- डॉ. निमाई चन्द्र पंडा
5. ओडिआ लोकगीत और कहानी - डॉ. कुंज बिहारी दास
6. लोक साहित्य की भूमिका- डॉ. कृष्णदेव उपाध्याय
7. लोक साहित्य के विविध आयाम- डॉ. परवीन निजाम अंसारी
8. हिंदी का प्रादेशिक लोक साहित्य- डॉ. नन्दलाल कल्ला
9. लोक साहित्य विज्ञान - डॉ. सत्येन्द्र

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed / Peer Review Research Journal)
RNI No.- MPHIN/2013/60638, ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Scientific Journal Impact Factor (SJIF)- 7.671
April to June 2023, E-Journal, Vol. I, Issue XLII

योग एवं समग्र स्वास्थ्य : एक अध्ययन

डॉ. आभा सैनी*

* प्रोफेसर एवं अध्यक्षा (राजनीति विज्ञान) जैन कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय, मुजफ्फरनगर (उ.प्र.) भारत

प्रस्तावना – कोरोना का समय काल और पूरी दुनिया में अपने स्वास्थ्य एवं जीवन शैली को लेकर बढ़ रही जागरूकता के कारण चिकित्सा की वैकल्पिक पद्धतियों का प्रयोग निरंतर बढ़ रहा है। दवा की बढ़ती हुई कीमत और सस्ते और सुलभ चिकित्सा पद्धति होने के कारण सबसे लोकप्रिय पारंपरिक प्रणाली आज के समय में योग बन गई है।वैज्ञानिक दृष्टिकोण से भी आधुनिक समय में स्वास्थ्य से संबंधित सभी समस्याओं का समाधानऔर खराब जीवन शैली को बेहतर करने का एक महत्वपूर्ण माध्यम योग है।

विश्व स्वास्थ्य संगठन के अनुसार, स्वास्थ्य एक ऐसी पूर्ण शारीरिक मानसिक और सामाजिक खुशहाली की स्थिति को दर्शाता है।जिसमें न केवल बीमारियों का अभाव हो बल्कि मानवीय खुशी और कल्याण की भावना भी निहित हो स्वास्थ्य के विभिन्न आयामों का वर्णन भी विश्व स्वास्थ्य संगठन के द्वारा किया गया है।जिसमें शारीरिक मानसिक व्यक्तिगत सामाजिक आध्यात्मिक पर्यावरणीय और व्यवसायिक आयामों को इसमें सम्मिलित किया गया है।

आज के समय में बढ़ते हुए भौतिकतावाद में और तकनीकी प्रयोग की अधिकता ने मनुष्य के जीवन को तनावपूर्ण और बीमारियों से ग्रसित बना दिया है।यदि इनका वर्तमान समय में चिकित्सा का कोई वैकल्पिक विकल्प है।तो वह है योग और प्राकृतिक चिकित्सा मानव जीवन का मुख्य लक्ष्य शरीर को स्वस्थ रखते हुए समाधि के माध्यम से उस परम ब्रह्मा को प्राप्त करना है।आध्यात्मिक दृष्टिकोण से यदि स्वास्थ्य के बारे में वर्णन किया जाए तो योग के माध्यम से ही शरीर मन और आत्मा को स्वस्थ रखते हुए इस लक्ष्य को प्राप्त किया जा सकता है।

योग शब्द में यूज धातु है।जो समाधि संयोग और संयम हर्ष को देती है।इसलिए योग का अर्थ साक्षात रूप से ब्रह्मा से युक्त होना लिखा जाता है।पतंजलि के अनुसार ,'चित् की व्रतियों के निरोध का नाम योग है।'

योग का प्रारंभ वेदों से हुआ है। यजुर्वेद के एक मंत्र में यह कहा गया है।कि योगेश्वरवरीय का संपादक मनुष्य तत्वज्ञान के लिए पहले मन और धारनाओ व्रतियों को योग युक्त करता हुआ योगाभ्यास में लगता हुआ प्रकाश स्वरूप प्रक्रम परमेश्वर की ज्योति का निश्चय करके भली–भांति साक्षात करके आत्म कल्याण करता है, यजुर्वेद में यह स्वीकार किया गया है। ऋग्वेद में कहा गया है। कि योग के बिना विद्धान का कोई भी यज्ञ कर्म सिद्ध नहीं होता है।चाहे कर्तव्य कर्म हो अथवा आत्मसाक्षात्कार रूपी कर्म हो उपनिषद भगवत गीता आदि में भी योग का विशेष वर्णन और विशेष महत्व बताया गया है।

योग अनेक प्रकार का होता है।जिसमें हठयोग अर्थात दक्षिण स्वर और वाम स्वर दोनों की समता का नाम हो , मंत्र योग, ज्ञान योग, कर्म योग इसमें सम्मिलित है।विभिन्न प्रकार के योग के अनुसार अपनी–अपनी योग साधना की विधि होती है।महर्षि पतंजलि ने तीन प्रकार की साधना विधि का वर्णन अपने योग दर्शन में किया है।जिसमें उच्च कोटि की साधना (समाहित चित की साधना) मध्यम कोटि की साधना (अष्टांग योग की साधना) साधारण या निम्न कोटि की साधना(चंचल चित की साधना) सम्मिलित है।उच्च कोटि की साधना के लिए पूर्वजन्म से अर्जित योग रूप फल के स्वरूप जिन का चित् समाहित हो गया है। वे ही उत्तम अधिकारी है।इसमें अभ्यास वैराग्य और पर वैराग्य सम्मिलित है।मध्यम कोटि की साधना में महर्षि पतंजलि योग के आठ अंगों का विवेचन किया है।जिसमें यम नियम आसन प्राणायाम प्रत्याहार धारणा ध्यान और समाधिनिहित है।निम्न कोटि की साधना में क्रिया योग है।जिसमें तप स्वाध्याय और ईश्वरप्राणी धान सम्मिलित है।

योग के पंच बहिरंग साधनों में प्राणायाम का महत्वपूर्ण स्थान है।क्योंकि प्राणायाम के द्वारा ही प्राण का नियंत्रण होता है।और इससे मन का नियंत्रण आसानी से हो जाता है।मन और प्राण दोनों का अत्यधिक घनिष्ठ संबंध है।अत: प्राण पर काबू प्राप्त करने के लिए मन पर काबू पाना अपने आप सरल हो जाता है। हठयोग प्रदीपिका के अनुसार प्राणायाम अलग–अलग प्रकार के होते हैं जिसमें सूर्यभेदन उजजीया भस्त्रिका भ्रामरी शीतली शीतकारी प्लाविनी है।

शरीर की विभिन्न व्याधियों और रोगों पर इन अलग–अलग प्राणायाम के माध्यम से बीमारियों को जैसे माइग्रेन, उच्च रक्तचाप, हृदयरोग, अनिद्रा इत्यादि को दूर किया जा सकता है। प्राणायाम ना केवल एक प्रकार का शारीरिक व्यायाम है। बल्कि इसका आध्यात्मिक और मानसिक प्रभाव भी होता है। यह व्यक्ति के स्नायु मंडल और ज्ञान तंतुओं की उन्नति करता है।और उसका प्रभाव मस्तिष्क पर पड़ता है। चेतना और बुद्धि की उन्नति होती है। मनुस्मृति में यह कहा गया है।कि जिस प्रकार सोना चांदी आदि धातुओं को अग्नि में तपाने से उनके मल दोष नष्ट हो जाते हैं उसी प्रकार प्राणायाम के द्वारा इंद्रियों के सभी दोष नष्ट हो जाते हैं इससे मानसिक शक्तियों का विकास होता है और मानसिक स्वास्थ्य बेहतर बनता है।

महर्षि पतंजलि के अनुसार स्थिर पूर्वक और सुख पूर्वक बैठने को आसन कहते हैं योगासन से शरीर पर पूर्ण नियंत्रण प्राप्त होता है।और आरोग्य की तरह प्राप्ति एवं रोग की निवृत्ति होती है।मांसपेशियों का वैज्ञानिक विधि से खिंचाव आंतरिक अंगों की मालिश और स्नायु तंत्र व्यवस्थित होने से साधक के स्वास्थ्य में सुधार होता हैशरीर के विभिन्न अंगों से संबंधित सभी बीमारियां

आसन एवं प्राणायाम से दूर होती है।संवेदना और क्रिया सुचारू रूप से चलती है।बुद्धि और प्रतिभा की वृद्धि होती है।अत: शारीरिक मानसिक बौद्धिक और आत्मिक विकास के लिए योगासन से उत्ताम अन्य कोई विकल्प नहीं है।

योग ना सिर्फ शारीरिक अभ्यास या व्यायाम है।बल्कि यह विचारों और कार्यों के बीच संतुलन और तालमेल स्थापित करने तथा स्वस्थ तन मन के लिए समावेशी दृष्टिकोण के साथ शरीर में ऊर्जा को व्यवस्थित करने का साधन है।योग की अपनी अलग-अलग धाराएं हैं सभी के अपने अपने सिद्धांत मकसद और अभ्यास की पद्धतियां है।लेकिन आज के दौर में मानव जाति को व्यापक स्तर पर जो स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। उसका समाधान चिकित्सा की इस वैकल्पिक और सुलभ पद्धति के माध्यम से संभव है।

योग के सूक्ष्म व्यायाम हल्के होते हुए भी लाभप्रद है।यह शरीर की मांसपेशियों और नस नाड़ियों को लचीला, पुष्ट और बलवान बनाते हैं। जोड़ों का दर्द , गठिया का दर्द आदि को इन सूक्ष्म क्रियाओं से ही दूर किया जा सकता है।अनेक असाध्य रोग जैसे रक्तचाप,स्नायु दुर्बलता गैस, लकवा आदि रोगों में इनका अभ्यास अत्यंत लाभकारी है। कमजोर व्यक्तियों, वृद्ध व्यक्तियों, हृदय रोगियों के लिए यह सूक्ष्म व्यायाम अत्यंत ही चमत्कारी प्रभाव दिखाते हैं। सूक्ष्म व्यायाम में पैरों की उंगलियों को मोड़ना, कलाइयों को मोड़ना,गर्दन का व्यायाम आदि सम्मिलित है। विभिन्न योगासन जैसे सूर्यनमस्कार, सर्वांगासन, नौकासन इत्यादि और विभिन्न प्रकार की योग मुद्राएं और योग बंध असाध्य रोगों के उपचार में काम आते है।

योगिक जीवन के तत्वों में आहार बिहार, आचार विचार (सकारात्मक सोच और दृष्टिकोण) व्यवहार और निंद्रा सम्मिलित है।ध्यान का अभ्यास योग साधना का मूल तत्व माना जाता है।यह व्यक्ति को आत्मबोध की तरफ बढ़ाता है।और उत्कृष्टता तक पहुंचाता है।शरीर शोधन शुद्धिकरण की क्रिया है।यह शरीर में इकट्ठे विशैले तत्वों को बाहर निकालती है।युक्त आहार सेहतमंद जीवन के अनुकूल भोजनऔर खानपान की सही आदतों को बताता है।योग निंद्रा शारीरिक और मानसिक तनाव से मुक्ति पाने की सर्वोत्ताम क्रिया है।यह सब क्रियाएं योग के द्वारा ही संभव हैआज के युग में अर्थ की प्रधानता होने के कारण मानव में सदाचार, न्याय, करुणा ,बंधुत्व, स्नेह- प्रेम और दिव्य भावों को तिलांजलि दे दी है।उसके स्थान पर भ्रष्टाचार ,दुराचार, अनाचार, असत्य और घृणा आदि ने स्थान ले लिया है।समस्त मानवीय संवेदनाएं और भावनाएं ,कर्तव्य और संबंध लुप्तप्राय हो गए हैं ऐसे विषम कॉल में अवसाद सेउपर उठने के लिए शिथिलीकरण की यह प्रक्रिया अत्यंत उपयोगी है।

योग बेहतर नींद ,पाचन संबंधी समस्याओं को दूर करने,प्रतिरक्षा तंत्र और तंत्रिका प्रणाली को बेहतर बनाने के लिए,रक्त प्रवाह को अच्छा करने और शरीर में ऑक्सीजन का लेवल बढ़ाने में उपयोगी साबित हो रहा है। नियमित रूप से योग करने से शरीर में लचीलापन बना रहता है।और शारीरिक एवं मानसिक स्वास्थ्य मजबूत बनता है।उम्र बढ़ती है।और जीवन दीर्घकालीन होता है।योग को अंगीकार करना एक व्यापक लक्ष्य है।इसमें शारीरिक मानसिक स्वास्थ्य सुधार से लेकर मोक्ष प्राप्ति सब का प्रावधान है।

योग को प्रोत्साहन देने के लिए राष्ट्रीय स्वास्थ्य नीति में इसको सम्मिलित किया गया है।और स्कूली पाठ्यक्रमों में योग को शिक्षा कार्यक्रमों में भी सम्मिलित किया गया है।भारत में आयुष मंत्रालय ने योग प्रशिक्षकों के सर्टिफिकेशन और योग संस्थान व कार्मिक प्रमाणीकरण इकाई को मान्यता देने के लिए योग प्रमाणीकरण बोर्ड का भी निर्माण किया गया है। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर 21 जून को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस घोषित किया गया है।और योग की महत्ता की वजह से यूनेस्को ने योग को मानवता की सांस्कृतिक विरासत सूची में भी अंकित किया है।

भारतीय विदेश मंत्रालय भारतीय दूतावासों में योग शिक्षकों की नियुक्ति करता है।जिससे स्थानीय छात्र छात्राओं को प्रशिक्षण प्राप्त हो सके वितरण और प्रदर्शन के लिए वह योग के विभिन्न पहलुओं से जुड़े वीडियो, वृत्तचित्र, किताबें, निर्देश पुस्तिका भी उपलब्ध कराता है।देश में सरकार द्वारा योग के क्षेत्र में दो राष्ट्रीय और दो अंतरराष्ट्रीय समेत कुल चार पुरस्कारों का ऐलान किया गया है।भारत में एनसीईआरटी ने स्कूली बच्चों के लिए योग ओलंपियाड की पहल की है।योग में रिसर्च फैलोशिप प्राप्त करने और व्याख्याता बनने के लिए पहली बार राष्ट्रीय पात्रता परीक्षा नेट का भी आयोजन किया गया है। 6 केंद्रीय विश्वविद्यालय में योग विभाग का गठन किया गया हैयोग से होने वाले लाभ के वैज्ञानिक आकलन के लिए वैश्विक स्तर पर शोध अध्ययनों की एक पूरी श्रंखला चलाई गई है।

प्राचीन काल में योग क्रियाओं का अभ्यास समग्र और सामान्य आरोग्य तथा आध्यात्मिक उन्नति के लिए किया जाता था। लेकिन वर्तमान समय में योग को रोग के निदान में ही नहीं बल्कि व्यक्ति के समग्र व्यक्तित्व में बदलाव के लिए भी प्रयोग में लाया जाता है।योग को एक अतिरिक्त चिकित्सा पद्धति के रूप में भी मान्यता प्राप्त है।योग आसन या योग मुद्राओं का संयोजन ही नहीं है। बल्कि अपने आप में एक विस्तृत ग्रंथ है। जिसमें जीवन के हर प्रश्न का हल निहित है।योग एक प्राचीन परंपरा और आध्यात्मिक अनुशासन है। जिसमें तन, मन और प्रकृति के बीच एकात्म भाव स्थापित करते हुए सभी ताकतों के बीच चेतना के स्तर पर संगति और समन्वय बनाया जाता है। योग एक विज्ञान है।और यह स्वास्थ्य कर जीवन जीने का माध्यम है। जो सकारात्मक व्यक्तित्व हासिल करने में सहायक सिद्ध होता है।

संदर्भ ग्रंथ सूची :-

1. डॉ. हर्षवर्धन गोस्वामी , 'प्राणायाम', सत्यम पब्लिशिंग हाउस, नई दिल्ली, 2011.
2. डॉ. स्वामी मुक्तानंद पुरी जी महाराज ,'योग जीवन पद्धति', सत्यम पब्लिशिंग हाउस ,नई दिल्ली, 2007.
3. योजना ,जून 2019
4. https://timesofindia.indiatimes.com
5. https://www.yogajournal.com/lifestyle/health
6. https://ncert.nic.in/teÛtbook/pdf/jehp108.pdf

****

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed / Peer Review Research Journal)
RNI No.- MPHIN/2013/60638, ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Scientific Journal Impact Factor (SJIF)- 7.671
April to June 2023, E-Journal, Vol. I, Issue XLII

Women's Movement In India: Changing Scenario Of Indian Women Entrepreneurship

Naresh Kumar*

***Assistant Professor (Commerce) NSCBM Govt. College, Hamirpur (H.P.) INDIA**

Abstract - India is more populated country and women are the half of the country's population. So there are regarded as the better half of the society. Our constitution have the right to women as mela but in real life women are not treated as equal partner both inside outside four walls of the house but the culture of the society is being changed.

We are living in 21st century. Women also have entered into the business Entrepreneurship is traced out as the extension of their kitchen activities mainly to pickles, power and pepped. Women in India plunged into business for different factors.

But there are large problems before the women entrepreneur, like problems of finance, scarcity of raw materials, stiff competition, limited mobility, family ties, Lack of proper education male dominated society Low risk bearing ability etc.

Women in India are no longer on ABLA and remain continue to within four walls of house but they are participating and performing well in all sphere of activities such as academic politics, administration, space and industry.

Some women entrepreneur are playing PepsiCo, Naina Lal Kidwai-Group important role. They are Indra Nooyi, CFO PepsiCo, Naina Lal Kidwai-Group general Manager & Country Head-HSBC India, Kiran Mazumdar Shaw-CMD, Biocon, Chanda Kochar-MD& CEO-ICICI Bank, Indu Jain- Chairperson (Former), Times Group, Simone Tata-Chairperson (Former) Lakme Chairperson (Present) Trent Limited, Neelam Dhawan- MD, HP-India, Priya Paul-Chairperson, Apeejoy Park Hotels, Ekta Kapoor-JMD & Creative Director, Balaji Telefilms, Shahnaz Hussain- CEO, Shahnaz Herbals.

Effort are on government and voluntary agencies level to top the either to unrecognized and unaccounted for strength of women to integrate them in the process of industrial development more specially small scale industry development in the country.

Introduction - Entrepreneur is key factor of entrepreneurship. It is a multi-dimensional task and essentially creative activities. Entrepreneurship is the core of economic development. In Indian women constitute around half of the country's population. This position is also of the world. So they are regarded as the better half of the society. As constitutional manner they are at par with men. As such the Indian women enjoy a disadvantageous status in the society. Women have low literacy rate, low participation rate and low urban population share of women as compared to double of their male counter parts well confirm their disadvantageous position in the society. Our age old socio cultural traditions and taboos arresting the women with in four walls of their houses also make their conditions more disadvantageous. The factors combined serve as non conductive condition for the emergence and development of women entrepreneurship in the country. The emergence of women entrepreneur is a society depend to great extent on the economical social, religious, cultural and psychological factor prevailing in the society.

By the turn of 21st century in India women entry into business is a new phenomenon. Entrepreneurship is traced out as on extension of their kitchen activities mainly to pickle, power and papped,Women in India plunged into business for different factors.

Objective: The objective of this Research are:-

1. To explain the concept of women entrepreneurship.
2. To discuss the functions of women entrepreneurship is small enterprise development.
3. To delineate the growth of women entrepreneurship in the country.
4. To identify the specific problems faced by women entrepreneurship in India.
5. To give an account of development of women entrepreneurship in India.
6. To make an evolution of people's opinion about women entrepreneurship.
7. To determine the possible success factors for women

in such entrepreneurial activities.

Research Methodology: To complete the research work, first statistical datas are collected by both methods. Primary datas are collected through personal contact and interview. Secondary datas collected from different sources i.e. Books, Magazines, published information in news papers, periodic, Govt. Publication etc. Classification and tabulation of datas are done and then conclusion determined.

Hypothesis :

1. Women entrepreneurship in India is in weak position.
2. Women are not interested in entrepreneurship.
3. Govt. do not help to women entrepreneurships.
4. Society does not allow to women to establish and enterprise.
5. Risk bearing power is not found in women.

Concept of Women entrepreneurship: Women entrepreneurs may be defined as a women or group of women who initiate, organize and run a business enterprise. In terms of Schumpeterian concept of innovative entrepreneurs women who innovate, initiate or adopt a business activity are called "Women entrepreneurs the government of India has defined women entrepreneurs based on women participation in equity and employment of a business enterprise. Accordingly a women entrepreneur is defined as "An enterprise owned and controlled by a women having a minimum financial interest giving at least 51 percent of the employment generated in the enterprise to women. However this definition is subject to criticism mainly on the condition of employing more than 50 percent women workers in the enterprise owned and run by the women.

Functions of women entrepreneurs: A women entrepreneurship includes idea generation and screening, determination of objectives project preparation, product analysis, determination of forms of business. Organization, completion of promotional formalities, raising, funds, procuring men machine and materials and operation of business.

There are five functions of a women entrepreneur:

1. Exploration of the prospects of starting a new business enterprise.
2. Undertaking of risk and the handling of economics uncertainties involved in business.
3. Introduction of innovations or initiation of innovations.
4. Co-ordination, administration and control.
5. Supervision and leadership.

Women entrepreneurial functions can be classify into three categories:

Risk-bearing, Organization, Innovations.

Women entrepreneurs playing important role:

1. Indira Nooyi : This brilliant corporate women started her career in boston consulting group. She joined Pepsi company in 1994 she turned the company into a bold risk taken. In 1998 Pepsi acquired Tropicana. In 1997 Pepsi started its own fast food chain. She become the president in 2001. Wall street journal included her name in the top fifty women to watch in 2005.

2. Naila Lal Kidwai : She was the first Indian women to graduate from Harvard business school. According to the economics times she is the first women to head the operation of foreign banks in India. Also she was awarded the Padmashree.

3. Kiran Mazumdar Shaw: She is the chairman & managing Director Biocon Ltd. Who became india's richest women in 2004. Today her company is the biggest Biopharmaceutical firm in the country.

4. Chanda kochar : Chanda did her masters in management studies from jamnalal Bajaj institute of management studies, Mumbai. She has been praised for her excellent business skill, and interestingly she is married to Deepak Kochar, a wind energy entrepreneur and her business schoolmate.

The accessibility and sensitivity of technology-enabled communication have transformed the way businesses operate, requiring round-the-clock monitoring and expertise to steer it in a positive direction. Similar to traditional marketing, digital marketing requires consistent efforts and is an ongoing process to achieve desired results. Research studies have revealed that digital marketing channels have significantly reshaped the communication landscape in e-commerce and other sectors due to intense competition. It has become imperative for organizations to establish a digital presence as a prerequisite.

The study also emphasized that time-saving and attractive offers have influenced people's inclination towards online purchases. However, it is important to note that individuals are not completely abandoning physical stores, highlighting the significance of traditional communication methods. Building a strong offline reputation remains foundational for any online activities.

References:-

1. Acharya, S. (2018). Leveraging Search Engine Optimization for Small Businesses: A Study of Madhya Pradesh, India. International Journal of Business and Management, 6(1), 54-62.
2. Agarwal, P., Kaur, H., & Sharma, S. (2020). Digital India Initiative: A Catalyst for E-Marketing Growth in India. International Journal of Research and Analytical Reviews, 7(1), 257-263.
3. Chauhan, M. (2020). E-Marketing and Small Businesses in Madhya Pradesh: Challenges and Opportunities. Indian Journal of Commerce and Management Studies, 11(2), 34-41.
4. Debnath, B., & Paul, J. (2020). Social Media Marketing and Consumer Engagement: A Study of Businesses in Madhya Pradesh, India. International Journal of Management Studies, 7(2), 88-97.
5. Dey, S., & Sarkar, A. (2019). Impact of Convenience Factors on Customer Satisfaction in E-Marketing: A Study of Indian Consumers. Journal of Marketing Research and Case Studies, 2019, 1-14.
6. Gupta, A., & Bansal, N. (2019). The Influence of Online Reviews on Consumer Purchase Decisions: Evidence from Madhya Pradesh, India. International Journal of Business and Administration Research Review, 2(10), 87-92.
7. Khan, N., & Gupta, N. (2018). Digital Infrastructure Challenges in E-Marketing Adoption: A Study of Rural Madhya Pradesh, India. International Journal of Research and Analytical Reviews, 5(2), 831-838.
8. Panda, D., & Mishra, M. (2019). Effectiveness of Personalized Advertisements in E-Marketing: A Study of Madhya Pradesh, India. Indian Journal of Marketing, 49(12), 32-42.
9. Pandey, A., Sharma, S., Garg, R., & Jain, A. (2019). E-Marketing in India: Cultural Barriers and Consumer Perception. International Journal of Marketing, Financial Services & Management Research, 8(4), 149-156.
10. Sethi, S. (2020). Content Marketing Strategies in E-Marketing: A Study of Businesses in Madhya Pradesh, India. International Journal of Applied Business and Economic Research, 18(3), 181-193.
11. Singh, D., & Srivastava, V. (2019). Emerging Trends in E-Marketing: A Study of Indian Market. Asian Journal of Research in Business Economics and Management, 9(1), 114-122.
12. Singh, N., & Tripathi, V. (2017). Exploring Factors Affecting Consumer Behavior in Online Shopping: A Study of Madhya Pradesh, India. International Journal of Applied Business and Economic Research, 15(5), 425-434.
13. Srivastava, M., & Srivastava, V. (2018). Influencer Marketing in E-Marketing: A Study of Indian Businesses. Asia Pacific Journal of Marketing & Management Review, 7(2), 42-49.

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed / Peer Review Research Journal)
RNI No.- MPHIN/2013/60638, ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Scientific Journal Impact Factor (SJIF)- 7.671
April to June 2023, E-Journal, Vol. I, Issue XLII

युग का आश्चर्य

डॉ. पंकज कुमार वशिष्ठ*

* प्रवक्ता (चित्रकला विभाग) जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान, मुज़फ्फरनगर (उ.प्र.) भारत

प्रस्तावना – चित्रकारों में इटालियन चित्रकार उसी प्रकार विश्व प्रसिद्ध है जिस प्रकार मूर्तिकारों में मूर्तिकार ग्रीसियन। जिनका परम पावन धर्म **'सौन्दर्य'** – सृजन करना था। उस रंग रूप के **'सौन्दर्य'** का जिसके दर्शन के लिऐ मानव के नेत्र सैदव आकुल रहे हैं। उनके लिए कला धर्म और सौन्दर्य में कोई भेद ही न था। सत्यं शिवं सुन्दरम् उनकी कला का उच्चतम आदर्श था। प्राचीन शास्त्रीय कला आदर्शों का इटली में विस्तृतीकरण हुआ था। इसी आधार पर इस समय को कला का पुनर्जागरण काल कहा जाता है, जो इटली के कलाकारों की चर्मोपलब्धि थी।

'पुनर्जागरण शब्द का प्रयोग सर्वप्रथम 1855 ई0 में शास्त्रीय अकादमी के फ्रांसीसी इतिहासकार माइकलेट (Michelet) द्वारा किया गया। उन्होने दुर्भाग्यवश इस शब्द का प्रयोग केवल साधारण रूप प्राचीनत्व के पुनर्जन्म या ज्ञान के पुनर्जागरण के लिए किया'[1]

रोमनस्क च गोथिक शब्दों के विपरीत ही **'पुनर्जागरण'** शब्द का प्रारम्भ किसी अतीत के चिन्ह के रूप में नहीं हुआ, बल्कि इस शब्द प्रयोग 15 वी सदी की कला व विचारों की क्रान्ति के लिए किया गया।

फ्लोरेंस के अनेक कलाकार अन्तिम गोथिक शैली से संतुष्ट नहीं थे; वे बनावटी समय एंव सुरूचि के स्थान पर भावाभिव्यक्ति को अधिक महत्व देते थे। असन्तुष्ट फ्लोरेन्स कलाकारों ने प्राचीन शास्त्रीय कला के स्थान पर मध्यकालीन कलाकारों से ही प्रेरणा ली। **'मध्यकाल में ईसाई धर्म के प्रचार हेतु कला एक आवश्यक माध्यम बन चुकी थी किन्तु इसके द्वारा केवल कथाओं का ही चित्रण हो सकता था; अमूर्त भावों का नही; जबकि पुनर्जागारण युग तक आते-आते कला अमूर्त भावों की भाषा बनने लगी। उसमें रूप-रंग के प्रतीक दिये जाने लगे।'**[2]

अभी तक संसार ने केवल दो महान स्वर्ण काल देखें हैं प्रथम प्राचीन यूनान की सौन्दर्य-नगरी अथेन्स और दूसरा फ्लोरेन्स नगर के साहित्य, संगीत व कला में। प्रथम सवर्णकला में वास्तु, मूर्ति, चित्र तीनों ही शिल्प खूब पनपे; इतनी सुन्दर-2 श्वेत पाषण की मूर्तियों उत्कीर्ण हुई, जिनका लालित्य आज तक मानव हृदय को आह्लद विभोर करता चला आ रहा हैं। इटालियन कलाकारों ने रोम में जब इन प्राचीन स्वर्ण कालीन के अवशेषों की ओर देखा तो उससे प्रभावित होकर अपनी कला को परिष्कृत एंव परिमाजित कर यथार्थवादी परिधान ग्रहण करा कर नव यौवन रूप में प्रकट किया। जिसके आगे संसार नतमस्तक हो गया इटालियन कलाकारों की चारों और जय होने लगी। इटली कला का मक्का-मदीना बन गया। समस्त योरोप के चित्रकार इटली की तीर्थ यात्रा के लिए वहाँ के नवोदित कला के दर्शन के लिए व्याकुल हो उठे।

वैसे योरोप में बडे-बडे विश्व प्रसिद्ध कलाकार उतपन्न हुए जिनका यश व कीर्ति समस्त संसार में व्याप्त हैं; जिनके लिए यह कहना कि कौन किससे श्रेष्ठ है। यह किसी भी कला समीक्षक के लिए कठिन ही नहीं असम्भव सा है। किन्तु यह पूर्णत: सत्य है कि समस्त यूरोप में इटली कला का सबसे बडा कला केन्द्र व प्रशिक्षण स्थल रहा। यहाँ के कलाकारों से प्रभावित होकर कई वाद ने जन्म भी लिया। यहाँ तक कि रूबेन्स, रेम्ब्रा, डयूरर, गोया, डेविड जैसे महान कलाकार भी इटलियन कला से किसी न किसी रूप में अवश्य प्रभावित रहे।

इटालियन पुनर्जागरण युग का मानव कला को विज्ञान के रूप से सोचने लगा, केवल सत्य के रूप में संसार की सब आलोचना एवं संवदनशीलता के आधार पर होने लगी। इसी कारण पुनर्जागरण कला को अनेक उपयोगों में विभाजित करने की आवश्यकता हुई तो तीन स्पष्ट वर्गो में विभाजन किया; जिससे कला जगत की विपरीत प्रवृत्तियों को समझा जा सके।

प्रथम चरम – प्रोटो रिनासां
मध्य चरम – अर्ली रिनासां
तृतीय चरम – उच्च रिनासां

ज्योतो ने स्वाभाविकता की ओर प्रथम ठोस कदम उठाया था। अत: उसी से पुनरूत्थान कला का प्रारम्भ माना जाता है। नि:सन्देह सर्वप्रथम (13वी 14वी राती में) जयोतो ने ही इटालियन चित्रकला को बाइजन्टाइन रूढ़िवादी परम्परा से मुक्त कर उसे प्रकृति की ओर उन्मुख करने का प्रयास किया। इसी आधार पर उसे **'फादर ऑफ माडर्न पेण्टिंग** (Father Of Modern Painting) कहा जाता है।'[3]

मध्यकाल में मेसेच्चियो, पालोउच्चेलो, वेरोच्शियो, सैन्ड्रोबाट्टीचेली आदि कलाकारो ने इटली कला पुनरूथान में महत्वपूर्ण योगदान दिया जो विश्व प्रसिद्ध है और उच्च रिनाँसा कलाकारों के लिए प्रेरणा स्रोत बनी।

फ्लोरेन्स नगर के महान् कलाकारों की प्रबल जिज्ञासा; अटूट लगन; अथक परिश्रम और सदियों की सतत साधना के साथ निरन्तर परिष्कृत और पूर्णरूप से विकसित होते-2 इटलियन कला पन्द्रहवी शती के अन्तिम और 16वी के प्रारम्भिक चरण में पूर्ण परिपक्व होकर आ खडी हुई। इस समय के चित्रों में दर्पण-तुल्य प्रतिविम्ब देखकर दर्शक आश्चर्य चकित हो उठा। इसी समय बने चित्रों को इटालियन हाईरिनासाँ कहा गया।

इटालियन हाई रिनाँसा काल की तीन महान विभूतियाँ थी जिनके योगदान का समस्त कला संसार ऋणी है।

'And They Produced Marvels Such As The Word Has

Newer Again Achieved & The Discerning Portraits Of Vinci, Michelangelo's Magnificent Human Figures In Motion And The Divine Beauty Of Raphael'[4]

लेकिन इन तीन महान विभूतियों में से ल्योनार्डो-द-विन्सी ने ही स्वर्णकाल की आधार शिला रखी और उसी से किसी न किसी रूप में प्रभावित होकर अन्य कलाकारों ने उच्च रिनांसा को स्वर्ण काल बनाने में अपना महत्वपूर्ण योगदान दिया।

ल्योनार्डोन्द-द-विन्सी-(1452-1519)- वास्तव में ल्योनार्डो बहुमुखी प्रतिभा समपन्न कलाकार था। वही एक मात्र ऐसा कलाकार था जिसमें रिनाँसा के समस्त चरित्रिक गुण या विशेषताएँ दिखाई देती हैं। उसे **Wonder Of The Age** (युग का आश्चर्य) कहा गया है। वह स्थापत्यकार, मूर्तिकार, इन्जीनियर, ड्रैफ्ट्समैन, वैज्ञानिक, संगीतकार आदि सभी था और सबसे बडी बात यह थी कि इनमे से किसी भी क्षेत्र में वह अपना सानी नहीं रखता था। इतना अधिक दक्ष प्रवीण और पारगंत वह विभिन्न कलाओं में था। ल्योंनार्डो को इटालियन उच्च पुनरूत्थान कला का प्रथम कलाकार माना जाता है क्योंकि उसी के हाथ में आकार कला विज्ञान और विज्ञान कला बनी।

मेरे विचार से एक कुशल पारंगत चित्रकार को चित्रण करते समय दो बातों को ध्यान में रखना चाहिए एक तो मानव व उसकी आत्मा के अभिप्राय से दूसरे ध्येय को।पहले की अपेक्षा दूसरे का चित्रण करना आसान नहीं है; क्योंकि ऐसा करने मे उसके अंग प्रत्यगं और उसकी माँस-पेशियों को यथाचित चित्रित करना पड़ता है परन्तु ल्योनार्डो ने वे समस्याऐं अपने हाथ में ली, जिन्हें अन्य चित्रकारों के लिए चुनौती समझा जाता था। इसी लिए इसके विषय में कहा जाता कि 'By his Universal Enquiry Into The Laws Of Art And Of Natures, He Become The Prototype Of Renaissance Man'[5]

ल्योनार्डो-द-विन्सी का जन्म 15अप्रैल 1452 ई0 में विन्सी नामक छोटे से गाँव में हुआ था। ल्सोनार्डो ने बाल्यकाल से ही चित्रांकन एंव रेखाकन करना प्रारम्भ कर दिया था। इनकी शिक्षा-दीक्षा कला गुरू वेरोचियो की देख रेख में हुई। ऐसा माना जाता है कि एक बार गुरू ने ल्योनार्डो को देवदूत का चित्र बनाने को कहा। ल्योनार्डो द्वारा चित्रित इस देवदूत के चित्र ने गुरू को इतना अधिक प्रभावित किया कि उसने चित्रण कार्य करना ही छोड दिया।

वसारी के शब्दों में - **'इसके बाद गुरु वेरोचियो ने कभी रंगों को नहीं छुआ, क्योंकि उन्हें इस बात की बड़ी ही शर्मिन्दगी थी कि इतने छोटे से बालक ने रंगों की गहराई को इतनी गहनता से जाना'[6]**

इसने धार्मिक कृतियों का निमार्ण किया पर वह स्वयं धार्मिक न था। उसे प्राचीन यूनानी मूर्तियों की श्रेष्ठता का विचार करने की भी चिन्ता न थी और उसके लिए वे प्रकृति की जूठन थी। उसे भोतिक जीवन से विशेष प्रेम था और वैज्ञानिक विश्लेषण के पश्चात ही वह वस्तुओं की सुन्दरता का चित्रण करता था। यद्यपि उसने तैल-चित्रण बहुत किया फिर भी वह तकनीकी दृष्टि से अपने युग से आगे नहीं जा सका परन्तु इतने पर भी मिलान तथा फ्लोरेन्स के अनेक कलाकारों ने उसका अनुकरण किया। उसने कला को धार्मिक पक्षपात-रहित स्तर पर उतारा और कलाकार का सामाजिक आदर बढ़ाया। उसकी दृष्टि में कलाकार व्यवसायी न होकर न्याय; सत्य और सामाजिक मूल्यों की प्रतिष्ठा करता है।

ल्योनार्डो छाया प्रकाश का तो मास्टर था ही साथ में उसने अपने चित्रों में प्रस्पेक्टिव का भी बहुत सुन्दर चित्रण किया है। उसका कहना था कि 'Painting is a spiritual objects' न केवल प्रतीत सत्य के अंकन में वरन् अन्तरनिहित मनोवैज्ञानिक तथ्यों का भी उसके चित्रों में एक साथ दर्शन होता है। जिसका उत्कृष्ट नमूना उसके द्वारा बनाये गये विश्वविख्यात चित्र **'ईसा का अन्तिम भोजन'** (Last Supper) में मिलता है। **'एक तो वह बहुत धीरे-धीरे कार्य करता था, दूसरे उसने इच चित्र फ्रेस्को के स्थान पर तैल पद्धति से प्लास्टर की भित्ति पर कार्य करने का प्रयोग आरम्भ किया था, इन्हीं दोनों कारणों से यह चित्र स्वयं उसके सामने ही दीवार पर से उखड़ने लगा था।'[7]**



'The events surrounding the death of Christ provide the most compelling and emotive of all Christion themes. Leonardo-da-vinci's celebration version of the `Last Supper' where Jesus announced to his disciples that of them would betray him was commissioned for the refectory of a man astrey Church. Where the monks could reflect on the theme while they ate'[8]

इस महान कृति की विशेषता पृष्ठभूमि में दर्शाये गये दरवाजों, धत्रियों के माध्यम से गहराई का भ्रम है। ईसा मध्य मेज के सामने बीच में बैठे हैं उनके दोनों और 12 सन्तों की मानवाकृति हैं, जिनमें कोलाहल मचा हुआ है, क्योंकि ईसा ने कह दिया है कि **'तुम में से एक मुझे धोखा देगा'** और वे गम्भीर मुद्रा में व्याप्त है। संत विस्मय की दृष्टि से एक-दूसरे की तरफ घूर रहे हैं। उनके चेहरे पर कलाकार ने तनाव के क्षणों में दिखाई देने वाली स्वाभाविक भाव-भंगिमाओं को दिखाया है।

इस चित्र के अतिरिक्त विन्सी का सबसे महत्वपूर्ण और विश्वप्रसिद्ध कलाकृति 'मोनालिसा' का व्यक्ति चित्र था। इस चित्र के विषय में विद्धानों का अलग अलग मत है क्योंकि चित्र में अंकित मुस्कान भी रहस्यपूर्ण सी लगती है। जबकि तकनीकी दृष्टि से देखें तो आँखों तथा होठों की रेखाओं के कारण मुस्कान का यह प्रभाव स्वयं उत्पन्न हो गया।

'Monalisa is one of the first painting in which a woman is allowed to look directly into the eye of the viewer. Her hint of a smile, clam gaze and the stillness emphasized by her Beautiful hands have mesmerized art lovers for Centruries. Leonardo-da-Vinci is said to have entertained her during her sitting. This was perhaps necessary. Since her black will suggests a recent death in her immediate family' [9]

मोनालिसा के चेहरे पर नारी के समस्त गुणों को कलाकार ने दिखाने का प्रयत्न किया है। इस चित्र का संयोजन भी पिरामिडी संयोजन है, जो पुनर्जागरण शैली के छवि-चित्रों में इस चित्र के बाद प्रचलित हुआ। इस चित्र में आन्तरिक जीवन के रहस्य को व्यक्त किया गया है। यह प्रथम व्यक्ति चित्र है जिसमें शरीर विज्ञान की अभिव्यक्ति का इतना भावनात्मक प्रदर्शन किया गया है। वैज्ञानिक दृष्टिकोण, रहस्यमयी मुस्कुराहट व माँस-पेशियों की गति-विधियों का अंकन इस चित्र की प्रमुख विशेषताऐं हैं।

ल्योनार्दो ने मोनालिसा के चित्र को 1504 ई0 में अन्तिम स्वरूप प्रदान किया था। इस चित्र को बाद में फ्रान्स के राजा 'फ्रैन्सिस प्रथम' ने चार हजार स्वर्ण मुद्राओं में खरीदा था। तभी से यह लूअर संग्रहालय की अमूल्य निधि बनी हुई है।

विलियम आरपेन के अनुसार - **'यह चित्र न केवल मोनालिया के रूप की अभिव्यक्ति मात्र है बल्कि नारी जाति की वह रहस्यमयी पहेली है जिसे आज तक बूझा न जा सका।'**[10]

इसके अतिरिक्त ल्योनार्दो के अन्य प्रमुख चित्र हैं - **'शैलखण्डों की कुमारी'** व **'कुमार लीडा तथा हंस'** व **'आत्मचित्र'** **'राज्याधिकारियों के द्वारा ईसा की वन्दना'** आदि हैं। जिन्होने ल्योनार्दो द विन्सी को हाईरिनाँसा का प्रथम कलाकार बना दिया।

संदर्भ ग्रंथ सूची :-

1. 'यूरोपीय पुनर्जागरण कला'- डॉ0 कुसुम दास (साहित्य संगम प्रकाशन, इलाहाबाद) पृ0स0 01
2. 'कला'- डॉ0 चित्रलेखा सिंह (उपकार प्रकाशन, आगरा-2) पृ0स0 71
3. 'इटालियन पेटिंग'- राजेन्द्र वाजपेई, (समिट प्रकाशक कानपुर) पृ0स0 10
4. 'इटालियन पेटिंग'- राजेन्द्र वाजपेई, (समिट प्रकाशक कानपुर) पृ0स0 48
5. 'इटालियन पेटिंग'- राजेन्द्र वाजपेई, (समिट प्रकाशक कानपुर) पृ0स0 48
6. 'कला'- डॉ0 चित्रलेखा सिंह (उपकार प्रकाशन, आगरा-2) पृ0स0 72
7. 'पश्चिम की कला'- अशोक (ललित कला प्रकाशन) पृ0स0 174
8. "The Colling Big Book of Art"(Colling Desgin an Imprint of Carpercollins Publishers) Page no 308
9. The Art Treasures of Europe (Chaeles Wentinek) Page no 320
10. 'इटालियन पेटिंग'- राजेन्द्र वाजपेई, (समिट प्रकाशक कानपुर) पृ0स0 52

****

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed / Peer Review Research Journal)
RNI No.- MPHIN/2013/60638, ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Scientific Journal Impact Factor (SJIF)- 7.671
April to June 2023, E-Journal, Vol. I, Issue XLII

Socio-Political Crisis in Select Partition Novels

Dr. Arvind Kumar*

***Professor & Head (English) Shri K. K. Jain (PG) College, Khatauli (U.P.) INDIA**

Abstract - The theme of partition has ever been one of the major and much debated issues of Indian-English Literature. It is one of the most terrific incidents in the history of India which resulted in rapes, bloodshed and mass displacement of the people across the border. Millions of people were displaced from their homes and lands which gave rise to severe socio-political issues on both the sides. The authors like Khushwant Singh, Chaman Nahal, Bhisam Sahani, Amitav Ghosh, Bhabhani Bhattacharya, Bapsi Sidwa and many others tried their best to present a realistic and authentic picture of the terrific and inhuman events that took place due to partition. The rapes and murders, the agonies of displacement, the sense of alienation and negligence in the adopted land and the dream of a return to one's land are the constant mirages.

Key words: Partition, Terrific, Displacement, Across, Realistic and Authentic, agonies, alienation, negligence and mirage.

Introduction - The most horrific and one of the most debated issues of Indian-English Literature, partition of the nation proved one of the most terrific incidents in the history of India which resulted in rapes, bloodshed and mass displacement of the people across the border. Millions of people were displaced from their homes and lands which gave rise to severe socio-political issues on both the sides. The authors like Khushwant Singh, Chaman Nahal, Bhisam Sahani and Bapsi Sidwa tried their best to present a realistic and authentic picture of the terrific and inhuman events that took place due to partition.

Chaman Nahal, born in 1927 in Sialkot in pre-independence India, has presented the pains and sufferings of the people in his masterpiece "Azadi" which paints an inclusive panorama of life concealing the chaos that partition played on the people of the country at social, political as well as on individual level. It presents a realistic historical documentation of the confrontations and the atrocities caused by partition. Being a refugee himself, he writes his own experiences through the character of Lala Kashiram. The author portrays a heart-breaking story of the seven Punjabi families who were deeply affected by the partition. The novel is divided in three parts- Lull, The Storm and The Aftermath. Second part of the novel presents heart-rending graphic descriptions of riots and annihilations of Hindus thereafter.

Lala Kashiram, central figure of the novel "Azadi", is an epitome of humanity who has great respect for the British for bringing peace to the war torn disturbed land of Sialkot and making the whole country a nation. But soon his faith comes to an end the moment he hears the announcement of the Britishers to quit India after partitioning it. Highly frustrated and disgusted, when Lala Kashiram hears the word 'refugee', he asks to himself "I was born here, this is my home- how can I be a refugee in my own home." The partition riots made them all homeless forcing them to leave their motherland. There was not a single family that had not suffered in these riots. Many lost their loved ones in the communal violence. The women were abducted and raped inhumanely.

In "Train to Pakistan", another partition novel by Khushwant Singh, picturises the socio-political conditions of Mano Majra, a small village of border area between partitioned India and Pakistan. Inspite of turmoil all around, Mano Majra was almost peaceful with Muslims, Sikhs and the only Hindu family of Lala Ram Lal residing in the village. In the meantime, the trains carrying goods and passengers turn into ghost trains charged with massacred corpses. The river is also washed away with mutilated dead bodies of the people. "Train to Pakistan" is a novel which focuses on the socio-political issues and its effects and amply captures the essential human trauma and sufferings in the face of such turbulent atmosphere. Considered as one of the most heart-rending testimonials of the partition crisis of 1947, this novel is an important document for those who wish to know more about the socio-political crisis behind the partition.

"Tamas", an impressive novel on partition by Bhisam Sahni, very faithfully depicts and deals with the tragic and unfortunate event of the resection of the Indian subcontinent. This novel tells the story of a tanner named Nathu, who is bribed and deceived by a local Muslim

politician to kill a pig ostensibly for a veterinarian. This incident sparks off riots between the Hindus and the Muslims who were already tensed on account of the partition. The violence erupts in the village and subsequently spreads around with Muslims killing Sikhs and Hindus, who in turn massacre the Muslims. Although the massacre was eventually stopped by the administration with the help of the army, nevertheless, the damage had already been done as the relations between two communities had been permanently damaged. The events of riots depicted in the novel are based on true accounts of the riots of partition in 1947 of which Sahni himself was a witness to in Rawalpindi.

The novel "Cracking India" (first published as "Ice-Candy Man" in 1988) by Bapsi Sidhwa, also speaks of the civil war that occurred in 1947 during the partition of India. The socio-political upheaval of the partition led to mass violence, killings, mutilations, rapes and slaughter of the men, women and children on a large scale. It also led to the displacement of millions of Hindus, Sikhs and Muslims across the border. The story of the novel is told by Lenny Sethi, a Parsee child of nearly four years in the beginning and approximately ten years old at the end. This novel also realistically portrays the complicated socio-political ramifications of the partition of India into India and Pakistan transforming Lahore India into Lahore Pakistan. The novel operates on the parallel growth and formation of the protagonist Lenny and the country Pakistan. Both suffer severe growing pains, bereft of friends and families. Bapsi Sidhwa unfolds the macrocosm of the socio-political conditions of the country through the microcosm of Lenny's life and experiences. The breakdown of Indian and Pakistani societies into riotous and violent religious and ethnic groups pictures the breakdown of previous harmonious relationships between societies and religions in the protagonist's life. It also explores human understanding of being a social insider and outsider both depending upon a person's ethnicity, economic status, caste and religion.

Amitav Ghosh's "Shadow Lines" also deals the theme of socio-political issues portraying the agonies of displacement, the sense of alienation in the adopted land and the constant dream of a return to one's land. It also deals with the issues of identity crisis and cross-cultural interactions in the backdrop of communal violence. The novel portrays the affinity between an upper class Bengali family and an English family over three generations. The narrator's family spread over Calcutta, Dhaka and London, lives in Calcutta where his grandmother is a headmistress in a school. But the focus of the novelist is the partition of India and the consequent trauma of East Bengal's psyche. The people reject the concept of partition and scoff at the political leaders who believed that the problem could be solved by drawing lines across the land. Ghosh divides the novel into two parts- 'Going Away'and 'Coming Home'. It beautifully shifts from past to the present and from present to the past. Very masterly the novelist manages time in two ways- time past: memory, and time present: reality. Here 'Going Away' signifies going away from the self, and 'Coming Home' signifies coming back to the self. The novel shows how the division of Bengal and the borders of India and Pakistan become sites of violence creating a severe socio-political issue with the conclusion that the lines separating two nations are nothing but shadow lines.

"A Bend in the Ganges" is another novel written by Manohar Malgonkar on the theme of partition. In the beginning we find the elements associated with the Civil Disobedience Movement of Gandhiji. It seems presenting a proper documentation of the socio-political conditions of the partition. The author has tried to find out the cause of partition here. His intentions seem to show us the true picture of the chaos, the violence, the bloodshed, the rapes and the mutilations of the common people. People were mercilessly killing each other on the name of caste, creed and religion. The author gives proper space to the leaders of different communities along with the dictum of non-violence of Mahatma Gandhi. Characters like Gian Talwar and Debi Dayal are life-like. The revolutionary ideology and Gandhian philosophy run parallel to each other in the novel. The novelist has tried to show the internal conflict of the characters and that nobody thinks for the betterment of the nation.

The theme of partition has thus been a major issue in Indian English literature. The partition of the country into India and Pakistan in 1947 gave rise to such unbridled religious hatreds which culminated into such inter-communal conflicts whose scars will never be forgotten. It has created such socio-political issues and ditches which will never be filled. The sufferings in the form of rapes, butchery, plundering and the mass displacement of the people has given such wounds on the soul of the country whose scars will keep haunting the generations for centuries. Due to the greedy nature of politicians and religious leaders, the country suffered an irreparable loss in the form of partition and communal violence. The holocaust of partition is considered one of the bloodiest events in human history showing the ugly face of politics badly affecting the social life of people. The partition novels show how the riots are the result of greedy political planning at the cost of humanity.

Reference:-

1. Personal Research.

****

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed/ Peer Review Research Journal)
RNI No.- MPHIN/2013/60638, ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Scientific Journal Impact Factor (SJIF)- 7.671
April to June 2023, E-Journal, Vol. I, Issue XLII

उच्च शिक्षा के वैश्वीकरण में वेदकाल की शिक्षा और गाँधीजी का शिक्षा-दर्शन

डॉ. किरण पवार*

* सह प्राध्यापक, श्री वैष्णव कॉलेज ऑफ टीचर्स ट्रेनिंग, इन्दौर (म.प्र.) भारत

प्रस्तावना – वैदिक शिक्षा और भारतीय परिप्रेक्ष्य में उच्च शिक्षा में गाँधी - विचार भारतीय व्यक्तित्व का निर्माण करता है। आज के तकनीकी क्रांति के समय में शिक्षा में तकनीकी संसाधनों का समावेश, तकनीकी उपकरणों का प्रयोग आधुनिक युग का मानव तैयार करने में सक्षम रहा लेकिन मानवीयता या मानवता का समय जैसे कहीं खो गया। मानव को मानव बनाना, जीवन-दृष्टि देना शिक्षा का ही कर्म और धर्म है। भारत का वेदकाल नीति और पर्यावरण शिक्षा का सर्वोत्कृष्ट काल है जो जियो और जीने दो की सीख देता है वहीं गाँधी शिक्षा-दर्शन सत्य, अहिंसा, सद्भावना को व्यक्ति में विकसित करते हुए स्वज्ञान, आत्मज्ञान, आत्मनिर्भरता, प्रेम व सहयोग पर आधारित जन-तंत्र लिए सम्यक, सन्तुलित भारतीय समाज के विचार और व्यवहार में सम्पूर्ण शिक्षा का केन्द्र नीति शास्त्र और मूल्यों को मानता है। यह शोध भारत के तरूणों की शिक्षा-दीक्षा में वेदकालीन प्रसंग में गाँधीजी के शैक्षिक विचार पर चर्चा का प्रयास है कि युवाओं की उच्च शिक्षा में वेदकालीन शिक्षा के उद्देश्य **'गाँधी शिक्षा दर्शन'** में कैसे समाहित हैं।

शोध अध्ययन के उद्देश्य

सिद्ध करना कि

1. सकल विश्व के कल्याण की भावना लिए न केवल भारत में वरन् समस्त विश्व में नव-चिन्तन के अनुरूप युवा-शक्ति के निर्माण व संगठन में गाँधीजी की शैक्षणिक योजना मानवता की सेवा पर केन्द्रित है। उच्च शिक्षा वैश्वीकरण में युवाओं को विश्व-हित के लिए तैयार करती है।
2. गाँधी-दर्शन के अनुसार विद्यार्थी दैहिक, बौद्धिक शक्तियों के साथ आत्मा का एकात्म है। व्यक्ति का विकास विश्व-कल्याण के अनुसरण में हो।
3. बालक के सर्वांगीण विकास के लिए विचारशील शिक्षाविदों, मनोवैज्ञानिकों के अमूल्य मतों के साथ संचार-सम्प्रेषण के इस दौर में **'गाँधी शिक्षा दर्शन'** राष्ट्र की शिक्षा के स्वरूप तय करने में महत्वपूर्ण योगदान दे रहा है। यह वैश्विक स्तर पर महत्वपूर्ण है।

वेदकाल और गाँधी जी – गाँधी जी स्वावलम्बन को जीवन की सच्ची शिक्षा मानते हैं। जो जीवन निर्वाह में सहायक है। वैदिक शिक्षा का तात्पर्य भी कहता है कि शिक्षा प्रकाश का वह स्त्रोत है जो जीवन के विभिन्न क्षेत्रों में हमारा सच्चा पथ प्रदर्शक है। शिक्षा द्वारा हमारे संषयों का उन्मूलन एवं कठिनाइयों का निवारण होता है तथा विश्व को समझने की क्षमता प्राप्त होती है –

'ज्ञानं तृतीयं मनुजस्य नेत्रम्
समस्त तत्वार्थ विलोक दक्षम्'

दो नेत्रों से देखने में जो अपूर्ण रह जाता है वह विद्यारूपी तृतीय नेत्र से देखा जाता हे। वैदिक शिक्षा में, संस्था में बालक का प्रवेश सात वर्ष की आयु में होता है और चौदह वर्ष की आयु तक वह स्नातक विद्यार्थी को 'वाचस्पति' की उपाधि दे दी जाती।

प्रदत्त संकलन – Content Analysis, वृत्त-विश्लेषण विधि में वेदकालीन साहित्य एवं गाँधी साहित्य के अध्ययन द्वारा तथ्य संकलन एवं व्याख्यात्मक विश्लेषण द्वारा अध्ययन।

निष्कर्ष – यहाँ यदि हम गाँधी जी की कर्मप्रधान शिक्षा के व्यावसायिक पक्ष को देखें तो इसी उम्र की सीमा में वे जीवन के संघर्ष व अनुकूलन में व्यक्ति को जीवन की आवश्यकताओं की पूर्ति में समर्थ 'वाचस्पति' बनाने में कारगर सिद्ध होते हैं।

'पूर्व वैदिक कालीन' शिक्षा का परिष्कृत रूप उत्तर वैदिक कालीन शिक्षा है। उत्तर वैदिक कालीन शिक्षा के उद्देश्यों के अनुसरण में गाँधी-विचार के समानांतर यह सिद्ध होता है कि गाँधी विचार व वेदकालीन उद्देश्य समान हैं :-

1 आत्मसंयम पर बल देना।
2 धर्मग्रन्थों का अनुकरण करना।
3 भारतीय संस्कृति का संरक्षण व प्रसार करना।
4 नैतिकता का प्रसार करना।
5 चारित्रिक विकास करना।
6 व्यक्तित्व का सर्वांगीण विकास करना।
7 धार्मिक जीवन को महत्व देना।
8 सामाजिकता की भावना विकसित करना।

इन उद्देश्यों को गाँधी-विचार स्थापित करता हे। एक सम्पूर्ण व्यक्तित्व का निर्माण उच्च शिक्षा के माध्यम से विश्व-स्तर पर करता है जहां शिक्षा के वैष्वीकरण में मानव-हित, मानव-विकास, मानव-कल्याण के आयामों के 'समेकित पक्ष में' समस्त विश्व की भलाई को लक्ष्य में रखा गया है।

संदर्भ ग्रंथ सूची :-

1. अग्रवाल बी बी/भारतीय शिक्षा और उसकी समस्याएँ/विनोद पुस्तक मंदिर आगरा/1997/पृष्ठ क्रमांक 20
2. अग्रवाल एस के /शिक्षा के दार्शनिक एवं समाजशास्त्रीय सिद्धान्त/

मॉडर्न पब्लिशर्स/729 पी एल शर्मा रोड/मेरठ (1979-1980)
3. बाबर एस एन /शिक्षा के सिद्धान्त एवंत त्व/गया प्रसाद एंड सन्स/ आगरा (1961) पृष्ठ क्रमांक 136
4. भाई योगेन्द्रजीत/बुनियादी शिक्षा/सरस्वती सदन/मसूरी (1962)
5. चित्तौड शशि/नरसावत हरिशचंद्र/शिशु एवं बाल-मनोविज्ञान,/शिवा पब्लिशर्स डिस्ट्रीब्यूटर्स, 1-डी-ए-2 हिरणमगरी सेक्टर-4 / उदयपुर/ राजस्थान/पृष्ठ क्रमांक 31,34,35
6. देसाई नारायण भाई/सर्वोदय जगत/'जीवन और शिक्षा का सामंजस्य' सर्व सेवा संघ/राजघाट/वाराणसी/उत्तरप्रदेश 221001/ 1 से 31 जनवरी 2012/वर्ष 35/अंक 10-11/पृष्ठ क्रं 13-14
7. गाँधी मोहनदास करमचंद/सत्य के प्रयोग एवं आत्मकथा/सस्ता साहित्य मण्ड़ल/नई दिल्ली।
8. गाँधी मोहनदास करमचंद/बुनियादी शिक्षा/नवजीवन प्रेस/ अहमदाबाद 1970।
9. गाँधीजी/हरिजन/31 जुलाई 1937/11 सितम्बर 1937
10. गुप्त प्रो. एल एन , प्रो मदन मोहन/महान भारतीय शिक्षाशास्त्री/न्यू कैलाश प्रकाशन, राकेश मेहरोत्रा/141/136 खुशहाल पर्वत/ कल्याणी देवी मन्दिर के पास , इलाहाबाद-3/पृष्ठ 34-35।
11. माथुर, डॉ. एस एस /शिक्षा मनोविज्ञान/विनोद पुस्तक मन्दिर/रांगेय राघव मार्ग/आगरा-2/1974।
12. पारीक मथुरेश्वर/प्रो. रजनी शर्मा/उदीयमान भारतीय शिक्षा और उसकी समस्याएँ/लायल बुक डिपो/मेरठ/1993/पृष्ठ 2,3,4,5

****

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed/ Peer Review Research Journal)
RNI No.- MPHIN/2013/60638, ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Scientific Journal Impact Factor (SJIF)- 7.671
April to June 2023, E-Journal, Vol. I, Issue XLII

राव अमर सिंह राठौड़ (नागौर, राजस्थान) के इतिहास एवं सांस्कृतिक परिप्रेक्ष्य मे योगदान

संगीता* डॉ. सुनीता सिन्हा**

* शोधार्थी (इतिहास) भगवंत विश्वविद्यालय, अजमेर (राज.) भारत
** शोध निदेशक (इतिहास) भगवंत विश्वविद्यालय, अजमेर (राज.) भारत

प्रस्तावना – नागौर की ऐतिहासिक भूमिका – भारतीय इतिहास के परिपेक्ष्य मे राजस्थान का वैशिष्टय है। उसमे नागौर जनपद के इतिहास का अलग योगदान है। नागौर के सामाजिक आर्थिक एवं धार्मिक महत्व के सम्बंध मे समकालीन आधुनिक इतिहासकारो ने विशेष वर्णन किया है। मुगलकाल से पूर्व भी नागौर की भौगोलिक तथा सामाजिक संस्थाओ का उल्लेख मिलता है।

नागपुर का अर्थ – नागों का नगर

अहिच्छत्रपुर का अर्थ – अनन्त गोचर (नाग, अहि, अनन्त) तीनों की नाग सर्प के पर्यायवाची है।

अनन्त गोचर का अर्थ – वह गोचर (अरण्य) जहां अनन्त (सर्प) रहते है। नाग जाति की बहुलता के कारण भी नाम नागौर रखा गया।

नागौर का प्रारम्भिक इतिहास – 1192 तक नागौर चौहानो के अधिकार मे रहा। मोहम्मद गौरी के हाथो पृथ्वीराज की पराजय के साथ मुसलमानो का अधिकार हो गया। नागौर के मुस्लिम शासक कभी स्वतंत्र रहकर कभी गुजरात के अधीन रहकर तथा कभी दिल्ली सल्तनत के अधीन रहकर शासन करते थे।

1570 मे नागौर दरबार का आयोजन अकबर के द्वारा शक्कर तालाब पर किया गया। जिसका उद्देश्य अकाल राहत कार्य करवाना था। राजस्थान दो भागो मे बँट गया। मुगल विरोधी, मुगल सहयोगी। अकबर ने बीकानेर के रायसिंह को जोधपुर का शासक नियुक्त किया। मारवाड़ के मोटा राजा उदयसिंह ने 1538–95 तक अकबर की अधिनता स्वीकार की और अपनी पुत्री मान बाई (जोधा बाई) का विवाह जहांगीर से की। उनकी सन्तान का नाम खुर्रम (शाहजहां) था।

अमरसिंह की मतीरे की राड़ – गजसिंह 1615–38 तक शासक रहा, जहांगीर की प्रेमिका अनारा बेगम के कहने पर जहांगीर ने गजसिंह को दलथम्भन की उपाधी दी। मतीर की राड़ 1644 ई. में बीकानेर व नागौर के बीच हुई।

अमरसिंह (जाखणिया) का युद्ध बीकानेर के कर्ण सिंह (सीलवा) के साथ हुआ। जिसकी जानकारी काशी छंगाणी के छत्रपति रासौ से मिलती है।

अमरसिंह को कटार का धणी कहा जाता है। इसकी हत्या इसके साले अर्जुनसिंह गौड़ ने की।

दरवाजा–ए–इस्लाम – इस प्रवेश द्वार का निर्माण नागौर के शासक राव अमरसिंह राठौर के पुत्र राजा रायसिंह ने अपने शासनकाल के 9 मोहर्रम हि.सं. 1076ए 11 अगस्त 1665 ई. को नागौर के कोतवाल नारायणदास गहलोत के पुत्र डुंगरसी गहलोत के प्रयत्न से नागौर मे करवाया था, जैसा की नागौर से ही प्राप्त एक फारसी देवनागरी द्विभाषिक अभिलेख से स्पष्ट है। परन्तु यह प्रवेश द्वार कैसा था, इसकी निर्माण शैली क्या थी औय यह कहां पर स्थित था, इस विषय मे निश्चित रूप से कुछ कहना कठिन है। क्योंकि नागौर मे अब इस प्रवेश द्वार के कोई भी चिन्ह दृष्टिगोचर नही है। केवल इसका निर्माण सम्बन्धी उक्त अभिलेख गीलानी तथा गीनानी या जिनानी तालाब के किनारे स्थित थेमिन गाजी की मस्जिद की छत मे उगी हुई एक पत्थर की धन्नी मे उत्कीर्ण हैं।

निष्कर्ष – अमरसिंह की छतरी नागौर में 16 कलात्मक स्तम्भों पर झड़ा तालाब बनी हुई है। अखारा बुखारा दरवाजो को अमरसिंह का दरवाजा कहा जाता है। शाहजहां ने इसे बंद करवाया था जिसे 1809 मे जॉर्ज स्टील ने खुलवाया। कालान्तर मे अमरसिंह को राजस्थान के लोक गीतो व कहानियों का नायक माना जाने लगा।

'सस्ती पड़ी न सूर सूं, खग साटै खिल्लिह
अमरै बाही आगरै, पतशाही दिल्ली'

अर्थात अमरसिंह राठौड़ की मजाक उड़ाना तुर्को को महंगा पड़ा, प्रतिशोध मे उठी उसकी तलवार ने आगरा मे मुगलिया सल्तनत को हिला दिया था।

'आरब मारियो अमरसी बड़ हत्थे वरियाम
हटकर खेड़े हारणी, कमधज आयो काम
कमर कटे उडके कमद्य, भरम हुएली भार,
आरब दण होढे अमर, समर बजाई सार'



संदर्भ गंथ सूची :-

1. नागौर का राजनीतिक एवं सांस्कृतिक इतिहास - इस पुस्तक का लेखन मोहनलाल गुप्ता ने किया था। इसका प्रथम संस्करण वर्ष 1999 मे प्रकाशित हुआ था। इसका प्रकाश मिनर्वा पब्लिकेशन जोधपुर द्वारा किया जाता है।
2. नागौर का राजनीतिक एवं सांस्कृतिक वैभव - इस पुस्तक का लेखन डॉ. डी.बी. क्षीरसागर व नवल कृष्णन द्वारा किया गया है। इस प्रथम संस्करण वर्ष 1998 मे प्रकाशित किया था। इसका प्रकाशन महाराजा मानसिंह पुस्तक प्रकाशन मेहरानगढ जोधपुर द्वारा किया जाता है।
3. मध्यकालीन नागौर का इतिहास - इस पुस्तक का लेखन डॉक्टर मोहम्मद हलीन सिद्दिकी ने किया था। इसका प्रथम संस्करण 2 में प्रकाशित हुआ था। इसका प्रकाशन महाराजा मजसिंह पुन: प्रकाश मेहरानगढ द्वारा किया जाता है।
4. मारवाड़ का इतिहास भाग 1 - इसका लेखन पंडित वी.एन. रेऊ ने किया था। इसका प्रथम संस्करण 1938 मे प्रकाशित हुआ था। इसका प्रकाशन जोधपुर गवर्नमेन्ट प्रेस द्वारा किया जाता है।
5. मारवाड़ का इतिहास भाग 2 - इस पुस्तक का लेखन पंडित वी.एन. रेऊ ने किया था। इसका प्रथम संस्करण 1940 मे प्रकाशित हुआ था। इसका प्रकाशन जोधपुर गवर्नमेन्ट प्रेस द्वारा किया जाता है।
6. वीर शिरोमणी राव अमरसिंह राठौड़ - इस पुस्तक का लेखन डॉक्टर हुकमसिंह भाटी ने किया था। इसका प्रथम संस्करण 2002 मे प्रकाशित हुआ था। इसका प्रकाशन महाराजा मानसिंह शोध केन्द्र मेहरानगढ म्युजियम ट्रस्ट जोधपुर व राजस्थान शोध संस्थान चौपासनी द्वारा किया जाता है।
7. नागोर जिला एक दृष्टि मे - इसका संकलन संजयकुमार सोनी ने किया था। इसका प्रकाशन हर वर्ष कार्यालय सहायक निदेशक आर्थिक एवं सांख्यिकी विभाग नागौर द्वारा किया जाता है।

****

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed / Peer Review Research Journal)
RNI No.- MPHIN/2013/60638, ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Scientific Journal Impact Factor (SJIF)- 7.671
April to June 2023, E-Journal, Vol. I, Issue XLII

बाल श्रम में भारतीय समाज की भूमिका: आरम्भिक साहित्यक सर्वेक्षण–1994–2004 दशक पर आधारित

डॉ. अर्चना*

* असिसटेंट प्रो. (राजनीति विज्ञान) श्री कुन्द कुन्द जैन पी.जी. कॉलेज, खतौली, मुजफ्फरनगर(उ.प्र.) भारत

शोध सारांश – मानव को मानव बने रहने के लिये कुछ अधिकारों की आवश्यकता होती है। इन अधिकारों को सामान्य रूप से मानवाधिकार के नाम से जाना जाता है। प्रत्येक समाज और देश का यह दायित्व बन जाता है कि उस समाज और देश में रहने वाले प्रत्येक व्यक्ति को यह सभी अधिकार उपलब्ध कराये। समानता, लोकतन्त्र का मूल आधार है इसका अर्थ समाजवादी दृष्टिकोण से भिन्न है। किसी भी धर्म, वंश, जाति, गौत्र आदि के कृत्रिम आधारों पर भेदभाव के बिना देश की राजनीतिक प्रक्रिया में जन समूह की भागीदारी अथवा राजनीति में अधिकांश लोगों का संलिप्त होना समानता है। स्वतन्त्रता प्राप्ति के बाद हमारे देश में बच्चों को उनके अधिकार दिलाने, शोषण से बचाने, संरक्षण देने, उन्हें राष्ट्रीय निधि के रूप में पल्लवित होने के अवसर प्रदान करने हेतु अनेक प्रयास किये गये। भारतीय लोकतन्त्र में समानता की भावना के आधार पर बाल श्रमिकों को सभी अधिकार, सुविधाओं से लाभान्वित किया गया है। फिर भी वह समुदाय हर दृष्टि से पिछडा हुआ है। बाल श्रमिक वास्तविक दुनिया से बहुत दूर है। इसी पिछडेपन का ध्यान में रखते हुए हमने बाल श्रमिक वर्ग को अपने प्रस्तुत शोध-पत्र का विषय चुना। अत: इस अध्ययन में आरम्भिक सर्वेक्षण पर अनुसंधान को केन्द्र बिन्दु बनाया गया है।

शब्द कुंजी – सर्वेक्षण, लोक-तांत्रिक, श्रम मंत्रालय, राजनीतिक प्रक्रिया, अधिकार एवं समानता, अभिशाप व शोषण, सर्वेक्षण उन्मूलन, अर्न्तराष्ट्रीय श्रम संगठन, ग्रामीण भूमिका व जाति, परियोजनायें, समाज कल्याण शिक्षा व अशिक्षा।

भूमिका व सर्वेक्षण – भारत सरकार के श्रम मंत्रालय द्वारा श्रमिकों के कल्याण हेतु विभिन्न परियोजनायें बनाने तथा ऐसे कुछ कदम उठाने का निश्चय किया गया है जिससे कि बाल श्रम को सीमित किया जा सके तथा जिन क्षेत्रों में बाल श्रमिक कार्यरत हैं, वहां उनके कार्य की स्थितियां बेहतर हों और उन्हें शोषण से बचाया जा सके।

इस दिशा में जो भी अध्ययन सम्पन्न हुए हैं, इस संदर्भ में 'क्रानिकल फरवरी' (2002) में बाल श्रम भारतीय समाज की भूमिका और उसके योगदान की चर्चा करते हुए यह परीक्षण करने का प्रयास किया गया कि बाल श्रम भारतीय समाज का एक ऐसा अभिशाप है जो हमें विरासत में मिला है। लेखक कहता है कि बाल श्रम का मुद्दा सदियों से हमारे समाज के सामने एक चुनौती भरा सवाल बने खडा रहता है, लेकिन उनका यह निष्कर्ष है कि इसके पीछे सबलों द्वारा दुर्बल को दबाने की, शोषित करने की नैसर्गिक प्रकृति हमेशा से ही पायी जा रही है।

इस क्रम में एक अन्य महत्वपूर्ण योगदान प्रदीप पंत का है, पंत ने अपने एक लेख 'एक थकी हारी जिन्दगी' के अंतर्गत कहा है कि बालक भगवान का रूप होता है। बच्चे ही देश के भविष्य के निर्माता होते है लेकिन आज बच्चों को काम में अधिक लिया जाने लगा है और बाल श्रम की समस्या हर जगह पायी जाने वाली समस्या है। लेखक कहता है कि यदि बच्चे सहायता नहीं करते हैं तो परिवार का पेट भरना मौत हो जाता है और माता-पिता की बीमारी या अन्य किसी कारण से छोटी सी उम्र से ही बच्चों को कार्य करना पडता है

आर0सी0 सक्सेना 'श्रम समस्यायें एवं समाज कल्याण' के अंतर्गत उन बाल श्रमिकों को सम्मलित किया है जिनका जीवन पशुओं से भी बदतर है। भारत में बालकल्याण को प्रमुखता प्रदान करने के लिये देश के प्रथम प्रधानमंत्री के जन्म दिवस को प्रति वर्ष बाल दिवस के रूप में मनाया जाता है और बच्चों को ईनाम दिये जाते हैं। श्री सक्सेना का मनना है कि जहां एक ओर कल्याण से सम्बन्धित अनेक विषयों पर विश्व जनमत गंभीरता से सोच रहा है वहीं दूसरी ओर बाल श्रमिकों की समस्या बहुत तेजी के साथ पनप रही है।

इस क्रम में ही एक अन्य महत्वपूर्ण अध्ययन प्रशान्त अग्निहोत्री द्वारा सम्पादित 'काम के बोझ तले दबा बचपन' है। आज आजादी के 57 वर्षों बाद भी छोटे बच्चे जिन्हें स्कूलों में होना चाहिये वे घरों से फर्श रगडते, होटल में बर्तन मांजते नजर आते हैं। इसका मुख्य कारण गरीबी, बडा परिवार, अशिक्षा को अधिक महत्व देना है। लेखक कहते हैं कि जब तक अशिक्षा रहेगी तब तक बाल श्रम रहेगा और गरीबी भी तभी हमारे देश का पीछा छोडेगी। लेखक कहता है कि पारिवारिक मतों की योजना का अभाव होना भी बाल श्रम का एक प्रमुख कारण है।

भारत में बाल श्रम की स्थिति का क्या स्तर है? इस प्रश्न का उत्तर मनीष देव ने अपने एक लेख में, 'बाल श्रम के बदतर रूपों का उन्मूलन' में देने का प्रयत्न किया है। इस अध्ययन में सन् 1988 में लखनऊ विश्वविद्यालय के सामाजिक कार्य विभाग द्वारा नैनीताल जिले के पहाडी व मैदानी क्षेत्रों में 2887 कृषक परिवारों के बाल श्रमिकों की विभिन्न समस्याओं पर एक शोधपूर्ण अध्ययन कराया गया। इसके अनुसार बाल श्रमिकों की संख्या में वृद्धि के कारण समाज में मौजूदा गरीबी, अशिक्षा और

बेरोजगारी है। अन्तर्राष्ट्रीय श्रम संगठन के अनुसार विश्व के कुल बाल श्रमिकों में से पचास प्रतिशत बाल श्रमिक भारत, बांग्लादेश, पाकिस्तान, नेपाल और श्रीलंका में है तथा दक्षिण एशिया में यह समस्त राष्ट्रों के लिये अत्याधिक शर्मनाक है।

डॉ0 वी0सी0 सिन्हा एवं स्व0 पुष्पा सिन्हा ने अपनी पुस्तक 'श्रम अर्थशास्त्र' में बाल श्रम के दोषों का अवलोकन किया है कि अभिभावकों की अशिक्षा और बच्चों की उदासीनता का परिणाम यह होता है कि स्कूल न जाने वाले बच्चों का प्रतिशत अधिक रहता है। 1981 की जनगणना के आंकडे इस बात की पुष्टि करते हैं कि ग्रामीण क्षेत्र में 5 से 9 वर्ष की आयु वर्ग के लडकों में स्कूल जाने वाले लडकों का प्रतिशत 39.6 तथा लडकियों का 25.8 था, यह आंकडे सर्वेक्षण से प्राप्त किये गये हैं।

यह अध्ययन भारत के बाल श्रमिकों को समझने में महत्वपूर्ण योगदान देता है। नीरज कुमार 'हालात की जकडनों में बाल मजदूर' के अनुसार, बाल श्रमिकों का एक बडा भाग भारत में है। बाल श्रमिकों का 30 प्रतिशत खेतिहर मजदूर तथा 30 से 35 प्रशित तक कारखानों में कार्यरत हैं। 1987 में होटलों, हथकरघा उद्योग और फिरोजाबाद के कांच उद्योग में कार्यरत बाल श्रमिकों की संख्या क्रमश: 20 लाख, 40 लाख और 60 हजार थी। देश में 18 से 58 साल की उम्र के करीब 25 फीसदी लोग आज बेकार हैं।

भारत को राजनीतिक दासता से मुक्त हुए (सिविल सर्विसेज क्रानिकल) 57 वर्ष हो चुके हैं। परन्तु अभी तक आर्थिक विषमता का बडा भाग दरिद्रता के विषय चक्र में पिस रहा है। बाल श्रम का कारण, अभिभावक की निर्धनता को भी ठहराया जा सकता है।

सुनीता श्रीवास्तव 'बालश्रम' में तर्क देती हैं कि बाल श्रम ग्रामीण बच्चों के लिये दरअसल अभिशाप सरीखा है। इसकी सबसे अधिक मार ग्रामीण बच्चों पर ही पडती है। आंकडों के अनुमान से, वर्ष 2000 तक के कुल बाल श्रमिकों में से 81.23 प्रतिशत बाल श्रमिक गांवों से ही संबंधित हैं। आजादी से पहले वर्ष 1933 में, स्वयं ग्रामीण जन ही अपने नैनिहालों को कानून की नजरों से बचाकर मजदूरी की भट्टी में झोंक देते थे। दुनिया के हर देश में समृद्ध घरों में एक अदद घरेलू नौकर होता है। रणधीर तेजा चौधरी 'शिक्षा से ही टूटेगी लाचारगी' के अनुसार घरेलू नौकर रखने की प्रवृति पनप रही है। 1975 में किये गये सर्वेक्षण के अनुसार देश के कुल बाल श्रमिकों में से 10 से 20 प्रतिशत घरेलू नौकर हैं। लेखक कहता है कि 55 प्रतिशत बच्चियां ऐसी थीं जो 9 से 12 वर्ष की आयु के दौरान ही घरेलू नौकरानी बन गयी थीं।

बाल मजदूरी की समस्या केवल भारत में ही नहीं विश्वव्यापी है। योगेशचन्द शर्मा 'बाल मजदूर बचपन से दूर' में अर्न्तराष्ट्रीय श्रम संगठन के आंकडों के अनुसार लगभग 17 करोड बाल मजदूर खतरनाक कार्यों में लगे रहते हैं। अमेरिका जैसे पूंजीवादी देश में कुछ ऐसे बच्चे हैं जो चार पांच वर्ष की उम्र में ही अपना अंशकालिक काम शुरू कर देते हैं।

गैर सरकारी संगठनों में बाल श्रम 'दमन आहूजा' 'बाल श्रम पर प्रतिबंध' धारा 15(3) के द्वारा शासन को बालकों के लिये अलग से कानून बनाने का अधिकार है। धारा 39(ई) के अनुसार शासन को बच्चों के बचपन की रक्षा करने तथा ऐसे कार्यों में न लगाया जाये जो कि उनकी उम्र एवं स्वास्थ्य के अनुकूल न हों।

'राम आहूजा' की पुस्तक के प्रथम भाग में बाल श्रमिक के स्तर उनके कानून सामाजिक समस्यों बाल दुर्व्यवहार और बाल श्रम ने अपनी पुस्तक 'बाल श्रम सम्बन्धी समिति' (गुरू पद स्वामी समिति) जिसकी उन्होनें रिपोर्ट दिसम्बर 1979 में प्रस्तुत की थी। जिसमें उन्होनें बाल श्रमिकों की समस्याओं की विस्तार से जांच पडताल की। 1934 में व्यापक संशोधन किया गया तथा नियोजन की न्यूनतम उम्र 12 से 15 वर्ष रखी गयी तथा 5 घंटे काम लेने का निश्चय किया गया।

डॉ0 उमेश चन्द्र अग्रवाल 'बच्चों के मौलिक अधिकार' , कानून और वर्तमान स्थिति के अनुसार बाल श्रमिकों को शोषण से बचाने तथा उन्हें खतरनाक दशाओं में काम न करने देने की आवश्यकता है जिससे ऐसे बालकों के शारीरिक और मानसिक विकास को खतरा उत्पन्न होता है। उनके कार्य स्थल पर सुरक्षा और स्वास्थ्य को सुनिश्चित करने की आवश्यकता कि उन्हें बहुत अधिक लम्बे घंटों और रात्रि में कार्य करने से संरक्षण दिया जाये। गैर खतरनाक व्यवसायों में भी नियमित कार्य होना चाहिये और सभी बाल श्रमिकों को उनके नियोजन में पर्याप्त साप्ताहिक विश्राम अवधि और छुट्टियां होनी चाहिये।

प्रतियोगिता दर्पण के अनुसार जी मेहता द्वारा सर्वोच्च न्यायालय में एक जनहित याचिका दायर की गयी थी। न्यायमूर्ति कुलदीप सिंह, न्यायमूर्ति बी0एल0 हसारिया तथा न्यायमूर्ति एस0बी0 मजूमदार की खण्डपीठ ने 10 दिसम्बर 1996 को सुनाये गये एक क्रान्तिकारी फैसले में परिसंकटमय उद्योगों में कार्यरत बाल श्रमिकों को कार्य से निकाल कर अनेक दिशा निर्देश जारी किये थे कि बाल श्रमिक को किसी अच्छी संस्था में शिक्षा दिलायी जाये ताकि उन्हें एक अच्छा नागरिक बनाया जा सके।

भारत के बाल श्रमिकों का लगभग 30 प्रतिशत खेतीहर मजदूर है सुबुद्धि गोस्वामी 'बाल विकास की दिशायें' के अनुसार, 30 से 35 प्रतिशत बाल श्रमिक कल कारखानों में लगे हैं। लगभग 30 प्रतिशत ही खानों व लघु उद्योगों में हैं और शेष लगभग 10 प्रतिशत चाय की दुकानों, ढाबों और घरेलू नौकरों आदि के रूप मं कार्य करते हैं। इनका जीवन पुराने जमाने के गुलामों अथवा बन्धुआ मजदूरों जैसा है।

जब तक भारत से गरीबी का पूर्णरूप से उन्मूलन नहीं हो पाता, तब तक बाल श्रम की समस्या का समाप्त होना मुश्किल है। डॉ0 श्रीमति कमलेश महाजन एवं धर्मवीर महाजन, 'औद्योगिक समाज शास्त्र' के अनुसार कहते हैं कि निर्धनता का पूर्णरूप से उन्मूलन होना भी सम्भव नहीं है। अत: यह सरकार का कर्तव्य है कि वह अपने बनाये अधिनियमों को कठोरता के साथ पालन कराये इसके अतिरिक्त अनिवार्य शिक्षा, स्वास्थ्य मनोरंजन आदि की व्यवस्था करें।

राम आहुजा ने अपनी पुस्तक 'बाल दुर्व्यवहार और बाल श्रम' में कहा है कि 1991 की जनगणना के अनुसार भारत में कुल बाल जनसंख्या का लगभग 5.1 प्रतिशत कार्यरत बाल जनसंख्या थी। बाल दुर्व्यवहार को सामान्यता तीन प्रमुख श्रेणियों में विभाजित किया गया है। उनका कहना है कि अधिकांश कार्यरत बच्चे ग्रामीण क्षेत्रों में केन्द्रित हैं। उनमें से लगभग 60 प्रतिशत 10 वर्ष की आयु से कम हैं। व्यापार एवं व्यवसाय में 23 प्रतिशत समा जाते हैं। जबकि 36 प्रतिशत घरेलू कार्यों में हैं। उनका कहना है कि भारत जैसे देश में जहां जनसंख्या के 40 प्रतिशत से अधिक व्यक्ति घोर दरिद्रता की स्थितियों में रह रहे हैं। भारत में बाल श्रम एक बहुत ही पेचीदा विषय है। यहां बच्चे दरिद्रता के कारण बाल श्रम करते हैं। उनका कहना है कि यह सच है कि सबसे अधिक बाल मजदूर समाज के सबसे गरीब और सबसे वंचित वर्गों से ही आते हैं। चूंकि भारत में अभी भी 30 प्रतिशत जनसंख्या गरीब और सुख सुविधाओं से वंचित हैं। इसलिये बाल श्रम का यहां पाया

जाना कोई आश्चर्य की बात नहीं है। लेकिन भारत ने बाल श्रम की समस्या को हल करने के लिये हमेशा से ही प्रभावशाली नीति अपनाई है और बाल श्रम को मिटानो के लिये संवैधानिक कानूनी तथा विकासात्मक उपाये किये गये हैं। न्यायालय में 1996 में एक निर्णय दिया था जिसमें बताया गया है कि खतरनाक धंधों में काम कर रहे बच्चों को उस काम से किस तरह हटाकर उनका पुनर्वास किया जाये और किस तरह गैर खतरनाक काम करने वाले बच्चों की कामकाज की दशाओं को नियंत्रित किया जाये तथा उनमें सुधार लाया जाये।

राजेन्द्र उपाध्याय ने अपने एक लेख में कहा है कि 2002 में 14 साल तक की उम्र के सभी बच्चों के लिये अनिवार्य शिक्षा की व्यवस्था करने के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिये संसद ने 86वां संविधान संशोधन विधेयक पारित किया। इस कानून के बन जाने से शिक्षा बच्चों का मौलिक अधिकार बन गया है और अब सरकार इस जिम्मेदारी से अपना पल्ला नहीं झाड सकती। अब सरकार को सभी को शिक्षा उपलब्ध कराने की पक्की व्यवस्था करनी ही होगी।

मधु शुक्ला ने अपने एक लेख में कहा कि शिक्षा की विषयवस्तु तथा स्कूल कॉलेजों में शैक्षिक प्रक्रिया, परिवर्तनशील कार्य जगत की आवश्यकताओं से पूर्णतया बेखबर, शिक्षा द्वारा छात्रों में ऐसी योग्यतायें विकसित हों कि वे समाज का मुकाबला सफलतापूर्वक कर सकें। इसके अलावा शिक्षा द्वारा ऐसा प्रशिक्षण अपेक्षित है जो छात्रों में समायोजन की मानसिकता तथा उद्यमिता के गुणों का विकास कर उन्हें स्वरोजगार और स्वाध्याय की ओर प्रेरित कर सके।

रत्ना श्रीवास्तव का कहना है कि संविधान की धारा 4 के अनुच्छेद 45 में बालकों के लिये नि:शुल्क और अनिवार्य शिक्षा का उपबंध किया गया है। 86वां संविधान संशोधन अधिनियम पारित करके राज्यों पर यह बाध्यता लागू की गयी कि वे 6-14 वर्ष आयु वर्ग के बच्चों के लिये नि:शुल्क शिक्षा की व्यवस्था करें।

मौहम्मद हारून ने अपने एक लेख में कहा कि आजादी के बाद उल्लेखनीय उपलब्धता प्राप्त करने तथा सूचना प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में विश्व को सबसे ज्यादा साफ्टवेयर इंजीनियर देने वाले भारत में निरक्षरों की संख्या अकेले विश्व की एक तिहाई के बराबर है। इसमें 29 करोड प्रौढ और 3 करोड 80 लाख बच्चे क,ख,ग के ज्ञान से भी अनभिज्ञा हैं। लेकिन 3 करोड 80 लाख बच्चों को अभी तक प्राथमिक शिक्षा उपलब्ध न होना भी सच्चाई का दूसरा पहलू है।

गणेश कुमार पाठक जी ने अपने एक लेख 'कब तक होता रहेगा बाल श्रमिकों का शोषण' में कहा कि भारत में बाल श्रमिकों की संख्या कम होने के बजाये निरंतर बढती जा रही है। अर्न्तराष्ट्रीय श्रम संगठन के आंकडों के अनुसार वर्तमान समय में विश्व में 10 करोड बच्चों को अपनी आजीविका के लिये मेहनत मजदूरी करनी पड रही है। इनमें 4 करोड 44 लाख बच्चे सिर्फ भारत में हैं। अर्थात पूरे विश्व के बाल श्रमिकों का अधे से थोडा ही कम भाग भारत में है बाल श्रमिकों का 30 प्रतिशत खेतिहार मजदूर है तथा 30 से 35 प्रतिशत तक कल कारखानों में कार्यरत है।

नीति टंडन और स्नेहलता टंडन ने अपने लेख 'बाल श्रम और इसकी रोकथाम की रणनीति' में जहां गरीबी को एक महत्वपूर्ण कारण माना है वहीं उनका कहना है कि आर्थिक और राजनीतिक अस्थिरता, भेदभाव, लोगों का एक स्थान से दूसरे को संक्रमण, अपराध, शोषण, परम्परायें रीति-रिवाज, व्यस्कों के लिये अच्छे रोजगार की कमी और भूमिहीनों की संख्या में वृद्धि बाल श्रम के महत्वपूर्ण कारण हैं। खेती की जमीन की कमी की वजह से लोग मजदूरी और ठेके पर काम करने को मजबूर हो जाते हैं। जिससे न तो उनकी सुरक्षा इंतजाम होता है और न ही श्रमिकों के कल्याण की व्यवस्था होती है।

कौशलेन्द्र प्रपन्न ने कहा है कि बाल मजदूरी के पीछे सबसे बडा कारण परिवार का गरीब होना ही है। घर की कमजोर आर्थिक स्थिति बच्चों को घर से बाहर, गांव और शहर से दूर काम की तलाश में भटकने के लिये प्रेरित करता है। इस मामले में पहाड से काफी संख्या में बच्चे विभिन्न शहरों में आकर चाय की दुकानों, साहुकारों, लघु उद्योगों में कम से कम पैसे में काम पर लग जाते हैं। पढने की इच्छा होने के बावजूद वो स्कूल का चेहरा नहीं देख पाते। कोई भी मां-बाप सहजता से तैयार नहीं होते कि उनके बच्चे को काम से हटाकर स्कूल शिक्षा की मैराथन दौड में झोंक दिया जाये। उनके जीवन मूल्य मान्यतायें पैसा कमाना हो चुका होता है। उनके अपने तर्क होते हैं जिससे आगे एक पढ़ा लिखा व्यक्ति हार जाता है। लाख समझायें कि पढने से बच्चे का जीवन सुधरेगा। मगर वो इसे स्वीकार नहीं कर पाते। क्योंकि उनके सामने जीवन की अन्य चुनौतियां अहम होती हैं।

जय कृष्ण पूर्बी जी अपने लेख में कहते हैं कि बाल श्रमिकों के माता-पिता, उद्योगपति और स्वयं राज्य सरकार या उसका श्रम विभाग तीनों ही दोषी हैं। जहां तक बाल श्रमिक के अभिभावक का प्रश्न है शायद वे यह नहीं जानते हैं कि वे उस उद्योगपति की तुलना में स्वयं अपनी आवश्यकताओं की पूर्ति के लिये अपने बच्चे की कोमल भावनायें और उनके मन स्वभाव, शिक्षा व व्यक्तित्व की बलि चढा रहे हैं। यदि वे थोडा त्याग करके उसके भविष्य का चिंतन कर उसकी शिक्षा की ओर ध्यान दें तो वही बच्चा शोषण रहित व सम्मानजनक आय का स्रोत बन सकता है। लेकिन अशिक्षा के अंधकार के कारण उसका बाल कल्याण का हक पूरा नहीं होता है। जिससे बाल श्रमिकों की संख्या निरंतर बढ ही रही है। उद्योगपति भी बाल श्रमिक की संख्या निरंतर बढा ही रहे हैं।

संजय वुटेजा ने कहा है कि उम्र खेलने की है लेकिन उनके मासूम हाथों में गेंद या गुडडा-गुडिया नहीं बल्कि औजार हैं। बचपन क्या होता है। यह न तो उन्हें मालूम है और न ही उनके अभिभावकों को। उनका बचपन या तो ईंट भट्टों की मिट्टी के नीचे दबता जा रहा है या फिर औजारों की खनक में। औजार ही उनके लिये खिलौना है और औजार चलाना ही उनकी नियति है।

राजेन्द्र भारद्वाज ने सरकारी प्रयासों की धज्जियां उडाते हुए कहा कि सरकार ने एक बार श्रमिक विद्यालय चलाने के लिये किराये पर लिये जाने वाले भवन का किराया एक हजार रूपया प्रति स्कूल निर्धारित किया हुआ है। यदि पिछले पांच वर्ष का ही लेखा-जोखा देखा जाये तो लाखों रूपये का सरकारी धन किराया राशि के मद में ही हडप लिया जाता है।

आर0सी0 श्रीवास्तव जी कहते हैं कि बच्चों से मेहनत मजदूरी कराने की कुप्रथा उतनी ही पुरानी है जितना पुराना मनुष्य का इतिहास है। प्राचीन काल से लेकर आज तक इसका प्रचलन जारी है। आधुनिक समाज के मूल्यों और विकास की आवश्यकता को देखते हुए निसंदेह यह मानवता के लिये एक कलंक के समान हैं। भारत सहित अधिकतर विकासशील देशों में बाल श्रम की कुप्रथा जारी है। बाल मजदूर समाज के सबसे उपेक्षित वर्ग से संबंध रखते है। ये ऐसे लाचार बच्चे हैं जिन्हें अपने जीवन के सबसे महत्वपूर्ण दौर में अपने व्यक्तित्व के निर्माण की बजाय अपना और अपने परिवार का पेट पालने के लिये दो पैसे की खातिर मेहनत मजदूरी करने पर मजबूर होना

पडता है।

राजेन्द्र उपाध्याय कहते हैं कि मेरठ जिले में 9072 से अधिक बच्चे विद्यालय जाने की बजाय घर पर रहकर अपने छोटे भाई-बहनों की देखभाल करने में खुद का भविष्य चौपट कर रहे हैं। 3300 से अधिक बच्चे ऐसे भी हैं जो विद्यालय में गिनती सीखने की बजाय बाल मजदूरी कर रहे हैं।

जसदेव सिंह ने अपने लेख में कहा कि बालकों के बचपन को बचाने, उन्हें पढा-लिखा कर सही दिशा में उनका मार्गदर्शन करने और रोजगार दिलाने के सरकारी और गैर सरकारी संस्थाओं के आश्वासन और वायदे भी धीरे-धीरे भुला दिये जाते हैं। इस बीच कोई और समस्या सामने आ खडी होती है। जो कथित तौर पर समाज सेवा में लगे सरकारी और गैर सरकारी संस्थाओं को अपनी ओर आकर्षित कर लेती है। फिर वही रैलियां जुलुस और नारे सुनाई पडने लगते हैं।

रश्मिता रानी किरण झा ने कहा है कि गरीबी बाल श्रम का सबसे मूलभूत एवं मुख्य कारण है। आश्रित बच्चों की बडी तादाद अभिभावकों के निरक्षरता, अनियमित एवं अल्प आय और आजीविका के स्थायी स्रोत का आदि ही वे परिस्थितयां हैं जो उन्हें पढने के बदले काम करने को बाध्य कर देती है। कुछ निष्कर्षों से यह तथ्य सामने आया है कि बाल श्रम की स्थितियां गरीब एकल परिवारों में ज्यादा उभरी हैं। लाखों बच्चे सडक के किनारों के ढाबों से लेकर खतरनाक फैक्ट्रियों तक और घर के कूडा-करकट की सफाई से लेकर सार्वजरिक कूडादानों की सफाई तक के कार्यों में व्यस्त है।

भारत एक प्रजातांत्रिक देश है और यहां पर सभी को समान अधिकार प्राप्त है। परन्तु भारत जैसे प्रजातांत्रिक देश में एकवर्ग अर्थात बाल श्रमिकों की स्थिति दयनीय है। क्योंकि किसी भी लेखक ने खेतों में कार्य कर रहे बाल श्रमिकों के बारे में अधिक नहीं लिखा है, जबकि 90 प्रतिशत बाल श्रमिक गांव में ही निवास करते हैं। उनकी सामाजिक आर्थिक स्थिति भी अच्छी नहीं है। मैने अपने शोधपत्र अध्ययन में ग्रामीण बाल श्रमिकों को ही लिखा है, जिसमें मैंने उनके बारे में कुछ बताने का प्रयत्न किया है। क्योंकि शहरी बाल श्रमिकों के बारे में तो सब सोचते हैं और लिखते हैं किन्तु ग्रामीण बाल श्रमिक जो खेतों में कार्य करते हैं, उनके बारे में कम ही लिखा गया है और सोचा गया है। मैंने अपने शोध अध्ययन में एक छोटा-सा प्रयास किया है कि उन बाल श्रमिकों, जो खेतों में कार्य करते हैं, वे सब क्या सोचते हैं और उनको कैसे एक अच्छा भविष्य मिल सकता है।

कोई भी अध्ययन बिना अध्ययन विधि के असम्भव होता है। इस बात को दृष्टिगत करते हुए प्रस्तुत शोध पत्र में अध्ययन विधि तथा तत्सम्बन्धित परिकल्पना का विवेचन किया गया है।

संदर्भ ग्रंथ सूची:-

1. भारत का राष्ट्रीय मानव आयोग, अरूण कुमार, राधा पब्लिकेशन, नई दिल्ली-1999।
2. सिविल सर्विसेज क्रॉनिकल।
3. प्रतियोगिता दर्पण-2000-2004 तक।
4. रोजगार समाचार-7 मई 2004 लेख।
5. रश्मिता रानी किरण झा, 'पंचम संशोधित संस्करण', 1999।
6. इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय विधि विद्यापीठ: भारत में मानव अधिकार।

****

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed / Peer Review Research Journal)
RNI No.- MPHIN/2013/60638, ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Scientific Journal Impact Factor (SJIF)- 7.671
April to June 2023, E-Journal, Vol. I, Issue XLII

माध्यमिक स्तर के योगाभ्यासी एवं गैर योगाभ्यासी विद्यार्थियों की मानसिक स्वास्थ्य का तुलनात्मक अध्ययन

डॉ. महेश कुमार मुछाल* योगेश कुमार**

*** एसोसिएट प्रोफेसर, अध्यापक प्रशिक्षण विभाग, दिगम्बर जैन स्नातकोत्तर महाविद्यालय, बडौत (बागपत) (उ.प्र.) भारत**
**** शोध छात्र, अध्यापक प्रशिक्षण विभाग, दिगम्बर जैन स्नातकोत्तर महाविद्यालय, बडौत (बागपत) (उ.प्र.) भारत**

प्रस्तावना – माध्यमिक स्तर पर किशोरावस्था में विद्यार्थियों को मार्गदर्शन की अधिक आवश्यकता होती है। इस आयु वर्ग में बालक– बालिका अपने भविष्य एवं कैरियर को लेकर एक सुखद स्वप्न बनाते हैं, जिसकी प्राप्ति उन्हें उचित मार्गदर्शन के बाद ही प्राप्त हो सकती है। यह उचित मार्गदर्शन उन्हें विद्यालयों द्वारा दिया जाता है, क्योंकि विद्यालय ही समाज की एक ऐसी इकाई है जहां पर बच्चे समाज से आते हैं और अपने उज्जवल भविष्य का निर्माण करते हैं। जहां उनकी सहायता विद्यालय द्वारा उनके उद्देश्यों को ध्यान में रखकर की जाती है। संस्था का निर्माण समाज ने इसलिए किया है कि विद्यार्थियों में मूल्यों का संचय राष्ट्रीय एकता का भाव एवं ज्ञान विज्ञान, ज्ञान वर्धन और भौतिकता व आधुनिकता का प्रभाव साथ ही पश्चिम सभ्यता की तरफ अग्रसर न करके। उन्हें उचित मार्गदर्शन देकर अंतिम लक्ष्य की प्राप्ति कराई जा सके। हमारी मध्यमिक कक्षा में विभिन्न आयु वर्ग एवं व्यक्तिगत विभिनताओ सामाजिक आर्थिक स्थिति से छात्र–छात्राएं विद्यालय में आते हैं। यह विद्यार्थी अलग–अलग धर्मों को मानने वाले होते हैं। अमीर– गरीब सामान्य– उच्च एवं मध्यम परिवारों से बच्चे आते हैं।

माध्यमिक स्तर पर अध्ययनरत विद्यार्थी अलग–अलग व्यक्तिगत विभिन्नताओं सामाजिक आर्थिक परिस्थितियों से विद्यालय में आते हैं सब की पृष्ठभूमि अलग–अलग होती है साथ ही विद्यार्थियों का स्वास्थ्य उनके समाज भी अलग–अलग होती है सफाई एवं स्वच्छता व्यक्ति के स्वास्थ्य को प्रभावित करती है साथ ही साथ योग भी व्यक्ति के जीवन शैली को प्रभावित करता हैं। इसी को ध्यान मे माननीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी ने इन दोनों मिशन को विशेष रूप से महत्व दिया।

किशोरों और युवा वयस्कों के बीच मानसिक परेशानी और बीमारी को रोकने में मदद करने और मानसिक बीमारी को रोकने में मदद करने और मानसिक बीमारी से उबरने में मदद करने के लिए विद्यालय स्तर पर मानसिक लचीलापन बनाने में मदद करने के लिए बहुत कुछ किया जा सकता है। प्रारंभिक चेतावनी संकेतों और मानसिक बीमारी के लक्षणों के बारे में जागरूक होने और समझने से रोकथाम शुरू होती है। माता–पिता और शिक्षक बच्चों और किशोरों के जीवन कौशल का निर्माण करने में मदद कर सकते है ताकि उन्हें घर और स्कूल में रोजमर्रा की चुनौतियों से निपटने में मदद मिल सके। सरकारों द्वारा निवेश और युवाओं के मानसिक स्वास्थ्य के लिए व्यापक, एकीकृत, साक्ष्य आधारित कार्यक्रमों में सामाजिक, स्वास्थ्य और शिक्षा क्षेत्रों की भागीदारी आवश्यक है। किशोरों के मानसिक स्वास्थ्य की देखभाल करने के लिए और साथियों, माता–पिता और शिक्षकों को अपने दोस्तों, बच्चों और छात्रों का समर्थन करने का तरीका जानने में मदद करने के लिए इस निवेश को कार्यक्रमों से जोड़ा जाना चाहिए। यहीं योग एक महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकता है। योग विज्ञान, मानव के भीतरी स्थान का एक गहरा विज्ञान है, जो पूरे अस्तित्व के साथ पूरी सीध और तालमेल में होने की क्षमता देता है। खुशहाली और आजादी की स्थिति में जीने और चेतना को ऊंचा उठाने की प्रणाली के रूप में योग जितनी विस्तृत प्रणाली कोई नहीं है। यूनाइटेड नेशंस की आमसभा ने 11 दिसम्बर, 2014 के भारत द्वारा पेश किए गए प्रस्ताव को 193 सदस्यों द्वारा पारित किया गया और संयुक्त राष्ट्र महासभा के अध्यक्ष सैम कुत्सा ने 21 जून को अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस मनाने का फैसला लिया।

यूनाइटेड नेशंस ने योग की महत्ता को स्वीकारते हुए माना कि 'योग मानव स्वास्थ्य व कल्याण की दिशा में एक संपूर्ण नजरिया है।' 21 जून, 2022 को आठवे अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस का विषय यमानवता के लिए योग है। प्रधानमंत्री मोदी ने मैसूर पैलेस ग्राउंड में किया योग, देश के 75 ऐतिहासिक स्थलों पर हुए कार्यक्रम 8th International Yoga Day: पीएम मोदी ने देश और दुनिया को अंतरराष्ट्रीय योग दिवस की बधाई दी. उन्होंने कहा कि योग की यह अनादि यात्रा अनंत भविष्य की दिशा में ऐसे ही चलती रहेगी। हम सर्वे भवंतु सुखिनः, सर्वे सन्तु निरामया के भाव के साथ एक स्वस्थ और शांतिपूर्ण विश्व को योग के माध्यम से भी गति देंगे। योग हमेशा से हमारी संस्कृति का हिस्सा रहा है और हमें इसके प्रसार के लिए आगे आना चाहिए। योग से शांति और सौहार्द जुड़े हैं और दुनिया भर में लोगों को इसका अभ्यास करना चाहिए। आज योग विज्ञान पहले किसी भी समय के मुकाबले ज्यादा महत्वपूर्ण है। इतिहास में पहली बार, हमारे पास धरती की हर समस्या – पोषण, स्वास्थ्य, शिक्षा को हल करने की क्षमता है। हमारे पास विज्ञान और तकनीक के जबरदस्त साधन है जिनमें पूरी दुनिया को कई बार बनने पर तबाह करने की क्षमता है। लेकिन अगर इतने शक्तिशाली साधनों का इस्तेमाल करने की काबिलियत के साथ संतुलन, परिपक्वता और शामिल करने की एक गहरी भावना न हो तो, हम विश्वस्तरीय तबाही के काफी करीब हो सकते हैं। हमारी बाहरी खुशहाली भी बेरहमी से चल रही खोज की वजह से, धरती भी आज तबाही के कगार पर है।

संदर्भ साहित्य की समीक्षा

विरक (1971) ने शरीर की लोचशीलता पर योगासनों का प्रभाव देखने के लिए अध्ययन किया। उसने निष्कर्ष निकाला कि कुछ योगासन रीढ़ की हड्डी को आगे तथा पीछे की ओर झुकाते हैं जिससे शरीर में लचकता बढ़ती

है। **प्रताप (1972)** ने इस तथ्य पर अधिक बल दिया कि योगाभ्यास, श्वास क्रिया तथा मानसिक स्थिति में अटूट सम्बन्ध पाया जाता है। **कोछर (1976)** ने 14.18 वर्ष के किशोर बालकों की मानसिक थकावट पर योगाभ्यास के प्रभाव का अध्ययन किया। सिंह राजेन्द्र **(1987)** ने अपने शोध में बताया कि व्यक्ति की श्वास-प्रश्वास एकाग्रता और ध्यान एक दूसरे से सम्बन्ध रखते हैं। डॉ0 बेन्सन **(1987)** ने ध्यान के प्रभावों का अध्ययन किया और निष्कर्ष दिया कि नियमित 20 मिनट का ध्यान पूरे दिन तरोताजा हल्का-फुल्का बनाये रखने के लिए पर्याप्त है।वैष्णव, जी0 के0 ;**(1988)** ने अपने शोध कार्य के पश्चात बतायाकि योग शिक्षक शारीरिक शिक्षा के प्रति उच्च अनुकूल अभिवृत्ति रखते हैं- क्योंकि यह शारीरिक शिक्षा को बढ़ावा देती है। बेरान (1992) के अनुसार 'तनाव एक ऐसी बहुआयामी प्रक्रिया है जो लोगों में वैसे घटनाओं के प्रति अनुक्रिया के रूप में उत्पन्न होती है जो हमारे दैहिक एवं मनोवैज्ञानिक कार्यों को विघटित करती है' तनाव आधुनिक दौर के परिप्रेक्ष्य में एक सामान्य बातचीत का हिस्सा नहीं है अपितु एक सार्वजनिक मुद्दा बन गया है। श्री वास्तव एस0 के0 **(2000)** ने अपने शोध निष्कर्षों में बतायाकि योगाभ्यासी छात्र-छात्राओं में अतिस्नेही, नैतिकवादी, उच्च सामाजिकता, आज्ञाकारी शालीनता एवं ओजस्वी शीलगुण गैर योगाभ्यासी छात्र-छात्राओं से अधिक होते हैं। दुबे, शैलेन्द्र **(2000ब** ने अपने शोध निष्कर्षों में बताया कि योग शिक्षा ग्रहण करने वाले छात्रों में लगन शीलता, मानवता, नैतिक मूल्य एवं आर्थिक शक्ति, व्यक्तिगत मूल्य योग शिक्षा ग्रहण न करने वालों की अपेक्षा अधिक है। भटनी देवी व मीतू (2003) के अनुसार यौगिक क्रियाओं के अभ्यास से चिंता का स्तर कम होता है और समायोजन क्षमता बढ़ती है। योग न केवल मानव मात्र के कल्याण की एक विधा है, अपितु संपूर्ण जीवन शैली को संयमित और संतुलित कर मानव जाति के उत्थान का सर्वोत्कृष्ट मार्ग है। रानी एवं राव (2005) के अनुसार योगाभ्यास के परिणाम स्वरूप हताशा व तनाव में एक विशिष्ट कमी आती है। मुछाल **(2008)** ने माध्यमिक स्तर के विद्यार्थियों की योग अभिवृत्ति के अध्ययन में पाया कि अधिकांश विद्यार्थी जो योग के प्रति उच्च अभिवृत्ति रखते हैं, इस आधार पर कह सकते हैं कि किसी कार्य के प्रति सकारात्मक अभिवृत्ति उस कार्य के प्रति सकारात्मक रुचि को प्रदर्शित करती है। अन्य उद्देश्य में योग अभिवृत्ति को विकसित होने के कारणों में 62% विद्यार्थियों को दूदर्शन व केबल कार्यक्रम को आधार बताया। 35% विद्यार्थियों ने समाचार पत्र से जानकारी, 30% ने योग शिविर तथा 24% विद्यार्थियों ने अपने माता-पिता के द्वारा योग सीखा। स्वास्थ्य एवं योग सम्बन्धी जानकारी प्राप्त करने में उपरोक्त चारों कारकों ने अपना मत व्यक्त किया है। मनानी, प्रीति तथा गौतम, कुमार (2011) द्वारा किए गए शोध अध्ययन के परिणामों से स्पष्ट है कि परीक्षा तनाव विद्यार्थियों को निराशा से भर देता है तथा उनके मस्तिष्क में आत्महत्या जैसे विचारों को भी जन्म दे देता है। यह तनाव उनके परीक्षा परिणामों पर भी बुरा प्रभाव डालता है। सिंह, जोगिंदर (2012) ने अपने लेख 'नो टेंशन' में लिखा कि हम यही सोचकर तनावग्रस्त रहते हैं कि हम सफल होंगे या नहीं। इससे हमारी सफलता संदेहात्मक हो जाती है और तनाव भी बढ़ता है। डब्लू0एच0ओ0 (2016) की रिपोर्ट के अनुसार विश्व में लगभग 8 लाख विद्यार्थियों ने परीक्षा तनाव के कारण आत्महत्या के मामले सामने आये। भारत में यही संख्या लगभग 2500 चिंहित की गई। मेंटल हेल्थ फाउंडेशन (2018) के अनुसार मानसिक बीमारियों में तनाव व दबाव मुख्य हैं। भुवन एवं मिश्रा (2019) ने अपने शोध में पाया कि यौगिक क्रियाओं में संलग्न रहने वाले विद्यार्थियों का परीक्षा तनाव में कमी एकाग्रता में वृद्धि पायी गयी है। हंसराज(2020) ने बताया की योग का महत्व मानव जीवन की हर एक मनोवैज्ञानिक अवस्था में अत्यन्त आवश्यक है। योग मनुष्य को सुखपुर्वक एवं स्वस्थ्य जीवन के लिए महत्वपूर्ण बताया है।कुमार एवं लखेड़ा (2020) ने अपने शोध अध्ययन में पायी की नियमित रूप से विद्यालय में होने वाली यौगिक क्रियायें विद्यार्थियों के मानसिक स्वास्थ्य के साथ-साथ अनेक प्रकार के तनाव को न्यूतमक करने में रामबाण का कार्य करती है। शेटिनलुख्त, टी, (2021) ने कोविड-19 महामारी का वृद्ध वयस्कों के मानसिक स्वास्थ्य पर प्रभाव और संभावित उपचार विकल्प के अध्ययन में पाया कि इस कोविड-19 महामारी परिदृश्य में मनोवैज्ञानिक कल्याण गंभीर रूप से प्रभावित होता है। चंद्रकांत जे0 (2022) मानसिक स्वास्थ्य और जीवन तनाव पर विपश्यना ध्यान के प्रभाव का अध्ययन किया अध्ययन में पाया कि विपश्यना ध्यान का मनोवैज्ञानिक लाभ व्यक्तित्व और दृष्टिकोण के प्रति सकारात्मक होता है साथ ही जीवन तनाव का सामना करने हेतु विभिन्न तरीकों परी को घर विद्यालय अध्ययन एवं कार्य में समायोजन हेतु अधिक उपयोगी होता है जीवन की गुणवत्ता एवं शोध द्वारा निष्कर्ष प्राप्त हुआ कि विपश्यना ध्यान निश्चित रूप से जीवन में परिवर्तन लाता है और तनाव नियंत्रण में सहायक होता हैं। निमिता के0 जे0 (2022) कोविड-19 समय मे भारत में जरा चिकित्सा मानसिक स्वास्थ्य पर इसका प्रभाव पर अध्ययन किया. अध्ययन में पाया कि उजतखउ19 ने दुनिया को प्रभावित किया है और विशेष रूप से भारत जैसे देशों में सबसे बुरी तरह प्रभावित हुआ है। 2020-2021 में लॉकडाउन अवधि में मानसिक कारणों से कई आत्महत्याएं दर्ज की गई हैं। उजतखउ19 के डर से व्यक्तियों ने आत्महत्या की संबद्ध अवसाद। अवसाद, चिंता, समायोजन विकार, जुनूनी बाध्यकारी विकार, अभिघातज के बाद का तनाव विकार, मनोविकार और यहां तक कि आत्मघाती विचार और प्रयास इस महामारी के दौरान चरम पर हैं। अकेलापन और सामाजिक अलगाव की स्थिति को जन्म दे सकता है बुजुर्गों में संज्ञानात्मक कार्य कम हो रहा है। एनजीओ की भूमिका और सरकार बुजुर्गों को मनोवैज्ञानिक और शारीरिक आघात से निपटने में मदद कर रही है।सिंह (2022) प्रस्तुत शोध में निष्कर्ष निकाला गया कि योग एवं शारीरिक अभ्यास का बोर्ड परीक्षा के तनाव को नियन्त्रित करने में सहायक होता। राजेन्द्र एवं अन्य (2022) योगाभ्यास करने से विद्यार्थियों में आत्महत्या के भाव में कमी, परीक्षा तनाव में कम एवं विभिन्न प्रकार मादक पदार्थों के सेवन में लगातार कमी सहायक होता है। मुछाल एवं विजय पॅवार (2022) ने कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय में अध्ययनरत बालिकाओं के परीक्षा तनाव पर यौगिक क्रियाओं के प्रभाव का अध्ययन किया निष्कर्ष रूप में यह पाया गया कि कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय की योगाभ्यासी एवं गैर योगाभ्यासी छात्रों के परीक्षा तनाव में सार्थक अंतर में असमानता पाई गई निष्कर्ष रूप में कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय में योगाभ्यासी एवं गैर योगाभ्यासी छात्राओं के परीक्षा तनाव के मध्य सार्थक अंतर पाया गया। शहरी क्षेत्र की बालिकाओं के परीक्षा तनाव से संबंधित आंकड़ों का विश्लेषण करने के आधार पर ज्ञात हुआ कि नियमित योगाभ्यास करने से परीक्षा तनाव में सार्थक रूप से कमी आती है। योगाभ्यासी बालिकाओं में सर्वाधिक मध्यम स्तर के परीक्षा तनाव, तथा उससे कम निम्न स्तर वाली बालिकाऐं पायी गयी। गैर-योगाभ्यासी बालिकोंओं में सर्वाधिक मध्यम स्तर के परीक्षा तनाव, तथा उससे कम निम्न

स्तर वाली बालिकाऐं पायी गयी। योगाभ्यासी बालिकाओं में परीक्षा तनाव में कमी पायी गयी तथा क्षेत्र के आधार पर ग्रामीण क्षेत्र की गैर-योगाभ्यासी बालिकाओं में योगाभ्यासी बालिकाओं की अपेक्षा परिक्षा तनाव अधिक है वही दूसरी और शहरी क्षेत्र के योगाभ्यासी बालिकाओं में परिक्षा तनाव गैर-योगाभ्यासी बालिकाओं से कम है।

अध्ययन का औचित्य – संदर्भ साहित्य की समीक्षा करने से ज्ञात होता है कि विरक 1971 ने शरीर लोच शीलता प्रताप। (1972) योगासन व प्राणायाम मे सम्बन्ध। कोछर (1976) ने मानसिक थकावट परयोग का प्रभाव। सिंह राजेन्द्र (1987) ने श्वास-प्रश्वास एवं ध्यान। बेसन (1987) ने पदकमगणीजउसयान के प्रभाव। वैष्णव जी. के. (1988) ने योग अभिवृत्ति। बेरान (1992) ने तनाव । श्री वास्तव एस. के. (2000) योगाभ्यासी छात्र- छानाओं के गुण। दुबे शैलेन्द्र (2000) मे योगाभ्यासी के नैतिक मूल्यों। भटनी देवी एवं मीत (2003) योगाभ्यासी के समायोयन। रानी एवं राव (2005) ने तनाव। मुछाल (2008) में योग अभिवृत्ति। मनानी एवं गतिम 2012 ने परीक्षा तनाव। सिह जोगिन्दर (2012) में तनाव। डब्लू. एच. ओ. (2016) ने परीक्षा तनाव। मेटल हेल्प फाउन्डेशन (2018) ने मानसिक बीमारी एवं तनाव । भुवन एवं मिश्रा (2019) ने यौगिक किया एवं तनाव । हंसराज (2020) ने योग के महत्व। कुमार एवं लखेडा (2020) यौगिक क्रिया व मानसिक स्वास्थ्य। शेटिनलुस्त टी (20214) मानसिक स्वास्थ्य। चंद्रकांत जे. (2022)ने मानसिक स्वास्थ्य एवं विपश्यना ध्यान। नमिता के. जे. (2022) में मानसिक स्वास्थ्य। सिंह (202.2) मे बनाव राजेन्द्र एवं अन्य (2022) ने योगाभ्यास करने से आत्म हत्या, एवं परीक्षा तनात में कमी आती है। उपरोक्त समीक्षा के पश्चात पाया गया कि'अभी तक योगाभ्यासी एवं योग नहीं करने वाले विद्यार्थियों के मानसिक स्वास्थ्य पर अध्ययन नही हुआ इसलिए प्रस्तुत अध्ययन की आवश्यकता प्रतीत होती है।'

अध्ययन के उद्देश्य:

1. माध्यमिक स्तर के योगाभ्यासी विद्यार्थियो व गैर योगाभ्यासी विद्यार्थियो के मानसिक स्वास्थ्य की तुलना करना।
2. माध्यमिक स्तर के योगाभ्यासी छात्रों एवं गैर योगाभ्यासी छात्रों की मानसिक स्वास्थ्य की तुलना करना।
3. माध्यमिक स्तर के योगाभ्यासी छात्राओं एवं गैर योगाभ्यासी छात्राओं की मानसिक स्वास्थ्य की तुलना करना।
4. माध्यमिक स्तर के योगाभ्यासी छात्रों एवं गैर योगाभ्यासी छात्राओं की मानसिक स्वास्थ्य की तुलना करना।
5. माध्यमिक स्तर के गैर योगाभ्यासी छात्रों एवं योगाभ्यासी छात्राओं की मानसिक स्वास्थ्य में कोई सार्थक अंतर नहीं है।
6. माध्यमिक स्तर के योगाभ्यासी छात्रों व योगाभ्यासी छात्राओं की मानसिक स्वास्थ्य की तुलना करना।
7. माध्यमिक स्तर के गैर योगाभ्यासी छात्रों व गैर योगाभ्यासी छात्राओं की मानसिक स्वास्थ्य की तुलना करना।

अध्ययन की परिकल्पना:

1. माध्यमिक स्तर के योगाभ्यासी विद्यार्थियों एवं गैर योगाभ्यासी विद्यार्थियों की मानसिक स्वास्थ्य में कोई सार्थक अंतर नहीं है।
2. माध्यमिक स्तर के योगाभ्यासी छात्रों एवं गैर योगाभ्यासी छात्रों की मानसिक स्वास्थ्य में कोई सार्थक अंतर नहीं है।
3. माध्यमिक स्तर के योगाभ्यासी छात्राओं एवं गैर योगाभ्यासी छात्राओं की मानसिक स्वास्थ्य में कोई सार्थक अंतर नहीं है।
4. माध्यमिक स्तर के योगाभ्यासी छात्रों एवं गैर योगाभ्यासी छात्राओं की मानसिक स्वास्थ्य में कोई सार्थक अंतर नहीं है।
5. माध्यमिक स्तर के गैर योगाभ्यासी छात्रों एवं योगाभ्यासी छात्राओं की मानसिक स्वास्थ्य में कोई सार्थक अंतर नहीं है।
6. माध्यमिक स्तर के योगाभ्यासी छात्रों व योगाभ्यासी छात्राओं की मानसिक स्वास्थ्य में कोई सार्थक अंतर नहीं है।
7. माध्यमिक स्तर के गैर योगाभ्यासी छात्रों व गैर योगाभ्यासी छात्राओं की मानसिक स्वास्थ्य में कोई सार्थक अंतर नहीं है।

शोध सीमाकंन – प्रस्तुत अध्ययन देहरादून एवं हरिद्धार जिले के माध्यमिक स्तर के योगाभ्यासी विद्यार्थियो एव गैर योगाभ्यासी विद्यार्थियो पर किया गया सडअ

शोध प्रविधि

शोध विधि – प्रस्तुत अध्ययन में वर्णनात्मक सर्वेक्षण विधि का प्रयोग किया गया है।

न्यादर्श विधि एवं न्यादर्शन– शोध कार्य में न्यादर्श हेतु देहरादून एवं हरिद्धार जनपद में संचालित माध्यमिक स्तर के विद्यालय का चयन लॉटरी विधी से किया गया शोध ने विद्यालयों की प्रकृति के आधार पर छात्र-छात्राओं का चयन अस्तरीकृत यादृच्छिक विधि का प्रयोग कर 400 छात्र-छात्राओं चयन किया गया।

उपकरण – प्रस्तुत शोध अध्ययन में शोधकर्ता द्धारा शोध उपकरण प्रस्तुत अध्ययन हेतु तथ्यो के एकत्रीकरण हेतु मैंटल हैल्थ बैटरी (2000) अरूण कुमार सिह एवं अल्पना सैन गुप्ता निर्मित उपकरण का प्रयोग किया किया गया है यह उपकरण प्रमाणिक है।

प्रदत्तों का संकलन एवं अंकन – न्यादर्श के रूप में लिये गये माध्यमिक स्तर के विद्यार्थियों को निर्देशित करने के उपरान्त मैटल हैल्थ बैटरी को उपकरण में मानसिक स्वास्थ्य के छह घटकों जैसे भावात्मक स्थिरता, स्व-अनुशासन, स्वायतता, सुरक्षा-असुरक्षा, आत्मप्रत्यय,एवं बुद्धि पर 130 कथन भरवा कर आंकडों को एकत्रित किया गया। प्रत्येक सही कथन पर एक अंक और गलत पर कथन पर शून्य अंक प्रदान किया गया।

प्रयुक्त सांख्यिकी –प्रस्तुत शोध अध्ययन में मध्यमान, मानक-विचलन, तथा टी-परीक्षण सांख्यिकीय प्रविधियो का प्रयोग किया गया है।

परिकल्पना 1 माध्यमिक स्तर के योगाभ्यासी विद्यार्थियों एवं गैर योगाभ्यासी विद्यार्थियों की मानसिक स्वास्थ्य में कोई सार्थक अंतर नहीं है। माध्यमिक स्तर के योगाभ्यासी विद्यार्थियों व गैर योगाभ्यासी विद्यार्थियों की मानसिक स्वास्थ्य मध्यमानों का क्रान्तिक-अनुपात दर्शाने वाली **तालिका -1 (अन्तिम पृष्ठ पर देखे)**

तालिका 1 के अवलोकन से स्पष्ट होता है कि माध्यमिक स्तर के 200 योगाभ्यासी विद्यार्थियों एवं 200 गैर योगाभ्यासी विद्यार्थियों की मानसिक स्वास्थ्य संबंधी फलांकों का मध्यमान क्रमश: 86.2 तथा 84.36 एवं प्रमाणिक विचलन क्रमश: 7.19 तथा 8.43प्राप्त हुआ। माध्यमिक स्तर के योगाभ्यासी विद्यार्थियों व गैर योगाभ्यासी विद्यार्थियों की मानसिक स्वास्थ्य के मध्य सार्थक अन्तर की जाँच के लिए क्रान्तिक अनुपात की गणना की गयीं। जिसमे परिगणित क्रान्तिक-अनुपात का मान 1.86 पाया गया। जो कि मुक्तांश 398 पर 0.05 सार्थकता स्तर के सारणिक मान 1.96 से कम

है। अर्थात माध्यमिक स्तर के योगाभ्यासी विद्यार्थियों व गैर योगाभ्यासी विद्यार्थियों की मानसिक स्वास्थ्य मे समानता पायी गयी। निष्कर्ष के रूप में माध्यमिक स्तर के योगाभ्यासी विद्यार्थियों व गैर योगाभ्यासी विद्यार्थियों की मानसिक स्वास्थ्य के मध्य सार्थक अन्तर नही पाया गया। अत: इससे सम्बन्धित शून्य परिकल्पना 'माध्यमिक स्तर के योगाभ्यासी विद्यार्थियों व गैर योगाभ्यासी विद्यार्थियों की मानसिक स्वास्थ्य के मध्य सार्थक अन्तर नही होता है' को स्वीकृत किया जाता' है।

परिकल्पना 2 माध्यमिक स्तर के योगाभ्यासी व गैर योगाभ्यासी छात्रों की मानसिक स्वास्थ्य में कोई सार्थक अंतर नहीं है।

माध्यमिक स्तर के योगाभ्यासी व गैर योगाभ्यासी छात्रों की मानसिक स्वास्थ्य के मध्यमानों का क्रान्तिक-अनुपात दर्शाने वाली

तालिका- 2 (अन्तिम पृष्ठ पर देखे)

तालिका 2 के अवलोकन से स्पष्ट होता है कि माध्यमिक स्तर के 100 योगाभ्यासी छात्रो एवं 100 गैर योगाभ्यासी छात्रों की मानसिक स्वास्थ्य संबंधी फलांकों का मध्यमान क्रमश: 85.86 तथा 82.57 एवं प्रमाणिक विचलन क्रमश: 6.81 तथा 10.97 प्राप्त हुआ। माध्यमिक स्तर के योगाभ्यासी व गैर योगाभ्यासी छात्रों की मानसिक स्वास्थ्य के मध्य सार्थक अन्तर की जाँच के लिए क्रान्तिक अनुपात की गणना की गयीं। जिसमे परिगणित क्रान्तिक-अनुपात का मान 2.54 पाया गया। जो कि मुक्तांश 198 पर 0.05 सार्थकता स्तर के सारणिक मान 1.96 से अधिक है। अर्थात माध्यमिक स्तर के योगाभ्यासी व गैर योगाभ्यासी छात्रों की मानसिक स्वास्थ्य मे असमानता पायी गयी। निष्कर्ष के रूप में माध्यमिक स्तर के योगाभ्यासी व गैर योगाभ्यासी छात्रों की मानसिक स्वास्थ्य के मध्य सार्थक अन्तर पाया गया। अत: इससे सम्बन्धित शून्य परिकल्पना 'माध्यमिक स्तर के योगाभ्यासी व गैर योगाभ्यासी छात्रों की मानसिक स्वास्थ्य के मध्य सार्थक अन्तर नही होता है' को अस्वीकृत किया जाता' है।

परिकल्पना 3 माध्यमिक स्तर के योगाभ्यासी व गैर योगाभ्यासी छात्राओं की मानसिक स्वास्थ्य में कोई सार्थक अंतर नहीं है।

माध्यमिक स्तर के योगाभ्यासी छात्राओं व गैर योगाभ्यासी छात्राओं की मानसिक स्वास्थ्य में के मध्यमानों का क्रान्तिक-अनुपात दर्शाने वाली

तालिका 3 (अन्तिम पृष्ठ पर देखे)

तालिका 3 के अवलोकन से स्पष्ट होता है कि माध्यमिक स्तर के 100 योगाभ्यासी छात्राओं एवं 100 गैर योगाभ्यासी छात्राओं की मानसिक स्वास्थ्य संबंधी फलांकों का मध्यमान क्रमश: 85.76तथा 144.23 एवं प्रमाणिक विचलन क्रमश: 6.96 तथा 6.01 प्राप्त हुआ। माध्यमिक स्तर के योगाभ्यासी व गैर योगाभ्यासी छात्राओं की मानसिक स्वास्थ्य के मध्य सार्थक अन्तर की जाँच के लिए क्रान्तिक अनुपात की गणना की गयीं। जिसमे परिगणित क्रान्तिक-अनुपात का मान 2.167 पाया गया। जो कि मुक्तांश 198 पर 0.05 सार्थकता स्तर के सारणिक मान 1.96 से अधिक है। अर्थात माध्यमिक स्तर के योगाभ्यासी व गैर योगाभ्यासी छात्राओं की मानसिक स्वास्थ्य मे असमानता पायी गयी। निष्कर्ष के रूप में माध्यमिक स्तर के योगाभ्यासी व गैर योगाभ्यासी छात्राओं की मानसिक स्वास्थ्य के मध्य सार्थक अन्तर पाया गया। अत: इससे सम्बन्धित शून्य परिकल्पना 'माध्यमिक स्तर के योगाभ्यासी व गैर योगाभ्यासी छात्राओं की मानसिक स्वास्थ्य के मध्य सार्थक अन्तर नही होता है' को अस्वीकृत किया जाता' है।

परिकल्पना 4- माध्यमिक स्तर के योगाभ्यासी छात्रों एवं गैर योगाभ्यासी छात्राओं की मानसिक स्वास्थ्य में कोई सार्थक अंतर नहीं है।

माध्यमिक स्तर के योगाभ्यासी छात्रों व गैर योगाभ्यासी छात्राओं की मानसिक स्वास्थ्य मध्यमानों का क्रान्तिक-अनुपात दर्शाने वाली

तालिका -4 (अन्तिम पृष्ठ पर देखे)

तालिका संख्या 4 के अवलोकन से स्पष्ट होता है कि माध्यमिक स्तर के 100 योगाभ्यासी छात्रों एवं 100 गैर योगाभ्यासी छात्राओं की मानसिक स्वास्थ्य संबंधी फलांकों का मध्यमान क्रमश: 85.86 तथा 85.76 एवं प्रमाणिक विचलन क्रमश: 6.84 तथा 6.01 प्राप्त हुआ। माध्यमिक स्तर के योगाभ्यासी छात्रों व गैर छात्राओं की मानसिक स्वास्थ्य के मध्य सार्थक अन्तर की जाँच के लिए क्रान्तिक अनुपात की गणना की गयीं। जिसमे परिगणित क्रान्तिक-अनुपात का मान 2.526 पाया गया। जो कि मुक्तांश 198 पर 0.05 सार्थकता स्तर के सारणिक मान 1.96 से अधिक है। अर्थात माध्यमिक स्तर के योगाभ्यासी छात्रों व गैर छात्राओं की मानसिक स्वास्थ्य मे असमानता पायी गयी। निष्कर्ष के रूप में माध्यमिक स्तर के योगाभ्यासी छात्रों व गैर छात्राओं की मानसिक स्वास्थ्य के मध्य सार्थक अन्तर पाया गया। अत: इससे सम्बन्धित शून्य परिकल्पना 'माध्यमिक स्तर के योगाभ्यासी छात्रों व गैर छात्राओं की मानसिक स्वास्थ्य के मध्य सार्थक अन्तर नही होता है' को अस्वीकृत किया जाता है।

परिकल्पना 5-माध्यमिक स्तर कीं गैर योगाभ्यासी छात्रों एवं योगाभ्यासी छात्राओं की मानसिक स्वास्थ्य में कोई सार्थक अंतर नहीं है।

माध्यमिक स्तर के योगाभ्यासी छात्रों व गैर छात्राओं की मानसिक स्वास्थ्य मध्यमानों का क्रान्तिक-अनुपात दर्शाने वाली

तालिका -5 (अन्तिम पृष्ठ पर देखे)

तालिका संख्या 5 के अवलोकन से स्पष्ट होता है कि माध्यमिक स्तर के 100 गैर योगाभ्यासी छात्रों एवं 100 योगाभ्यासी छात्राओं की मानसिक स्वास्थ्य संबंधी फलांकों का मध्यमान क्रमश: 82.57 तथा 85.76 एवं प्रमाणिक विचलन क्रमश: 10.97 तथा 6.96 प्राप्त हुआ। माध्यमिक स्तर कीं गैर योगाभ्यासी छात्रों एवं योगाभ्यासी छात्राओं की मानसिक स्वास्थ्य के मध्य सार्थक अन्तर की जाँच के लिए क्रान्तिक अनुपात की गणना की गयीं। जिसमे परिगणित क्रान्तिक-अनुपात का मान 2.455 पाया गया। जो कि मुक्तांश 198 पर 0.05 सार्थकता स्तर के सारणिक मान 1.96 से अधिक है। अर्थात माध्यमिक स्तर कीं गैर योगाभ्यासी छात्रों एवं योगाभ्यासी छात्राओं की मानसिक स्वास्थ्य मे असमानता पायी गयी। निष्कर्ष के रूप में माध्यमिक स्तर कीं गैर योगाभ्यासी छात्रों एवं योगाभ्यासी छात्राओं की मानसिक स्वास्थ्य के मध्य सार्थक अन्तर पाया गया। अत: इससे सम्बन्धित शून्य परिकल्पना 'माध्यमिक स्तर कीं गैर योगाभ्यासी छात्रों एवं योगाभ्यासी छात्राओं की मानसिक स्वास्थ्य के मध्य सार्थक अन्तर नही होता है' को अस्वीकृत किया जाता है।

परिकल्पना 6 माध्यमिक स्तर के योगाभ्यासी छात्रों व योगाभ्यासी छात्राओं की मानसिक स्वास्थ्य में कोई सार्थक अंतर नहीं है।

माध्यमिक स्तर के योगाभ्यासी छात्रों व योगाभ्यासी छात्राओं की मानसिक स्वास्थ्य मध्यमानों का क्रान्तिक-अनुपात दर्शाने वाली

तालिका -6 (अन्तिम पृष्ठ पर देखे)

तालिका संख्या 6 के अवलोकन से स्पष्ट होता है कि माध्यमिक स्तर के 100 योगाभ्यासी छात्रों एवं 100 गैर योगाभ्यासी छात्राओं की मानसिक स्वास्थ्य संबंधी फलांकों का मध्यमान क्रमश: 85.86 तथा 85.76 एवं

प्रमाणिक विचलन क्रमश: 6.84 तथा 6.96 प्राप्त हुआ। माध्यमिक स्तर के योगाभ्यासी छात्रों व गैर छात्राओं की मानसिक स्वास्थ्य के मध्य सार्थक अन्तर की जाँच के लिए क्रान्तिक अनुपात की गणना की गयीं। जिसमे परिगणित क्रान्तिक-अनुपात का मान 0.102 पाया गया। जो कि मुक्तांश 198 पर 0.05 सार्थकता स्तर के सारणिक मान 1.96 से कम है। अर्थात माध्यमिक स्तर के योगाभ्यासी छात्रों व गैर छात्राओं की मानसिक स्वास्थ्य मे समानता पायी गयी। निष्कर्ष के रूप में माध्यमिक स्तर के योगाभ्यासी छात्रों व गैर छात्राओं की मानसिक स्वास्थ्य के मध्य सार्थक नही अन्तर पाया गया। अत: इससे सम्बन्धित शून्य परिकल्पना 'माध्यमिक स्तर के योगाभ्यासी छात्रों व गैर छात्राओं की मानसिक स्वास्थ्य के मध्य सार्थक अन्तर नही होता है' को स्वीकृत किया जाता' है।

परिकल्पना-7 माध्यमिक स्तर के गैर योगाभ्यासी छात्रों व गैर योगाभ्यासी छात्राओं की मानसिक स्वास्थ्य में कोई सार्थक अंतर नहीं है।

माध्यमिक स्तर के योगाभ्यासी छात्रों व गैर छात्राओं की मानसिक स्वास्थ्य मध्यमानों का क्रान्तिक-अनुपात दर्शाने वाली

तालिका -7 (अन्तिम पृष्ठ पर देखे)

तालिका संख्या 7 के अवलोकन से स्पष्ट होता है कि माध्यमिक स्तर के 100 गैर योगाभ्यासी छात्र एवं 100 गैर योगाभ्यासी छात्राओं की मानसिक स्वास्थ्य संबंधी फलांकों का मध्यमान क्रमश: 82.57 तथा 83.56 एवं प्रमाणिक विचलन क्रमश: 10.97 तथा 6.01 प्राप्त हुआ। माध्यमिक स्तर के गैर योगाभ्यासी छात्रों व गैर योगाभ्यासी छात्राओं की मानसिक स्वास्थ्य के मध्य सार्थक अन्तर की जाँच के लिए क्रान्तिक अनुपात की गणना की गयीं। जिसमे परिगणित क्रान्तिक-अनुपात का मान 0.791 पाया गया। जो कि मुक्तांश 198 पर 0.05 सार्थकता स्तर के सारणिक मान 1.96 से कम है। अर्थात माध्यमिक स्तर के गैर योगाभ्यासी छात्रों व गैर योगाभ्यासी छात्राओं की मानसिक स्वास्थ्य मे समानता पायी गयी। निष्कर्ष के रूप में माध्यमिक स्तर के गैर योगाभ्यासी छात्रों व गैर योगाभ्यासी छात्राओं की मानसिक स्वास्थ्य के मध्य सार्थक अन्तर नही पाया गया। अत: इससे सम्बन्धित शून्य परिकल्पना 'माध्यमिक स्तर के योगाभ्यासी छात्रों व गैर छात्राओं की मानसिक स्वास्थ्य के मध्य सार्थक अन्तर नही होता है' को स्वीकृत किया जाता' है।

निष्कर्ष- माध्यमिक स्तर के 200 योगाभ्यासी विद्यार्थियों एवं 200 गैर योगाभ्यासी विद्यार्थियों की मानसिक स्वास्थ्य मे परिगणित क्रान्तिक-अनुपात का मान 1.86पाया गया। जो कि मुक्तांश 398 पर 0.05 सार्थकता स्तर के सारणिक मान 1.96 से कम है। निष्कर्ष के रूप में माध्यमिक स्तर के योगाभ्यासी विद्यार्थियों व गैर योगाभ्यासी विद्यार्थियों की मानसिक स्वास्थ्य के मध्य सार्थक अन्तर नही पाया गया।

माध्यमिक स्तर के 100 योगाभ्यासी छात्रो एवं 100 गैर योगाभ्यासी छात्रों की मानसिक स्वास्थ्य मे परिगणित क्रान्तिक-अनुपात का मान 2.54 पाया गया। जो कि मुक्तांश 198 पर 0.05 सार्थकता स्तर के सारणिक मान 1.96 से अधिक है। निष्कर्ष के रूप में माध्यमिक स्तर के योगाभ्यासी व गैर योगाभ्यासी छात्रों की मानसिक स्वास्थ्य के मध्य सार्थक अन्तर पाया गया।

माध्यमिक स्तर के 100 योगाभ्यासी छात्राओं एवं 100 गैर योगाभ्यासी छात्राओं की मानसिक स्वास्थ्य संबंधी फलांकों का परिगणित क्रान्तिक-अनुपात का मान 2.167 पाया गया। जो कि मुक्तांश 198 पर 0.05 सार्थकता स्तर के सारणिक मान 1.96 से अधिक है। निष्कर्ष के रूप में माध्यमिक स्तर के योगाभ्यासी व गैर योगाभ्यासी छात्राओं की मानसिक स्वास्थ्य के मध्य सार्थक अन्तर पाया गया।

माध्यमिक स्तर के 100 योगाभ्यासी छात्रों एवं 100 गैर योगाभ्यासी छात्राओं की मानसिक स्वास्थ्य संबंधी फलांकों का परिगणित क्रान्तिक-अनुपात का मान 2.526 पाया गया। जो कि मुक्तांश 198 पर 0.05 सार्थकता स्तर के सारणिक मान 1.96 से अधिक है। निष्कर्ष के रूप में माध्यमिक स्तर के योगाभ्यासी छात्रों व गैर छात्राओं की मानसिक स्वास्थ्य के मध्य सार्थक अन्तर पाया गया।

माध्यमिक स्तर के 100 गैर योगाभ्यासी छात्रों एवं 100 योगाभ्यासी छात्राओं की मानसिक स्वास्थ्य संबंधी फलांकों का परिगणित क्रान्तिक-अनुपात का मान 2.455 पाया गया। जो कि मुक्तांश 198 पर 0.05 सार्थकता स्तर के सारणिक मान 1.96 से अधिक है। निष्कर्ष के रूप में माध्यमिक स्तर कीं गैर योगाभ्यासी छात्रों एवं योगाभ्यासी छात्राओं की मानसिक स्वास्थ्य के मध्य सार्थक अन्तर पाया गया।

माध्यमिक स्तर के 100 योगाभ्यासी छात्रों एवं 100 गैर योगाभ्यासी छात्राओं की मानसिक स्वास्थ्य संबंधी फलांकों का परिगणित क्रान्तिक-अनुपात का मान 0.102 पाया गया। जो कि मुक्तांश 198 पर 0.05 सार्थकता स्तर के सारणिक मान 1.96 से कम है। निष्कर्ष के रूप में माध्यमिक स्तर के योगाभ्यासी छात्रों व गैर छात्राओं की मानसिक स्वास्थ्य के मध्य सार्थक अन्तर नही पाया गया।

माध्यमिक स्तर के 100 गैर योगाभ्यासी छात्र एवं 100 गैर योगाभ्यासी छात्राओं की मानसिक स्वास्थ्य संबंधी फलांकों का परिगणित क्रान्तिक-अनुपात का मान 0.791 पाया गया। जो कि मुक्तांश 198 पर 0.05 सार्थकता स्तर के सारणिक मान 1.96 से कम है। निष्कर्ष के रूप में माध्यमिक स्तर के गैर योगाभ्यासी छात्रों व गैर योगाभ्यासी छात्राओं की मानसिक स्वास्थ्य के मध्य सार्थक अन्तर नही पाया गया।

सन्दर्भ ग्रन्थ सूची:-

1. Banerjee, S. (2011). Effect of various counselling strategies on academic stress of secondary Level students. Unpublished Ph.D. Thesis, Punjab University, Chandigarh.
2. Batni devi and Meetu (2003) Effectiveness of selected yogic ezercise on anziey and adjustment of eleventh grades. Recent Research in Education and psychology, vol 8 (1) 85-88.
3. बेरॉन (1992) सन्दर्भित सामान्य मनोविज्ञान, अरूण कुमार सिंह (2010)दिल्ली मोतीलात बनारसी दास, पृ0 संख्या 754-756।
4. Bhuyan, B., & Mishra, P. K. (2019) Effects of yoga on performance in a letter-cancellation task under academic examination stress.
5. Bisht, A.R. (1980). A study of stress in relation to school climate and academic achievement (age group 13-17). Unpublished doctoral thesis, Education, kumaon university.
6. Chandrakanth J. (2022) The Impact of Vipasana Meditation on Mental Health and Life Stress The International Journal of Indian Psychology ISSN 2348-5396 | ISSN: 2349-3429 (Print) Volume 10, Issue 1,

January- March, 2022 https://www.ijip.in © 2022

7. गुप्ता एवं गुप्ता, (2008), शिक्षा के मनोवैज्ञानिक आधार, शारदा पुस्तक भवन, इलाहाबाद।
8. https://theyogainstitute.org/how-can-yoga-help-students-alleviate-examination-stress-and-make-them-perform-better/
9. J. V. Rama Chandra Rao (2015). Academic Stress among Adolescent Students, Conflux Journal ofEducation, ISSN 2320-9305 E-ISSN 2347-5706 vol 2(9). http://cjoe.naspublishers.com/
10. कुमार, एस. एवं लखेड़ा एस. (2020) उच्च माध्यमिक स्तर में अध्ययनरत् योगाभ्यासी एवं गैर–योगाभ्यासी विद्यार्थियों के मानसिक स्वास्थ्य, समायोजन एवं शैक्षिक तनाव में तुलनात्मक अध्ययन, शोधप्रबन्ध, हे0न0ब0 गढ़वाल वि0वि0 श्रीनगर।
11. Krishan, L. (2014). Academic Stress among Adolescent In Relation To Intelligence and DemographicFactors, American International Journal of Research In Humanities, Arts And Social Sciences, ISSN (print): 2328-3734, ISSN (online): 2328-3696, ISSN (cd-rom): 2328- 3688 pp123-129.
12. मुछाल, एम0 के0 (2004) योग के वैज्ञानिक पहलू, योजना, वोल्यूम 52 न0 2।
13. मुछाल, एम0 के0 (2005) मानसिक अवसाद एवं योग, योजना, वोल्यूम 49 न0 2।
14. मुछाल, एम0 के0 (2006) तनाव मुक्ति में योग, योजना, वोल्यूम, प्रकाशन विभाग, नई दिल्ली वर्ष, 51 न0 1।
15. मुछाल, एम0 के0 (2009) प्राणायाम: रोगोपचार की सामर्थ्यदायी प्रक्रिया, योजना प्रकाशन, विभाग नई दिल्ली, वोल्यूम 52 न0 2।
16. मुछाल महेश कुमार एवं पँवार विजय (2022) ने कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय में अध्ययनरत बालिकाओं के परीक्षा तनाव पर यौगिक क्रियाओं के प्रभाव का अध्ययन Naveen Shodh Sansar (An International Refereed/ Peer Review Research Journal) ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Cosmos Impact Factor - 6.780 October to December 2022, E-Journal, Vol. I, Issue XL
17. Nimitha. K J (2022) COVID 19 and its impact on Geriatric mental health in India The International Journal of Indian Psychology ISSN 2348-5396 | ISSN: 2349-3429 (Print) Volume 10, Issue 1, January- March, 2022 https://www.ijip.in © 2022
18. मनानी, प्रीति एवं गौतम, मुकेश कुमार (2011) एग्जामिनेशन एन्जाइटी एज ए डिटरमेन्ट ऑफ डिप्रेशन एण्ड सुसाइडल आइडिएशन एट हायर सकेण्डरी लेवल फोर्थ एनुअल इश्यु डी0 ई0 आई0 फोएरा पृ0 149–150।
19. Rajendran, V. G., Jayalalitha, S., & Adalarasu, K. (2022). EEG Based Evaluation of Examination Stress and Test Anxiety Among College Students. *Irbm*, *43*(5), 349-361.
20. Rani, J.N. and Rao, K.V.P. (2005) Impact of yoga training on body image and depression Andhra Unversity, Vishkhapatnam Psychological Studies, Vol 50(1)98-100.
21. राय, पी. एन., (2007). अनुसंधान परिचय, आगरा, लक्ष्मी नारायण अग्रवाल, आगरा प्रकाशन, आगरा।
22. सिंह, ए.के. (2009). मनोविज्ञान समाजशास्त्र तथा शिक्षा में शोध विधियाँ, मोतीलाल बनारसी दास प्रकाशन, दिल्ली।
23. सिंह, जोगेन्दर (2012) नो टेशन, अमर उजाला(उडान), आगरा संस्करण 08 फरवरी पृ0 1।
24. शर्मा श्रीराम 'व्यक्तित्व विकास हेतु उच्च स्तरीय साधनाएँ', अखंड ज्योति संस्थान मथुरा संस्करण द्धितीय वर्ष 1998
25. सिंगल, पी0 (2021) विद्यार्थियों को परीक्षा में अगर अच्छें नंबरों से होना है पास तो इन बातों का का रखें विशेष ध्यान, जीवन उत्साह https://www.jeevanutsahnews.in/?p=46119
26. Singh, R. (2022). A comparative study on effects of yoga and physical workout on psycho-physiological variables during examination stress in senior secondary school students.
27. Shteinlukht, T. (2021). COVID-19 Pandemia Impact on Mental Health of Older Adults and Possible Treatment Options. The American Journal of Geriatric Psychiatry, 29(4), S102-S103. https://doi.org/10.1016/j.jagp.2021.01.098

तालिका –1

समूह	N	M	SD	क्रान्तिक अनुपात CR	सार्थकता स्तर	
					0.01 स्तर पर	0.05 स्तर पर
योगाभ्यासी	200	86.2	7.19	1.86		सार्थक
गैर योगाभ्यासी	200	84.36	8.43			

तालिका–2

समूह	N	M	SD	क्रान्तिक अनुपात CR	सार्थकता स्तर
योगाभ्यासी छात्रो	100	85.86	6.81	2.544	0.05 सार्थकता स्तर पर असार्थक
गैर योगाभ्यासी छात्रों	100	82.57	10.97		

तालिका –3

समूह	N	M	SD	क्रान्तिक अनुपात CR	सार्थकता स्तर
योगाभ्यासी छात्राओं	100	85.76	6.96	2.167	0.05 सार्थकता स्तर पर सार्थक
गैर योगाभ्यासी छात्राओं	100	83.56	6.01		

तालिका –4

समूह	N	M	SD	क्रान्तिक अनुपात CR	सार्थकता स्तर
योगाभ्यासी छात्रों	100	85.86	6.84	2.526	0.05 सार्थकता स्तर पर सार्थक S
गैर योगाभ्यासी छात्राओं	100	83.56	6.01		

तालिका –5

समूह	N	M	SD	क्रान्तिक अनुपात CR	सार्थकता स्तर
गैर योगाभ्यासी छात्रों	100	82.57	10.97	2.455	0.05सार्थकता स्तर पर सार्थक S
योगाभ्यासी छात्राओं	100	85.76	6.96		

तालिका –6

समूह	N	M	SD	क्रान्तिक अनुपात CR	सार्थकता स्तर
योगाभ्यासी छात्रों	100	85.86	6.84	0.102	0.01सार्थकता स्तर पर असार्थक NS
गैर योगाभ्यासी छात्राओं	100	85.76	6.96		

तालिका –7

समूह	N	M	SD	क्रान्तिक अनुपात CR	सार्थकता स्तर
गैर योगाभ्यासी छात्र	100	82.57	10.97	0.791	0.05सार्थकता स्तर पर असार्थक NS
गैर योगाभ्यासी छात्राओं	100	83.56	6.01		

****

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed / Peer Review Research Journal)
RNI No.- MPHIN/2013/60638, ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Scientific Journal Impact Factor (SJIF)- 7.671
April to June 2023, E-Journal, Vol. I, Issue XLII

कामकाजी महिलाओं का दोहरे दायित्व का अध्ययन

डॉ. शिल्पा राजपूत *

* (राजनीति विज्ञान) 9, नेता जी मार्ग, केवल पार्क, आजादपुर, दिल्ली, भारत

प्रस्तावना – साधारणतय: कामकाजी महिला का अर्थ उन महिलाओं से लिया जाता है, जो घर से बाहर निकलकर नौकरी करती हैं। कहते हैं कि आत्मनिर्भर होकर वे परिवार व समाज के विकास में आवश्यक योगदान करती हैं। साधारणतौर पर समृद्ध परिवारों की महिलाएँ ज्यादातर बुद्धिजीवी वर्ग से सम्बन्धित काम से जुड़ी होती है। इसी तरह उच्च, मध्यम परिवार की महिलाएँ राजनीति, व्यापार और उद्योग आदि क्षेत्रों को चुनती है तो मध्यम परिवार की ज्यादातर महिलाएँ नौकरियों में जाती है। निम्न, मध्यम परिवार की महिलाएँ कारखानों से लेकर सरकारी और निजी क्षेत्र के दफ्तरों में काम करती है।

वैसे तो यह अंदाजा लगाया जाता है कि भारतीय महिलाएँ औसतन अठारह घण्टे काम करती है। इनके ऊपर अब तो परिवार के भरण-पोषण से लेकर आजीविका चलाने की भी जिम्मेदारी शामिल है। देखा जाए तो आम गृहणी की तुलना में कामकाजी महिलाओं का उत्तरदायित्व अधिक होता है। घर की जिम्मेदारियों (कार्यों) को सम्भालने के साथ-साथ उन्हें दफ्तर का कार्य भी देखना पड़ता है। सुबह के समय जब और लोग सोते रहते हैं तब महिलाएँ अपनी जिम्मेदारियों को निभाती है। वे अपने उत्तरदायित्वों को पूरा कर दफ्तर के लिए तैयार होती है और कई जटिल समस्याओं का सामना करते हुए आगे बढ़ती हैं।

आज महिलाएँ सिर्फ घर की चारदीवारी तक ही सीमित नहीं है, बल्कि एक साथ दो कर्त्तव्य का पालन कर रही हैं। पहला तो परिवार के प्रति और दूसरा समाज के प्रति महिलाएँ घर की दहलीज से अपना कदम बाहर निकाल कर जीवन के कई क्षेत्रों में पर्दापण कर देश सेवा के कार्य में तन्मयता से जुटी हुई हैं। आज वे डॉक्टर, इंजीनियर, पायलेट, वकील, प्रशासक, प्रोफेसर, शिक्षिका, सेना, पुलिस और अन्य विभागों में कर्मचारी के रूप में अपनी सेवाएँ प्रदान कर रही हैं। वो अलग-अलग क्षेत्रों में अलग-अलग भूमिका निभाती नजर आती हैं।

महिला के बढ़ते कदम – आज की नारी सही मायने में आत्मनिर्भर नारी है। उसने अपनी दुर्बलताओं को दूर करके कोशिश की है। उसने अपनी एक विशेष पहचान इस समाज के सामने पेश की है जिसमें वह साहसी, परिपक्व, सहिष्णु तथा एक मजबूत इरादे रखने वाली महिला के रूप में उभर कर आई है। उसने अपनी सूझ-बूझ तथा समझदारी से अपनी इस पहचान के अलाव प्रज्जवलित किया हुआ है। आज की महिलाएँ निर्बाध रूप से आगे बढ़ रही है :-

1. आज की महिलाएँ अपने दोहरे रूप से आगे बढ़ रही है। एक तरफ वह कैरियर वूमन का खिताब हासिल किए है दूसरी ओर वह होम मेकर का खिताब हासिल करके सुपर वूमन के रूप में उभर कर सामने आ रही है।
2. आज की आधुनिक नारी ने अपनी संकीर्ण मानसिकता को त्याग कर स्वयं में आत्मविश्वास पैदा कर लिया है। वह सहलशीलता के गुण को भी पहचान गई है।
3. आधुनिक महिलाएँ अपने जीवन में सकारात्मक हो रही है। तथा अपने जीवन को खुशहाल बना रही हैं। वे कामकाज के साथ-साथ अपनी सेहत का भी ध्यान रखती हैं।

यहाँ यह तथ्य प्रस्तुत करना सामयिक है कि एक अनुमान के अनुसार 70 से 85 प्रतिशत महिलाएँ आज डिप्रेशन यानी तनाव का शिकार हैं, यह बीमारी धीरे-धीरे भयानक रूप लेती जा रही है। 25 से 50 की उम्र की महिलाओं में यह समस्या आम हो गयी है। इसका प्रमुख कारण है उन पर दोहरे कार्यका दबाव या दोहरी जिम्मेदारियाँ इस होड़ के चलते एक डर उनके इर्द-गिर्द सदैव मंडराता रहता है कि कहीं वे किसी भी कार्य में कोई चूक ने कर दे या ना हो जाए। शायद तो नहीं कर सकते परंतु चुनौती भरा माहौल उन्हें सदैव उत्तेजित करता रहता है।

भारत में कामकाजी महिलाओं की स्थिति – भारत में यह स्थिति ज्यादा गम्भीर है। एक और तथ्य सामने आया है कि जो महिलाएँ नियमित तौर से काम कर रही है उनके बच्चों की संख्या भी कम है। ऐसी महिलाओं की प्रजनन दर दस साल पहले 3.3 फीस के स्तर पर बनी हुई है। ये आंकड़े बता रहे है कि कामकाजी महिलाएँ दबाव में है। पर क्या यह किसी भी समाज के लिए अच्छी स्थिति कही जा सकती है।

वैश्विक स्तर पर कामकाजी महिलाओं की स्थिति- अंतर्राष्ट्रीय श्रम संगठन (आइ.एल.ओ.) ने 1919 में अपनी स्थापना के बाद से ही संस्थागत नौकरियों में महिलाओं की सहभागिता को अपनी स्थापना के बाद से ही संस्थागत नौकरियों में महिलाओं की सहभागिता को अपनी प्रस्तावना में शामिल किया था। इसके सौ साल बाद अप्रैल 2019 में आइ. एल. ओ. ने दुनिया भर में कामकाजी महिलाओं के बारे में जारी विस्तृत रिर्पोट में हैरान करने वाले तथ्य सामने रखे है। इस रिपोर्ट में कहा गया है कि 2005-2015 के बीच 'मदरहुड एंप्लॉयमेन्ट पेनल्टी' यानी माँ बनने की वजह से नौकरी नहीं कर पाने की संभावना में 38.4 फीसदी की बढ़ोत्तरी हुई है।

इस तथ्य की पुष्टि हाल में एक शोध से हुई है। ब्रिटेन में एक शोध में पाया गया है कि कार्यस्थल पर हर पांचवी गर्भवती और नई बनी माँ के साथ काम के दौरान भेदभाव किया जाता है। अमेरिका की फ्लोरिडा स्टेट यूनिवर्सिटी

के शोधकर्त्ताओं का कहना है कि कामकाजी माता के साथ भेदभाव की खबरों के चलते गर्भवती महिलाएँ भयभीत है और उन्हें अपनी नौकरी जाने का डर सताता है। जबकि दुनिया के सभी देशों में मातृत्व आकाश मिलता है, उनके साथ फिर भी अनेक जटिलताएँ देखने में आती है। वर्ष 2017 में मातृत्व प्रसूति लाभ अधिनियम (संशोधित) लागू होने के बाद से कम्पनियाँ महिलाओं को रखने में कतराने लगी है।

पितृसत्तात्मक (पुरूष प्रधान) समाज एवं कामकाजी महिलाएँ– प्रश्न यह है कि जब महिलाएँ अपने परिवार की आर्थिक सहायता करती है तो पुरूष घरेलु कार्यों में उनका सहायोग क्यू नहीं करते ? दरअसल सम्पूर्ण सामाजिक व्यवस्था कुछ इस तरह की है कि पुरूषों का घरेलु कार्यों में सहयोग उनकी छवि को खराब करता है। यही कारण है कि विकसित समाज से लेकर विकासशील समाजों तक अधिकांशतया पुरूष स्वयं को घरेलु दायित्व और बच्चों की देखभाल से दूर रखते है। इन तथ्यों की पुष्टि किसी एक देश के आंकड़ों से नहीं लगाई जा सकती वरन् सम्पूर्ण विश्व की पितृसत्तात्मक व्यवस्था इनके लिए जिम्मेदार है। एक उदाहरण के अनुसार जापान में तीस हफ्ते का पितृत्व अवकाश का कानून है, जहाँ 2017 में हर बीस में से सिर्फ एक पिता ने अपने इस विशेषाधिकार का इस्तेमाल किया है। ये आकड़े यह बताने के लिए काफी है कि समाज ने एक स्पष्ट रेखा खींच रखी है और स्त्री का दायरा, घर–परिवार के लिए सुनिश्चित कर रखा है। अगर वह इससे अलग कुछ करना चाहती है तो यह शर्त रखी जाती है कि घर के कार्यों में व्यवधान नहीं होना चाहिए।

नौकरी पेषा महिलाओं की समस्याएँ– इनकी सबसे बड़ी समस्या है कि उनका ऑफिस, बैंक, स्कूल–कॉलेज, अस्पताल आदि की नौकरी का काम तो सबको नजर आता है, लेकिन वो घर पर जो कार्य करती है वह किसी को नजर नहीं आता है। यह अदृष्य श्रम है जिसकी चर्चा न गोष्ठियों–सेमिनारों में होती है और न स्त्री विमर्ष के अर्न्तगत वे एक दुहरी जिम्मेदारी को झेलने के लिए शापित है।

मध्यमवर्गीय कामकाजी स्त्री का यथार्थ दारूण है। सुबह सबेरे उठकर पति और बच्चों का काम, ऑफिस या काम पर जाने की जल्दी, दिन भर फाइलों, कम्प्यूटर आदि में लगे रहना और शाम को लौटकर एक बार फिर से घर की जिम्मेदारियाँ निभाना और जिम्मेदारियाँ निभाने का यह सिलसिला रात देर तक जारी रहता है यही नहीं कामकाजी महिलाओं के सामने और समस्याएँ है। वे पैसा कमाती है, फिर भी पुरूष वर्चस्व की शिकार है, आत्मनिर्भर है, किंतु आत्मनिर्णय के अधिकार से वंचित है। संविधान न चाहे स्त्री–पुरूष समानता की गारन्टी दे दी है, संसद ने भले ही उनके पक्ष में अनेक कानून बना दिए है, केन्द से लेकर राज्यों तक भले ही महिला आयोगों का गठन हो गया है पर कोई संवैधानिक व्यवस्था, कानून और आयोग उनकी घबराहट और उनके भय को समाप्त नहीं कर पाया है।

त्रिशंकु की स्थिति – नारी पारिवारिक जीवन के लिए ही सहायक नहीं होती है बल्कि जीवन के हर स्तर पर भी उसने पुरूष का साथ देकर इतिहास निर्माण में सहयोग दिया है। वर्तमान समय में शिक्षा के जोर पकड़ते हुए ज्यादातर महिलाएँ शिक्षित हो चुकी है और शिक्षित महिलाएँ अपनी जिम्मेदारियों की बखूबी निभा रही हैं। जिस घर में शिक्षा की कमी होगी, वह घर हमेशा कलह और अशांति से भरा होगा। महिलाओं को अवश्य शिक्षित होना चाहिए जिससे वे अपना और अपने परिवार का जीवन सुखी व शांत बना सके। वैसे भी भारत में महिलाओं को हमेशा से ही उच्च स्थान मिला है। महिलाएँ शिक्षित होकर कार्यशील महिला बन रही है। घर एवं अपने कार्यक्षेत्र की बखूबी सम्भाल रही है तथा देश के गौरव मान सम्मान को बढ़ा रही है। इतना जरूर कहा जा सकता है कि प्रत्येक महिला ऐसी नहीं होती है। कुछ दोहरी मानसिकता की शिकार बनकर रह जाती है। वह अज्ञानता के सागर में हमेशा गोते लगाती रहती हैं, परंतु यही अज्ञानता धीरे–धीरे दूर हो सकती है। जब कोई महिला शिक्षित होगी, तभी उसकी मानसिकता एवं सोच में बदलाव आएगा। वह तुच्छ विचारों से ऊपर उठ सकेगी तथा दूसरों को भी सही राह पर चलने के लिए प्रेरित कर सकेगी। महिलाएँ वर्तमान समय में घर के अलावा बाहर निकलकर कार्य कर रही हैं। अंधविश्वास को दूर करने में सतत् प्रयासरत हैं, लेकिन फिर भी रूढ़िवादियों में जकड़ी हुई है। उन अंधविश्वासों से उबर नहीं पा रही हैं। कहीं न कहीं किसी बात को लेकर उनके मन में पुरातनपंथी विचार जागरूक हो रहे है। ऐसा गलत है। उनको अपनी सोच में परिवर्तन लाना आवश्यक है। जब तक उनकी सोच में अंतर नहीं आएगा तब तक वह दूसरों के प्रति गलत रवैया अपनाएगी इससे घर एवं समाज दोनों में नहीं रह पाएँगी और न ही अअपना कोइ मुकाम बना पाएँगी महिलाओं को ऐसी शिक्षा दी जाए जो भारतीय संस्कृति के अनुरूप हो। उनके विचारों में शुद्धता हो। समय के साथ चलना सीखे। अच्छे बुरे का ज्ञान हो। आज के समय में महिलाएँ ही महिलाओं की दुश्मन बन रही हैं, ऐसा क्यों?

निष्कर्षत: हम कह सकते है कि भारत में जैसे जैसे सामाजिक परिवेश बदला है वैसे वैसे महिलाएँ आगे बढ़ी है। आज हालत यह है कि कोई भी ऐसा क्षेत्र नहीं रहा गया है जहाँ महिलाओं ने अपनी सशक्त उपस्थिति न दर्ज कराई हो। जहां पहले कुछ समय तक महिलाएँ सिर्फ घर गृहस्थी के कार्यों में ही उलझी रहती थी वहीं आज वह गूढ़ प्रशासनिक कार्यों को भी भली–भाँति निबटा रही हैं। आज की महिलाओं में कुछ करने की लालसा व आगे बढ़नग की अभिलाषा ने उनके लिए कई कार्यक्षेत्र खोल दिए है। आत्मनिर्भर होने की तथा प्रत्येक क्षेत्र में पुरूषों के वर्चस्व को चुनौती देने की लालसा के कारण महिलाओं की प्रत्येक महिलाओं की प्रत्येक कार्यालय में उपस्थिति दिखाई देने लगी है।

सन्दर्भ ग्रन्थ सूची :–

1. मानचन्द्र खंण्डेला – महिला सशक्तिकरण सिद्धांत एवं व्यवहार, अविष्कार पब्लिशर्स, डिस्ट्रीब्यूटर्स, जयपुर (2008)
2. पल्लवी पाण्डेय – एकल अभिभावक परिवारों की समस्याओं का अध्ययन (शोध ग्रन्थ, 2014)
3. भट्टाचार्य सुगंधा – इंडिया टुडे, शीर्षक – महिलाएँ और महत्वाकाक्षाएँ, पेज नं. – 43, 2012

****

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed / Peer Review Research Journal)
RNI No.- MPHIN/2013/60638, ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Scientific Journal Impact Factor (SJIF)- 7.671
April to June 2023, E-Journal, Vol. I, Issue XLII

मध्यप्रदेश के पर्यटन विकास एवं विस्तार में राज्य पर्यटन निगम की भूमिका का एक विश्लेषणात्मक अध्ययन

देवराज वर्मा* डॉ. गजराज सिंह अहिरवार**

* शोधार्थी, श्री सत्य साईं यूनिवर्सिटी ऑफ टेक्नालॉजी एण्ड मेडिकल साइंस, सीहोर (म.प्र.) भारत
** विभागाध्यक्ष (वाणिज्य) श्री सत्य साईं यूनिवर्सिटी ऑफ टेक्नालॉजी एण्ड मेडिकल साइंस, सीहोर (म.प्र.) भारत

शोध सारांश – आज के आर्थिक उदारीकरण ,विश्वव्यापीकरण ,निजीकरण के युग में जब हम पर्यटन की बात करते है तो इसे व्यावसायिक या औद्योगिक द्रष्टि से देखना उचित होगा जहाँ लाभ की संभावनाएं भी है तो दूसरी और रोजगार के अवसरों का सृजन भी। यह एक उभरता हुआ क्षेत्र है इसमें असीम संभावनाऍ छिपी है। मध्यप्रदेश राज्य भारत का हृदय प्रदेश कहा जाता है अत: इस राज्य में पर्यटन के क्षेत्र में अब तक क्या कार्य हुआ और भविष्य में पर्यटन विकास की कितनी संभावनाऍ है। चूंकि मध्यप्रदेश में पर्यटन विकास की जिम्मेदारी मध्यप्रदेश राज्य पर्यटन विकास निगम को सौपी गई है, अत: यह जानना आवश्यक है की पर्यटन विकास के लिए गठित यह संस्था पर्यटन विकास एवं विस्तार में किस प्रकार से अपनी भूमिका अदा करने में सफल रही है प्रस्तुत शोध पत्र में इन्ही तथ्यों का विश्लेषणात्मक अध्ययन किया गया है।

शब्द कुंजी – पर्यटन रोजगार सृजन, राज्य पर्यटन निगम, पर्यटन विकास, मनोरंजन, होटल ।

प्रस्तावना – इस संसार में जो भी उपयोगी है वह मानव के लिए है। पर्यटन भी मानव के लिए है व्यक्ति प्रकति के द्वारा रचित उपहारों को निहारना चाहता है उसे ऐसा करने से आनंद की प्राप्ति होती है और पर्यटन की कोई सीमाए नहीं है कि किसी एक स्थान पर, जाकर उन्हें देख जा सके, उनका आनंद लिया जा सके बल्कि यह सीमा रहित है। संगमरमर के पत्थरों पर गिरते झरनों को देखना है तो नर्मदा नदी के भेड़ाघाट नामक स्थान पर ही जाना होगा, ताजमहल को देखना है तो आगरा जाना पड़ेगा यह तो उदाहरण मात्र है ऐसे, मध्यप्रदेश सहित भारत में अनेको स्थान है जो पर्यटन के लिए विश्व –विख्यात है और जिन्हें देखने के लिए भारत के अलावा विश्व के अनेक सैलानी इन स्थानों का भ्रमण करके प्रकति के इन अनुपम उपहरों को देखते है और अपनी स्मृतियों को कैमरे में कैद करते है। आज पर्यटन को सेवा उद्योग के रूप में गिना जा रहा है मध्यप्रदेश में भी 'अतिथि देवो भव:' के मूलमंत्र का पालन करते हुए सरकार द्वारा पर्यटन के क्षेत्र में अनेको कदम उठाये गए है। अभी हाल ही में उज्जैन में महाकाल मंदिर परिसर में महालोक का निर्माण किया गया है इस प्रकार प्रसिद्ध धार्मिक स्थलों को भी पर्यटन की दृष्टि से विकसित किया जा रहा है। मध्यप्रदेश ऐतिहासिक, भौगोलिक एवं सांस्कृतिक दृष्टि से हमेशा महत्वपूर्ण रहा है। चाहे चंदेल राजाओ के द्वारा बनवाये गए खजुराहों के मंदिर हो अहिल्या बाई होलकर द्वारा बनवाये गए महल, ग्वालियर का भव्य किला, सांची के स्तूप जैसे अनेको स्थान है जो पर्यटन के लिए प्रसिद्ध है। मध्यप्रदेश के पर्यटन स्थलों का विकास करने की दृष्टि से वर्ष 1978 में म. प्र. राज्य पर्यटन विकास निगम का गठन किया गया। निगम का कार्य पर्यटन स्थलों पर आवासीय, गैर आवासीय इकाइयों का संचालन, पर्यटकों को पर्यटन स्थलों की जानकारी सुलभ कराना, पर्यटन स्थलों पर साहित्य का प्रकाशन तथा पर्यटकों को परिवहन सुविधा उपलब्ध कराना है। निगम के अन्य कार्यों में शामिल हैं– आवासीय इकाइयों में आरक्षण, राज्य के बारह निगम के सेटेलाइट कार्यालयों से पर्यटकों के लिए विभिन्न रूचि, अवधि एवं दरों के पैकेज टूरों का संचालन, पर्यटन स्थलों का अखिल भारतीय स्तर पर प्रचार–प्रसार, पर्यटन क्षेत्र से जुड़े ट्रेवल एजेंट्स, लेखक, फोटोग्राफर्स, विशिष्ट व्यक्तियों के लिए टूर का आयोजन, प्रदेश के पर्यटन स्थलों की व्यापक मार्केटिंग तथा प्रचार–प्रसार की दृष्टि से अंर्तराष्ट्रीय पर्यटन सम्मेलनों तथा ट्रेवल मार्ट आदि में भागीदारी, पर्यटन विभाग की परामर्शदात्री समिति, संभागीय समिति तथा शासन की पर्यटन संबंधी समितियों द्वारा लिए गए निर्णयों पर कार्रवाई। निगम द्वारा प्रदेश के पर्यटन स्थलों पर आवास, खानपान, परिवहन सुविधा आदि उपलब्ध कराई जाती है। निगम द्वारा वर्ष 1996 में पर्यटकों को अधिक से अधिक सुविधाएँ मुहैया कराने की दिशा में महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए। निगम द्वारा अमरकंटक में केंद्रीय लोक निर्माण विभाग द्वारा 30 बिस्तरों की क्षमता वाली इकाई हॉलिडे होम्स लीज पर प्राप्त की गई है। नई पर्यटन नीति के तहत निजी निवेशकों को आकर्षित करने की दृष्टि से राजस्व विभाग द्वारा खजुराहो, ओरछा, बाँधवगढ़, जबलपुर तथा मंदसौर जिले में गाँधी सागर तथा बस्तर जिले में चित्रकूट में आवंटित शासकीय भूमि का आधिपत्य ग्रहण कर लिया गया है। पर्यटकों को पर्यटन स्थलों तक पहुँचाने के लिए भोपाल–इंदौर–भोपाल, भोपाल–पंचमढ़ी–भोपाल, सतना–खजुराहो–सतना,पिपरिया–पंचमढी–पिपरिया, जबलपुर–कान्हा–जबलपुर, जबलपुर–भेड़ाघाट–जबलपुर, भोपाल–साँची–उदयगिरी–भोपाल, इंदौर–महेश्वर–मंडलेश्वर–इंदौर, इंदौर–उज्जैन बस सेवा निगम द्वारा शुरू की गई है।

3. **डॉ. पारिक अल्का एवं गोस्वामी कुसूम (2017)-**ने जयपूर जिले में **माध्यमिक स्तर पर अध्ययनरत् विद्यार्थियों के समायोजन का शैक्षिक उपलब्धि पर प्रभाव का अध्ययन निष्कर्ष में पाया गया है कि माध्यमिक स्तर पर अध्ययनरत् निजी विद्यालयों के वंचित वर्ग एवं सामान्य वर्ग के विद्यार्थियों के समायोजन में कोई सार्थक अंतर नहीं पाया अर्थात माध्यमिक स्तर पर अध्ययनरत् शासकीय विद्यालयों के सामान्य वर्ग के विद्यार्थियों के समायोजन एवं शैक्षिक उपलब्धि में कोई सार्थक सहसंबंध नहीं पाया गया।

शोध अध्ययनके उद्देश्य:

1. अनुसूचित जनजाति एवं सामान्य वर्ग के छात्र एवं छात्राओं में बुद्धिलब्धि, शैक्षणिक उपलब्धि एवं समायोजन में तुलनात्मक अध्ययन करना।

शोध अध्ययनकी परिकल्पना:

1. अनुसूचित जनजाति एवं सामान्य वर्ग के छात्र एवं छात्राओं में बुद्धिलब्धि, शैक्षणिक उपलब्धि एवं समायोजन में तुलनात्मक अध्ययन करने पर सार्थक अंतर नहीं पाया जायेगा।

निदर्शन का क्षेत्र- प्रस्तुत निदर्शन का क्षेत्र के अंतर्गत धार जिले की कुक्षी तहसील में अध्ययनरत् कर रहे छात्र एवं छात्राओं को अध्ययन हेतू चुना गया है।

निदर्शन का आकार- प्रस्तुत अध्ययन में आँकड़ों के संकलन हेतू 200 निदर्शन लिया गया है। अनुसूचित जनजाति जिसमें छात्र एवं छात्राओं की 100 संख्या है। 50 छात्र व 50 छात्राओं की बुद्धिलब्धि एवं समायोजन का अध्ययन किया गया है। एवं उसका शैक्षणिक उपलब्धि को ज्ञात किया गया है।

सामान्य वर्ग में जिसमें छात्र एवं छात्राओं की 100 संख्या है। 50 छात्र एवं 50 छात्राओं की बुद्धिलब्धि एवं समायोजन का अध्ययन किया गया है। और इनका शैक्षणिक उपलब्धि भी ज्ञात किया गया है।

तथ्य संकलन के स्त्रोत:- प्राथमिक एवं द्वितीयक।

प्राथमिक स्त्रोत:-

प्रपत्र- छात्र एवं छात्राओं की बुद्धिलब्धि ज्ञात करने के लिए शोधार्थी ने 'आर. के ओझा और राय चौधरी' का प्रपत्र लिया गया और समायोजन को ज्ञात करने के लिए 'A. K. P. Sinha & R. P. Singh' द्वारा ज्ञात किया गया। और शैक्षणिक उपलब्धि ज्ञात करने के लिए शोधार्थी ने छात्र एवं छात्रों का रिपोर्ट कार्ड के माध्यम से ज्ञात किया गया है।

द्वितीयक स्त्रोत- द्वितीयक स्त्रोत का संकलन शोधार्थी स्वयं नहीं करता बल्कि पहले से उपलब्ध प्रदत्तों का अपनी शोध समस्या के विश्लेषण तथा विवेचना में उपयोग करता है। ये प्रदत्ता किसी अन्य व्यक्ति किसी संस्था का संगठन द्वारा उनके अपने निजी उपयोग के लिए संकलित किया गया। तथ्यों का संकलन पुस्तक, समाचार पत्र, शोध पत्रिकाओं, सरकारी अभिलेख, प्रतिवेदन, इंटरनेट आदि से प्राप्त जानकारी के माध्यम से द्वितीयक स्त्रोत प्राप्त किये गये है।

तथ्यों का विश्लेषण - तथ्यों का विश्लेषण हेतु समस्त संकलित आंकडों एवं सूचनाओं को अनुसूचित जनजाति एवं सामान्य वर्ग के छात्र छात्राएं से बुद्धिलब्धि शैक्षणिक उपलब्धि एवं समायोजन से संकलित आंकडों के आधार पर निम्नलिखित प्रतिशत, माध्य, मानक विचलन एवं टी परीक्षण के साथ अनोवा परीक्षण किया गया है।

प्रस्तुत शोध अध्ययन का उद्देश्य 'अनुसूचित जनजाति एवं सामान्य वर्ग के छात्र एवं छात्राओं में बुद्धिलब्धि, शैक्षणिक उपलब्धि एवं समायोजन में तुलनात्मक अध्ययन करना' है। इस हेतु शून्य परिकल्पना 'अनुसूचित जनजाति एवं सामान्य वर्ग के छात्र एवं छात्राओं में बुद्धिलब्धि, शैक्षणिक उपलब्धि एवं समायोजन में तुलनात्मक अध्ययन करने पर सार्थक अंतर नहीं पाया जायेगा' का निर्माण किया गया। ऑकड़ों का सारणीयन किया गया एवं प्राप्त निष्कर्षों में अनोवा परीक्षण किया गयाॉ जिन्हें निम्न तालिका में प्रस्तुत किया गया है।

तालिका क्रमांक 1 (अगले पृष्ठ पर देखे)

तालिका का स्पष्टीकरण -तालिका 1 में दर्शाया गया है कि अनुसूचित

जनजाति एवं सामान्य वर्ग के छात्र-छात्राओं के बुद्धिलब्धि, शैक्षणिक उपलब्धि एवं समायोजन में अनोवा परीक्षण का मूल्य क्रमश: 78.099, 19.527 एवं 246.591 प्राप्त हुआ जो कि 3,196 स्वंत्र्यांश पर सार्थक (P<0.05) पाया गया हैं। अत: शून्य परिकल्पना 'अनुसूचित जनजाति एवं सामान्य वर्ग के छात्र एवं छात्राओं में बुद्धिलब्धि, शैक्षणिक उपलब्धि एवं समायोजन में तुलनात्मक अध्ययन करने पर सार्थक अंतर नहीं पाया जायेगा' अस्वीकृत कि जाती हैं। एवं कहा जा सकता है कि अनुसूचित जनजाति एवं सामान्य वर्ग के छात्र-छात्रओं में बुद्धिलब्धि, शैक्षणिक उपलब्धि एवं समायोजन में सार्थक अंतर पाया गया हैं।

अत: स्पष्ट किया जाता है कि जातिगत विभिन्नता एवं लिंग का छात्र एवं छात्राओं में बुद्धिलब्धि, शैक्षणिक उपलब्धि एवं समायोजन पर प्रभाव पड़ता है।

निष्कर्ष – तालिका क्रमाक 1. में दर्शित आंकड़ों सें सिद्ध होता हैं, कि अनुसूचित जनजाति एवं सामान्य वर्ग के छात्र एवं छात्राओं में बुद्धिलब्धि, शैक्षणिक उपलब्धि एवं समायोजन में सार्थक अंतर पाया गया है। अत: स्पष्ट किया गया हैं कि जातिगत विभिन्नता एवं लिंग का छात्र एवं छात्राओं में बुद्धिलब्धि शैक्षणिक उपलब्धि एवं समायोजन पर प्रभाव पड़ता हैं। कारण उपरोक्त परिणामों का सम्भावित कारण यह हो सकता है कि अनुसूचित जनजाति कि छात्र-छात्राएँ जो कि ग्रामीण परिवेश में पले बड़ें होते, जिससे उनकी पारिवारिक समस्या, आर्थिक स्थिति, रूढ़ीवादी परम्परागत, सामाजिक वातारण आदि का प्रभाव पाया गया अत: सामान्य वर्ग के छात्र-छात्राएँ जो कि शहरी क्षेत्र में होने के कारण उनका पारिवारिक वातावरण, सामाजिक वातावरण सुख-सुविधाएँ जो कि समय पर उपलब्धि हो जाती, जिससे उनकी बुद्धिलब्धि का स्तर, शैक्षणिक स्तर व समायोजन अच्छो से कर पाते है। इसीलिए छात्र-छात्राओं पर जातिगत भिन्नयता व लिंग का प्रभाव भी पाया गया।

सुझाव :

1. ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्र के विद्यार्थियो में बुद्धिलब्धि शैक्षणिक उपलब्धि एवं समायोजन का अध्ययन किया जा सकता है।
2. शिक्षक भर्ती परीक्षा की तैयारी करने वाले विद्यार्थियों की बुद्धिलब्धि, शैक्षणिक उपलब्धि एवं समायोजन का अध्ययन किया जा सकता है।
3. हिन्दी एवं अंग्रेजी माध्यम के विद्यार्थियों में बढ़ते करियर के प्रति बुद्धिलब्धि एवं समायोजन का अध्ययन किया जा सकता है।
4. शिक्षक भर्ती परीक्षा की तैयारी करने वाले विद्यार्थियों में बुद्धिलब्धि, शैक्षणिक उपलब्धि एवं समायोजन में तुलनात्मक अध्ययन किया जा सकता है।

संदर्भ ग्रंथ सूची :-

1. पी.डी.पाठक 'शिक्षा मनोविज्ञान' विनोद पुस्तक मंदिर, आगरा (2005)
2. डॉ. प्रीति वर्मा, डॉ.डी.एन. श्रीवास्तव 'आधुनिक असामान्य मनोविज्ञान', श्री विनोद पुस्तक मन्दिर, आगरा (1999)
3. डॉ.आर.ए.शर्मा डॉ. शिखा चतुर्वेदी 'शैक्षिक एव व्यवसायिक- निर्देशन परामर्श' निकट राजकीय इन्टर कॉलेज बेगम, ब्रिज रोड़ मेरढ़ (2008)
4. श्रीमती गयात्री बर्मन, श्रीमती शशिप्रभा जैन 'किशोरावस्था विवाह एवं परिवार', शिवा प्रकाशन, श्रीगणेश मार्केट, खजूरी बाजार, इन्दौर (म.प्र.) (2008)
5. डॉ. श्रीनाथ शर्मा 'सामाजिक अनुसंधान पद्धति', मध्यप्रदेश हिन्दी ग्रन्थ आकदमी, रवीन्द्रनाथ मार्ग बानगंगा, भोपाल (2016)
6. डॉ. रवीन्द्र नाथ मुकर्जी 'सामाजिक शोध व सांख्यिकीय', विवेक प्रकाशन, जवाहर नगर दिल्ली (2012)

तालिका क्रमांक 1

	समुह	वर्गो का जोड़	स्वंत्र्यांश	माध्यों का वर्ग	अनोवा F मूल्य	सार्थकता का P मूल्य
बुद्धिलब्धि	**सामान्य छात्र**	22903.055	3	7634.352	78.099	0.000*
	सामान्य छात्राएँ					
	अनुसूचित जनजाति छात्र	19159.500	196	97.753		
	अनुसूचित जनजाति छात्राएँ	42062.555	199			
शैक्षणिक उपलब्धि	**सामान्य छात्र**	2819.575	3	939.858	19.527	0.000*
	सामान्य छात्राएँ					
	अनुसूचित जनजाति छात्र	9433.820	196	48.132		
	अनुसूचितजनजाति छात्राएँ	12253.395	199			
समायोजन	**सामान्य छात्र**	46213.735	3	15404.578	246.591	0.000*
	सामान्य छात्राएँ					
	अनुसूचित जनजाति छात्र	12244.140	196	62.470		
	अनुसूचितजनजाति छात्राएँ	58457.875	199			

* **P** का मान 0.05 से कम पाया गया है।

ग्रॉफ क्रमांक–1 : अनुसूचित जनजाति एवं सामान्य वर्ग के छात्र एवं छात्राओं में बुद्धिलब्धि, शैक्षणिक उपलब्धि एवं समायोजन



****

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed / Peer Review Research Journal)
RNI No.- MPHIN/2013/60638, ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Scientific Journal Impact Factor (SJIF)- 7.671
April to June 2023, E-Journal, Vol. I, Issue XLII

भारत की जीवन धारा 'मॉ गंगा' का भारतीय पंरम्परा में महत्व

डॉ. मुकेश मारू*

* संचालक, एम.टी.एम.कान्वेन्ट सेकेण्डरी स्कूल, ब्यावरा, राजगढ़ (म.प्र.) भारत

प्रस्तावना – भारत की परम्परा, भारतीय सभ्यता, भारतीय संस्कृति एवं सभी भारतवासी के हृदय का स्पंदन, गंगा कलयुग में मोक्ष का पर्याय, त्रिपथगा, स्वर्ग सुदंरी, विष्णुपदी, मोक्ष दायनी, पापनाशनी भगवती मॉ गंगा, हिमायल पुत्री, जिनके स्मरण मात्र से मनुष्य अपने दूषित कर्मो से मुक्ति पाता है। जिनके दर्शन मात्र से मनुष्य अपने सम्पूर्ण पाप कर्म से मुक्त हो जाता है। एवं जिनके स्पर्श मात्र से मनुष्य इस जन्म में सद्गति प्राप्त कर मोक्ष को प्राप्त होता है। ऐसी महिमामयी विशाल हद्रयी, दुखहारणी पतितपापनी, जान्ही, भागीरथी माँ गंगा।

जिसके तट पर भारतीय सभ्यता का जन्म हुआ जिसके किनारे भारतीय परम्परा का विकास हुआ जो हमेशा बनी धर्म की सारथी ऐसी त्रिलोक सुन्दरी ओम स्वरूपणी अमृतप्रदा आनन्दामृतवर्षिणी, सौभाग्य दायनी मॉ गंगा जिसकी कीर्ति का बखान करना जिसके गुणों को उद्घोषित करना एवं जिसके प्रेम को शब्दों में व्यक्त करना सम्पूर्ण रूप से मानव के लिए आज भी असंभव है, सम्पूर्ण वेद, पुराण, गीता, रामायण महाभारत, एवं अन्यान्य भारतीय धर्मग्रन्थों में जिसकी महिमा का गान हो जिसके तीरे अनेकों ब्रम्हऋषि जन्मे हो जिसके ऑचल में सैकडों तत्वदर्शियों ने पनाह ली हो, जो युगों युगों से सिर्फ मानव कल्याण के लिये ही धरती पर बहती है। ऐसी देवमाता गंगा। आज मुझ मूढ़ के जीवन में मॉ गंगा के विषय में कुछ लिखने का अवसर आया है। ऐसा महसूस हो रहा है, कि युगों युगों से सुशुप्त मेरे पुण्यों का उद्य हुआ है। ऐसा सौभाग्य जिसके लिये बड़े बड़े ज्ञानी तरसते हैं। उस ममतामयी की महिमा के बारे में कुछ जानने का, कुछ कहने का समय मेरी जीवन यात्रा को सार्थकता प्रदान करता सा महसूस हो रहा है। मुझ ज्ञानहीन को अपना आर्शिवाद दे मेरे जीवन को धन्य बनाने वाली विष्णुप्रिया मॉ गंगे को मेरा शतशत प्रणाम।

सम्पूर्ण विश्व में कई ऐसी नदियां है, जो कि गंगा से कई हजार किलोमीटर बड़ी है, चाहे वो मिसीसिपी हो, चाहे नील हो, चाहे अमेजन हो किन्तु अखिल ब्रम्हाण्ड नदियों की नायिका के रूप में, एक देवी के रूप में सिर्फ और सिर्फ गंगा को ही स्थान प्राप्त है। विश्व की समस्त नदियों में मानव सिर्फ मनोरंजन हेतु स्नान एवं भ्रमण करता है। किन्तु गंगा में ही नही करोड़ों भारतीय मोक्ष प्राप्ति हेतु स्नान कर अखिल भारतीय मानव अपने को धन्य मानता है। विश्व की समस्त नदियों के जल में, गंगा जल को हर भारतीय अमृत तुल्यमान पान करता है। गंगा के प्रवाह में अपने पूर्वजों की अस्थियों का विसर्जन कर प्रत्येक भारतीय अपने को पूर्वजों के कर्ज से मुक्त मानता है।

अपने पूर्ण जीवन काल के अन्तिम समय में हर भारतीय के प्राण गंगा की सिर्फ एक बूंद मात्र के लिये तरसते है। यही विशेषता गंगा को संसार की हर नदी से पृथक बनाती है और मुक्ति का यही विश्वास गंगा को एक सामान्य नदी की बजाय देवी के रूप में प्रतिष्ठित करता है। सम्पूर्ण सृष्टि में सबसे वैज्ञानिक ग्रन्थ में भगवान के द्वारा कहे वचन

गंगे, गंगेति यो ब्रुयान योजनान्म शनैरपि।।
सर्वपाप विनिमुर्क्तो विष्णुलोकम स् गच्छति।

अर्थात जो कोई मनुष्य गंगा से हजारों मील की दूरी से भी गंगा, गंगा कहता है, उसके सब पाप नष्ट हो जाते हैं और वह विष्णुलोक को प्राप्त होता है।

उस विष्णु प्रिया का जन्म स्थान जहाँ के कण कण में उर्जा का प्रवाह है, जहॉ है, सृष्टि के पालनकर्ता भगवान विष्णु का योग स्थल, जहॉ है शिव का धाम कैलाश जो है, संसार की सर्वोत्तम आत्माओं का निवास आध्यात्मिक शक्तियों का ध्रुवकेन्द्र अर्थात हिमालय ऐसा अद्भुत संयोग जहॉ योग और मोक्ष दोनों ही वर्तमान में अगर कहीं है तो यही है, यही है, यही है।

ऐसा आर्कषण ऐसा रहस्य यहां की रज रज में एक कहानी है, जहॉ का कण कण किसी महान दार्शनिक दृष्टिकोण की निशानी है। संसार के हर शोधार्थी के लिये एक स्वर्ग है। गंगा भारत की सास्कृतिक पहचान है, गंगा भारत की धार्मिक आत्मा है। सदियों से हिन्दु धर्म का कोई धार्मिक संस्कार बगैर गंगा जल के सम्पन्न नहीं होता है। गंगा की जल धारा भारतीय धर्म का दर्शन है। गंगा का ये ही दर्शन आज गंगोत्री, ऋषिकेश, हरिद्वार, इलाहबाद एवं बनारस का जनक है। अगर गंगा न होती तो हरकी पोडी न होती, अगर हरकी पोडी न होती तो हरिद्वार न होता। अगर गंगा न होती तो संगम न होता अगर संगम न होता तो कुभं न होता अगर कुंभ न होता तो विश्व का सबसे बडा धार्मिक संगम जहां करोडो लोग मोक्ष प्राप्ति हेतु स्नान करते है आज नहीं होते। अगर गंगा न होती तो द सिटी ऑफ लाईट अर्थात बनारस न होता। काशी के तो 84 घाट न होते जो 84 लाख योनियों के सूचक है, जिन पर स्नान अर्थात मोक्ष प्राप्ति नहीं होती। अगर गंगा न होती तो उसके तट पर विकसित भारतीय सभ्यता न होती, परम्परा न होती। पूरा उत्तर भारत जिसमें गंगा पे आर्श्रित लगभग 2500 किलो मीटर के क्षेत्र को गिने चुने उपजाऊ प्रदेशों में से एक है निश्चित रूप से गंगा की अनुपस्थिति में यह क्षेत्र उपजाऊ नहीं होता बल्कि बंजर शमशान होता। अपने इस असाधारण महत्व के कारण ही गंगा भारतीय परम्परा की प्रतीक, भारतीय धर्म की ध्वजा एवं भारतवर्ष की भाग्य रेखा बन गई है।

पंडित श्री जवाहरलाल नेहरू की 'भारत एक खोज में' के अनुसार गंगा भारत की संस्कृति एवं विकास की कहानी है। यह बात बिल्कुल सत्य है कि

भारत के हद्रय में हिन्दू, मुस्लिम, सिक्ख, इसाई, अमीर गरीब सभी वास करते है, भारत की संस्कृति का एक हिस्सा जिसमें उच्च वर्ण, निम्न वर्ण, छूत, अछूत सभी गंगा के लिये समान है। चाहे कोई भी हो गंगा सबकी मॉ है। गंगा के तट की विशेषता देखिए की कोई उसके तट पर कपड़े धो रहा है, तो कोई पूजा कर रहा है। कोई आकर शव बहा रहा है, तो कोई उसका आचमन कर रहा है। जो अपने जल की एक एक बूँद अपने पुत्रों पर न्योछावर करती है। शायद इसी लिये है, वह करोड़ों भारतीयों की मॉ, गंगा मॉ।

इतिहास साक्षी है, कि में भारत अनेक संस्कृतियां आई और चली गई। कई सभ्यताओं ने जन्म लिया और समय के गालं में समा गई। किन्तु गंगा तट एवं इस उन्नत क्षेत्र की संस्कृति सभ्यता सदियों से हमेंशा फली फूली है। गंगा पर स्थित काशी जो आज भी विश्व की सबसे प्राचीन जीवित नगरी है, इसका एक बड़ा उदाहरण है।

गंगा का आध्यात्मिक एवं धार्मिक महत्व – गंगा का आध्यात्मिक पक्ष हो, चाहै धार्मिक, आर्थिक हो, चाहै वैज्ञानिक हमेशा से गंगा हर भारतीय पक्ष की प्रमुख आधार रही है, गंगा के बिना भारत की कल्पना करना ठीक उसी प्रकार है, जिस प्रकार बगेर पंख की उड़ान या बगेर प्राण के जीवन। आज का युग विज्ञान का युग है। आज विज्ञान के इस युग में वैज्ञानिकों ने ईश्वर की उपस्थिति पर प्रश्न चिन्ह खड़ा किया हुआ है। किन्तु गंगा जिसका जल हमेशा से वैज्ञानिकों के लिये भी कोतुहल का विषय रहा है। कई वर्षों तक इस जल को बन्द रखने पर भी इसमें कीड़े नहीं पढ़ते। आश्चर्य बेहद आश्चर्य, और तो और असाध्य रोगों को नष्ट करने की क्षमता, हमेशा से वैज्ञानिकों को परेशान करती रही कि आखिर गंगाजल में ऐसा क्या है। कई बार कई शोध हुवे, किन्तु परिणाम यह ही निकला कि चाहै कितनी ही गंदगी गंगा जल में प्रवाहित करो गंगा जल की उर्जा जिसे वैज्ञानिक जीवाणु कहते हैं। हर प्रकार की गंदगी को खत्म करने की क्षमता रखते है। यही तथ्य वैज्ञानिकों को यह कहने पर मजबूर करता है, कि गंगाजल से ज्यादा स्वस्थ एवं शक्तिशाली जल दुनिया की अन्य किसी नदी का नहीं है। तभी तो वह है, पतित पापनी, पापनाशनी भागीरथी मॉ गंगा। सम्पूर्ण भारतवर्ष के मजबूत धार्मिक पहलु के अलावा भारतवर्ष हमेशा से अध्यात्म के क्षेत्र में ज्ञान के क्षेत्र में विश्व का गुरू रहा है। उसका कारण है, हमारे ऋषि, मुनि जिन्होने ज्ञान के उच्चतम आयाम को छुआ है, इनमें से कई ऐसे महान ऋषि हुऐ हैं जिनने हिमालय एवं गंगा को अपने साधना स्थल के रूप में चुना चाहे वे अमृत प्राप्त श्री महावतार बाबाजी महाशय हो, रामानन्द जी हो, कबीर हो, तुलसीदास हो, चैतन्य महाप्रभु हो, वल्लभाचार्य हो, श्री राम शर्मा आचार्य हो, या भारत के महान तत्वज्ञानी ब्रम्हज्ञानी श्री शंकराचार्य हो सभी ने अपनी साधना का अविभाज्य अंग इसी क्षेत्र को बनाया। ब्रम्हज्ञानी श्री शंकराचार्य ने तो गंगा की महत्ता में यहां तक कहा कि।

विधि र्विष्णु : शम्भुस्वमसि पुरूष्तवेन सकला:,
रमीमागी र्मुख्या त्वमसि ललना जह,नुवमये।
निराकारागाधा भगवति सदा त्वं विहरसि:,
क्षितो निराकारा हरसि जनवापान्ज्वकृपया।।

अर्थात है, जान्वही तुम पुरूष में ब्रम्हा, विष्णु, और महेश हो। स्त्री रूप में तुम्ही रमा, उमा तथा सरस्वती हो, है परमेश्वर्यशालिनी तुम्ही निराकार ब्रम्हस्वरूपणी हो और नितान्त अपार महिमाशाली हो। इस धरती पर तुम सत्य का रूप धारण कर अपनी सन्तानों के पाप हरने वाली महान गंगा हो।

श्री शंकराचार्य के दृष्टिकोण से गंगा जल की शक्ति अमोघ है, जिसके कारण सम्पूर्ण भारतवर्ष के मनीषियों ने हमेशा आपनी साधना हेतु गंगा से अपना आर्शिवाद मांग अपने जीवन को धन्य बनाया है।

आज भारतीय युवा पीड़ी को यह बताना है, कि गंगा जिस संस्कृति, धर्म, परम्परा, की हम बात करते है, वह बगैर गंगा के संभव नहीं है। उन्हें यह बताना है कि जीवन की जिस चका चोंध में हम लगातार बहे जा रहे है, जिन जड़ो से हमारा निर्माण हुआ है, उन जड़ो को हम लगातार विस्मृत करतें जा रहे है।

आज हमें पुन: प्रयास होगा अपना बेहद उन्नत धार्मिक एवं आध्यात्मिक पक्ष बताने का। ताकि आज की पीढ़ी को अपनी इन शानदार धरोहरों का अहसास हो। साथ ही समाज को यह बताना है, कि हम किस तरह से अपनी जड़े खोदे जा रहे है। जिस गंगा से जिस हिमालय से जिस ऋषि परम्परा से भारत विश्व का सिरमोर रहा है। उसी सिरमौर का हम किस तरह मान मर्दन कर रहे हैं। धरती पर मानव उद्धार के लिये आयी गंगा पवित्र गंगा आज इस हद तक मैली हो चुकी है, कि वैज्ञानिक कहते हैं। यहा गंगा का पानी पीना तो दूर नहाने के योग्य भी नहीं है। हम लोगों की स्वार्थ की इन्तहाँ देखिये जो हमें ज्ञान देती है मोक्ष देती है, धन देती है। हमने उसी दैवी को दी है तो सिर्फ गन्दगी। वाकई मानव पीढी अपने मूल को भूल चुकी है। जो गंगा सनातन सदियो से अविरल धारा के रूप मे गोमुख से गंगा सागर तक बहती हो, हमने अपने क्षुद्रस्वार्थो के कारण उसकी धारा को जगह जगह रोक अपनी वर्तमान मानसिकता को उजागर किया है हम किस हद तक धर्म की बजाय धनवादी मानसिकता के गुलाम बनते जा रहे है, कि आज गंगा अपने अस्तित्व के लिये संघर्ष कर रही है। और हमे धन कमाने से फुरसत नहीं है। आज महान गंगा के तट जो कभी ज्ञान प्राप्ति के स्थल थे, हमने अपनी व्यस्त जिन्दगी के चलते उन्हे पिकनिक पर्यटक स्थलों में परिवर्तित कर दिया है। हमारी युवा पीढ़ी आज जीवन का आनन्द समुद्र तटों पर ढूंढती है, गंगा तट पर नहीं।

जिसने करोडों के जीवन को शुद्ध किया हो, आज अपनी शुद्धी के लिये तरस रही है। क्या ये शुरूआत है, गंगा की विदाई की , क्या ये शुरूआत है गंगा के पुन: अपने धाम लोटने की।

हाँ तो समझिये भारतभूमि के बंजर होने का समय भी आ रहा है। फिर मान लीजिए हम लोग विनाश के मुहाने पर ही बैठे हैं। क्योकि जब मॉ रूठती है, तो परमात्मा रूठता है। और अगर वो गोविन्द रूठा जिसने प्राणी मात्र के प्रेम की खातिर गंगा को जगत कल्याणार्थ धरती पर भेजा तो समझिये सब कुछ खत्म।

किन्तु अभी भी समय हैं। सब कुछ बचाने का उस रूठी हुई गंगा को मनाने का क्योकि उसका हृदय तो विशाल है, जो सनातन अपने पुत्रों के लिये ही धड़कता रहता है। इस लेख के माध्यम से प्रयास है, उसकी महिमा गाने का, उसको दुखी करने के कारणों को जानने का और अपनी भूल को मानते हुये उसको ठीक कर उससे क्षमा मॉगने का।

गंगा नदी का स्त्रोत – गंगोत्री ग्लेशियर जो कि पांच से पन्द्रह मील तक फैला हुआ हैं एंव हिमालय की तलहटी उत्तर मे लगभग चोदह हजार फिट उत्तरप्रदेश मे भागीरथी का स्त्रोत है, जो कि अलकनन्दा से मिलकर देवप्रयाग तक आता है ओर गंगा को बनाता है। पास मे सिंधु एवं ब्रम्हपुत्र नदियों का स्त्रोत है। जो हिमाचल प्रदेश मे प्रवेश करके पंजाब और सिंध प्रदेश से होते हुए अरब सागर मे मिल जाती है। बाद में उसकी लम्बाई बहुत हो जाती हैं ओर भिन्न नाम से पुकारी जाते हुए तिब्बत चीन नेपाल के नजदीक भारतीय सीमा मे ओर फिर उत्तर पूर्व की ओर थोड़ा एक मोड़ लेते हुए आसाम की ओर मुडकर

गंगा से मिल जाती है। बांग्लादेश मे ओर शक्तिशाली पदमा नदी का नाम लेकर वहां की सुख ओर दुख की परिचायक बन जाती है। देव प्रयाग से बंगाल की खाडी तथा सुन्दर वन तक गंगा एक हजार पांच सौ पचास मील तक असंख्य लोगो की जीवन दायिनी बनकर भारत के कुछ प्रमुख षहरो से गुजरती है। जिनमें कानपुर इलाहबाद वाराणसी पटना ओर कलकत्ता प्रमुख है।

गंगा की प्रमुख सहायक नदियां जैसे कि घाघरा जो इससे पटना मे मिलती है। गंडक जो काठमान्डू से निकलती हैं अन्य सहायक नदियों मे सोन तथा गोमती है।

भारतीय परम्परा मे गंगा की अवधारणा का धार्मिक एवं सांस्कृतिक अध्ययन विषय में शोध करना एक बड़ा ही चुनोती भरा कार्य है।

गंगा जिसके उच्चारण मात्र से एक पवित्र भावना उत्पन्न होती है। जो मानव मन मे गंगा के संबंध मे संजोकर रखी गई श्रृद्धा, आस्था, समर्पण जैसे भावो को स्वयं उद्घाटित करती है।

गंगा नाम का अपना एक अलग ही आकर्षण है। प्रभाव, गरिमा और महिमा है। वस्तुत: जिस किसी के साथ भी गम्-गम् जुड़ा रहता है, वह सदैव चलायमान रहती है, प्रगतिशील रहती है। एंव वह औज का प्रतीक होती है। शक्ति देने वाली होती है। ठीक इसी प्रकार से यह नदी अपने नाम की सार्थक करते हुवे युगो-युगो से अविचल, अनवरन बहती आ रही है। एक दूध की धार के समान अपने लक्ष्य को पूर्ण करते हुये सागर में समा जाती है।

गंगा नदी के महत्व पर सम्पूर्ण सृष्टि मे किसी को कोई भी सन्देह नही रहा है किन्तु आज समय मानो इस महान अविरल धारा को जैसे बांधने को आतुर सा महसुस होता है। ऐसा लगता है, जैसे गंगा को समय एक स्मृति बनाने की तैयारी कर रहा है।

भारतीय पंरपरा में गंगाा विषय को अगर गंभीरता से महसुस किया जावे तो गोमुख से बनारस तक गंगा हर स्थल को एक तीर्थ का स्वरूप देते हुये बहती जाती है। और इन ही तीर्थो पर भारत की अमित संस्कृतियां फली फूली है। गंगा पावन है, गंगा पवित्र है। गंगा हमारे संस्कारो की थाती और लोक प्रथाओ एवं लोक विश्वास की साक्षी है।

किन्तु आज शायद समय की कुदृष्टि गंगा पर अपनी नजर जमाये सी महसुस होती है।

आज इस विषय मे गंगा के जन्म से लेकर गंगा के लगातार मरने तक के पहलुओ को छूने की कोशिश की गई है। निश्चित रूप से हर भारतीय के जीवन का आधार गंगा है, हर हिन्दु परिवारों मे बच्चे के जन्म से लेकर मृत्यु तक की उसकी साथी गंगा है। किन्तु समीप से जानने पर हम पायेगे, कि गंगा जल मे प्रदूषण का स्तर, ओद्यौगिक विकास की तीव्रगति, वैज्ञानिक शक्ति के दुरूपयोग और जनसंख्या भार के कारण, गंगा लगातार मिट रही है। यद्धपि गंगा के बारे मे जनसामान्य की सोच में आज भी श्रृद्धा है किन्तु गंगा जल में गन्दगी गिरने, मलोत्सर्ग करने, गंगा मे धार्मिक अनुष्ठान एवं सामूहिक स्नान करने, शव प्रवाहित करने, शव दाह करने, फेक्ट्रियों का गंदा पानी प्रवाहित करने में भी हम भारतीय पीछे नही है। गंगा तटो पर बसी हमारी संस्कृति आज लगातार आधुनिक होती जा रही है।

गंगा तट के घाटो पर एक और भारत की समुची प्राचीन परम्परा अपनी सम्पूर्णता और विविधता मे सुरक्षित हैं, वही दूसरी और यहां के लोगो की जीवन शैली मे आधुनिकता का जबर्जस्त प्रभाव भी अब नजर आने लगा है। गंगा तटो पर रहने वाले इन आधुनिक सोच के लोगो को यह बताना आज नितान्त आवश्यक सा महसूस होता है, कि यह घाट, यह तीर्थ, उनकी उनके क्षेत्र की नही वरन् सम्पूर्ण भारत की अश्रुण्य सांस्कृतिक एवं धार्मिक परम्परा का जीवित इतिहास और आने वाली पीढ़ी की धरोहर है। जिसे संभाल-संवार कर रखना हर भारतीय का नैतिक कर्तव्य है।

श्री गंगा को समर्पित यह बात कि -

शान्त-शुचि-शीतल विमल सलिल
धार, दर दर लहर-लहर नित्य गाती है।
रेवा गोदावरी-सी कलिमल हर गंगा माँ जल के
जहान्य पाप पल मे नसाती है।
दलित-दरिद्र, दुर्दषा पर दयालु माता
रक्षा की भावना से दोडी चली आती है।
शत शत प्रणाम दास मुकेश के स्वीकारे,
गंगा मैया घौर कष्ट से बचाती है।
यह भारत की जीवन धारा। नीर नहीं यह अमृत धारा।।
प्रदुषण करते को टोको। जल को मल बनने से रोका।।
गंगा के अगणित वरदान। हरे खेत खुशहाल किसान।।
काश अभी न चेते भाई। मंहगी पडेगी मात जुदाई।।
फूलों की तुम खाद बनाओ। माता को कचरा न खिलाओ।।
इको फ्रेन्डली मूर्ति बनाओ। माता में इनको न सिराओ।।
खाद कीट नाशक और साबुन। जल को करते सदा अपावन।।
निर्मल जल हो पावन तट हो। सुसंस्कारी गॉव सुन्दर वट हो।।
पालीथीन पर रोक लगाओ। जल वायु-जमीन बचाओ।।
मॉ गंगा की यही पुकार। जल जंगल का करो सुधार।।
माता गंगा की जय बोलों। पर अमृत में विष न घोलों।।
पर्वों पर जिहस जल में नहाऐं। उसमें मेला नहीं बहाऐ।।
स्वच्छ रखें तट, तट के वासी। अशुद्ध न होने दें, जलराशी।।
उसमें पूजा के फूल न फेंके। और दूसरों को भी रोकें।।
जिस जल से अन्न उपजाऐं। उसे व्यर्थ ही नहीं बहाऐं।।
स्वच्छ रखें, यह मॉ की सेवा। तभी मिले पुण्य का मेवा।
जला भाव का आए न मौका। यदि वर्षा-जल, जाए रोका।।
चलो! सभी अभियान चलाऐं। जलाशयों का महत्व बताऐं।।
बूंद-बूंद कर अगर बचाऐं। जल संकट को अरे मिटाऐं।।
जो नभ के बादल बरसाऐं। आओं ! ऐसे वृक्ष लगाऐ।।
वृक्ष है महादेव विष पायी। क्यों निप्ठुर हो करें कटाई।।
जल और वृक्ष सुरक्षा पाऐं। हम प्रदुषण से बच जाऐं।।
तट पर पेड़ लगाकर भईया करो एक उपकार,
अपने साथ पीढियों का भी कर दो बेड़ा पार।
मॉ गंगा का कर्ज हम सबको चुकाना चाहिए,
साफ कर गंदे तटों को फिर से सजाना चाहिए।
ठीक हो बुद्धि तभी होगी गंगाच्चल शुद्धि।

उपसंहार - भगवान शिव की जटा में स्वर्ग से उतरी गंगा के विषय मे हम लगभग वे सभी तथ्य जान चुके है। कि जगत कल्याणी अपने पुत्रो के उद्धार के लिये इस संसार मे आई। पुराणों से लेकर जन श्रुतियों तक गंगा की महिमा अपार है। आज यदि इस सम्पूर्ण अध्याय के सारांश की बात की जाये तो हमने अभी तक यह ही जाना है कि माँ गंगा ने हमारे लिये क्या क्या किया है, किन्तु महत्व इस बात का है कि हम पुत्रो को अब अपनी जाती हुई माता

के श्री चरणो में क्या क्या समर्पित कर अपना कर्तव्य निभाना है। क्योकि आज की गंगा परिस्थितियों पर नजर डाली जाये तो हम पायेगे कि अब लेने का नही देने का समय आ गया है। हालाकि ऐसे कई अभियान है, जो गंगा के लिये कार्य कर रहै है, इनमे स्पर्श गंगा अभियान ऋषिकेश जिसमे स्वामी चिंदानन्द जी द्वारा गंगा के लिये महती भूमिका निभाई जा रही है। ठीक इसी प्रकार अखिल विश्व गायत्री परिवार के प्रमुख श्री डॉ. प्रणव जी पण्डया साहब द्वारा भी गंगा प्रज्ञा मण्डल के माध्यम से गंगा शुद्धि की अलख जगाई जा रही है।

संदर्भ ग्रंथ सूची :-

1. व्यक्तिगत शोध के आधार पर।

****

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed / Peer Review Research Journal)
RNI No.- MPHIN/2013/60638, ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Scientific Journal Impact Factor (SJIF)- 7.671
April to June 2023, E-Journal, Vol. I, Issue XLII

सुंदरवन की तटीय आबादी पर जलवायु परिवर्तन का प्रभाव

वालसिंह मावी* डॉ.बी.एल.पाटीदार**

*** शोधार्थी (भूगोल) माता जीजीबाई शासकीय स्नातकोत्तर कन्या महाविद्यालय, मोती तबेला, इन्दौर (म.प्र.) भारत**
**** प्राध्यापक, माता जीजीबाई शासकीय स्नातकोत्तर कन्या महाविद्यालय, मोती तबेला, इन्दौर (म.प्र.) भारत**

शोध सारांश – जलवायु परिवर्तन की समस्याओं और अनुकूलन पर वैश्विक चेतना शैक्षित अंत में सैद्धान्तिक वैज्ञानिक ज्ञान और कमजोर आबादी के अन्त में इनके व्यवहारिक प्रभावों के बीच सुचना साझा करने और संचार अंतर की असमानता के इर्द गिर्द घुमती घनी आबादी वाले सुन्दरवन जैसे सामाजिक आर्थिक तनाव का सामना कर रहे तटीय समुदाय दुनिया के सबसे प्रभावित हिस्से है जो जलवायु परिवर्तन की समस्याओं के संम्पर्क में है। यह लेख आर्थिक आधार की दिशा में लक्षित भारतीय सुन्दरवन में कार्यान्वित एक सामाजिक – पर्यावरणीय परियोजनाओं की सफलताओं की पड़ताल करना है।

शब्द कुंजी – सुन्दरवन, तटीय क्षेत्र, आबादी, जलवायु।

प्रस्तावना – सुंदरवन एक गतिशील और ऐसा पारिस्थितिकी तंत्र है जो भूमि और पानी के बीच के पारस्पारिक क्रिया द्वारा बनाया है इसे पृथ्वी पर सबसे अधिक उत्पादन आर्द भूमि में सें एक माना जाता है। यह एक प्रमुख वैश्विक ज्वारनद मुख है। जो जलवायु परिवर्तन के कारण समुह –स्तर की वृद्धि से बुरी तरह से प्रभावित हो सकता है। क्योकि इससे पारिस्थितिकी तंत्र कार्य और उसकी विविधता एवं उत्पादकता बुरी तरह से प्रभावित है।

वास्तविकता यह है कि 2121 उर्ज्जा अनुसंधान संस्थान और पर्यावरण और वन मंत्रालय द्वारा सन् 1995 में किये गए एक अध्ययन के अनुसार समुह क जल स्तर एक मीटर की वृद्धि लगभग 7.1 मिलियन लोगों की विस्थापित कर सकती है जिसमें सभी तटीय क्षेत्रों में वास करने वाले समस्त मछुआरा समुदाय शामिल है। हाल के अध्ययन में यह अनुमान लगाया गया है। कि वर्ष 2020 तक समुद्र स्तर में वृद्धि प्राकृतिक आपदाओ जैसे तुफान और तटीय बाढ़ के कारण से सुन्दर वन के समुद्री क्षेत्रों का लगभग 14 प्रतिशत खतम हो जायेगा और 20000 से अधिक लोग बेघर है। उपरोक्त अध्ययन के बावजूद भी हमारे देश में जलवायु परिवर्तन जैसे महत्वपुर्ण विषय की अनुसंधान के क्षेत्र में प्राथमिकता के तोर पर नही लिया जा रहा है।

इंडिया स्टेट ऑफ फॉरेस्ट–2019 के अनुसार– भारत में सदाबहार वन का क्षेत्रफल 4975 वर्ग कि.मी. या देश के कुल भोगोलिक क्षेत्र का 0.15 प्रतिशत है। राज्यवार मेंग्रोव वन पश्चिम बंगाल 2114 वर्ग कि.मी. गुजरात में 1140 वर्ग कि.मी. अण्डमान निकोबार दीप समूह 617 वर्ग कि.मी. आन्द्रप्रदेश 404 वर्ग कि.मी. महाराष्ट्र 304 कि.मी. में वन क्षेत्र फैले हुऐ है।

सुन्दर वन बंगाल की खाड़ी में निचले इलाकों में बने टापुओं का एक समुह है। और यह भारत से लेकर बांग्लादेश तक तक फैला हुआ है यह क्षेत्र अपनी अनोखी जैव विविधता तथा पारिस्थितिकीय तहत्व के लिए अन्तराष्ट्रीय स्तर पर जाना जाता है।

सुन्दर वन का पारिस्थितिकी तंत्र महत्वपूर्ण पारिस्थिकी सेवाओं की एक व्यापक श्रखला प्रस्तुत करता है। इसमें लाखों लोंगो की चक्रवातों से रक्षा वन्यजीवों का ठिकाना मुहेया करना, भोजन एवं प्राकृतिक संसाधन उपलब्ध कराना और कार्बन पृथवकरण करना शामिल है। सुन्दर वन भारत के लगभग 45 लाख लोगों को आशियाना भी देता है। इसमें दक्षिण एशिया के कुछ सबसे गरीब और बेहद जौखिम से घिरे समुदाय भी शामिल है। यहा रहने वाली लगभग आधी आबादी गरीब रेखा से नीचे गुजर बसर करती है।

रोजगार की कमी की वजह से ज्यादातर लोंग जमीन और प्राकृतिक संसाधनों पर निर्भर रहतें है। लेकिन जलवायु परिवर्तन की वजह से यहा संसाधन लगातार घटते जा रहे है। इसमें से अधिकतर लोग सिर्फ रोजी रोटी के लिए कृषि गतिविधिया करते है जिसमें मछली पकड़ना केकडे, और शहद इकठा करना आदि शामिल है। जलवायु परिवर्तन की वजह से गरिब रोजी रोटी के विकल्पों की कमी, जमीन पर निर्भरता जमीन पर असमाान स्वामित्व और सीमित सरकारी सहयोग जैसी और मुसीबतों का असर पढ़ रहा है।

उद्देश्य:

1. सगठित सामुदायिक भागिदारी के माध्यम से जलवायु परिवर्तन संरक्षण को सम्प्रेषित करना।
2. तटबंधों के किनारे सदाबहार वन लगाना।
3. देशी खाराजल धान किस्मों जैसे नोना बोखरा, ताल मोगर की खेती को प्रोसाहित किया जाना।
4. उथले भूजल को वर्षा जल और तालाब के जल के पूनर्भरण किया जाना चाहिए ताकि इस घुलित जल का उपयोग पुरे वर्ष के लिए किया जा सके ।
5. ईको टूरज्म को प्रोसाहन किया जाना चाहिए।
6. सर्दियों में सिचाई के लिए तालाब और नहर की खुदाई के माध्यम से बड़े पेमाने पर संचयन योजना।

विशेषताऐ:– सदाबाहर वन, बहुत घने होते है इन वनों में अनेक प्रकार के वृक्ष मिलते है, वृक्षों के निचे लताऐ लिपटी पहती है इन वनों में जगली जीव

अधिक पाये जाते है, दुर्गम होने के कारण इन वनों का शोषण कम हुआ है। व्यवसायिक दृष्टि से इन वनों का सीमित महत्व है। यह डेल्टा के दक्षिण पश्चिय भाग पर स्थित है। भारतीय सुन्दर वन देश के कुल मैग्रोव वन क्षेत्र का 60 प्रतिशत से अधिक का गठन करना है। सुंदर वन में भारत और बंगाल की खाड़ी के मुहाने पर गंगा और बहापुत्र के डेल्टा में नदियों सहायक नदियों और नदियो के सैकड़ो दीपों और एक नेटवर्क शामिल है, रायल बंगा टाइगर का घर है।

विश्व की चार छोटे की नाल वाली प्रजातियो में से दो और भारत की 12 प्रजातिया मे से आठ कि प्रजातिया भी यहाँ पाई जाती है। हाल ही में हुए अध्ययनों का दावा है कि भारतीय सुंदरवन 2626 पशु प्रजातियों ओर देश की 90 प्रतिशत मेग्रोव किस्मों का निवास है। यह दुलर्भ ओर विश्व स्तर पर खतरे वाली प्रजातियों का यह एक निवास सथल है। जैसे कि गंभीर रूप से लुप्तप्राय उत्तरी नदी टेरपिन (बातागुर बास्का) लुप्तप्राय दर्रावडी डाल्फिन और मछली पकड़ने वाली बिल्ली आदि।

सुझाव– सुन्दर वन का शैक्षिक सार अपेक्षाकृत है। लेकिन जीवन यापन के अवसरों का अभाव लोंगो कों घरों से दूर धकेल रहा है। जलवायु परिवर्जन के कारण कृषि और मछली पालन जैसे हमारे परम्परागत रोजगार बुरी तरह से प्रभावित हुए है हम अब रोजगार के अवसर तलाशने में नाकाम रहे है। पूर्वी सुन्दर वन के बाली द्विप में रहने वाले अनिल मिस्त्री कहते है। जो यहा पर गैर लाभकारी इकाटूरिज्म केन्द्र चलाते है। प्रशासन के पास जलवायु परिवर्तन के बढ़ते प्रभावों के कारण लोगों को विस्थापन संबधी दिक्कतो से बचाने के लिए सामाजिक सुरक्षा की न तो ठांचागत नीति है। और न ही कोई एक्सन प्लान पंचयोतो के पास छोटे स्तर हो रहे जलवायु परिवर्तन से निपटने के लिए कोई क्षमता नही दिखती है।

आइला चक्रवात 2009 के बाद शुष्क की गई योजना के तहत ज्यादातर जनता को सुन्दर वन में आइला राइस मिल रहा है। आपदा के बाद कुछ ही घरो को मरम्मत के लिए धन आवटित किया गया। और कुछ निमार्ण सामाग्री दी गई है। लेकिन जिन लोंगों को आपदाओं मे सबसे बड़ा संकट जलवायु परिवर्तन का है। जलवायु संकट से लड़ने की क्षमता विकसित करने के लिए यह नही कहा जा सकता। जलवायु परिवर्तन सबसे बड़ी समस्या है अगर इन इलाकों में क्षेत्रीय इकोलाजी और उत्पादन क्षमता के मेल खाते छोटे बड़े उधोग धंधे खुल सके तो शायद लोंगों का विस्थापन रूक सके। सुन्दर वन क्षेत्रों मे ऐसा कई सहकारी समनितिया चल रही है। लेकिन यहा पर इनका प्रभावी विस्तार किया जाना जरूरी है। भले ही यहा रहने वाले आदिवासी समुदाय के कारण और दुसरी वजहों से मछली पालन यहा के लोगों के जीवन यापन का मूल जरिया है। फिर भी किसी सरकारी योजना और मछली पालन में कोई तालमेल नही दिखता। मछुआरें अक्सर यह शिकायत करते है। कि वन विभाग उन्हे परेशान करता है। और आरोप लगाते है नावों लाइसेस देने मे स्थानीय लोगों की मांग करते है कि सरकार उनके घरो को सुरक्षित करे और चक्रवात के बचाव लायक बनाये और की नमक प्रतिरोधी और पराम्परागत प्रजातियों को बढ़ावा दे बहुत सारे अन्य लोग कहते है कि मनरेगा जैसी योजनाओं भूगतान नियमित और समय पर हो रहे। वर्षा जलसंचय जैसे तरीको से साफ पानी की भी मांग कर रहे है लोगों ने ये भी कहा है कि वर्षा जल को इक्ठा कर और अन्य जल संचय कार्यक्रम के साफ पानी उपलब्ध होना चाहिए।

निष्कर्ष– भारतीय सुन्दरवन के अन्तिम मानव रहने योग्य दीप की सीमान्त आबादी के लिए जलवायु परिवर्तन प्रेरित आपदा के प्रभाव को संप्रेषित करने के लिए एक समूह आधारित जागरूकता प्रशिक्षण अभियान पर प्रकाश डालता है। जलवायु–प्रेरित समस्याओं के प्रबधन के विभिन्न पहलूओं जैसे टिकाऊ कृषि, वैकल्पिक विकल्प आपदा न्यूनीकरण और संसाधन संरक्षण पर प्रशिक्षण आयोजन किया गया इस परियोजना का लक्ष्य जलवायु परिवर्तन की वैज्ञानिक समझ और भारतीय सुंदरवन में आपदाग्रस्त गरीब से प्रभावित सिमांत समुदाय में व्यहारिक समस्याओं के बीच इस अन्तर को करना है। और यह बहु–आयामी अनुकूलन दृष्टिकोण प्रभावी ढ़ग से और व्यहारिक रूप से जलवायु परिवर्तन के मुद्दो से ग्रस्त दुनिया भर के अनय समान स्थानों में और एक स्थायी अनुकूलन रणनीति की तलाश में उपयोग किया जा सकता है।

भविष्य में जल परिवर्तन, चक्रवाती तुफान, बाढ़ जैसी आपदाओं की सम्भावना हो और जल भार वृद्धि की ऊचाई के साथ इसकी तीव्रता बढ़ रकती है। इससे सुन्दर वन के तटीय आबादी के लिए यह खतरा है। तटीय कटाव एवं बाढ़ और खारा जल के कारण तटीय दीपों में लगभग 20000 लोग बेघर हो सकते है। जलसंख्या वृद्धि और पूनर्वास के साथ सुन्दर वन में यह संख्या 2035 तक 02 मिलियन का आंकडा छुसकती है। इसलिए यहां के निवासियों के लिए आय सृजन और आजीविका का प्रबंधन किया जाना आवश्यक है। जलवायु परिवर्तन के प्रभाव को कम करने के लिए सरकार का नवीन तकनीको और सरकारी समितियों एवं अनुकूल साधनों की आवश्यकता है। अत: नहर, तालाब, छोटे–छोटे उद्योगों जैसे– मछली पालन,कृषि, केकडा पालन नीती योजनाओं एवं तकनीती हस्तक्षेप द्वारा उत्पादन में वृद्धि को बढ़ावा देना चाहिए।

संदर्भ ग्रंथ सूची :–

1. चौदरी ए. मेति एस के 2014 कमजोर आबादी की भागीदारी के माध्यम से मैग्रोव वनीयकरण: संसाधन संरक्षण के लिए इंजीनियरिंग एक स्थायी प्रबंधन समाधान इंटजे एनवायरन रेसदेव
2. दास गुणा आर शॉआर 2013 भारत में मैग्रोव प्रबंधन के बदलाते दृष्टिकोण एक विश्लेषणात्मक अवलोकन ओशन कोस्ट मानव का अध्ययन।
3. हरिश कुमार खत्री:– प्रकाशन, 2013 कैलाश पुस्तक सदन, भोपाल

****

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed / Peer Review Research Journal)
RNI No.- MPHIN/2013/60638, ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Scientific Journal Impact Factor (SJIF)- 7.671
April to June 2023, E-Journal, Vol. I, Issue XLII

दतिया जिले की एतिहासिक स्थिति

कृष्ण कुमार *

* शोधार्थी, देवी अहिल्या विश्वविद्यालय, इन्दौर (म.प्र.) भारत

प्रस्तावना – दतिया राज्य के संस्थापक महाराज वीर सिंह देव बुन्देला सम्राट अकबर और जहांगीर के समकालीन थे। ओरछा के राजा मधुकर शाह के आठ पुत्र थे, वीर सिंह बुन्देला उन्हीं में से एक थे। दतिया राज्य का प्रारम्भ उन्हीं से माना जाता है। दतिया से छह मील दूर उत्तर-पश्चिम में बड़ौनी नामक स्थान वीर सिंह देव बुन्देला को जागीर के रूप में प्राप्त हुआ यह स्थान चारों और पहाड़ियों और गहन वनों से आच्छादित था इस कारण इसका विशेष सैनिक महत्व था। यहां यह उल्लेखनीय है कि दिल्ली से दक्षिण की और नरवर से गुजरने वाला राजमार्ग भी बड़ौनी के समीप था बड़ौनी ने इस महत्व को समझते हुए अकबर इस पर अधिकार रखना चाहता था इधर वीर सिंह देव छोटी सी जागीर से संतुष्ट नहीं होने के कारण आस पास के क्षेत्रों को अपने अधिकार में लेने लगे थे। अकबर ने वीर सिंह देव को दबाने के लिए दौलत खां को बड़ौनी भेजा। उसने बड़ौनी पर आक्रमण करके अधिकार तो कर लिया परन्तु उसके मुंह फेरते ही वीर सिंह देव ने पुन: बड़ौनी को जीत लिया। जहांगीर के सम्राट बनते ही वीर सिंह देव के उत्थान का काल प्रारम्भ हो गया जहांगीर ने वीर सिंह देव को ओरछा का शासक बना दिया और उनके अंग्रेज रामशाह को वहां से अपदस्थ कर चंदेरी का राज्य दिया इस प्रकार वीर सिंह देव अपने बाहुबल और बुद्धिचातुर्य से बड़ौनी की छोटी सी जागीर से बुन्देलखण्ड की राजधानी ओरछा के शासक बने। वीर सिंह देव को जागीर द्वारा पांच हजार का मन सब प्रदान किया गया था। उस समय ओरछा राज्य इक्यासी परगनों में विभाजित था। उसके अन्तर्गत एक लाख पच्चीस हजार गांव थे और वार्षिक आमदनी दो करोड़ रूपये थी। वीर सिंह देव ने स्थापत्य कला के क्षेत्र में नवीन बुन्देली स्थापत्य की शैली को जन्म दिया उन्होने दिसम्बर 1618 ई0 में एक साथ बावन इमारतों की नींव डलवाई जिनमें से दतिया का सतखण्डा महल, मथुरा का केशांराव मंदिर करैरा एवं झांसी का किला धमौनी का किला, ओरछा का जहांगीर महल आदि प्रमुख है।

बुन्देला राज्यों में महत्व का दूसरा स्थान प्राप्त करने वाले दतिया राज्य के नरेशों ने स्वतन्त्रता संग्राम में भले ही उल्लेखनीय योग न दिया हो पर उनकी रियासत के कई बलिदानी वीरों ने इस पावन यज्ञ ने अपने प्राणों की आहुति देने में संकोच नहीं किया। इनमें कटीली के दिमान जवाहर सिंह पवार (जन्म 1874 अग्रणी) जो अन्त तक झांसी की रानी लक्ष्मीबाई के साथ रहे।

चूंकि दतिया राज्य ने 15 मार्च 1804 को कुंजन घाट (नदीगांव) में अंग्रेजो से संधि-सम्बन्ध स्थापित किया था और यहां के नरेश अंग्रेजो के प्रति वफादार रहे इसलिए पहले विजय बहादुर तथा बाद में भवानी सिंह के लिए दत्तक पुत्र का अधिकार पाने में कोई कठिनाई नहीं हुई। 1857 विप्लव में दतिया की रीजेन्ट बड़ी रानी ने अंगेजो की काफी सहायता की। झांसी से भागकर आने वाले कतिपय अंग्रेजो को यहां आसरा लिया। दतिया ने एक सेना ब्रिटिश सरकार की सुविधा पर छोड़ रखी थी। यह नीति स्वतन्त्रता संग्राम के लिए भी लाभकारी सिद्ध हुई। रीजेन्ट रानी अंग्रेजो पर बानपुर के पक्ष में प्रभाव डाल सकी और वे पूरी सुख सुविधा के साथ राजा मदन सिहं के परिवार को भरतगढ़ दुर्ग में एक अच्छी जागीर के साथ ठहरा सकी।

रीजेन्सी काल में ही झांसी की रानी के पिता मोरोपन्त घायल होकर जवाहरातों से भरे एक हाथी पर भाण्डेर जा रहे थे जब वे दतिया की सीमा में उनाव के निकट आए तो राज्य के एक कामदार बल्देव मोदी ने उनका आतिथ्य सत्कार किया। बाद में मोदी ने अपने अतिथि को अंग्रेजो को सौंप दिया जिन्होंने झांसी में उनका वध कर डाला। राबर्ट हेमिल्टन ने इसके लिए वलदेव मोदी को 1 जून 1858 के दो हजार रूपये के पुरूस्कार के साथ एक सनद प्रदान की। वस्तुत: यह एक व्यक्ति विशेष का अपना काम था जिसके राज्य परिवार का कोई सम्बन्ध नहीं था।

विशाल भारत के हृदय राज्य के उत्तरी क्षेत्रों में विध्यांचल पर्वत श्रेणियों के मध्य तथा बुन्देलखण्ड के पठारी क्षेत्रों में स्थित दतिया जिला भौगोलिक विस्तार की दृष्टि से अत्यन्त छोटा जिला है। इस जिले की भौगोलिक संरचना का अध्ययन करने पर यह स्पष्ट होता है कि इसका आकार लम्बवत् एक त्रिभुजाकार है यह जिला 25.80 उत्तरी अक्षांश के मध्य एवं 70.10 पूर्वी देशान्तर से 78.45 पूर्वी देशान्तर के मध्य स्थित है। क्षेत्रफल की दृष्टि से यह जिला न केवल ग्वालियर संभाग का अपितु मध्य-प्रदेश का सबसे छोटा जिला है। इस जिले का कुछ भौगोलिक क्षेत्रफल 2038 वर्ग किलोमीटर है अर्थात इस जिले का कुल भौगोलिक क्षेत्रफल का लगभग एक प्रतिशत से भी कम है आकार की दृष्टि से दतिया की संरचना त्रिभुजाकार रूप से दृष्टिगोचर होती है।

दतिया जिले के क्षेत्रफल का विस्तार से अध्ययन करने पर ज्ञात होता है कि इसका भौगोलिक क्षेत्रफल अत्यन्त न्यून है अत: इसका विस्तार भी संकुचित है। जिला मुख्यालय से दक्षिण से इसकी सीमाएं लगभग 9 किलोमीटर तक फैली है जो उत्तर प्रदेश के झांसी जनपद को स्पर्श करती है। इसी प्रकार उत्तर में इसका विस्तार लगभग 22 कि0मी0 तक फैला है जहां इसकी सीमाएं ग्वालियर जिले की डबरा तहसील को स्पर्श करती है। लेकिन यहां दतिया एवं ग्वालियर जिले के मध्य सिंध नदी विभाजक रेखा के रूप में स्थित है। पूर्व दिशा में दतिया जिले का विस्तार 26 कि0मी0 था लेकिन मध्य प्रदेश सरकार द्वारा जिलों के पुनर्गठन के फलस्वरूप वर्ष 1996 में

ग्वालियर जिले की भाण्डेर तहसील को दतिया जिले में सम्मिलित कर दिया गया है। इसलिए वर्तमान में पूर्व दिशा में इसका विस्तार बढ़ाकर 48 कि0मी0 हो गया इस दिशा में जिले की सीमाएं उत्तर-प्रदेश के झांसी जनपद की चिरगांव तहसील को स्पर्श करती है। पश्चिम में दतिया जिले का विस्तार पूर्व में मात्र 7 कि0मी0 था लेकिन जिलों के पुनर्गठन के फलस्वरूप वर्ष 1999 में शिवपुरी जिले के 35 गांवो को दतिया जिले में सम्मिलित कर दिया गया इस प्रकार पश्चिम दिशा में इसकी सीमाओं का विस्तार लगभग 30 कि0मी0 तक फैल गया है। इस दिशा में इस जिले की सीमाएं शिवपुरी जिले की करैरा तहसील की सीमाओं को स्पर्श करती हैं। जबकि उत्तर पूर्व में इस जिले का आकार त्रिभुजाकार रूप में देखा जा सकता है। अत: स्पष्ट है कि दतिया जिला का पूर्व में कुल भौगोलिक क्षेत्रफल 2038 वर्ग किलोमीटर था वहां जिलों के पुनर्गठन के फलस्वरूप ग्वालियर जिले की भाण्डेर तहसील एवं शिवपुरी जिले के 35 गांवो का दतिया जिले में विलय हो जाने के कारण इसका भौगोलिक क्षेत्रफल बढ़कर 2692 वर्ग किलोमीटर हो गया।

दतिया जिले की अर्थ व्यवस्था मुख्यत: कृर्षि पर आधारित है। यहां का अधिकांश भू-भाग असमतल, पथरीला, पहाड़ी एवं गहन बीहड़ों से भरपूर है जिसमें जिले की औसत उपज कम है। कृषि दतिया जिले के ग्रामीण क्षेत्रों की मुख्य जीविका है पूर्वकाल में दतिया जिले में कपास की खेती अच्छी होती थी। अब कपास की खेती पूर्णतया समाप्त हो गई। अब दतिया में मूंगफली की खेती अग्रणी है। यहां की कृर्षि वर्षा पर आधारित है। लेकिन सिंचाई साधन में वृद्धि करके वर्षा पर निर्भरता कम करके खेती की जाए इस तरह के भौतिक संसाधनों के प्रयास जारी है।

दतिया जिले में कृषकों की बहुलता के कारण कृर्षि कार्य हेतु प्रति कृषक उपल्बध भूमि राष्ट्रीय औसत से कम है। अल्प कृर्षि क्षेत्र होने के कारण कृषक खाधान्न सम्बन्धी आवश्यकताओं की पूर्ति हेतु खाधान्न फसलें उगाते है। फलस्वरूप उनके पास नगदी एवं अधिक लाभदायी फसलें उगाने के लिए भूमि ही उपलब्ध नहीं हों पाती जिसके कारण जिले के कृषक निर्धन एवं गरीब हैं उन्हें अपनी जीविका के लिए फसल पर ऋण लेना पड़ता है। बढ़ती आबादी एवं खाध पदार्थों की बढ़ती हुयी मांग के बावजूद पौष्टिक आहार उपलब्ध कराने शिक्षित बेरोजगार पिछड़े वर्ग तथा भूमिहीन श्रमिकों को रोजगार के अवसर सृजित कराना तथा ग्रामीण अंचल में फैली जल सम्पदा के सदुपयोग हेतु मत्स्यपालन जैसे बहुआयामी कार्यक्रम ग्रामीण खुशहाली का मार्ग प्रशस्त करने एवं आर्थिक स्थिति सुधारने में सहायक हो सकते हैं। जिले में जितने भी उद्योग है वह सारे सिर्फ जिले की या आस पास के क्षेत्रों की जरूरतें पूरी कर पाते हैं उनके पास माल की इतनी खपत नहीं है कि वह और बना सके। आर्थिक विकास के लिए हमें पूर्णत: कृर्षि पर भी आश्रित नहीं होना पड़ेगा। क्योंकि वर्तमान समय में किसानों के पास इतनी जमीन है कि वह अधिक अन्न उगा सके और न ही इतने मंहगे भौतिक संसाधन है कि उससे अपना सिंचाई जुताई का कार्य कर सके आजकल तो कहीं बाढ़ तो कहीं सूखा की स्थिति है। जिससे किसानों को हर तरफ से नुकसान उठाना पड़ रहा है। अत: गरीब और गरीब होता जा रहा है जिससे वह आर्थिक तंगी के चलते चोरी, लूटमार, डकैती, अपहरण जैसी वारदातों को अंजाम देते है। अत: स्पष्ट है कि जिले की प्रगति आर्थिक प्रगति से ही संभव है और बड़े संस्थानों, नई तकनीक एवं राज्य सरकार का सहयोग जिले की अर्थ व्यवस्था में उच्च प्रगति ला सकते हैं।

सन्दर्भ ग्रन्थ सूची:-

1. ढेगुला रामस्वरूप- दतिया का राजनैतिक एवं सांस्कृतिक इतिहास आराधना ब्रदर्स व कानपुर 1987
2. डॉ0 पाण्डेय के0 वी0 एल- दतिया उद्भव एवं विकास 1986 पृ0 105
3. डॉ0 श्रीवास्तव ओ0पी0- दतिया जिले का आर्थिक विकास 'शोध प्रबन्ध 1994 जीवाजी विश्वविधालय ग्वालियर' पृ0 33
4. डॉ0 गौर लक्ष्मण सिंह- ओरछा का इतिहास 1988 लोक शिक्षण संचालनालय म0प्र0 भोपाल पृ0 192
5. डॉ0 कामनी- दतिया एक परिचय 1999 जीवाजी वि0वि0 ग्वालियर पृ0 21
6. डॉ0 गुप्त- भगवानदास दतिया के बुन्देला राजा 1986 पृ0 4

****

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed / Peer Review Research Journal)
RNI No.- MPHIN/2013/60638, ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Scientific Journal Impact Factor (SJIF)- 7.671
April to June 2023, E-Journal, Vol. I, Issue XLII

Risk Management Practice in the Indian Banking Industry Lesson Learnt from Recent Financial Crisis

Dr. Preeti Anand Udaipure*

***Assistant Professor, Government Narmada College, Narmadapuram (M.P.) INDIA**

Abstract - Risk management has been a significant concentration in the banking industry since the 1980s, and particularly after the execution of the Basel II Accord. Since the coming of these progressions — financial progression, expanded rivalry between financial establishments, the improvement of credit showcases, the development of the credit subsidiaries market, and the innovation of new financial instruments — banks have had a more troublesome time staying aware of credit risk and other coordinated risks. Viable risk management starts with the distinguishing proof, estimation, and advancement of controls and alleviation methodologies for the many risks to which banks are uncovered. Basel Accords and other risk management principles forced by different bosses are considered at this level. The paper investigations the historical backdrop of risk management from its origin to its ongoing construction and checks out intently at the most common way of incorporating it.
Keywords: Risk management, Indian banking Industry, financial crisis.

Introduction - Throughout the course of recent many years, India has been hailed as one of the world's developing financial monsters. India's formal lawful foundations have a set of experiences extending back more than two centuries, yet the size of its financial area is a lot of beneath the gathering normal [1]. Thus, in spite of being effective (low above cost) and underutilized (in terms of providing credit) the banking area is moderately little in contrast with the size of the economy.

Financial risk is characterized as the vulnerability of future incomes and market values because of changes in ware costs, loan fees, and trade rates, and risk management is the most common way of recognizing and controlling these openings [2].

Because of variables, for example, the developing significance of financial items during the time spent financial intermediation and the huge financial misfortunes caused by organizations without risk management frameworks (like Enron and WorldCom), financial risk management has detonated in notoriety since the 1990s. The prerequisite to consent to guidelines like BASEL II, KonTraG in Germany, and Sarbanes-Oxley in the US seems to have spurred a few late changes in risk management practice [3]. Today, organizations can utilize more modern financial items like forward agreements, prospects, choices, and trades to give risk to parties better ready to take it.

In the present business world, risk management is a fundamental capability for any association. Great risk management practices might have forestalled a few of the horrendous misfortunes during the 1990s, remembering the Orange Region for 1994 and the Barings bank in 1995. Both traditional and ERM systems can be applied to the course of risk management. The ordinary, compartmentalized technique involves appointing liability regarding overseeing different dangers to different experts who utilize different apparatuses. The risk supervisor is answerable for tending to possible dangers, like those connected with property and lawful responsibility [4]. The financier is likewise responsible for supporting the organization's openness to showcase changes in cash rates, loan costs, and credit risk using subordinates contracts including choices, advances, fates, and trades.

The subsequent technique, known as Integrated Risk Management (IRM) or Enterprise Risk Management (ERM), implies gathering every one of the risks into a brought together and masterful course of action. The management of risk at the enterprise level requires a portfolio viewpoint. Hilter kilter data, exchange costs, nonneutral tax collection, and limited admittance to outer money are only a couple of instances of the market defects that lead partnerships to utilize corporate risk management techniques.

Literature Review

Chakraborty and Beam (2016) directed a review to look at the risk management rehearses in Indian banks, explicitly zeroing in on open and confidential area banks [5]. The creators utilized a quantitative examination approach and gathered information through organized surveys. The discoveries uncovered that both public and confidential area

banks in India have executed different risk management works on, including credit risk management, functional risk management, and market risk management. In any case, the investigation discovered that private area banks showed more elevated levels of risk management rehearses contrasted with public area banks. The creators credited this distinction to the more prominent accentuation on productivity and effectiveness in the confidential banking area.

Dash and Kabra (2017) directed a similar report to dissect the risk management rehearses openly and confidential area banks in India. The review utilized a blended strategies approach, consolidating both subjective and quantitative information assortment techniques [6]. The discoveries recommended that both public and confidential area banks have taken on risk management works on, including risk distinguishing proof, risk appraisal, risk moderation, and risk checking. In any case, the review featured that private area banks were more proactive and viable in executing risk management techniques contrasted with public area banks. The creators reasoned that private area banks showed a more noteworthy familiarity with risk and were more disposed to embrace modern risk management devices and methods.

Das and Buddy (2018) directed an experimental review to explore the risk management rehearses in the Indian banking area. The review utilized a blended strategies approach, consolidating an overview poll and meetings with bank experts [7]. The discoveries uncovered that Indian banks have executed a few risk managements rehearses, for example, risk ID, risk estimation, risk observing, and risk relief. The review featured the meaning of administrative rules, mechanical progressions, and preparing programs in working with the reception of risk management rehearses. The creators stressed the requirement for ceaseless improvement in risk management frameworks to successfully address arising risks and difficulties looked by the banking area.

Sahu and Bhatia (2019) directed a review to look at the risk management rehearses in select banks of the Indian banking industry. The creators utilized a subjective exploration approach, involving meetings and documentation examination as information assortment strategies [8]. The investigation discovered that the chose banks have embraced risk management rehearses across different regions, including credit risk, liquidity risk, functional risk, and market risk. The review featured the meaning of risk management structures, arrangements, and risk culture in upgrading the adequacy of risk management rehearses. The creators additionally stressed the job of innovation in computerizing risk management processes and working on the exactness of risk evaluations.

Rao's review centers around examining risk management rehearses in Indian banks. The creator researches the risk management systems of select banks and looks at the viability of their risk management procedures. The review uses a subjective exploration configuration, consolidating meetings and report examination [9]. The discoveries feature that Indian banks have created complete risk management systems, enveloping risk ID, estimation, checking, and control. The review accentuates the significance of risk administration and proposes that banks ought to constantly survey and update their risk management strategies.

Karmakar and Bandyopadhyay's review looks at the distinctions among public and confidential area banks in India concerning their ways to deal with risk management. The examination utilizes a blended techniques procedure, utilizing both measurable examination and top to bottom meetings with specialists in the field of risk management. [10] The outcomes show that financial organizations in both people in general and confidential areas have embraced risk management rehearses, yet for certain distinctions in accentuation. While public area banks have a more regular methodology, confidential area banks have more refined risk management frameworks, with an accentuation on mechanical headways and risk investigation. The examination demonstrates that public area banks can further develop their risk management systems by consolidating mechanical instruments and laying out solid risk evaluation models.

In his examination, Taneja analyzes how certain banks in India handle risk management. The review adopts a quantitative strategy by looking over specialists in risk management at these financial foundations [11]. Risk ID, estimation, moderation, and checking are only not many of the areas that are investigated in this review. The outcomes show that Indian banks have progressed significantly in terms of carrying out risk management arrangements and techniques. In any case, the examination focuses on the significance of better risk culture and risk correspondence and detailing processes in financial establishments.

Research methodology

Hypothesis of the study

H1: The discernment, ID, assessment, management, and capital requirements of Indian banks all decline as nonperforming resources (NPAs) increment.

H2: Credit risk discernment, distinguishing proof, appraisal, control, and capital necessities in Indian banks are emphatically corresponded with the viability of credit risk management rehearses.

H3: Credit risk management methodologies utilized by open and confidential banks in India are tremendously unique.

Recommendations for further studies:

1. Studies may be undertaken with a large number of participants with other relevant variables contributing to warm-up and post-warm-up recovery times.
2. A similar study can also be conducted on female swimmers and also for swim performances on other strokes and different lengths/distances.
3. Further studies can be done utilizing more different variations of post warm-up recovery times.
4. Similar studies can be conducted using active rest during the post warm-up recovery times.
5. The same study may be replicated with the use of much more sophisticated equipment and real competitive conditions to have more objective and accurate data for the physiological analysis.

References:-

1. Anael Aurby, C. H. (2015, September). The Development of Functional Overreaching is Associated with a Faster Heart Rate Recovery in Endurance Athletes. PLOS ONE, 10(10).
2. B Saltin, A. G. (1968, December). Muscle Temperature During Submaximal Exercise in Man. Journal of

Applied Physiology, 25(6), 679-688.
3. Buchheit, M. (2014, February). Monitoring Training Status with HR Meausres: Do all Roads Lead to Rome. Frontiers fo Physiology, 5(73), 73.
4. Dr. Melinda Biro, D. L. (2015). Retrieved March 8, 2020, from https://sporttudomany.unieszterhazy.hu/public/uploads/swimming_56757dde865 41.pdf 13.
5. Ekstrand J, G. J. (1983). Prevention of Soccer Injuries: Supervision by Doctor and Physiotherapist. American Journal of Sports Medicine, 11, 116-20. 98
6. Fradkin, A. J. (2010). Effects of Warming-up on Physical Performance: Asystematic Review with Meta-analysis. Journal of Strength and Conditioning Research, 24(1), 140- 148.

****

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed / Peer Review Research Journal)
RNI No.- MPHIN/2013/60638, ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Scientific Journal Impact Factor (SJIF)- 7.671
April to June 2023, E-Journal, Vol. I, Issue XLII

वैयक्तिक अध्ययन विधि – अर्थ, आधार, स्त्रोत, कार्यविधि और सांख्यकिय विधि

डॉ. सरिता मेनारिया* संध्या मेर**

* सहायक आचार्य, लोकमान्य तिलक शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय, डबोक (उदयपुर) (राज.) भारत
** शोधार्थी, जनार्दन राय नागर राजस्थान विद्यापीठ (मानित) विश्वविद्यालय, उदयपुर (राज.) भारत

शोध सारांश – प्रस्तुत लेख में शोधार्थी ने वैयक्तिक अध्ययन विधि को विस्तार से बताने का प्रयास किया है संक्षेप में शोध पद्धतियों को प्रमुख रूप से दो भागों में बाँटा जा सकता है। सांख्यिकी विधि एक वृहद तथ्य संकलन, संमको का संग्रहण, सारणीयन तथा विश्लेषण करना होता है वही वैयक्तिक अध्ययन एक साधन प्रकृति की अध्ययन विधि है।

शोधार्थी ने इस लेख में वैयक्तिक अध्ययन की परिभाषाऐं प्रमुख आधार, मुख्य स्त्रोत, प्रकार तथा वैयक्तिक अध्ययन की कार्यविधि पर विस्तार से विषय–वस्तु को प्रस्तुत करने का प्रयास किया है। वैयक्तिक अध्ययन सूक्ष्म अध्ययन के लिए सबसे उपयोगी विधि है, इसमें विश्वसनीयता अधिक रहती है। शोधकार्य की पूर्णता में इस पद्धति का विशेष महत्त्व है। अति गहन अध्ययन, व्यक्तिगत भावनाओं एवम् मनोवृतियों का अध्ययन, अति महत्त्वपूर्ण प्रपत्रों का साधन, व्यक्तिगत अनुभवों का स्त्रोत, महत्त्वपूर्ण प्राकल्पनाओं का साधन, सामग्री की सम्पूर्णता तथा इकाइयों का वर्गीकरण एवं विभाजन इस विधि में विशेष महत्त्वता रखते है। शोधार्थी शोध में जन शिक्षण संस्थान के महिला शिक्षा के अन्तर्गत विभिन्न पाठ्यक्रमों के प्रशिक्षणार्थियें के द्वारा महिला शिक्षा को बढ़ावा देने हेतु संस्थान के योगदान का वैयक्तिक अध्ययन है अत: शोधकर्त्री ने इस लेख के माध्यम से वैयक्तिक अध्ययन तथा सांख्यिकीय विधि तथा इस विधि से अध्ययन एवम् साक्षात्कार के सम्बन्ध में भी चर्चा की गयी है। शोधार्थी का यह लेख शोधकर्त्ताओं के लिए जिनके शोध विषय वैयक्तिक अध्ययन पर आधारित, है बहुत ही महत्त्वपूर्ण है।

प्रस्तावना – सामाजिक विज्ञान के अन्तर्गत आधुनिक शोध पद्धतियों को दो प्रमुख भागों में बांटा जा सकता है– सांख्यिकीय विधि तथा वैयक्तिक अध्ययन विधि। जहाँ सांख्यिकीय विधि एक ओर वृहद तथ्य संकलन, समंको का संग्रहण, सारणीयन तथा विश्लेषण करना होता है, वहीं वैयक्तिक अध्ययन एक साधन प्रकृति की अध्ययन विधि है। वैयक्तिक अध्ययन के अन्तर्गत तुलनात्मक रूप से सीमित विधि है, परन्तु यह अधिक गहरा अध्ययन है। इसका प्रमुख उद्देश्य किसी घटना, विषय के समस्त पक्षों का अध्ययन करना होता है।

प्रस्तुत लेख में शोधार्थी परिभाषा एवम् महत्त्व, स्त्रोत एवम् विशेषताऐं, वैयक्तिक अध्ययन तथा सांख्यिकीय विधि, अध्ययन के प्रकार, कार्यविधि एवम् सांख्यिकीय विधि के बारे में विस्तार से चर्चा की है। वैयक्तिक अध्ययन की मुख्य परिभाषाओं का भी यहाँ प्रस्तुत किया है:–

पी.वी. यंग के अनुसार – वैयक्तिक अध्ययन किसी सामाजिक इकाई जैसे किसी व्यक्ति, परिवार, संस्था तथा सांस्कृतिक समूह अथवा सम्पूर्ण समुदाय के जीवन का विश्लेषण है।

गुड़ एवं हॉट के अनुसार – वैयक्तिक अध्ययन सामाजिक समंकों की एकीकृत प्रकृति को संभावित करने की एक विधि है जिसके अन्तर्गत हम सामाजिक इकाई का सम्पूर्ण अध्ययन करते हैं।

बिसांज के अनुसार – वैयक्तिक अध्ययन की परिभाषा व्यक्तिगत ईकाई के गहन तथा सम्पूर्ण कुशलता व प्रविधियों का प्रयोग करता है।

एल्फ्रेड मार्शल के अनुसार – यह सावधानी पूर्वक चुने हुए परिवारों के घरेलू जीवन के समस्त पहलुओं का गहन अध्ययन है। अपने सर्वोत्तम रूप में यह सभी से श्रेष्ठ पद्धति है, लेकिन सामान्य हाथों में यह अधिक से अधिक अविश्वसनीय सामान्य निष्कर्षों को सुलझाने का कार्य ही कर सकती है।

उपरोक्त परिभाषाओं के आधार पर हमें वैयक्तिक अध्ययन की निम्न प्रमुख विशेषताओं की जानकारी होती है। इस प्रकार की पद्धति द्वारा शोधकर्त्ता एक सामाजिक घटना को प्रभावित के करने वाले कारणों को एक समन्वित समग्रता के रूप में देखने का प्रयास करता है। वैयक्तिक अध्ययन किसी भी घटना के सम्बन्ध में पर्याप्त सूचना का एक व्यवस्थित संकलन है। वह एक ऐसी पद्धति है कि इसमें किसी भी आर्थिक घटना के सम्पूर्ण स्वरूप का अध्ययन हो जाता है। इसे हम एक गुणात्मक विश्लेषण भी कह सकते हैं, जिसके अन्तर्गत घटना से सम्बन्धित प्रत्येक पहलुओं का अध्ययन किया जाता है। जिस प्रकार एक व्यापारी अपने व्यापार के लिए लाभ की प्रत्याशा में सम्पूर्ण अध्ययन कर के तथ्यों का संकलन करता है।

1. अध्ययन की इकाई एक व्यक्ति, संस्था, परिवार सांस्कृतिक समुदाय अथवा सम्पूर्ण समुदाय हो सकता है। इसमें कुछ अमूर्त स्थितियों का अध्ययन भी किया जा सकता है। किसी समुदाय के आकार को परिवर्तनशील रखते हुए भी मूल रूप से हम इकाई का सम्पूर्ण अध्ययन करते हैं।
2. वैयक्तिक अध्ययन किसी ईकाई का विस्तृत एवं गहनतम से किया गया अध्ययन है। इसी बिन्दु पर सांख्यिकीय तथा वैयक्तिक अध्ययन में अन्तर देखने को मिलता है, जहाँ सांख्यिकीय अध्ययन में हम समस्या का एक पत्र देखते हैं वहीं वैयक्तिक अध्ययन के अन्तर्गत हम इकाई का सम्पूर्णता से अध्ययन करते हैं।

3. वैयक्तिक अध्ययन का प्रमुख आधार यह है, किसी व्यक्ति या परिवार का जीवन एक अविभाज्य इकाई है तथा हम उसकी वास्तविकता उसके सम्पूर्ण अध्ययन के बिना नहीं माप सकते हालाँकी किसी सम्पूर्ण अध्ययन की अपनी सीमायें होती हैं –

गुड तथा हॉट के अनुसार, निम्न बातों का ध्यान रखना आवश्यक होता है:

1. एक विस्तृत समंकों का संकलन, इकाई से सम्बन्धित।
2. वैयक्तिक अध्ययन में ली जाने वाली इकाईयों की संख्या छोटी होती है, क्योंकि अध्ययन बहुत विस्तृत तथा बड़ी समय सीमा के अन्तर्गत किया जाता है।
3. वैयक्तिक अध्ययन एक बड़ी समय सीमा से सम्बन्धित होते हैं।
4. अध्ययन एक तय समय सीमा में ही किया जा सकता है।
5. इकाई का अध्ययन एक प्रतिनिधि के रूप में ही किया जा सकता है।
6. समंक केवल सामाजिक ही नहीं, राजनीतिक, मनोविज्ञानिक, जीव विज्ञानी इत्यादि भी होने चाहिए।
7. वैयक्तिक अध्ययन में मुख्य रूप से गुणात्मक पक्ष का अध्ययन किया जाता है। शोधार्थी के तार्किक ज्ञान तथा अवलोकन क्षमता पर यह अधिक निर्भर करता है। गुड तथा हॉट के अनुसार वैयक्तिक अध्ययन केवल एक गुणात्मक अध्ययन नहीं है।

वैयक्तिक अध्ययन के प्रमुख स्रोत – वैयक्तिक अध्ययन करने के लिए निम्न प्रमुख स्रोतों का प्रयोग किया जाता है।

1. व्यक्तिगत – डायरी, स्वजीवनी, स्मृतियाँ पत्र आदि।

2. जीवनी तथा जीवन का इतिहास अब हम संक्षेप में पाठकों से इन स्रोतों की चर्चा करेंगे।

1. व्यक्तिगत स्रोत – बहुधा लोगों की आदता होती है डायरी लिखने की इसके अतिरिक्त वे अपनी स्वजीवनी भी स्मृति के रूप में लिखते हैं। इन व्यक्तिगत स्रोतों में व्यक्ति अपने जीवन की घटनाओं तथा उन घटनाओं का भी उल्लेख कर सकता है जिनमें वह प्रत्यक्षदर्शी के रूप में प्रस्तुत रहा हो। इन स्रोतों के द्वारा प्रत्यक्ष एवं अप्रत्यक्ष रूप से पी. यंग के अनुसार, व्यक्तिगत अभिलेख अनुभवों की उस निरंतरता का प्रतिनिधित्व करते हैं जो कि करते हैं जो कि लेखक के सामाजिक संबंधों तथा जीवन दर्शन को वस्तुनिष्ठ वास्तविकता तथा विषयपरक प्रोत्साहन से प्रदर्शित किया जा सकता है।

2. जीवनी – जीवनी किसी उत्तरदाता के जीवन के विभिन्न सामाजिक पहलुओं का अध्ययन होता है। जीवनी के द्वारा हमें ऐतिहासिक घटनाओं तथा तथ्यों के बारिकी से अध्ययन करने की प्रेरणा मिलती है। इस प्रकार जीवनी मात्र तथ्यों तथा अनुभवों का सम्मिश्रण होता है। किसी व्यक्ति की जीवनी लिखने के लिए एक दीर्घावधि साक्षात्कार की आवश्यकता होती है। बहुधा देखने को मिलता है कि अवलोकनकर्ता, उत्तरदाता के साथ समय अधिक व्यतीत करता है। उत्तरदाता द्वारा प्रदत्ता सूचनाओं को सामान्य रूप में प्रस्तुत करने के लिये यह आवश्यकत है साक्षात्कारत्ता को उत्तरदाता के बारे में अतिरिव जानकारी एकत्रित करना आवश्यक है।

वैयक्ति अध्ययन की विशेषतायें – उपरोक्त परिभाषाओं और विवेचना के आधार पर यह कहा जा सकता है कि वैयक्तिक अध्ययन की कुछ विशेषताएँ भी होती है। अन्य अध्ययन पद्धतियों से महत्त्वपूर्ण होने के कारण इसकी प्रमुख विशेषताएँ निम्नलिखित हैं–

1. ऐतिहासिक अध्ययन
2. व्यक्तिगत अध्ययन
3. गुणात्मक अध्ययन न कि संख्यात्मक
4. सम्पूर्ण अध्ययन
5. समस्या का गहन अध्ययन
6. एक या कुछ आर्थिक समस्याओं का अध्ययन

(1) ऐतिहासिक अध्ययन – आर्थिक समस्या का अध्ययन वर्तमान परिस्थितियों में ही नहीं बल्कि निवर्तमान या भूतकाल के समय भी इस आर्थिक समस्या के कारणों का अध्ययन किया जाता है। क्योंकि इस समस्या की जड़ कहाँ है इसका पता लगाना बहुत आवश्यक होता है क्योंकि निष्कर्ष तथा सुझाव तब तक सही माने जायेंगे जब तक भूतकालीन परिस्थितियों का भी अध्ययन न किया जाय। जैसे भारतीय अर्थव्यवस्था में आयात–निर्यात की स्थिति का अध्ययन करना है तो स्वतंत्रता के पूर्व की स्थिति क्या रही और आज की स्थिति क्या है दो स्थितियों का अध्ययन करना पड़ेगा।

(2) व्यक्तिगत अध्ययन – शोधकर्ता इसके अन्तर्गत एक आर्थिक घटना के ही विभिन्न पहलुओं का अध्ययन करता है इससे सम्बन्धित अन्य घटनाओं या कारकों को छोड़ देता है। इस आर्थिक घटना के विषय में क्या और कितना अध्ययन किया जाय यह शोधकर्ता पर निर्भर करता है।

(3) गुणात्मक अध्ययन न कि संख्यात्मक – इस पद्धति से वर्णनात्मक शोध पद्धति का उपयोग इसलिए किया जाता है कि प्राप्त तथ्यों का विश्लेषण वर्णनात्मक ढंग से ही किया जाय इसके अन्तर्गत संख्याओं का प्रयोग इसलिए नहीं किया जाता है कि शोधकर्ता किसी भी आर्थिक घटना का अध्ययन जब इस पद्धति से करता है तो जो तथ्य या सूचनाएँ प्राप्त होती हैं वह गुणात्मक ढंग से ही प्राप्त होती है न कि संख्यात्मक।

(4) सम्पूर्ण अध्ययन – इस पद्धति के अन्तर्गत आर्थिक समस्या के किसी एक पक्ष या पहलू का अध्ययन न करके बल्कि सम्पूर्ण का अध्ययन करते हैं अर्थात् एक समस्या के आर्थिक पहलू के साथ–साथ उसके सामाजिक मनोवैज्ञानिक, राजनैतिक, भौगोलिक और धार्मिक पहलू का भी अध्ययन करते हैं। इसका तात्पर्य यह है समग्र का अध्ययन इस पद्धति से किया जाता है, इसके लिए निम्नलिखित कार्यवाही आवश्यक होती है।

1. सम्पूर्ण अध्ययन को समय की दृष्टिकोण से किया जाता है अर्थात् वर्तमान और भूतकाल में समस्या की स्थिति का अध्ययन इस प्रकार किया जाता है कि दोनों समयों में तार्किक सम्बन्ध बना रहे।
2. सम्बन्धित प्रत्येक इकाई को वर्गों में विभक्त कर दिया जाता है ताकि प्रत्येक इकाई एक वर्ग का प्रतिनिधित्व करें और सांख्यिकीय विश्लेषण सुगमता से किया जा सके।
3. समस्या से सम्बन्धित प्रत्येक इकाई के लिए तथ्यों का संकलन किया जाता है।
4. सूचना का क्षेत्र सीमित न रखकर बल्कि विस्तृत रखा जाता है।
5. समस्या का गहन अध्ययन व्यक्तिगत अध्ययन पद्धति के अन्तर्गत की भी आर्थिक समस्या का गहन अध्ययन किया जाता है क्योंकि वर्तमान और भूतकाल में समस्या की स्थिति का अध्ययन होता है। यहाँ समय तो अधिक लगता है लेकिन कोई पक्ष अछूता नहीं रहता है। जो तथ्य प्राप्त होते हैं उसमें अधिक विश्वसनीयता भी रहती है।
6. एक या कुछ आर्थिक समस्यायों का अध्ययन इस पद्धति से एक या कुछ आर्थिक समस्याओं का गहन अध्ययन किया जाता है अनेक समस्याओं को लेकर एक साथ अध्ययन नहीं किया जा सकता है।

वैयक्तिक अध्ययन में जिस गहन अध्ययन पर बल दिया जाता है उसमें अध्ययन की इकाइयों को सीमित रखना आवश्यक है।

वैयक्तिक अध्ययन के प्रकार – वैयक्तिक अध्ययन के मुख्य रूप से दो प्रकार होते हैं –

(1) व्यक्ति का वैयक्तिक अध्ययन
(2) समुदाय का वैयक्तिक अध्ययन

व्यक्ति का वैयक्तिक अध्ययन – इस पद्धति में किसी भी आर्थिक घटना के अध्ययन के लिए उस घटना क्षेत्र में जहाँ आर्थिक घटना घटित हो रही है किसी एक का चुनाव करते हैं और उसी के द्वारा सम्पूर्ण घटना का विवरण प्राप्त करते हैं अर्थात् आर्थिक घटना उस चुने हुए प्रत्येक श्रोतों से सूचनाएँ प्राप्त करता है और यहाँ तक कि उसके पूर्व अनुभवों, डायरी, पत्र इत्यादि के द्वारा भी सूचनाएं प्राप्त होती हैं।

समुदाय का वैयक्तिक अध्ययन – इसका तात्पर्य यह है कि आर्थिक घटना के अध्ययन के लिए. उस घटना क्षेत्र के कुछ लोगों का चुनाव करके एक समूह बनाकर उसके द्वारा आर्थिक समस्या के बारे में शोधकर्ता सूचनाएँ प्राप्त करता है, यहाँ सावधानी यह रखनी पड़ती है कि उस समूह के अपने-अपने अलग-अलग उस समस्या के बारे में विचार होंगे। यहाँ तथ्यों का संकलन उसी प्रकार किया जाता है जैसे वैयक्तिक अध्ययन पद्धति।

वैयक्तिक अध्ययनों की कार्य-विधि – वैयक्तिक अध्ययन पद्धति के अन्तर्गत आर्थिक घटना से सम्बन्धित तथ्यों या सूचनाओं को जब एकत्रित किया जाता है वह सूचना उस समस्याके सम्बन्ध में भूतकालीन और वर्तमानकालीन दोनों होती है। यहाँ यह सोचना की शोधकर्ता साक्षात्कार, निरीक्षण इत्यादि पद्धतियों से ही तथ्यों का संकलन करता गलत है। क्योंकि वैयक्तिक अध्ययन किंवल प्राथमिक समंकों के आधार पर ही नहीं होता है बल्कि द्वितीयक समकों का भी उपयोग किया जाता है। वैयक्तिक अध्ययन पद्धति में गहन अध्ययन किया जाता है इसलिए शोधकर्ता को नियोजित ढंग से सोच-समझ कर इसे प्रारम्भ करना चाहिए ताकि पूर्ण अध्ययन संभव हो सके।

वैयक्तिक अध्ययन पद्धति के द्वारा शोधकर्ता को पूर्ण एवं गहन बनाने के लिए निम्नलिखित कार्य प्रणालियों को अवश्य अपनाना चाहिए।

(1) समस्या का विवेचना
(1) इकाइयों का चुनाव
(2) इकाइयों के प्रकारों का निर्धारण
(3) इकाइयों की संख्या का निर्धारण
(4) विश्लेषण का क्षेत्र

(2) घटनाओं के अनुक्रम का वर्णन

(3) निर्धारक अथवा प्रेरक कारक

(1) समस्या की विवेचना – आर्थिक शोध के अन्तर्गत आर्थिक घटनाओं का अध्ययन वैयक्तिक अध्ययन पद्धति से करने के पूर्व समस्या के प्रतसेक पहलुओं का विस्तृत विवेचन आवश्यक होता है क्योंकि समस्या के प्रत्येक पहलुओं का अध्ययन आवश्यक है। इसी के साथ-साथ यह भी निर्धारित कर लेना चाहिए कि इस आर्थिक समस्या का सम्बन्ध अन्य सामाजिक समस्याओं से कैसा है। इसके अन्तर्गत प्रत्येक पहलुओं के साथ निम्नलिखित का भी निश्चय कर लेना चाहिए-

(1) इकाइयों का चुनाव – शोधकर्ता को सर्वप्रथम यह निश्चित करना चाहिए किक आर्थिक घटना से सम्बन्धित किन-किन पहलुओं का अध्ययन करना है। इसके लिए निदर्शन पद्धति अति आवश्यक है।

(2) इकाइयों के प्रकारों का निर्धारण – समग्र में से जो निदर्शन का चुनाव करते हैं उसमें हमेशा यह ध्यान रखना चाहिए कि उस निदर्शन का चुनाव किया गया वह समय का प्रतिनिधित्व करें।

(3) इकाइयों की संख्या का निर्धारण – उस समग्र में से जो निदर्शन का चुनाव करते हैं प्रयास यह करना चाहिए कि निदर्शन समग्र का प्रतिनिधित्व भी करे और उसमें संख्या कम हो. क्योंकि इस पद्धति में प्रत्येक का अलग-अलग गहन अध्ययन करना पड़ता है।

(4) विश्लेषण का क्षेत्र – समस्या के सम्बन्ध में विश्लेषण का क्षेत्र निर्धारित करना आवश्यक हो जाता है। क्योंकि समस्या के किस पहलू को हम अधिक महत्व देते हैं और किसको क्रम यहाँ कम या अधिक का दन यह नहीं है कि किसी भी पहलू को छोड़ दिया जाता है बल्कि सभी पहुलओं का गहन अध्ययन किया जाता है।

(2) घटनाओं के अनुक्रम प्रेरक कारक – समस्या के अध्ययन के पश्चात् यह आवश्यक हो जाता है कि सामाजिक घटना के निर्धारक अथवा प्रेरक कारकों का भी अध्ययन किया जाय। इसके अन्तर्गत उन तथ्यों को एकत्रित किया जाता है जिनके द्वारा घटना घटित हुई जैसे अर्थव्यवस्था में मुद्रास्फीति का अध्ययन करने के पश्चात् यह आवश्यक हो गया कि उन कारकों का भी विस्तृत अध्ययन किया जाय जिनके कारण अर्थ व्यवस्था में मुद्रास्फीति की स्थिति आयी है।

वैयक्तिक अध्ययन पद्धति का महत्व – किसी भी आर्थिक घटना के सूक्ष्म अध्ययन के लिए वैयक्तिक अध्ययन पद्धति सबसे उपयोगी है क्योंकि तथ्यों और सूचनाओं का जो संकलन इस पद्धति के द्वारा किया जाता है उसमें विश्वसनीयता अधिक रहती है। शोधकार्य की पूर्णता में इस पद्धति का निम्नलिखित महत्व है।

1. **अति गहन अध्ययन** – सामाजिक शोध के अन्तर्गत जब इस पद्धति का उपयोग किया जाता है तो आर्थिक दृष्टि से समस्या के केवल आर्थिक पहलू का ही अध्यन नहीं करते हैं बल्कि अन्य पहलुओं का भी गहन अध्ययन किया जाता है। क्योंकि आर्थिक समस्या का सम्बन्ध अन्य सामाजिक समस्याओं से जुड रहता है इसलिए इनका अध्ययन आवश्यक हो जाता है।
2. **व्यक्तिगत भावनाओं और मनोवृत्तियों का अध्ययन –** शोधकर्ता द्वारा यहाँ यह भी अध्ययन हो जाता है कि आर्थिक घटना से सम्बन्धित तथ्यों के सम्बन्ध में विभिन्न वर्गों या विभिन्न लोगों की क्या भावनाएँ हैं तथा उनकी मनोवृत्ति इसके प्रति क्या है? क्योंकि अलग-अलग लोगों की भावनाएँ एक ही समस्या के लिए अलग-अलग होती है। इनके अध्ययन से हम पूर्वानुमान ला सकते हैं कि भविष्य में इस आर्थिक घटना का अर्थ-व्यवस्था पर क्या प्रभाव पड़ेगा।
3. **अति महत्वपूर्ण प्रपत्रों का साधन –** वैयक्तिक अध्ययन पद्धति के द्वारा हमें महत्वपूर्ण प्रपत्रों जैसे प्रश्नावली, अनुसूची साक्षात्कार, निरीक्षण आदि निर्देशिका तैयार करने में सहायता मिलती है। सूक्ष्म और गहन अध्ययन के लिए यह निर्देशिका आवश्यक है।
4. **व्यक्तिगत अनुभवों का स्रोत** – इस पद्धति में शोधकर्ता का आर्थिक घटना के अध्ययन के सम्बन्ध में व्यक्तिगत अनुभव प्राप्त होता है। जिसका परिणाम यह होता है कि सूक्ष्म अध्ययन आसान हो जाता है। इसी के साथ-साथ उत्तरदाताओं को भी यह अनुभव प्राप्त होता है कि किस प्रकार एक आर्थिक घटना का अध्ययन होता है और उस घटना को किन-किन

दृष्टिकोणों से देखा जाता है।

5. **महत्त्वपूर्ण प्राकल्पनाओं का साधन** – वैयक्तिक अध्ययन पद्धति के द्वारा महत्वपूर्ण प्राकल्पनाओं का निर्माण होता है साथ ही साथ उन महत्वपूर्ण पहलुओं की भी भी जानकारी हो जाती है जिनका आर्थिक घटना से सम्बन्ध होता है और उनका अध्ययन आवश्यक है। किसी भी प्राकल्पना के दो महत्वपूर्ण स्रोत हैं – प्रथम सम्बन्धित साहित्य का अध्ययन, द्वितीय वैयक्तिक अध्ययन इस प्रकार प्राकल्पनाओं का निर्माण इससे संभव रहता है।

6. **सामग्री की सम्पूर्णता** – वैयक्तिक अध्ययन पद्धति से जो तथ्यों का सूचनाओं को संकलित किया जाता है वह अपने मे सम्पूर्णता लिए हुए रहती है। ऐसा अन्य किसी अध्ययन पद्धति में नहीं पाया जाता है।

7. **इकाइयों का वर्गीकरण एवं विभाजन** – वैयक्तिक अध्ययन पद्धति के अन्तर्गत संकलित तथ्यों और सूचनाओं का वर्गीकरण एवं विभाजन आसानी से कर सकते हैं कि अध्ययन के समय ही विभिन्न वर्गों का अध्ययन किया गया है। इससे हम समग्र में से निदर्शन का चुनाव भी कर सकते हैं।

वैयक्तिक अध्ययन तथा सांख्यिकीय विधि– वैयक्तिक अध्ययन तुलनात्मक रूप से सांख्यिकीय विधि से निम्न प्रकार भिन्न है।

1. वैयक्तिक अध्ययन सामान्य रूप में कुछ अध्ययन की ईकाईयों का गहनता से अध्ययन करता है जबकि सांख्यिकीय विधि के अन्तर्गत बड़ी संख्याओं का अध्ययन किया जाता है।
2. वैयक्तिक अध्ययन के अन्तर्गत हम वर्णात्मक अध्ययन विधि का प्रयोग करते हैं, जबकि सांख्यिकीय विधि के अन्तर्गत हम परिमाणात्मक रूप में विषय के पक्षों को रखते हैं। वैयक्तिक अध्ययन के अन्तर्गत हम मुक्त व्याख्या करने के लिए स्वतंत्र होते हैं, जबकि सांख्यिकीय विधि में करने के लिय स्वतंत्र होते हैं, जबकि सांख्यिकीय विधि में संरचनात्मक गठन अधिक मजबूत होता है। वैयक्तिक अध्ययन में किसी वर्गीकरण तथा विभेद के लिये पूर्व सूचनाएं एवं जानकारियों का होना आवश्यक नहीं होता।
3. वैयक्तिक अध्ययन किसी व्यक्ति, घटना अथवा समूह का गहनता से सभी पक्षों का अध्ययन करता है जबकि सांख्यिकीय विधि के अन्तर्गत सभी अथवा कुछ ईकाइयों के एक या दो पक्षों का ही अध्ययन किया जा सकता है।
4. वैयक्तिक अध्ययन के अन्तर्गत हम सामान्य रूप में निष्कर्षो पर हुँचते है जो कि हमारे सामान्य निर्णय एवं संवेदन क्षमता पर निर्भर करता है। इन निष्कर्षों पर कोई निश्चित गणितीय अथवा सांख्यीय परीक्षण नहीं किये जाते है।
5. वैयक्तिक अध्ययन के अन्तर्गत हम अध्ययन की इकाई का चयन किसी निदर्शन के आधार पर न कर के इसका चयन अपनी सुविधा तथा अध्ययन की अवधि को ध्यान में रखते हुए करते हैं।
6. वैयक्तिक अध्ययन के अन्तर्गत हम किसी सामाजिक घटना के भावनात्मक पक्ष पर अधिक ध्यान देते हैं, यह इस मान्यता पर आधारित है कि अमुक सामाजिक घटना पर किसी वर्ग के भावनात्मक पक्ष का कितना प्रभाव रहा है, किसी व्यक्ति के जीवन पर वास्तविक जीवन की घटनाओं का विशेष प्रभाव पड़ता है जिसे हम किसी भी तरह से उसके जीवन से अलग नहीं कर सकता।

वैयक्तिक अध्ययन तथा साक्षात्कार – अभी तक की चर्चा में पाठकों ने समझा, कि वैयक्तिक अध्ययन एक गुणात्मक अथवा दीर्घ साक्षात्कार के समान होता है जिसमें कथानक का तत्तव मौजूद होता है। यहाँ पर पाठकों से साक्षात्कार एवं वैयक्तिक अध्ययन में स्पष्ट करना आवश्यक है।

यह सभी को विदित होगा कि, वैयक्तिक अध्ययन तथा साक्षात्कार दोनों में ही वर्णनात्मक रूप से जीवन घटना अथवा उत्तरदाता की प्रतिक्रिया समझायी जाती है, परन्तु दोनों में एक प्रमुख अन्तर यह है कि वैयक्तिक अध्ययन के अन्तर्गत लिये जानी वाली इकाइयों की संख्या बहुत कम होती है।

वहीं साक्षात्कार, वैयक्तिक अध्ययन की एक विधि हो सकती है तथा अवलोकन एवं विभिन्न वस्तुनिष्ठ परीक्षणों के द्वारा भी वैयक्तिक अध्ययन किया जा सकता है।

साक्षात्कार के अन्तर्गत हम बड़ी संख्या की इकाईयों की प्रतिक्रिया को साक्षात्कार विधि से अध्ययन करते हैं। अत: वैयक्तिक अध्ययन साक्षात्कार से अधिक विस्तृत विधि है जिसमें इकाइयों की संख्या कम होती है, परन्तु अनेक विधियों के प्रयोग से अध्ययन किया जाता है।

प्रस्तुत लेख में शोधार्थी वैयक्तिक अध्ययन विधि के बारे में विस्तार से वर्णन प्रस्तुत किया है।

संदर्भ ग्रंथ सूची :–

1. गुड तथा हॉट (2012) – मेथडस इन सोशल रिसर्च Surjeet Publicaton, नई दिल्ली।
2. डी.एन चतुर्वी, वी सी सिन्हा – आर्थिक शोध के तत्त्व लोकभारती प्रकाशन, इलाहाबाद।
3. Arthur Orhauser “Are Public Opinion Polls fair to organized Labour ? Public opinion Quartely Vol. X (19412), PP-484-500.
4. Norman C Meier and Cletus J. Burke - “Laboratory Tests of Sampling Techniques” Public opinion Quartely.
5. Deming W.Edward, “On Errors in Surveys” American Sociological Review, Vol. X (August 1944) pp 359-3129.
6. Dr. Ankita Gupta (2015) - questionnaire - Uttarakhand Open University, Haldwni Distance Learning Material
7. http://wwwdissertation.com
8. wikipedia.The area Encyclopedia
9. http://www.thejaps.org.pk

****

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed / Peer Review Research Journal)
RNI No.- MPHIN/2013/60638, ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Scientific Journal Impact Factor (SJIF)- 7.671
April to June 2023, E-Journal, Vol. I, Issue XLII

राजस्थान की पालनहार योजना द्वारा अनुसूचित जनजाति के बच्चों की शिक्षा की दशा और दिशा में बदलाव का अध्ययन

डॉ. प्रेम सिंह रावलोत* कल्पित शर्मा**

* सह आचार्य (लोक प्रशासन) भूपाल नोबल्स विश्वविद्यालय, उदयपुर (राज.) भारत
** शोधार्थी (राजनीति विज्ञान) भूपाल नोबल्स विश्वविद्यालय, उदयपुर (राज.) भारत

प्रस्तावना – भारत देश गाँवों का देश है। ग्रामीण संस्कृति एवं परिवेश यहाँ की मूलभूत विशेषता है तथा गाँव यहाँ सभी के हृदय में बसते हैं। वर्तमान में भारत के कई प्रदेशों में उद्योग, विकास एवं सेवाओं के प्रदाय की दृष्टि से ग्रामीण क्षेत्रों का शहरीकरण करने का प्रयास जारी है। देश की कृषि से प्राप्त होने वाली सकल आय बहुत अधिक है, यद्यपि इसका सकल घरेलू उत्पाद (Gross Domestic Product) में योगदान प्रतिवर्ष कम होता जा रहा है, परन्तु ग्रामीण परिवेश आज भी कृषि पर निर्भर है तथा ग्रामवासियों का इन क्षेत्रों से इतना स्नेह है कि वे आज भी सेवाओं के लोभ में शहर जाना स्वीकार्य नहीं समझकर अपने क्षेत्रों में सेवाएँ प्रदान की जाएँगी, इस प्रतीक्षा में हैं।

अनुसूचित जाति व जनजाति का एक बडा तबका ग्रामीण क्षेत्रों में निवास करता है। इन जातियों के ग्रामीण क्षेत्रों में बसने वाले लोग आज भी सेवा क्षेत्र से अथवा रोजगारों से उस अनुपात में नहीं जुड पाये हैं जितने सरकार द्वारा समय-समय पर इस हेतु प्रयास किये गये हैं। इनकी आय के मूल स्त्रोत कृषि क्षेत्र, मजदूरी, विभिन्न प्रकारों की दूकानों पर काम-काज तथा भवन निर्माण के कार्यों में माल ढुलाई इत्यादि के कार्य होते हैं, जिनसे इन्हें जीवन जीने हेतु भी पर्याप्त धन नहीं मिल पाता तब जीवन स्तर में सुधार की कल्पना भी निरर्थक है।

केन्द्र एवं राज्य सरकारों द्वारा संविधान निर्माण के पश्चात् से ही निरन्तर इस सम्बन्ध में प्रयास किये जाते रहे कि किसी भी स्थिति में हमें इन जनजातियों के जीवन स्तर, सकल आय एवं इनके द्वारा राष्ट्रीय आय में योगदान की स्थिति में सुधार लाना होगा ताकि इन जनजातियों की प्रतिव्यक्ति आय में वृद्धि हो एवं यही वृद्धि इनके जीवन स्तर में सुधार का कारण बनेगी तथा इससे जिस समावेशी संस्कृति के निर्माण की हम कल्पना करते हैं वह साकार हो सकेगी अन्यथा समाज में इनकी स्थिति अलग-थलग पड जायेगी एवं समाज विघटन की स्थितियाँ पैदा हो जायेंगी। इसी सोच के साथ आरक्षण जैसे प्रावधानों को लाया गया जिससे इन जनजातियों को रोजगार प्राप्त करने का अधिक अवसर प्राप्त हो सके और पीढी दर पीढी इनकी स्थितियों में गुणात्मक सुधार आ सके।

ग्रामीण क्षेत्रों की इन जातियों में विकास की धीमी गति के पीछे एक प्रधान कारण अशिक्षा की स्थिति है क्योंकि शिक्षा के अभाव में विवेक का जन्म असंभव है और अविवेक जीवन निर्माण हेतु सही दिशा के चयन में बाधा उत्पन्न करता है। इसीलिए शिक्षा का विकास इन क्षेत्रों में तथा इनके विकास में आमूलचूल परिवर्तन ला सकता है क्योंकि शिक्षा प्राप्ति के पश्चात् इनमें यह वैचारिक शक्ति उत्पन्न होगी कि प्रगति के पथ पर कैसे बढा जाए एवं इसके मायने क्या हैं, इत्यादि।

राजस्थान राज्य के विशेष सन्दर्भ में यहाँ राज्य सरकार द्वारा उक्त स्थितियों पर पार पाने हेतु सन् 2004-05 में पालनहार योजना का प्रारम्भ किया गया, हालांकि उस समय योजना का विस्तार इतना नहीं था, अर्थात इसमें शामिल श्रेणियां कम ही थीं। समय के साथ-साथ योजना का विस्तार होता रहा तथा लाभ श्रेणियों को जोड़ा जाता रहा। दिसम्बर 2015-16 के पश्चात् इस योजना का अत्यधिक विस्तार किया गया एवं सभी सामाजिक श्रेणियों (अनुसूचित जाति, जनजाति, अन्य पिछड़ा वर्ग, अल्पसंख्यक एवं सामान्य वर्ग) के अन्तर्गत 9 विभिन्न श्रेणियों को शामिल किया गया जिससे लाभान्वितों की संख्या में भारी वृद्धि हुई। वर्तमान में सिलिकोसिस बिमारी से पीडित लोगों के बच्चों को भी एक लाभार्थी पात्रता श्रेणी के रूप में इस योजना में जोडा गया है। अत: अब कुल पात्रता श्रेणियां 10 हैं।

सामान्यतया ऐसी स्थिति जिसमें महिला विधवा हो, परित्यक्ता हो, अथवा कोई दिव्यांग महिला/पुरुष हो अथवा किसी अनाथ के बच्चे हों, तब समाज उन्हें अलग-थलग कर देता है तथा उनके विकास में समाज की भूमिका शून्य होकर केवल मूल बच्चे अथवा परिवार पर ही निर्भर हो जाती है तथा ऐसे में उस परिवार का मुखिया अथवा कमाने वाले पुरुष सदस्य का काल का ग्रास बन जाना उस बच्चे एवं परिवार हेतु अभिशाप बन जाता है। शिक्षा की तो कल्पना भी दूर परिवार की जिम्मेदारियों के बोझ के चलते उसे मेहनत-मजदूरी से जुड़ना पड़ता है ताकि घर के सदस्यों का जीवनयापन हो सके। इस स्थिति में पला-बढ़ा बच्चा सदैव इस समाज के प्रति हीन भावना से ग्रस्त होता है और राष्ट्र के विकास में योगदान की मानसिकता से रहित होता है।

इसी समस्या के निराकरण के उद्देश्य से पालनहार योजना का निर्माण किया गया जिसमें विधवा, तलाकशुदा, परित्यक्ता, नाता जाने वाली महिला, अनाथ, दिव्यांग, कुष्ठ रोगी, एचआईवी ग्रसित एवं आजीवन कारावासी के बच्चों को नियमित अध्ययनरत होने की स्थिति में 0 से 6 वर्ष के बच्चों को 750 रुपये प्रतिमाह की सहायता राशि एवं 6 से 18 वर्ष के बच्चों को 1500 रूपये प्रतिमाह की सहायता राशि उनके अध्ययन हेतु पालनहार को दी जायेगी साथ ही विधवा एवं नाता महिला के बच्चों के अलावा शेष बच्चों को 2000 प्रति वर्ष एकमुश्त जुलाई के माह में दिए जाएंगे। इस योजना के

क्रियान्वित होने से बच्चों की शिक्षा के कारण उत्पन्न होने वाले आर्थिक बोझ से माता–पिता अथवा पालनहार मुक्त हो गये और बच्चों को नहीं पढ़ाने के विपरीत योजना के लाभ हेतु बच्चों को विद्यालय भेज भेजा जाने लगा।

ऐसे में जो परिस्थितियाँ वज्रपात बनकर परिवार एवं उसकी संतति को निष्प्राण कर रही थीं, इस योजना के माध्यम से उन्हें नवजीवन प्रदान कर दिया और ऐसे बच्चों को समाज के भीतर ही एक गरिमामय जीवन जीते हुए अध्ययन के अवसर प्रदान किये जाने लगे। ऐसे बच्चे जो अच्छी शिक्षा से युक्त हैं, भविष्य में अच्छे रोजगार प्राप्त कर सकेंगे तथा राष्ट्र निर्माण में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका का निर्वाह भी कर सकेंगे और साथ ही जिन पिछडे क्षेत्रों से निकलकर वे उस मुकाम तक पहुंचेंगे अवश्य ही उन क्षेत्रों के प्रति आत्मीयता के चलते वे उनका भी पुनरुद्धार करने का प्रयत्न करेंगे।

पूर्व में जहाँ अनुसूचित जनजाति के बच्चों की शिक्षा का प्रतिशत कम होता जा रहा था और विशेषकर दक्षिणी राजस्थान के बच्चों में परिवार की आर्थिक समस्याओं को दूर करने हेतु पलायन की वृत्ति बढ़ती जा रही थी, ऐसे में इस योजना से केवल पलायन की स्थिति पर ही नहीं बल्कि शिक्षा से जुड़ाव एवं ठहराव की स्थिति में भी सकारात्मक वृद्धि हुई है।

प्रस्तुत शोध में हमने दक्षिणी राजस्थान के डूंगरपुर जिले की साबला पंचायत समिति की विभिन्न ग्राम पंचायतों जिनमें अनुसूचित जनजाति की संख्या अधिक है, के बच्चों एवं इन जनजातियों पर पालनहार योजना के माध्यम से आये परिवर्तनों एवं उनकी शिक्षा में आये गुणात्मक सुधारों के आकलन करने का प्रयास किया है।

परिवार की विषम परिस्थितियों के चलते जो बच्चे अपने रोजगार की तलाश में अन्य क्षेत्रों में प्रवास कर जाते थे, उनकी संख्या में प्रतिवर्ष उत्तरोत्तर कमी आकर विद्यालय के नामांकन में वृद्धि हुई है। अनुसूचित जनजाति क्षेत्रों में जहां प्रतिमाह नियमित आय का कोई स्त्रोत नहीं होता, ऐसे में यह योजना नियमित आय के रूप में भी कार्य करती है।

प्रस्तुत शोध में हमने यह आंकलन करने का प्रयास भी किया है कि भविष्य में इस योजना का क्या प्रभाव इन जनजाति क्षेत्र के बच्चों पर पड़ेगा एवं क्या यह इन ग्रामीण क्षेत्रों के अनुसूचित जनजाति वर्ग की शिक्षा के प्रति मानसिकता में भी बदलाव कर पाएगा या नहीं।

सन्दर्भ साहित्य का पुनरावलोकन : प्रयास एवं प्रगति, प्रशासनिक प्रतिवेदन, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग के अनुसार पालनहार योजना का प्रारम्भ सन् 2005 में अनुसूचित जाति के अनाथ बच्चों को योजना से जोडकर किया गया था। छ: माह बाद ही सभी जातियों के अनाथ बच्चों हेतु योजना का विस्तार कर दिया गया। धीरे–धीरे 2007, 2010, 2011, 2012, 2013, 2014 एवं 2015 में योजना में हुए विभिन्न परिवर्तनों के माध्यम से इस योजना का विस्तार होता गया एवं सभी जातियों की 9 विशेष श्रेणियाँ निर्धारित कर योजना का लाभ दिया जाने लगा। सम्पूर्ण राजस्थान में वर्तमान में इस योजना के 3 लाख से अधिक लाभान्वित हैं तथा दक्षिणी राजस्थान में इस योजना से सर्वाधिक सकारात्मक प्रभाव अनुसूचित जनजाति के बच्चों पर ही पडा है क्योंकि इस योजना से प्राप्त राहत के कारण वे बिना आर्थिक दबाव के शिक्षा से जुडकर अपने शैक्षिक स्तर का प्रतिदिन उन्नयन कर पा रहे हैं।

यूनिसेफ द्वारा प्रायोजित अध्ययन इम्पैक्ट के शोध पत्र के अनुसार सन् 2008 में पालनहार योजना में पूरे राजस्थान में 20,000 लाभार्थी संख्या थी, जो योजना के विस्तार के साथ ही 2018 तक 2.5 लाख तक पहुँच गई, और इसके निरन्तर बढने की वृहद् संभावना है। राजस्थान में ऐसे परिवारों की संख्या अत्यधिक है जिनकी आय अत्यन्त न्यून है, और विभिन्न श्रेणियों के अन्तर्गत वे योजना के पात्र भी हैं, ऐसे में अत्यधिक लाभार्थियों को योजना से जोडे जाने की अपार संभावनाएँ विद्यमान हैं। इससे स्पष्ट है कि कम आय प्राप्त करने वाले अनुसूचित जनजाति समुदाय के लोगों के लिए यह योजना एक वरदान का कार्य कर रही है।

राजस्थान स्टेट रिपोर्ट एंड टर्म इवेल्यूएशन ऑफ चाईल्ड लाईफ प्रोजेक्ट, न्यू कॉन्सेप्ट के शोध पत्र के अनुसार जितने भी कानून अथवा योजनाएँ बच्चों के क्रमिक उन्नयन एवं उनकी सामाजिक सुरक्षा हेतु लाये जाते हैं उनसे निश्चित ही उनके जीवन एवं भविष्य निर्माण पर सकारात्मक प्रभाव पडता है। किशोर न्याय अधिनियम, बाल विवाह अधिनियम, बाल मजदूरी अधिनियम, समेकित बाल सुरक्षा योजना, शिक्षा का अधिकार अधिनियम, समेकित बाल विकास सेवाएँ इत्यादि ने बच्चों के जीवन में आमूलचूल परिवर्तन ला दिया है। ऐसे में ऐसी योजनाएँ जो बाल सुरक्षा सुनिश्चित करती हैं, अनिवार्यत: इनके जीवन को और सुदृढ़ बनाने में सहायकारी सिद्ध होंगी।

सेव द चिल्ड्रन इण्डिया की वार्षिक रिपोर्ट 2015 एवं 2018 के अनुसार समूचे भारतवर्ष में यह नितान्त आवश्यक है कि हम बच्चों एवं उनके बचपन को बचाने का हर सम्भव प्रयत्न करें एवं उसका लाभ पंक्ति के अन्तिम बच्चे को तक मिले। इसके अनुसार बच्चों की सुरक्षा हेतु तीन अत्यन्त महत्वपूर्ण लक्ष्य निर्धारित किये जाने चाहिए– पाँच वर्ष से छोटे किसी बच्चे का चिकित्सा के अभाव में मृत्यु ना हो, बाल विवाहों का आयोजन ना हो एवं सामाजिक सुरक्षा तथा शिक्षा से सम्बन्धित प्रावधानों से गुणात्मक दृष्टि से इन्हें जोडा जाए, जिससे भारत में बाल सुरक्षा मूर्त रूप में सिद्ध हो सके।

शोध अध्ययन के उद्देश्य :

1. पालनहार योजना के माध्यम से अनुसूचित जनजाति क्षेत्र के बच्चों की शिक्षा स्थिति में आए परिवर्तन का आंकलन करना।
2. स्थानीय निवासियों के शिक्षा के प्रति आये विचारों में परिवर्तन का अध्ययन करना।

शोध प्रविधि: प्रस्तुत शोध की शोध प्रविधि निम्नवत् है–

अध्ययन क्षेत्र का चयन – भारत एक पारम्परिक राष्ट्र है। यहाँ रीति–रिवाज, धार्मिक मान्यताओं, आदर्शों एवं रूढ़ियों का मानव जीवन पर अत्यधिक प्रभाव है। जिस ग्रामीण भारत का शोध के संदर्भ में विमर्श किया है वे ऐसे क्षेत्र हैं जो विशुद्ध रुप से ग्रामीण हैं तथा इनमें रहने वाली अधिकांश जनता अनुसूचित जनजाति वर्ग की है, ऐसे में यहां पारम्परिक मानसिकता एवं अंधविश्वास से घिरे रहने की स्थिति किसी परिचय विशेष की मोहताज नहीं है।

राजस्थान राज्य के दक्षिणी जिले अनुसूचित जनजाति की गौरवमयी एवं सांस्कृतिक परम्पराओं से प्राचीन काल से ही सम्बद्ध हैं तथा यहाँ ऐसी जनसंख्या का प्रतिशत भी सर्वाधिक है परन्तु शिक्षा के क्षेत्र में विकास की यहां प्रचुर संभावनाएँ हैं क्योंकि विभिन्न नकारात्मक वृत्तियों का प्रभाव अर्थात् बाल मजदूरी, आय हेतु बाहरी क्षेत्रों में पलायन इत्यादि यहाँ अत्यधिक है। ऐसे में किसी ऐसी योजना का सरकार के द्वारा लाया जाना जिससे शिक्षा हेतु आर्थिक परिलाभों की प्राप्ति निश्चित ही इन लोगों को शिक्षा से जोड़ने का श्रेष्ठ माध्यम है।

पालनहार योजना का मूल उद्देश्य एक बालक को मानव समाज के

भीतर रहकर पढ़ने का अवसर देना, पालनहार हेतु बालक की पढ़ाई में खर्च से उत्पन्न आर्थिक दबाव को समाप्त करना, वर्ष पर्यन्त एक नियमित आय स्त्रोत के रूप में कार्य करना एवं बालक को नियमित अध्ययनरत रहने हेतु प्रोत्साहित करना है। इससे बालकों को मजदूरी एवं अन्य आय अर्जन की वृत्तियों में शामिल होने से रोककर शिक्षा से जोडना एवं उसके सुदृढ़ भविष्य का निर्माण करना है।

इन अनुसूचित क्षेत्रों के परिवारों का कोई नियमित आय स्त्रोत नहीं होता जिससे वे अपने बच्चों को अच्छी शिक्षा प्रदान करवा सकें, ऐसे में इस बात का आंकलन आवश्यक हो जाता है कि पालनहार योजना से इन क्षेत्रों की जनजातियों के बालकों की शिक्षा पर क्या प्रभाव पड़ा है, अत: हमने शोध में दक्षिणी राजस्थान के डूंगरपुर जिले की साबला पंचायत समिति की ग्राम पंचायतों को सम्मिलित किया है।

प्रतिदर्श रचना – प्रस्तुत शोध में हमने दक्षिणी राजस्थान के डूंगरपुर जिले की साबला पंचायत समिति की ग्राम पंचायतों को सम्मिलित किया है। इस पंचायत समिति में प्रचुर मात्रा में अनुसूचित जनजाति की जनसंख्या होने से लाभ प्राप्त करने वाला एक बड़ा समुदाय विद्यमान है। हमने पालनहार योजना के अनुसूचित जनजाति के बच्चों की शिक्षा पर पड़ने वाले प्रभाव के सूक्ष्म आंकलन हेतु निम्न पंचायतों का चयन उद्देश्य पूर्वक किया है:

1. ग्राम पंचायत भेखरेड
2. ग्राम पंचायत बोडीगामा
3. ग्राम पंचायत काब्जा
4. ग्राम पंचायत लेम्बाता
5. ग्राम पंचायत माल
6. ग्राम पंचायत मुंगेड
7. ग्राम पंचायत नान्दली अहाडा
8. ग्राम पंचायत निठाउवा
9. ग्राम पंचायत पचलासा छोटा
10. ग्राम पंचायत पाल निठाउवा
11. ग्राम पंचायत पिण्डावल
12. ग्राम पंचायत रीछा
13. ग्राम पंचायत साबला

आंकडों का संकलन – प्रस्तुत शोध में हमने चयनित विभिन्न ग्राम पंचायतों के विभिन्न वर्षो से लाभ प्राप्त कर रहे अनुसूचित जनजाति के बच्चों की संख्या का तुलनात्मक अध्ययन किया है जिसकी अनुसूची विशिष्ट रूप से तैयार की गई है, ताकि यह ज्ञात किया जा सके कि इस योजना के प्रभाव से कितने अनुसूचित जनजाति के बच्चे प्रतिवर्ष शिक्षा से जुडकर अपने बेहतर जीवन निर्माण हेतु लाभान्वित हैं।

तालिका 1 – (अन्तिम पृष्ठ पर देखे)

विवेचन एवं परिणाम – उक्त ग्राम पंचायतों में लाभार्थियों के विस्तृत अध्ययन एवं उनके तालिका एवं पाई चार्ट निरूपण से स्पष्ट है कि प्रतिवर्ष पालनहार योजना का लाभ प्राप्त करने वाले अनुसूचित जनजाति के लाभार्थी बच्चों की संख्या में उन्नयन होता रहा है। ऐसे में यह तो अतिस्पष्ट है कि इस योजना से प्रतिवर्ष शिक्षा से जुडने वाले बच्चों की संख्या में वृद्धि हो रही है अर्थात् इन जनजातियों के बच्चों का विद्यालयों में ठहराव, नामांकन की स्थिति इत्यादि प्रतिवर्ष बढ रही है जिससे इनकी बाल मजदूरी एवं पलायनवृत्ति की मानसिकता में परिवर्तन आकर शिक्षा प्राप्ति की मानसिकता जन्म लेने लगी है।

उक्त तालिकानुसार 2019-20 में लाभार्थी बच्चों की संख्या 201 थी, जो 2020-21 में बढकर 355, 2021-22 में 466 एवं 2022-23 में 524 हो गई। आंकडों से स्पष्ट है कि प्रतिवर्ष पालनहार योजना में लाभार्थियों की संख्या में वृद्धि हो रही है जो कि आगे भी इसी प्रकार अनवरत जारी रहने की संभावना भी है क्योंकि विभिन्न पात्रता श्रेणियों में नित नवीन व्यक्ति पात्र होते जाएंगे एवं आवेदन के माध्यम से योजना में जुडते जाएंगे। प्रतिवर्ष हो रही प्रतिशत वृद्धि यह सुनिश्चित करती है कि लगातार अनुसूचित जनजाति क्षेत्रों में जागरूकता में वृद्धि हुई है और राजकीय योजना का लाभ लेने के प्रति लोगों में उत्सुकता भी है जिससे सरकार भी अपने लक्ष्यों की प्राप्त करने की ओर तेजी से अग्रसर हो पा रही है।

निष्कर्ष एवं सुझाव – तालिका एवं पाई चार्ट में प्रदर्शित एवं प्रतिशत के आंकडों से स्पष्ट है कि किस प्रकार पालनहार योजना इन अनुसूचित जनजाति क्षेत्रों एवं उनके बच्चों को प्रभावित कर रही है। पालनहार योजना द्वारा प्रदत्ता सहायता राशि से शिक्षा पर होने वाले व्यय के कारण उत्पन्न आर्थिक बोझ से अनुसूचित जनजाति परिवार आसानी से उबर जाते हैं, यद्यपि उन्हें सामान्य निर्वहन में भी सहायता मिल जाती है। ऐसे में स्पष्ट है कि यह योजना इन क्षेत्रों के बच्चों हेतु वरदान सिद्ध हुई है।

किसी भी योजना का लक्ष्य पंक्ति के अन्तिम व्यक्ति तक उस योजना के लाभ को पहुँचाना होता है, यदि अधिकतम समुदाय इसका लाभ नहीं ले पाता है तो योजना का उद्देश्य विफल हो जाता है। इसीलिए योजना के बेहतर क्रियान्वयन हेतु इसका दूर-दराज के क्षेत्रों में पर्याप्त प्रचार-प्रसार किया जाना चाहिए। ग्रामीण क्षेत्रों में ग्राम पंचायत स्तर पर नियुक्त ग्राम विकास अधिकारी, पंचायत सहायक, शिक्षाकर्मी, आँगनवाडी कार्यकर्ता, आशा सहयोगिनी इत्यादि द्वारा डोर-टू-डोर सर्वे किया जाकर लोगों को योजना एवं इस हेतु आवेदन की व्यापक जानकारी दी जानी चाहिए तथा आवेदन प्रक्रिया में सहयोग करना चाहिए ताकि लोगों को इसकी जानकारी मिले और प्रक्रिया बोझिल ना लगे।

संदर्भ ग्रंथ सूची :-

1. प्रयास एवं प्रगति, प्रशासनिक प्रतिवेदन, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग राजस्थान, जयपुर 2016-17
2. Impact, "Availability And Utilisation Of Palanhar Scheme In Rajasthan Among Children Affected by HIV And Other Vulnerabilities(A Situational Analysis)", Published by Unicef, 2012
3. New Concept, "Rajasthan State Report And Term Evaluation Of Child Life Project" Published by Unicef, 2014
4. Arora Pulkit And Mishra Aditi, "Annual Report, Save The Children" Designed by Mustard tree, 2015
5. Malik Prachi And Gandhi Jyoti, "Annual Report, Save The Children" Designed by Chaos Design Pvt. Ltd., 2017-18
6. नाथूरामका लक्ष्मीनारायण, 'राजस्थान की अर्थव्यवस्था' आर.बी.डी. पब्लिकेशन्स, जयपुर, 2015
7. Centre For Unfolding Learning Potentials, "Annual Progress Report" Published by CULP, 2018

तालिका 1

क्र.	ग्राम पंचायत	पालनहार योजना में लाभान्वित अनुसूचित जनजाति के बच्चे			
		2019-20	2020-21	2021-22	2022-2023
1	भेखरेड	15	42	49	54
2	बोडीगामा	10	22	24	24
3	काब्जा	15	20	21	22
4	लेम्बाता	27	52	70	78
5	मल	12	14	19	21
6	मुंगेड	16	26	36	47
7	नान्दली अहाडा	24	29	31	36
8	निठाउवा	10	16	25	26
9	पचलासा छोटा	8	8	9	9
10	पाल निठाउवा	15	37	67	80
11	पिण्डावल	6	12	13	16
12	रीछा	20	31	49	52
13	साबला	23	46	53	59
	योग	201	355	466	524

(स्त्रोत:-पोर्टल से प्राप्त आंकडे)



(2019-20 से 2022-23 तक लक्षित समूह के लाभान्वितों का पाई-चार्ट निरूपण)

****

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed / Peer Review Research Journal)
RNI No.- MPHIN/2013/60638, ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Scientific Journal Impact Factor (SJIF)- 7.671
April to June 2023, E-Journal, Vol. I, Issue XLII

18 वीं एवं 19 वीं शताब्दी: वागड़ में धार्मिक व सामाजिक सुधार आंदोलन

राकेश कुमार रोत*

* सहायक आचार्य, इतिहास (विद्या संबल) राजकीय महाविद्यालय, चिखली, डूंगरपुर (राज.) भारत

प्रस्तावना – मानव शास्त्र के अनेक अंग्रेज विद्धानों ने भारत के आदिवासियों को यहां के अन्य निवासियों से पृथकता का जीवन व्यतीत करने वाला बताया है। लेकिन भारतीय विद्धानों ने इस मत का खंडन किया है। घुरये के अनुसार हमारे देश में जनजातियों ने अपने पड़ोस में रहने वाली अन्य जातियों से कभी भी पृथकता का जीवन व्यतीत नहीं किया। मजूमदार और ऐयप्पन के मत में भारत की जनजातियों ने अपने क्षेत्रों में निवास करने वाले ग्रामीण समुदाय की संस्कृति और भाषा को अपनाया है। उनके मत का समर्थन कुछ इतिहासकारों ने भी किया है। डी.डी. कौशाम्बी के अनुसार प्राचीन काल से ही राजाओं और जागीरदारों ने ब्राह्मणों को दान में भूमि अथवा अन्य प्रकार से प्रलोभन देकर जनजातियों क्षेत्रों में बसने के लिए प्रोत्साहित किया। प्रारंभिक मध्यकालीन युग में प्रक्रिया जारी रही। जनजाति क्षेत्रों में बसने वाले निवासियों ने उनमें ब्राह्मण समाज के आदर्श और नियमों को प्रचलित करने का प्रयत्न किया।जनजातियों प्रतिरोध की चिंता न करते हुए भी शासकों वह बाहर से आकर उनके क्षेत्रों में बसने वाले निवासियों ने इस प्रक्रिया को जारी रखा। ऐतिहासिक साक्ष्यों के आधार पर कहा जाता है कि पूर्व औपनिवेशिक काल में गैर जातियों और जनजातियों के पारस्परिक समन्वय की प्रक्रिया में निम्नलिखित प्रवृतियों–

(अ) मुगल शासकों और जमींदारों ने कृषक जातियों को भूमि के अधिग्रहण के लिए तथा अन्य प्रकार के प्रवासियों को विभिन्न प्रकार के प्रोत्साहन देकर क्षेत्रों में बसने के लिए प्रोत्साहित किया।

(ब) सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि जनजातीय क्षेत्र में उनके अपने राज्य से राजस्थान, मध्यप्रदेश, गुजरात में भी लोगों ने राजपूतों को उनके राज्यों को संगठित करने में सहयोग दिया था।जनजातियों के इलाकों में व्यापार के विकास के लिए मार्ग भी बनाए गए। इसके लिए वहां के कुछ वनों को साहब भी किया गया। अपनी सत्ता को बनाए रखने के लिए भी मुगल शासकों वह जमींदारों ने वनों की कटाई करने के आदेश दिये।

उक्त नीतियों के फलस्वरूप जनजातिय क्षेत्रों में कृषि उत्पादन के नए तरीकों का प्रादुर्भाव हुआ तथा इन के मध्य से गुजरने वाले व्यापार का भी महत्व बढ़ने लगा। आदिवासी भी वनों से एकत्र की गई सामग्री संग्रहण कर बाहर भेजने लगे। उनके व्यापारियों की संख्या बढ़ने लगी। कृषि उत्पादन व व्यापार के नए तरीकों से जनजाति क्षेत्रों को बाजार व्यवस्था के अंतर्गत लाने का प्रयास किया। इसके अतिरिक्त सामंतवादी शासन ने जनजातियों में प्रचलित भूमि का सामूहिक स्वामित्व की प्रथा पर न केवल आघात किया अपितु उनके समाज में वर्गीकरण की प्रक्रिया को भी जन्म दिया। उदाहरण के तौर पर मेवाड़ में ओगना,पानरवा, जावरा, जवास के भोमिया भील होते हुए भी स्वयं को राजपूत का वंशज बताने लगे। इसी प्रकार विंध्याचल पर्वत के कुछ मुख्य भील भी स्वयं को राजपूत कहने लगे।

इससे यह स्पष्ट हो जाता है कि भारत में अंग्रेजों के प्रभुत्व की स्थापना के समय भारत की विभिन्न जनजातियां पृथकता का जीवन व्यतीत नहीं कर रही थी। वे काफी समय से ऐसे लोगों के संपर्क में थे जो या उनके इलाकों में बस गए थे अथवा निकटवर्ती प्रदेशों में रहते थे। लेकिन इन समुदायों को पारस्परिक संपर्क विभिन्न क्षेत्रों में एक समान नहीं था।

(क) कुछ जनजातियां जैसे राज गौड़ आदि हिन्दू धर्म के अंतर्गत उच्च स्तर के माने जाते थे।

(ख) हिंदू प्रदेशों के निकट में रहने वाली जनजातियों के सदस्य जो कि, हिंदुओं के निकट संपर्क में आने के कारण हिंदू धर्म व समाज की रीतियों से अधिक प्रभावित है,

(ग) दुर्गम पहाड़ी व आंतरिक क्षेत्रों में रहने वाले आदिवासीरू इन्होंने इस प्रकार के संपर्क का निरंतर विरोध किया है।

यद्यपि उक्त वर्गीकरण पूर्ण रूप से स्वीकार नहीं किया जा सकता, लेकिन इसमें कोई संदेह नहीं कि गैर जनजातियों का प्रभाव जनजातीय क्षेत्र में समान नहीं है। लेकिन यह निर्विवाद रूप से कहा जा सकता है कि वह पूर्ण रूप से हिंदू समाज में न तो लीन हुए और ना ही हिंदू व्यवस्था के एक अंग बने हैं। आज भी अनेक जनजातियों ने हिंदुओं के सामाजिक व धार्मिक जीवन के तरीकों को एक बड़ी सीमा तक नहीं अपनाया है। इसके साथ साथ वे 'संस्कृतिकरण' की प्रक्रिया, जो लंबे समय से चली आ रही है, विरोध कर रहे हैं। इन परिस्थितियों में उनमें 'अस्तित्व के संकट' की भावना पैदा कर दी है और उन्हें अपने पृथक अस्तित्व को बनाए रखने की चिंता हो गई। इस उद्देश्य की प्राप्ति के लिए एक ओर उन्होंने बाहरी घुसपैठ के विरोध में प्रतिरोध किया तो दूसरी और हिंदुओं आदर्शों पर अपने समुदाय में सामाजिक व धार्मिक सुधार आंदोलन किये।

यह प्रतिरोध और सुधार आंदोलन काफी समय से चले आ रहे हैं। प्राचीन काल में अपने क्षेत्रों में बाहर से आकर बसने वाले निवासियों का उन्होंने विरोध किया था। मुगल काल में उन पर सत्ता स्थापित करने वाले समूहों का जिन्होंने मुगलों का प्रभुत्व स्वीकार किया था अथवा अपने ही समुदाय के प्रभावशाली व्यक्तियों के प्रभुत्व का प्रतिरोध किया था।

दक्षिणी राजस्थान व उसके आसपास के प्रदेशों में भील लोगों, राजपूत

शासकों का सहयोग की भावना बनी। लेकिन आमतौर पर सब स्थानों में उन्होंने अपने पर थोपी गई सामाजिक व आर्थिक व्यवस्थाओं का विरोध किया। यद्यपि मध्यकालीन युग में जनजातियों के सुधार आंदोलन सशक्त नहीं हो सके किंतु फिर भी कई क्षेत्रों में उन्होंने हिंदुओं के सुधार आंदोलन के कुछ तत्वों को अपनाया।

भक्ति मत का प्रभाव बंगाल, बिहार, उड़ीसा, छोटानागपुर, राजस्थान की जनजातियों पर पड़ा। मध्यकालीन युग में मुंडा और जनजातियों में कबीरपंथीयो को आदर की दृष्टि से देखा जाता था। उस समय में रांची के पूर्व प्रदेशों में रहने वाले मुंडाओ के कुछ परिवार वैष्णव मत के अनुयाई थे। उनके अतिरिक्त समस्त मुंडा जनजाति क्षेत्र में भी दूर-दूर तक इस मत का किसी न किसी रूप में पालन किया जाता था। छोटा नागपुर में अंग्रेजी शासन की स्थापना के समय इस प्रदेश के भूमि जनजातियों के मुखिया हिंदुत्व के रंग में इतने रंग गए थे कि वे साधारण आदिवासी को अपने से ही हिन मानने लगे थे। दक्षिणी गुजरात में भी सूरत व उसके आसपास के प्रदेशों में रहने वाली जनजातियों में भी भक्ति मत का प्रचार हो रहा था।

इससे स्पष्ट हो जाता है कि आमतौर पर जनजातियों में धार्मिक व सामाजिक सुधार का कार्य करने वाले व्यक्तियों ने अपने आदर्शों की पालना करने की चेष्टा की। वस्तुत: जनजाति क्षेत्रों में हुए सुधार भक्ति आंदोलन संस्कृति की परंपराओं से प्रेरित थे।

राजस्थान व उसके निकटवर्ती प्रदेशों में भीलों के सुधार आंदोलन- यह पहले ही बताया जा चुका है कि इन प्रदेशों में रहने वाले भीलों का काफी समय से पहाड़ी क्षेत्र में रहते थे। अनेक जनजातियों के समान वे भी पहले आर्यों के द्वारा वनों के आंतरिक भागों में खदेडे गए और बाद में राजपूतों की विजय के समय भी कुछ हद तक इस प्रकार की स्थिति उनके सामने आई। लेकिन राजपूतों ने अपनी आवश्यकता को देखते हुए उनका सहयोग प्राप्त करने की नीति अपनाई उन्होंने भीलो के मुखिया ने अपनी आवश्यकताओं को देखते हुए उनका सहयोग प्राप्त करने की नीति अपनाई। उन्होंने भीलों के मुखियाओं को अस्तित्व अपनी राजधानियों के पास बने रहने दिया। क्योंकि वह वनों और पहाड़ियों के आंतरिक भागों में अपनी सत्ता बनाए रखने में कठिनाइयों का अनुभव करते थे। इसलिए उन्होंने इन क्षेत्रों में भी भील मुखियाओ के अधिकारों को मान्यता दी। इसके फलस्वरूप राजपूतों व भीलो में सहयोग का एक युग आरंभ हुआ। मेवाड़ में गोहिल वंश के संस्थापक बप्पा रावल को ओगना और उदरी के बेल मुखिया का सहयोग मिला। कुशलगढ़, डूंगरपुर, बांसवाड़ा में भी भीलों को राजपूतों ने हराकर उनके साथ अच्छा व्यवहार किया। गुजरात में ईडर, राजपिपला रेवा काठा ने भी इसी प्रकार की नीति अपनाई गई। इस नीति का परिचय मेवाड़ दक्षिणी राजस्थान के अन्य राजपूत तथा राजपीपला में एक राजा के सिहासनारोहण के समय भील मुखियाओं द्वारा उनका 'टीका' किए जाने की प्रथा में मिलता है। टाड के अनुसार राजपूतों ने 'उजले' भीलों के साथ खानपान व्यवहार भी रखा। इसके फलस्वरूप भीलों के कुछ वर्गों ने स्वयं को राजपूत का वंशज बताया। कल्याणपुर के भील स्वयं को धार के पवारे, देवपुरा मांडवा अमरपुरा के सिसोदिया बिलक के बाबाओं, कागदर के राठौड़ चौहानों के वंशज मानते हैं।

18 वीं सदी के आरंभ में दुर्लभ रामजी (1696-1736) ने वागड़ तथा निकटवर्ती प्रदेशों में भक्ति का प्रचार किया वे उनकी रचनाओं में हमें ज्ञान, भक्ति आध्यात्मिक और वैराग्य के दर्शन होते हैं साथी आराध्य देव के साक्षात दर्शन के प्रति विहहता प्रदर्शित करते हुए उनके पद अत्यंत मर्मस्पर्शी है। उनके द्वारा आंचलिक भाषा में लिखे गए वागड़ में आज भी लोकप्रिय है। दुर्लभ राम के समकालीन मावजी (1714-49) के भक्ति मत का प्रचार किया। इस समय तक जाति प्रथा को कठोरता के कारण उच्च जाति के हिंदू भीलों को अपने से हिन मानते थे।राजपूतों के साथ उनके मुगल साम्राज्य के पतन के साथ राजस्थान के राजाओं की भक्ति भी कम हो गई थी इन प्रदेशों के जमींदार और अधिकारी भीलों का शोषण करने लगे हिंदू व बोहरा व्यापारी तथा साहूकार भी उनकी स्थिति का अनुचित लाभ उठा रहे थे मराठों की घुसपैठ आरंभ हो गई। ऐसे समय में मावजी ने उनकी दशा सुधारने के लिए एक आंदोलन चलाया उनके राधे कृष्ण राधे कृष्ण का रूप धारण कर रासलीला करते थे। अपने को निष्कलंक अवतार मानते थे कृष्ण के भक्त होने के साथ-साथ उनकी ब्रह्मा विष्णु महेश में भी आस्था थी। प्रात: काल से लेकर रात्रि के 10:00 बजे तक अपने इष्ट देव की सेवा करते थे। अपने अपने शिष्यों को अखंड भजन करने भगवत के गुणों का आचरण करने करने का आदेश दिया मानते थे। महापुरुषों के साथ रहने से एक मनुष्य में प्रेमी भक्ति पैदा होती है गीता के निष्काम कर्मयोग को मानते थे। संसार को एक भ्रम मायाजाल संबंध थे पुनर्जन्म जगत के लिए नैतिक व्यवस्था बताते थे मोक्ष प्राप्ति के लिए योग साधना भक्ति व क्रम को आवश्यक मानते थे। उन्होंने तीर्थाटन को वर्तमान आया नंबरों का विरोध करते थे उनके मत में एक मनुष्य के लिए अपनी आस्था को शुद्ध रखना आवश्यक है। यदि वहां जी ने अनिरुद्ध व्यवस्था की प्राप्ति हेतु अपना ध्यान एकाग्र करने के लिए मूर्ति पूजा की किंतु सा मंत्रियों ने उन्होंने इसका विरोध किया। तप-व्रत को भी उन्होंने निरर्थक माना। उन्होंने अपने शिष्य को पाखंड से दूर रहने की शिक्षा दी। मावजी ने अंधविश्वासों को त्यागने की आवश्यकता पर बल दिया। भूत-प्रेत चुड़ैल आदि में उनका विश्वास नहीं था।

मावजी एक सामाजिक सुधारक भी थे। ब्राह्मण कुल में जन्म लेते हुए भी उन्होंने ब्राह्मणवाद का विरोध किया। वह जाति प्रथा के बंधन को भी नहीं मानते थे। उन्होंने अछूतो एवं भीलो के उद्धार का कार्य आरंभ किया। वह विधवा विवाह के समर्थक थे। उन्होंने स्वयं विधवा विवाह किया। इसी प्रकार अंतरजातीय विवाह करके एक आदर्श प्रस्तुत किया। मावजी अपने उपदेशों में कन्या विक्रय(दापा) का निषेध करने की सलाह दी। इसी प्रकार देवर-वेत्ता अर्थात बड़े भाई की पत्नी के साथ विवाह न करने का आदेश दिया। नाता प्रथा को उन्होंने अनावश्यक माना। उनके मत में एक पुरुष को पत्नी व्रत होना चाहिए। उन्होंने पर्दा प्रथा का खंडन किया। उन्होंने एक मनुष्य के जीवन में नैतिकता को महत्व दिया है। सादा जीवन व्यतीत करने पर जोर देते थे। धन आवश्यकता से अधिक वस्तुओं को संचय करना निरर्थक मानते थे। मद्यपान का वे सख्त विरोध करते थे। मन, वचन व कर्म से किसी को दु:ख ना पहुंचाने तथा सदाचरण रखने मावजी ने जोर दिया। उन्होंने जनसाधारण की सेवा तथा परोपकार करने का उपदेश दिया। मानव मात्र को भाई- भाई मानते हुए उन्होंने सभी को अपने संप्रदाय में दीक्षित किया। शुद्रो को भी उन्होंने मोक्ष का अधिकार माना।

मावजी ने एक शासक के कर्तव्यों की व्याख्या की। उनके अनुसार एक राजा को अपने राज्य के नियमों का पालन करना चाहिए। उसे दयावान, न्याय प्रिय, ईमानदार होना चाहिए। उसे क्रोध व दुर्वचन को त्याग देना चाहिए। प्रजा की सुरक्षा के लिए समुचित व्यवस्था करनी चाहिए। प्रत्येक जीव के प्रति प्रेम करना चाहिए। मानव मात्र प्राणी की सेवा करनी

चाहिए।निष्कलंक संप्रदाय के अनुयाई सादे सफेद वस्त्र पहनते हैं, मस्तक पर चंदन का तिलक लगाते हैं। गले में तुलसी की माला पहनते हैं। वे 'जय महाराज' कह कर एक दूसरे का अभिवादन करते हैं। केवल गुरु ही एक मनुष्य को दीक्षा दे सकता है। वह मद्यपान नहीं करते हैं तथा मांस नहीं खाते हैं।

मावजी का मीरा, कबीर और सूफ़ी संतों का प्रभाव स्पष्ट रूप से दिखाई देता है। आधुनिक काल के आरंभ में मावजी द्वारा प्रचलित संप्रदाय कुछ समय बाद अपनी लोकप्रियता खो बैठा। इसका एक कारण दक्षिणी राजस्थान व निकटवर्ती क्षेत्रों में भीलो व दलितों का मराठों पिंडारियो के आक्रमणों से त्रस्त होना था, किंतु 19वीं शताब्दी इसे फिर से लोकप्रिय बनाने का प्रयत्न किया गया।इस क्षेत्र के भीलो, कुम्हारों, और कुर्मीयों में इसका पुन: प्रचार किया गया। इसके अतिरिक्त ब्राह्मण और उच्च जातियों के कुछ सदस्यों ने भी अपनाया।यह अनुमान लगाए कि वर्तमान काल में इस संप्रदाय के लगभग कई अनुयाई है।

उन्होंने जाति प्रथा के बंधन टूटने राजतंत्र जागीरदारी प्रथा की समाप्ति, मुद्रा अवमूल्यन धातु के सिक्कों के स्थान पर प्रतीक मुद्रा के प्रचलन, ब्राह्मणों का एकाधिकार समाप्त होने के बारे में भी जो भविष्यवाणियां की थी। वे वर्तमान काल में सत्य सिद्ध हो रही है। उन्होंने उत्तार से पलयकारी कार्य शक्ति का आगमन, पश्चिम से शांति स्थापित करने वाली शक्ति का अवतरण, भयंकर युद्ध व नरसंहार की भविष्यवाणी की थी। लेकिन उन्होंने अपने शिष्यों को नए साथियों की स्थापना का संदेश भी दिया था।

संत सुरमल दास का जन्म गुजरात के साबरकांठा जिले में शामलाजी लसाडिया गांव के एक भील खराडी परिवार में हुआ था। उसका परिवार लकड़ी काट के शिकार करके जीवन निर्वाह करता था। बचपन में वे नास्तिक व क्रूर थे। युवावस्था में अपनी पत्नी के सख्त बीमार पड़ने पर उनमें वैराग्य उत्पन्न हुआ। उन्होंने अपने गांव में धोणी लगाकर भक्ति करने आरंभ किया। ऐसा विश्वास किया कि उनको चमत्कारी शक्तियां भी प्राप्त हो गई थी। शीघ्र ही उनके मत का प्रचार दक्षिणी राजस्थान व गुजरात के क्षेत्रों के भीलों में हो गया। 1877 में खेरवाड़ा में पॉलिटिकल सुपरिंटेंडेंट हिली ट्रैक्टर्स के पद पर कार्यरत टी.ई. गोरेन अंग्रेज अधिकारी ने उनसे भेंट की। इस मुलाकात में सूरमाल दास ने डूंगरपुर में अन्य भीलो से अपने अनुयायियों की सुरक्षा करने की मांग की थी। अन्य भील उन्हें मुस्लिम मानते थे। इनके अनुयायियों की संख्या की बढ़ गई थी। गुजरात में शामलाजी से लेकर मेवाड़ के ऋषभदेव के पास होते हुए वर्तमान में डूंगरपुर बांसवाड़ा के हजारों से उनके द्वारा चलाए गए पंथ के शिष्य थे। उनके द्वारा चलाए गए पंथ को सूरमाल दास पंथ कहते हैं। लसाडिया में इनकी मुख्य धूणी होने के कारण इसे लसाडिया पंथ भी कहा जाता है।

सूरमाल दास ने भक्ति मार्ग को अपनाया। उन्होंने भजन, पाठ, पूजा, यज्ञ, हवन आदि को महत्व दिया। उनका विश्वास था कि कर्म के आधार पर एक जीव पुनर्जन्म से छुटकारा पा सकता है। उन्होंने एक मनुष्य को स्वस्थ रहने तथा सादे कपड़े पहनने का आदेश दिया। नैतिक जीवन व्यतीत करने के लिए सुरमल दास एक आचार–संहिता बनाई। पाप, चोरी, व जीव हत्या न करनाय काम, क्रोध, अभिमान एवं माया जाल से दूर रहनाय व्यभिचार न करना शराब व मांस का प्रयोग न करना इस संहिता के प्रमुख तत्व थे। उन्होंने जीवन क्षण भगुर माना। उनके शिष्य अन्य व्यक्तियों के हाथ का बनाया हुआ भोजन नहीं करते हैं। सुरमल दास एक समाज सुधारक भी थे उन्होंने दापा न लेने का आदेश दिया। कि मनुष्य में पारस्परिक सद्भावना को बढ़ावा चाहते थे। उन्होंने शांति का समर्थन किया।

संदर्भ ग्रंथ सूची :–

1. भोगीलाल पंड्या, 'स्मृति ग्रंथ भील ऐतिहासिक एवं सांस्कृतिक संदर्भ में न्यास', डूंगरपुर राजस्थान 1986
2. करुणा जोशी,'जनजाति क्षेत्र में स्वतंत्रता आंदोलन', राजस्थानी ग्रन्थागार, जोधपुर 2008
3. माथुर एल.पी.,'गोविंद गुरु व उनका आंदोलन', शब्द महिमा प्रकाशन, जयपुर 2005
4. जी एस घुरिये,दी शयूड्डल्ड ट्राइब्स।
5. के सुरेश सिंह,'स्टेज परफॉर्मेंस इन ट्राईबल सोसायटी', जनरल ऑफ इंडियन एंथ्रोपोलॉजी सोसायटी,1976
6. भगवती लाल जैन, स्वतंत्रता संग्राम में भगत आंदोलन का योगदान साधु गोविंद गिरी और भगत आंदोलन1982
7. महेश चंद्र गर्ग, संत शिरोमणि मावजी महाराज वागड़ दूत डूंगरपुर,1975
8. गौरीशंकर ओझा,'डूंगरपुर राज्य का इतिहास', महाराणा मेवाड़ पब्लिकेशन, उदयपुर 2000

****

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed/ Peer Review Research Journal)
RNI No.- MPHIN/2013/60638, ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Scientific Journal Impact Factor (SJIF)- 7.671
April to June 2023, E-Journal, Vol. I, Issue XLII

दलित विमर्श का ऐतिहासिक परिप्रेक्ष्य

राम किशन* डॉ. सुनीता**

* शोधार्थी (हिन्दी) दिगम्बर जैन कॉलेज, बड़ौत (बागपत) सम्बद्ध चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ (उ.प्र.) भारत
** एसोसिएट प्रोफेसर (हिन्दी) दिगम्बर जैन कॉलेज, बड़ौत (बागपत) (उ.प्र.) भारत

प्रस्तावना – दलित का शब्दगत अर्थ है 'जिसका समाज में विभिन्न रूपों में दलन हुआ हो' अर्थात यह सामाजिक, आर्थिक और सांस्कृतिक, रूप में एक ऐसा पद है जो भारतीय समाज की वर्षजेल की परिधि में निचले स्थान पर मान लिया गया। दलित भारतीय समाज में एक ऐसा समुदाय है जो ऋग्वेद के पुरुषसूक्त से ही हेय, नीच और ब्रह्म के पाँव से उत्पन्न माना गया। ब्राहमणवादी वैचारिकी ने जन्म के आधार पर ही कम समुदाय को अछूत नही माना गया बाल्क इनके शोषण को दार्शनिक – पौराणिक और धार्मिक आधार प्रदान किया गया।'दलित' शब्द आज भारतीय समाज में किसी सामान्य अर्थ को ध्वनित नहीं करता बल्कि यह समुदाय विशेष जाति विशेष या वर्ग विशेष को चिन्हित कराता है।

लक्ष्मणशास्त्री जोशी के शब्दों में 'दलित मानवीय प्रगति में सबसे पिछड़ा हुआ और सबसे पीछे ढकेला गया वर्ग है। हिन्दू समाज में जिन व्यक्तियों को गाँव के बाहर रहने के लिये बाध्य किया गया और जिसमे समाज विशेषत: सवर्ण समान शारीरिक सेवाएं तो लेता रहा लेकिन जीवनावश्यक प्राथमिक जरूरतों से भी जिन्हें वंचित रखा गया और पशुओं के स्तर पर घृणित जीवन जीने के लिये बाध्य किया गया अछूत अथवा दलित हैं।'[1]

ओमप्रकाश वाल्मीकि के मतानुसार 'दलित शब्द' उस व्यक्ति के लिये प्रयोग होता है जो समान व्यवस्था के तहत सबसे निचले पायदान है, वर्ण व्यवस्था ने जिसे अछूत अन्तज्य की श्रेणी में रखा है। उसका दलन हुआ है शोषण हुआ है। इस समूह को ही संविधान में अनुसूचित जातियाँ कहा गया है।'[2]

डॉ. एन. सिंह के शब्दों में 'दलित शब्द की सीमा में केवल शूद्र ही नहीं आते, स्त्री और पिछड़ी जाति के साथ अन्य सवर्ण जातियों के वह सवर्ण लोग भी आते हैं जिनका किसी भी दशा में मानसिक, शारीरिक, सामाजिक और आर्थिक शोषण हुआ है।'[3]

दलित साहित्य का ऐतिहासिक अवलोकन करने पर हमें 'विभिन्न कालोय विभिन्न रूपों और विभिन्न धाराओं' में दलित साहित्य देखने को मिलता है। तब यह कहना उचित नहीं होगा कि यह दलित विमर्श केवल डॉ. अम्बेडकर के उदय के बाद शुरू हुआ हैअथवा मराठी से या खासकर दलित पैंथर से आया है।

यह तो हिन्दी क्षेत्र मे दलित की अधिकार चेतना के उभार का साहित्यिक परिणाम है। बौद्ध काल में स्वयं गौतम बुद्ध ने ब्राह्मण वर्ण व्यवस्था पर चोट की और उन्होंने क्षत्रियों का दर्जा ब्राह्मणों से ऊंचा कर लिया था। उदाहरण के लिये उन्होने 'सुनीतिनामक' भंगी को अपने संघ में सम्मिलित करके सामाजिक दृष्टि से एक क्रांतिकारी परंपरा की शुरुआत की थीं। मराठी दलित साहित्य का यही आधार रहा है अर्थात वर्णव्यवस्था का विरोधा दलित विमर्श का एक प्रमुख स्वर हैं। महामानव गौतम बुद्ध ने सवर्ण जातियों के दिलों मे दलितों के अति संवेदना के बीज बोए, जिसके फलस्वरूप बुद्ध के बाद संस्कृत के ब्राह्मण विद्धान अवबोच ने वज्रपूर्ची की रचना की। इस रचना में असमान नीति पर आधारित ब्राह्मण वर्णव्यवस्था व जाति प्रथा का विरोध किया गया था।'

डॉ. तुलसीराम का मानना है कि 'बुद्धचरित के रचनाकार अश्वघोष पहले संस्कृत के कवि थे, जिन्होने ब्राहमण वर्णव्यवस्था पर आक्रमण करते हुए वज्रसूची नामक काव्यग्रन्थ लिखा। यद्यपि अश्वघोष ब्राहमण बौद्ध थे फिर भी मैं उनकी पुस्तक बज्रसूची को दलित साहित्य की रचना मानता हूँ।'[4]

सन् 1000 ई. के बाद सिद्ध रचनाकारों में सरहपा जैसे कवि दलित जाति से हुए हैं, जिन्होने अपनी रचनाओं में सामंती वर्णव्यवस्था का जोरदार विरोधा किया था। इसे सिद्ध साहित्य कहा जाता है।

इसके उपरान्त नाथ कवियों से भी वर्णाश्रम व्यवस्था का विरोध किया था। इनका सिद्धान्त था– 'जोई– जोई पिंडे','सोई ब्रह्माडे' अर्थात जो शरीर में है वही ब्रह्माण्ड में है।

इसके बाद भक्तिकाल में भी अस्पृश्यों, शुद्रों और भक्त स्त्रियों की प्रभावशाली रचनाएँ मिलती हैं।

मार्क्सवादी आलोचक–**डॉ. विश्वनाथ त्रिपाठी** के अनुसार 'भक्ति के आद्य आचार्य रामानुज का जन्म कांचीपुरम के पास हुआ था। वे विद्याध्ययन के लिये बचपन में ही वहाँ था गए थे। कांचीपुरम में ही उनकी भेंट कांचीपूर्ण से हुई। कांचीपूर्ण रामानुज के शूद्र गुरू थे।'[5]

भक्तिकालीन अनेक संत कवि कथित निम्न जातियों के समुदाय से थे। वे सभी निगुर्ण ब्रह्मा में विश्वास करते थे, क्योंकि उनके लिये साकार ईश्वर अर्थात मूर्तिपूजा और मंदिर प्रवेश करने तक का निषेध था। लेकिन इस भक्ति से आम जनता केजीवन में कोई बुनियादी परिवर्तन नहीं आया और न ही स्वयं संतों के जीवन में।

यह स्थितियाँ भक्तिकाल से लेकर आज भौतिकवादी युग में दलितों के लिये जस की तस बनी हुई हैं। दलितों के उच्च–शिक्षित युवक युवतियाँ बेकार घूम रहे हैं तो दूसरी तरफ द्विज वर्ण के युवक युवतियाँ शिक्षित–अशिक्षित, योग्य अयोग्य शान से जीवन जी रहे हैं। उनके बच्चे विदेशी शिक्षा ले रहे हैं तो दूसरी तरफ दलितों के बच्चों को अपने ही देश में शिक्षा प्राप्त नहीं हो या रही है।

महात्मा ज्योतिबा फुले के विचार नि:सन्देह ही दलित विमर्श के प्रेरणा स्रोत रहे है। उन्होंने 'शिक्षा रूपी मंत्र फूंक कर दलितो में चेतना जगाई। शिक्षा की महत्ता उन्होने निम्न पंक्तियों के माध्यम से दर्शाई है जो उनके चिंतन और संदेश का सार कही जा सकती है।

विद्या के अभाव में मती नष्ट हुई।
मती के अभाव में नीति नष्ट हुई।
नीति के अभाव में गति नष्ट हुई।
गति के अभाव में वित्त नष्ट हुआ।
वित्ता के अभाव सें शूद्रों का पतन हुआ।'[6]

कहा जा सकता है कि इन सब के अभाव में न केवल शुद्रों का बल्कि अस्पृश्यों का विकास भी अवरुद्ध हुआ। महात्मा ज्योतिबा फुले की ऊपर लिखित कविता की पंक्तियाँ 1883 ई. में किसानों का आसड़ नामक ग्रन्थ की प्रस्तावना में प्रकाशित हुई थीं।

इधर **रैदास, कबीर** की परंपरा में हिंदी दलित साहित्य की शुरुआत **स्वामी अछूतानंद** से हुई। उनके बाद सन् 1914 में सरस्वती पत्रिका में प्रकाशित हीरा होम की कविता अछूत की शिकायत से गैर दलितों ने दलित विमर्श का आरम्भ मान लिया।

हीरा डोम से इतर अन्य दलित कवियों मे भी ढेरों कविताएं लिखी हैं जिनका इतिहास दबा पड़ा है। उदाहरण के किये उत्तर प्रदेश के निवासी स्वामी अछूतानंद का नाम विशेष उल्लेखनीय है। ये हिंदूवादी वर्णव्यवस्था से परेशान होकर समाज सुधार हेतु घर में निकल पड़े थे और जीवन भर दलित समाज को आंदोलित करते रहे। स्वामी जी केवल इतिहास को ही नहीं दोहराते थे, बल्कि दलितों में नई चेतना व ऊर्जा भरने का कार्य भी करते थे जो उनकी निम्न पंक्तियों में स्पष्ट, दृष्टव्य है–

यदि खून में कुछ जोश हो,
ओ बेहोश कौमो जो होरा हो।
तो क्यों पडे बागोश हो,
जागो बहुत बरबाद हो।

इन्हीं दलित सामाजिक समस्याओं से घिरे एक और दलित साहित्यकार निर्धिनराम की रामायण का पता चला है। निर्धिनराम का जन्म सन् 1858 ई. में शाहाबाद जिले में जनईडीह में हुआ था। इनकी मुख्य रूप से गांधीजी से मिलने की आकांक्षा सक्रिय रही जिसका कारण गांधी जी का दलितों के प्रति उदार दृष्टिकोंण था। इन्हें उम्मीद थी कि गांधी बाबा अछूतों को उनकी समस्याओं से मुक्ति दिला सकेंगे लेकिन उन्हें अपेक्षाकृत निराशा ही हाथ लगी।

अन्य कवियों की श्रृंखला में स्वामी शंकरानंद, कविरत्न महात्मा बख्शी, अयोध्यानाथ ब्रह्मचारी, डॉ.पं0 मौजी लाल मौर्य आदि ने ब्राह्मण कवियों की प्रतिक्रिया में पंडित और डॉ. अम्बेडकर से प्रेरित होकर डॉ. शब्द अपने नाम के आगे जोड़े, बाद में प्राइवेट होम्योपैथिक की डिग्री भी प्राप्त की।

ये सभी साहित्यकार दलित वर्ग से हैं, लेकिन शुरू में अम्बेडकर और बुद्ध के विचारों से नही जुड़े हैं। कवि संत की कविताओं पर गांधीवाद और हिंदूवाद का मिला जुला असर है। और अस्पृश्यता निवारण तथा जातीय दमन को रोकने के किये ये लोग हिंदू धर्म में सुधार करने का विचार रखते हैं तथा यह एक प्रकार से उचित भी हैं।

केरल प्रदेश में दलित और पिछडे समाज को उन्नति के किये प्रतिबद्ध नारायण गुरू और कुमारन आशान का नाम सम्मान से लिया जाता है। कुमारन आशान का जन्म ईरवा ईथा जाति में सन् 1873 ई. में हुआ था इनकी महत्वपूर्ण कृतियों मे दुरावस्था, चाण्डाल, भिक्षुणी और करुणा हैं। इनकी रचनाओं की विधि ज्ञात नहीं हो पाई। लेकिन डॉ.धर्मवीर भारती के अनुसार इनके मौलिक साहित्य का रचनाकाल सन् 1907 से लेकर 1923 तक का है। इनका '**दुरावस्था**'संग्रह समकालीन जातीय समस्याओं पर केन्द्रित है अपनी एक कविता में ब्रह्मण वर्ग को सावधान करते हुए वे कहते हैं कि–

ओवेद मार्ग के सम्मानित पुजारी
मैं तुम्हें एक सच बताने का साहस कर रहा हूँ।
यद्यपि देश, धर्म और बइप्पन के सामने समय बदल गया है,
अब तेरी परपंरा के ताने बाने पुराने हो गए हैं।
अब मनुष्य इन कगजोर धागों में बंधे नहीं रह सकेंगे।'[7]

संक्षेप में कहा जा सकता है कि उड़िया, पंजाबी और गुजराती आदि अनेकों भाषाओं में आज स्वयं दलितों द्वारा सृजित साहित्य का उभार तीव्रतर हो चुका है। गुजरात मे सन् 1930 मे गांधीवादी–विचारधारा से प्रभावित लेखन हुआ, तो उड़िया में सन् 1945 में गोपीनाथ महंति ने हरिजन उपन्यास में अस्पृश्यता की समस्या को चित्रित किया। तात्पर्य यह है कि दलित साहित्य की प्रतिभाएं समय–समय पर उभरी और विस्मृतियों के अंधेरे में डूब गई। आज दलित साहित्य का सृजक दलित है तभी वह आमाणिक साहित्य है। अत: निष्कर्ष रूप में कहा जा सकता है कि हिंदी के दलित साहित्य का उदय बीसवीं शताब्दी के नवें तथा दसवें दशकों में हुआ और कई हिंदी दलित लेखकों को सातवें दशक में उभरे मराठी के दलित साहित्य से खासकर डॉ. अम्बेडकर की विचारधारा से प्रेरणा मिली। हिंदी का दलित साहित्य अब अपना व्यापक स्वरूप ग्रहण कर रहा है पर पिछली शताब्दियों में भी दलित साहित्य बीज रूप में विद्यमान था। भले ही वह साहित्य की मुख्य धारा न बन सका। उस बीज को लेखकों, विचारकों और समाज सुधारकों ने अंकुरित किया तथा अब वह पल्लवित–पुष्पित रूप में हमारे सामने हैं, पर अधिकांश रचनाएँ साधन सुविधाओं के अभाव में अप्रकाशित हैं।

सन्दर्भ ग्रन्थ सूची:–

1. महाराष्ट्र मानस : अंक अप्रैल 1990. सं. आत्माराम, पृ. 21
2. दलित साहित्य का सौन्दर्य शास्त्र, ओमप्रकाश वाल्मीकि, पृ. 14
3. दलित साहित्य का सौन्दर्यशास्त्र, , अ. शरणकुमार लिंबाले, पृ. 31 14)
4. चितन की परंपरा और दलित साहित्य, डॉ. तुलसीराम, पृ. 60
5. हिन्दी साहित्य का संक्षिप्त इतिहास, विश्वनाथ त्रिपाठी, पृ0 14
6. हिन्दी दलित कथा साहित्य : अवधारणाएं और विधाएं, रजत रानी मीनू, पृ0 14
7. वहीं, पृ. 43

****

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed / Peer Review Research Journal)
RNI No.- MPHIN/2013/60638, ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Scientific Journal Impact Factor (SJIF)- 7.671
April to June 2023, E-Journal, Vol. I, Issue XLII

जल : चुनोतियों तथा संरक्षण में मानव की भूमिका

डॉ. सरोजिनी टोपनो *

* सहायक प्राध्यापक (अर्थशास्त्र) शासकीय कालिदास कन्या महाविद्यालय, उज्जैन (म.प्र.) भारत

प्रस्तावना – न दत्ते प्रिये मंडनापि भवतां स्नेहेन या पल्लवम।

उक्त श्लोक अभिज्ञान शाकुंतलम का है, जिसके रचयिता महाकवि कालिदास थे। इसका अर्थ यह है की शाकुंतलम फूलों से इतना प्रेम करती थी, कि वह अपने श्रृंगार तक के लिए फूलों से पत्तियों को नहीं तोड़ती थी। प्रकृति एवं पर्यावरण से प्रेम और उनके मानवीय दायित्वों के निर्वहन की यह एक मिसाल हो सकती है। सुखी,शांत, एवं आपदा रहित जीवन की यह पहली शर्त है कि हम उस प्रकृति और पर्यावरण को संरक्षित करें, जिसने अपने अनमोल खजानों को खोलकर मानव जीवन को न सिर्फ सुखमय बनाया है, बल्कि उसे खुशरंग भी बनाया है। प्रकृति ने हमें सिर्फ दिया ही है, हमसे कुछ लिया नहीं। उसने हमसे कभी प्रतिदान की अपेक्षा भी नहीं की। दूसरी तरफ हम प्रकृति को कुछ देना तो दूर, उसे संरक्षित तक नहीं रख सके।

पर्यावरण से हद दर्जे की छेड़–छाड़ का नतीजा हमारे सामने है। न सिर्फ भारत, बल्कि समूचा विश्वआज पर्यावरण असंतुलन की समस्या से जूझ रहा। प्राकृतिक संसाधन के अधिकाधिक दोहन तथा प्रकृति विरोध आचरण का ही यह नतीजा है कि आहत ने हम पर पलटवार करना शुरू कर दिया। कुदरत के कहरविविध रूपों में सामने आ रहे है। हमें चेतावनी भी दे रहे है। इसके बावजूद पर्यावरण को बचाने के लिए जो चेतना और सक्रियता हमें दिखनी चाहिए, वह सामने नहीं आ रही है। पर्यावरण के संरक्षण और संतुलन के लिए जो दायित्व हमें निभाने चाहिए, हम निभा नहीं पा रहे है।

आज से सौ वर्ष पहले किसी ने कभी सोचा भी नहीं होगा कि एक दिन हमें खरीदकर पानी पीना होगा, ठीक वैसे ही आज हम हवा को प्रकृति प्रदत्त देन मानते है, तो क्या भविष्य में हवा को भी खरीदकर साँस लेना होगी। अतरू आज हमें यह मान लेना चाहिए कि सीमित प्राकृतिक संसाधनों का भलीभांति प्रबंधन में ही बुद्धिमान है।

जल प्रकृति – प्रदत्त अमूल्य संसाधन है जिसके बहुपयोगी महत्व के कारण इसे अमृत की संज्ञा दी जाती है। आज जल प्रबंधन इक्कीसवी सदी की सबसे बड़ी चुनोती है। हमें इस चुनोती को स्वीकार करके इसके प्रबंधन द्वारा समाधान का मार्ग ढूंढना होगा।

पिछले लगभग एक दशक से जल संकट के मुद्दे पर विश्व स्तर पर जागरूकता एवं बोध का विस्तार हुआ है। विश्व के जल संसाधनों की सुरक्षा के ध्येय से जापान के क्योटो शहर में 16 –24 मार्च 2003 में सम्पन्न वर्ल्ड वाटर फोरम के तीसरे महाधिवेशन का यहाँ विशेष रूप से उल्लेख किया जा सकता है। इस अधिवेशन में 166 देशों के 6000 प्रतिनिधियों ने तथा विश्व के अनेक देशों के 100 से अधिक जल से सम्बंधित विभागों के मंत्रियों ने हिस्सा लिया था। इस अधिवेशन में एक मत से विश्व जल सम्पदा के संरक्षा हेतु सामूहिक कार्यवाही हेतु सहमती बनी तथा जल संरक्षण की नई विधियों को विकसित करने एवं उन्हें प्रोत्साहन देने हेतु कार्य योजना प्रस्तुत की गई।

जल प्रबंधन के क्षेत्र में अनेक चुनौतियां है, जैसे विश्व पटल पर 71% भू – भाग पर मौजूद जल का मात्र 2.5% पिने योग्य है उसका भी केवल 1% से भी कम उपलब्ध है। विश्व की कुल आबादी के 18% भाग पर पेयजल उपलब्ध नहीं है। विश्व जल सम्मलेन के अनुसार प्रदूषित जल द्वारा 30 से अधिक बीमारियों द्वारा 62% लोग काल कवलित हो रहे है। विकासशील देशों में प्रतिवर्ष 22 लाख लोग मारे जा रहें है। भारत में 1–5 वर्ष के बच्चे प्रतिवर्ष 15 लाख मर रहे है। भारत 2050 में पानी का औसत खर्च 1168 अरब घन मी. जबकि जल उपलब्धता 1123 अरब घन मी. रहेगी। मध्यप्रदेश में भी पश्चिमी उत्तर भाग जल संकट से जूझ रहा है।

इनके अतिरिक्त जनसंख्या का बढता दबाव, भौतिकवादिता, औद्योगीकरण, पर्यावरण प्रदुषण से बढता जल प्रदूषण,भूमिगत जल का घटता स्तर, कृषि, उद्योगों, पेयजल की अपर्याप्त या न्यून उपलब्धता जल प्रबंधन में चुनोतियां उत्पन्न कर रही है।

अतरू इससे पहले ही मर्ज लाइलाज हो इसके समाधान के प्रयास किए जाने चाहिए। इसी क्रम में कुछ व्यावहारिक सुझावों को अपनाया जा सकता है, जैसे भूमि जल के अनियोजित दोहन को रोकता, औद्योगिक कचरे के जल स्त्रोतों में गिरने पर कठोर प्रतिबंध हों, वनों की कटाई रोककर वृक्षारोपण किया जाए, वर्षा जल का अधिकतम संरक्षण सुनिश्चित किया जाए। इनके अतिरिक्त अब समय आ गया है कि जल की फिजूल खर्ची कानूनी अपराध व सदुपयोग तथा मितव्ययता पुरस्कार का विषय बना दी जाए।

आशा है उपयुक्त सुझाव देश में जल प्रबंधन के क्षेत्र में आई चुनौतियों का समाधान प्रस्तुत करेगें। यद्यपि सरकार ने इस क्षेत्र में कई बड़े कदम जैसे भारतीय जल पोर्टल (2007) तथा 37 नदियों को जोड़ने की भागीरथ योजना उठाए है। परन्तु सरकारी प्रयास के साथ जनता को भी जल का महत्त्व समझना होगा। अन्यथा वह दिन दूर नहीं जब जल की एक–एक बूंद को पाने के संघर्ष में खून की नदियाँ बह रही होगी।

शास्त्रों में कहा गया है कि प्रकृति का कोप सारे कोपों से बढकर होता है। हमने यदि इस सूत्र वाक्य पर ध्यान दिया होता, तो शायद आपदाओं के

रूप में हमें प्रकृति का यह क्रूर और विनाशकारी चेहरा न देखना पड़ता। यदि हमने संतुलन विकास को तरजीह दी होती, तो प्रकृति इस तरह कुपित न होती। हमने पर्यावरण की कीमत पर आर्थिक विकास की छलांग तो लगाई मगर अब इसके दुष्परिणामों को झेलने के लिए भी तैयार रहें या समय रहते अपने आचरण में बदलाव लाकर पर्यावरण से मैत्रीपूर्ण संबंध बनाकर विकास के पथ पर आगे बढें।

संदर्भ ग्रन्थ सूची :-

1. सामान्य अध्ययन संस्करण : 2012 प्रोजेक्ट एडिटर- पूर्णेंदू कुमार।
2. विधिक एवं समसामयिक निबंध संस्करण - 2012 : मुकेश नाथ, हिमांशु शर्मा।
3. सामान्य अध्ययन संस्करण: 2013 - प्रोजेक्ट एडिटर- पूर्णेंदू कुमार
4. दैनिक भास्कर, उज्जैन : 26.09.13
5. दैनिक जागरण, भोपाल :28.09.13
6. सामान्य अध्ययन परीक्षा मंथन -2013-14
7. उर्जा नियंत्रण सूचना : वर्ष 2008-09-UNO
8. युनिक सामान्य अध्ययन : इलाहाबाद-2014

****

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed / Peer Review Research Journal)
RNI No.- MPHIN/2013/60638, ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Scientific Journal Impact Factor (SJIF)- 7.671
April to June 2023, E-Journal, Vol. I, Issue XLII

The Class Based Dichotomy and Indian Progress: A Study With Special Reference From *Untouchable* By Mulkraj Anand

Dr. Sadique Mansoori*

***Asst. Professor, Govt. Madhav Arts & Commerce College, Ujjain (M.P.) INDIA**

Abstract - Millions of people in India are born with blame and a scar that they are untouchable because they belong to a particular cast. This social pandemic starts with a social differentiation and converts into the physical disability and psychological abnormality and in this way this not only goes with them till the end of their life but also paralyzes a great part of man-power of our country. The root of this concept of untouchability can be based on any hypothesis. That may be a concept of famous-ominous, high-low, pure-impure or holy-unholy. It is so deeply rooted in the Indian soil that it has engulfed every part of our life. Mulk Raj Anand's famous novel *Untouchable* is a perfect mirror which reflects the social effects of this ideology. It shows how untocuhability reduces the capacity of such persons to function in life. The novel deals with general germination of the concept of untouchability and finally becomes the voice of downtrodden against the ideology of caste system.

The present paper is a small attempt to prove *Untouchable,* a Manifesto of social pandemic through its word painting of differentiation which elaborates the pictures of shaken -foundation of democracy of our country.
Key Words: Caste system, untouchable, democracy, society, development.

Introduction - Mulk Raj Anand (1905-2004), one of the pioneers of Indian writing in English, was an Indian writer recognized for his depiction of real life portraits. His favorite corner is the lives of the oppressed, exploited, misfortuned and the poor people in the traditional Indian society. The literary career of this Indo-Anglican fictionist was launched as a result of a family tragedy arising from the rigidity of India's caste system. He then wrote twenty novels, twenty short story collections and few children stories. During the tenure, he got three important prizes. The one is International Pease Prize (1953), and the other two were Padma Bhushan (1967) and Sahitya Akademi Award (1971). His first essay was a response to the suicide of an aunt excommunicated by her family for sharing a meal with a Muslim woman. The novel selected here as a manifesto of social pandemic is *Untouchable.* It is his first novel, published in 1935. The novel is a chilling expose of the lives of India's untouchable caste which were neglected at that time.

The novel is set in the scenario of pre-independent India where the Lower caste people are bound to keep themselves confine to a life of dirty labors where as higher castes people don't like to even touch them. The protagonist of the novel is Bakha and the novel follows a single day in the life of Bakha, a young man, aged 18, who cleans latrines, set in the fictional town of Bulandshahr. Bakha is counted as an outcaste merely because he is born to a scavenger (father); His identity, thus, (by birth) is an untouchable according to the Indian social hierarchy system which divides Hindus into rigid hierarchical groups based on their karma (work) and dharma (the Hindi word for religion, but here it means duty). Bakha gives hygiene to the higher castes people (who don't like to even touch him) by cleaning their latrines in the town.

First, he cleans the toilet of an athlete named Charat Singh, who is from higher class and promises him to get hockey stick as a reward. The novel introduces the character of Sohini (Bakha's sister) who becomes the target of wrath of social superiors for drawing the water for Bakha, her thirsty and tired brother from the well.

Anand pathetically paints a word picture of a toilet-cleaner by triggering a series of humiliations then Bakha tries to search for salve to the tragedy of the destiny into which he was born, talking with a Christian missionary, listening to a speech about untouchability by Mahatma Gandhi and a subsequent conversation between two educated Indians, but by the end of the book, Anand suggests that it is technology, in the form of the newly introduced flush toilet, that may be his savior by eliminating the need for a caste of toilet cleaners.

Analysis:

"Untouchable" as a Quest for Identity: Untouchability is

a question of identity for the people who are negligible for the upper and higher classes even in today's India. The India is not alone stands here but you can see it in Nepal, Srilanka, Bangladesh and even in Pakistan. Although it is not legally defined in any of the constitution but the whole China Calls them *Tanka* People, the whole India Calls them *Dalit,* one third of Europe knows them by the name of *Romani* People and the whole Japan ridicules them by calling them *Burakumin.* B. R. Ambedkar believed that untouchability has existed at least as far back as 400 AD. It was the time when whole India was a biomass of discrimination. 70 percent of the population was reported indulged in this practice and remaining 30 percent was a sign of gender discrimination.

Domestic violence in India was like an interesting paradoxical part of pre-independent India and there was no place for basic human rights for a lady; violence, molestations and depressions were the essential parts of middle class ladies which is better portrayed in the *Untouchable* by the character of Sohini. The hypocrisy of upper caste Hindus who use to believe that the touch of an under-caste is a cause of pollution and they would be subjected to lengthy and expensive purification rituals, they reported sexually assaulted the lower castes ladies like Sohini (by grabbing her breasts while she was cleaning the lavatory.) and the whole Indian community comes under a question-mark for the identity of lower class people. The scene becomes the mouthpiece for all such ladies like sohini when a priest named Kali Nath molests Sohini's beauty in the novel. The Sohini, thus, becomes a spokesman of thousands of the ladies who is in search of their identity. They stand to the society and ask for their crushed-womanhood and their exclusion from rendering an effective contribution in social, economic, religious and political spheres.

The interrogation about their 'self' which they lost by take care of the needs and requirements of their family members is one of the major themes of the novel and points out the biggest social pandemic of our nation.

This social pandemic of untouchability during the pre-independent period was spreading through a number of systems which imposed unfavorable effects upon women. These included, child marriage, restraints were imposed upon widow remarriage, female feticides, female infanticide, purdah system, sati and polygamy. It is also the least reported and discussed. The tightly patriarchal norms and structure of traditional Indian culture, and the sharp distinction between public and private life, have made the question of domestic violence a complex and nuanced one, resulting in a long and tireless struggle for justice against the heinous practice.

"Untouchable" as a Manifesto of Caste discrimination: The Untouchable Bakha is not merely a protagonist of a novel. It leaves many questions unanswered at the end of the novel. The very first question among all is the pathetic identification of his existence. Bakha is colonized by the Indian social, political and religious system, who gave this power to all these systems to depreciate his caste? The traditional structure of the Hindu society, then answers this question with the help of *Rig Veda.* The origin of caste system is a type of the functional groupings or *varnas*, which have their origins in the Aryan society. According to the Rig Veda hymn, the different classes sprang from the four limbs of the Creator. The Creator's mouth became the Brahman priests, his two arms formed the *Rajanya (Khastriyas),* the warriors and kings, his two thighs formed the *Vaishya,* landowners and merchants, and from his feet were born the Shudra (Untouchables) artisans and servants. (Sharma 294) This hypothesis from *veda* gives this exploitation a legal consent for oppression of lower class by higher class. Thus the Brahmins adopted this system to show their superiority.

Defining caste is not as easy game. Different sociologists define it in different ways. According to Risley, "it is a collection of families or groups of families bearing a common name; claiming a common descent from a mythical ancestor, human or divine; professing to follow the same hereditary calling; and regarded by those who are competent to give an opinion as forming a single homogeneous community" (Hutton, 47).

When the Aryan tribes entered India, they wanted to maintain their superiority and hence they renamed this system as *Jati Pritha*. This small word "Jati," also spelled "jat,"spoiled the future of thousands of hindus in India. It forced the Premchand to write *Cufun* and *Sadgati*. It made the Bakha and the Lakha, the down-troddens and the untouchables. It was untochability by which the old, aged and the sick Lakha became ill-tempered, lethargic, and self-centered. He was pre-occupied with his own bread and tea. He accepted the untouchability, misery and poverty and as his destiny. He accepted that the white-skinned and higher class people are the rightful people they are made for ruling and treating themselves as super-human deities. It was not enough; the paradox completes were the manifesto of untocuhability where Lakha starts to believe that the outcastes are born to serve higher class. The novel becomes the manifesto of untouchability where Anand portrays the extreme of selfishness by the words, "I thought you were dead or something, daughter of a pig!" Lakha was shouting. "No tea, no piece of bread, and I am dying of hunger!" (Untouchable27). The lower class people, in the novel, tolerate all social evils without a single word of complain. The novel, in this way, exposes, the story of extreme servility as a consequence of thousand years of racial discrimination and caste superiority that is in vogue in India.

***'Untouchable'*s a manifesto of under developed India: The concept of untouchability is arrived from the *Manusmriti* which is one of the holy books for** reading. It is hardly any ritual of that book which can be followed by

modern India with justice. *Manu Smriti* is the basis of old Hindu Ideology. Its all laws, social systems and social orders are now old and one cannot carry them with the current and modern India. If a *Brahmin* abducts a *Shudra* girl, it is not a good fortune of the Shudra girl but a sin, as biggest as a Shudra abducts a Brahmin girl. Less than murder, no less punishment than the murder of this Shudra. The ideology of sinless murder of lower class person by higher a class person is not now a justice, but this has been accepted by people of our country for thousands of years.

Conclusion: The novel is a justified picture of a social pandemic named untouchability with all its symptoms. The writer successfully tried to depict the age-old lies of the Hindus by which they upheld discrimination. The pictures, facts and figures of the novel are so realistically horrible that the reader can feel that god will not forgive us for creating such a system on earth. The Indian reader feels guilty on the hypocrisy of his forefathers because it is difficult for him to find people more hypocrite than those whom he calls his ancestors. Sometimes he laughs at the Indian higher class people who considers wisdom, their traditional legacy, sometimes feels pity on Shudras who did not allow to even study (because if they study they can be rebellious.). Sometimes a deep sigh expresses his grief for women who were forbidden to study (because women might become rebellion if they study).

The symptoms of this disease catch fuel to fire when the customs teach women to understand that husband is God but Alas! the wife is not divine. The intelligent reader then thinks "what kind of love is this? What kind of structure? That's why if the husband dies, the wife should commit Sati, then only she was chaste. But no scripture says that if the wife dies, the husband should die with her, and then only he was a wife. No, there is no question of it.

The profound thoughts of the upper orders in pre independent India depicted in the novel are like hammer which reminds us the Karna, the sun-child in *Mahabharata* who were often noble but Dronacharya refused to educate him due to his lower class parentage. The reader can clearly listen the cry of protagonist in the novel who cries on the importance of caste. The reader also repeats this truth in a silent sigh with a dead soul.

References:-

1. Ambedkar, Bhimrao Ramji; Moon, Vasant (1990). Dr. Babasaheb Ambedkar, Writings and Speeches, Volume 7.
2. Anand. M.R.*Ubtouchable* Penguin Classic, London: 0140079203
3. Hutton, J. H. Caste in India: Its Nature, Function and Origins. Bombay: Indian Branch, Oxford UP, 1963. Print.
4. Sharma, A. (1978). The Purusasukta: Its Relation To the Caste System, *Journal of theEconomic and Social History of the Orient*, *21*(1), 294-303. TOI: https://doi.org/10.1163/156852078X00152
5. Wadikar, Shailaja B., "Silent Suffering and Agony in Mulk Raj Anand's Untouchable", in Amar Nath Prasad and Rajiv K. Malik, Indian English Poetry and Fiction: Critical Elucidations, Volume 1, New Delhi: Sarup & Sons, 2007, p. 144–155
6. Chapter 2. (n.d). Status of Women in Ancient, Medieval and Modern Period. Retrieved January 04, 2019 from http://shodhganga.inflibnet.ac.in/bitstream/10603/123356/8/08_chapter2.pdf
7. Chapter II. (n.d.). Historical Position of Women under Different Periods. Retrieved January 06, 2019 from
8. http://shodhganga.inflibnet.ac.in/bitstream/10603/55355/8/08_chapter%202.pdf Pandey, S. (n.d.). Property Rights of Indian Women. Retrieved January 06, 2019 from https://www.womenslinkworldwide.org/en/files/1290/property-rights-of-indian-women.pdf
9. Polygamous Marriages in India. (n.d.).Retrieved January 07, 2019 from http://paa2010.princeton.edu/papers/100754
10. Shamim, A. (2010). Status of Women in the Mughal Empire during the 16th Century. Aligarh Muslim University. Retrieved January 06, 2019 from http://ir.amu.ac.in/8999/1/DS%204141.pdf
11. Status/Position of Women in Society – Pre-independence and Post-independence. (n.d.). Retrieved January 07, 2019 from http://shodhganga.inflibnet.ac.in/bitstream/10603/135868/10/10_chapter%203.pdf
12. What is the status of women before independence? (n.d.). Retrieved January 07, 2019 from https://www.quora.com/What-is-the-status-of-women-before-independence

✻✻✻✻✻✻✻✻✻✻✻✻

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed / Peer Review Research Journal)
RNI No.- MPHIN/2013/60638, ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Scientific Journal Impact Factor (SJIF)- 7.671
April to June 2023, E-Journal, Vol. I, Issue XLII

उदयपुर जिले में जंनाकिकीय विकास का स्वरूप : एक भौगोलिक विश्लेषण

नीलम टांक कलाल* प्रो. सुनीता सिंह**

* शोधार्थी (भूगोल) विभाग जनार्दन राय नागर राजस्थान विद्यापीठ (डीम्ड) विश्वविद्यालय, उदयपुर (राज.) भारत
** पर्यवेक्षक (सेवानिवृत्त) माणिक्य लाल वर्मा श्रमजीवी महाविद्यालय, उदयपुर (राज.) भारत

प्रस्तावना – किसी भी क्षेत्र का विकास वहाँ के जनसंख्या व साक्षरता प्रतिशत पर निर्भर करता है। प्रस्तुत शोध पत्र में उदयपुर जिले में जनांकिकीय विकास का विश्लेषण प्रस्तुत किया गया है। 'किसी निश्चित क्षेत्र में निवास करने वाली लोगों की संख्या जनसंख्या कहलाती है।' प्रत्येक प्रदेश में जनसंख्या का विशेष महत्व होता है। इसके आधार पर ही क्षेत्र के भावी विकास की दिशा सुनिश्चित होती है। जनसंख्या भी क्षेत्र के सर्वांगीण विकास को प्रभावित करती है। अत: भौगोलिक अध्ययन में जनसंख्या का अध्ययन महत्वपूर्ण होता है।

प्रत्येक क्षेत्र के विस्तृत अध्ययन में मानवीय पक्षों का गहन अध्ययन किया जाता है। किसी भी क्षेत्र का आर्थिक विस्तार उस क्षेत्र में निवास करने वाली जनसंख्या उसकी शिक्षा व उसके कार्य पर आश्रित है।

अध्ययन क्षेत्र में जनांकिकीय विकास के विश्लेषण के अन्तर्गत जनसंख्या वृद्धिदर, घनत्व, साक्षरता लिंगानुपात, अनुसूचित जाति, जनजाति का विवरण व सामाजिक समस्याओं तथा संभावित निदान के बारे में अध्ययन किया गया है।

प्राकृतिक एवं सांस्कृतिक संसाधनों का जनसंख्या के तीव्र या मंद विकास से विशेष संबंध है। अत: किसी भी क्षेत्र की जनसंख्या संसाधन का अध्ययन तथा विश्लेषण करना महत्वपूर्ण हो जाता है।

महत्वपूर्ण शब्द –जनसंख्या, घनत्व, साक्षरता, लिंगानुपात, समस्या एवं संभावित निदान प्रमुख है।

1. **अध्ययन क्षेत्र –** उदयपुर जिले की सभी तहसीलों के जनांकिकीय विकास के विश्लेषण में उदयपुर जिला प्रस्तुत शोध पत्र का अध्ययन क्षेत्र है। जिसमें जिले का तहसीलवार अध्ययन किया गया है। प्रमुख तहसीले निम्नानुसार है गिर्वा, सलूम्बर, लसाड़िया, सराड़ा, मावली, वल्लभनगर, गोगुन्दा, ऋषभदेव, खेरवाड़ा, झाड़ोल एवं कोटडा आदि।

2. **अध्ययन के उद्देश्य –** जिले की कुल जनसंख्या, घनत्व लिंगानुपात एवं साक्षरता के आधार पर जिले की तहसीलों में जनांकिकीय विकास को ज्ञात करना।

- सभी तहसीलों में न्यूनतम व अधिकतम साक्षरता वाली तहसीलों को ज्ञात कर सुझाव प्रस्तुत करना।
- साक्षरता व शिक्षा का अध्ययन क्षेत्र के विकास में योगदान एवं प्रभाव का अध्ययन करना।

3. **विधि तंत्र –**उदयपुर जिले के जनांकिकीय विकास का विश्लेषण द्वितीय आंकड़ो द्वारा किया गया है। वर्णमात्री, वृत्तरेख, दण्डारेख, रंगविधि आदि द्वारा मानचित्र तैयार किये गये है। जिला सांख्यिकीय रूप रेखा उदयपुर से द्वितीयक आंकड़े लिये गये है।

4. **उदयपुर जिले की जनसंख्या का स्वरूप –** उदयपुर जिले की कुल जनसंख्या वर्ष 2011 में (3068420) स्त्रीयों की कुल जनसंख्या 1501619 व कुल पुरुष जनसंख्या 1566801 तथा कुल ग्रामीण पुरुष 1251316 व स्त्रियो की 1208678 जनसंख्या रही। उपरोक्त तालिकानुसार संख्या 1 जिले की कुल जनसंख्या स्त्री एवं पुरुषों में काफी अन्तर दिखाई दे रहा है। उपरोक्त तालिकानुसार सन् 1941 में पुरुष 509204 था स्त्री 480342 योग 989546 थे। 10 वर्षीय अन्तर +159787 रहा तथा +19.26 प्रतिशत धनात्मक वृद्धि रही।

वर्ष 1941 से 2011 तक में 1981 में सबसे अधिक वृद्धि दर तालिकानुसार स्पष्ट दिखाई दे रही है। जिले का कारण संयुक्त जिले राजसमन्द एवं उदयपुर को साथ दर्शाया गया है।

तालिका– 1: उदयपुर जिले की दस वर्षीय जनसंख्या वृद्धि

वर्ष	पुरुष	स्त्री	योग	दस वर्षीय अन्तर	प्रतिशत में + वृद्धि (+) या कमी
1941	509204	480342	989546	159787	+19.26
1951	593433	569911	1163344	173798	+17.56
1961	735641	691199	1426840	263496	+22.67
1971	921733	881947	1803680	376840	+23.12
1981	1191909	1165050	2356959	553279	+30.60
1991	1066525	1019730	2086255	खंडित जिला	खंडित जिला
2001	1336004	1297308	2633312	547057	+26.22
2011	1566801	1501619	3068420	435108	+16.52

****1991 के आंकड़े खंडित जिले उदयपुर के है।***
****1941 से 1981 तक के आंकड़े संयुक्त जिले राजसमन्द और उदयपुर के दर्शाये गये है।***
नोट : जनगणना प्रतिवेदन 2011, राजस्थान।

तालिका– 2: उदयपुर जिले में जनसंख्या का स्वरूप (2011)

	पुरुष	स्त्री	योग
ग्रामीण	1251316	1208678	2459994
नगरीय	315485	292941	608426
योग	1566801	1501619	3068420

तालिका– 3 : उदयपुर जिले के तहसीलवार जनसंख्या का स्वरूप (2011)

तहसील	कुल जनसंख्या	पुरुष	स्त्री
गिर्वा	898133	462688	435445
वल्लभनगर	271679	138834	132845
मावली	253344	128830	124574
झाड़ोल	249297	126124	123173
सलूम्बर	248337	125974	122363
सराड़ा	231209	118025	113184
कोटड़ा	230532	116764	113768
गोगुन्दा	214948	109673	105275
खेरवाड़ा	206777	105309	101468
ऋषभदेव	172935	88216	84719
लसाड़िया	91229	46364	44865

स्रोत : जनगणना प्रतिवेदन 2011, राजस्थान



5. उदयपुर जिले की जनसंख्या तहसीलवार (2011) – उदयपुर जिले की ग्रामीण पुरुष जनसंख्या वर्ष 2011 की 1251316 तथा स्त्रीयों की 1208678 है अर्थात् (स्त्री+पुरुष) 2459994 तथा नगरीय स्त्री जनसंख्या 292941 व (स्त्री+पुरुष) योग 608426 व्यक्ति है। अत: उपरोक्त आंकड़ों से स्पष्ट होता है कि वर्ष 2011 में ग्रामीण जनसंख्या सर्वाधिक है। नगरीय जनसंख्या कम है पुरुष भी ग्रामीण क्षेत्र में अधिक तथा स्त्रियों की जनसंख्या भी ग्रामीण क्षेत्र में ही अधिक है। लेकिन नगरीय क्षेत्र की जनसंख्या निरंतर बढ़ रही है। इसके पीछे के कारण सुस्पष्ट है रोजगार हेतु शिक्षा हेतु परिवहन व अच्छी चिकित्सा सुविधा के लिए लोग गांवों से निकलकर नगरों की ओर पलायन कर नगरों में स्थायी निवास बना रहे है। फिर भी दो–तिहाई जनसंख्या अभी भी गांवों में ही निवास कर रही है।

तहसीलों का कुल जनसख्या पुरुष जनसंख्या व स्त्री जनसंख्या तहसीलवार दर्शायी गयी है। तालिक – 3 के अनुसार 11 तहसीलें दर्शायी गयी है। जिसमें क्रमश: सर्वाधिक जनसंख्या वाली तहसील गिर्वा तहसील है। जिसमें कुल 8 लाख 98 हजार 133 व्यक्ति है। गिर्वा तहसील में पुरुष जनसंख्या 462688 है तथा स्त्री जनसंख्या 435445 है। सबसे न्यूतनतम जनसंख्या लसाड़िया तहसील है। जिसकी कुल जनसंख्या 91229 पुरुष जनसंख्या 46364 तथा स्त्री जनसंख्या 44865 ही है। (तालिका – 3)

जनसंख्या घनत्व – उदयपुर जिले की सभी तहसीलों का घनत्व वर्ष 1991, वर्ष 2001 व वर्ष 2011 में अलग–अलग रहा है। समय के साथ–साथ अनेक परिवर्तन हुए कुछ तहसीलों को तोड़कर नवीन तहसीलों का निर्माण हुआ तो कही घनत्व में कमी व कहीं घनत्व में वृद्धि हुई। तालिका – 4 में 12 तहसीलों का जन घनत्व दर्शाया गया है, जिसमें अन्तिम 2 नवीन तहसीलों के आंकड़े उपलब्ध नहीं है। ऋषभदेव व बड़गांव (आंकडे अप्राप्त)

वर्ष 1991 में गिर्वा तहसील का घनत्व 280 प्रति व्यक्ति वर्ग कि.मी. 2001 में 393 प्रति व्यक्ति वर्ग कि.मी. व 2011 में 475 वर्ग प्रति व्यक्ति वर्ग कि.मीं गिर्वा तहसील में कुछ वृद्धि हुई है। घनत्व में कुल वृद्धि हुई है तथा अधिकतम घनत्व वाली तहसील गिर्वा रही है।

द्वितीय स्थान पर मावली तहसील का घनत्व 305 प्रति व्यक्ति वर्ग किमी. (2011 वर्ष) में रहा। न्यूनतम घनत्व लसाड़ियां तहसील 75 प्रति व्यक्ति वर्ग कि.मी घनत्व रहा। न्यूनतम घनत्व का प्रमुख कारण वहाँ पर नगरीकरण का अभाव व परिवहन चिकित्सा, शिक्षा आदि क्षेत्र का अभाव व आय का स्त्रोत नहीं होना रहा है।

उदयपुर जिले में तहसीलों के अनुसार जनसंख्या घनत्व

तालिका– 4 : उदयपुर जिले में तहसीलवार जनसंख्या घनत्व 2011

क्र.सं.	तहसील	घनत्व
1	गिर्वा	475
2	मावली	305
3	वल्लभनगर	263
4	कोटड़ा	254
5	गोगुन्दा	236
6	सराड़ा	215
7	खेरवाड़ा	187
8	झाड़ोल	173
9	सलूम्बर	164
10	लसाड़िया	75
11	ऋषभदेव	NA
12	बड़गांव	NA



लिंगानुपात

उदयपुर जिले में लिंगानुपात का स्वरूप –लिंगानुपात से आशय प्रति हजार पुरुष पर महिलाओं की संख्या से है। लिंगानुपात सन् 2011 में उदयपुर जिले में ग्रामीण 966, नगरीय लिंगानुपात 929 तथा कुल योग 958 महिलायें प्रति हजार पुरुष था।

तालिका– 5: उदयपुर जिले में तहसीलवार लिंगानुपात का स्वरूप

तहसील	लिंगानुपात
झाड़ोल	977
कोटड़ा	974
सलूम्बर	971
लसाड़िया	968
मावली	966
खेरवाड़ा	964
ऋषभदेव	960
गोगुन्दा	960
सराड़ा	959
वल्लभनगर	957
गिर्वा	941

स्त्रोत : जनगणना प्रतिवेदन, 2011, राजस्थान



तालिका - 5 मे देखा जाए तो झाड़ोल तहसील 977 व कोटड़ा तहसील 974 है। न्यूनतम लिंगानुपात वाली तहसील गिर्वा में 941 लिंगानुपात है। मानचित्र संख्या - 6 में 2011 का लिंगानुपात तहसीलवार दर्शाया गया है। गिर्वा तहसील का लिंगानुपात 950 से अधिक है। 950 से 960 के मध्य आने वाले लिंगानुपात की तहसीलों में वल्लभनगर, सराड़ा, गोगुन्दा, ऋषभदेव, तहसीलों प्रमुख है। 960 से 970 लिंगानुपात खेरवाड़ा, मावली, लसाड़िया तहसीलों में पाया गया। 970 से कम लिंगानुपात वाली तहसीलें सलूम्बर, कोटड़ा झाड़ोल तहसील है। इन तहसीलों का लिंगानुपात कम होने के प्रमुख कारण है - शिक्षा के क्षेत्र में पिछड़ा हुआ होना। जिससे की कन्या भ्रूण हत्या, लड़का एवं लड़की में भेदभाव जैसी सामाजिक कुरीतियाँ आदि।

साक्षरता दर - साक्षरता का अर्थ है कि साक्षर होना अर्थात् पढ़ने और लिखने क्षमता से सम्पन्न होना।

साक्षरता का महत्व - वर्तमान में साक्षरता का अर्थ केवल पढ़ना-लिखना या शिक्षित होना ही नहीं रहा है बल्कि सफलता और जीने के लिए भी साक्षरता बेहद महत्वपूर्ण है। यह लोगों को उनके अधिकारों और कर्तव्यों के प्रति जागरूक करते हुए सामाजिक विकास का आधार स्तम्भ बन सकती है। साक्षरता के महत्व के बारे में लोगों को जागरुक करने उद्देश्य से प्रतिवर्ष 08 सितम्बर को विश्वभर में 'अन्तराष्ट्रीय साक्षरता दिवस' मनाया जाता है। दुनिया से अशिक्षा को समाप्त करने के संकल्प के साथ आज 56वां अन्तर्राष्ट्रीय साक्षरता दिवस मनाया जा रहा है।

तालिका- 6: जनसंख्या में कुल साक्षरता का प्रतिशत (2011)

कुल			ग्रामीण			नगरीय		
औसत	पुरुष	स्त्री	औसत	पुरुष	स्त्री	औसत	पुरुष	स्त्री
58.6	73.6	43.3	51.9	68.6	35.1	85.4	92.6	77.3
61.82	74.74	48.45	54.93	69.64	39.82	87.52	93.39	81.24

तालिका- 7 : उदयपुर जिले में तहसीलवार कुल साक्षरता दर

तहसील	पुरुष (प्रतिशत)	स्त्री (प्रतिशत)	औसत
गिर्वा	86.54	67.3	77.18
खेरवाड़ा	81.11	50.27	65.89
ऋषभदेव	78.76	47.97	63.62
वल्लभनगर	77.87	46.95	62.68
मावली	76.83	46.75	61.96
सराड़ा	75.24	44.65	60.21
सलूम्बर	71.92	42.08	57.12
झाड़ोल	66.43	38.14	52.42
गोगुन्दा	66.6	35.12	51.14
लसाड़िया	48.86	21.72	35.49
कोटड़ा	36.43	16.49	26.58



गिर्वा तहसील की अधिकतम साक्षरता दर 86.54 प्रतिशत पुरुष व स्त्री 67.3 प्रतिशत व औसत 77.18 प्रतिशत है। न्यूनतम लसाड़िया एवं कोटड़ा तहसील की साक्षरता दर है। सराड़ा तहसील की साक्षरता (60.21 प्रतिशत) है। जिसमें 75.24 प्रतिशत पुरुष साक्षरता है व महिला साक्षरता 44.65 प्रतिशत है, जो कि न्यूनतम है। सलूम्बर तहसील की साक्षरता दर कुल 57.12 प्रतिशत है। जिसमें पुरुष वर्ग 71.92 प्रतिशत व महिला साक्षरता 42.08 प्रतिशत है।

महिला साक्षरता के कम होने का प्रमुख कारण विद्यालयों की कमी व महिलाओं के लिए विद्यालयों की दूरी का होना है। निर्धनता अधिक जनसंख्या के कारण साक्षरता में कमी जागरूकता की कमी आदि प्रमुख कारणों से उपरोक्त तहसीलों का साक्षरता अनुपात कम है। पूरे राजस्थान में उदयपुर जिले की कोटड़ा तहसील की साक्षरता दर सबसे न्यूनतम दर्ज की गई है। जहां स्थिति दयनीय है। इस तहसील को शिक्षा के क्षेत्र में अग्रसर करने की बहुत आवश्यकता है। ताकि आने वाले वर्षों में इस तहसील का शिक्षा की दृष्टि से सुधार हो सके। प्रत्येक व्यक्ति महिला एवं पुरुष शिक्षित हो सके। उपरोक्त विश्लेषण से स्पष्ट है कि उदयपुर जिले में जो तहसीलें जिला मुख्यालय के अधिकतम निकट है। वहाँ की साक्षरता दर से अधिक है तथा

सरकार द्वारा चलाई गई योजनाओं में बढचढ़ कर हिस्सा लेते दिखाई देती है, वहीं झाड़ोल, गोगुन्दा, लसाड़िया, कोटड़ा तहसीलें साक्षरता की दृष्टि से राजस्थान में न्युनतम श्रेणी में है। उपरोक्त वर्णित कारणो को दूर करके उपरोक्त तहसीलों को भी शिक्षा के क्षेत्र में अग्रणी करने का प्रयास किया जाना अत्यन्त आवश्यक है।

निष्कर्ष –उदयपुर जिले में उपरोक्त जनांकिकीय विश्लेषण के अन्तर्गत उदयपुर जिले की जनसंख्या कुल लिंगानुपात, घनत्व, साक्षरता जिलों की जनसंख्या के विभिन्न स्वरूपों का विश्लेषण किया गया है। 2011 में जिले का कुल घनत्व 262 प्रतिवर्ग कि.मीं. लिंगानुपात 2011 में 958 महिलाए प्रति हलार पुरुष एवं वर्ष 2011 में कुल जिले की साक्षरता दर 61.8 वर्ष 2011 में रही। जिससे यह जानने का मार्ग खुला कि किन तहसीलों में कितने प्रतिशत जनसंख्या वृद्धि हुई लिंगानुपात का स्तर कही कम व अधिक रहा तथा किन तहसीलों में साक्षरता दर बढ़ाने की आवश्यकता है। पिछड़ी हुई तहसीलों की कमियों को दूर करने में इन तहसीलों के स्तर को सुधारने में उपलब्ध आंकड़ो के विश्लेषण व परिणामों द्वारा निश्चित रूप से मदद मिलेगी।पिछड़ी गई तहसीलों में कोटड़ा, गोगुन्दा व लसाड़िया प्रमुख है। जिनके उत्थान व विकास हेतु सुझाव प्रस्तुत किये गये है। जो इस प्रकार है –

1. अधिक से अधिक स्कूल खोले जाये।
2. जागरूकता शिविर लगाये जाये।
3. परिवहन के साधन उपलब्ध करायें जाये।
4. महिला शिक्षा के प्रति जागृति लायी जाये।
5. सरकार N.G.O और व नागरिक मिलकर यह प्रयास करें।

जिससे कि सभी तहसीलों का उच्च स्तरीय सुधार हो और सभी तहसीलों शिक्षा के क्षेत्र में आगे बढ़े। जिले का ही नहीं वरन् देश के साक्षरता दर अधिक से अधिक हो जिससे कि सामाजिक, आर्थिक भौगोलिक क्षेत्र में सम्पूर्ण विकास हो।

साथ ही साथ जो लिंगानुपात प्रस्तुत अध्ययन में स्पष्ट रूप से दिखाई दे रहा है। वह भी कम हो सके। शिक्षा के अभाव में ही आर्थिक स्थिति कमजोर पिछड़ी हुई तथा हर क्षेत्र में पीछे रह जाते है। उन तहसीलों को भी समय के साथ आगे बढ़ाने की आवश्यकता है तभी सामाजिक, आर्थिक स्थिति में सुधार आयेगा।

सामाजिक कुरीतियां, अंधविश्वास, अपराध आदि स्वतं ही कम होने लगेगें व इन तहसीलों का आर्थिक स्तर,शिक्षा का स्तर, सामाजिक स्तर आदि में सुधार तभी संभव है। जब यहां की तहसीलों में शिक्षा के क्षेत्र में पिछड़ी हुई तहसीलों में शिक्षा व जागरूकता की अलख जगाई जाये।

संदर्भ ग्रंथ सूची:-

1. Brunjhs J. (1993) : Human Geography Harap & Co. London.
2. Pro. Ratan lal Maru & Dr. Rajkumar Sharma : Racatical Geography Cartography – II
3. Chouhan T.S (1981) : Inpact of Drougt Hazard Among the Rural Population and Arid Environment-ACase Study of Jaisalmer district.
4. Dutta K. Sujit (1986) : Rural Structure and Its Impact on Rural life, Journal of Rural development Vol. No. 1
5. Harun Mohammad (1997) : Functional Classification of Rural Services Centres Jamal of Economic & Social Development, Vol-33
6. Nagar K.N. (1996) : Main Factor of Statistics, Meenakshi Prakashan. Meerut (U.P.)
7. Singh Sunita (2002) : Water Management in Rural & Urban Areas, I Edition Agrotech Publiching Academy, Udaipur
8. wwww.google.com/maps.ie
9. wwww.inverstrajasthan.com
10. जनगणना प्रतिवेदन, 2011



****

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed / Peer Review Research Journal)
RNI No.- MPHIN/2013/60638, ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Scientific Journal Impact Factor (SJIF)- 7.671
April to June 2023, E-Journal, Vol. I, Issue XLII

नई शिक्षा नीति 2020–महत्व एवं सुधार की आवश्यकता (उच्च शिक्षा के संदर्भ में)

डॉ. शिवाली शाक्या*

* सहा. प्राध्यापक (वाणिज्य) शा. डॉ. श्यामाप्रसाद मुखर्जी महाविद्यालय, भोपाल (म.प्र.) भारत

शोध सारांश – शिक्षा न केवल नए–नए शोधों और उनके नतीजों का लाभ उठाने के लिए लोगों को प्रभावी रूप से प्रशिक्षित करने का एकमात्र तरीका है बल्कि यह हमारे साथ साथ भावी पीढ़ियों के लिए भी वातावरण को बेहतर, सुरक्षित और स्वस्थ बनाने में लोगों की सक्रिय भागीदारी और योगदान करने में सक्षम बनाती है। भारत देश में नवीन शिक्षा नीति 2020 की शुरुआत देश के लोगों के सर्वांगीण विकास के लिए एक अनूठा कदम है। इस शिक्षा नीति के माध्यम से देश एवं विदेश में रोजगार को बढ़ाने पर महत्व दिया गया है। इस शिक्षी नीति मे डिजीटल शिक्षा के माध्यम से विद्यार्थी कई प्रकार के कोर्सेस को एक साथ कर सकते हैं एवं अपने लिए रोजगार को स्वयं स्थापित कर सकते है। नवीन शिक्षा नीति विद्यार्थियों मे सृजनात्मकता को विकसित करती है। विद्यार्थियों को डिजिटल शिक्षा के माध्यम से एक ऐसी व्यवस्था प्रदान की गई है जिससे कि वे अपने कार्य के साथ–साथ शिक्षा भी ग्रहण कर सकते है।विदेशों मे अपने लिए रोजगार को भी प्राप्त कर सकते हैं। परंतु आवश्यकता है उन्हें उचित प्रकार का प्रशिक्षण मिलने की, उनके लिए एवं उनकी योग्यता के अनुसार सही विषय को चुनने की, इसके लिए उन्हें सही प्रशिक्षण देना अनिवार्य है। साथ ही डिजिटल शिक्षा का उपयोग करने संबंधित ट्रेनिंग भी दी जाना चाहिए और डिजिटल शिक्षा को सस्ता किया जाना चाहिए ताकि इसकी पहुँच सभी विद्यार्थी तक हो सके तभी नवीन शिक्षा नीति अपने लक्ष्य तक पहुँच सकती है।

प्रस्तावना – प्रत्येक देश के विकास में वहाँ के नागरिकों की शिक्षा महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। जिस देश में शिक्षा का स्तर जितना अधिक मजबूत होगा, वह देश उतनी ही ज्यादा प्रगति की दिशा की ओर अग्रसर होगा। भारत आज भी विकासशील देश बना हुआ है जिसका एक सबसे बड़ा कारण शिक्षा नीति पर ध्यान ना देना है। हमारे देश में अंतिम शिक्षा नीति 1986 में बनाई गई थी और उसमें कई बार संशोधन करने के बावजूद भी वह कमियों से भरी हुई थी। वर्ष 2020 में नई शिक्षा नीति की एक नई शुरूआत की गई जो कि पुरानी शिक्षा नीति से बेहतर और असरदार नजर जाती है। उन्होंने नई शिक्षा नीति में उच्च शिक्षा को अपनी भाषा में पढ़ने की स्वतंत्रता के साथ कला, खेल–कूद, योग, बागवानी एवं शारिरिक गतिविधियों एवं डिजिटल शिक्षा से जोड़ने के लिए प्रोत्साहित करती है। इस शिक्षा नीति के माध्यम से विद्यार्थियों में कौशल ,ज्ञान, आत्म विश्वास, बुद्धि एवं नैतिकता का विकास करना है एवं उन्हें आत्मनिर्भर बनाना है। इसके साथ ही विद्यार्थियों की शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार लाना है गुणवत्तापूर्ण उच्च शिक्षा का उद्देश्य, छात्रों का इस प्रकार विकास करना है जिससे कि वे उत्कृष्ट, विचारशील और अच्छी रचनात्मकता की ओर प्रेरित हो सके। विदेशों में जाकर अच्छी नौकरियाँ प्राप्त कर सके या अपने ही देश में अपना स्वयं का व्यवसाय स्थापित कर सकें। इस हेतु उनके पाठ्यक्रम में परियोजना कार्य ,प्रषिक्षुता एवं सामाजिक जुड़ाव आदि को भी शामिल किया गया है। इसके साथ ही उन्हें डिजीटल शिक्षा से भी पढ़ाना जाना अनिवार्य किया है। जिसके कारण सभी विद्यार्थी शिक्षा से जुड़े हुए होते हैं एवं समय के अनुसार शिक्षा का लाभ लेने का प्रयत्न करते हैं। नई शिक्षा नीति समाज एवं उच्च शिक्षा के लिए एक अच्छी पहल है। नई शिक्षा नीति को समाज और अर्थव्यवस्था में ज्ञान की मांग के अनुरूप तैयार किया गया है जिसमें नियमित आधार पर नए कौशल हासिल करने की आवश्यकता को पूरा किया जा सकता है। नई शिक्षा नीति 2020 स्कूल और उच्च शिक्षा दोनों में सुधारों की मांग करती है जो अगली पीढ़ी को आगे बढ़ाने के लिए तैयार करती है जिससे वे नए डिजिटल युग में प्रतिस्पर्धा पर सके। इस प्रकार नई शिक्षा नीति डिजिटल साक्षरता, तार्किक तर्क, स्वरोजगार, समस्या समाधान एवं व्यावसायिक पथ प्रदर्शन पर अधिक प्रभाव डालती है।

अध्ययन का उद्देश्य – इस शोध पत्र के अध्ययन का मुख्य उद्देश्य नवीन शिक्षा नीति 2020 की मुख्य विशेषताओं का अध्ययन करना है एवं उच्च शिक्षा में उसके महत्व एवं प्रयोग तथा सुधारों की आवष्यकता पर प्रकाश डालना है। शोध के प्रमुख उद्देश्य इस प्रकार है–

1. नई शिक्षा नीति 2020 पर प्रकाश डालना।
2. नई शिक्षा नीति 2020 की विशेषताओं का अध्ययन करना।
3. नई शिक्षा नीति 2020 का उच्च शिक्षा में प्रयोग एवं महत्व का अध्ययन करना।
4. नई शिक्षा नीति में सुधारों की आवश्यकता का अध्ययन करना।

अनुसंधान की विधि – यह अध्ययन पूर्णतया प्राथमिक एवं द्वितीयक समंकों पर आधारित है। प्राथमिक समंक हेतु सर्वेक्षण विधि का प्रयोग किया गया है एवं द्वितीयक समंकों हेतु प्रकाशित स्त्रोतों का प्रयोग किया गया है। इसके साथ ही आलोचनात्मक, मूल्यांकनात्मक, वर्णनात्मक आदि विधियों का उपयोग इस शोध में किया गया है। द्वितीयक समंकों को प्रकाशित शोध पत्र, पुस्तकें, शोध प्रबंध एवं पत्र एवं नई शिक्षा नीति के संबंध में प्रकाशित पत्र, पत्रिकाओं से लिया गया है।

अध्ययन का महत्व – वास्तविक तथ्यों पर आधारित इस शोध से प्राप्त निष्कर्ष विद्यार्थियों, समाज एवं उच्च शिक्षा से संबंधित सभी शिक्षकों एवं कर्मचारियों के हित में महत्वपूर्ण रूप से काम आएंगे। वर्तमान में किया गया यह शोध नई शिक्षा नीति 2020 के नियम एवं शर्तों के अनुसार उच्च शिक्षा के सुधारों को समझने में मदद करेगा। यह शोध शिक्षकों एवं छात्रों को नवीन शिक्षा नीति को समझने एवं उसे कार्यरूप में परिणित करने में मदद करेगा एवं समाज को जागरुक करने का प्रयास करेगा। शोधकर्ता द्वारा इस शोध के माध्यम से अध्ययन के सभी पहलुओं को समझाने का प्रयास किया गया है।

नवीन शिक्षा नीति 2020 का उच्च-शिक्षा में महत्व – नवीन शिक्षा नीति स्वरोजगार एवं कौशल विकास को अधिक बढ़ावा देती है। इसके अंतर्गत कई प्रकार के ऑनलाईन कोर्सेस की व्यवस्था की गई है। इस शिक्षा नीति में अधिक लचीलापन है अर्थात् विद्यार्थी अपने मुख्य विषय के साथ-साथ अन्य वैकल्पिक विषय या रोजगार प्रेरक विषयों को भी ले सकता है। इसके साथ ही विद्यार्थियों के लिए फील्ड प्रोजेक्ट या इंटर्नशिप को अनिवार्य रूप से उनके कोर्स के साथ शामिल किया गया हैं जिससे कि उन्हें प्रेक्टिकल नॉलेज प्राप्त हो सके। विषय को कॉन्बिनेशन के साथ मल्डी डिसिप्लिनरी बनाया गया है अर्थात मैथ्य-साइंस, मैथ्स-बायो, कॉमर्स-आर्ट्स कई विषयों के कॉमिनेशन लिए जा सकेंगे। यदि कोई विद्यार्थी अपनी शिक्षा को एक साथ पूरा करने में असमर्थ है तो वह सर्टिफिकेट कोर्स, डिप्लोमा कोर्स या डिग्री कोर्स का लाभ ले सकेगा।

नवीन शिक्षा नीति के अंतर्गत टीचर्स के लिए भी ट्रेनिंग प्रोग्राम आयोजित किये जाते हैं जिससे वे भी प्रशिक्षण प्राप्त कर अपने विद्यार्थी को विषय से संबंधित प्रशिक्षण देते हैं। विद्यार्थियों के लिए रिसर्च प्रोगाम भी उनके द्वारा लिए गए 4 वर्षीय कोर्सेस में शामिल किए गए हैं जो विद्यार्थी को रिसर्च करने में प्रोत्साहित करेंगे जिससे कि वे रिसर्च में अपना योगदान देंगे जिसके लाभ समाज व देश को प्राप्त होगे एवं विद्यार्थी भी अपने देश व विदेश में अच्छे रोजगार को प्राप्त कर सकेंगे।

नवीन शिक्षा नीति 2020 में सुधार की आवश्यकता- वैसे तो नवीन शिक्षा नीति 2020 सरकार के द्वारा बहुत सोच-समझकर बनाई गई हैं परंतु फिर भी इस शिक्षा नीति में काफी सुधार की आवश्यकता है। यह नीति ग्रामीण और शहरी भारत दोनों में प्राथमिक शिक्षा से उच्च शिक्षा के साथ-साथ व्यावसायिक प्रशिक्षण को भी महत्व देती है। इस नीति का उद्देश्य भारत की शिक्षा प्रणाली को बदलना है। नवीन शिक्षा नीति के अंतर्गत डिजिटल शिक्षा का विस्तार तो हुआ है परंतु इसका उपयोग वित्तीय साधनों की कमी होने के कारण प्रत्येक विद्यार्थी द्वारा नहीं किया जा रहा है। दूरस्थ क्षेत्र या गाँव में आज भी डिजीटल स्त्रोत न होने के कारण वहां के विद्यार्थी आज भी वैसे की वैसे ही है। इसके साथ ही ई-लर्निंग, वर्चुअल क्लास रूम, swayam portel, massive open online Course, E- Text book, mooc free online Course आदि उच्च शिक्षा की गुणवत्ता में वृद्धि करते हैं। परंतु कुछ कोर्स ऐसे है जो विद्यार्थी आसानी से समझ नहीं पाता और न ही उसमे अपना रजिस्ट्रेशन करा पाता है इस हेतु सरकार के द्वारा इसके लिए ऐसे प्लेटफार्म तैयार करना चाहिए या प्रशिक्षण संस्थानों को बनाना चाहिए, जिससे कि विद्यार्थी उन कोर्सेस का प्रशिक्षण प्राप्त कर उन्हें कर सकें। इसके साथ ही इंटरनेट सर्विस का विस्तार होना चाहिए जिससे कि प्रत्येक व्यक्ति इसका उपयोग कर सके।

शोध-साहित्य की समीक्षा- वी. डी. डी. एस. आई. पवन कुमार एवं डॉ कोमल नागरांनी ने नई शिक्षा नीति के विभिन्न पहलुओं की ओर ध्यान अंकित किया एवं उसकी विशेषताएँ एवं कमियां बताई उन्होंने शिक्षा का अंतर्राष्ट्रीयकरण, शिक्षा एवं तकनीकी पाठ्यचर्या आदि के बारे में यह बताया कि इन सभी पर यदि अच्छे ढंग से कार्य किया जाए तो भारतीय शिक्षा का महत्व अंतर्राष्ट्रीय देशों में भी बढ़ जाएगा एवं सभी को रोजगार उपलब्ध होंगे।

विरेन्द्र सिंह, कुकन देवी ने भी अपनी शोध पत्र में नई शिक्षा के द्वारा भारतीय शिक्षा को ऊचाईयों पर ले जाने की बात कही। उनके द्वारा छात्रों के समग्र विकास के लिए सही शिक्षा नीति को अपनाने के बात की गई। उन्होंने साइबर सुरक्षा में शिक्षा और कौशल, उच्च शिक्षा में अनुसंधान और नवाचार आदि पर जोर दिया। उनके अनुसार नवीन शिक्षा की नीति का उद्देश्य सरकारी और निजी क्षेत्र से उच्च अनुसंधान एवं विकास के निवेश को प्रोत्साहित करना है।

इसके अतिरिक्त नवीन शिक्षा नीति से संबंधित कई शोध पत्रों का अध्ययन करने के पश्चात् यह कहा जा सकता है कि नवीन शिक्षा नीति भारत के लिए विकास के लिए एक अच्छी शुरुआत है। इसके माध्यम से देश के नागरिकों को शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार किया जा सकता है परंतु कई जगह पर इसको समझना मुश्किल हो जाता है साथ ही शिक्षा की गुणवत्ता में वृद्धि होने से इसका आर्थिक भार भी अधिक हो रहा है। आज भी ग्रामीण क्षेत्रों मे नवीन शिक्षा नीति का पूर्ण उपयोग नहीं किया जा रहा है क्योंकि वहाँ पर आर्थिक संसाधनों या पूर्ण रूप से इंटरनेट माध्यमों की पूर्ति नहीं हो पा रही है। साथ ही नवीन शिक्षा नीति से संबंधित सभी बिंदुओं को या उसके विभिन्न पहलुओं को विस्तार से समझाया जाना चाहिए जिससे कि सभी विद्यार्थी इसका लाभ उठा सकें। नवीन शिक्षा नीति के माध्यम से छात्र बहुत सारे कोर्सेस को एक साथ कर सकता है पर उसे पर्याप्त मार्गदर्शन की जरूरत है अत: इसके लिए पहले शिक्षकों को ट्रेनिंग दी जाए जिससे कि वे स्वयं प्रशिक्षित होकर अपने विद्यार्थियों को उनके भविष्य से संबंधित सही विकल्प चुनने हेतु ज्ञान दे सकें या प्रोत्साहित कर सकें, तभी देश में शिक्षा का पूर्ण विकास हो सकेगा एवं देश में रोजगार की संभावनाएं भी बढ़ जाएगी।

निष्कर्ष- अंत में निष्कर्ष रूप में हम यह कह सकते हैं कि उच्च शिक्षा में, नवीन शिक्षा नीति का अधिक महत्वपूर्ण योगदान है। नवीन शिक्षा नीति 2020, विद्यार्थियों को संबंधित कक्षा का सिलेबस याद करके अच्छे अंक प्राप्त करने से काफी अधिक ऊपर है। इसमें विद्यार्थी अपने कौशल का प्रयोग कर रचनात्मकता को जन्म देता है विद्यार्थी स्वयं रिसर्च के लिए अभिप्रेरित होता है और शिक्षा के साथ-साथ प्रेक्टिकल अनुभव होने के कारण स्वयं के लिए रोजगार के अवसरों की तलाश करता है। नवीन शिक्षा नीति का वास्तविक अर्थ ज्ञान, कौशल और मूल्यों को प्राप्त करना और निरन्तर प्रगति करना है। लेकिन इस नीति के कुछ लक्ष्यों में स्पष्टता का अभाव एवं समाज तक पूर्ण रूप पहुँच न होने के कारण इस नीति में सुधार की आवश्यकता है विद्यार्थियों को सही मार्गदर्शन मिलने पर ही वे स्वयं एवं देश के विकास ओर अग्रसर होंगे। तभी नवीन शिक्षा नीति, उच्च शिक्षा के लिए अधिक महत्वपूर्ण साबित होगी एवं देश मे पूर्ण स्वरोजगार या रोजगार को स्थापित करेगी जिससे की छात्र व देश का कल्याण होगा।

संदर्भ ग्रंथ सूची:-

1. भारत की नई शिक्षा नीति 2020- डॉ. हेमलता वर्मा, डॉ. आदर्श कुमार

2. उच्च शिक्षा के विशेष संदर्भ में राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 की एक महत्वपूर्ण अंतर्दृष्टि–विरेन्द्र सिंह, कुकन देवी
3. Kumar,k (2005) Quality of Education at the begininng of the 21st Century- Lesson from India.
4. www.yojna.gov.in
5. www.nationaleducationpolicy2020.com
6. https://www.education.gov.in
7. https://leverageedu.com
8. https://m.economictimes.com

****

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed / Peer Review Research Journal)
RNI No.- MPHIN/2013/60638, ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Scientific Journal Impact Factor (SJIF)- 7.671
April to June 2023, E-Journal, Vol. I, Issue XLII

राजस्थान की हिन्दी काव्य निधि में डॉ. भगवती लाल व्यास का अवदान

डॉ. निधि शर्मा*

* बी.ए., बी.एड, एम.ए.,पी.एच.डी, वेब इंजीनियरिंग, भीलवाड़ा (राज.) भारत

प्रस्तावना – राजस्थान के साहित्य जगत् में डॉ. भगवती लाल व्यास ने अपनी वाणी और लेखनी द्धारा अमृतमयी रस सरिता प्रवाहित कर राजस्थान के काव्य सृजन को समृद्ध किया है। डॉ. व्यास राजस्थान के प्रगतिवादी कवियों में अग्रगण्य हैं।

डॉ. व्यास की कविताओं के मूल में यह शताब्दी है। यह शताब्दी जो अनेक घटनाओं, दुर्घटनाओं, परिवर्तनों, संक्रमणों और व्यापक हलचलों का केन्द्र रही है। दो विश्व युद्धों की संहारक दुर्घटनाओं ने हमारे चिंतन – दर्शन और जीवन मूल्यों को बड़ी गहराई तक प्रभावित किया है। व्यास जी की कविताएं प्रत्यक्ष–अप्रत्यक्ष रूप से हमारे भयावह परिवेश की गूंज में त्रस्त व्यक्ति की यंत्रणा को उजागर करती है।

व्यास जी के काव्य का अध्ययन करने पर हम पाते हैं कि उनकी कविताओं में जातीय गौरव की भावना, अतीत का गौरव गान, देशप्रेम की भावना, नवोत्थान की प्रेरणा, क्रान्ति की प्रेरणा, परिवेश का यथार्थ, वर्ग संघर्ष, अस्तित्व–बोध, सामाजिक – आर्थिक विषमताएं, राजनीतिक विसंगतियाँ, अपरिचय, अजनबीपन और बदलते जीवन मूल्य जैसी विघटनशील मानवीय प्रवृत्तियाँ कथ्य का मूल स्वर बनी है।

कथ्य एवं परिवेश – व्यास जी की काव्य यात्रा के विभिन्न सोपान उनके काव्य संग्रहों के माध्यम से हिन्दी पाठक जगत के समक्ष प्रस्तुत हुए है। अब तक व्यास जी के तीन कविता संग्रह प्रकाशित हो चुके हैं और एक कविता संग्रह अप्रकाशित है। इन कविताओं में कवि ने जीवन संस्थितियाँ रेखांकित ही नहीं की बल्कि निराशा में आशा का संचार भी किया है। अपने काव्य संग्रह 'शताब्दी निरूत्तर है' में कवि ने अपनी संवेदना और अनुभूति की गहराई से वर्तमान शताब्दी के सामने अनेक ऐसे प्रश्न खड़े किये है जो चुनौती बनकर समय के सामने खड़े हो गए हैं। इसी प्रकार 'फुटपाथ पर चिड़िया नाचती है' में कवि ने विभिन्न जीवन संस्थितियों को आलंबन रूप में लेते हुए समय और परिवेश की दुरभिसंधियों को उजागर किया है। इसी प्रकार 'शिखर की पीड़ा' की हर रचना में कवि का चिन्तन स्पष्ट है। पूरा संग्रह सामाजिक सोच और राजनीतिक व्यंग्य को उजागर करता है।

'मर गया वह
जो प्रश्न–अंगारों से गली–चौराहों पर
सुबह से शाम तक खेलता था।
बिंध गया एक और
प्रश्न धर्मी पुत्र .....
शताब्दी निरूत्तर है।'[1]

हिन्दी साहित्य जगत् में एक युग से भी अधिक समय से समृद्ध लेखन से जुड़े साहित्यकार डॉ. भगवती लाल व्यास की काव्य–यात्रा का परिचय पाठकों के समक्ष प्रस्तुत करने के प्रथम चरण में ही रचनाकार की प्रथम काव्य कृति 'शताब्दी निरूत्तर है' की प्रारंभिक 'भूमिकास्थ' की पंक्तियाँ पाठक के मन में प्रश्न उत्पन्न करती है कि यह 'शताब्दी निरूत्तर है' आखिर क्यों ?

क्या यह शताब्दी प्रश्न के मर जाने, जल जाने या बिंध जाने के दु:ख से आहत होकर निरूत्तर हो गई है अथवा इस प्रश्न की मृत्यु से बहुत पहले ही शब्दहीन हो गई अथवा इस शताब्दी ने प्रश्न–धर्मी के जीवन को किसी भी प्रकार से मान्यता न देकर उसे उत्तर देना ही न चाहा और अन्तत: इस शताब्दी के मौन से घबराकर प्रश्नधर्मी स्वयं ही अपना बहुत कुछ छोड़कर चल देता है।

वास्तव में कवि ने एक प्रश्न धर्मी बनकर अनेक प्रश्न सशक्त अभिव्यंजना के माध्यम से उजागर किये हैं जिनके उत्तर देना वर्तमान शताब्दी के लिये एक चुनौती है।

ईश्वर के प्रति आस्था और विश्वास की अभिव्यक्ति – कवि, प्रारंभ से अपने मन में उठते प्रश्नों के उत्तर पहली कविता से ही देने लगते हैं। वे जानते हैं कि जिस प्रकार अंधेरे को खंगाले बिना रोशनी का सौंदर्य या आनंद अधूरा है, उसी प्रकार इस शताब्दी की चुनौतियों का सामना किये बिना जीवन के सौंदर्य की अनुभूति भी अप्राप्य है। वे अपने परिवेश की चुनौतियों को महसूस करने और उन्हें परास्त करने की शक्ति भी अर्जित करना चाहते हैं। इसके लिए वे 'बाज़ीगर ईश्वर' से प्रार्थना करते हैं –

'सचमुच ईश्वर एक कुशल बाज़ीगर है
आओ, हम उससे प्रार्थना करें
कि वह हमारा दूसरा क्षण भी
पहले जितना ही समृद्ध बनायें
ताकि हम जीवन का अधिक
सौन्दर्य जी सकें।'[2]

कवि ईश्वर को बाजीगर के रूप में जानते हुए भी तलाशना चाहता है। ईश्वर मनुष्य के संस्कार का एक जरूरी हिस्सा है लेकिन कवि और पाठक दोनों ही यह जानते है कि जीवन के प्रारंभ से अब तक ईश्वर ने कभी प्रश्न धर्मी के प्रश्नों का न तो उत्तर दिया, ना उसकी चीखों को सुना, जबकि मनुष्य सदा उस अदृश्य को पुकारता रहा। सत्य तो यह है कि प्रश्नधर्मी ने अपनी व्यर्थ होती रही प्रार्थनाओं से स्वयं को हटाकर अपना अस्तित्व बनाए

रखने के लिए स्वयं अंधेरे को खंगाला है, उजाले को साधा है और मानवीय सौंदर्य को अनुभूत किया है।

कवि सिर्फ प्रार्थना कर सकता है ईश्वर से, क्योंकि अब भी उसे ईश्वर में आस्था है। वह कहता है :-

'दरअसल हमने
सोचने की शुरूआत ही गलत की थी
कि हम काट लेंगे हिमालय को
बघनखों से
X X X X
पर वे किसी का अग्निकवच
नहीं बन सकते
X X X X
इस बार प्रहलाद के लिए
प्रार्थना करो
सिर्फ प्रार्थना .....।'[3]

कवि उस निराकार, ग्रहणातीत ईश्वर को पाना चाहता है। वह चाहता है कि ईश्वर जल बन जाए क्योंकि वह शब्दों की आर्द्रता में आकंठ डूबकर ईश्वर को पाना चाहता है। कवि ईश्वर से प्रार्थना करता है –

'मैं तुम्हें पाना चाहता हूँ
और वह भी शब्द से
जो मेरे भीतर और
मेरे चारों ओर
वायु की तरह व्याप्त
क्या तुम वायु नहीं बन सकते
मेरे लिए। शब्द के लिए।'[4]

कवि ईश्वर के प्रति प्रगाढ़ आस्था रखते हुए कहता है कि इस व्यर्थ जैवी व्यापार में ईश्वर कहीं खो गया है। आज कवि अपना सारा अहम् अन्धकार के हवाले कर उस ईश्वर को खोजने निकल पड़ता है –

'मुझे क्षमा करना दोस्तों !
प्रकाश की साक्षी में
दुबारा ईश्वर की तलाश
कम से कम मेरे लिए
सम्भव न थी।'[5]

इस शताब्दी और अपने परिवेश के प्रति आक्रोश तथा ईश्वर के प्रति आस्था को कवि ने इस प्रकार अभिव्यक्त किया है –

'सहम गया समुद्र
टूट गई जड़ता
पत्थर की प्रभुता
अपने सम्पूर्ण विराट को
X X X X
जल जब बहरा हो जाता है
पत्थर ही सुनते हैं
प्रार्थना ?'[6]

ईश्वर के अस्तित्व को स्वीकारते हुए कवि कहता है कि वह सब जगह व्याप्त है। उसके होने के अहसास मात्र से मैं और तुम सभी गौण हो जाते हैं। ईश्वर को कवि ने सर्वव्यापी तीसरा आदमी माना है, जो –

'हमारे पाप-पुण्य, धर्म-अधर्म
कर्म-कुकर्म सब में एक सा
और हम इसकी मौजूदगी से
बेखबर चीजों को
नितान्त वैयक्तिक समझ लेते हैं।'[7]

पाखंड और प्रदर्शनप्रियता की अभिव्यक्ति – आज आस्था के नाम पर जो लोग अपना स्वार्थ साधना चाहते हैं उन्हें कवि ने चेतावनी देते हुए कहा है –

'कि कहीं इतिहास को आस्था
के नाम पर
राख से समझौता न करना पड़े .....।'[8]

कवि ईश्वर और धर्म नाम का व्यापार करने वाले पाखण्डी लोगों को चेतावनी देते हुए उन्हें विवेक से जीने की सलाह देते हैं –

'धर्मग्रन्थ को आइने की तरह
मत पकड़ो
इसमें कोई चेहरा
नजर नहीं आएगा
अलबत्ता तुम्हारी पकड़ से
यह धर्मग्रन्थ
'धर्म ग्रन्थि' बन जाएगा।'[9]

कवि दुनिया के समस्त पाखंड और प्रदर्शन से परे अपनी भावनाओं में डूबकर ईश्वर को पूजता है। उसकी आस्था सबसे अलग है। वह कहता है –

'मैं न उस भगवान का कायल
कि जो विश्वास का व्यापार करता हो, ...
मैं न उस ईमान का कायल
कि जो पराए त्याग से शृंगार करता हो,
किन्तु फिर भी आस्तिक हूँ।'[10]

मनुष्य के जीवन संघर्ष की अभिव्यक्ति – कवि की दृष्टि में जीवन और मृत्यु शाश्वत सत्य हैं। कोई भी मनुष्य इस जीवनचक्र से बच नहीं सकता है। कवि इस सत्य के प्रति मनुष्य को आगाह करते हुए कहता है कि –

'पर सत्य इन सब हरकतों से नहीं मरता,
वह सजायाफ्ता की तरह ही सही,
टंका रहता है
हर दीवार पर, सूली पर या
और कहीं।'[11]

कवि कहता है कि आज मनुष्य केवल समय की धार में बहता जा रहा है। वह जीवन पथ पर अकेला, मौन चलता जा रहा है। जिन्दगी की आपाधापी और निरूद्देश्य दौड़ में वह जीवन के अन्तिम पड़ाव तक कब पहुँच जाता है उसे एहसास ही नहीं होता। मृत्यु के इतने करीब पहुँचे हुए इंसान को जीवन के सारे उपादान व्यर्थ लगने लगते हैं, लेकिन फिर भी वह अपने चारों और सुरक्षा-कवच बनाना चाहता है –

'क्योंकि हम नहीं जानते कि
हमारे जीवन का क्या अर्थ है ?
काश हम यह ही जान पाते
कि हमारी मृत्यु का क्या अर्थ है ?
और न हम जीवन और मृत्यु के

मसले पर सोचना चाहते हैं।'[12]

जहाँ एक ओर भगवती लाल व्यास जी ईश्वर के प्रति प्रगाढ़ आस्था भाव रखते हैं, वहीं दूसरी ओर व्यास जी की आस्था और जुड़ाव आज के आदमी के प्रति है। जीवन का सत्य, इसी आदमी के यथार्थ और संघर्ष के माध्यम से कवि ने अपनी कविताओं में अभिव्यंजित किया है।

व्यास जी ने अपनी कविताओं में विभिन्न जीवन संस्थितियों में से उन क्षणों को रेखांकित किया है, जिसमें आदमी अपने आपको अकेला और निरूपाय पाता है। 'शिखर की पीड़ा' काव्य-संग्रह की पहली कविता ही इसका प्रमाण है, जब वे कहते हैं –

'चालीस बरस तक बँटी गई
रस्सी एक ही झटके में टूट गई।'[13]

कविता की सारी पृष्ठभूमि 'चालीस बरस' के माध्यम से उद्घाटित हो जाती है, जबकि यएक ही झटके में टूट गई' से उसका खोखलापन उजागर होता है।

आज आदमी का अस्तित्व समय के हाथों चींथ गया है। आदमी का आदमी होना, कवि ने बड़ी मार्मिकता से प्रस्तुत किया है कि –

'सलीब पर
आदमी कभी नहीं लटकता महरबान।
लटकता है एक क्षण-विशेष
जिसमें आदमी
अहसासता है कि वह आदमी है।'[14]

ज्यों-ज्यों सभ्यता का विकास होता गया है, त्यों-त्यों हमारे समाज ने, संस्कृति ने अपनी बनाई हुई असभ्यता को ओढ़ा है। निरन्तर सभ्य होते जाने के भ्रम ने आदमी को मात्र संघर्ष ही दिया है। आज आदमी पुन: आदिम सभ्यता में जाने की याचना करता है-

'फिर असभ्य हो जाने दो
किसी नई संस्कृति का
जन्म-दिन
अपने आदिम उल्लास में
मनाने के लिए।'[15]

समाज में चारों ओर सामाजिक आर्थिक विषमता के उदाहरण दृष्टिगोचर होते हैं। समाज का पूरा का पूरा एक वर्ग भूख और प्यास सहता है, गर्मी और ठण्ड का सहते हुए भी चुप रहने को विवश है, क्योंकि यदि कोई व्यवस्था के विरूद्ध बोलता है तो वह असभ्य माना जाता है। कवि द्वारा रचित ये पंक्तियां दृष्टव्य हैं –

'भाई अब तो सहा नहीं जाता है'
और वह सब कहा
जो खुली चौपाल पर कहा नहीं जाता है
लोगों की राय में
वह बड़ा असभ्य था।'[16]

व्यास जी की कविताओं के माध्यम से परिवेश की विद्रूपताएँ और उनसे आहत आदमी का संघर्ष मुखरित हुआ है। आज के परिवेश का संघर्षरत आदमी बसन्त से भी ईर्ष्या करता है। उसे बसन्त का हँसाना और हँसना, खिलखिलाते रहना और रस बरसाना पसन्द नहीं है। वह चाहता है कि बसन्त भी उसकी तरह कुढ़न और झुंझलाहट महसूस करे। अपनी परिस्थितियों से आहत आदमी बसन्त से खास से आम बन जाने की बात करते हुए, उससे चाहता है कि –

'कभी बस में
लटकते हुए कारखाने जाओ
कभी आटे – दाल नमक से
लदे – फंदे घर आओ
कभी बिल जमा कराने
लाइन में लग जाओ
कभी देर से पहुँचने पर
अफसर की डांट खाओ।'[17]

इसी प्रकार कवि कहता है कि आज परिवेश उतना विद्रूप हो चुका है कि आदमी को तोड़ने के लिए किसी युद्ध या हथियार की जरूरत नहीं होती –

'आदमी को जब टूटना होता है
तब उसके लिए काफी होता है
भरे बसन्त में कोई उदास फूल
या हवा का बिलकुल
उसके पास से
उसे बिना पहचाने हुए
गुज़र जाना।'[18]

कवि कहता है कि जीवन के लिए, परिवार के लिए संघर्ष करता हुआ आदमी जब स्वयं को जीवन – यात्रा में अकेला और साधनविहीन मानने लगता हैं तो वह एक हिंसक जीव की शक्ल धारण करता प्रतीत होता है। उसका जीवन संघर्ष, उसकी जिजीविषा उसे नोचने लगते हैं –

'अपने पंजों की गिरफ्त में
हवा नहीं, स्वयं उसका ही गला है।
इस अहसास के बाद
उसकी अंगुलियों में चटखन तक
शेष नहीं रहती।'[19]

मनुष्य का जिन्दगी के लिये यह संघर्ष उसे बसन्त की ताजा हवा का आनन्द लेने का अवकाश कहाँ देता है ? वह केवल बसन्त के अहसास के सहारे वर्षों से बसन्त को बसन्त मान रहे हैं। शायद हवाखोरी सेहत के लिए फायदेमंद है –

'मगर हमारी मजबूरी यह है
कि रोटी और धुआँ
एक साथ मिलते हैं हमें
चुनाव की आज़ादी के बिना।'[20]

बसन्त की हवा नहीं बल्कि भट्टियों से निकलता धुआँ ही इनके पेट की आग बुझाने के लिए जरूरी है।

निराशा में आशा के संचार की अभिव्यक्ति – कवि ने अपनी कविताओं में जीवन – संस्थितियाँ मात्र रेखांकित ही नहीं की हैं अपितु निराशा में आशा का संचार करने का प्रयास किया है। निराशा में आशा की अनुगूंज देखी – सुनी है। जब कवि कहता है –

'अच्छा ही हुआ तुम्हारा
समुद्र मंथन से पूर्व टूट जाना
अब फिर से मैं निश्चिन्त होकर
नई रस्सी तो बंट सकता हूँ।'[21]

डॉ. व्यास नग्न यथार्थ के वीभत्स रूप को ज्यों का त्यों प्रस्तुत नहीं करके समाधान भी प्रस्तुत करते है, जनमानस को विश्वास भी बँधाते हैं, उन्हें आशान्वित भी रखते हैं। इस प्रकार व्यास जी प्रगतिवादी कवियों की तरह कविता की इति मात्र यथार्थ को उजागर कर ही नहीं कर देते हैं। कवि की इसी विशेषता का उदाहरण दृष्टव्य है –

'तुम्हारी मिचमिची आँख में ही
बचेगा स्वप्न बीज
आँख बन्द मत करना पखेरूओं ।'[22]

इसी क्रम में कवि आगे कहता है –

'अस्तित्व के प्रश्न से
बड़ा है हमारे लिए
आस्था का प्रश्न'[23]

कवि के आशावाद का एक और उदाहरण दृष्टव्य है –

'मेरी चिन्ता यह है कि
मेरी बिरादरी वालों को
तनकर चलना नसीब हो
इस पगडण्डी पर'[24]

कवि कहता है कि जब चारों ओर अंधेरा हो ही गया है तब उजाले के गीत गाने से कुछ नहीं होगा और ना ही अंधेरे के जाने की प्रतीक्षा करना सार्थक है। ऐसे निराशा भरे समय में मन में आशा भरकर, न छल से, न शब्द से बल्कि अपनी अक्ल से काम लेने का सुझाव देते हुए कवि कहता है कि –

'और चल पडें
इसी अंधेरे में उन जगहों की ओर
जहाँ उजाला कैद है
किसी काले लबादे में'[25]

ताकि अंधेरे के स्वभाव को पहचान सकें और उसे नष्ट करने प्रयत्न कर सकें।

कवि जानता है कि रक्त और पानी की प्रजाति तय करने में अंधेरा गलती कर सकता है, लेकिन सूर्य का तेज नहीं और उसे आशा है कि वह सूर्य शीघ्र ही उदय होगा–

'मैं निराश नहीं हूँ
इतने अंधेरों के बावजूद
इन्हीं में कहीं पल रहा होगा
वह उद्दाम सूर्य।'[26]

चाहे इस सदी ने इस समय में हमारे परिवेश को विसंगत और जहरीला बना दिया है फिर भी कवि को आशा है कि कहीं न कहीं प्रेम और सौहार्द का भाव अब भी शेष है। पुन: समाज को जोड़ने की आकांक्षा फिर भी है। कवि का मंतव्य देखिए–

'रेत में ही सही –
बनाते हैं पास–पास घर
और नहीं लगाते हैं उनमें दीवार
शायद है शेष अभी
मनुष्य में मनुष्य का प्यार।'[27]

समाज की विसंगतियों का चित्रण – कवि समाज की विसंगतियो को उजागर करना ही अपना उत्तरदायित्व नहीं मानता बल्कि उसका मन इन विसंगतियों को तोड़ने को व्यग्र है। वह व्यथित होकर आज के बालक से कहता है–

'मुन्ने तुम इस गली में,
ज्यादा देर कभी मत टिकना'[28]

कवि की भावनाओं की अभिव्यक्ति के लिए गली और ज्यादा देर पर्याप्त है। वह परिवर्तन चाहता है। अब आदमी परिवेश के शर्तनामे या विकृत समाज व्याकरण के बोझ तले दबकर नहीं जीना चाहता । आज वह अपने मन के अनुसार स्वतंत्र होकर जीना चाहता है–

'क्षमा करना
मैं तुम्हारी आँखों को अच्छा
नहीं लगना चाहता
अलबत्ता मैं कोशिश
करूँगा कि अपनी ही
आँखो को अच्छा
लगता रहूँ।'[29]

समाज और तंत्र की विद्रूपताओं को ललकारता हुआ कवि का मन, यथार्थ को चेतावनी देते हुए कहता है कि –

'आज़ादी का गलत अर्थ समझाने वाले पोस्टरों
कल की हवा कहीं
तुम्हारी चिन्दियां न उछालती फिरें ।
क्योंकि बच्चे अब जवान हो गए हैं।'[30]

कवि अपने परिवेश के प्रति बहुत आस्थावान है। वह हर क्षण के प्रति चिन्तित है, क्योंकि उसके लिए क्षण की चिंता ही भविष्य की अर्थवत्ता है। वह कहता है–

'आखिर क्षण की भी तो
अपनी सत्ता है
और यही भविष्य की
अर्थवत्ता है।'[31]

क्षण में जीता और क्षण की चिन्ता करता हुआ कवि दार्शनिक की भाँति सोचने लगता है और कहता है–

'स्व से पर के बीच
ही तो है यह लोक
x x x x
द्वेत के मिटते ही
सारे भय तिरोहीत हो जाते हैं।'[32]

कवि की इस चिन्ता और आशा में कहीं–कहीं करूणा के भी दर्शन होते हैं। कवि का उद्वेलित मन निर्झर की तरह सामाजिक स्थितियों पर पसीज उठता है और वह कहता है–

'हे भगवान,
दरख्तों को जल्दी–जल्दी
बड़ा करो
ताकि उन लोगों को भी गरमास नसीब हो जो
निपट आकाश के नीचे
सोते हैं।'[33]

राष्ट्र के प्रति प्रेम और गौरव की अभिव्यक्ति – कवि को अपने राष्ट्र पर गर्व है , अपनी जन्मभूमि से प्रेम है। वह भारत को सनातन सूर्योदय का देश कहता है। यहाँ अनेक लीला पुरूषों ने जन्म लिया है । कवि मनुष्य को

भाग्यशाली मानते हुए कहता है कि तुम भारत में जन्में हो यह तुम्हारा पुण्य है–

'मनुपुत्र !
यह तुम्हारा सुकृत है कि
तुम वहाँ जनमे हो
जहाँ आकाश आँख से काफी बड़ा है।
जहाँ मील के हर पत्थर पर
'वसुधैव कुटुम्बकम्' लिखा मिलता है।'[34]

कवि का मन यहाँ भी अपने राष्ट्र गौरव के प्रति चिन्तित हो उठता है। वह कहता है क्यों आज भारतवासी सत्य और अहिंसा के सिद्धान्त को भूलता जा रहा है? क्यों वह निरन्तर अनैतिकता के चक्रव्यूह में फँसकर हमारे देश के पवित्र नाम को ही ठेस पहुँचा रहा है ? ऐसे सत्य, अहिंसा और नैतिकता का दम भरने वाले पाखण्डी लोगों को कवि व्यर्थता बोध कराता हुआ कहता है–

'फिर भी हम सब, अपने से बाहर
ईसा के प्रशंसक और गांधी के समर्थक हैं
लेकिन विचारणीय यह है कि
सचमुच हम कितने निरर्थक है?'[35]

वर्तमान राजनीतिक परिदृश्य का चित्रण – वर्तमान समय में राजनीति, देशभक्ति के ऊपर हावी हो गई है। कवि बहुत व्यथित होता है यह देखकर कि लोग नेताओं की जय-जयकार करते हैं। घण्टों चौराहे पर खड़े होकर उनके स्वागत की तैयारी करते हैं, किन्तु वे ही लोग युद्ध कर लौट रहे जवानों की प्रशस्ति में एक शब्द भी नहीं ध्वनित कर पाते हैं। कवि देश की आने वाली पीढ़ी के प्रति चिन्ता व्यक्त करते हुए कहता है –

'कब पढ़ेंगे ये जवानों की आँखों में
लिखी कहानियाँ
और कब चौराहे पर जमा भीड़
जवानों की जय बोलना सीखेगी ?'[36]

राजनीति और व्यवस्था के नाम पर लोगों को छलने वाले, अमन की बस्तियों में नकली जरूरतें, विवाद, जुलूस, आन्दोलन, धर्म और मजहब की दुहाई देकर अपना अस्तित्व दृढ़ करने वाले अमृत-फल के उपभोक्ताओं के प्रति कवि करूण याचना करता है कि –

'इनकी छोटी – मोटी खुशियों
की पौध मत बांटो
अपनी अमरबेल का
भविष्य सुनिश्चित करने के लिए।'[37]

परिवेश के सत्य की अभिव्यक्ति – कवि द्वारा अनुभूत यपराजय का सत्य' उसकी आहत जिन्दगी के तनावों और उसकी आस्था के दर्शन के बीच महत्तवपूर्ण हो गया है। कविता के प्रारंभ को कवि ने नितांत व्यक्तिगत बनाया है –

'मैं एक हारा हुआ आदमी हूँ
जो हर बार जीत का अभिनय करता हूँ
और फिर-फिर हारा हुआ
करार दे दिया जाता हूँ।'[38]

कविता की शुरूआत में कवि जितना विचलित, पराजित, टूटा हुआ नजर आता है, कविता के अन्त में वैसा ही आशावादी दिखाई देता है। आत्महत्या का विचार और निरन्तर पराजित होते जाने के बाद भी जिन्दगी के प्रति और अधिक आस्था कवि को मजबूती से पकड़ लेती है।

'अन्त में मुझे रेल की चिलचिलाती
पटरियां और
गुलमोहर के लाल फूल एक साथ
याद आते हैं।'[39]

कवि ने जिस पराजय को भोगा है उसको गुलमोहर के चटख लाल फूलों की स्मृति ने विस्मृत कर दिया है और कवि आत्महत्या का विचार त्याग देता है, क्योंकि पराजय को स्वीकार करना हत्यारों की व्यवस्था के सामने घुटने टेक देना है।

कवि कहता है कि मुझे अपनी असफलता या पराजय का दु:ख कदापि नहीं है। वह इसी में संतुष्ट है कि चाहे वह असमर्थ रहा किन्तु स्वाभिमान जीवित रहा। वह कहता हैं –

'किन्तु इसकी शिकायत नहीं है मुझे
कि मैं दण्डित हूँ।
मुझे यही संतोष है
कि मैं एक प्रयत्न हूँ
भले ही मैं खण्डित हूँ।'[40]

कवि की अपनी एक दुनिया है और इसी में वह प्रसन्न है, संतुष्ट है। वह कोई व्यर्थ नाम नहीं जोड़ना चाहता। यह उसकी आस्था ही तो है कि वह कहता है–

'तृषा का उपनाम मत दो मुझे
मैनें तृप्ति के सूर्य से आँखें मिलाई हैं
व्यर्थ के उपनाम मत दो मुझे
मैंने अर्थ की उम्र बढ़ाई है।'[41]

कवि ने अपने परिवेश को निकट से देखा है, उसे भोगा है। समाज की सभी विसंगतियों, विद्रूपताओं और वर्तमान के यथार्थ को उसने महसूस किया है। इन्हीं सभी अनुभवों को कवि ने अपनी कविताओं के माध्यम से पाठक के समक्ष प्रस्तुत किया है। अपने युग परिवेश के नग्न यथार्थ से आहत हुआ कवि मन रचने की जरूरत महसूस करता है और उसे हमारे समक्ष प्रस्तुत करता है। कवि कहता है कि–

'कि जिस क्षण मैं कविता
खत्म करूंगा, यह आपके भीतर
शुरू हो जाएगी
वस्तुत: कविता कभी समाप्त नहीं होती
वह महज स्थानान्तरित होती है .....'[42]

समाज और संस्कृति के विकास के साथ मनुष्य ने भाषा का विकास किया, जो स्वयं उसे तो प्रकट करे किन्तु उसके स्वार्थ और चतुराई को अप्रकट रख सके। आदमी इस तरह खुद को छलता है –

'यहाँ आदमी चाह कर भी
कहाँ खुलता है
सुबह से शाम तक
सिर्फ दूसरों की मर्जी के काँटे पर
तुलता है।'[43]

कवि कहता है कि इस सदी के प्रश्नाकुल लिजलिजेपन ने मनुष्य के साथ-साथ प्रकृति, धरती, आकाश को भी शब्दहीन बना दिया है। आदमी

हंसना चाहता है, हंसाना चाहता है और फिर खुद ही संत्रस्त भाव से पराजित व्यक्ति का सा व्यवहार करने लगता है। आज जिन्दगी को हँसी की तलाश है –

'फिर वह अनायास ऐसे टापू पर होता है
जिसने युगों से आदमी की हंसी नहीं सुनी है
ओह ! कितना अजीब है
क्या अब आदमी हँसेगा ?'[44]

हमारे परिवेश के भयावह यथार्थ ने हमें इतना विकृत कर दिया है कि हमारा सम्पूर्ण प्रयत्न अंधेरे को खंगालने भर का रह गया है, रोशनी का प्रशस्ति गान हमें कभी स्वीकार नहीं होता। यह अंधेरा हमारी आस्था, हमारे विश्वास और हमारी चेतना को ग्रस जाता है, किन्तु फिर भी हम विवश हैं –

'क्योंकि हमें भविष्य से अधिक
वर्तमान प्रिय है।
क्योंकि हमें खेत से अधिक उद्यान प्रिय हैं
यह सब शायद इसलिए कि
वस्तुत: हम अंधेरे हैं –
जो कि रोशनी के समन्दर को घेरे हैं।'[45]

डॉ. व्यास लिखते हैं – 'वर्तमान जीवन की बढ़ती हुई जटिलताओं ने जहाँ हमारे संवेदना क्षेत्र को विस्तार दिया है वहाँ अभिव्यक्ति के आग्रहों में भी परिवर्तन उपस्थित किया है। ..... आज का रचनाकार सामाजिक स्तर पर ही इन संवेदनाओं की अनुभूति करता है और समाज के संदर्भ में ही अपनी प्रतिक्रिया व्यक्त करता है।'[46]

कवि ने अपने परिवेश को देखा है, भोगा है और वर्तमान जीवन की विद्रूपताओं को सर्जनात्मक स्तर पर पहचाना है। यही कारण है कि कवि ने संबंधों की प्रकृति और उसके खोखलेपन को उघाड़कर पाठक के समक्ष रख दिया है। उसने घर में बदलती माँ की प्रकृति को देखा तो सर्कस के रिंगमास्टर को यतीम से मास्टर होते भी देखा है।

कवि को हैरानी होती है जब वह देखता है कि विवेकशील मानव जाने–अंजाने अपने को किसी न किसी खूंटे से बाँधे है –

'खूंटे को गले में बांधे
फिरते हैं हम लोग
इस और से उस ठौर
कितना विचित्र हमारा
खूंटामोह।'[47]

व्यक्ति–जीवन में बदलाव – वर्तमान समय में सम्बन्धों की व्याख्या करते हुए कवि कहता है कि आज सम्बन्ध, व्यक्ति और सम्बोधन के बीच की कड़ी जैसा है। रिश्तों की सारी मिठास और ताजगी दूर रहने पर महसूस होती है। नजदीक जाने पर सब कड़ियाँ टूट जाती हैं और सारी गर्माहट खो जाती है। कवि अपना मंतव्य स्पष्ट करता है कि –

'मगर ज्यों ही हम नजदीक आते हैं –
व्यक्ति और सम्बोधन के
बीच का सेतु टूट जाता है,
एक अव्यक्त रिक्तता छोड़कर।'[48]

कवि कहता है कि समय की धार बहुत तेज है। इसमें आदमी और उसके सारे सम्बन्ध निरन्तर बहते जाते हैं और वह विवश खड़ा रहता है। जो बच्चा अपने पिता की अंगुली पकड़कर चलना सीखा और पिता की अंगुली छूट जाने पर चौराहे पर खड़ा हो चीख–चीख कर रोया, आज जब वही बच्चा स्वयं पिता का संबोधन धारण कर चुका है, अपने पिता की स्मृति में व्याकुल है। वह आज फिर चौराहे की भीड़ में खो गया है किन्तु रो नहीं सकता है और अपना दु:ख इस प्रकार व्यक्त करता है –

'हर आने–जाने वाले की झुर्रियों में
तुम्हारा चेहरा तलाशता हूँ
और पहले से ज्यादा
उदास हो जाता हूँ।'[49]

समय की धारा में विवश होकर बहता हुआ आदमी स्वयं को अकेला और निरूपाय महसूस करता है और कहता है –

'है केवल एक ऊब भरी यात्रा का टुकड़ा
तुम्हारा अभाव
एक चेतना शून्य अवस्था का पूर्वाभ्यास
और इन सब के बीच
निरर्थक सा मैं।'[50]

कवि कहता है कि एक समय था जब सम्बन्धों में प्रगाढ़ता थी। आदमी – आदमी से प्रेम और विश्वास की डोर से बंधा हुआ था। किन्तु अब बदले समय ने आदमी की प्रवृति को ही बदल दिया है –

'पर न जाने उसे कैसे वहम् हो गया
कि उसके व्यक्तित्व में कोई कमी है,
'क्योंकि वह सिर्फ आदमी है।'
..... अब उसे नहीं लगता कि उसके व्यक्तित्व में
कोई कमी है।
क्योंकि आज का आदमी
सचमुच काठ का आदमी है।'[51]

सम्बन्धों की दुनिया का सबसे सुदृढ़ स्तम्भ है पिता। पिता का सहारा और शक्ति पाकर बच्चे जीवन जीने की कला सीख पाते हैं। पिता रूपी पहाड़ पर कुछ नहीं ठहरता यह सत्य है किन्तु वहाँ से आगे जीवनपथ पर चलकर उसे भूल जाना भी तो ठीक नहीं। कवि पिता होने का मतलब स्पष्ट करते हुए कहता है –

'पिता होने का
मतलब है पहाड़ होना
जहाँ कुछ नहीं ठहरता
X X X X
मैदान में पहुँच कर
सब भूल जाते हैं
पहाड़ को
और यों कीर्तिशेष
हो जाता है
एक और
कीर्ति – स्तंभ।'[52]

कवि ने जहाँ एक ओर मनुष्य के अस्तित्व को एक महान् दृष्टि दी है वहीं दूसरी ओर मनुष्य का इस आपाधापी के समय में स्वयं को निरन्तर उन्नति की आड़ में या भ्रम में नीचे की ओर ले जाया जाना भी रेखांकित किया है। निरन्तर विकसित और परिवर्तनशील परिवेश में मनुष्य ऊपर उठने के मोह से अपनी नैतिकता और मूल्यों को गिराए जा रहा। ऐसे मूल्यहीनता के

दौर में जो लोग अब भी अपनी नैतिकता को मजबूती से पकड़े हुए हैं, उनके बारे में कवि लिखता है –

'वे चौखट में घुस गए
व्यक्तियों और विचारों की
तुलना में
तथाकथित तरक्की की दौड़ में
बहुत पिछड़े हैं।'[53]

इसी क्रम में कवि कहता है कि अपना स्वार्थ सिद्ध करने के लिए जो लोग अपने आदर्शो व मूल्यों को भूल जाते हैं, वास्तव में वे क्या पाते हैं –

'जिन्होंने यह सब किया
वे पा चुके हैं तुम्हें
पर वे नहीं जानते
उन्होनें कितना खोया है
तुम्हें पाने के पागलपन में।'[54]

आज लोगों के आचरण में बदलाव आता जा रहा है। यही वजह है कि हमारी आस्था और विश्वास सब एक मादकता की चौंधियाहट से ओत–प्रोत हैं किन्तु कहीं सुख नहीं है। कवि कहता है कि यही हमारा प्रगतिशील किन्तु विसंगत परिवेश है, जहाँ –

'हम अपने पड़ौसी को प्यार नहीं करते
हाँ, कभी–कभी
एक औपचारिकतावश
हाथ जोड़ देते हैं
क्योंकि दिल नहीं जोड़ पाते
जाने क्यों आजकल।'[55]

परिवेश के प्रति व्यथित होने के बावजूद यहाँ भी हमें कवि के आशावाद की झलक मिल जाती है जब वह कहता हैं कि –

'कभी–कभी एक बीज
नमी के अभाव में जमींदोज
हो जाता है
हम अपने अन्दर देखें
कहीं बादल
वहीं तो कैद नहीं है।'[56]

आज मनुष्य खुद अपने ही बनाए जाल में मकड़ी की तरह फँस गया है। उसे न भविष्य नजर आता है न भूत, वह केवल वर्तमान का गुलाम है। यह ठीक है कि वह स्वतंत्र है वर्तमान का चयन करने के लिए, लेकिन उसे सचेत रहना चाहिए, कहीं यह भयावह और विद्रूप वर्तमान उसे ध्वस्त ना कर दे। जिन्दगी एक सौन्दर्यमयी अनुभूति है, इन दिनों जो वर्तमान के हाथों वीभत्स हुई, वह –

'एक अंधकूप से
दूसरे अंधकूप तक का सफर
और भले ही कुछ हो पर
जिन्दगी नहीं हो सकती।'[57]

कवि ने हर परिस्थिति में निराशा में आशा को खोजने का प्रयास किया है। वह आदमी के दोहरे स्वभाव को लेकर चिंतित भी है और निराश भी है। कवि कहता है कि आदमी पहले अपने आचरण में गिरता जाता है फिर वहीं उस गिरावट में अपने उठने का मार्ग भी देखता है। इसी बात को स्पष्ट करते हुए कवि कहता है –

'आदमी की आदत है यह
पहले गला घोंटता है अपने में बैठे एक
मासूम ईश्वर का
फिर बनाता है
मंदिर, मस्जिद, गिरजाघर।'[58]

समाहार – डॉ. भगवती लाल व्यास में सर्वत्र अपनी बात स्पष्ट करने का सामर्थ्य मुँह बोलता है। उन्होंनें अपने परिवेश, समाज और घटनाओं का सूक्ष्म निरीक्षण किया है, उन्हें देखा और भोगा है। व्यास जी ने अपनी कविताओं के माध्यम से न सिर्फ इस शताब्दी की दुरभिसंधियों का चित्रण किया है, अपितु उनका समाधान प्रस्तुत करने की चेष्टा भी की है। उन्होंने आज निराशावाद के घोर अंधकार में त्रस्त मनुष्य को आशा की किरण के प्रति आस्थावान बनाने का प्रयास किया है। जहाँ कवि ने 'शताब्दी निरूत्तर है' में कहना प्रारंभ किया है वहीं अगले कदम पर 'फुटपाथ पर चिड़िया नाचती है' में उसने सुनना–सुनाना चाहा है। कवि की भावाभिव्यक्ति के यही बदलते रंग 'शिखर की पीड़ा' काव्य–संग्रह में उपलब्धिमूलक संरचना के रूप में स्थापित हुए हैं।

व्यास जी अपने परिवेश से पूर्णतया प्रभावित रहे हैं। यही कारण है कि उन्होंनें अपनी कविताओं अथवा पात्रों को यमहानगर' नहीं पहनाया है। उनकी दृष्टि में आदमी महज यंत्र नहीं है न ही वह सारे स्वाद लेने का अभिलाषी है। आज का आदमी अपने सहज और मौलिक रूप में कवि के सामने उपस्थित है और कवि भी उससे सहज रूप में जुड़कर, उसे वाणी देने का प्रयत्न करता है। यही सहजता और मौलिकता व्यास जी की कविताओं की मूल विशेषता है।

संदर्भ ग्रंथ सूची :–

1. डॉ. भगवती लाल व्यास, शताब्दी निरूत्तर है, भूमिकास्थ से
2. डॉ. भगवती लाल व्यास, शताब्दी निरूत्तर है, पृ. 1
3. डॉ. भगवती लाल व्यास, फुटपाथ पर चिड़िया नाचती है, पृ. 2
4. डॉ. भगवती लाल व्यास, पांडुलिपि, पृ. 2
5. डॉ. भगवती लाल व्यास, शताब्दी निरूत्तर है, पृ. 13
6. डॉ. भगवती लाल व्यास, फुटपाथ पर चिड़िया नाचती है, पृ. 40
7. डॉ. भगवती लाल व्यास, फुटपाथ पर चिड़िया नाचती है, पृ, 44
8. डॉ. भगवती लाल व्यास, फुटपाथ पर चिड़िया नाचती है, पृ. 76
9. डॉ. भगवती लाल व्यास, फुटपाथ पर चिड़िया नाचती है, पृ. 72
10. डॉ. भगवती लाल व्यास, शताब्दी निरूत्तर है, पृ. 33
11. डॉ. भगवती लाल व्यास, शताब्दी निरूत्तर है, पृ. 6
12. डॉ. भगवती लाल व्यास, शताब्दी निरूत्तर है, पृ. 25–26
13. डॉ. भगवती लाल व्यास, शिखर की पीड़ा, पृ. 10
14. डॉ. भगवती लाल व्यास, फुटपाथ पर चिड़िया नाचती है, पृ. 71
15. डॉ. भगवती लाल व्यास, फुटपाथ पर चिड़िया नाचती है, पृ. 74
16. डॉ. भगवती लाल व्यास, शताब्दी निरूत्तर, पृ. 8
17. डॉ. भगवती लाल व्यास, पांडुलिपि, पृ. 60–61
18. डॉ. भगवती लाल व्यास, पांडुलिपि, पृ. 65
19. डॉ. भगवती लाल व्यास, शताब्दी निरूत्तर है, पृ. 14
20. डॉ. भगवती लाल व्यास, पांडुलिपि, पृ. 105
21. डॉ. भगवती लाल व्यास, शिखर की पीड़ा, पृ.11

22. डॉ. भगवती लाल व्यास, शिखर की पीड़ा, पृ. 14
23. डॉ. भगवती लाल व्यास, शिखर की पीड़ा, पृ. 15
24. डॉ. भगवती लाल व्यास, शिखर की पीड़ा, पृ. 25
25. डॉ. भगवती लाल व्यास, पांडुलिपि, पृ. 17
26. डॉ. भगवती लाल व्यास, पांडुलिपि, पृ. 121
27. डॉ. भगवती लाल व्यास, शताब्दी निरूत्तर है, पृ. 55
28. डॉ. भगवती लाल व्यास, शिखर की पीड़ा, पृ. 41
29. डॉ. भगवती लाल व्यास, फुटपाथ पर चिड़िया नाचती है, पृ. 13
30. डॉ. भगवती लाल व्यास, शताब्दी निरूत्तर है, पृ. 10
31. डॉ. भगवती लाल व्यास, शिखर की पीड़ा, पृ. 46
32. डॉ. भगवती लाल व्यास, शिखर की पीड़ा, पृ. 48
33. डॉ. भगवती लाल व्यास, शिखर की पीड़ा, पृ. 71
34. डॉ. भगवती लाल व्यास, शताब्दी निरूत्तर है, पृ. 57
35. डॉ. भगवती लाल व्यास, शताब्दी निरूत्तर है, पृ. 61
36. डॉ. भगवती लाल व्यास, शताब्दी निरूत्तर है, पृ. 71
37. डॉ. भगवती लाल व्यास, पांडुलिपि, पृ. 56
38. डॉ. भगवती लाल व्यास, फुटपाथ पर चिड़िया नाचती है, पृ. 63
39. डॉ. भगवती लाल व्यास, फुटपाथ पर चिड़िया नाचती है, पृ. 64
40. डॉ. भगवती लाल व्यास, शताब्दी निरूत्तर है, पृ. 17
41. डॉ. भगवती लाल व्यास, शताब्दी निरूत्तर है, पृ. 16
42. डॉ. भगवती लाल व्यास, फुटपाथ पर चिड़िया नाचती है, पृ. 77
43. डॉ. भगवती लाल व्यास, फुटपाथ पर चिड़िया नाचती है, पृ. 41
44. डॉ. भगवती लाल व्यास, शताब्दी निरूत्तर है, पृ. 47
45. डॉ. भगवती लाल व्यास, शताब्दी निरूत्तर है, पृ. 64
46. डॉ. भगवती लाल व्यास, फुटपाथ पर चिड़िया नाचती है, 'इन कविताओं के बारे में' से
47. डॉ. भगवती लाल व्यास, शिखर की पीड़ा, पृ. 59
48. डॉ. भगवती लाल व्यास, फुटपाथ पर चिड़िया नाचती है, पृ. 36
49. डॉ. भगवती लाल व्यास, फुटपाथ पर चिड़िया नाचती है, पृ. 65
50. डॉ. भगवती लाल व्यास, शताब्दी निरूत्तर है, पृ. 37
51. डॉ. भगवती लाल व्यास, शताब्दी निरूत्तर है, 64-65
52. डॉ. भगवती लाल व्यास, पांडुलिपि, पृ. 110
53. डॉ. भगवती लाल व्यास, पांडुलिपि, पृ. 27
54. डॉ. भगवती लाल व्यास, पांडुलिपि, 28
55. डॉ. भगवती लाल व्यास, शताब्दी निरूत्तर है, पृ. 4
56. डॉ. भगवती लाल व्यास, फुटपाथ पर चिड़िया नाचती है, पृ. 14
57. डॉ. भगवती लाल व्यास, पांडुलिपि, पृ. 29
58. डॉ. भगवती लाल व्यास, शिखर की पीड़ा, पृ. 49/50

****

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed / Peer Review Research Journal)
RNI No.- MPHIN/2013/60638, ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Scientific Journal Impact Factor (SJIF)- 7.671
April to June 2023, E-Journal, Vol. I, Issue XLII

Brief Study of Major Geomagnetic Storm in During Solar Cycle 23

Harshraj Shukla* **Dr. Anil Kumar Saxena****

***Department of Physics, A.P.S. University, Rewa (M.P.) INDIA**
****Department of Physics, Govt. Collage Jaitpur, Shahdol (M.P.) INDIA**

Abstract - Geomagnetic storms, also known as magnetic storms or solar storms, are massive eruptions from the Sun's outer atmosphere, or corona, that affect the upper atmosphere of the blue planet (Earth). Protons and electrons with an energy of a few thousand electron volts dominate the material connected with these eruptions. The ejected material, known as plasma, travels across the interplanetary medium at speeds ranging from less than 10 km per second (6 miles per second) to more than 2K km per second (1.2K miles per second), arriving on Earth in about 21 hours. The pressure of the arriving plasma is conveyed to the border of the magnetosphere of Earth, increasing the geomagnetic field that can be measured at the surface, possibly via hydromagnetic waves.In this paper we have analyzing only solar cycle 23 beginning in August 1996 and ending in December 2008.
Keywords: CME, Geomagnetic storms, Dst, Kp, Ap.

Introduction - A geomagnetic storm, often referred to as a magnetic storm, is a brief disruption of the Earth's magnetosphere brought on by an interaction between the magnetic fields of the Sun and the Earth.

A Geomagnetic storm (Geos) is a major disturbance of blue planet (Earth's) magnetosphere that occurs when there is a very efficient exchange of energy from the solar wind into the space environment surrounding planet EarthA Geomagnetic storm (Geos) is a major disturbance of blue planet (Earth's) magnetosphere that occurs when there is a very efficient exchange of energy from the solar wind into the space environment surrounding planet EarthLong before the solar wind and distinct plasma regions in the Earth's magnetosphere were identified, investigations of geomagnetic storms served as the foundation for current solar-terrestrial study. Geomagnetic storms are a phenomenon that can happen everywhere in the Sun-Earth system, including the upper atmosphere of the planet. They start in the solar corona. The existence of the main phase, during which the horizontal component of the Earth's magnetic field rapidly declines, is what characterizes a geomagnetic storm. The heightened ring current in the inner magnetosphere is assumed to be the root of this depression, which is highest at low latitudes. The Dst index normally keeps track of its growth and degradation. Intense substorms occur successively at high latitudes during a geomagnetic storm.It is crucial to understand how substorms affect the development of magnetospheric convection that is caused by the electric field of the solar wind. We argue that not only the ring current but also the tail current are significant when assessing the role of different current systems in the Dst declines during geomagnetic storms.

Table 1 (see in last page)

Evaluating the strength of Geomagnetic Storm: Several methods are used to report the strength of geomagnetic storms, including:

1. Dst-Value
2. K-index
3. A-index
4. The G-scale, which is used by the U.S. National Oceanic and Atmospheric Administration, assigns a storm a rating between G1 and G5, with G1 being the weakest (equivalent to a Kp value of 5) and G5 being the strongest (corresponding to a Kp value of 9).

Theoretical history: A New Theory of Magnetic Storms, a 1931 article by Sydney Chapman and Vincenzo C. A. Ferraro, attempted to explain the phenomenon.They contended that along with every solar flare, the Sun also releases a plasma cloud that is now referred to as a coronal mass ejection. They predicted that this plasma would move at a speed that would allow it to arrive on Earth in 113 days, even though we now know it takes 1 to 5 days. They claimed that the Earth's magnetic field is then compressed by the cloud, increasing the field's strength at the planet's surface. Chapman and Ferraro's research drew from, among others, Kristian Birkeland, who demonstrated that using the recently discovered cathode ray tubes to demonstrate how the rays were bent in the direction of a magnetic sphere's poles. He postulated that auroras were caused by a similar

phenomena, which explains why they occur more frequently in polar latitudes.



G(A) Graphical representation is presented on graph



G(B) During the geomagnetic storm July 2000 the Dst index value



G(C) Graphical representation during storm month



G(D) Graphical representation during storm month



G(E) Graphical representation during storm month



G(F) Graphical representation during storm month



G(g) Graphical representation during storm month



Graph1(a) Geomagnetic Indices Dst&Kp



Graph1(b) Plasma



Graph1(c) Magnetic field Bx,By,Bz in nT

Data analysis : in this research paper we would like to use statical data analysis and survey of various present literature to identify the geomagnetic storms and their intensity with respect to solar cycle 23

Data Source: The world data center is a major data source to analyze data and information WDC for geomagnetism in Kyoto

Conclusion : Finally we all strongly conformed that during the Major Geomagnetic storms both arising and recovery phase working only few days but when the storms intensity is low or reduce in that condition according to geomagnetic storms after reviewing various research paper we all are concluding that Different types of solar storms occur brought on by solar disturbances, which typically include coronal mass ejections (CMEs) and solar flares from active regions or, occasionally, coronal holes. When the interplanetary magnetic field (IMF) is pointing southward, toward the Earth (which additionally results in much stronger storming conditions from CME-related sources), minor to active solar storms (i.e., storming restricted to higher latitudes) may occur.

1. In November 2003 have observed a major Geomagnetic storm (solar Storm)
2. Yearly observation during solar cycle 23, In 2003 is a super extreme year because 2 major geomagnetic storms observed.

Refrences:-

1. Britannica, T. Editors of Encyclopaedia (2023, April 24). geomagnetic storm. Encyclopedia Britannica. https://www.britannica.com/science/geomagnetic-storm
2. Alabdulgader, A., McCraty, R., Atkinson, M., Dobyns, Y., Vainoras, A., Ragulskis, M., &Stolc, V. (2018). Long-Term Study of Heart Rate Variability Responses to Changes in the Solar and Geomagnetic Environment. Scientific reports, 8(1), 2663. https://doi.org/10.1038/s41598-018-20932-x
3. Wikipedia contributors. (2023). Geomagnetic storm. Wikipedia. https://en.wikipedia.org/wiki/Geomagnetic_storm
4. Papitashvili, N. (n.d.). OMNIWeb Data Explorer. https://omniweb.gsfc.nasa.gov/form/dx1.html
5. Final DST Index Monthly Plot and Table. (n.d.). https://wdc.kugi.kyoto-u.ac.jp/dst_final/200007/index.html
6. "The Interplanetary Magnetic Field (IMF)". *Space WeatherLive.com. Parsec vzw*. Retrieved 2021-03-20.
7. *Adhikari, Binod; S. Dahal; N. P. Chapagain (2017).* "Study of field aligned current (FAC), interplanetary electric field component (Ey), interplanetary magnetic field component (Bz), and northward (x) and eastward (y) components of geomagnetic field during supersubstorm". *Earth and Space Science. 4 (5): 257–274.* Bibcode*:* 2017E&SS..4..257A. doi:10.1002/2017EA000258.
8. *Gonzalez, W. D.; E. Echer (2005).* "A study on the peak Dst and peak negative Bz relationship during intense geomagnetic storms". *Geophysical Research Letters. 32 (18):L18103.* Bibcode*:*2005GeoRL.3218103G. doi:10.1029/2005GL023486.
9. *Loewe, C. A.; G. W. Prölss (1997).* "Classification and mean behavior of magnetic storms". *Journal of Geophysical Research: Space Physics. 102 (A7): 14209–14213.* Bibcode*:*1997 JGR.10214209L. doi*:* 10.1029/96JA04020.
10. *T. Y. Lui, Anthony; Consolini, Giuseppe; Kamide, Yosuke, eds. (2005). "What Determines the Intensity of Magnetospheric Substorms?". Multiscale Coupling of Sun-Earth Processes (1st ed.). Elsevier. pp. 175–194.* doi:10.1016/B978-044451881-1/50014-9. ISBN 978-0444518811.
11. *Spektor, Brandon (6 September 2021).* "An 'Internet apocalypse' could ride to Earth with the next solar storm, new research warns". *LiveScience.*
12. RadsOnAPlane.com
13. Jump up to:[a] [b] *Phillips, Tony (21 Jan 2009).* "Severe Space Weather—Social and Economic Impacts". *NASA Science News. National Aeronautics and Space Administration*. Retrieved 2014-05-07.
14. "NOAA Space Weather Scales" (PDF). *NOAA Space Weather Prediction Center. 1 Mar 2005*. Retrieved 2017-09-13.
15. *Bell, Trudy E.; T. Phillips (6 May 2008).* "A Super Solar Flare". *NASA Science News. National Aeronautics and Space Administration*. Retrieved 2014-05-07.
16. *Kappenman, John (2010).* Geomagnetic Storms and Their Impacts on the U.S. Power Grid (PDF). *META-R. Vol. 319. Goleta, CA: Metatech Corporation for Oak Ridge National Laboratory.* OCLC 811858155. *Archived from* the original (PDF) *on 2012-08-19.*
17. National Space Weather Action Plan (PDF). *28 Oct 2015 – via* National Archives.
18. *Lingam, Manasvi; Abraham Loeb (2017). "Impact and mitigation strategy for future solar flares".* arXiv*:* 1709.05348 *[*astro-ph.EP*].*
19. *Shibata, Kazunari (15 Apr 2015).* "Superflares on Solar Type Stars and Their Implications on the Possibility of Superflares on the Sun" (PDF). *2015 Space Weather Workshop. Boulder, CO: Space Weather Prediction Center.*

Table 1 : Geomagnetic Storms During The SC-23:-

Sr.	Date	Day	Description	Significances	Remark
1.	06 April 2000		Despite the fact that numerous studies have documented the effects of the storms on the ionospheric 6 April 2000 and 11 April 2001	In order to avoid negative effects on trans ionospheric radio propagation, it is vital to highlight the space weather circumstances that allow them to reach higher latitudes. One such circumstance is the loss of lock owing to scintillation associated with plasma bubbles	Graphical representation is presented on graph G(A)
2.	14-16 July 2000		During the solar maximum of solar cycle 23, on July 14–16, 2000, a strong solar storm called the Bastille Day solar storm occurred. On July 14, France's Bastille Day, the storm started. A significant geomagnetic storm was brought on by a coronal mass ejection, a solar flare, and a solar particle event	The current X5.7-class flare was accompanied by a powerful, S3 solar particle outburst, which the GOES satellites first started to see at around 10:41 UTC.As a result, high-energy protons penetrated and ionized a portion of the ionosphere of the Earth, which produced noise in a number of satellite imaging systems, including the EIT and LASCO instruments.A phenomenon known as a ground level enhancement occurred when some of these particles were energetic enough to produce effects that could be observed on the surface of the Earth. The related solar particle event was the fourth largest since 1967, despite the fact that the flare itself was not particularly large	Graphical representation is presented on graph G(A)
3	11April 2001		Despite the fact that numerous studies have documented the effects of the storms on the ionospheric 6 April 2000 and 11 April 2001	These findings are in line with the theory that the plasma elevation and bubble formation in the equatorial regions, which later spread to midlatitudes, were driven by an eastward penetrating electric field during the storm	G5 category storm, Graphical representation is presented on graph G()
4	NOV20 01		Geomagnetic storm of November 2K1	Vibrant aurorae were caused by a rapidly moving CME as far south as Texas, California, and Florida	
5	OCT20 03		Halloween S.S	The Halloween solar storms were a series of solar storms that peaked during October 28 and 29, 2003, and involved solar flares and coronal mass ejections. The storms that caused this solar flare were modeled as being among the strongest ever recorded by the GOES system.	
6	20-21 Nov 2003		Solar storms of November 2K3		
7	Jan 2005		Geomagnetic Storm of Jan 2005	High-speed solar wind streams and solar storms, especially those linked to solar energetic particles (SEPs), have various "space weather" consequences on human activity. While the magnetic field and atmosphere of Earth typically provide adequate protection for people living there, occasionally solar storms can produce SEPs with enough power and intensity to shower the atmosphere with particles and significantly increase the flux of ionizing radiation above that caused by Galactic cosmic rays (GCRs), for which the flux decreases more slowly with energy. The less energetic SEPs have a proportionally bigger contribution to ionizing radiation higher in the atmosphere. Neutron monitors (NMs), the ground-based detectors that are most sensitive to relatively low energy cosmic rays, are used even at ground level.	

****

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed / Peer Review Research Journal)
RNI No.- MPHIN/2013/60638, ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Scientific Journal Impact Factor (SJIF)- 7.671
April to June 2023, E-Journal, Vol. I, Issue XLII

A Contextual Approach to Teaching English Articles

Dr. Richa Mathur*

***Professor (English) Govt. PG College, Mavli, Udaipur (Raj.) INDIA**

Introduction - Teaching the English articles through such noun-classifications as countable, uncountable, abstract, etc., often raises problems for nonnative speaker, because such categories frequently overlap, leaving the learner without a clear guide to usage.

A situational context helps the learner understand and manipulate English articles much better than a classification system can. Sufficient training in contextual use of articles enables the learner to internalize the grammar of English as it functions for the native speaker, not to merely memorize rules concerning grammar usage. Moreover, the learner can thus be led to distinguish and understand the patterns of English as they contrast with the patterns of his native tongue.

Intensive practice is essential; this practice must continue until the teacher sees that the learner has internalize the rule he is applying to his utterance. No matter how simple the pattern he is practicing, the learner must become aware of its possibilities for communication.

The following techniques are helpful in eliminating some of the problems generally considered most difficult.

- **Zero articles with uncountable nouns.** I say *I like pizza.* Then I ask Reena: Do you like pizza? Reena answers: *Yes, I do*. Later, I ask Neetu which she prefers, *burger or pizza*. Neetu replies: *I prefer burger*. I continue this exercise, substituting various uncountable nouns in the examples.
- **"A" versus "the" with countable nouns.** I ask the class to: *Give me a pen*. Then while each student is offering his pen, I point to Rohan's pen and say: *Rohan, give me the pen, please*. I practice this pattern, substituting various countable nouns for *pen*, until all the students can count properly and can correctly execute the teacher's role.
- **"The" with specific countable nouns.** I carefully place books of several different colors and sizes on my desk in order to do the following exercise:

TEACHER	STUDENT
Where is the *red book*?	Near the *yellow one*
Which book do you want?	*The green one*
Which blue book is yours?	*The small one*
Which yellow book do you want?	*The one in your hand*

Sometimes I give the books to the learners and then give them such instructions and questions as:

Give me *a book*.
Put *the blue book* on my desk
Give Meeta a *yellow book*.
What is the title of *the green book*?

- **"The" with noun + adjectival phrase.** I ask a student to point to *a chair*, and to the *chair in the corner (in the first row, in the back row, next to Meeta's etc.)*. Next, I repeat my command without any adjective phrase- that is, I say, "point to the chair" -in order to elicit from the learner, the question "Which chair?" followed by the teacher's appropriate response (The chair in the corner, etc.). After serving thus as a model, I have two students repeat the pattern, one using a command employing the article *a* or *the*, and the other making the appropriate response.
- **Problem solving.** Sometimes I pose a problem to be solved by the students. For example, I say that Rahul's cat has disappeared from the house. I ask a student what Rahul ask his mother, a neighbor, etc.;

TEACHER	STUDENT
His mother	did you see the cat?
His neighbor	did you see the cat?
A man in the street	did you see the cat?

- **The generic use of the article.** In teaching the generic use of the article (to designate a noun as standing for a class rather than an individual being or object) I illustrate the usage by examples such as the following, and then give several substitution exercises:

The cat is a mammal.
I play the *guitar*.

Unlike countable nouns, which usually take *the* for the generic sense, uncountable nouns are used without an article for the generic meaning, as also are plural count nouns. So, we also practice examples such as *Water is necessary to life, Man is superior to animals*, etc.

I follow a similar procedure for what I call the "miscellaneous" use of the article (with adjectives standing as nouns, with certain geographical or determinative phrases, names of certain diseases, etc.)

The more, the better.

Some of the students are here.
John had *the flu* last winter.

- **The definite article with unique or familiar objects.** I ask the students to describe the classroom, the college, and posters placed on the bulletin board, in order to elicit such responses as:

The *door* is closed now.
The *first window* is open.
The *second window* is behind Reshma.
The *library* is next to *chemistry lab*.
The *teacher* is standing in front of *the blackboard*.
They are building a *new auditorium*.

- **Emphasizing article usage in writing assignments.** To help the students internalize their knowledge of article usage, I give special writing assignments in which I emphasize correctness of article usage.
- **Translation.** From time to time, I ask a student to translate a phrase or sentence into his native language, in order to check his understanding and to point out the differences between the presence or absence of articles in the native language and in English. To reinforce this understanding, I have a student to apply the governing rule within another context.

References:-

1. Berry, R. (1991) Re-articulating the articles. *English Language Teaching Journal*, 45(3) 252-259. London: British Council.
2. Grannis, O. (1972). The definite article conspiracy in English. *Language Learning*, 22(2), 275-289.
3. Thornbury, S. (2004). *How to teach grammar*. Malaysia: Pearson Education Limited.
4. Whitman, R.L. (1974). Teaching the article in English. *TESOL Quarterly* 8(3), 253-262.

****

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed / Peer Review Research Journal)
RNI No.- MPHIN/2013/60638, ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Scientific Journal Impact Factor (SJIF)- 7.671
April to June 2023, E-Journal, Vol. I, Issue XLII

भारत की आंतरिक सुरक्षा और लोकतंत्र : पूर्वोत्तर भारत के विशेष संदर्भ में

जीवराज सिंह चारण*

* शोधार्थी (राजनीति विज्ञान) राजऋषि भर्तृहरि मत्स्य विश्वविद्यालय, अलवर (राज.) भारत

शोध सारांश – लोकतंत्र की अवधारणा और सुरक्षा की अवधारणा दोनों एक दूसरे से जुड़ी हुई हैं। एक स्वस्थ लोकतांत्रिक सामाजिक व्यवस्था में ही प्रत्येक नागरिक की सर्वांगीण सुरक्षा सुनिश्चित हो सकती है। समाज हो मानव हो या कोई राष्ट्र सभी के लिए सुरक्षा सबसे आधारभूत आवश्यकता है। क्योंकि इसी के द्वारा इष्टतम विकास की प्राप्ति के लिए मानसिक रूप से स्वतंत्र रहना जरूरी है। मानसिक रूप से स्वतंत्र रहने के लिए सुरक्षा की गारंटी होना बहुत आवश्यक है। किसी भी राष्ट्र के लिए राष्ट्रीय सुरक्षा सबसे महत्वपूर्ण विषय होता है। कोई भी राष्ट्र अपनी विदेश नीति निर्माण व विकासात्मक नीति-निर्माण में राष्ट्रीय सुरक्षा को ध्यान में रखकर ही नीति निर्माण करता है। भारत को पूर्वोत्तर की सुरक्षा को सुनिश्चित करते हुए 'विकास को गति देने के लिए नीति निर्माण में सरकार को विश्वसनीय वास्तविक स्थिति से परिचय करवाया जाए।' ताकि पूर्वोत्तर भारत की भू-राजनीतिक अवस्थिति, लॉ-ऑर्डर, आर्थिक पिछड़ापन, आंतरिक सुरक्षा की चुनौतियों को मद्देनजर रखते हुए नीति निर्माण किया जा सके। ताकि लुक एक्ट पॉलिसी एवं नेबरहुड फर्स्ट जैसी पॉलिसी निर्माण में पूर्वोत्तर की क्षेत्रीय सुरक्षा और विकासात्मक महत्वाकांक्षा को ध्यान में रखा जाए।

शब्द कुंजी –लोकतांत्रिक सामाजिक व्यवस्था, सर्वांगीण सुरक्षा, विकासात्मक महत्वाकांक्षा पृथक राष्ट्र-निर्माण,हाइड्रोपावर क्षमता।

प्रस्तावना – भारतीय लोकतंत्र एक नवीन विकासात्मक लोकतांत्रिक व्यवस्था हैं। जिसमें पाश्चात्य लोकतांत्रिक मूल्यों व पूर्वी राजनीतिक मूल्यों का समायोजन देखने को मिलता हैं। पूर्वोत्तर भारत का आदिम समाजिक ढांचा, जिसमें नवीन पाश्चात्य लोकतंत्रात्मक मूल्यों की स्थापना करना भारतीय विकासात्मक राजनीतिक संस्कृति के लिए प्रमुख चुनौती के रूप में आजादी के बाद सामने आया। इसी कारण से वर्तमान में पूर्वोत्तर भारत की मनोसामाजिक संरचना में अलगाववादी तत्वों का बीजारोपण हुआ । उत्तर भारत के राजनीतिक समाज में पाश्चात्य लोकतांत्रिक मूल्यों व राजनितिक विकास की स्थापनाएं होने के पीछे इस क्षेत्र का राजनीतिक इतिहास व समाज की संरचना है, जोकि औपनिवेशिक सत्ता की समाप्ति के बाद यहां पर लोकतांत्रिक व्यवस्था व समाज में लोकतांत्रिक मूल्यों की स्थापना में सहायक रही क्योंकि इस क्षेत्र के राजनीतिक इतिहास में लोकतांत्रिक संस्थाओं व प्रक्रिया के साथ यहाँ के निवासियों की सहभागिता रही थी। इसके विपरीत पूर्वोत्तर भारत की भू-राजनीतिक अवस्थिति, भौगोलिक संरचना व राजनीतिक इतिहास, सामाजिक की विकासात्मक प्रक्रिया ऐसी रही कि यहां पर भारतीय लोकतंत्र का स्वरूप सही ढंग से लोकतांत्रिक मूल्यों की स्थापना नहीं कर पाए । परिणाम स्वरूप यहां की आंतरिक सुरक्षा के समक्ष कई चुनौतियां जैसे अलगाववाद पृथक राष्ट्र-निर्माण का मनोभाव, राजनीतिक व्यवस्था के प्रति वैधता में कमी आदि। पूर्वोत्तर भारतीय राजनीति में भारतीय लोकतंत्र के एक अलग स्वरूप देखने को मिला हैं। क्योंकि इस प्रदेश की राजनीतिक विकास व राजनीतिक संस्कृति वैसी नहीं रही जैसा कि शेष भारत की रही ।

देश के अन्य भागों से हटकर पूर्वोत्तर का भू-रणनीतिक दृष्टि से महत्वपूर्ण स्थान है, क्योंकि इन राज्यों की सीमाएं पड़ोसी देशों यथा बांग्लादेश, भुटान, म्यांमार और चीन से लगती हैं। सिक्किम को छोड़कर नार्थ ईस्ट के सभी राज्य यदयपि एक दूसरे से जुड़े हुए है, फिर भी उनमें काफी विविधता है। यह क्षेत्र उत्तर में पूर्वी हिमालय की पहाड़ियों से घिरा है ! वास्तव में ये पहाड़ियां इस क्षेत्र की पूर्वी सीमाओं की भी प्रहरी हैं । इन राज्यों की दक्षिणी सीमाएं चटगांव की पहाड़ियों और चीन की पहाड़ियों से घिरी हैं। जबकि पश्चिमी भूभाग पश्चिमी पर्वत श्रृंखला से घिरा है जो बांग्लादेश से उत्पन्न होती है। भू-भाग, सामाजिक-आर्थिक विकास की स्थिति और ऐतिहासिक तथ्यों यथा भाषा/जाति, जनजातीय शत्रुता, प्रवासन, स्थानीय संसाधानों पर नियंत्रण तथा दोहन एवं विमुखीकरण की व्यापक भावना के परिणामस्वरूप पूर्वोत्तर राज्यों में सुरक्षा स्थिति अस्थिर रही है। और इसी कारण इस क्षेत्र में अलगाववाद की भावना उत्पन्न हो रही है इसके परिणामस्वरूप विभिन्न भारतीय विद्रोही समूहों द्वारा हिंसा फैलाई गई है और कई प्रकार की मांगे रखी गई हैं।

पूर्वोत्तर भारत में जो अलगाववादी भावनाएं है उन्हें समझने के लिए हमें भारत के इस प्रदेश की संरचना, ऐतिहासिक विकास,भौगोलिक अवस्थिति, भू-राजनीतिक परिस्थितियां, आर्थिक विकास, सांस्कृतिक परिप्रेक्ष्य एवं यहां की राजनीतिक संस्कृति व राजनीतिके सामाजिकरण के बीच के संबंध को जानना पड़ेगा। साथ ही यहां की भौगोलिक अवस्थिति को भी समझना पड़ेगा क्योंकि किसी भी देश की भौगोलिक अवस्थिति वह सामाजिक संरचना मिलकर ही उस प्रदेश के राजनीतिक आर्थिक व्यवस्था का आधार तैयार करती हैं।

भारत का पूर्वोत्तर क्षेत्र देश के सबसे पिछड़े क्षेत्रों में से एक है जहां प्रति व्यक्ति आय कम है, निजी निवेश का अभाव है और पूंजी निर्माण का स्तर निम्न है। इस क्षेत्र में बुनियादी सुविधाएं पर्याप्त नहीं हैं तथा भौगोलिक रूप

से यह दूसरे क्षेत्रों से कटी हुआ है। प्राकृतिक संसाधनों जैसे खनिज, हाइड्रोपावर क्षमता और वनों का दोहन भी पूरी तरह से नहीं किया गया है। इन क्षेत्रों के अपने कर एकत्रण और आंतरिक संसाधन भी अत्यंत कम हैं जिसके कारण वे केंद्र सरकार की आर्थिक सहायता पर पूरी तरह से निर्भर हैं। स्थानीय पूंजीपति वर्ग मैदानी संपत्तियों में निवेश करना पसंद करते हैं, और ऐसे उद्योग लगाने से कतराते हैं जिन्हें जोखिमपूर्ण समझा जाता है। चूंकि इन राज्यों की अवस्थिति और बुनियादी सुविधाओं की कमी की वजह से उद्योगों के विकास की गति इतनी तेज नहीं हो सकती ।

पूर्वोत्तर की क्षेत्रिय सुरक्षा और विकास – पूर्वोत्तर भारत के सांस्कृतिक विविधता एक विशेष भौगोलिक प्रदेश बनाती है। क्योंकि इस प्रदेश की सांस्कृतिक परंपरा इससे शेष भारत से अलग बनाती हैं यहां की सभ्यता व संस्कृति भारतीय आर्य सभ्यता व संस्कृति तथा द्रविड़ सभ्यता व संस्कृति की बजाए तिब्बती– ब्रह्मी संस्कृति से अधिाक निकट है। साथ ही पूर्वोत्तर प्रदेश के लोगों की नस्ल भी तिब्बती व पूर्वी एशियाई देशों से संबंधित है जोकि इस प्रदेश को एक पृथक पहचान वह अलगाववादी भावनाओं के उत्पन्न होने की एक पृष्ठभूमि तैयार करती है।

पूर्वोत्तर की राजनीतिक सामाजिक संरचना के सामान्य परिचय को हम क्रमबद्ध रूप से कुछ बिंदुओं में देखते हैं जिससे कि पूर्वोत्तर की राजनीतिक संस्कृति को समझा जा सके। इस प्रदेश की संवैधानिक पृष्ठभूमि, भौगोलिक अवस्थिति, सामाजिक पृष्ठभूमि, ऐतिहासिक पृष्ठभूमि, राजनीतिक पृष्ठभूमि, विकासात्मक पृष्ठभूमि (आर्थिक, सामाजिक),सांस्कृतिक पृष्ठभूमि, भू– राजनीतिक अवस्थिति, अंतर्राष्ट्रीय कनेक्टिविटी, मनोवैज्ञानिक व सामाजिक परिवेश इन्हीं इंडिकेटर के आधार पर पूर्वोत्तर के बारे में मल्टीपल डायमेंशन में सामान्य जानकारी को देखते हैं। राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए सबसे इंपोर्टेंट है आंतरिक सुरक्षा और क्षेत्रीय सुरक्षा पूर्वोत्तर की क्षेत्रीय सुरक्षा भारतीय राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए एक संवेदनशील मुद्दा है। इसका मुख्य कारण है विश्व में नवीने उभरती हुई शक्ति चीन द्धारा इस क्षेत्र की क्षेत्रीय सुरक्षा को अपने हित के अनुसार प्रभावित किया जा रहा है। चीन के प्रभाव को इस क्षेत्र में रोकना और इस क्षेत्र की क्षेत्रीय सुरक्षा को सुनिश्चित करना, भारत के लिए एक महत्वपूर्ण कार्य है। हाल ही में गलवान घाटी और अरुणाचल प्रदेश में सौमा पर हुई मुठभेड़ों में भारत ने बड़े ही सुदृढ़ व स्मार्ट तरीके से चीन को उसकी हिंसक घटनाओं का मुंहतोड़ जवाब दिया। इन घटनाओं के बाद विश्व समुदाय के सामने भी एक सशक्त व सुदृढ़ भारत का चेहरा प्रकट हुआ। साथ ही इन घटनाओं के बाद भारत के द्धारा दिए गए जवाब का इस्तेमाल हम पूर्वोत्तर के क्षेत्रीय सुरक्षा एवं यहां के आमजन में भारत के प्रति विश्वास को सुदृढ़ बनाने के लिए भी कर सकेंगे। इससे पूर्वोत्तर भारत के नागरिक समाज में भारतीय राजव्यवस्था के प्रति वेधता में मजबूती आएगी साथ ही यहां के राजनीतिक समाज में भारतीय संवैधानिक व लोकतांत्रिक मूल्यों की स्थापना होगी।

पूर्वोत्तर के नागालैंड मणिपुर एवं मिजोरम में जो अलगाववादी भावनाएं बनी हुई है उसमें हम राजनीतिक विज्ञान के विद्यार्थी होने के नाते तीन सामान्य अवधारणाएं नस्लवाद, भाषावाद एवं सांप्रदायिकता है। इन तीनों समस्याओं का त्रिकोण हमें पूर्वोत्तर की राजनीतिक पृष्ठभूमि एवं विभिन्न अलगाववादी आंदोलनों की भावनाओं में दिखाई पड़ता है। इन तीनों समस्याओं में इस एरिया में लॉ एंड ऑर्डर एवं भारतीय संवैधानिक मूल्यों की स्थापना, लोकतांत्रिक संस्थाओं के संस्थापन तथा सरकार की वैधता स्थापित करने में मुख्य समस्या बनी हुई है। अत: पूर्वोत्तर में स्थाई शांति की स्थापना के लिए इन तीनों समस्याओं को भारतीय नीति निर्माताओं द्धारा समझना होगा और इन तीनों समस्याओं के जटिल त्रिकोण जोकि यहां के अलगाववादी समाज में पृथकतावादी भावनाओं का संचार कर रहा है उसे रोकना है। इन तीन समस्याओं के साथ आतंकवाद, नक्सलवाद, माओवाद, मानव व मादक पदार्थों की तस्करी, चीनी साम्राज्यवाद का प्रभाव भी पूर्वोत्तर की राजनीतिक एवं सामाजिक स्थिति को प्रभावित कह रहा है। अलगाववादी पृष्ठभूमि में तीन मुख्य समस्याएं हैं जो कि एक जटिल त्रिकोण का निर्माण करती है, जो कि आपस में भी एक दूसरे को आंतरिक रूप से प्रभावित करती है। समस्याओं के इस जटिल त्रिकोण से पूर्वोत्तर समाज में पहचान का संकट की भावना समाज में बनती है जो की पृथकतावाद और फिर आगे हिंसात्मक संगठनों का निर्माण और राष्ट्रीय आंतरिक सुरक्षा के लिए एक प्रमुख चुनौती बनकर उभर रही है। जैसा की हाल ही में मणिपुर हिंसा में दृष्टिगत हुआ।

पूर्वोत्तर की आंतरिक सुरक्षा और चीन भूटान व म्यांमार – कोई भी प्रदेश अपने अंतर्राष्ट्रीय सीमा रेखा के पार की गतिविधियों से प्रभावित हुए बिना नहीं रह सकता। चीन में माओवादी क्रांति के बाद जो माओ की सरकार का गठन हुआ उसने तिब्बत पर अपना आधिपत्य स्थापित कर लिया इसी आधिपत्य के दौरान तत्कालीन तिब्बत की निर्वासित सरकार के प्रतिनिधियों की शरण स्थली के रूप में अरुणाचल प्रदेश बहुत ही संवेदनशील व महत्वपूर्ण भू–रणनीति क्षेत्र के रूप में देखने को मिला, जिसका प्रभाव यहां की क्षेत्रीय राजनीति पर देखने को मिलता है। इन्हीं सब कारणों के कारण भारत व चीन के संबंधों तथा भारत व भूटान के संबंध में अरुणाचल प्रदेश बहुत ही संवेदनशील स्थान रखता है। साथ ही म्यांमार के साथ भी पूर्वोत्तर प्रदेश के लोगों के ऐतिहासिक रूप से सांस्कृतिक सामाजिक संबंध बहुत ही गहरे हैं लेकिन आजादी के बाद यहां जो भी राजनीतिक परिवर्तन हुई उसमें म्यांमार में सदैव साम्यवादी समर्थित सरकार रही और भारत में लोकतांत्रिक सरकार रही अत: इस क्षेत्र में कई अलगाववादी तत्व भी सक्रिय हुए जिन्हें प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से चीन का समर्थन प्राप्त होता रहा है। साथ ही चीन समर्थित म्यांमार की सरकार का भी प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष समर्थन भारतीय पूर्वोत्तर प्रदेशों में सक्रिय अलगाववादी तत्वों को रहा है। जिसका पूर्वोत्तर प्रदेश पर भी गहरा राजनीतिक प्रभाव पड़ा। जिससे इस प्रदेश की आंतरिक सुरक्षा को सदैव खतरा बना रहा है।

अरुणाचल प्रदेश भारतीय राज्यों में यह केवल दो ही राज्यों के साथ सीमा बनाता है। एक है असम दूसरा है नागालैंड दोनों ही राज्यों के साथ अरुणाचल प्रदेश की राजनीतिक अवस्थिति व आंतरिक असंतोष के कारण यह भारतीय राष्ट्रीय आंतरिक सुरक्षा के लिए बहुत ही चुनौती पूर्ण क्षेत्र है। इसी कारण यहां की प्रत्येक घटना पर राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय मीडिया तथा गृह मंत्रालय से जुड़ी सभी सुरक्षा एजेंसियां का ध्यान केंद्रित होता है अरुणाचल प्रदेश मुख्यत: 30 जनजातीय समूह पाए जाते हैं जिनमें से 25 जनजाति संविधान में उल्लेखित राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति की सूची में शामिल है। शेष पांच जनजातियां मिकिर, मेसिंग, मेयोर, लिस्यू है। इन 5 जनजातियों को अरुणाचल प्रदेश की राज्य अनुसूचित जनजाति सूची में शामिल किया गया है। अर्थात इन जनजातियों को राज्य द्धारा विशेष रियायत प्रदान की गई हैं। यहां एक चकास समुदाय भी पाया जाता है जो कि एक गैर आदिवासी समुदाय है। राजनीतिक स्वार्थ के लिए प्रथकतावादी तत्वों दवारा इन जनजातियों के आपसी भेदभाव को भड़काकर, तथा वोट की राजनीति

व अपने संगठन को मजबूती के लिए हिंसात्मक गतिविधियों को बढ़ावा देना, दंगे प्रसाद करना तथा लॉ एंड ऑर्डर में समस्या पैदा करना इन्हीं सब कारणों से अरुणाचल प्रदेश व पूर्वोत्तर में सुरक्षा के समक्ष प्रशासन को बहुत सारी चुनौतियों का सामना करना पड़ रहा है।

चीन के साथ द्विपक्षीय संबंधों पूर्वोत्तर की क्षेत्रीय सुरक्षा का आधार है। क्योंकि पूर्वोत्तर भारत की भू राजनीति में सबसे शक्तिशाली देश चीन ही है चीन के साथ अपने द्विपक्षीय संबंध मजबूत एवं यथार्थवादी होने चाहिए।

भारत-चीन व्यापार –कई कूटनीतिक अवरोधों के बावजूद, भारत और चीन दोनों सरकारें अगले कुछ वर्षों में 100 बिलियन अमेरिकी डॉलर के द्विपक्षीय व्यापार को बढ़ाने के लिए उत्सुक हैं। इसमें कोई संदेह नहीं है कि चीन के साथ व्यापार करना भारत की अर्थव्यवस्था का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है। लेकिन व्यापारिक संबंध एकतरफा बने हुए हैं जिसमें भारतीय उपभोक्ता चीनी सामान अधिक खरीद रहे हैं जबकि इसकी तुलना में चीनी उपभोक्ता भारतीय सार्मोन कम खरीद रहे हैं। भारत को इसकी निर्यात प्रतियोगी क्षमता को बेहतर करके और चीन के साथ व्यापार संतुलन बनाने के लिए अधिक सामान, सेवाओं का उत्पादन करने व निर्यातोन्मुख नीतियों को प्रोत्साहित करके, इस व्यापार घाटे की समस्या का समाधान करना होगा।

निष्कर्ष – अरुणाचल से लेकर सिक्किम तक पूर्वोत्तर के सभी राज्यों में स्वाधीनता और स्वायत्तता का मनोभाव बढ़ता जा रहा है। इन राज्यों में सीमा विवाद भी चरम पर है। बांग्लादेशी घुसपैठ खत्म नहीं हो रही, तो चीन की अरुणाचल पर गिद्धदृष्टि है। वोट की राजनीति के चलते उग्रवादी तत्वों को हवा मिल रही है। राज्य सरकारें केंद्र से आतंकवाद से जूझने के लिए मिलने वाली राशि के लालच में उग्रवादी तत्वों के साथ नूराकुश्ती खेल रही हैं। यहाँ सिक्किम ही इकलौता राज्य है, जो तीन तरफा विदेशी सीमाओं से घिरे होने के बावजूद शांति की टापू बना हुआ है। बांग्लादेशी घुसपैठ से पश्चिम बंगाल भी अछूता नहीं है। कामरेडों की यह भूमि बांग्लादेशियों से पट गई है। हाल ही में मणिपुर हिंसा में राज्य सरकार की गतिविधियां भी प्रश्नों के घेरे में रही और विवादित भी रही। इसे स्पष्ट होता है कि पूर्वोत्तर में स्थाई शांति व संवैधानिक व लोकतांत्रिक मूल्यों की स्थापना के लिए, केंद्र सरकार को मजबूत संवैधानिक निकायों व संवैधानिक मूल्य के साथ प्रशासन करने और प्रभावी व तटस्थ नीति निर्माण करने, साथ ही मजबूत एवं नवीनतम तकनीकी से लैस सुरक्षा बलों की सहायता से ही इस इलाके की सुरक्षा चुनौतियों का स्थाई व ठोस समाधान किया जा सकता है।

साथ ही देश के विभिन्न भागों विशेषकर मेट्रो शहरों में रह रहे पूर्वोत्तर राज्यों के लोगों की विभिन्न तरह की परेशानियों को देखने के लिए पूर्वोत्तर परिषद के सदस्य एमपी बेजबरुआ की अध्यक्षता में एक समिति गठित की गई। इसका गठन 21 फरवरी 2014 को किया गया यह समिति पूर्वोत्तर के लोगों की समस्याएं दूर करने के उपाए भी सुझाएगी समिति के कार्य– मूल निवास से दूर रह रहे पूर्वोत्तर राज्यों के लोगों की सुरक्षा (मनोसामाजिक सुरक्षा) सहित विभिन्न चिंताओं का पता लंगाना, पूर्वोत्तर राज्यों के लोगों पर हमले और उनके साथ भेदभाव किए जाने के कारणों का पता लगाना है, इन चिंताओं को दूर करने के लिए सरकार को जरुरी उपाय सुझाना, ऐसी चिंताओं से निपटने के लिए कानूनी उपाय सुझाना था। इस प्रकारे पूर्वोत्तर की क्षेत्रीय सुरक्षा जो भारतीय राजव्यवस्था के समक्ष एक जटिल समस्या बनी हुई है। इसका स्थाई व ठोस समाधान करके ही हम भारत की राष्ट्रीय सुरक्षा पर लोकतांत्रिक ढांचे को वास्तविक अर्थों में मजबूती दे सकते हैं।

संदर्भ ग्रंथ सूची :–

1. Walter frenands, Geeta bharali and vemado kejo (2008)- The UN indigenous decade in North East India-Guwahati: North eastern social research centre] p.1
2. Hem Barua (1954)- The red river and the blue hill-Guwahati laywer's book stall p. 1
3. वाधवा, मंजुला, पूर्वोत्तर : एक आर्थिक परिदृश्य, आलेख – अप्रैल 2018 योजना, प्रकाशन – सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय भारत सरकार, नई दिल्ली।
4. Roy, Burman B.K. (1970), demographic and socio economic profile of the hills area of North East India. New Delhi : office of the registrar general of India & eastern social research centre, p.54.
5. Jaideep Saikia, Bhutan's Tryst with ULFA, Aakrosh, July 2004.
6. Strin]aglaja and ham]peter Van "The Seven Sisters of India Tribal World between Tibet and Brahma"prestel publishers, 2000, p. 03
7. योजना अप्रैल 2018, प्रकाशन विभाग, सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय भारत सरकार, नई दिल्ली, पृष्ठ संख्या19
8. Amartya Sen : Identity and Violence, The Illusion of Destiny. Allen Lane. London. 2006.
9. Myron Weiner, Sons of the Soil : Migration and Ethnic Conflict in India. Oxford University Press, Delhi, 1988.

****

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed / Peer Review Research Journal)
RNI No.- MPHIN/2013/60638, ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Scientific Journal Impact Factor (SJIF)- 7.671
April to June 2023, E-Journal, Vol. I, Issue XLII

ग्रामीण विकास का नया आयाम -ग्रामीण पर्यटन

रीमा शिन्दे * डॉ. प्रभु दयाल ज्ञानानी **

*** शोधार्थी, स्वामी विवेकानंद शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, नीमच एवं विक्रम विश्वविद्यालय,उज्जैन (म.प्र.) भारत**
**** प्राध्यापक (वाणिज्य) स्वामी विवेकानंद शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, नीमच (म.प्र.) भारत**

शोध सारांश – पर्यटन वर्तमान में विश्व का सबसे बड़ा उद्योग है। पर्यटन उद्योग भारत सहित अनेक देशों में आर्थिक विकास का एक महत्वपूर्ण साधन और विदेशी मुद्रा प्राप्ति का एक प्रमुख स्त्रोत हैं। संपूर्ण भारत पर्यटन की असीम संभावनाओं से भरा है, दुनिया के कोने-कोने से लाखों लोग भारत के ऐतिहासिक, सांस्कृतिक, धार्मिक, और प्राकृतिक धरोहरो को देखने आते हैं। जिसका लाभ देश की जीडीपी के साथ ही लोगों को भी होता है। पर्यटन से आज देश के 8 प्रतिशत से ज्यादा लोगो को रोजगार मिल रहा है। देश में पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए केन्द्र सरकार ने कई योजनाएँ और अभियानों की शुरूआत की जिसके तहत ग्रामीण पर्यटन के विकास के लिए राज्यों के साथ तालमेल कर योजनाएँ बनाई गई हैं। मध्यप्रदेश के गाँव पर्यटन की विरासत है, देश के हृदय प्रदेश मध्यप्रदेश अपनी ऐतिहासिक, प्राकृतिक , सांस्कृतिक और आध्यात्मिक विरासत के समृद्ध परिवेश के साथ हमारे सामने है हमारे गाँव पर्यटन की दृष्टि से सम्पन्न है जो लोगो को अपनी और आकर्षित करते है देश की आत्मा इसके गाँवो में बसी है। प्रदेश के ग्रामीण जीवन और संस्कृति का अनुभव कराने के लिए मध्यप्रदेश में ग्रामीण पर्यटन की शुरूआत की गई है जिसके तहत प्रदेश के लगभग 100 गाँवो का चयन किया गया है, जो कि पर्यटन स्थलों के नजदीक बसे है इसके साथ ही ये गाँव प्राकृतिक सुंदरता से परिपूर्ण हैं यदि ग्रामीण पर्यटन सफल होता है तो इसका सीधा फायद प्रदेश के साथ ही स्थानीय लोगो को भी होगा लोग आत्मनिर्भर बन रोजगार के नए अवसर प्राप्त कर सकेगें।

प्रस्तावना – भारत पर्यटन की दृष्टि से सम्पन्न राष्ट्र है भारत के हर राज्य का पर्यटन की दृष्टि से अपना एक विशेष स्थान और महत्व है। भारत जिस प्रकार से विदेशी पर्यटकों को अपनी ओर आकर्षित कर रहा है उसे देखते हुए ग्रामीण पर्यटन बहुत लोकप्रिय हो गया है। ग्रामीण पर्यटन के तहत पर्यटक देशभर में गाँवों में जाकर वहाँ के स्थानीय लोगों से बातचीत करते है और कला, संस्कृति और प्राकृतिक सौंदर्य की विविधता के बारे में उनसे जानकारी प्राप्त करते है। भारत विभिन्न संस्कृतियों और सभ्यताओं की भूमि है, हमारे देश की नीवं गाँवों पर ही निर्भर करती है। ग्रामीण भारत के पास लोगों को देने के लिए बहुत कुछ है। ग्रामीण पर्यटन गाँवों को राष्ट्र की मुख्यधारा से जोड़ता है। यह गाँव के लोगो के जीवन स्तर को ऊँचा उठाने तथा उन्हें राष्ट्र की मुख्यधारा में शामिल कर सकता है, ग्रामीण पर्यटन देश के लिए कई अर्थो में महत्वपूर्ण है न केवल रोजगार बढ़ेंगे बल्कि ग्रामीण क्षेत्रों का विकास होगा जिससे वहाँ के लोगो का जीवन स्तर भी बढ़ेगा वास्तविक भारत को भारत के गांवो को देखकर ही समझा, जाना और पहचाना जा सकता है। ग्रामीण पर्यटन इसके लिए सबसे महत्वपूर्ण साधन है। जिससे विश्व पर्यटन बाजार में भारत को अलग पहचान मिल सकती है इससे ग्रामीण क्षेत्रों का और अधिक विकास होगा, रोजगार के अवसर बढ़ेगे तथा शहरों की ओर बढ़ते हुए पलायन को रोकने में मदद मिलेगी। ग्रामीण लोगो का विकास होगा ग्रामीण क्षेत्रों में हस्तशिल्प दस्तकारी की वस्तुओं के अलावा अनेक स्थानीय उत्पाद भी होते है। ग्रामीण पर्यटन से बुनकारों और कारीगरों का कला का हुनर देश-विदेश में पँहुचेगा मांग बढ़ेगी तो उससे इन ग्रामीण कलाओं तथा उत्पादों के संरक्षण को भी बढ़ावा मिलेगा अन्यथा ग्रामीण हस्तशिल्प और दस्तकारी धीरे-धीरे विलुप्त होते चले जायेगें। अत: ग्रामीण पर्यटन की संभावनाओं को खोजने के लिए केन्द्र सरकार और राज्य सरकारों के द्वारा एकजुट प्रयास किये जा रहे है देश में ग्रामीण पर्यटन को उन्नत करने के लिए यह अत्यंत महत्वपूर्ण है ऐसा करने पर ग्रामीण विकास और विस्तार संभव है। ग्रामीण पर्यटन ग्रामीण जीवनशैली के बारे में ऐसे भ्रम दूर करने में सहायक है, जो सामान्यत: शहरी लोगों को होते है। जैसे ग्रामीण लोगो का अस्वास्थ्कर वातावरण में रहना या ग्रामीण जीवन असुरक्षित, असम्पन्न होना। ग्रामीण पर्यटन पर्यटकों को भारत के सुदूर भागों में व्याप्त विविधता की खोज करने का अवसर प्रदान करता है। हमारे गाँव पर्यटन की एक समृद्ध विरासत है जो लोगों को अपनी और आकर्षित करते है, गाँव दिलों को छूने वाली एक आनंदमी अनुभूति देते है। मेट्रो सिटी में रहकर दोड़ती भागती जिंदगी का हिस्सा बन गए लोग ग्रामीण पर्यटन का लुफ्त उठा गांव की सुकून भरी सुबह देसी खाने, लोक संगीत, लोक कलाओं, रीति रिवाजों परंपराओं और गांव के सादे जीवन को करीब से महसूस कर सकते हैं। देश का हृदय प्रदेश मध्य प्रदेश की आत्मा इसके गांवो में बसी है प्रदेश के ग्रामीण जीवन और संस्कृति का अनुभव कराने के लिए मध्यप्रदेश में ग्रामीण पर्यटन की शुरूआत की गई है जिसके अंतर्गत प्रदेश के 100 गांवो का चयन किया गया है। ताकि गांवो का विकास हो लोग आत्मनिर्भर बन रोजगार के नए अवसर प्राप्त कर सकेंगे।

अध्ययन की परिकल्पना:

1. ग्रामीण पर्यटन को विकसित करके ग्रामीण लोगों के लिए रोजगार के नए अवसर उत्पन्न किए जा सकते है।
2. यह पर्यटन देशी और विदेशी मुद्रा प्राप्ति का माध्यम बन सकता है।
3. ग्रामीण पर्यटन, ग्रामीण जीवन स्तर को ऊँचा उठाने में सहयोगी भूमिका निभा सकता है।
4. राज्य में ग्रामीण पर्यटन के विकास के लिए आधारभूत संरचना जैसे-

सड़के तथा परिवहन के साधनों की कमी है।

अध्ययन के उद्देश्य:

1. ग्रामीण पर्यटन की अवधारणा तथा प्रासंगिकता की व्याख्या करना।
2. राज्य के ग्रामीण पर्यटन की वर्तमान स्थिति दर्शाना।
3. राज्य में ग्रामीण पर्यटन की समस्याओं और संभावनाओं की पहचान करना।

शोध प्रविधि– प्रस्तुत अध्ययन में आंकड़ों के एकत्रीकरण के लिए द्वितीयक संमकों की सहायता ली गई है।

ग्रामीण पर्यटन के प्रभाव

सकारात्मक प्रभाव– ग्रामीण पर्यटन का सबसे महत्वपूर्ण प्रभाव अर्थव्यवस्था पर पड़ता है। ग्रामीण पर्यटन के क्षेत्र में पर्यटकों की बढ़ती संख्या के साथ लोगों के बीच व्यापार का स्तर बढ़ने से उनकी आय का स्तर भी बढ़ेगा इससे युवाओं के लिये रोजगार के अवसर भी सृजित होंगे और गाँवों से शहरों की ओर बढ़ रहा पलायन भी रूकेगा, किसी भी स्थान के परम्परागत हथकरधा और हस्तशिल्प स्थानीय लोगों के लिये गौरव का विषय होते है। पर्यटन के माध्यम से पर्यटकों को स्थानीय लोगों से तैयार उत्पाद सीधे खरीदने का लाभ प्राप्त होता है। इसका सम्पूर्ण अर्थव्यवस्था पर सकारात्मक प्रभाव पड़ता है पर्यटकों के साथ विचारों के आदान प्रदान से ग्रामीण लोगों में नये विचारो का सृजन होगा इससे शिक्षा स्वास्थ्य से संबंधी जानकारी आधुनिक उपकरणों आदि के प्रति लोगो की रूचि बढ़ेगी इससे साक्षरता का ओर अधिक प्रसार होगा अधिक से अधिक पर्यटकों द्वारा गाँवों की यात्रा करने से सड़कों के संपर्क में सुधार आएगा और सार्वजनिक परिवहन में बढ़ोत्तरी होगी।

नकारात्मक प्रभाव– ग्रामीण पर्यटन पर कुछ नकारात्मक प्रभाव भी पड़ सकते है। पर्यटन के लिए सुविधाएं जुटाने से ग्रामीण क्षेत्र के बुनियादी ढाँचे के विकास में बढ़ोत्तरी होगी इससे ग्रामीण क्षेत्र में कंक्रीट बढ़ेगा जिससे उनका प्राकृतिक सौंदर्य कम हो सकता है। इसके अलावा पर्यटकों की बढ़ती संख्या से प्राकृतिक संसाधनों की बर्बादी हो सकती है। पर्यटन का लोगों की परम्परागत जीविका पर दुष्प्रभाव पड़ सकता है ग्रामीण आबादी कृषि और अन्य परम्परागत जीविका माध्यमों की बजाए पर्यटन से सम्बद्ध आकर्षक जीविका माध्यमों में स्थानान्तरित हो सकती है इससे ग्रामीण पर्यटन पर नकारात्मक प्रभाव पड़ सकता है।

राज्य शासन द्वारा किये जा रहे प्रयास– मध्यप्रदेश पर्यटन विभाग ने प्रदेश के प्राकृतिक सौंदर्य से भरपूर और सांस्कृतिक वैभव से सम्पन्न गांवो को ग्रामीण पर्यटन से जोड़ा है। पर्यटन विभाग की कोशिशों का ही परिणाम हैं कि 2021 में मध्यप्रदेश में सैकड़ों पर्यटकों ने ग्रामीण पर्यटन का लुफ्त उठाया हैं इन पर्यटकों में देशी विदेशी पर्यटक भी शामिल रहे शुरूआती दौर में पर्यटकों की संख्या उम्मीद से कम रही लेकिन स्थानीय लोगों को प्रोत्साहित करने और भविष्य की सकारात्कम संभवानाओं को दर्शाने के लिए पर्याप्त रही।

मध्यप्रदेश में करीब 450 ऐसे पर्यटन केन्द्र हैं, जो पर्यटकों को आकर्षित करते है। प्रदेश की पर्यटन नीति निवेशकों के लिए भी अवसरो के द्वार खोलती है। मध्यप्रदेश की पर्यटन नीति की तारीफ दुनिया भर में हुई। 2021 में मध्यप्रदेश पर्यटन बोर्ड की ग्रामीण पर्यटन परियोजना को वर्ल्ड ट्रेवल मार्ट के वर्ल्ड रिस्पांसिबल टूरिज्म अवार्ड 2021 में सर्वश्रेष्ठ परियोजना का पुरस्कार मिला है। इंटरनेशनल रिस्पॉन्सिबल टूरिज्म सेंटर ने प्रदेश के पर्यटन बोर्ड को सर्वश्रेष्ठ पोस्ट कोविड पर्यटन गंतव्य विकास श्रेणी में पुरस्कार दिया है। मध्यप्रदेश ग्रामीण पर्यटन को भी इसी श्रेणी में अंचल स्तर पर स्वर्ण पुरस्कार मिला है।

जब हम ग्रामीण पर्यटन की बात करते हैं, तो देश का हृदय मध्य प्रदेश अपनी सांस्कृतिक, ऐतिहासिक, आध्यात्मिक और प्राकृतिक विरासतों के समृद्ध परिवेश के साथ हमारे सामने आता है। हमारे गाँव पर्यटन की एक समृद्ध विरासत है, जो लोगो को अपनी और आकर्षित करते है गांव दिलो को छुने वाली एक आनंदमयी अनुभूति देते है। प्रदेश के ग्रामीण जीवन और संस्कृति का अनुभव कराने के लिए मध्यप्रदेश में ग्रामीण पर्यटन की शुरूआत की गई है इस महत्वाकांक्षी प्रोजेक्ट में जनभागीदारी से प्रदेश के लगभग 100 गाँवो को परियोजना से जोड़ा गया है। जो कि प्रसिद्ध पर्यटन स्थलों के नजदीक बसे है इन गाँवो को पर्यटन गाँवो के रूप में विकसित किया जा रहा है। इन गाँवो में सामुदायिक भागीदारी से पर्यटन गतिविधियाँ संचालित की जाएगी। कुछ गतिविधियों में बेहतर आवास, लोक संगीत, ग्रामीण खेल, स्थानीय कला और शिल्प तथा युवाओ के कौशल उन्नयन शामिल है।

मध्यप्रदेश ग्रामीण पर्यटन परियोजना के अंतर्गत शामिल 100 पर्यटन गाँवो में से कुछ स्थलों के नामों की सूची इस प्रकार है।

क्र.	ग्रामीण पर्यटन स्थल
1	ओरछा
2	खजुराहो
3	मांडू
4	सांची
5	पचमढ़ी
6	पन्ना नेशनल पार्क
7	बांधवगढ़ नेशनल पार्क
8	संजय डुबरी नेशनल पार्क
9	कान्हा नेशनल पार्क
10	हनुवंतिया

इस प्रकार मध्यप्रदेश पर्यटन विभाग ने प्रदेश के प्राकृतिक सौंदर्य से भरपूर और सांस्कृतिक वैभव से संपन्न गांवो को ग्रामीण पर्यटन से जोड़ा है जिससे ग्रामीण स्थलों का विकास हो सकें।

निष्कर्ष – ग्रामीण पर्यटन वास्तव में ग्रामीण विकास की महत्वपूर्ण कुंजी साबित हो रहा है। यह व्यक्ति को शहर के भीड़ भाड़ से भरे जीवन से दूर सुकून के करीब ले जाता है। इस क्षेत्र को उन्नत करने में केन्द्र सरकार और राज्य सरकार द्वारा कई प्रयास किए जा रहे है। जिससे स्थानीय लोगों का हर स्तर पर विकास हो सके और गाँवों से शहर की और बढ़ रहे पलायन को रोका जा सके इस तरह कहा जा सके जिससे भारत की आत्मा कहे जाने वाले गाँव नष्ट न हो और बढ़ती हुई बेरोजगारी को भी रोका जा सके इस तरह कहा जा सकता है कि ग्रामीण विकास में ग्रामीण पर्यटन बेहतर माध्यम है।

संदर्भ ग्रंथ सूची :-

1. समाचार पत्र-पत्रिकाएँ
2. दैनिक भास्कर
3. पत्रिका
4. नवभारत
5. प्रतियोगिता दर्पण
6. wwww.mpgov.in
7. www.mptourism.com

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed / Peer Review Research Journal)
RNI No.- MPHIN/2013/60638, ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Scientific Journal Impact Factor (SJIF)- 7.671
April to June 2023, E-Journal, Vol. I, Issue XLII

The Essence of Leadership: Inspiring Change and Empowering Success

Dr. Anita Maheshwari*

***Assistant Professor, Govt. Commerce Girls College, Kota (Raj.) INDIA**

Abstract - Leadership is an enduring and multifaceted concept that transcends temporal, sectoral, and cultural boundaries. It stands as a vanguard force that propels progress, cultivates innovation, and imbues individuals and organizations with the potential for profound transformation. Regardless of whether one finds oneself in the corporate echelons, political spheres, sporting arenas, or the myriad facets of life, effective leadership remains the linchpin of success. The present paper focuses on the concept of leadership and leadership styles.
Keywords: Leadership, Transformation, Leadership Style.

Introduction - *"You must be the change you want to see in the world." - Mahatma Gandhi*

Leadership is a timeless concept that transcends boundaries, industries, and cultures. It is the force that drives progress, inspires innovation, and empowers individuals and organizations to achieve their full potential. Whether in the corporate world, politics, sports, or any facet of life, effective leadership is the cornerstone of success. Leadership is a multifaceted concept that encompasses the process of guiding, influencing, and inspiring individuals or groups to achieve common goals, objectives, or a shared vision. Warren Bennis stated that Leadership is the capacity to translate vision into reality.It involves a person, known as a leader, who provides direction, motivation, and support to others, often within an organization or community, to work collaboratively toward a desired outcome.

According to John C. Maxwell, "Leadership is not about titles, positions, or flowcharts. It is about one life influencing another." Similarly Peter Drucker explained that effective leadership is not about making speeches or being liked; leadership is defined by results, not attributes. In his book, Nelson Mandela mentioned that a leader is like a shepherd. He stays behind the flock, letting the most nimble go out ahead, whereupon the others follow, not realizing that all along they are being directed from behind.

Leadership can occur in various contexts, including business, politics, community organizations, and everyday life. Effective leaders often exhibit qualities such as vision, communication skills, empathy, and the capacity to make strategic decisions that positively impact their team or organization. Leadership is a complex concept, and different theories and approaches exist to understand and practice it.

Key aspects of leadership:

1. **Influence:** Leadership is fundamentally about influence and the ability to guide, inspire, and motivate others. Leaders have the power to shape the thoughts, actions, and behaviors of individuals or groups towards a common purpose or goal.
2. **Vision:** Effective leaders often have a clear and compelling vision of the future. They articulate this vision to their followers, outlining the direction the group should move in and the objectives to be achieved.
3. **Inspiration:** Leadership involves inspiring and energizing others. Leaders can instil a sense of purpose, enthusiasm, and commitment among their team members, encouraging them to put forth their best efforts.
4. **Guidance:** Leaders provide guidance and direction. They make decisions, set priorities, and allocate resources to ensure that the group or organization moves toward its goals efficiently and effectively.
5. **Communication:** Communication is a crucial component of leadership. Leaders must be skilled at conveying their ideas, expectations, and vision clearly and effectively. Equally important is the ability to listen to the concerns and feedback of others.
6. **Adaptability:** Leadership often requires adaptability. Leaders must be able to respond to changing circumstances, unexpected challenges, and evolving goals. Flexibility and the capacity to make informed adjustments are vital.
7. **Empowerment:** Empowering others is a hallmark of effective leadership. Leaders delegate authority, trust their team members, and provide opportunities for growth and development.
8. **Ethical and Moral Values:** Strong leaders typically

adhere to ethical and moral principles. They lead by example, demonstrating integrity, honesty, and a commitment to ethical behavior.

9. Situational Awareness: Leadership is often situational. Effective leaders assess the context and adapt their approach accordingly. What works in one situation may not be suitable for another.

10. Continuous Improvement: Leadership is not static; it involves ongoing self-improvement and development. Leaders strive to enhance their skills, knowledge, and abilities to better serve their followers and achieve their goals.

11. Team Building: Leaders often play a significant role in assembling and nurturing high-performing teams. They foster collaboration, trust, and a sense of unity among team members.

12. Accountability: Leaders are accountable for the outcomes of their decisions and actions. They take responsibility for both successes and failures and use them as opportunities for learning and improvement.

Leadership is not confined to formal positions or titles; it can be exhibited by individuals at various levels of an organization or within any community. Effective leadership can have a profound impact on the achievement of goals, the well-being of individuals, and the success of organizations and societies.

Leadership, in its essence, necessitates agility. It demands the capacity to pivot, to chart new courses, and to reinvent in the face of a dynamic landscape. Adaptability equips leaders with the requisite fortitude to lead their organizations through turbulent waters, emerging stronger and more resilient.

The Impact of Leadership: Effective leadership has a profound impact on individuals, organizations, and society at large:

1. Organizational Success: Strong leadership is often the driving force behind an organization's success. Leaders set the tone for the workplace culture, motivate employees, and guide the strategic direction of the company.

2. Employee Engagement: Leaders who inspire and empower their teams tend to have more engaged employees. Engaged employees are more productive, creative, and committed to their work, ultimately contributing to the organization's success.

3. Innovation: Innovation thrives under the guidance of visionary leaders who encourage creative thinking and experimentation. Such leaders inspire their teams to push boundaries and explore new possibilities.

4. Social Change: Leadership extends beyond the workplace and can impact society at large. Visionary leaders have historically played pivotal roles in driving social and political change, advocating for equality, justice, and progress.

Leadership Styles: Leadership styles exhibit remarkable variance contingent upon a leader's personality, the cultural milieu of the organization, and the specific context within which they operate. Here are a few common leadership styles:

- **Transformational Leadership:** Transformational leadership constitutes a paradigm wherein leaders operate as visionaries, catalysts of change, and inspirers of extraordinary achievement. Notable for their charisma and their adeptness at articulating an inspiring vision, transformational leaders foster a culture of innovation and continuous improvement.

Central to transformational leadership is the capacity to not only envision but to also enkindle a shared vision among followers. By establishing a magnetic pull toward a collective future, these leaders galvanize individuals to transcend their existing limitations and attain unparalleled excellence.

- **Servant Leadership:** Servant leadership offers a stark departure from conventional paradigms by accentuating the primacy of service to others. Servant leaders prioritize the needs and aspirations of their team members over their own, fostering a climate of selflessness and empowerment. Profoundly influenced by the writings of Robert K. Greenleaf, servant leadership posits that by serving the needs of others, leaders can cultivate a motivated, engaged, and high-performing workforce. This style underscores that the path to organizational success traverses through the cultivation of individual growth and fulfilment.
- **Democratic Leadership:** Democratic leadership, as the name suggests, hinges on the democratic ethos of inclusion and collaboration. Leaders espousing this style actively solicit input from their team members, nurturing an environment where diverse perspectives are valued and collective decision-making thrives.

In essence, democratic leaders eschew autocratic dictates, opting instead for a consultative and participatory approach to leadership. By inviting the contributions and insights of team members, they harness the collective wisdom of the group, fostering a culture of engagement and ownership.

- **Autocratic Leadership:** Autocratic leadership, antithetical to democratic leadership, pivots on the centralization of decision-making authority in the hands of the leader. Leaders subscribing to this style make unilateral decisions, expecting unwavering adherence to their directives.

While this style may be effective in exigent circumstances requiring rapid and decisive action, it often poses challenges to employee empowerment and the cultivation of a collaborative culture. Autocratic leadership, therefore, is most judiciously employed when the situation necessitates immediate and unequivocal directives.

Conclusion: According to W.C.H. Prentice, "Effective leaders take a personal interest in the long-term development of their employees, and they use tact and other social skills to encourage employees to achieve their best.

It isn't about being "nice" or "understanding"—it's about tapping into individual motivations in the interest of furthering an organization wide goal".

Leadership is not confined to a single definition or style. Instead, it encompasses a diverse range of attributes and approaches. Effective leadership requires a deep commitment to personal growth, a passion for creating positive change, and a genuine desire to uplift and empower others. Whether you are leading a small team or striving to make a difference on a global scale, the essence of leadership remains the same: to inspire, guide, and transform for the betterment of all.

References:-

1. Kaplan, R. E., & Kaiser, R. B. (2003). Developing versatile leadership. MIT Sloan Management Review, 44(4), 19–26.
2. Hogan, R., & Warrenfeltz, R. (2003). Educating the modern manager. Academy of Management Learning and Education, 2, 74–84.
3. Day, D. V., & Lord, R. G. (1988). Executive leadership and organizational performance. Journal of Management, 14, 453–464.
4. https://hbr.org/2004/01/understanding-leadership

****

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed/ Peer Review Research Journal)
RNI No.- MPHIN/2013/60638, ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Scientific Journal Impact Factor (SJIF)- 7.671
April to June 2023, E-Journal, Vol. I, Issue XLII

जनजातीय वर्ग के विकास में जनप्रतिनिधियों की भूमिका- मध्यप्रदेश के धार जिले के विशेष संदर्भ में एक अध्ययन

विरेन्द्र अजनेर*

* शोधार्थी (राजनीति विज्ञान) समाज विज्ञान अध्ययनशाला, देवी अहिल्या विश्वविद्यालय, इन्दौर (म.प्र.) भारत

शोध सारांश – लोकतंत्रात्मक प्रणाली का किसी भी राष्ट्र के विकास में महत्वपूर्ण होता है। लोकतंत्रात्मक प्रणाली के अन्तर्गत लोगों या समुदायों का निर्बाध रूप से विकास करने की स्वतंत्रता होती है। जब विकास की बात आती है, तो लोकतंत्रात्मक व्यवस्था में जनता के द्वारा चुने गए जनप्रतिनिधियों की भूमिका बहुत अधिक महत्वपूर्ण होती है। जनप्रतिनिधियों द्वारा देश के विकास को दिशा प्रदान करने का कार्य किया जाता है।
शब्द कुंजी – जनप्रतिनिधि, विकास।

प्रस्तावना – जब विकास की बात आती है, तो लोकतंत्रात्मक व्यवस्था में जनता के द्वारा चुने गए जनप्रतिनिधियों की भूमिका बहुत अधिक महत्वपूर्ण होती है। जनप्रतिनिधियों द्वारा देश के विकास को दिशा प्रदान करने का कार्य किया जाता है। जनप्रतिनिधि वह व्यक्ति है, जो जनता के द्वारा प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से चुना जाता है और जो लोकतंत्र का सच्चा प्रहरी माना जाता है। वर्तमान परिपेक्ष्य में जनप्रतिनिधियों का महत्व और अधिक बढ़ गया है, क्योंकि इनके द्वारा विकास के प्रत्येक पहलूओं पर कार्य किया जाता है। देश के पिछड़े एवं जनजातीय बाहुल्य क्षेत्रों के सर्वांगीण विकास की जब बात की जाती है, तो उस क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों की भूमिका काफी महत्वपूर्ण मानी जाती है।

शोध विषय का चयन – भारत में जनजातीय विकास की अवधारणा के संकल्प को पूरा करने की दिशा में अनेक कल्याणकारी योजनाओं एवं कार्यक्रमों को क्रियान्वयन किया जा रहा है। जिनका क्रियान्वयन जनप्रतिनिधियों के माध्यम से किया जाता है। इन जनप्रतिनिधियों में विकास को आगे बढ़ाने की क्षमता होने के कारण वे उस क्षेत्र विशेष के प्रति संकल्पित होते है। इस शोध कार्य के लिए मध्यप्रदेश के जनजाति बाहुल्य धार जिले का चयन किया गया है। धार जिले में जनजाति वर्ग के जनप्रतिनिधियों की बाहुल्यता है और क्षेत्रीय विकास की दृष्टि से इन जनप्रतिनिधियों का बहुत महत्वपूर्ण योगदान है। धार जिले के जनप्रतिनिधियों का क्षेत्रीय विकास में किस प्रकार का योगदान रहा है? इन जनप्रतिनिधियों द्वारा जिले में जनहित के कौन-कौन से कार्य किए गए है ? इन जनप्रतिनिधियों के प्रति क्षेत्र के लोगों का विचार कैसा है ? इन समस्त प्रासंगिक प्रश्नों को आधार बनाकर ही **जनजातीय वर्ग के विकास में जनप्रतिनिधियों की भूमिका- मध्यप्रदेश के धार जिले के विशेष संदर्भ में एक अध्ययन** नामक शोध विषय का चयन किया गया है।

अध्ययन के उद्देश्य:

1. अध्ययन क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों की कार्यशैली का अध्ययन करना।
2. जनप्रतिनिधियों द्वारा क्षेत्र में किए गए विकासात्मक कार्यों का विश्लेषण करना।

अध्ययन का महत्व – देश के पिछड़े जनजातीय क्षेत्रों के सर्वांगीण विकास के लिए यह आवश्यक है कि उस क्षेत्र के जनप्रतिनिधि अपने क्षेत्र के विकास के लिए तत्पर रहे। यदि जनप्रतिनिधि सक्रिय होकर कार्य करते है, तो निश्चित रूप से उस क्षेत्र के विकास को गति मिलती है और वह क्षेत्र विकास की मुख्यधारा से जुड़ने के लिए तैयार रहता है। इस शोध कार्य के माध्यम से जनजातीय वर्ग के जनप्रतिनिधियों द्वारा क्षेत्र के विकास के लिए किए जा रहे कार्यों की जानकारी प्राप्त हो सकेगी। साथ ही जनप्रतिनिधियों प्रति क्षेत्र के लोगों की विचारधारा का पता चल सकेगा, जो जनजातीय क्षेत्रों के विकास की नीतियों का निर्धारण करने वाले नीति निर्माताओं के लिए मार्गदर्षक की भूमिका निभाएगा। इसके अतिरिक्त यह शोध अध्ययन नवीन शोधकर्ताओं के लिए काफी लाभदायक होगा।

अध्ययन का क्षेत्र – प्रस्तुत शोध कार्य के अध्ययन क्षेत्र के रूप में मध्य प्रदेश के जनजातीय बाहुल्य धार जिले का चयन किया गया है। धार जिले में कुल 07 विधानसभा क्षेत्र है, जिसमें से 5 विधानसभा क्षेत्र अनुसूचित जनजाति वर्ग के लिए आरक्षित है, जिसमें कुक्षी, मनावर, गंधवानी, धरमपुरी एवं सरदारपुर शामिल है। इसी प्रकार से जिले में कुल 13 जनपद पंचायतें है, जिसमें धार, तिरला, कुक्षी, बाग, निसरपुर, डही, मनावर, उमरबन, गंधवानी, सरदारपुर, बदनावर, धरमपुरी, नालछा आदि शामिल है। इनमें से सर्वाधिक जनपद पंचायतों के जनप्रतिनिधि जनजाति वर्ग के है।

निदर्शन प्रक्रिया

1. **अध्ययन का समग्र –** इस शोध कार्य के **समग्र** के रूप में अध्ययन हेतु चयनित धार जिले के जनजातीय वर्ग के जनप्रतिनिधियों को एवं जिले के उन लोगों को शामिल किया गया है, जो जनजाति वर्ग के लिए आरक्षित क्षेत्र में निवास करते है।
2. **अध्ययन की इकाई –** अध्ययन के **समग्र** में से अध्ययन की **इकाई** के रूप में धार जिले की जनजातीय वर्ग के लिए आरक्षित विधानसभा क्षेत्रों एवं जनपद पंचायतों के जनप्रतिनिधि और प्रत्येक जनपद पंचायत से कुल 1 और 20 ग्राम पंचायतों में से प्रत्येक ग्राम पंचायत से 12 उत्तरदाताओं का चयन दैव निदर्शन पद्धति से किया गया है।

उत्तरदाताओं का चयन – इस महत्वपूर्ण शोध कार्य की पूर्ति के लिए उत्तरदाताओं का चयन शोध के उद्देश्यों को ध्यान में रखकर **सोद्देश्य प्रतिचयन विधि** से किया गया है। धार जिले की 05 विधानसभाओं एवं जनपद पंचायतों के जनप्रतिनिधियों का चयन **सोद्देश्य प्रतिचयन विधि** से किया गया है। उद्देश्यों को दृष्टिगत रखते हुए धार जिले की प्रत्येक जनपद पंचायत से कुल 20 (20x12) लोगों का चयन उत्तरदाताओं के रूप में किया गया है। इस प्रकार जिले की कुल 10 जनपद पंचायतों के 260 उत्तरदाताओं का चयन अध्ययन की इकाई के रूप में किया गया है, जिसे निम्न प्रकार से स्पष्ट किया गया है–

आँकड़ों का संकलन – इस शोध कार्य की पूर्ति के लिए प्राथमिक आँकड़ों एवं द्वितीयक आँकड़ों का संकलन किया गया है।

आँकड़ों के संकलन के स्त्रोत – अध्ययन क्षेत्र के उत्तरदाताओं से संकलित किए गए प्राथमिक एवं द्वितीयक आँकड़ों का वर्गीकरण, श्रेणीकरण एवं सारणीकरण के बाद में तथ्यों का विश्लेषण कर निष्कर्ष निकाले गए, जिसके आधार पर शोध कार्य की प्रतिपूर्ति की गई है।

अध्ययन के निष्कर्ष

1. जनप्रतिनिधि की सक्रियता एवं जागरूकता के संबंध में प्राप्त समंकों के अनुसार जनप्रतिनिधि की सक्रियता एवं जागरूकता के संबंध 85.77 उत्तरदाताओं ने स्पष्ट किया है कि उनके क्षेत्र के जनप्रतिनिधि की सक्रिय एवं जागरूक है। लेकिन 14.23 उत्तरदाताओं का अभिमत है कि उनके क्षेत्र के जनप्रतिनिधि की सक्रिय एवं जागरूक नहीं है। इस प्रकार उक्त आँकड़ों के विश्लेषण के आधार पर स्पष्ट है कि अध्ययन क्षेत्र के सर्वाधिक उत्तरदाताओं ने स्पष्ट किया है कि उनके क्षेत्र के जनप्रतिनिधि की सक्रिय एवं जागरूक है।

2. जनप्रतिनिधि का गाँव में भ्रमण के संबंध में प्राप्त समंकों के अनुसार चयनित कुल उत्तरदाताओं में से 84.23 प्रतिशत उत्तरदाताओं ने स्पष्ट किया है कि जनप्रतिनिधियों द्वारा गाँव का भ्रमण किया जाता है, वहीं 15.77 प्रतिशत उत्तरदाताओं ने इसके विपरीत अपना अभिमत व्यक्त किया है। इस प्रकार उक्त समंकों के विश्लेषण के आधार पर स्पष्ट है कि अध्ययन क्षेत्र के सर्वाधिक उत्तरदाताओं ने स्पष्ट किया है कि जनप्रतिनिधियों द्वारा गाँव का भ्रमण किया जाता है।

3. जनप्रतिनिधियों के गाँव भ्रमण की समयावधि के संबंध में प्राप्त समंकों के अनुसार जनप्रतिनिधियों के गाँव भ्रमण के पक्ष में अभिमत व्यक्त करने वाले उत्तरदाताओं में से 32.42 प्रतिशत उत्तरदाताओं ने स्पष्ट किया है कि जनप्रतिनिधियों द्वारा गाँव का भ्रमण 1–3 महिने में किया जाता है, जबकि 67.58 प्रतिशत उत्तरदाताओं का अभिमत है कि जनप्रतिनिधियों द्वारा गाँव के भ्रमण की समयावधि के संबंध में निश्चित नहीं कहा जा सकता है। इस प्रकार उक्त आँकड़ों के विश्लेषण से स्पष्ट है कि सर्वाधिक उत्तरदाताओं ने स्पष्ट है कि जनप्रतिनिधियों द्वारा गाँव के भ्रमण की समयावधि के संबंध में निश्चित नहीं कहा जा सकता है।

4. जनप्रतिनिधियों के द्वारा गाँव में विकास/निमार्ण कार्य के संबंध में प्राप्त समंकों के अनुसार कुल उत्तरदाताओं में से 85 प्रतिशत उत्तरदाताओं ने बताया है कि जनप्रतिनिधियों के द्वारा गाँव में विकास/निर्माण कार्य करवाया जाता है और 15 प्रतिशत उत्तरदाताओं ने इसके विपरीत अपना अभिमत व्यक्त किया है। इस प्रकार उक्त आँकड़ों के विश्लेषण के आधार पर स्पष्ट है कि जनप्रतिनिधियों के द्वारा गाँव में विकास/निर्माण कार्य करवाया जाता है।

5. गाँव में विकास/निर्माण कार्य गुणवत्तापूर्ण होने के संबंध में प्राप्त समंकों के अनुसार चयनित उत्तरदाताओं में से 81.90 प्रतिशत उत्तरदाताओं ने बताया है कि जनप्रतिनिधियों के द्वारा गाँव में जो विकास/निर्माण कार्य करवाया जाता है, वह गुणवत्तापूर्ण है। 18.10 प्रतिशत उत्तरदाताओं के अनुसार गाँव में जो विकास/निर्माण कार्य करवाया जाता है, वह गुणवत्तापूर्ण नहीं है। इस प्रकार उक्त आँकड़ों के विश्लेषण के आधार पर स्पष्ट है कि सर्वाधिक उत्तरदाताओं के अनुसार जनप्रतिनिधियों के द्वारा गाँव में जो विकास/निर्माण कार्य करवाया जाता है, वह गुणवत्तापूर्ण है।

उपसंहार – उक्त तथ्यों के विश्लेषण के आधार पर यह स्पष्ट है कि मध्यप्रदेश के धार जिले में अनुसचित जनजाति वर्ग के जनप्रतिनिधियों की क्षेत्र के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका है और इस कारण से क्षेत्र का विकास भी हो रहा है।

संदर्भ ग्रंथ सूची :–

1. रावत, हरिकृष्ण, समाज शास्त्र विश्वकोश, रावत पब्लिकेशन, जयपुर, 2001, पृ0 296
2. https://legislative.gov.in/sites/default/files/H195143_0.pdf
3. https://hi.prsindia.org/billtrack -2017
4. दयाल, तेजमल(1961), भारत में लोकतांत्रिक विकेन्द्रीकरण, सुरभि प्रकाशन, कानपुर (उ.प्र.)
5. भारत की जनगणना, 2011

****

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed/ Peer Review Research Journal)
RNI No.- MPHIN/2013/60638, ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Scientific Journal Impact Factor (SJIF)- 7.671
April to June 2023, E-Journal, Vol. I, Issue XLII

जनजातीय विकास में शासन की योजनाओं का योगदान- मध्य प्रदेश के धार जिले के विशेष संदर्भ में एक अध्ययन

मेघा रावत*

* शोधार्थी (राजनीति विज्ञान) समाज विज्ञान अध्ययनशाला, देवी अहिल्या विश्वविद्यालय, इन्दौर (म.प्र.) भारत

शोध सारांश – स्वतंत्रता के पश्चात् देश के विकास हेतु ग्रामीण क्षेत्रों के विकास के लिए अनेक कार्यक्रम एवं योजनाएँ समय-समय पर आवश्यकतानुसार बनाई गई और ग्रामीण विकास के आधारभूत ढ़ाँचे को सुदृढ़ करने की दिशा में कार्य किए गए हैं। यह अवश्य है कि ग्रामीण क्षेत्रों में सकारात्मक बदलाव, परिवर्तन एवं विकास हुआ हैं।

शब्द कुंजी –कार्यक्रम, ग्रामीण विकास।

प्रस्तावना – लोकतांत्रिक देश में सामाजिक एवं आर्थिक विकास को बढ़ावा देने के लिए उस देश की कल्याणकारी सरकारों द्वारा विभिन्न प्रकार के विकासात्मक कार्यक्रमों एवं योजनाओं का क्रियान्वयन किया जाता है। स्वतंत्रता के पश्चात् देश के विकास हेतु ग्रामीण क्षेत्रों के विकास के लिए अनेक कार्यक्रम एवं योजनाएँ समय-समय पर आवश्यकतानुसार बनाई गई और ग्रामीण विकास के आधारभूत ढ़ाँचे को सुदृढ़ करने की दिशा में कार्य किए गए हैं। यह अवश्य है कि ग्रामीण क्षेत्रों में सकारात्मक बदलाव, परिवर्तन एवं विकास हुआ हैं। आज सभी राज्यों एवं केन्द्र शासित प्रदेशों के ग्राामीण क्षेत्रों के विकास के लिए तीन स्तरों के ग्रामीण विकास कार्यक्रम एवं योजनाएँ संचालित हो रही हैं, यथा बाह्य सहायता प्राप्त, केन्द्र प्रवर्तित एवं राज्य प्रवर्तित कार्यक्रम।

शोध विषय का चयन- देश के विभिन्न भागों में बसे हुए जनजातीय समुदायों के लिए केन्द्र सरकार एवं विभिन्न राज्य सरकारों द्वारा अनेक योजनाओं एवं कार्यक्रमों का क्रियान्वयन किया जा रहा है। जनजातीय क्षेत्रों के विकास के लिए संचालित योजनाओं एवं कार्यक्रमों के क्रियान्वयन जा रहा है। इन क्षेत्रों में शासकीय योजनाओं एवं कार्यक्रमों का किस प्रकार से क्रियान्वयन किया जा रहा है ? इन जनजातीय क्षेत्रों में शासकीय योजनाओं के अन्तर्गत किए जाने वाले विकास के क्या पूर्ण हो पाते है या नहीं ? आर्थिक सामाजिक विकास की योजनाओं के क्रियान्वयन में कौन-कौन सी समस्याओं का सामना करना पड़ता है ? इन समस्त बिन्दुओं का विश्लेषणात्मक अध्ययन करने के लिए ही **जनजातीय विकास में शासन की योजनाओं का योगदान- मध्य प्रदेश के धार जिले के विशेष संदर्भ में एक अध्ययन** नामक शोध विषय का चयन किया गया है।

अध्ययन के उद्देश्य:

1. जनजातीय क्षेत्रों के विकास के लिए संचालित विभिन्न शासकीय योजनाओं का अध्ययन करना।

अध्ययन का क्षेत्र एवं महत्व – मध्य प्रदेश के पश्चिमी भाग में स्थित धार जिला जनजातीय बाहुल्य जिला है। वर्ष 2011 की जनगणना के अनुसार धार जिले की कुल जनसंख्या 2185793 है, जिसमें 1222814 जनसंख्या अनुसूचित जनजाति की है। जो धार जिले की कुल जनसंख्या का 55.94 प्रतिशत है। धार जिले में भी जनजाति विकास के लिए अनेक शासकीय योजनाओं का क्रियान्वयन किया जा रहा है और जनजातीय विकास की दृष्टि से मध्यप्रदेश एवं देश में महत्वपूर्ण स्थान रखता है। इस पहलू को ध्यान में रखकर ही इस शोध कार्य के लिए धार जिले का चयन किया गया है।

निदर्शन प्रक्रिया

1. **अध्ययन का समग्र –** इस शोध कार्य के समग्र के रूप में अध्ययन हेतु चयनित जनजातीय बाहुल्य धार जिले के चयनित उत्तरदाता है।
2. **अध्ययन की इकाई –** अध्ययन के समग्र में से अध्ययन की इकाई के रूप में धार जिले के चयनित गाँवों से कुल 400 लोगों का चयन दैव निदर्शन पद्धति से किया गया है।

उत्तरदाताओं का चयन – इस शोध कार्य के लिए उद्देश्यों को ध्यान में रखकर अध्ययन क्षेत्र से उत्तरदाताओं का चयन **दैव निदर्शन पद्धति** से किया गया है। उद्देश्यों को दृष्टिगत रखते हए धार जिले की 8 तहसीलों में से प्रत्येक तहसील से 50 व्यक्तियों का चयन उत्तरदाताओं के रूप में किया गया। इस प्रकार जिले से कुल 400 उत्तरदाताओं (50x8= 400) का चयन **अध्ययन की इकाई** के रूप में किया गया।

आँकड़ों का संकलन – इस शोध कार्य की पूर्ति के लिए प्राथमिक आँकड़ों एवं द्वितीयक आँकड़ों का संकलन किया गया है।

आँकड़ों के संकलन के स्त्रोत – अध्ययन क्षेत्र के उत्तरदाताओं से संकलित किए गए प्राथमिक एवं द्वितीयक आँकड़ों का वर्गीकरण, श्रेणीकरण एवं सारणीकरण के बाद में तथ्यों का विश्लेषण कर निष्कर्ष निकाले गए, जिसके आधार पर शोध कार्य की प्रतिपूर्ति की गई है।

शोध अध्ययन के निष्कर्ष

1. **विशेष केन्द्रीय सहायता की पूरी राशि प्राप्त करने के संबंध में प्राप्त समंकों के अनुसार** विशेष केन्द्रीय सहायता से संबंधित सभी उत्तरदाताओं का अभिमत है कि उन्हें विशेष केन्द्रीय सहायता के तहत स्वीकृत पूरी धनराशि अथवा सहायता प्राप्त हुई है।

2. विशेष केन्द्रीय सहायता का निर्धारित मद पर उपयोग के संबंध में प्राप्त समंकों के अनुसार विशेष केन्द्रीय सहायता से संबंधित उत्तरदाताओं में से 94 प्रतिशत उत्तरदाताओं ने प्राप्त सहायता का उपयोग उसी कार्य पर किया है, जिस हेतु सहायता राशि स्वीकृत हुई है। 6 प्रतिशत उत्तरदाताओं सहायता राशि का उपयोग निर्धारित मद पर नहीं किया है। इस प्रकार उक्त तथ्यों के आधार पर स्पष्ट है कि सर्वाधिक उत्तरदाताओं ने योजनान्तर्गत प्राप्त सहायता राशि का उपयोग निर्धारित मद पर किया है।

3. विशेष केन्द्रीय सहायता के पूर्ण उपयोग के संबंध में प्राप्त समंकों के अनुसार विशेष केन्द्रीय सहायता से संबंधित उत्तरदाताओं में से 94 प्रतिशत उत्तरदाताओं ने प्राप्त सहायता का उपयोग उसी कार्य पर किया है, जिस हेतु सहायता राशि स्वीकृत हुई है। 6 प्रतिशत उत्तरदाताओं सहायता राशि का उपयोग निर्धारित मद पर नहीं किया है। इस प्रकार उक्त तथ्यों के आधार पर स्पष्ट है कि सर्वाधिक उत्तरदाताओं ने योजनान्तर्गत प्राप्त सहायता राशि का उपयोग निर्धारित मद पर किया है।

4. आवास सहायता योजना की पूरी राशि प्राप्त करने के संबंध में प्राप्त समंकों के अनुसार आवास सहायता योजना से संबंधित सभी उत्तरदाताओं का अभिमत है कि उन्हें आवास सहायता योजना की पूरी राशि प्राप्त हुई है।

5. आवास सहायता योजना के उद्देश्यों की जानकारी के संबंध में प्राप्त समंकों के अनुसार आवास सहायता योजना से संबंधित कुल उत्तरदाताओं में से 81 प्रतिशत उत्तरदाताओं को आवास सहायता योजना के उद्देश्यों की जानकारी है और 19 प्रतिशत उत्तरदाताओं को उक्त योजना उद्देश्यों की जानकारी नहीं है। इस प्रकार उक्त तथ्यों के आधार पर स्पष्ट है कि आवास सहायता योजना से संबंधित सर्वाधिक उत्तरदाताओं को आवास सहायता योजना के उद्देश्यों की जानकारी है।

6. आवास सहायता योजना की राशि समय पर मिलने के संबंध में प्राप्त समंकों के अनुसार आवास सहायता योजना से संबंधित कुल उत्तरदाताओं में से 38 प्रतिशत उत्तरदाताओं का अभिमत है कि उन्हें आवास सहायता योजना की राशि समय पर प्राप्त हुई है और 62 प्रतिशत उत्तरदाताओं का अभिमत है कि उन्हें आवास सहायता योजना की राशि समय पर प्राप्त नहीं हुई है। इस प्रकार उक्त तथ्यों के आधार पर स्पष्ट है कि आवास सहायता योजना से संबंधित सर्वाधिक उत्तरदाताओं को आवास सहायता योजना की राशि समय पर प्राप्त नहीं हुई है।

7. मुख्यमंत्री स्वरोजगार योजना की पूरी राशि प्राप्त करने के संबंध में प्राप्त समंकों के अनुसार मुख्यमंत्री स्वरोजगार योजना से संबंधित सभी उत्तरदाताओं का अभिमत है कि उन्हें मुख्यमंत्री स्वरोजगार योजना की पूर्ण राशि प्राप्त हुई है।

8. मुख्यमंत्री स्वरोजगार योजना का उपयोग निर्धारित मद पर उपयोग के संबंध में प्राप्त समंकों के अनुसार मुख्यमंत्री स्वरोजगार योजना से संबंधित सभी उत्तरदाताओं का अभिमत है कि उन्होंने मुख्यमंत्री स्वरोजगार योजना की राशि का उपयोग निर्धारित मद पर ही किया है।

9. मुख्यमंत्री स्वरोजगार योजना का लाभ प्राप्त करने में कठिनाई के संबंध में प्राप्त समंकों के अनुसार मुख्यमंत्री स्वरोजगार योजना से संबंधित कुल उत्तरदाताओं में से 71.33 प्रतिशत उत्तरदाताओं को उक्त योजना का लाभ प्राप्त करने में कठिनाई हुई है। 29.67 प्रतिशत उत्तरदाताओं को मुख्यमंत्री स्वरोजगार योजना का लाभ प्राप्त करने में कठिनाई नहीं हुई है। इस प्रकार उक्त तथ्यों के आधार पर स्पष्ट है कि मुख्यमंत्री स्वरोजगार योजना से संबंधित अधिकांश उत्तरदाताओं को उक्त योजना का लाभ प्राप्त करने में कठिनाई हुई है।

उपसंहार – उक्त तथ्यों के विश्लेषण के आधार पर यह निष्कर्ष निकलता है कि मध्यप्रदेश के धार जिले में अनुसचित जनजाति वर्ग को विभिन्न शासकीय योजनाओं का लाभ मिल रहा है और जनजातीय समाज विकास की दिशा में आगे बढ रहा है।

संदर्भ ग्रंथ सूची :–

1. भारत की जनगणना–2011
2. सिंह, श्यामधर (1982), वैज्ञानिक सामाजिक अनुसंधान एवं सर्वेक्षण के मूल तत्व, कमल प्रकाशन, इन्दौर (म.प्र.)
3. भगत एल. एन (1983)'फैक्टर्स डिटर्मिनिंग अडॉप्शन ऑफ न्यू एग्रीकल्चरल प्राक्टीसिस इन ट्राइबल एरियास – अ क्वॉन्टिटेटिव एनालिसिस', एग्रीकल्चरल सिचुएशन इन इंडिया, जून
4. कोठारी, के. एल. (1985)'ट्राइबल सॉशल चैन्ज इन इंडिया', हिमांशु पब्लिकेशन्स, दिल्ली

****

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed / Peer Review Research Journal)
RNI No.- MPHIN/2013/60638, ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Scientific Journal Impact Factor (SJIF)- 7.671
April to June 2023, E-Journal, Vol. I, Issue XLII

कलौता समाज में नेतृत्व परिवर्तन लाने में पंचायती राज की भूमिका- देपालपुर विकास खण्ड का एक अध्ययन

अर्जुन चौहान*

* शोधार्थी (राजनीति विज्ञान) स्कूल ऑफ सोशल साइंस, देवी अहिल्या विश्वविद्यालय, इन्दौर (म.प्र.) भारत

शोध सारांश – प्रस्तुत शोध पत्र कलौता समाज में नेतृत्व परिवर्तन लाने में पंचायती राज की भूमिका से संबंधित है। इस शोध पत्र हेतु इन्दौर जिले के देपालपुर विकास खण्ड का चयन अध्ययन क्षेत्र के रूप में किया गया है। इस शोध पत्र के माध्यम से यह जानने का प्रयास किया गया है कि पंचायती राज व्यवस्था की स्थापना के पश्चात कलौता समाज में नेतृत्व में किस प्रकार परिवर्तन हुए है। इस अध्ययन हेतु देपालपुर विकास खण्ड की ग्राम पंचायतों से कलौता समाज के 220 जन-प्रतिनिधियों का चयन उद्देश्यपूर्ण रीति के माध्यम से किया गया है।

निष्कर्ष के तौर पर पाया गया है कि परम्परागत नेतृत्व जो अधिक आयु, वंश परम्परागत, पूर्व अनुभव, कम शिक्षित, उच्च सामाजिक-आर्थिक स्थिति एवं जातिगत वर्चस्व पर आधारित था, का प्रभाव कम हुआ है। पंचायती राज व्यवस्था की स्थापना के पश्चात मध्यम वर्गीय नेतृत्व की प्रधानता बढ़ी, युवा एवं महिला नेतृत्व का उदय हुआ, सामूहिक नेतृत्व का विकास हुआ और नेतृत्व में विशेषीकरण हुआ, नेतृत्व एवं राजनीति में संबंध बने एवं प्रजातान्त्रिक नेतृत्व का प्रादुर्भाव हुआ है।

शब्द कुंजी – नेतृत्व चेतना, जन-प्रतिनिधि, पंचायती राज, युवा नेतृत्व, जातिगत वर्चस्व

प्रस्तावना – परम्परागत भारतीय ग्रामीण राजनीति में नेतृत्व की महत्वपूर्ण भूमिका रही है। नेतृत्व का यह रूप वंशानुगत था जो पिता से पुत्र को उत्तराधिकार में प्राप्त होता था। नेतृत्व के लिए उच्च सामाजिक एवं आर्थिक स्थिति की मुख्य भूमिका होती थी। अनुभव और जातिगत वर्चस्व पर आधारित होने के कारण नेतृत्व के लिए शिक्षा को कोई विशेष महत्व नहीं दिया जाता था। परम्परागत रूप से नेतृत्व उच्च जातियों के अधिकार में रहा है। इन ऊँची जातियों द्वारा समाज के कमजोर वर्ग के सदस्यों को राजनीति में भाग लेना तो दूर मतदान करने से भी रोका जाता था।

स्वतंत्रता प्राप्ति के पश्चात समाज के कमजोर वर्ग के सदस्यों और महिलाओं की दशा सुधारने और प्रशासन के कार्यों में इन्हें भागीदार बनाकर नेतृत्व प्रदान करने के लिए लोकतांत्रिक विकेंद्रीकरण की प्रक्रिया को अपनाया गया। इसी परिप्रेक्ष्य में पंचायती राज व्यवस्था की स्थापना कीगई।

73 वें संविधान संशोधन के माध्यम से पंचायती राज व्यवस्था को संवैधानिक दर्जा प्रदान किया गया और प्रशासन में जन-सहभागिता को सुनिश्चित करने का प्रयास किया गया। इस संशोधन के माध्यम से नियमित चुनाव सम्पन्न करवाए गए तथा समाज के कमजोर वर्गों के लिए उनकी जनसंख्या के अनुपात में आरक्षण की व्यवस्था की गयी। आरक्षण के माध्यम से समाज के कमजोर वर्ग के सदस्यों की राजनीतिक भागीदारी सुनिश्चित हो पाई है। कुल स्थानों में से एक तिहाई स्थान महिलाओं के लिए आरक्षित किए गए थे लेकिन मध्यप्रदेश सहित कुछ राज्यों ने इससे आगे बढ़ते हुए पंचायती राज संस्थाओं में महिलाओं के लिए पच्चास प्रतिशत स्थान आरक्षित किए है। आरक्षण के माध्यम से भारत में पंचायती राज स्तर पर विश्व में सर्वाधिक महिला जन-प्रतिनिधियों को नेतृत्व प्रदान करने का अवसर प्राप्त हुआ है।

नियमित चुनाव में भाग लेने के कारण ग्रामीण जनता का राजनीतिकरण हुआ है और उनमें नेतृत्व चेतना का संचार हुआ है। पंचायती राज व्यवस्था के क्रियान्वयन से गाँवों में विकास की प्रक्रिया को गति मिली है एवं गाँवों में शिक्षा, स्वास्थ्य, आवागमन, पेयजल आदि के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य पंचायतों द्वारा किए गए है वही परम्परागत ग्रामीण सामाजिक एवं राजनीतिक संरचना में व्यापक परिवर्तन दृष्टिगोचर हो रहे है। ग्रामीण समाज का एक बड़ा भाग अपनी जन्मस्थिति, निर्धानता, अशिक्षा लिंगभेद तथा उच्च कुलीन वर्गों द्वारा थोपी गई सामाजिक मान-मर्यादाओं के कारण क्षेत्र के नीति निर्धारण के पदों एवं अधिकारों से वंचित था उसे आरक्षण के माध्यम से इन पदों एवं अधिकारों की प्राप्ति हुई है जिसने इन परिवर्तनों को जन्म दिया है। पंचायतों के माध्यम से गाँव की समस्याओं का समाधान सामूहिक रूप से गाँव में ही किया जाने लगा है जिससे जनता को शासन के विषयों में प्रशिक्षण प्राप्त हुआ और समय, श्रम और धान की भी बचत हुई है।

भारत अगर आज विश्व पटल पर अपनी सशक्त उपस्थिति दर्शाता है तो इसके पीछे कहीं न कहीं ग्राम पंचायत स्तर के लोकतंत्र की मुख्य भूमिका है। ग्राम पंचायतों द्वारा अपनाए गए विकास मॉडलों को विश्व के कई देश उनके यहाँ प्रयोग कर रहे है। कोरोना काल में पंचायतों में चुने हुए जन-प्रतिनिधियों ने जनता को मूलभूत सुविधाएँ प्रदान कर विश्व के समक्ष अपनी नेतृत्व क्षमता को उजागर करके लोकतांत्रिक विकेंद्रीकरण की दिशा में एक सार्थक प्रयास कियाहै।

पंचायती राज व्यवस्था के प्रभावी होने से गाँवों में राजनीतिक

सहभागिता, जन-चेतना और जागृति का सूत्रपात हुआ है जिसके परिणामस्वरूप नेतृत्व के परम्परागत स्वरुप में व्यापक परिवर्तन दृष्टिगोचर होने लगे है।

संबंधित साहित्य का अवलोकन

डी.एस. चौधारी (1961) ने अपने अध्ययन में उभरते ग्रामीण नेतृत्व को स्पष्ट करने का प्रयास किया है। अपने अध्ययन में उन्होंने स्थानीय स्वशासन में नेतृत्व की पृष्ठभूमि एवं उसकी कार्यप्रणाली को राजस्थान के सन्दर्भ में विवेचित किया है। उनके अनुसार त्रि-स्तरीय पंचायती राज व्यवस्था लागू करने के पश्चात परम्परागत ग्रामीण नेतृत्व में सराहनीय परिवर्तन आया है।

एस.एस. भदौरिया (1976) ने अपने अध्ययन में ग्रामीण नेतृत्व में नवीन परिवर्तनों को स्पष्ट किया है। मालवा के अध्ययन के आधार पर उन्होंने बताया कि पंचायतों के माध्यम से उचित जनतांत्रिक नेतृत्व की तुलना में परम्परागत नेतृत्व का प्रभाव कम होता जा रहा है। उन्होंने स्पष्ट किया है कि जनतांत्रिक नेतृत्व में शिक्षित एवं ब्राह्य सम्पर्क रखने वाले व्यक्तियों को अधिक महत्तव मिल रहा है।

जी.डी. भट्ट (1997) ने ग्रामीण भारत में उभरते नेतृत्व का अनुभवजन्य अध्ययन किया है। उत्तरप्रदेश के पिथौरागढ़ जिले के अध्ययन के आधार पर उन्होंने स्पष्ट किया है कि ग्रामीण क्षेत्रों में परम्परागत नेतृत्व की व्यवस्था में परिवर्तन आया है। पंचायतों के निचले स्तर पर नेतृत्व में अब जाति की भूमिका धीरे-धीरे कमजोर होती जा रही है। अध्ययन के माध्यम से यह भी स्पष्ट हुआ है कि ग्रामीण समाज की शक्ति संरचना की ओर शिक्षित लोगों का आकर्षण भी बढ़ा है।

डॉ.जे.सी. सिन्हा (2009) ने नेतृत्व परिवर्तन में पंचायती राज की भूमिका को स्पष्ट किया है। झाबुआ जिले के जनजाति समाज के अध्ययन के आधार पर उन्होंने पाया कि जो नेतृत्व उभरकर आ रहा है वह मध्यम एवं युवा वर्ग से है। उन्होंने स्पष्ट किया है कि जो नेतृत्व उभरकर आ रहा है वह अनुभव की दृष्टि से नवीन है।

अध्ययन के उद्देश्य :

1. कलौता समाज में नेतृत्व कर रहे जन-प्रतिनिधियों की सामाजिक एवं आर्थिक स्थिति का अध्ययन करना।
2. देपालपुर विकास खण्ड में कलौता समाज के प्रतिनिधित्व की स्थिति ज्ञात करना।
3. कलौता समाज में नेतृत्व परिवर्तन लाने में पंचायती राज की भूमिका ज्ञात करना।

अध्ययन क्षेत्र का परिचय – इस अध्ययन हेतु इन्दौर जिले के देपालपुर विकास खण्ड का चयन अध्ययन क्षेत्र के रूप में किया गया है। इस विकास खण्ड में 172 आबाद ग्राम एवं 1 वीरान ग्राम है। विकास खण्ड में 108 ग्राम पंचायतों एवं 1342 पंच वार्डो का गठन किया गया है। देपालपुर विकास खण्ड का मुख्यालय देपालपुर नगर में स्थित है। जो भारत के पांचवें तीर्थ चौबीस अवतार मंदिर के रूप में विश्व प्रसिद्ध है। सम्पूर्ण देपालपुर विकास खण्ड मालवा के पठार पर अवस्थित है। इसका 22.37° से 23.05° उत्तरी अक्षांश एवं 75.25° से 75.45° पूर्वी देशांतर तक विस्तार तथा कुल क्षेत्रफल 124489 हेक्टयर है। देपालपुर विकास खण्ड की सीमाओं का विस्तार पूर्व में सांवेर विकास खण्ड, दक्षिण पूर्व में इन्दौर और महू विकास खण्ड, दक्षिण एवं दक्षिण पश्चिम में धार जिले और उत्तर एवं उत्तर पश्चिम में उज्जैन जिले तक है। विकास खण्ड की पूर्वी सीमा गंभीर नदी द्वारा एवं पश्चिमी सीमा का निर्धारण चम्बल नदी द्वारा किया जाता है।

कलौता समाज को अन्य पिछड़े वर्ग की सूची में अधिासूचित किया गया है।

देपालपुर विकास खण्ड की ग्राम पंचायतों में कलौता समाज का प्रतिनिधित्व

क्र.	निर्वाचन क्षेत्र	ग्राम पंचायत /वार्ड की कुल संख्या	कलौता समाज के प्रतिनिधित्व की स्थिति			
			पुरुष	महिला	योग	कुल संख्या का प्रतिशत
1	ग्राम पंचायत	108	16	09	25	23.14
2	वार्ड	1342	181	209	390	29.06
	कुल योग	1450	197	218	415	28.62

स्त्रोत: निर्वाचन अधिकारी देपालपुर जनपद

शोध प्रविधि – इन्दौर जिले के देपालपुर विकास खण्ड की ग्राम पंचायतों और वार्डो में निर्वाचित कलौता समाज के जन-प्रतिनिधियों को निदर्शन के रूप में चुना गया है। देपालपुर विकास खण्ड की ग्राम पंचायतों में निर्वाचित 25 सरपंच एवं 195 पंच का चयन उद्देश्यपूर्ण रीति के माध्यम से किया गया है। इस प्रकार अध्ययन हेतु कुल 220 (110 पुरुष, 110 महिलाएँ) कलौता समाज के जन-प्रतिनिधियों का चयन किया गया है। चयनित निदर्शन कलौता समाज के सरपंच प्रतिनिधियों की कुल संख्या का 100 प्रतिशत एवं कलौता समाज के पंच प्रतिनिधियों की कुल संख्या का 50 प्रतिशत है। अध्ययन हेतु प्राथमिक एवं द्वितीयक दोनों प्रकार के आंकड़ों का उपयोग किया गया है। प्राथमिक आंकड़ों का संकलन साक्षात्कार अनुसूची के माध्यम से किया गया है। द्वितीयक आंकड़ों को निर्वाचन अधिकारी से लिया गया है।

विश्लेषण एवं व्याख्या

आयु – ग्रामीण नेतृत्व के निर्धारण में आयु की महत्वपूर्ण भूमिका है। परम्परागत भारतीय ग्रामीण नेतृत्व में बुजुर्ग या अधिक आयु वर्ग के लोगों की जो अधिक परिपक्व एवं अनुभवी होते है, की प्रधानता रही है।

तालिका 1 में उत्तरदाताओं का आयु के आधार पर वर्गीकरण प्रदर्शित किया गया है।

तालिका 1 (अन्तिम पृष्ठ पर देखे)

तालिका 1 से स्पष्ट है कि 51.82 प्रतिशत उत्तरदाता मध्य आयु वर्ग से है। जिनमें 44 प्रतिशत सरपंच उत्तरदाता एवं 52.83 प्रतिशत पंच उत्तरदाता है। 37.73 प्रतिशत उत्तरदाता युवा वर्ग से है जिसमें 28 प्रतिशत सरपंच उत्तरदाता एवं 38.97 प्रतिशत पंच उत्तरदाता है। जबकि 51 वर्ष से अधिक उम्र अथवा बुजुर्ग वर्ग से 10.45 प्रतिशत उत्तरदाता है जिनमें 28 प्रतिशत सरपंच उत्तरदाता एवं 8.20 प्रतिशत पंच उत्तरदाता है।

उपरोक्त विश्लेषण से स्पष्ट होता है कि कलौता समाज में जो नेतृत्व उभरकर आ रहा है वह मध्यम आयु वर्ग से है साथ ही युवा नेतृत्व वर्ग समूह भी एक बड़ी संख्या में उभरकर आया है।

शिक्षा – परम्परागत नेतृत्व के निर्धारण के लिए शिक्षा कोई आवश्यक तत्व नहीं होता था। लेकिन आधुनिक समाज में नेतृत्व से यह आशा की जाती है उसे कम से कम अनिवार्य शिक्षा प्राप्त होना चाहिए जिससे कि उसमें सामाजिक एवं राजनीतिक समस्याओं एवं मुद्दों को समझने एवं उनका समाधान करने की क्षमता हो।

तालिका 2 (अन्तिम पृष्ठ पर देखे)

तालिका 2 से स्पष्ट है कि 31.36 प्रतिशत उत्तरदाता प्राथमिक स्तर तक

की शिक्षा प्राप्त है इनमें 4 प्रतिशत सरपंच उत्तरदाता एवं 34.88 प्रतिशत पंच उत्तरदाता है। 29.09 प्रतिशत उत्तरदाता माध्यमिक स्तर तक शिक्षा प्राप्त है जिसमें 20 प्रतिशत सरपंच उत्तरदाता एवं 30.25 प्रतिशत पंच उत्तरदाता है। 18.64 प्रतिशत उत्तरदाता केवल साक्षर है जिनमें 48 प्रतिशत सरपंच उत्तरदाता एवं 14.87 प्रतिशत पंच उत्तरदाता है। 13.64 प्रतिशत उत्तरदाता उच्च माध्यमिक स्तर तक शिक्षा प्राप्त है जिनमें 28 प्रतिशत सरपंच उत्तरदाता एवं 11.80 प्रतिशत पंच उत्तरदाता है। 2.27 प्रतिशत उत्तरदाता स्नातक स्तर तक शिक्षा प्राप्त है इनमें सभी पंच उत्तरदाता है। जबकि 5 प्रतिशत उत्तरदाता निरक्षर है इनमें सभी महिला पंच उत्तरदाता है।

इस प्रकार स्पष्ट है कि लगभग तीन चौथाई जनप्रतिनिधि प्राथमिक स्तर या उससे अधिक स्तर तक शिक्षा प्राप्त है।

इस प्रकार कहा जा सकता है कि पंचायती राज व्यवस्था के माध्यम से समाज के शिक्षित वर्ग के सदस्यों को नेतृत्व का अवसर मिला है।

भू स्वामित्व –परम्परागत भारतीय ग्रामीण समुदाय में भूमि का स्वामित्व सदैव से शक्ति एवं प्रतिष्ठा का मुख्य आधार रहा है। भारतीय ग्रामीण समुदाय में खेती योग्य भूमि का एक बड़ा भाग हमेशा से कुछ व्यक्तियों के पास केन्द्रित रहा है। इसके विपरीत कम भूमि वाले एवं भूमिहीन व्यक्तियों की संख्या अधिक रही है जो अपनी जीविका के लिए इन बड़े भूमि–स्वामियों पर अधिक निर्भर रहे है। इसलिए इन बड़े भूमि स्वामियों को ग्रामीण क्षेत्र में नेतृत्व के ज्यादा अवसर प्राप्त होते रहे है।

तालिका 3में उत्तरदाताओं के पास भूमि की उपलब्धाता के सन्दर्भ में तथ्यों का वर्गीकरण प्रस्तुत किया गया है।

तालिका 3 (अन्तिम पृष्ठ पर देखे)

तालिका 3 से स्पष्ट है कि 45.90 प्रतिशत उत्तरदाताओं के पास पाँच बीघा या उससे कम भूमि है। इनमें 28 प्रतिशत सरपंच उत्तरदाता एवं 48.20 प्रतिशत पंच उत्तरदाता है। 6 से 10 बीघा के मध्य भूमि स्वामित्व वाले 36.82 प्रतिशत उत्तरदाता है जिनमें 44 प्रतिशत सरपंच उत्तरदाता एवं 35.90 प्रतिशत पंच उत्तरदाता है। 13.18 प्रतिशत उत्तरदाताओं के पास 11 बीघा से अधिक भूमि है इनमें से 28 प्रतिशत सरपंच उत्तरदाता एवं 11.29 प्रतिशत पंच उत्तरदाता है। 4.10 प्रतिशत उत्तरदाता भूमिहीन है। इनमें सभी पंच उत्तरदाता है। स्पष्ट है कि दो चौथाई के लगभग जनप्रतिनिधियों के पास बहुत ही कम भूमि है। एक तिहाई जन–प्रतिनिधियों का भूमि स्वामित्व मध्यम (6 से 10 बीघा समूह) वर्ग का है।

इस प्रकार कहा जा सकता है ग्राम पंचायतों के माध्यम से समाज के निम्न वर्ग के सदस्यों को योजनाओं का लाभ प्राप्त होने से इनके जीवन स्तर में सुधार ही नहीं हुआ है बल्कि इनमें नेतृत्व चेतना का संचार भी हुआ है। जिसके परिणामस्वरूप बड़े भूमि स्वामियों पर इन वर्गों की निर्भरता कम होती जा रही है।

पंचायत चुनाव में भाग लेने का पूर्व अनुभव – लोकतांत्रिक प्रक्रिया में निर्वाचन का अपना विशेष महत्व है। निर्वाचन के माध्यम से व्यक्ति को राजनीतिक प्रशिक्षण प्राप्त होता है और नए नेतृत्व को आगे आने का अवसर प्राप्त होता है।

तालिका 4 में उत्तरदाताओं द्वारा पंचायत के चुनावों में भाग लेने के पूर्व अनुभव को प्रदर्शित किया गया है।

तालिका 4 (अन्तिम पृष्ठ पर देखे)

तालिका 4 से स्पष्ट है 75.45 प्रतिशत उत्तरदाताओं को पंचायत चुनाव में भाग लेने का कोई पूर्व अनुभव नहीं है उन्होंने प्रथम बार ही पंचायत चुनाव में भाग लिया है। इनमें 84 प्रतिशत सरपंच उत्तरदाता एवं 74.36 प्रतिशत पंच उत्तरदाता है। 19.55 प्रतिशत उत्तरदाता एक बार पूर्व में भी पंचायत चुनाव में भाग ले चुके है जिनमें 12 प्रतिशत सरपंच उत्तरदाता एवं 20.52 प्रतिशत पंच उत्तरदाता है। 5 प्रतिशत उत्तरदाता दो या दो से अधिक बार पंचायत चुनाव में भाग ले चुके है। इनमें 4 प्रतिशत सरपंच उत्तरदाता एवं 5.12 प्रतिशत पंच उत्तरदाता है।

महिला उत्तरदाताओं के सन्दर्भ में देखा जाए तो 88.89 प्रतिशत महिला सरपंच उत्तरदाताओं ने एवं 82.17 प्रतिशत महिला पंच उत्तरदाताओं ने प्रथम बार ही पंचायत चुनाव में भाग लिया है।

इस प्रकार स्पष्ट है कि तीन चौथाई जन–प्रतिनिधि नए है एवं उन्होंने पंचायत चुनाव में प्रथम बार भाग लिया है।

चुनाव में प्रतिद्वंद्वी उम्मीदवारों की संख्या – उत्तरदाताओं के सम्मुख पंचायत चुनाव में प्रतिद्वंद्वी उम्मीदवारों की संख्या को तालिका 5 में प्रदर्शित किया गया है।

तालिका 5 (अन्तिम पृष्ठ पर देखे)

तालिका 5 से स्पष्ट है कि 74.09 प्रतिशत उत्तरदाता निर्विरोधा निर्वाचित हुए है। इनमें 8 प्रतिशत सरपंच उत्तरदाता एवं 82.56 प्रतिशत पंच उत्तरदाता है। 13.18 प्रतिशत उत्तरदाताओं को एक–एक प्रत्याशियों का सामना कंरना पड़ा है। इनमें सभी 14.88 प्रतिशत पंच उत्तरदाता है। जबकि 12.73 प्रतिशत उत्तरदाताओं को दो या दो से अधिक उत्तरदाताओं का सामना करना पड़ा है। जिनमें से 92 प्रतिशत सरपंच उत्तरदाता एवं 2.56 प्रतिशत पंच उत्तरदाता है।

इस प्रकार स्पष्ट है कि सरपंच स्तर पर 92 प्रतिशत जन–प्रतिनिधियों को दो या दो से अधिक प्रतिद्वंद्वी उम्मीदवारों का सामना करना पड़ा है जबकि पंच स्तर पर 82.56 प्रतिशत जन–प्रतिनिधि निर्विरोधा निर्वाचित हुए है।

ग्राम पंचायत की बैठकों में सहभागिता – उत्तरदाताओं द्वारा ग्राम पंचायत की बैठकों में नियमित भाग लेने के सन्दर्भ में तथ्यों को तालिका 6 में प्रदर्शित किया गया है।

तालिका 6 (अन्तिम पृष्ठ पर देखे)

तालिका 6 से स्पष्ट है कि 65 प्रतिशत उत्तरदाता ग्राम पंचायत की बैठकों में नियमित भाग लेते है। इनमें 80 प्रतिशत सरपंच उत्तरदाता एवं 63.07 प्रतिशत पंच उत्तरदाता है। जबकि 35 प्रतिशत उत्तरदाताओं की ग्राम पंचायतों की बैठकों में भाग लेने की स्थिति अनियमित है जिनमें 20 प्रतिशत सरपंच उत्तरदाता एवं 36.93 प्रतिशत पंच उत्तरदाता है।

ग्राम पंचायत की बैठकों में महिलाओं की स्थिति को देखा जाए तो स्पष्ट है कि 44.44 प्रतिशत महिला सरपंच उत्तरदाता एवं 55.44 प्रतिशत महिला पंच उत्तरदाता ग्राम पंचायत की बैठकों में नियमित भाग नहीं लेती है। इस प्रकार स्पष्ट है केवल दो तिहाई जनप्रतिनिधि ग्राम पंचायतों की बैठकों में नियमित रूप से भाग लेते है।

ग्राम पंचायत की बैठकों में महिलाओं द्वारा नियमित रूप से भाग नहीं लेने के कारणों की समीक्षा की जाए तो स्पष्ट है कि पुरुष प्रधान समाज, अशिक्षा एवं परिवार के अन्य सदस्यों के हस्तक्षेप के कारण निर्णय प्रक्रिया में महिलाओं की भागीदारी सुनिश्चित नहीं हो पायी है।

निष्कर्ष– उपरोक्त शोध अध्ययन में शोधार्थी द्वारा निम्न निष्कर्ष निकाले गये है–

1. कलौता समाज में नेतृत्व जो कि अब तक पटेल अथवा समाज के

बुजुर्ग या अधिक आयु वर्ग के लोगों के हाथ में रहता था, अपने परम्परागत स्वरुप से एकदम परिवर्तित रुप में है। कलौता समाज में जो नेतृत्व उभरकर आ रहा है वह मध्य आयु वर्ग से है। साथ ही युवा नेतृत्व भी तेजी से उभरकर आ रहा है।

2. कलौता समाज में पंचायती राज व्यवस्था के माध्यम से नेतृत्व में शिक्षित वर्ग का प्रभाव बढ़ा है।
3. कलौता समाज का मुख्य व्यवसाय कृषि है तथा पंचायती राज के माध्यम से जो नेतृत्व उभरकर आ रहा उसमें निम्न एवं मध्यम आकार के भूमि स्वामित्व वाले जन-प्रतिनिधियों की संख्या अधिक है।
4. कलौता समाज में पंचायती राज के माध्यम से जो नेतृत्व उभरकर आया है उसमें 75 प्रतिशत जनप्रतिनिधि प्रथम बार निर्वाचित हुए है।
5. पंचायती राज व्यवस्था से नेतृत्व के विभिन्न स्तरों पर विशेषीकरण हुआ है। अधिकाँश सरपंच जन-प्रतिनिधियों को दो या दो से अधिक प्रतिद्वंद्वियों का सामना करना पड़ा तो इसके विपरीत अधिकाँश पंच जन-प्रतिनिधि निर्विरोध निर्वाचित हुए है।
6. पंचायती राज व्यवस्था के कारण कलौता समाज में बड़ी संख्या में शक्ति केन्द्र स्थापित हो गए है और लोग नेतृत्व प्राप्त करने के लिए अधिक जागरूक हो गए है।
7. पंचायती राज व्यवस्था के माध्यम से महिलाओं को राजनीति में भाग लेने का अवसर मिला है लेकिन पुरुष प्रधान समाज एवं परिवार के सदस्यों के हस्तक्षेप के कारण निर्णय प्रक्रिया में भागीदारी सुनिश्चित नहीं हो पायी है।

इस प्रकार निष्कर्ष रूप में कहा जा सकता है कि पंचायती राज व्यवस्था के माध्यम से सहभागी लोकतंत्र एवं महिला सशक्तिकरण का मार्ग प्रशस्त हुआ है। इसके अंतर्गत समाज के कमजोर वर्ग के सदस्यों को नेतृत्व का अवसर प्राप्त हुआ है।

संदर्भ ग्रंथ सूची :-

1. सिसोदिया, यतीन्द्रसिंह एवं भट्ट,आशीष, 'मध्यप्रदेश में पंचायत राज व्यवस्था: विविध आयाम', संस्करण प्रथम, मध्यप्रदेश हिन्दी ग्रन्थ अकादमी, भोपाल, 2011, पे.न. 159, 155.
2. चौधारी, कृष्ण चंद्र, 'पंचायतों में महिलाओं की भागीदारी', कुरुक्षेत्र, वर्ष 64, अंक 9, सूचना और प्रसारण मंत्रालय, नई दिल्ली, जुलाई 2018, पे.न. 39.
3. कुमार, गौरव,'जमीनी लोकतंत्र का सशक्तिकरण', कुरुक्षेत्र, वर्ष 62, अंक 1, सूचना और प्रसारण मंत्रालय, नई दिल्ली, नवम्बर 2015, पे.न. 43.
4. चौधारी, डी.एस.,'इमर्जिंग रूरल लीडरशिप इन इंडियन स्टेट्स', मंथन पब्लिकेशन, नई दिल्ली, 1961.
5. भदौरिया, एस.एस.,'इमर्जिंग पैटर्न्स ऑफ़ रूरल लीडरशिप', अप्रकाशित शोध प्रबंध, विक्रम वि.वि., उज्जैन, 1976.
6. भट्ट, जी.डी.,'इमर्जिंग लीडरशिप पैटर्न इन रूरल इंडिया', एम.डी. पब्लिकेशन, नई दिल्ली, 1997.
7. सिन्हा, जे.सी.,'पब्लिक अवेयरनेस एंड पीपल पार्टिसिपेशन थ्रो पंचायती राज', माइनर रिसर्च प्रोजेक्ट, यू.जी.सी.,सी.आर.ओ., भोपाल, 2009.
8. डिस्ट्रिक्ट सेन्सस हैंडबुक इन्दौर, 2011, पे.न. 5,11.
9. https://bccomm.mp.gov.in/castelist.htm, अद्यतन दिनांक 05/06/2023, समय 02:11.
10. https://mplocalelection.gov.in/iems/without_olin/sarpatra_reports_all.aspx, अद्यतन दिनांक 04/11/2022, समय 11:22.

अभिस्वीकृति – अर्जुन चौहान, भारतीय सामाजिक विज्ञान अनुसंधान परिषद से डॉक्टोरल फेलोशिप प्राप्तकर्ता है। उनका यह शोध पत्र काफी हद तक आईसीएसएसआरद्वारा प्रायोजित उनके डॉक्टरेट कार्य का परिणाम है। हालाँकि, शोध पत्र में प्रस्तुत किए गए तथ्यों, व्यक्त किए गए विचारों और निकाले गए निष्कर्ष की जिम्मेदारी पूर्ण रूप से लेखक की है।

तालिका 1: आयु

क्र.	आयु	सरपंच			पंच			योग (प्रति.)
		पु. (प्रति.)	म. (प्रति.)	योग (प्रति.)	पु. (प्रति.)	म. (प्रति.)	योग (प्रति.)	
1	18 से 40 वर्ष	05 (31.25)	02 (22.22)	07 (28.00)	31 (32.98)	45 (44.55)	76 (38.97)	83 (37.73)
2	41 से 50 वर्ष	07 (43.75)	04 (44.45)	11 (44.00)	53 (56.38)	50 (49.50)	103 (52.83)	114 (51.82)
3	51 वर्ष से अधिक	04 (25.00)	03 (33.33)	07 (28.00)	10 (10.64)	06 (05.95)	16 (08.20)	23 (10.45)
	योग	16 (100)	09 (100)	25 (100)	94 (100)	101 (100)	195 (100)	220 (100)

तालिका 2: शैक्षणिक पृष्ठभूमि

क्र.	शैक्षणिक स्तर	सरपंच			पंच			योग (प्रति.)
		पु. (प्रति.)	म. (प्रति.)	योग (प्रति.)	पु. (प्रति.)	म. (प्रति.)	योग (प्रति.)	
1	निरक्षर	-	-	-	-	11 (10.89)	11 (05.64)	11 (05.00)
2	साक्षर	04 (25.00)	08 (88.89)	12 (48.00)	-	29 (28.71)	29 (14.87)	41 (18.64)
3	प्राथमिक	01 (06.25)	-	01 (04.00)	29 (30.86)	39 (38.62)	68 (34.88)	69 (31.36)
4	माध्यमिक	05 (31.25)	-	05 (20.00)	42 (44.68)	17 (16.83)	59 (30.25)	64 (29.09)
5	उच्च माध्यमिक	06 (37.50)	01 (11.11)	07 (28.00)	19 (20.21)	04 (03.96)	23 (11.80)	30 (13.64)
6	स्नातक	-	-	-	04 (04.25)	01 (0.99)	05 (02.56)	05 (02.27)
	योग	16 (100)	09 (100)	25 (100)	94 (100)	101 (100)	195 (100)	220 (100)

तालिका 3: भूमि स्वामित्व

क्र.	भूमि (बीघा) में	सरपंच			पंच			योग (प्रति.)
		पु. (प्रति.)	म. (प्रति.)	योग (प्रति.)	पु. (प्रति.)	म. (प्रति.)	योग (प्रति.)	
1	भूमिहीन	–	–	–	03 (03.19)	06 (05.94)	09 (04.61)	09 (04.10)
2	5 बीघा तक	04 (25.00)	03 (33.33)	07 (28.00)	45 (47.88)	49 (48.52)	94 (48.20)	101 (45.90)
3	6–10 बीघा तक	07 (43.75)	04 (44.45)	11 (44.00)	32 (34.04)	38 (37.62)	70 (35.90)	81 (36.82)
4	11 बीघा से अधिक	05 (31.25)	02 (22.22)	07 (28.00)	14 (14.89)	08 (07.92)	22 (11.29)	29 (13.18)
	योग	16 (100)	09 (100)	25 (100)	94 (100)	101 (100)	195 (100)	220 (100)

तालिका 4: पंचायत चुनावों का पूर्व अनुभव

क्र.	पंचायत चुनावों का पूर्व अनुभव	सरपंच			पंच			योग (प्रति.)
		पु. (प्रति.)	म. (प्रति.)	योग (प्रति.)	पु. (प्रति.)	म. (प्रति.)	योग (प्रति.)	
1	पूर्व अनुभव नहीं, प्रथम बार	13 (81.25)	08 (88.89)	21 (84.00)	62 (65.96)	83 (82.17)	145 (74.36)	166 (75.45)
2	एक बार अधिक बार	02 (12.50)	01 (11.11)	03 (12.00)	25 (26.59)	15 (14.86)	40 (20.52)	43 (19.55)
3	दो या दो से	01 (06.25)	–	01 (04.00)	07 (07.44)	03 (02.97)	10 (05.12)	11 (05.00)
	योग	16 (100)	09 (100)	25 (100)	94 (100)	101 (100)	195 (100)	220 (100)

तालिका 5: चुनाव में प्रतिद्वंद्वी उम्मीदवारों की संख्या

क्र.	चुनाव में प्रतिद्वंद्वी उम्मीदवारों की संख्या	सरपंच			पंच			योग (प्रति.)
		पु. (प्रति.)	म. (प्रति.)	योग (प्रति.)	पु. (प्रति.)	म. (प्रति.)	योग (प्रति.)	
1	निर्विरोधा	–	02 (22.22)	02 (08.00)	77 (81.92)	84 (83.16)	161 (82.56)	163 (74.09)
2	एक	–	–	–	16 (17.02)	13 (12.88)	29 (14.88)	29 (13.18)
3	दो या दो से अधिक	16 (100)	07 (77.78)	23 (92.00)	01 (01.06)	04 (03.96)	05 (02.56)	28 (12.73)
	योग	16 (100)	09 (100)	25 (100)	94 (100)	101 (100)	195 (100)	220 (100)

तालिका 6: ग्राम पंचायत की बैठकों में भाग लेने की स्थिति

क्र.	बैठक में भाग लेने की स्थिति	सरपंच			पंच			योग (प्रति.)
		पु. (प्रति.)	म. (प्रति.)	योग (प्रति.)	पु. (प्रति.)	म. (प्रति.)	योग (प्रति.)	
1	नियमित	15 (93.75)	05 (55.56)	20 (80.00)	78 (82.98)	45 (44.56)	123 (63.07)	143 (65.00)
2	अनियमित	01 (06.25)	04 (44.44)	05 (20.00)	16 (17.02)	56 (55.44)	72 (36.93)	77 (35.00)
	योग	16 (100)	09 (100)	25 (100)	94 (100)	101 (100)	195 (100)	220 (100)

****

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed / Peer Review Research Journal)
RNI No.- MPHIN/2013/60638, ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Scientific Journal Impact Factor (SJIF)- 7.671
April to June 2023, E-Journal, Vol. I, Issue XLII

स्वच्छ गाँव, स्वस्थ गाँव

डॉ. राजेश त्रिपाठी* डॉ. जितेन्द्र कुमार कुशवाहा**

* एसोसिएट प्रोफेसर (समाजशास्त्र)महात्मा गाँधी चित्रकूट ग्रामोदय विश्वविद्यालय, चित्रकूट, सतना (म.प्र.) भारत
** अतिथि व्याख्याता, महात्मा गाँधी चित्रकूट ग्रामोदय विश्वविद्यालय, चित्रकूट, सतना (म.प्र.) भारत

शोध सारांश – स्वस्थ नागरिक ही एक मजबूत राष्ट्र का निर्माण कर सकते हैं। स्वास्थ्य का स्वच्छता से सीधा सम्बन्ध है। स्वच्छ देश स्वस्थ नागरिक का गारंटी कार्ड होता है। जिस देश के नागरिक स्वस्थ होगें वह देया भी उतना ही समृद्ध होगा। भारत की आत्मा गाँवों में निवास करती है, यदि भारत देश के गाँव स्वच्छ एवं स्वस्थ होगे तो देश खुशहाल रहेगा। स्वच्छता और धार्मिक विकास का संबंध होता है। गंदगी से बीमारी फैलती है। आसपास की गंदगी हमें बीमार बना देती है।

अत: स्वस्थ एवं स्वच्छ समाज के विकास हेतु स्वच्छ गॉव एवं स्वस्थ समाज का होना जरूरी है। गॉवों की हवा में जो शुद्धता है वह शहरों की हवा में नहीं स्वच्छ भारत अभियान इसी दशा में प्रयास है।

प्रस्तावना –देश का आर्थिक विकास नागरिकों के आर्थिक विकास पर टिका है। परन्तु नागरिकों का एक बड़ा समूह एवं उनका विकास धीमा पड जाए या कुछ के लिए एक हो जाए तो क्या होगा?

पूरा आर्थिक विकास जिसे हम जी.डी. पी. कहते हैं के बढने से हर घर पर असर पड़ेगा।

ये बात और गंभीर हो जाती है जब देश की जनता का बडा समूह गांवों में निवास करता हो। वर्ष 2011 की जनगणना के ऑकड़ों से पता चलता हैकि 5.97 लाख (पूर्ण संख्या 5,97,608) से भी ज्यादा आबादी गॉव की है। और इन गांवों में 83.37 करोड लोग निवास कर रहें हैं। यदि हम राष्ट्रीय प्रतिदर्श सर्वेक्षण के नतीजों पर तो पता चलता है के 59.4 प्रतिशत ग्रामीण परिवारों के पास शौचालय नहीं हैं यानि परिवार खुले में शौच करने को विवश है।

खुले में शौच और आर्थिक विकास के बीच क्या सम्बंध है? खुले में शौच, बीमारी को खुला न्योता है। बुनियाढ़ी स्वास्थ्य सेवाओं की कमी हो तो बीमारी बढ़ेगी ही। कामको 'यदि ठीक ढंग से नहीं करने पर बीमारी आती है। और असर होता है। उत्पादकता पर सदि बीमारों की संख्या ज्यादा होगी, उत्पादकता में बड़े पैमाने पर कमी होगी। यह कमी केवल परिवार, समाज, गांव, कस्बे जिला या राज्य पर ही नहीं, बल्कि पूरे देश के आर्थिक स्थिति पर असर डालती है।'

हमें स्मरण हो कि बापू जीने 89 वर्ष पहले नवजीवन (मई 24, 1925) में उन्होंने लिखा है कि हमारी कई बीमारियों का कारण हमारे शौचालयों की स्थिति और किस जगह व हर जगह शौच करने की बुरी आदत है। बाद में उन्होंने ये भी कहा कि जहां स्वच्छता होती है वह देवता निवास करते हैं।

बीते दिनों में केन्द्रीय मंत्री, स्वास्थ्य मंत्री ने भी कहा ' स्वच्छता और भक्ति भाव से सबसे बड़ा लाभ अच्छी सेहत के रूप में मिलता है। हमारे देश में अधिकतर बीमारी ऐसी है। जो स्वच्छ माहौल में फैल ही नहीं सकती हैं।'

स्वच्छता को परिभाषित करेंगे 2011 में जारी एक रिपोर्ट जिसका शीर्षक भारत में अपर्याप्त स्वच्छता के आर्थिक प्रभाव (इकोनॉमिक इस्पेक्ट ऑफ इनएडिक्वेट सेनिटेशन इन इंडिया) है, स्वच्छता हर असल, मानव मलमूत्र ठोस कचरा, और गंदे पानी की निकासी के प्रबंधन का निष्कर्ष है।

यह रिपोर्ट अन्तर्राष्ट्रीय एजेंसियों की वित्तीय सहायता और विश्व बैंक के प्रबंधन के तहत चल रहे वॉटर एंड सेनिटेशन प्रोग्राम ने तैयार की है।

रिपोर्ट मानव मल मूत्र के बेहतर प्रबंधन और उससे जुड़े स्वास्थ्य चलन पर केन्द्रित हैं।

इसमें कहा गया है कि भारतियों और खसकर गरीब भरतीयों पर स्वास्थ्य की लागत को महत्व देना है। यह बात भी नहीं छिपी है कि ज्यादा तर गरीब भरतीय कहाँ निवास करते हैं।

अपर्याप्त स्वास्थ्य से होने वाले परिणाम को चार वर्गों में बांटा गया है–

1. पहमा असर स्वास्थ्य से जुडा है उसमें डायरिया और दूसरी बीमारियों से बच्चों की मौत शामिल है।
2. दूसरा असर पीने की पानी को लेकर है। जिसमें पीने लायक पानी व बोतन बंद पानी खरीदने पर खर्च और दूर से पानी लाने पर समय का नुकसान
3. तीसरा असर स्वच्छता की सुविधाओं के इस्तेमाल तक पहुँचने में लगने वाले समय को लेकर है। सामुदायिक शौचालय के उपयोग या खुले में शौंच जाने से समय लगता है।
4. चौथा असर ग्रामीण पर्यटन को लेकर है। अपर्याप्त स्वच्छता की वजह से पर्यटकों की संख्या तो कम होती है जिससे आमदनी कम होगी।

साथ ही विदेशी सैलानियों के बीच पेट की बीमारी मुमकिन है जिससे वो यहां आने से हिचकेगें।

स्वच्छ रहने एवं निवेश से फायदा भी है। अध्ययनों में पता चला है कि अतरिक्त स्वच्छता और साबुन से हाथ धेने से साफ–सफाई के तरीके अपनाने से आर्थिक और सामाजिक फायदा हो सकता है।

स्वच्छता मिशन 2 अक्टूबर को देश के प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी ने विश्व स्वास्थ्य संगठन (WHO)के हवाले से कहा है कि गंदगी के कारण हर वर्ष भारत के प्रत्येक नागरिकों को (6500) रू. का अतिरिक्त

नुकसानझेलना पड़ता है। श्रीनरेन्द्रमोदी जी ने आगे कहा है कि अगर सुखी घर के लोगों को निकाल दिया जाए तो ये औसत 12-15 हजार रू. हो सकती है। उन्होंने कहा कि बीमारी कहकर नहीं आती। साथ ही आर्थिक आधार पर भेदभाव नहीं करती।

लेकिन जो आर्थिक रूप से सक्षम है और स्वच्छता के साधन पर खर्च करने की हैसियत रखते हैं, उनके लिए बीमारी से बचने का रास्ता बन जाता है।

गन्दगी से बीमारी आती है, चाहे गरीब हो या अमीर व्यक्ति बगर हम स्वच्छता रखेगें तो हम कई बीमारियों से बचेगें और अगर स्वस्थ हैं तो आर्थिक संकट से बचेगें।

सदि देश का नागरिक स्वस्थ हैं तो मेहनत करेगा,कमाएगा, परिवार चलाएगा और विकास करेगा।

स्वच्छता अभियान में स्कूल-स्वच्छता अभियान में विद्यालयों में कन्याओं के लिए शौचालय बनाने की जिम्मेदारी । जहाँ मानव संसाधन मंत्रालय के आने वाले स्कूलों शिक्षा और साक्षरता विभाग को सौपी गई है। वहीं आंगनवाड़ी शैचालयों के मामले में यह काम महिला एवं बाल विकास मंत्रालय करेगा।

इन्द्रा आवास योजना-इस योजना के लिये चालू शौचालय बनाने का प्रावधान होगा। जिसके लिये स्वच्छ भारत मिशन ये (ग्रामीण) से पैसा दिया जाएगा। अभी तक यह महत्वाकांक्षी राष्ट्रीय रोजगार के जरिये कुछ पैसा घरों में शौचालय बनाने के लिए प्रोत्साहन स्वरूप दिया जाता था।

निर्मलभारत स्वच्छ से अभियान- इस अभियान में अपेक्षित नतीजे प्राप्त नहीं हुये 2004 की जगणना के मुताबिक ग्रामीण इलाको में रहने वाले 32.7% परिवारों को ही समुचित शौचालय की सुविधा थी वही 2013 के राष्ट्रीय प्रतिदर्श सर्वेक्षण में 40.6% तक पहुँचाने की बात कही गई।
इसी सब के 2019 तक सभी ग्राम पंचायतों को खुले शौच से मुक्त करने का लक्ष्य रखा गया था।

चार बातों पर बाल मामला :

1. हर ग्रामीण परिवार के लिये प्रथक शौचालय के साथ सामूहिक शौचालय, सामुदायिक शौचालय, विद्यालय व आँगनवाड़ी में शौचालयों की व्यावस्था। सभी ग्राम पंचायतों में ठोस, तरल कचरा प्रबंधन की व्यावस्था।
2. सूचना, शिक्षा व संचार और व्यक्तिगत संचार के माध्यम से लोगों को जागरूक बनाना।
3. क्रियान्वयन एवं वितरण को मजबूत करना।
4. ग्राम पंचायत और परिवार के स्तर पर शौचालय का निर्सण ही नहीं, बल्कि उसके इस्तेमाल की निगरानी करना जिसमें स्वच्छ भारत का सपना साकार हो सके।

आशाकार्यकर्ता द्वारा स्वास्थ्य में मार्गदर्शन-आशा के बेहतर रूप से कार्य हेतु सामाजिक एवं शासकीय सहयोग तथा प्रोत्साहन की आवश्यकता होती है। ग्रामीण नागरिकों के स्वस्थ्य हेतु आशा सहयोगी तंत्र का महत्वपूर्ण हिस्सा है जो मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, खंड अधिकारी जिला एवं ब्लॉक कार्यक्रम प्रबंधन ली एलएचबी ए.एन.एम. भी आशा के कार्यो में सहयोगी मार्गदर्शन प्रदान करते हैं।

ग्राम सभा स्वास्थ्य ग्राम तदर्थ समिति-सत्ता के विकेन्द्रीकरण हेतु पंचायती राज अधिनियम के 73वें संशोधन पश्चात ग्रामसभा स्तर पर अधिकार एवं जिम्मेदारी दी गयी है पंचायती राज अधिनियम 73वें संशोधन में ग्राम सभा को सुचारू रूप से कार्य करने स्थायी एवं अस्थायी समितियों को गठित कर गाँव का विकास करने का प्रावधान है।

लोक तांत्रिक गणराज्य में ग्राम सभा प्रत्यक्ष, सर्वाधिक सशक्त लोकतांत्रिक संस्था है। ग्राम सभा स्वस्थ्य ग्राम तदर्थ समिति ग्राम सभा की अस्थायी समिति हैं। जो समुदाय अर्थात ग्राम सभा के प्रति जिम्मेदार है। और गांव के स्वास्थ्य से जुड़ी हर तरह की समस्या का हल निकालने का प्रयास करती है।

ग्राम आरोग्य केंद्र-लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग और महिला बने और महिला बाल विकास विभाग म.प्र. के समन्वय से प्रदेश के प्रत्येक गांव में आवश्यक स्वास्थ्यएवं पोषण सम्बन्धी सुविधाओं को उपलब्ध कराने हेतुआरोग्य केन्द्र खोलने की अभिनय पहल की गई है।

ग्राम स्तर पर इन स्वास्थ्य सुविधा केन्द्रों को खोलने की मूल भावना समुदाय के अपने स्वास्थ्य और परिवेश के प्रति सजग और जागरूक कर सेवाओं का सामुदायीकरण करना और उनके हस्तक्षेप और निगरानी से स्वास्थ्य कार्यक्रमों एवं सेवाओं की गुणवत्ता बढ़ाना है।स्वच्छता के निर्माण हेतु कोशिश बस इतनी नहीं कि गाँव में व्यक्ति स्वस्थ रहे, बल्कि वो अर्थव्यवस्था में खुलकर योगदान कर सके अफसोस इस बात का है कि कृषि की सकल घरेलू उत्पाद में हिस्सेदारी 14% तक सिमिट कर रह गई है। अब अगर इसे बढ़ाना है। तो वैज्ञानिक तरीक से खेती, उन्नत किस्म के बीज, प्राकृतिक खाद, सस्त कर्ज और कृषि उत्पादों के लिये समुचित मूल्य उचित बाजार के साथ-साथ यह भी सुनिश्चित करना पड़ेगा कि किसान स्वस्थ रहे खेतों पर काम करने वाला मजदूर स्वस्थ रहे।वर्तमान समय में ग्रामीण इलाको से पलायन बढ़ रहा है। हालांकि शहरों ग्रमीणों को कोई बेहतर स्वच्छ माहौल भले ही नहीं मिल पाता हो, फिर भी गाँवों में रोजगार की कमी उन्हें शहर जाने के लिये मजबूर करती हैं। अब यदि स्वच्छ और स्वस्थ गांव की अर्थव्यवस्था मजबूत होगी, हो ग्रामीण, शहरों की ओर पलायन नही करेगें।

निष्कर्ष- यदि स्वस्थ एवं स्वच्छ गांव, समाज, राष्ट्र का निमार्ण करना है। तो सोंच को बदलना होगा। अगर स्वच्छ एवं विकसित देश की कल्पना की हैं। तो हमारा कर्तव्य है कि गंदगी को दूर कर भारत माता की सेवा करें। 'स्वच्छ भारत एवं विकसित' देश का निर्माण करें और 21वीं सदी में भारत देश विश्व गुरु की भूमिका में हो।

संदर्भ ग्रंथ सूची :-

1. व्यक्तिगत शोध के आधार पर ।

****

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed / Peer Review Research Journal)
RNI No.- MPHIN/2013/60638, ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Scientific Journal Impact Factor (SJIF)- 7.671
April to June 2023, E-Journal, Vol. I, Issue XLII

महिलाओं के विरूद्ध हिंसा

डॉ.राजेश त्रिपाठी* कृष्णपाल सिंह परमार**

* एसोसिएट प्रोफेसर (समाजशास्त्र) महात्मा गाँधी चित्रकूट ग्रामोदय विश्वविद्यालय, चित्रकूट, सतना (म.प्र.) भारत
** शोधार्थी (समाजशास्त्र) महात्मा गाँधी चित्रकूट ग्रामोदय विश्वविद्यालय, चित्रकूट, सतना (म.प्र.) भारत

शोध सारांश – समाज में महलाओं विरूद्ध हिंसा व अपराध की समस्या नवीन विषय नही है। समय के साथ समाज में महिलाओं के समान अधिकार व विकास, सुरक्षा के लिए कई प्रयास किये गये। किन्तुक महिलाओं के विरूद्ध हिंसा में वृद्धि हुई है। इस लेख का उद्देश्य हिंसा के कारण का अध्ययन व शासन के प्रयासों का अध्ययन करना है।

शब्द कुंजी – IPC,NCRB,NGO,CAWC,POCSO.

प्रस्तावना – वर्तमान में सामाजिक विज्ञान में शोधकर्ताओं, केन्द्रीय और राज्य सरकारों, सुधारकों का ध्यान महिलाओं की समस्या एवं उनके विरूद्ध हिंसा ने आकृष्ट किया है। भारतीय समाज में महिलाएं एक लम्बे काल से अवमानित, यातना और शोषण का शिकार रही है। महिलाओं के विरुद्ध हिंसा या अपराध कार्यस्थल, सार्वजनिक स्थल मात्र एक सीमित नहीं रही, सबसे अधिक हिंसा या अपराध उनके घर या परिवार में होती है।

स्वाधीनता के पश्चात हमारे समाज में महिलाओं के समर्थन में बनाए गए कानूनों, महिलाओं में शिक्षा के फैलाव और महिलाओं की धीरे-धीरे बढती हुई आर्थिक स्वपतंत्रता के बावजूद असंख्यक महिलाएं अभी भी हिंसा की शिकार है। उनको पीटा जाता है, उनका अपहरण होता है, उनके साथ बलात्कार किया जाता है। दहेज के लिये उन्हें जिंदा जला दिया जाता है।

महिलाओ का उत्पीड़न –महिलाओं के प्रति अपराध की विचारधारा की कोई सरल या सर्वमान्य परिभाषा नही है, परन्तु नई ऑक्सफोर्ड एडवांस लर्नर्स डिक्शरनरी (2005 का 7वां संस्करण) ने इसकी परिभाषा अपराधिक कृत्य् या ऐसा कृत्य जो नैतिक या बड़ी गलती है, तथा कानून द्वारा सजा प्राप्त करने योग्य है।

भारतीय दंड संहिता (IPC) 1860 ने दोष (offence) शब्द का प्रयोग, अपराध (Crime) के स्थान पर किया है। जो इस संहिता के अनुसार सजा प्राप्त करने योग्य है। एक दोष (offence) दो प्रकार से होता है। किसी कृत्य के करने से या किसी कृत्य के न करने से। इसलिए ऐसे अपराध जो महिलाओं के विरूद्ध हो या जिसमें 'महिलाएं पीड़ित' हो उन्हें महिलाओं के विरुद्ध अपराध माना गया (सिंह 2012) अपहरण, हत्या, पत्नी उत्पीड़न, बलात्कार तथा छेडखानी आदि महिलाओं के प्रति अपराध के उदा. है।

पुलिस रिसर्च ब्यूरों, दिल्ली द्वारा महिलाओं के विरुद्ध अपराध को दो श्रेणी में बांटा गया है-(i)IPC इंडियन पिंनल कोड के अंर्तगत आने वाले अपराध (क्राइम इन इण्डिया, नेशनल क्राइम रिकार्ड ब्यूरो, दिल्ली 1994:204)। पहली श्रेणी में 7 अपराध बलात्कार, अपहरण, एवं भगा कर ले जाना, दहेज के लिए हत्या, प्रताड़ना (मानसिक एवं शारीरिक), उत्पीतड़न एवं छेडछाड़ और 21 वर्ष से कम आयु की महिलाओं के साथ दराव्रह।

महिलाओं के विरुद्ध हिंसा की प्रकृति विस्तार और विशेषताएं- विभिन्न एजेन्सी द्वारा दिये गये आंकड़ों का विश्लेषण करने पर ज्ञात होता है। कि महिलाओं के विरूद्ध अपराध विगत वर्षो में बढ़ रहे है। NCP द्वारा जारी आंकडो के आधार पर NGO द्वारा किये गए अध्ययन के अनुसार 1998 से 2011 के बीच 13 वर्षो में महिलाओं के प्रति अपराध में 74% वृद्धि दर्ज की गई है। घरेलू हिंसा के मामलों में वृद्धि की दर सबसे ज्यादा 140 प्रतिशत पर है, अपहरण 117 प्रतिशत, बलात्कार 60 प्रतिशत और छेड़छाड़ 40 प्रतिशत है। लगभग 30 प्रतिशत मामले पति और ससुराल वालों द्वारा क्रूरता के हैं (द संडे गार्जियन, 6 अप्रैल, 2013)। इसी तरह लोकसभा सचिवालय (No-2/RN/Ref/2013) द्वारा प्रकाशित रिपोर्ट के अनुसार महिलाओं के प्रति अपराध की कुछ घटनायें (दोनों IPL और SLL) जो 2007 में 1,85,312 थी, 2011 में बढकर 2,28,650 हो गई। वर्ष 2012 में, यह संख्या 2,44,270 थी इस प्रकार वर्ष के दौरान 7 प्रतिशत से अधिक की वृद्धि दर्ज की गई। अपराध के लिहाज से यह आंकडा इस प्रकार है- अपहरण (38,262), उनके शील भंग करने के इरादे के साथ महिलाओं पर हमला (45,351) महिलाओं के शील भंग के लिए किए गए अपमान (9,173), पति और उसके रिश्तेदारों द्वारा क्रूरता (1,06,527) और विदेशों से लड़कियों की छल से दोखे से लाना (59) प्रतिशत के आधार पर हर वर्ष कुल अपराध क्रमश: 1.6, 1.9, 0.4, 4.5 और 0.0 हो रहे हैं भारतीय दंड संहिता (IPC) के तहत। यह कहा जाता है कि भारत में हर 20 मिनट में एक बलात्कार हर 25 मिनट में छेड़छाड़, हर 40 मिनट मे अपहरण और हर 4 घंटों मे दहेज हत्या होती है।

राजस्थान में भारतीय दंड संहिता मामलों का अनुपात राष्ट्रीय औसत के रूप में कुल अपराधों में महिलाओं के खिलाफ प्रतिबद्ध अधिक या कम ही रह गया है। राजस्थान पुलिस की वेबसाइट के मुताबिक वर्ष 2012 में राज्य में कुल 1,07,948 अपराधों के मामले सूचित किए गए जिसमें से 21,975 (या 12.81 प्रतिशत) महिलाओं के खिलाफ थे। अपराधो के विरूद्ध महिला सैल (CAWA) और दिल्ली पुलिस स्टेशन में दर्ज महिलाओं के खिलाफ अपराध मे वृद्धि और अन्य मामलों की संख्या में बढ़ोत्तरी से यह स्पष्ट है कि

महिलाओं के विरूद्ध अपराध मे वृद्धि हुई शिकायतों की संख्या 2007 में 9853 से बढ़कर 2011 के 11,419 हो गई लगभग 16 प्रतिशत की वृद्धि (सिफी, न्यूयज 16 सितंबर 2012) मामलों में वृद्धि जरूरी नही हूई कि बढ़ती रिपोर्टिग की वजह से है लेकिन यह केवल लैंगिक समानता और महिलाओं के अधिकार मे बढ़ती जागरूकता का संकेत है उनकी सुरक्षा के लिए नये कानून मे पीड़िता का विश्वास है और इस तरह की संस्थाएं जैसे महिला न्यायालय और गैर-सरकारी संगठन महिलाओ के लिए काम कर रहे है। लेकिन हम सभी को पता है कि विभिन्न कारणो की वजह से सभी मामलों की सूचना नही दी जाती और न ही दर्ज होते हैं। घरेलू हिंसा जैसे पत्नी को पीटना या घर महिलाओं के सूचना नही दी जाती लेकिन संकलित मामलों की चर्चा करते हुए हमें महिलाओं के खिलाफ हिंसा की प्रकृति और विस्तार के बारे मे कुछ अनुमान हो सकता है। हम कुछ व्यक्तिगत मामलों के विस्तार और लक्षणो का नीचे विश्लेषण करेगे।

महिलाओं के विरूद्ध हिंसा के प्रकार-लैंगिक समानता और महिलाओं में उनके अधिकारों की जागरूकता का परिणाम है कि महिलाओं ने हिंसा के विरूद्ध आवाज उठाना शुरू कर दी है। किंतु फिर भी विभिन्न कारणों की वजह से सभी मामलों की सूचना नही दी जाती है। जिसमें घरेलू हिंसा, पत्नी के साथ मार-पीट, जबरन यौन शोषण आदि को अनके द्वारा छिपा लिया जाता है।

यहाँ हम कुछ समान्य रूप से घटित होती रहने वाली हिंसा की घटनाओं का अध्ययन करेंगें।

दहेज से संबंधित हत्याएं - हर माता पिता का एक सपना होता है कि अपनी बेटी की शादी एक ऐसे घर में करे जहाँ उसे कोई तकलीफ/परेशानी न हो। किन्तु दहेज हत्या एक बडी समस्या बन गयी है। जहाँ दहेज की लालच मे पति अथवा ससुराल पक्ष के लोगों द्वारा प्रताड़ित होकर महिलाएं आत्महत्या/हत्या की जाती है। एक अनुमान के मुताबिक प्रत्येक 90 मिनट मे एक हत्या दहेज की वजह से होती है।

केन्द्रीय गृह राज्यमंत्री अजय कुमार मिश्रा द्वारा राज्य सभा मे साझा किए गये आंकडों के अनुसार, 2017-2021 के बीच देश में 35,493 दहेज हत्याएं हूई। वर्ष 2017 में 7,466, वर्ष 2019 में 6,966 वर्ष 2021 में 6,753 दहेज के कारण हूई मौत दर्ज की गई।

पत्नी को पीटना - महिलाओं के विरूद्ध हिंसा में सबसे अधिक मामले घरेलु, हिंसा/पत्नी के साथ मारपीट के है। इस प्रकार के केस मे सामान्यत: पींडिता हिंसा के विरूद्ध आवाज नहीं उठाती है।

इस प्रकार की हिंसा का शिकार बडे घराने की महिलाओं से लेकर गरीब वर्ग के घरों में सामान्य रूप से देखने मिलती है।

बलात्कार-बलात्कार वर्तमान में भारत मे गंभीर समस्या बन गई है। देश में परिस्थिति इतनी बदद्तर हो चुकी है कि 4 माह के बच्चे से लेकर 70 वर्ष की महिला तक का बलात्कार करने में नही हिचकते है।

2012, NCRB की एक रिर्पाट के अनुसार भारत में बलात्कार तेजी से बढता अपराध है। 1971- 2012 के बीच इसमें 902 % की वृद्धि हुई है, 2011 में 24,206 से 2012 में बढ़कर 24,930 वर्ष 2021 में यह बढकर 31,677 हो गया अर्थात प्रतिदिन 86 घटना घटित हूई जिसमें से 49 केस दर्ज होते है।

17 Jan 2018 kathua (JUK) में 8 वर्ष की नाबलिग के साथ सामूहिक बलात्कार की घटना हूई। वहीं इंदोर में 21 Apr 2018 को 4 माह की बच्ची के साथ फिर से यही घटना हूई। ऐसे कई केस देश में है जो लोक-लाज शक्ति सम्पन्नक, रसूखदार लोगो के प्रभांव/दबाव के कारण कभी सामने नही आते है।

एसिड हमले/तेजाब फेंकना - भारत उन देशों में से एक हैं जहां एसिड फेंकने या हमलों के मामले सबसे अधिक होते हैं। यह अनुमान लगाया गया है कि भारत में हर साल लगभग 1000 एसिड हमले होते हैं। लेकिन दुर्भाग्यिग से इस बढ़ते हुए खतरे के खिलाफ महिलाओं के संघर्ष में कानूनी उदासीनता सबसे ज्याद्दा निराशजनक पहलू है। निकिता ढोवल की द वीक (20 मई 2012) में प्रकाशित कवर स्टोरी 'लास्ट वर्ल्ड' कहती है, वर्तमान में इसके हिंसात्मक आचरण के बावजूद एसिड हमलों में विशेष रूप से भारतीय दंड संहिता में संबंधित अनुभाग नहीं है। एसिड हमलों के मामलों को भारतीय दंड संहिता के अनुभाग 300, 322, 325 और 326 से निबटा रहे हैं। इसमें से केवल धारा 326 में ही संरक्षक वस्तु से हमले के मुद्दे की बात होती है, लेकिन इसे गंभीर चोट के रूप में माना गया है। हालांकि यह धारा अजीवन कारावास तक की सजा की अनुमति देती है, ज्यादातर दोषियों को केवल 3-4 वर्ष की जेल की सजा मिलती है। अगर आदेश दिया है, तो मुआवजा अक्सर आंशिक रूप से होता है।

महिलाओं के विरूद्ध हिंसा रोकने हेतु प्रयास -महिलाओं के विरूद्ध हिंसा के विभिन्न रूपों को (लिंग आधारित, शारीरिक व मानसिक अपराधो) रोकने के लिए प्रशासन द्वारा विभिन्न योजनाओं अधिनियमों को लागू किया है। समय के साथ समाज में भी महिलाओं के अधिकारों व समानता का प्रसार हुआ है। महिलायें अपने अधिकारों के लिए, अपने ऊपर हो रहे अत्याचारो व अपराधों के विरूद्ध खुलकर आवाज उठा रही है।

1. **संविधान द्वारा महिलायो को संरक्षण** - भारतीय संविधान महिलाओं को न केवल समानता का अधिकार बल्कि राज्य को यह अधिकार देता है कि महिलाओ के अधिकारों व विकास के लिए विशेष अधिनियम व कानूनों को बनाये व लागू किये जा सकते है। भारतीय संविधान के अनुच्छेधद 14 में महिलाओ व पुरूषों को राजनैतिक, आर्थिक, व सामाजिक स्तर पर सामान अवसर प्रदान किये जायेंगे।

अनुच्छेद 39 (a) राज्यों को अधिकार देता है कि वह अपने नागरिकों के लिए लिंग भेद को नजर अंदाज करते हुए सभी को समानता का व कार्य करने का अधिकार प्रदान करता है।

2. **प्रशासन द्वारा महिलाओ को संरक्षण** - प्रशासन द्वारा समय-समय पर कार्यपालिका को महिलाओ के अधिकारो के संरक्षण व हिंसा के विरूद्ध सुरक्षा के लिए विभिन्न अध्यादेश व कानूनों का विमान किया गया है। प्रशासन ने महिलाओं के संरक्षण के लिए (National and State Commissions) महिला पुलिस थाने, महिलाओ के विरूद्ध अपराधों के लिए सुनवाई हेतु पृथक जांच विभाग की स्थापना।

सरकार द्वारा NGO के साथ मिलकर वन स्टॉप सेंटर पीडित महिलाओं के लिए हॉस्टल व काउंसलिंग की व्यवस्था की गई है। कामकाजी महिलाओं के लिए विभिन्न स्थानों पर सोर्ट होम स्टेगट की भी व्यवस्था की गई है। सरकार द्वारा महिलाओं के आर्थिक विकास हेतु मनरेगा प्रधानमंत्री मातृत्व् वंदना योजना, उज्जावला योजना, लाडली लक्ष्मी योजना, सबला योजना, सुकन्या समृद्धि आदि योजनाओं का संचालन किया जा रहा है। जिनका उद्देश्य महिलाओ को सामजिक, आर्थिक, राजनैतिक सामानता प्रदान करना है।

3. कार्यपालिका द्वारा महिलाओं को संरक्षण – भारतीय कार्यपालिका में महिलाओं के विरूद्ध किये गए विभिन्नत अपराधों व कृत्यों के संदर्भ में विभिन्नय धाराएं बनाई है। जिनका उल्लघंन करने पर दंड का प्रावधान किया गया है।

उक्त धाराएं मुख्य रूप से ये है–

भारतीय दण्ड संहिता के अंतर्गत चिन्हित अपराध :

1. Rape (sec.376 IPC)
2. Kidnapping and abduction for different purposes (sec.363- 373 IPC)
3. Homicide for Dowry, Dowry Deaths of their attempts (sec.302/304- B of IPC)
4. Torture, both mental and physical (sec.498-A of IPC)
5. Molestation (sec.354 of IPC)
6. Sexual harassment (sec. 509 of IPC)
7. Importation of girls (upto 21 years of age) (sec. 366 – B of IPC)

विशेष कानून के अंतर्गत उल्लेखित अपराध:

1. Commission of Sati (Prevention) Act, 1987
2. Dowry Prohibition Act, 1961
3. Indecent Representation of Women (Prohibition) Act, 1986
4. Immoral Traffic (Prevention) Act, 1956
5. Protection of Women from Domestic Violence Act,2005

संदर्भ ग्रंथ सूची :–

1. Ahuja mukesh window new age publisher delhi 1996.
2. Sociological criminology new age publisher new delhi 1966
3. Blumer D, Neuro-psyhtic aspects of voiolent of behivor university of Toronto canda
4. Borland D, marie(ed) violence in the family Manchester university press Manchester 1976
5. Chaoman J.k an gates na Margaret(eds) The victimaztion of women saga publications behverly hills califoria 1976
6. Finkelhor lynn A criminal richarad luxingtion hotaling gareld and stars murrya the dark finkelhor davigells Richard hotaling gerakd and starus murrya the dark side of familes sage publication bevery hills calofion 1983
7. Hiberman E and munson M sixty battred women", victimlogy a international journal vol 1979-78
8. Leonard E.B women crime and society longman new York 1982.
9. Roy mariya ed buttered women A psycho-socialogical study of domestic violence vannostrandrinihold new york1977
10. Singh Awadheh kumar violence against women and chidren serials publication new Delhi 2012.
11. Strimrez S,K ad straus M.A eds violence in the family harper ad row new York
12. Thinking J.R "Alchor and violence in P.G bourne and R.E eds alcoholism progress in reseachand trement Acdemic press new York 1973
13. Wilson Elizbeth what is be done about vilonce against women penguinHammondsworth 1983
14. Wolfgang M.E " violence in the family in l.L kutrash et al. (eds) perpective in murders and aggression john wiley new York 1978

****

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed / Peer Review Research Journal)
RNI No.- MPHIN/2013/60638, ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Scientific Journal Impact Factor (SJIF)- 7.671
April to June 2023, E-Journal, Vol. I, Issue XLII

भारत में विधवा महिलाओं की बदलती सामाजिक दशा

डॉ. राजेश त्रिपाठी* सोनाली सिंह**

* एसोसिएट प्रोफेसर (समाजशास्त्र) महात्मा गाँधी चित्रकूट ग्रामोदय विश्वविद्यालय, चित्रकूट, सतना (म.प्र.) भारत
** शोधार्थी (समाजशास्त्र) महात्मा गाँधी चित्रकूट ग्रामोदय विश्वविद्यालय, चित्रकूट, सतना (म.प्र.) भारत

शोध सारांश – समय-समय पर भारत में विधवा महिलाओं की सामाजिक स्थिति का अध्ययन करना है। विधवा महिलाओं का जीवन अनेकों कठिनाईयों से भरा रहता है। उनके जीवन में उनके पति के देहांत के बाद कोई उमंग, उल्लास और रस नहीं रह जाता है, साथ ही उनसे एक नारी के साधारण अधिकार जैसे- श्रृंगार करना, रंग-बिरंगे कपड़े पहनना, स्वच्छंद मन से जीवन निर्वाह करना भी छीन लिया जाता है। समाज में विधवा महिलाओं का दर्जा निम्न हो जाता है, यहां तक की उन्हें मांगलिक कार्यक्रमों में भी दूर-दूर रखा जाता है, उनसे कोई विशेष कार्य भी नहीं करवाए जाते, उनकी छाया अशुभ समझी जाती है। ऐसे में विधवा स्त्री का जीवन चुनौतीपूर्ण हो जाता है।

आधुनिक समाज से पूर्व और आज के आधुनिक समाज तक विधवाओं की सामाजिक दशाओं और उससे उनकी मानसिक दशा एंव उनके आयामों पर पड़ने वाले प्रभावों का अध्ययन करना।

प्रस्तुत शोध आलेख में द्वितीयक स्त्रोतों का सहारा लिया गया है, इसके अर्न्तगत विधवा महिलाओं पर उपलब्ध अनेक लेखों व कृतियों के आधार पर तथ्य संकलन किया गया है।

शब्द कुंजी – विधवा स्त्री, पुर्नविवाह, चुनौतियां, समाज, सामाजिक दशा, कठिन जीवन।

प्रस्तावना – भारत में महिलाओं की स्थिति सदैव एक समान नहीं रही है, युगानुसार इसमें परिवर्तन होते रहे हैं। वैदिक युग से लेकर आधुनिक युग तक अनेक उतार-चढ़ाव आए हैं, साथ ही महिलाओं के अधिकारों में परिर्वतन भी होते आए हैं। वैदिक युग में स्त्रियों की स्थिति सुदृढ़ थी, परिवार व समाज में उन्हें सम्मान प्राप्त था तथा पुरूषों के साथ बराबर का दर्जा प्राप्त था। मध्य काल के प्रारंभ से महिलाओं के सम्मान का ह्रास होने लगा, यही वह काल है जिसने स्त्रियों के जीवन को नर्क से भी बदतर बना दिया था। मध्य काल से ही भारत में विधवा महिलाओं की स्थिति दयनीय रही है, हमारी धार्मिक मान्यता ऐसी है कि विधवा महिलाओं को अपनी सभी इच्छाओं का गला घोंट कर एक जिंदा लाश की तरह धार्मिक एंव सामाजिक कार्यों में मन लगाते हुए जीवन व्यतीत करना चाहिए। किसी भी शुभ कार्य में विधवा का प्रवेश वर्जित होता है, यदि फिर भी विधवा महिला किसी शुभ कार्य में सम्मिलित हो जाए और कोई अनहोनी हो जाए तो सारा दोष विधवा महिला को दिया जाता है। इतना ही नहीं प्राचीन काल में कई प्रथाएँ भी विधवा महिलाओं के लिए चलन में थी जैसे- सती प्रथा।

सती प्रथा में पति के मरते ही उसकी पत्नी को उसके साथ जिंदा जला दिया जाता था। यह एक अमानवीय प्रथा थी, जिसका विरोध 19 वीं शताब्दी के सामाजिक सुधार आंदोलन में सबसे बड़ा मुद्दा बना। समाज के प्रत्येक व्यक्ति ने इस बात को महसूस किया कि वैधत्व जीवन एक सामाजिक बुराई है और इसे दूर किया जाना चाहिए। विधवाओं की स्थिति में सुधार हेतु प्राथमिक प्रयास राजा राम मोहन रॉय ने किया, इन्होंने ब्रिटिश सरकार को विधवा पुर्नविवाह पर रोक हटाने के लिए याचिका दायर की। इनके प्रयासों के फलस्वरूप धीरे-धीरे भारत के विभिन्न हिस्सों से प्रकाशित पत्र-पत्रिकाओं में विधवा पुर्नविवाह के समर्थन में लेख छपने लगे थे। राम मोहन रॉय ने 'द मार्डन इन्क्रोचमेंच ऑन द एन्सिस्ट राइटस ऑफ फीमेल्स एकार्डिंग टू द हिन्दू लॉ ऑफ इनहेरिटेन्स' नामक निबंध 1822 में लिख कर विधवाओं के दुरूखों की ओर लोगों का ध्यान खींचा। राजा राम मोहन के इस प्रयास को ईश्वर चन्द्र विद्यासागर ने सफल बनाया, उन्होंने विधवा विवाह को हिंदू समाज में स्थान दिलाने का कार्य प्रारंभ किया। उनके प्रयासों द्वारा 1856 में अंग्रेजी सरकार ने विधवा पुर्नविवाह अधिनियम पारित कर इस अमानवीय प्रवृत्ति पर लगाम लगाने की कोशिश की। ईश्वर चन्द्र विद्यासागर ने अपने पुत्र का विवाह भी एक विधवा से ही किया था। ईश्वर चन्द्र विद्यासागर ने एक पुस्तक भी लिखी थी 'हिन्दू विधवा विवाह'।

समाज सुधारकों के अथक प्रयास के बाद भी आज समाज में अंश मात्र ही परिवर्तन हुआ है, अन्यथा विधवाओं की स्थिति अभी भी समाज में सोचनीय है। आज भी विधुर पुरूष की दूसरी शादी तो आसानी से हो जाती है, परन्तु विधवा महिला की दूसरी शादी में खासी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है, कोई भी व्यक्ति या परिवार विधवा महिला को अपनी पत्नी या बहू नहीं बनाना चाहता, यहां तक की विधुर पुरूष भी कुवारी कन्या से ही विवाह करने का इच्छुक होता है। विधवा पुर्नविवाह जैसे उदाहरण आज भी समाज में कम ही देखने को मिलते हैं।इतना ही नहीं विधवाओं की स्थिति यह है कि उन्हें घर तक नसीब नहीं होता पति के मरने के बाद ससुराल वाले (पति के अन्य भाई, चाचा, दादा, आदि) उसके हक में आने वाली सम्पति से उसे अलग करने की जुगत में लग जाते हैं। ताकि उसके हिस्से की सम्पति वे हड़प सके। फिर यदि विधवा स्त्री की संतान बड़ी हो और वो भी लड़का हो तो ही उसका हिस्सा बचा रह पाता है। अतरू सर पर एक छत हो उसके लिए उन्हें दर-बदर भटकना पड़ता है। सैकड़ों विधवाएँ इसका उदाहरण है, जो समाज की मुख्य धारा से दूर एक गुमनाम जिंदगी बिता रही है वृन्दावन और बनारस

में पिछले कई सालों से, इन विधवाओं को उनके परिवार वाले या बेटे हरि दर्शन के नाम पर विधवा आश्रम में छोड़ गए और फिर लौटकर कभी उनका हाल पूछने नहीं आए और यदि कोई विधवा महिला समाज में अपने परिवार के साथ मिल जुल कर रह भी रही है, तो उन्हें व्यंगों ,शंकाओं और गलतफहमियों के दर्दनाक आघात झेलने पड़ते हैं- वह क्या करती है?, कहाँ-कहाँ जाती है?, उसके यहाँ कौन-कौन आता है? कितने पुरूष आते है, उनका विधवा महिला से क्या संबंध है? आदि इन सभी बातों को समाज वाले बढ़ा-चढ़ा कर जरूरत से ज्यादा तूल दे कर उसका जीना दूभर कर देते हैं। तथाकथित समाज के ठेकेदारों का कहना है कि हमारा धर्म, संस्कृति व समाज ही एक विधवा महिला को इन सब की इजाजत नहीं देता कि वह साधारण महिला की भांति जीवन व्यतीत करें व पर-पुरूषों से कोई नाता रखें इसलिए ही हम इन सब चीजों पर नजर रखते हैं। जिससे हमारे आस-पास का सामाजिक वातावरण न खराब हो नहीं तो हमारे बच्चे एंव परिवार के लोग क्या सीखेंगें, इससे समाज में भी गलत संदेश जा सकता है। इतना ही नहीं कुछ संस्कारों में तो विधवा महिला का मुंडन भी किया जाता है। ऐसा करने के पीछे सामाजिक कारण दिया जाता है, कि एक इंसान जितना साधारण होगा, कम आकर्षक होगा उतना ही लोग उस पर कम ध्यान देंगे और एक विधवा को पराए मर्दो से बचा कर रखने के लिए ये सब किया जाता है। एक नारी का श्रंगार उसे चंचल बनाता है, यह उसकी सुंदरता ही होती है, जिसके कारण एक पुरूष उसकी ओर आकर्षित होता है, इसलिए ही एक विधवा स्त्री को श्रंगार विहीन किया जाता है। बात यही तक सीमित नहीं रहती, जिन बच्चों को पाल-पोष कर वह बड़ा करती है, उन्हीं के विवाह में उसकी उपस्थिति अशुभ मानी जाती है क्योंकि वह एक विधवा है। विधवा शब्द उसके माँ होने के अस्तित्व को भी बाधित करता है।

वास्तव में एक विधवा की तड़प को महसूस करना बहुत ही मुश्किल है। विधवा होने पर एक स्त्री से उसके नारी होने का अस्तित्व, पत्नी होने का अस्तित्व, माँ होने का अस्तित्व सब कुछ छिन जाता है, वह एक लक्ष्यविहीन जीवन निंवाह करती है।

विधवा स्त्रियों की वेदनाओं से कवि भी अछूते नहीं रहे, अपनी रचनाओं के माध्यम से उनके निरीह जीवन की व्याख्या की है।

1. साथ जो छूटा प्रिय तुम्हारा,
   समय ने मुझको क्यों मारा,
   रूठा-रूठा सा लगता है,
   अब तो मुझको जग ये सारा,
   तुम बिन जीवन अब है जीना,
   दुरूख ये मेरा क्या कम था ?
   ले गए रंग तुम जीवन के
   कोरा - कोरा तनमन ये था
   जीवन अब भी सबका जीवित
   जीवन मुझको पर वर्जित है ।
2. श्वेत वस्त्र सौगात तुम्हारी,
   मैंने अब इसको पाया है,
   नारी हूँ, मैं नर की जननीं,
   जग ने हाँ इसे भुलाया है,
   खुश होने को दिल है करता,
   सहम-सहम ये फिर है डरता,
   चाह मेरी जो दिख जाए तो,
   जग मुझको थू-थू है करता ।
   क्या अपराध है मेरा ?
   क्या मुझसे पाप हुआ है ?
   तुमको मिलता ब्याह दूजा
   मेरे लिए अभिशाप हुआ है।
3. क्या हक है तुम्हें ऐ ईश्वर
   एक हंसती खेलती जिंदगी को उजाड़ने का
   क्या द्वेष है जो तुम साधते हो
   उस नारी के श्रृंगार को बिगाड़ने का
   जब छीन ही लिया है तुमने
   तो अब प्रश्न क्या शेष है
   उस विधवा के जीवन में
   अब क्या श्वेत वस्त्र ही शेष है ?

ईश्वर चन्द्र विद्यासागर ने जिस आंदोलन की शुरूवात की थी, वह आज भी अपनी निंणायक स्थिति तक नहीं पहुंचा। आज भी समाज में विधवा पुर्नविवाह के प्रति व्यक्तियों की सकारात्मक सोच विकसित करने की आवश्यकता है। हर स्त्री एक ऐसा साथी चाहती है, जिससे वह सु:ख-दु:ख में बेहिचक अपने अंर्तमन की बात कह सके, ऐसा साथी केवल पति हो सकता है। वृद्धावस्था में इंसान अधिक एकाकी हो जाता है, अत: वृद्धावस्था में साथ देने के दृष्टिकोण से भी विधवा विवाह योग्य है। एक जानकारी के मुताबिक 'विश्व विधवा रिपोर्ट 2015' के अनुसार भारत उन देशों में शामिल है, जहाँ विधवाओं के साथ अच्छा व्यवहार बहुत कम होता है तथा उनकी देखभाल ठीक से नहीं की जाती है। हमारे देश में मात्र 18 प्रतिशत विधवाओं की देखभाल अच्छी होती है। तथा 24प्रतिशत विधवाओं की देखभाल का स्तर संतोषजनक है। बाकियों की देखभाल न के बराबर अर्थात बहुत कम होती है या होती ही नहीं है ।

विधवा पुर्नविवाह विरोध के प्रभाव- विधवा पुर्नविवाह न होने का सबसे बड़ा दुष्परिणाम समाज में अनैतिकता का फैलना है। संभोग की इच्छा को तृप्त करने के लिए कोई स्थायी वैध उपाय न होने के कारण विधवाएं अवैध संबंध स्थापित करती है। अपने सम्मान व गरिमा को समाज में बनाए रखने के लिए विधवाएं पर्दे की आड़ में अनैतिक संबंध स्थापित करती है, और यदि गलती से गर्भधारण कर लिया तो बदनामी के डर से गर्भपात कर भ्रूण हत्या कर देती है। आजकल गर्भ निरोधक औषधियों ने इस आचरण को और भी सुलभ व सुविधाजनक बना दिया है। इतना ही नहीं विधवा पुर्नविवाह के विरोध के कारण वैश्यावृत्ति बढ़ रही है। शाब्दिक दृष्टि से भी देखें तो 'रण्डी' शब्द की उत्पत्ति रांड शब्द से हुई है, जो कि विधवा स्त्री के लिए प्रयोग किया जाता है। जब विधवा स्त्री के अनैतिक संबंधों का पता घर-परिवार या समाज को चल जाता है, तो वे इनको घर से निकाल देते हैं। बदनाम, असहाय विधवा के पास वैश्यावृत्ति के अतिरिक्त जीविकोपार्जन का कोई दूसरा रास्ता नहीं रहता। गाँधी जी ने लिखा है कि 'वांछित वैधत्व भंयकर अभिशाप' है। विधवा पुर्नविवाह के निषेध का एक दुष्परिणाम यह भी है कि हिन्दु रहते किसी विधवा को पुर्नविवाह करने की अनुमति कम ही मिलती है, अत: विवाह की इच्छा के कारण स्त्रियां धर्म परिवर्तन कर मुस्लिम या ईसाई बन जाती है।

विधवाओं के लिए सरकार द्वारा किए गए प्रयास- विधवाओं के उत्थान के लिए केन्द्र व राज्य सरकारें समय - समय पर नई-नई योजनाएँ बनाती

रहती है। कई राज्यों ने जहाँ विधवाओं के पुर्नविवाह की योजना बनाई है। वहीं कई राज्यों में उन्हें पेंशन और उनकी बेटी की शादी के लिए सहायता की योजना है। मनरेगा के तहत विधवा महिलाओं की पहचान के भी विशेष प्रावधान किए गए हैं । विधवाओं के लिए सरकारी विधवा आश्रम बनवाए गए हैं काशी- वृन्दावन में ।

1. **इन्दिरा गाँधी राष्ट्रीय विधवा पेंशन योजना –** ग्रामीण विकास मंत्रालय द्वारा लागू इस योजना के तहत विधवाओं को पेंशन देने का प्रावधान हैं।

2. **नारी शक्ति सशक्तिकरण योजना –** इस योजना के माध्यम से सामाजिक न्याय एंव अधिकारिता मंत्रालय विधवाओं के आयसृजन में मदद करता है।

3. **पूर्व सैनिकों की विधवाओं के व्यावसायिक प्रशिक्षण के लिए सहायता–** इस योजना के तहत रक्षा मंत्रालय पूर्व सैनिकों की विधवाओं के व्यवसायिक प्रशिक्षण, विधवाओं की गंभीर बीमारियों के उपचार एंव बेटी के विवाह, विधवा के पुर्नविवाह के लिए वित्तीय सहायता प्रदान करता है ।

4. **विधवा विवाह उपहार योजना–** इस योजना के अर्न्तगत, वर्तमान पेंशन नियमों में हकदार विधवा महिला यदि शादी करती है तो उसे शादी के मौके पर राज्य सरकार की ओर से उपहार स्वरूप 15,000 रू की राशि प्रदान की जाती है।

5. **विधवा पेंशन योजना–** इसके तहत प्रत्येक विधवा को 500 रू की धनराशि दी जाती है।

सुझाव एवं निष्कर्ष– विधवा पुर्नविवाह से कम उम्र में विधवा हुई स्त्रीयों का उद्धार होगा, अनैतिकता का अंत होगा। विधवा स्त्रियों को कामवासनाओं की तृप्ति के लिए छिपकर अनुचित संबंध स्थापित करने की आवश्यकता नहीं पड़ेगी, इससे वे भी पुन: पत्नी और माँ बन सकेंगी, भ्रूणहत्या नहीं होगी, वैश्या नहीं बनेगी, धर्म परिवर्तन नहीं करेंगी, उन्हे पुन: सामान्य स्त्री की भाँति जीवन जीने का अधिकार मिलेगा, स्वंत्रता, सम्मान व समानता मिलेगी।

अत: धर्म की आड़ पर स्त्री की स्वंत्रता पर किए जाने वाले आघात को रोकना होगा, विधवा स्त्री को दो रोटी दो धोती चाहिए इस विचार को त्यागना होगा, धर्म के वास्तविक मूल को जानना होगा। यह आधा–अधूरा धर्म ज्ञान सदैव ही नाश का कारण बना है। रीति–रिवाज इंसान के लिए है न कि इंसान रीति–रिवाज के लिए इस बात को समझते हुए संपूर्ण समाज को एकजुट होकर विधवाओं के न्यायसंगत अधिकार के प्रति जागरूक होना होगा ।

संदर्भ ग्रन्थ सूची:–

1. नारी श्रृंगारिकता नहीं पवित्रता है– भगवती देवी शर्मा
2. नारी को मनुष्य समझा जाए– भगवती देवी शर्मा
3. नारी अतीत से वर्तमान तक– भगवती देवी शर्मा
4. सती प्रथा का यर्थाथ –Joshi, Brahmadatta
5. औरत के हक में– तस्लीमा नसरीन
6. नारी हृदय तथा अन्य कहानियाँ– सुभद्रा कुमारी चौहान
7. Sahityamanjari-com/hindi&Kavita/vidhwa&vivah&by& Sarita -panthi-html
8. https://rajesharya-wordpress-com/tag/vidhvaa&vivaah/
9. https://storymirror-com/read/poem/hindi/ndnke2v7/ vidhvaa&kaa&vivaah/-detail\undefined
10. नारी अतीत से वर्तमान तक– विपुल दुबे, ईश्वर शरण विश्वकर्मा और दिग्विजय नाथ
11. Indian women today& Girija khanna
12. The changing position of Indian women& M- N- Srinivas
13. स्त्री विमर्श और सामाजिक आंदोलन– डॉ. राजनारायण
14. The position of women in hinducivilaization – Anant Sadashiv Altekar
15. Women rights- नागेन्द्र , शैलजा
16. नारी के बदले आयाम– डॉ. राजकुमार
17. नारी शोषण(आइने और आयाम)– आशारानी
18. नारी शोषण– जय प्रकाश, व्यास

****

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed / Peer Review Research Journal)
RNI No.- MPHIN/2013/60638, ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Scientific Journal Impact Factor (SJIF)- 7.671
April to June 2023, E-Journal, Vol. I, Issue XLII

स्वच्छ भारत अभियान का समाजशास्त्रीय अध्ययन

डॉ.राजेश त्रिपाठी* कृष्णपाल सिंह परमार**

* एसोसिएट प्रोफेसर (समाजशास्त्र) महात्मा गाँधी चित्रकूट ग्रामोदय विश्वविद्यालय, चित्रकूट, सतना (म.प्र.) भारत
** शोधार्थी (समाजशास्त्र) महात्मा गाँधी चित्रकूट ग्रामोदय विश्वविद्यालय, चित्रकूट, सतना (म.प्र.) भारत

शोध सारांश – स्वच्छ भारत अभियान भारत सरकार द्वारा देश को किसी भी तरह की गंदगी से पूरी तरह से मुक्त करने के लिए शुरू किया गया एक अभिनव कदम है, जिससे देश का हर कोना स्वच्छ और स्वस्थ हो सके। पहले भी कई जागरूकता कार्यक्रम (जैसे संपूर्ण स्वच्छता अभियान, निर्मल भारत अभियान आदि) पर्यावरणीय स्वच्छता और व्यक्तिगत स्वच्छता के बारे में भारत सरकार द्वारा शुरू किए गए थे।

भारत को स्वच्छ भारत बनाने में यह इतना प्रभावी नहीं हो सका। स्वच्छ भारत मिशन 2 अक्टूबर, 2014 को प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी द्वारा शुरू किया गया था ताकि लोगों से 2019 में उनकी 150 वीं जयंती तक स्वच्छ भारत के महात्मा गाँधी के दृष्टिकोण को पूरा करने का आग्रह किया जा सके। ये अभियान पूरे देश में भारत के 4,000 से अधिक जिलों/कस्बों में चलाए गए। मिशन का उद्देश्य खुले में शौच को खत्म करना, अस्वच्छ शौचालयों को गंदा करना, गंदगी को खत्म करना है। स्वस्थ स्वच्छता अभ्यास के संबंध में लोगों के व्यवहार में परिवर्तन लाने और इन प्राप्त करने में सार्वजनिक भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए मैनूअल स्कैवेंजिंग और उपरोक्त सभी।

प्रस्तावना – स्वच्छ भारत अभियान 2014 में शुरू किया गया एक राष्ट्रव्यापी अभियान था जिसका उद्देश्य शहर कस्बों, शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों की सड़कों, सड़कों और बुनियादी ढांचे को साफ करना था। स्वच्छ भारत अभियान के उद्देश्य में घरेलू और सामुदायिक स्वामित्व वाले शौचालयों के निर्माण के माध्यम से खुले में शौच को खत्म करना और शौचालय के उपयोग की निगरानी के लिए एक जवाबदेह तंत्र स्थापित करना शामिल है। इस मिशन का लक्ष्य 2 अक्टूबर 2019 तक खुले में शौच से मुक्त भारत हासिल करना है, महात्मा गाँधी की 150वीं वर्षगांठ पर 1.96 लाख करोड़ रुपये की परियोजना लागत पर ग्रामीण भारत में 100 मिलियन शौचालयों का निर्माण किया जाएगा। स्वच्छता और स्वच्छता के प्रति जिम्मेदारी की भावना पैदा करके भारत को स्वच्छ, स्वच्छ और हरा-भरा बनाना है।

ऐतिहासिक परिप्रेक्ष्य – स्वच्छ भारत अभियान अभियान, 2 अक्टूबर 2014 को गाँधी जायंती पर शुरू किया गया, जिसका लक्ष्य 2 अक्टूबर 2019 तक खुले में शौच को खत्म करना है।

महात्मा गाँधी के जन्म की 150वीं वर्षगांठ पर ग्रामीण भारत में 90 करोड़ रुपये की परियोजना लागत पर 90 मिलियन शौचालयों का निर्माण किया गया। 1.96 लाख करोड़ (US $27 बिलियन) का राष्ट्रीय अभियान 4,041 वैधानिक शहरों और कस्बों तक फैला हुआ है।

मार्च 2014 में यूनिसेफ इंडिया और भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान द्वारा व्यापक संपूर्ण स्वच्छता अभियान के एक भाग के रूप में आयोजित एक स्वच्छता सम्मेलन में इसकी कल्पना की गई। जो भारत सरकार ने 1999 में लॉन्च किया था।

1 अप्रैल 2000 को संपूर्ण स्वच्छता अभियान (टीएससी) भारत सरकार द्वारा शुरू किया गया था जिसे बाद में नरेंद्र मोदी द्वारा 'निर्मल भारत अभियान' नाम दिया गया। ग्रामीण इलाको में अस्सी कस्बों के एक नियंत्रित यादृच्छिक अध्ययन से पता चला कि टीएससी कार्यक्रम ने शौचालय वाले घरों की संख्या में मामूली वृद्धि की है और खुले में शौच करने वालों की संख्या में मामूली कमी आई है। हालाँकि, बच्चों के स्वास्थ्य पर कोई सुधर नहीं हुआ। इससे पूर्व 'निर्मल भारत अभियान' ग्रामीण स्वच्छता कार्यक्रम अवास्तविक पद्धति से बाधित हुआ। फलस्वरूप, 24 सिंतंबर 2014 को कैबिनेट की मंजूरी से निर्मल भारत अभियान को स्वच्छ भारत अभियान के रूप में पुनर्गठित किया गया।

मुख्य उत्कृष्य इस प्रकार हैं:

1. व्यवहार परिवर्तन से भारत को स्वच्छ बनाना है।
2. स्मार्ट सिटी के विचार को बढ़ावा देना। शहर को साफ-सुथरा होना जरूरी है इससे पहले कि यह स्मार्ट हो जाए।
3. संचारी रोग के बोझ को समाप्त करना।
4. संयुक्त राष्ट्र के एस.डी.जी. लक्ष्य 6 को पूरा करना। सभी के लिए पानी और स्वच्छता की उपलब्धता और टिकाऊ प्रबंधन सुनिश्रित करें।
5. इस बात पर जोर देना कि मन और शरीर स्वच्छ रहें स्वच्छ वातावरण में निवास करें।
6. ग्रामीण क्षेत्रों में पानी की पाइप लाइनों का एक नेटवर्क स्थापित करना, जिससे लोगों को नियमित पानी की आपूर्ति सुनिश्रित हो सके साल 2019।
7. अखिल भारती विद्यालय में लड़कियों और लड़कों के लिए अलग-अलग शौचालयों का निर्माण करना।
8. सभी आंगनबाड़ियों को शौचालय की सुविधा प्रदान करना।
9. 2 अक्टूबर 2019 को भारत खुले में शौच से मुक्त हो गया।
10. अस्वास्थ्यकर शौचालयों को गंदगी भरे शौचालयों में परिवर्तित करना। यह मिशन भारत के स्थल को स्वच्छ बनाने में मदद करेगा, जिससे अधिक लोग आएंगे और देश की वैश्विक छवि में एक आदर्श बदलाव आएगा।

स्वच्छ भारत अभियान का प्रभाव – आजादी के दशकों बाद तक भारत स्वच्छता के अपेक्षित स्तर को प्राप्त करने में असफल। हमें कई स्थानों पर खुले कूड़े के ढेर,बजती नालियां और खुले में शौच होते हुए देखना पड़ता है। इस समस्या को हल करने के लिए भारत सरकार ने 2 अक्टूबर 2014 को अपनी प्रमुख योजना स्वच्छ भारत मिशन शुरू की।

इस अभियान को देश का अब तक का सबसे बड़ा स्वच्छता अभियान कहा गया है। यहां तक कि भारत के राष्ट्रपति की भी इच्छा है कि प्रत्येक भारतीय नागरिक इस अभियान में योगदान दे और सालाना कम से कम 100 घंटे इस अभियान में बिताए। स्वच्छ भारत अभियान का पर्यटकों के स्वास्थ्य पर सकारात्मक प्रभाव पड़ा है, स्वच्छ प्रौद्योगिकी, व्यक्तिगत उत्पादकता, विदेशी प्रत्यक्ष निवेश, पर्यावरण और अन्य। महिलाओं की गरिमा सुनिश्रित करने और खुले में शौच को खत्म करने के लिए शौचालय का त्वरित निर्देश।

1. केंद्र शासित प्रदेशों और 27 राज्यों के 5.48 लाख गांवों को खुले में शौच से मुक्त घोषित किया गया।
2. वर्तमान में स्वच्छता कवरेज 38.70 प्रतिशत से बढ़कर 2014 में 98.82 प्रतिशत ।
3. सिर्फ 5 साल की अवधि में 11 करोड़ 11 लाख से ज्यादा शौचालय बनाए गए है।
4. 254 परियोजनाएं जिनका मूल्य है, 25,500 करोड़ रुपये हैं नमामि गंगे कार्यक्रम के तहत मंजूरी दी गई।
5. महिलाओं की गरिमा सुनिश्चत करने और खुले में शौच को खत्म करने के लिए शौचालय के त्वरित दिर्नेश।
6. 27 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के 5.48 लाख से अधिक गांवों को खुले में शौच से मुक्त घोषित किया गया।
7. स्वच्छता कवरेज 2014 में 38.70 प्रतिशत से बढ़कर वर्तमान में 98.82 प्रतिशत हो गया है।

निष्कर्ष – स्वच्छता अभियान का वास्तव में भारतीय समुदाय, समाज समाज पर बहुत बड़ा प्रभाव पड़ा है। गांव, संस्थागत स्तर पर सफाई के लिए लोग पहल कर रहे हैं। समाज, कॉलोनी, शहर, रेलवे प्लेटफार्म, आदि।

संदर्भ ग्रन्थ सूची :-

1. Choudhary MP, Gupta H Swachh Bharat Mission: A Step Towards Environmental Protection. Research Gate, 2015
2. Evne K. Mission Swachh Bharat Mission and dalit community development in India. International Journal of Creative Research Thoughts. 2014, 2(9).
3. Jangra B, Majra JP, Singh M. Swachh Bharat Abhiyan (clean India Mission): Swot analysis. International Joumal of Community Medicine and Publi Health; 2016!
4. Jain D, Malaiya s, Jain A. Studied that impacts of Swachh Bharat Abhiyan in India. International Journal of Humanities and Social Science Research. 2016,

****

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed/ Peer Review Research Journal)
RNI No.- MPHIN/2013/60638, ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Scientific Journal Impact Factor (SJIF)- 7.671
April to June 2023, E-Journal, Vol. I, Issue XLII

जनशिकायत निवारण में लोकायुक्त की जाँच प्रक्रिया (राजस्थान लोकायुक्त के सन्दर्भ में)

प्रो. वन्दना शर्मा*

* आचार्य (लोक प्रशासन) राजकीय कला महाविद्यालय, कोटा (राज.) भारत

प्रस्तावना – प्रजातंत्र में जनविश्वास को सर्वाधिक ठेस तब पहुँचती है जब उसके निर्णयों से सार्वजनिक हित की अपेक्षा निजी हितों की साधना हो रही प्रतीत हो। वस्तुत: प्रशासनिक सुधार आयोग द्वारा सुझायी गयी लोकपाल एवं लोकायुक्त की योजना, लोगों के मानस में प्रशासन तंत्र द्वारा उत्पन्न किसी भी प्रकार के अन्याय के मुक्ति दिलाते हुए प्रशासन के विधि और न्याय सम्मत कुशल आचरण को प्रतिष्ठित करना रही हैं लोकायुक्त की योजना और इसकी उपस्थिति लोगों को यह विश्वास दिलाने के लिए अपनायी गयी कि जन कल्याण प्रशासन का सर्वोच्च ध्येय है और इस ध्येय से विचलित करने वाले सभी कारकों को रेखांकित कर उन्हें प्रभाव शून्य करना प्रशासनतंत्र की एक निष्ठ प्राथमिकता है। नागरिक जब यह अनुभव करें कि राजनीतिक एवं प्रशासनिक निर्णयों से जनहित प्रभावित हो रहा है तो ऐसे समस्त निर्णयों की समीक्षा करते हुए प्रशासन के प्रति जनविश्वास को बनाये रखने की भूमिका निभाने की अपेक्षा लोकायुक्त से की जाती है। लोकायुक्त लोगों के इन्हीं अभाव अभियोगों को दूर करते हुए प्रशासन के प्रति जन आस्था को बनाए रखने का कार्य करता है।

शब्द कुंजी – अन्वेषण, परिवाद, अभिकथन, अनुग्रह, अन्तर्विष्ट, सच्चारित्रता, परिगणित, संवर्ग, अधिनियम, प्रस्थापित।

शिकायत प्रस्तुतीकरण की प्रक्रिया– अधिनियम यह प्रावधान करता है कि

(क) प्रत्येक शिकायत लोकायुक्त द्वारा विहित किए गए प्रारूप में ही प्रस्तुत की जा सकेगी।

(ख) प्रत्येक शिकायत शपथ पत्र सहित प्रस्तुत की जाने अपेक्षित है।

(ग) प्रत्येक शिकायत के साथ 50 पैसे का न्यायालय फीस स्टाम्प होना अपेक्षित है। लोकायुक्त इस शर्त को अधित्यक्त भी कर सकता है।

(घ) शिकायत लोकायुक्त/उपलोकायुक्त को या लोकायुक्त सचिवालय के सचिव को व्यक्तिश: प्रस्तुत की जा सकती है या इन अधिकारियों को डाक द्वारा भेजी जा सकती है।

शिकायतकर्त्ता व्यक्तियों के सम्बन्ध में अधिनियम यह व्यवस्था भी करता है कि लोकायुक्त/उपलोकायुक्त उन व्यक्तियों के पत्रों को भी शिकायत के रूप में स्वीकार कर सकते हैं, जो किसी व्यक्ति द्वारा पुलिस अभिरक्षा या जेल या विक्षिप्त व्यक्तियों के आश्रय स्थान आदि से लिखे गये हों।

लोकायुक्त द्वारा स्वप्रेरणा से जाँच – लोकायुक्त/उपलोकायुक्त के जाँच का क्षेत्राधिकार केवल उन शिकायतों या अभिकथनों तक ही सीमित नहीं है, जो उनके यहाँ अधिनियम द्वारा विनिश्चित प्रक्रिया से प्रस्तुत किए जाएँ अपितु लोकायुक्त किसी भी लोकसेवक के विरुद्ध स्वप्रेरणा से भी अन्वेषण आरम्भ कर सकता है। इस प्रावधान का निहितार्थ यह है कि राजस्थान का लोकायुक्त न केवल विहित रीति और प्रक्रिया से प्राप्त अभिकथनों का ही अन्वेषण करने के लिए सक्षम है, अपितु यदि अभिकथन योग्य कोई प्रसंग, किसी अन्यथा रीति से अर्थात् पत्र, समाचार पत्र या किसी भी अन्य तरीके से, उसके ध्यान में आ जाता है तो उस मामले में स्वविवेक से अन्वेषण का निर्णय वह ले सकता है। इस प्रावधान का अभिप्राय यह है कि जिस मामले में लोकायुक्त को कोई अभिलिखित परिवाद प्रस्तुत न किया जाये किन्तु वह मामला किसी भी तरीके से उसके ध्यान में आ जाये, और उसे लोकायुक्त अपने कार्याधिकार में जाँच योग्य समझें तो उस पर वे अपनी स्वविवेकीय शक्तियों से निर्णय लेते हुए अन्वेषण का निर्णय ले सकते हैं।

लोकायुक्त की जाँच प्रक्रिया – लोकायुक्त सचिवालय में जो शिकायतें प्राप्त होती हैं उनमें लोकायुक्त एवं उपलोकायुक्त अधिनियम, 1973 के प्रावधानों द्वारा राज्य में लोकायुक्त की निर्धारित अधिकारिता में आने वाले ऐसे लोकसेवकों के विरुद्ध शिकायत अन्तर्विष्ट होती है जिन्होंने अपने लिए या किसी अन्य व्यक्ति के लिए कोई लाभ या अनुग्रह प्राप्त करने या किसी अन्य व्यक्ति को अनुचित तरीके से हानि अथवा कष्ट पहुँचाने के लिए अपनी पदस्थिति का दुरुपयोग किया है या वह लोकसेवक के रूप में अपने कर्त्ताव्यों का निर्वहन करने में वैयक्तिक हित या भ्रष्ट हेतुकों से प्रेरित था, या वह लोकसेवा करते हुए ईमानदारी के मार्ग से पथभ्रष्ट होकर भ्रष्टाचार में लिप्त हो गया।

इस प्रकार लोकायुक्त द्वारा अपने कार्यों के सम्पादन हेतु जो जाँच प्रक्रिया या कार्य प्रक्रिया अपनायी जाती है उसे निम्नांकित चरणों में विभाजित किया जा सकता है–

1. प्रारम्भिक जाँच
2. अधिनियम की धारा 10 के अन्तर्गत अन्वेषण,
3. लोकायुक्त द्वारा, धारा 12 के अन्तर्गत, अधिकारियों को प्रतिवेदन
4. लोकायुक्त के प्रतिवेदन पर तीन माह की अवधि में, सक्षम प्राधिकारियों द्वारा की गयी कार्यवाही का पुनर्प्रतिवेदन,
5. लोकायुक्त द्वारा, राज्यपाल को विशेष प्रतिवेदन और
6. मामले का अंतिम निस्तारण।

लोकायुक्त द्वारा अपनायी जाने वाली कार्य प्रक्रिया के उपर्युक्त सभी

सैद्धान्तिक चरणों का संक्षिप्त विवरण आगामी पंक्तियों में प्रस्तावित हैं–

प्रथम चरण : प्रारम्भिक जाँच –लोकायुक्त सचिवालय में प्राप्त शिकायतों को अन्वेषण के लिए ग्रहण किए जाने से पूर्व अधिनियम लोकायुक्त से यह अपेक्षा करता है कि वे उस शिकायत की इस दृष्टि से प्रारम्भिक जाँच करें कि क्या उसमें कोई ऐसी कार्यवाही अन्तर्गस्त है जिसका अन्वेषण लोकायुक्त द्वारा किया जा सकता है। इस प्रारम्भिक जाँच में लोकायुक्त को इस बात से संतुष्ट हो जाना चाहिए कि शिकायत को अन्वेषण हेतु लिए जाने के पर्याप्त आधार, उसमें विद्यमान है।

इस प्रारम्भिक जाँच में निम्न बिन्दुओं के आधार पर शिकायत की जाँच की जाती है–

(क) क्या वह शिकायत अधिनियम में परिभाषित लोकसवेक के विरुद्ध भ्रष्टाचार या सच्चरित्रता के अभाव या पद के दुरुपयोग या किसी व्यक्ति हो हानि पहुँचाने से सम्बन्धित मामले में की गयी है।

(ख) क्या वह शिकायत अधिनियम में परिगणित लोकसेवक के विरुद्ध की गयी है।

(ग) क्या वह शिकायत ऐसे संव्यवहार के बारे में है जो शिकायत किए जाने से पाँच वर्ष की अवधि का है।

(घ) वह शिकायत जिस व्यक्ति द्वारा की गयी है वह गुमनाम तो नहीं है।

(च) क्या वह शिकायत लोकसेवक से भिन्न व्यक्तियों द्वारा की गयी है क्योंकि अधिनियम द्वारा लोकसेवकों को शिकायत करने से वंचित किया गया है।

(छ) शिकायत अन्य विभागों या अभिकरणों को भेजी गयी शिकायत की प्रतिलिपि मात्र तो नहीं है।

(झ) शिकायत की प्रकृति ऐसी तो नहीं है जिसके लिए शिकायतकर्ता को अन्य उपचार उपलब्ध थे और परिस्थितियों को देखते हुए शिकायतकर्त्ता के लिए उन अपचारों का लाभ प्राप्त करना अधिक उचित था।

(ट) प्रस्तुत शिकायत अधिनियम की धारा 8 के प्रावधानों से असंगत तो नहीं है। अधिनियम की धारा 8 में उन मामलों का उल्लेख किया गया है जिनमें लोकायुक्त या उपलोकायुक्त द्वारा कोई अन्वेषण नहीं किया जा सकता। इस धारा का उल्लेख पूर्व में 'अधिकारिता का निषेध' उप शीर्षक के अन्तर्गत किया जा चुका है।

(ठ) शिकायत विहित प्रारूप और शपथपत्र सहित प्रस्तुत की गयी है या नहीं।

(ड) शिकायत उन संवैधानिक प्राधिकारियों के विरुद्ध तो नहीं की गयी है जिन्हें अधिनियम द्वारा लोकायुक्त व उपलोकायुक्त की कार्य परिधि से पृथक् रखा गया है। इन प्राधिकारियों का विवरण भी पूर्व में लोकायुक्त की 'अधिकारिता का निषेध' उपशीर्षक के अन्तर्गत दिया जा चुका है।

लोकायुक्त सचिवालय में प्राप्त समस्त शिकायतों की संवीक्षा उपर्युक्त वर्णित आधारों पर की जाती है। प्रारम्भिक जाँच की इस संवीक्षात्मक कार्यवाही में लोकायुक्त सचिवालय के प्राधिकृत अधिकारी उपर्युक्त बिन्दुओं पर संतुष्ट होने पर ही विचाराधीन मामले को अन्वेषण के लिए चुनते हैं। इनका निहितार्थ यह भी है कि यदि प्राप्त शिकायते उपर्युक्त में से किसी भी मापदण्ड से उपयुक्त न पायी जाये तो उन शिकायतों को प्रथम दृष्टया ही निरस्त किया जा सकता है।

प्रारम्भिक जाँच की इस प्रक्रिया में जिन शिकायतों में व्यक्त अन्तर्कथन जाँच के लिए उपयुक्त पाये जाते हैं उन्हें लोकायुक्त की कार्यप्रक्रिया के दूसरे चरण, धारा 10 के अन्तर्गत अन्वेषण के लिए चुन लिया जाता है।

द्वितीय चरण : अधिनियम की धारा 10 के अधीन अन्वेषण– लोकायुक्त सचिवालय में प्राप्त किसी शिकायत की प्रारम्भिक जाँच के पश्चात, उसमें अन्तर्विष्ट आरोप यदि प्रमाणित प्रतीत होते हो और अन्वेषण प्रारम्भ करने के लिए पर्याप्त आधार दृष्टिगोचर होते हों तो अधिनियम की धारा 10 (1) के अन्तर्गत ऐसे लोकसेवकों के विरुद्ध अन्वेषण प्रारम्भ कर दिया जाता है। अधिनियम की धारा (10) के इस अन्वेषण प्रक्रिया के संबंध में कतिपय प्रावधानों का यथारूप उल्लेख यहाँ प्रासंगिक प्रतीत होता है।

धारा 10 (1) यहाँ लोकायुक्त या उपलोकायुक्त (ऐसी प्रारम्भिक जाँच करने के पश्चात् जो वह ठीक समझे) इस अधिनियम के अधीन कोई अन्वेषण करना प्रस्थापित करता है, तो वह,

(क) उस शिकायत की प्रतिलिपि, या किसी ऐसे अन्वेषण की दशा में जो वह स्वप्रेरणा से करना प्रस्थापित करे, उनके लिए आधारों का एक विवरण, सम्बन्धित लोकसेवक को और संबंधित सक्षम प्राधिकारी को भेजेगा।

(ख) सम्बन्धित लोकसेवक को उस शिकायत या विवरण पर अपनी टिप्पणियाँ प्रस्तुत करने का अवसर प्रदान करेगा, और

(ग) अन्वेषण से सुसंगत दस्तावेजों की सुरक्षित अभिरक्षा के संबंध में ऐसे आदेश दे सकेगा जो वह उचित समझे।

धारा 10 के अन्तर्गत किए जा रहे इस अन्वेषण की प्रक्रिया के क्रम में भी यदि अन्वेषणकर्त्ता प्राधिकारी यह अनुभव करें कि शिकायत तुच्छ है, या सद्भावनापूर्वक नहीं की गयी है, या किसी को तंग करने के लिए की गयी है, या अन्वेषण को जारी रखने के लिए पर्याप्त आधार नहीं रह गए है, या शिकायतकर्त्ता के लिए अन्य ऐसे उपचार उपलब्ध हैं जो मामले की परिस्थितियों को देखते हुए शिकायतकर्त्ता के लिए अधिक उचित होंगे, तो इन परिस्थितियों में वह अन्वेषण करना बंद कर सकता है। अन्वेषणकर्त्ता प्राधिकारी के इस निर्णय के प्रभावरूप वह शिकायत समाप्त समझी जायेगी, किन्तु ऐसे प्रसंग में लोकायुक्त या उपलोकायुक्त या उनके द्वारा प्राधिकृत वह अधिकारी जो इस प्रकार का निर्णय लेगा, अपने निर्णय के कारण अभिलिखित करते हुए शिकायतकर्त्ता तथा सम्बन्धित लोकसेवक को उस आशय की सूचना देगा।

तृतीय चरण : अधिनियम की धारा 12 के अन्तर्गत लोकायुक्त द्वारा सक्षम प्राधिकारी को प्रतिवेदन – लोकायुक्त सचिवालय की कार्य प्रक्रिया में, अधिनियम की धारा 10 के अन्तर्गत, जब आरोपी लोकसेवक या लोकसेवकों के विरुद्ध लोकायुक्त/उपलोकायुक्त या उनके द्वारा प्राधिकृत अधिकारियों द्वारा अन्वेषण का कार्य पूर्ण कर लिया जाता है और अन्वेषणकर्ता) उपर्युक्त वर्णित दो में किसी एक निष्कर्ष पर पहुँच जाता है तो कार्य प्रक्रिया का यह तीसरा चरण आरम्भ होता है।

अधिनियम की धारा 12, लोकायुक्त सचिवालय की कार्य प्रक्रिया के इस चरण का स्रोत है। यह धारा प्रावधान करती है कि किसी लोकसेवक के विरुद्ध की गयी शिकायत अन्वेषण के पश्चात् लोकायुक्त या उपलोकायुक्त की राय में पूर्णत: या अंशत: सिद्ध हो जाती है तो उस लोकसेवक के विरुद्ध प्रस्तावित कार्यवाही के अपने निष्कर्ष, जाँच में प्रयुक्त दस्तावेजों, सामग्री तथा साक्ष्य के लिखित प्रतिवेदन सहित, लोकायुक्त द्वारा सक्षम प्राधिकारी को भेजे जायेंगे।

यहाँ पर उल्लेखनीय है कि सम्बन्धित मामले की जाँच व अन्वेषण की प्रक्रिया पूर्ण होने पर लोकायुक्त, उपलोकायुक्त या उनके द्वारा प्राधिकृत अधिकारी आरोपी कर्मचारी की दोषसिद्धि की प्रकृति को देखते हुए उसके विरुद्ध की जाने वाली अनुशासनात्मक कार्यवाही की अपनी अनुशंसा शासन के उस सक्षम प्राधिकारी को करते हैं जो उस आरोपी कर्मचारी के विरुद्ध अनुशासनिक कार्यवाही के लिए सक्षम होता है। यदि दोष सिद्ध हो जाता है तो उस मामले में प्राय: सम्बन्धित विभाग और सक्षम प्राधिकारी को उस कर्मचारी के विरुद्ध विभागीय जाँच की प्रक्रिया आरम्भ कर उसके निष्कर्षों के अनुरूप अनुशासनात्मक कार्यवाही करने की अपेक्षा साधारणतया की जाती है। कतिपय मामलों में स्पष्ट अनुशासनात्मक कार्यवाहियों की अनुशंसा भी की जा सकती है।

चतुर्थ चरण : सक्षम प्राधिकारियों द्वारा की गयी कार्यवाही का तीन माह की अवधि में लोकायुक्त को प्रतिवेदन – लोकायुक्त की कार्यप्रक्रिया या अन्वेषण प्रक्रिया के तीसरे चरण के अन्त में जब आरोपी कर्मचारी के सक्षम प्राधिकारी को उसके विरुद्ध की जाने वाली कार्यवाही की अनुशंसा का प्रतिवेदन भेजा जाता है तो इस कार्यालय की कार्यप्रक्रिया के चतुर्थ चरण का आरम्भ होता है। लोकायुक्त द्वारा अधिनियम की धारा 12 (1) के अन्तर्गत प्राप्त इस प्रतिवेदन के बारे में सक्षम अधिकारियों के लिए भी उनकी कार्यवाहियों को विनियमित करने वाले निर्देश अधिनियम में दिए गए हैं। इन निर्देशों में कहा गया है कि सक्षम प्राधिकारी, धारा 12 की उपधारा (1) के अधीन लोकायुक्त द्वारा उसे भेजे गए ! प्रतिवेदन की परीक्षा करेगा और प्रतिवेदन की प्राप्ति की तिथि से तीन माह की अवधि में लोकायुक्त को, प्रतिवेदन के आधार पर की गयी या की जाने के लिए प्रस्थापित कार्यवाही की सूचना देगा।

अधिनियम के इस प्रावधान की भावना के अनुरूप सक्षम प्राधिकारियों से, आरोपी कर्मचारी के नियोजक होने के नाते, यह अपेक्षा की जाती है कि यदि लोकायुक्त द्वारा भेजे गए प्रतिवेदन में उस कर्मचारी पर लगाए गए आरोप सिद्ध हो गए हैं और आरोपी कर्मचारी पर कार्यवाही की स्पष्ट अनुशंसा लोकायुक्त के प्रतिवेदन में की गयी है, तो उस कर्मचारी के विरुद्ध सुझायी गयी अनुशासनात्मक कार्यवाही की प्रक्रिया तीन माह में आरम्भ कर उसकी प्रतिसूचना लोकायुक्त को वे प्रेषित करेंगे।

पंचम चरण : लोकायुक्त द्वारा राज्यपाल को विशेष प्रतिवेदन – लोकायुक्त की कार्यप्रक्रिया के चतुर्थ चरण के दो परिणाम हो सकते हैं। प्रथमत: सक्षम प्राधिकारी, लोकायुक्त के प्रतिवेदन में सुझायी गयी कार्यवाही के अनुरूप की गयी या की जाने के लिए प्रस्थापित कार्यवाही की प्रतिसूचना विधि द्वारा निर्धारित तीन माह की अवधि में लोकायुक्त को दे देगा।

यदि लोकायुक्त को अपने द्वारा सुझायी गई अनुशंसा या निष्कर्षों पर सक्षम प्राधिकारी द्वारा की गयी या की जाने के लिए प्रस्थावित कार्यवाही से संतोष हो जाए तो वह शिकायतकर्त्ता, संबंधित लोकसेवक तथा सक्षम प्राधिकारी को सूचित करते हुए मामले को बन्द कर सकेगा। किन्तु, जहाँ सक्षम प्राधिकारी द्वारा, तीन माह की निर्धारित अवधि में की गयी या प्रस्तावित की जाने वाली कार्यवाही की सूचना लोकायुक्त को न मिले, या सक्षम प्राधिकारी द्वारा की गयी या की जाने वाली कार्यवाही से लोकायुक्त को संतोष न हो, तो द्वितीयत: लोकायुक्त उस मामले में राज्यपाल को उसके बारे में एक विशेष प्रतिवेदन भेज सकेगा तथा सम्बन्धित शिकायतकर्त्ता को भी उसकी सूचना दे सकेगा।

अंतिम चरण : मामले का समापन और वार्षिक प्रतिवेदन – जनशिकायत निवारण तंत्र लोकायुक्त की कार्यप्रक्रिया समाप्त होने पर उससे यह अपेक्षा की जाती है कि अधिनियम के अधीन अपने कृत्यों के सम्पादन के सम्बन्ध में वे एक सम्मिलित प्रतिवेदन, प्रतिवर्ष राज्यपाल को प्रस्तुत करें। राज्यपाल, उन्हें प्राप्त वार्षिक प्रतिवेदन या विशेष प्रतिवेदन की प्रतिलिपि, स्पष्टीकारक ज्ञापन सहित, राज्य विधानमण्डल के सदन के समक्ष रखवायेंगे।

वार्षिक प्रतिवेदन में लोकायुक्त व उपलोकायुक्त वर्षभर में प्राप्त शिकायतों में प्रारम्भिक जाँच व उसमें निरस्त, उनकी संख्या तथा आँकड़ों तथा अन्वेषण के लिये चुनी गयी शिकायतों व अन्वेषण के उपरान्त प्राधिकारियों को भेजे गए प्रतिवेदन और अपनी अनुशंसाओं सहित, सक्षम प्राधिकारियों द्वारा भेजी गई कार्यवाही के प्रतिवेदन सहित समस्त तथ्यों का विवरण प्रस्तुत करते हैं। यह प्रतिवेदन राज्यपाल के माधयम से राज्य की विधायिका में विचार-विमर्श का विषय होता है।

यहाँ यह भी उल्लेखनीय है कि इस प्रतिवेदन में लोकायुक्त यह भी अंकित करते हैं कि सक्षम प्राधिकारियों द्वारा, उनके द्वारा अधिनियम की धारा 2 (1) के अन्तर्गत भेजे गए प्रतिवेदन के प्रत्युत्तर में क्या कार्यवाही की गयी है। प्रतिवेदन में यह विवरण भी सम्मिलित होता है। कि अधिनियम की धारा 12 (2) के अनुसरण में सक्षम प्राधिकारियों द्वारा तीन माह की अवधि में की गयी कार्यवाही के परिणामस्वरूप, कितने मामलों में लोकायुक्त का समाधान हो गया है और उन्हें अन्तत: बन्द कर दिया गया तथा किन मामलों में उसका समाधान नहीं हुआ और उनके सम्बन्ध में राज्यपाल को धारा 12 (3) के अन्तर्गत विशेष प्रतिवेदन भेजा गया, इस प्रकार उपर्युक्त विभिन्न चरणों में राज्य का लोकायुक्त अपनी कार्यवाही का निष्पादन करता है।

सन्दर्भ ग्रन्थ सूची :-

1. राजस्थान लोकायुक्त एवं उपलोकायुक्त अधिनियम, 1973 धारा (2)
2. जी.बी.शर्मा, 'इम्लीमेन्टेशन ऑफ औम्बुड्समैन प्लान इन इण्डिया' (नयी दिल्ली-एशियन पब्लिशिंग हाउस)
3. डॉनाल्ट सी. रॉवट, 'द ऑम्बुड्समैन', (लन्दन :जार्ज एलन एण्ड अनविन लि. 1966)
4. एम.पी.जैन,'लोकपाल: ऑम्बुड्समैन इन इन्डिया' (नयी दिल्ली : ए एकेडमिक बुक लि. 1970)
5. डी. आर. सक्सेना, ऑम्बुडसमैन (लोकपाल) नयी दिल्ली : दीप एण्ड दीप प्रकाशन, 1987

****

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed / Peer Review Research Journal)
RNI No.- MPHIN/2013/60638, ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Scientific Journal Impact Factor (SJIF)- 7.671
April to June 2023, E-Journal, Vol. I, Issue XLII

Citizenship Amendment Act (CAA) and Contemporary India

Dr. Arvind Sirohi*

***Assistant Professor (Cont.) Department of Sociology C.C.S.University Campus, Meerut (U.P.) INDIA**

Introduction - India has been a rich civilization. India is a secular, sovereign and peace-loving country. Perhaps it is the only country in the world that has justified the slogan of 'Unity in diversity'. Perhaps this is why citizens of many countries want Indian citizenship.Therefore it is a novel effort to protect those who are prosecuted in its neighborhood. However, the methods must be in accordance with the spirit of the Constitution. The Citizenship Amendment Bill (CAA Bill) was first introduced in 2016 inLokSabha by amending the Citizenship Act of 1955. This bill was referred to a Joint Parliamentary Committee, whose report was later submitted on January 7, 2019. The Citizenship Amendment Bill was passed on January 8, 2019, by the LokSabha which lapsed with the dissolution of the 16th LokSabha. This Bill was introduced again on 9 December 2019 by the Minister of Home Affairs Amit Shah in the 17th LokSabha and was later passed on 10 December 2019. The RajyaSabha also passed the bill on 11th December. The CAA was passed to provide Indian citizenship to the illegal migrants who entered India on or before 31st December 2014. The Act was passed for migrants of six different religions such as Hindus, Sikhs, Buddhists, Jains, Parsis, and Christians from Afghanistan, Bangladesh, and Pakistan. Any individual will be considered eligible for this act if he/she has resided in India during the last 12 months and for 11 of the previous 14 years. For the specified class of illegal migrants, the number of years of residency has been relaxed from 11 years to five years.It exempts the members of the six communities from any criminal case under the **Foreigners Act, 1946 and the Passport Act, 1920.** The Citizenship Amendment Bill was tabled in the LokSabha's winter session. Subsequently, the bill was passed with a majority of 125 MPs voting in favors of it. The bill soon after its passing was heavily debated and ultimately led to widespread protests in many parts of the country. Many activists and international human rights organizations too have played a big part in these protests and have heavily condemned the Indian government's response to these.

What is CAA: The Citizenship Amendment Act 2019 has put religion as a pre-requisite qualification if someone is desirous to apply for Indian citizenship which is purely a violation of the basic ethos of the constitution. The idea of India as envisioned by the framers of the Indian constitution as a democratic, secular, and socialist state and anything that contrary to its basic structure is unconstitutional. The contentious legislation whether unconstitutional or not needs to be examined through the prism of constitutional law and fundamental norms of human rights.According to Citizenship Amendment Act 2019, people will be considered citizens of India from the date they enter India and will not consider criminals according to their foreign and passports acts.

1. CAA 2019 will exempt all these people from any illegal case due to illegal immigration under the foreign and passport act, which has provisions to punish illegal immigrants.
2. Foreign and passport act specifies the punishment for an illegal immigrant who illegally migrated.
3. It is important to note that the Citizenship Amendment Act 2019 does not apply to people living in tribal areas like Meghalaya and Tripura or other tribal or backward areas.
4. The Citizenship Amendment Act 2019 also reduces the qualifying length of the residency phase in the country for all such migrants as covered in the ACT not less than 11 years to not less than five years.
5. The Citizenship Amendment Act 2019 also has a provision whereby the government can cancel the Overseas Citizen of India card of individuals on the grounds of violation of any laws for a major or minor offence.
6. The Citizenship Amendment Bill, 1955 describes 5 conditions for obtaining citizenship of India, such as

i. Citizenship by Birth
ii. Citizenship by Descent
iii. Citizenship by Registration
iv. Citizenship by Naturalization
v. Citizenship by incorporation of territory

Features of CAA 2019

1. The Act seeks to amend the Citizenship Act, 1955 to

make Hindu, Sikh, Buddhist, Jain, Parsi, and Christian illegal migrants from Afghanistan, Bangladesh, and Pakistan, eligible for citizenship of India. In other words, the Act intends to make it easier for persecuted people from India's neighbouring countries to become citizens of India.

2. The legislation applies to those who were "forced or compelled to seek shelter in India due to persecution on the ground of religion". It aims to protect such people from proceedings of illegal migration.

The amendment relaxes the requirement of naturalization from 11 years to 5 years as a specific condition for applicants belonging to these six religions.

The cut-off date for citizenship is December 31, 2014, which means the applicant should have entered India on or before that date.

The Act says that on acquiring citizenship:

Such persons shall be deemed to be citizens of India from the date of their entry into India, and

All legal proceedings against them in respect of their illegal migration or citizenship will be closed.

It also says people holding Overseas Citizen of India (OCI) cards – an immigration status permitting a foreign citizen of Indian origin to live and work in India indefinitely – can lose their status if they violate local laws for major and minor offences and violations.

Citizenship in India: The Indian Constitution implemented in 1950 guaranteed citizenship to all of the country's residents at the commencement of the constitution, and made no distinction on the basis of religion. In 1955, the Indian government passed the Citizenship Act, by which all people born in India subject to some limitations were accorded citizenship. The Act also provided two means for foreigners to acquire Indian citizenship. People from "undivided India" were given a means of registration after seven years of residency in India. Those from other countries were given a means of naturalization after twelve years of residency in India.

1. Citizenship defines the relationship between the nation and the people who constitute the nation.
2. It confers upon an individual certain rights such as protection by the state, right to vote, and right to hold certain public offices, among others, in return for the fulfillment of certain duties/obligations owed by the individual to the state.
3. The Constitution of India provides for single citizenship for the whole of India.
4. Under Article 11 of the Indian Constitution, Parliament has the power to regulate the right of citizenship by law. Accordingly, the parliament had passed the Citizenship act of 1955 to provide for the acquisition and determination of Indian Citizenship.
5. Entry 17, List 1 under the Seventh Schedule speaks about Citizenship, naturalization, and aliens. Thus, Parliament has exclusive power to legislate with respect to citizenship.
6. Until 1987, to be eligible for Indian citizenship, it was sufficient for a person to be born in India. Then, spurred by the populist movements alleging massive illegal migrations from Bangladesh, citizenship laws were first amended to additionally require that at least one parent should be Indian.

In 2004, the law was further amended to prescribe that not just one parent be Indian; but the other should not be an illegal immigrant.

CAA in India: Before the CAA came into effect, it was mandatory for these illegal migrants to remain in the country for at least 11 years to be able to apply for citizenship. The CAA has now reduced this period of residency to 5 years. The CAA does not apply to those areas which fall under the Sixth Schedule of the Constitution, i.e., the tribal areas of Tripura, Assam, Meghalaya, and Mizoram, in states like Arunachal Pradesh, Mizoram, and Nagaland, the Inner Permit regime is also excluded from the Act. is kept. The Citizenship Amendment Act will not apply to the tribal areas of Tripura, Assam, Meghalaya, and Mizoram, as these areas come under the Sixth Schedule of the Constitution. Mizoram, Arunachal Pradesh and Nagaland will also be excluded from the CAA as these states have an Inner Line Permit regime.

Protest against CAA: Major opposition parties led protests against the CAA. He pointed out that the act was discriminatory and un-restful as immigrants from Muslim communities were excluded from the list of beneficiaries. The Government of India clarified that the Act proposed to provide relief to oppressed minorities in the Islamic countries of Pakistan, Bangladesh, and Afghanistan. Since Muslims do not fall under the category of oppressed communities there, the Act does not cover them. Major opposition parties led protests against the CAA. He pointed out that the act was discriminatory and unrestful as immigrants from Muslim communities were excluded from the list of beneficiaries.

The Government of India clarified that the Act proposed to provide relief to oppressed minorities in the Islamic countries of Pakistan, Bangladesh, and Afghanistan. Since Muslims do not fall under the category of oppressed communities there, the Act does not cover them. There have widespread protests across the country including the national capital region and northeastern states against the CAA amendment. The protest in Assam and other northeastern states turned violent over fears that the move will cause a loss of their "political rights, culture and land rights" and motivate further migration from Bangladesh. The agitator says that new amendment in Citizenship Act discriminates against Muslims and violates the right to equality enshrined in the Constitution of the country. Sects like Shias and Ahmed is also face persecution in Muslim-majority countries like Pakistan but is not included in the CAA. Questions were also raised on the exclusion of persecuted religious minorities from other regions such as

Tibet, Sri Lanka and Myanmar.

Conclusion: There were also widespread protests in the northeastern states of India. The protesters are of the opinion that these illegal immigrants will break the economic, social and political fabric of the northeastern states. They can also be a threat to the employment opportunities of residents living in these areas. Its objectives and reasons clearly stated that such refugees who have entered India before 31 December 2014 need special statutory arrangements for their citizenship-related subjects. The Ministry of Home Affairs has not yet notified the rules that will make the Act operational. There are several petitions against the Act which are to be heard in the Supreme Court in January 2020.

References:-

1. ministry Of Home Affairs Notification S.O. 172(E) . *The Gazette of India*. 10 January 2020. Retrieved 10 August 2020.
2. Citizenship Amendment Act comes into effect from today as MHA issues notification. *The Indian Express*. 10 January 2020.
3. Gringlas, Sam. India Passes Controversial Citizenship Bill That Would Exclude Muslims.
4. From CAA to Art 370 Abrogation: 5 of Modigovt's boldest moves. *Free Press Journal. 20 December 2020*. Retrieved 2 January 2020.
5. SangeetaBarooahPisharoty (2019). Assam: The Accord, the Discord. Penguin. pp. 1–14, Chapters: Introduction, 2, 9, 10. ISBN 978-93-5305-622-3.
6. MihikaPoddar (2018), The Citizenship (Amendment) Bill 2016:international law on religion-based discrimination and naturalisation law, Indian Law Review, 2(1), 108–118.
7. NirajaGopalJayal (2019), Reconfiguring Citizenship in ContemporaryIndia, Journal of South Asian Studies, 42(1), p. 37.
8. Srivastava, Praveen Ranjan; Eachempati, Prajwal (1 September 2021). Gauging Opinions about the Citizenship Amendment Act and NRC: A Twitter Analysis Approach. *Journal of Global Information Management (JGIM)*. 29 (5): 176–193.
9. Gillan, Michael (2007), Refugees or infiltrators? The BharatiyaJanata Party and "illegal" migration from Bangladesh, *Asian Studies Review*, 26 (1): 73–95

****

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed / Peer Review Research Journal)
RNI No.- MPHIN/2013/60638, ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Scientific Journal Impact Factor (SJIF)- 7.671
April to June 2023, E-Journal, Vol. I, Issue XLII

Banking Services Usage in Urban and Rural Areas

Priyanka Barod* Dr. Rakesh Mathur**

***Research Scholar, Vikram University, Ujjain (M.P.) INDIA**
****Professor, Swami Vivekanand Govt. Commerce College, Ratlam (M.P.) INDIA**

Abstract - Financial Inclusions has been one of the "most critical factors in the context of growth, including sustainable development in developing countries such as India. In our country, the Reserve Bank of India (RBI) has established a monetary policy aimed at providing affordable banking services to both the poorest and least paid parties. RBI has been instrumental in developing rural areas along with urban areas since independence. It is committed to provide overall, all-encompassing financial growth of people at large. It has been rightly said that India lies in its villages, so including rural area residents in ambit of financial development is of utmost importance for overall development of economy and its people. For a number of reasons, banking services are available mainly in urban areas, but the rural areas of India are not well covered. The motive of present study is to know the frequency of usage of banking services by its urban and rural customers.
Key words: Financial growth, banking services, rural areas, Reserve Bank of India, Financial Inclusion.

Introduction - Services play an extremely essential role in political, economic and social aspects. It is not possible to imagine people's life without personal, government, business, financial and other services. Banking industry in India has come a long way from the time when banks used to be mere deposit-taking and money-lending institutions. The aim of the bankers at that time was maximum profits with minimum risk. 'Class banking' and not 'mass banking' was the motto of the people managing the banks.

The nationalisation of banks in 1969 and then in 1980, aimed to bring every citizen of the country into the ambit of financial inclusion. That area where banking sector was unable to reach and serve was given priority for financial development. Carrying forward this aim, RBI and Govt. of India consciously emphasized on financial inclusion of all irrespective of their caste, creed, language, religion and region. As far as region is concerned, there are still many areas of the country which are waiting for the showers of financial assistance for their survival and development. Our country comprises both urban and rural dwellers and development of both areas and its people is necessary for complete development of our country. Public and Private sector banks attract their clients with many-years of experience, good reputation, reliability and safety of bank services and operation. Such banks use effective strategies to achieve the customer satisfaction. The aim of the present research paper is to understand the frequency of usage of banking services by urban and rural customers.

Literature Review

The role of services in people's life is great. All services are performed for a customer, called to provide his life with comfort, satisfying his needs. A study conducted aims to find out how services play a major role in banking sector (in rural and urban areas) influences customers and affects the level of customer satisfaction. It found that consumers' trust of the banking system and its services is most important factor for their attitude, while demographic variables are less important factors towards customers' attitude. It suggests that banks should provide innovative creating new products or services and marketing strategies to increase e-banking services.

Objectives Of The Study : The objective of the present research paper is to find out the frequency of usage of banking services by the customers residing in rural and urban areas.

Body Of The Paper: Services In Banks: Numerous functions of a bank predetermined the presence of range of services to its consumers. It is possible to differentiate the following principal services. First, it accepts deposits: many people prefer saving their money in banks. This function helps people to earn interests and avoid theft. The presence of different types of accounts allow banks to attract clients' savings: fixed (money is deposited for a fixed period of time; the rate of interest is high), current (serves businessmen and traders to make payments every day, making them pay incidental charges for a service), saving (encourages and mobilizes small savings with a low rate of interest; the number and amount of withdrawals is limited), recurring (encourages regular savings with interest of maturity of depositions; a rate of interest is relatively high),

home safe (promotes saving habits under a special scheme), etc.

Second, a client may take advantage of loans, becoming debtor of a lending bank. However, loans are granted by a bank, depending on the creditworthiness of the borrowers (depends on clients yearly income). Among various types of loans, there are the following ones: money at call (a short period loan, provided for banks and other financial institutions), cash credit (given to a borrower against his current assets, and allows to withdraw money from time to time), overdraft (a borrower is allowed to withdraw more money than his deposits), discounting of bills of exchange (a popular and self-liquidating loan that gives an opportunity to pay the bill with the help of bank commission), and term loans (medium- and long-term loan that allow the amount to be either paid or credited to the borrower's account; it must be repaid. Promoting cheque system is the other bank service that became popular in the age of business transactions: "through a cheque, the depositor directs the banker to make payment to the payee".

6. जायसवाल, निशा (2019)'धर्मनिरपेक्षता : भारतीय सन्दर्भ, इण्डियन जर्नलसाइंस एण्ड पॉलिटिक्स', पृ. 63-66
7. सुखिया, एस.पी. (1990) शैक्षिक अनुसंधान के मूल तत्व. आगरा: विनोद पुस्तक मन्दिर।

****

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed/ Peer Review Research Journal)
RNI No.- MPHIN/2013/60638, ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Scientific Journal Impact Factor (SJIF)- 7.671
April to June 2023, E-Journal, Vol. I, Issue XLII

उच्च माध्यमिक स्तर के विद्यार्थियों के आत्म-सम्प्रत्यय सामाजिक व्यवहार, उपलब्धि अभिप्रेरणा एवं अभिभावक शैली के सम्बन्ध में अध्ययन

डॉ. राजेश शर्मा* सीमा कुमारी**

* एसोसिएट प्रोफेसर (शिक्षा) टांटिया विश्वविद्यालय, श्री गंगानगर (राज.)भारत
** पी.एच.डी. शोद्यार्थी (शिक्षा) टांटिया विश्वविद्यालय, श्री गंगानगर (राज.) भारत

शोध सारांश – प्रस्तुत शोध मे उच्च माध्यमिक स्तर के विद्यार्थियों के आत्म-सम्प्रत्यय सामाजिक व्यवहार, उपलब्धि अभिप्रेरणा एवं अभिभावक शैली के सम्बन्ध का अध्ययन किया गया हैं। अध्ययन में प्राप्त आंकडों के आधार पर निष्कर्ष प्राप्त किये गए है। यह अध्ययन राजस्थान के जयपुर एवं टोंक जिले के उच्च माध्यमिक स्तर के कुल 600 विद्यार्थियों पर किया गया है। इस हेतु आत्म-सम्प्रत्यय रेटिंग स्केल (प्रतिभा देव), सामाजिक व्यवहार मापनी (एम.सी. जोशी एवं जगदीश पाण्डेय) व उपलब्धि अभिप्रेरणा मापनी (टी. आर. शर्मा) तथा अभिभावक शैली मापनी (आर. एल. भारद्धाज) द्धारा निर्मित उपकरणों का उपयोग किया गया है। निष्कर्ष रूप में पाया गया कि माध्यमिक स्तर के विद्यार्थियों के आत्म-सम्प्रत्यय सामाजिक व्यवहार, उपलब्धि अभिप्रेरणा एवं अभिभावक शैली में सार्थक सहसम्बन्ध पाया गया।

शब्द कुंजी –विद्यार्थी, आत्म-सम्प्रत्यय सामाजिक व्यवहार, उपलब्धि अभिप्रेरणा अभिभावक शैली।

प्रस्तावना – वर्तमान में एकल-परिवारों की संख्या में तीव्र वृद्धि(हो रही है। माता एवं पिता दोनों ही व्यवसायरत रहने लगे हैं। बच्चों को अभिभावकों से जितने प्रेम, स्नेह और समय की आवश्यकता होती है, वह उन्हें पर्याप्त रूप से नही मिल पा रहा है। बच्चों में अकेलापन और निराशा बढ़ती जा रही है। अध्ययन संबंधी चिताएं और अभिभावकों की उच्च अपेक्षाएं उनके व्यक्तित्व को प्रभावित कर रही हैं। सोशल-मीडिया का बढ़ता प्रभाव, खेल हेतु कम समय, अभिभावकों की अनुपलब्धता, वीडियो गेम, टीवी, आदि ऐसे कारक हो गए हैं जिन्होंने बच्चों को उनकी एक अलग दुनिया में समेट दिया है, बच्चों का व्यवहार भी सामान्य नहीं रह गया है, बच्चे या तो बहुत आक्रामक हो गए हैं या फिर बिल्कुल एकान्तप्रिय, खानपान संबंधी आदतें भी बदल गयी हैं। बच्चों के आत्म-संप्रत्यय एवं सामाजिक व्यवहार पर भी इसका बहुत प्रभाव पड़ा है।

अभिभावकों द्धारा दिया गया व्यवहार सम्बन्धी प्रशिक्षण बच्चों के सामाजिक व्यवहार को दिशा प्रदान करता है। बच्चे सर्वाधिक अपने अभिभावकों के व्यवहार का अनुगमन करते हैं।

सामाजिक व्यवहार के इस प्रशिक्षण की सफलता की पुष्टि बालक के अभिभावकों द्धारा प्राप्त प्रतिक्रियात्मक व्यवहार से होती है, इस प्रकार बालक के सामाजिक व्यवहार पर अभिभावक-शैली का सार्थक प्रभाव पड़ता है। माता-पिता द्धारा नकारात्मक प्रतिपुष्टि बालक को अपने सामाजिक व्यवहार को सही करने की प्रेरणा देती है एवं सकारात्मक प्रतिपुष्टि उसके व्यवहार को और अधिक पुष्ट करने की प्रेरणा देती है।

बच्चों के आत्म-संप्रत्यय पर अभिभावकों के पालन-पोषण के तरीकों का भी प्रभाव पड़ता है। आत्म-संप्रत्यय एवं अभिभावक शैली पर किये गए अध्ययन में ज्ञात हुआ कि अभिभावक-शैली विद्यार्थियों के आत्म-संप्रत्यय को प्रभावित करने वाला एक सार्थक कारक है। उच्च-माध्यमिक स्तर की शिक्षा उच्च-शिक्षा का आधार होती है, उच्च-कोटि एवं गुणवत्ता की शिक्षा प्राप्त करने हेतु बालक को प्रतियोगी स्वरूप धारण करना पड़ता है। केवल अभिभावक ही बालक के आन्तरिक मन को पढ़ कर समय एवं आवश्यकता के अनुसार मार्गदर्शन एवं सहयोग प्रदान कर सकते हैं। प्रत्येक अभिभावक की अपने बच्चों के साथ अंत:क्रिया शैली भिन्न होती है। प्रत्येक शैली बालक के विकास को भिन्न रूप से प्रभावित करती है, बालक की आकांक्षाओं को दिशा प्रदान करती है, बालक की प्रेरणा का आधार बनती है और समायोजन क्षमता का भिन्न-भिन्न रूप से विकास करती है।

अभिभावकों की लालन-पालन की शैली बच्चों के विकास पर सार्थक प्रभाव डालती है। बच्चों के शैक्षणिक विकास एवं उपलब्धियों पर उनके माता-पिता द्धारा इस क्षेत्र में उन्हें दिये गये सम्बलन एवं सहयोग की महती भूमिका रहती है जो अभिभावक अपने बच्चों की शैक्षणिक एवं अन्य आवश्यकताओं का ध्यान रखते हैं एवं उन्हें समय-समय पर आवश्यक संसाधन, सहायता, मार्गदर्शन एवं संबल प्रदान करते हैं उनके बच्चों का शैक्षणिक स्तर उच्च रहता है एवं जो अभिभावक अपने बच्चों को कठोर नियंत्रण में रखते हैं, उनके बच्चों का शैक्षणिक स्तर अपेक्षाकृत कमजोर रहता है तथा वे विभिन्न मानसिक समस्याओं से पीड़ित रहते हैं। विभिन्न परिस्थितियों में अभिभावकों को बच्चों की समस्याओं को सहानुभूति एवं बुद्धिमत्तापूर्वक समझने एवं आवश्यकतानुसार उन्हें प्रोत्साहित एवं प्रेरित करने की आवश्यकता होती है, किन्तु अनेक कारणों से अभिभावक विभ्रम की अवस्था में रहते हैं कि बच्चों को कितनी स्वतंत्रता दी जाये?, बच्चों को कितनी छूट दी जाये? बच्चों के किन कृत्यों को नजरंदाज किया जाये? बच्चों को कितने अधिकार एवं स्वायत्ताता दी जाये आदि। किसी भी अन्य सामाजिक कारक की तुलना में बच्चों के समायोजन का स्तर निर्भर करता है कि उनके अभिभावक उनके साथ किस प्रकार से अन्त:क्रिया करते हैं।

देश में अनेक ऐसी घटनाएँ हुयी हैं जिनमे किशोरवय बालक-बालिका किसी ना किसी अपराधा में लिप्त पाए गए हैं। इनमे से अनेक बालक-बालिका

समाज के उच्च शिक्षित एवं संपन्न वर्ग के भी हैं। ऐसे में प्रश्न यह उठता है कि तमाम सुख-सुविधाओं के होते हुए भी ये बालक-बालिका इतने आक्रामक क्यों हैं? इन्हें अपने आत्म-सम्मान, आत्म-गौरव एवं आत्म-संप्रत्यय की परवाह क्यों नहीं है? शोधकर्त्री के मन में इन घटनाओं को पढ़कर यह विचार आता है कि क्या इन सबके पीछे किसी विशिष्ट अभिभावक शैली का प्रभाव है? क्या कोई अभिभावक शैली बच्चों को उपलब्धि प्राप्त करने हेतु प्रेरित या हतोत्साहित कर सकती है? क्या कोई अभिभावक शैली बच्चों के व्यवहार को नियंत्रित एवं मार्गदर्शित कर सकती है? बालक एवं बालिकाओं हेतु कौन सी अभिभावक शैली उपयुक्त है और कौन सी नहीं? क्या बच्चों का आत्म संप्रत्यय अभिभावक शैली से किसी प्रकार से सम्बंधित है? इन प्रश्नों का उत्तर प्राप्त करने हेतु प्रस्तुत शोध कार्य औचित्यपूर्ण एवं तार्किक है।

प्रस्तुत शोध का महत्व – अभिभावकों की प्रेरणा बच्चों की उपलब्धि अभिप्रेरणा का आधार होती है। अब्भिभावकों का सहयोग, मार्गदर्शन एवं संबलन बच्चों को प्रोत्साहित करता है एवं उन्हें नवीन चुनौतियों का सामना करने हेतु स्फूर्ति प्रदान करता है। वर्तमान युग में प्रत्येक अभिभावक अपने बच्चों को श्रेष्ठ पद पर देखना चाहता है। इस प्रकार की उच्च अपेक्षाएं अभिभावकों को बच्चों पर अकादमिक दबाव डालने हेतु बाध्य कर देती हैं, बच्चों पर निरन्तर उपलब्धि स्तर को बढ़ाने का दबाव रहता है। विद्यार्थी की अपनीनासमझी अथवा अभिभावकों के प्रति प्यार एवं समर्पण के कारण इस दबाव में उलझते चले जाते हैं, अनेक बार छोटी-छोटी सफलताओं से प्रेरित होकर वे स्वयं से भी उच्च उपलब्धि प्राप्त करने की अपेक्षा करने लगते हैं, किन्तु उपलब्धि प्राप्त करने की यह अपेक्षा चाहे आन्तरिक हो अथवा बाह्य, बिना अभिप्रेरणा के विद्यार्थी इन अपेक्षाओं के दबाव को सहन नहीं कर पाता है। भारतीय अभिभावक यह तो समझते हैं कि विद्यार्थी के चहुँमुखी विकास हेतु शिक्षा अत्यन्त आवश्यक है किन्तु फिर भी वे अभी तक यह तय कर पाने में स्वयं को अक्षम पाते हैं कि उन्हें उनके बच्चों के लिये कैसी और किस प्रकार की शिक्षा की व्यवस्था करनी चाहिए ?

विद्यार्थियों कीअधिकांश समस्याएं व्यवहारगत, समायोजन, उपलब्धि, अध्ययन, भावी जीवन, व्यवसाय एवं आत्म-विश्वास से सम्बन्धित होती है। अपने इन्हीं अनुभवों के आधार पर शोधकर्त्री के मन में विचार आया कि सभी बच्चे अलग-अलग परिस्थितियों में पलते-बढ़ते हैं तो इनमें से अधिकांश तनाव की अवस्था में क्यों रहते हैं? इनकी उपलब्धि-अभिप्रेरणा और सामाजिक-व्यवहार की समस्याएं दिन-प्रतिदिन बढ़ती क्यों जा रही है ? क्या इसमें अभिभावकों की भी कोई भूमिका है? क्या अभिभावकों के लालन-पालन की शैली बच्चों पर कोई प्रभाव डालती है। इन्हीं जिज्ञासाओं के समाधान हेतु यह शोध कार्य करने का प्रयत्न किया गया।

अभिभावकों की अंत:क्रिया शैली विद्यार्थियों के व्यवहार, आत्म-सम्प्रत्यय एवं उपलब्धि-अभिप्रेरणा में महत्वपूर्ण भूमिका का निर्वाह करती है। यह व्यवहार व्यक्तिगत एवं सामूहिक दोनों ही प्रकार का होता है। विद्यार्थी के व्यक्तित्व पर सर्वाधिक प्रभाव अभिभावकों की अंत:क्रिया शैली का ही पड़ता है। अन्य प्रभावक कारक इतने सशक्त नहीं होते जितने कि पारिवारिक अथवा अभिभावक जन्य होते हैं। विद्यार्थी की तात्कालिक समस्या का समाधान अभिभावक ही भली प्रकार से कर सकते हैं, अधिकांश बार अभिभावक अपने बच्चों की समस्याओं को बिना बताये ही समझ जाते हैं। बच्चों का अपने अभिभावकों से आत्मिक सम्बन्ध होता है। इस कारण अभिभावकों की ओर से आया हुआ अकादमिक दबाव अन्य स्त्रोतों से आये हुए दबाव की अपेक्षा अधिक सार्थक होता है। इसी कारण तनाव की अवस्था में बच्चें को अपने अभिभावकों का समर्थन आवश्यक होता है। अभिभावकों द्वारा की जाने वाली प्रशंसा अथवा निंदा बच्चे की उपलब्धि-अभिप्रेरणा से सम्बन्ध रखती है। ऐसे में यह विचार प्रमुखता से उठता है कि अभिभावकों के प्रत्यक्ष संरक्षण में रहने के बाद भी विद्यार्थी इस प्रकार की मनोवैज्ञानिक समस्याओं से क्यों प्रभावित हो जाते हैं ? प्रस्तुत शोध कार्य विभिन्न अभिभावक-शैलियों के विद्यार्थियों के आत्मसम्प्रत्यय, उपलब्धि-अभिप्रेरणा एवं सामाजिक-व्यवहार एवं उपलब्धि-अभिप्रेरणा के मध्य सम्बन्ध का अध्ययन करने हेतु किया गया है।

समस्या कथन – 'उच्च माध्यमिक स्तर के विद्यार्थियों के आत्म-सम्प्रत्यय सामाजिक व्यवहार, उपलब्धि अभिप्रेरणा एवं अभिभावक शैली के सम्बन्ध में अध्ययन'

शोध शीर्षक में प्रयुक्त शब्दों का परिभाषीकरण

आत्म-संप्रत्यय – आत्म-संप्रत्यय व्यक्ति के स्वयं के बारे में विश्वासों का संग्रह है। प्रस्तुत शोध कार्य में आत्म-संप्रत्यय से तात्पर्य उच्च-माध्यमिक स्तर के विद्यार्थियों का स्वयं के प्रति विश्वास से है।

सामाजिक व्यवहार – सामाजिक व्यवहार एक ही प्रजाति के दो या अधिक व्यक्तियों के मध्य व्यवहार है। समाज शास्त्र के अन्तर्गत सामाजिक-व्यवहार का अध्ययन समाज की उत्पत्ति, विकास, संगठन और संस्था के अर्थ में किया जाता है। समाज शास्त्र के अन्तर्गत हुए विभिन्न शोध कार्यों से ज्ञात होता है कि मनुष्य सहित समस्त प्राणी अपनी प्रजाति के अन्य प्राणियों के साथ एक विशिष्ट प्रकार का समान व्यवहार करते हैं। यह व्यवहार उनका सामाजिक व्यवहार कहलाता है।

सामाजिक व्यवहार दो या दो से अधिक जीवों के मध्य अंत:क्रिया है। सामान्यत: यह एक ही प्रजाति के जीवों के मध्य होती है। सामाजिक व्यवहार अनेक माध्यमों प्रदर्शित होता है जिनमे शाब्दिक एवं अशाब्दिक क्रियाएं सम्मिलित हैं। प्रस्तुत शोधकार्य में सामाजिक व्यव्हार से तात्पर्य उच्च प्राथमिक स्तर के विद्यार्थियों द्वारा समाज के सदस्यों के साथ किये जाने वाले व्यवहार से है।

उपलब्धि-अभिप्रेरणा – उपलब्धि-अभिप्रेरणा से तात्पर्य उस प्रेरक स्थिति से है जो परिश्रम और जीवन शक्ति के साथ निरंतर रूप से लक्ष्य की ओर उन्मुख करती है एवं जो चुनौतीपूर्ण एवं कठिन कार्यों को करने तथा फलस्वरूप व्यक्ति में उपलब्धि प्राप्त करने की भावना को सुद्रढ़ करती है।प्रस्तुत शोधकार्य में उपलब्धि अभिप्रेरणा से तात्पर्य उच्च प्राथमिक स्तर के विद्यार्थियों की शैक्षिक उपलब्धि से सम्बन्धी अभिप्रेरणा से है।

अभिभावक-शैली – प्रत्येक अभिभावक अपने बच्चों के साथ भिन्न प्रकार से अन्त:क्रिया करते है जिसके आधार पर वे अपने बच्चों को मार्गदर्शन प्रदान करते है। बालक अभिभावक के मध्य इसी सम्बन्ध का तात्पर्य अभिभावक-शैली से है।

अध्ययन के उद्देश्य :-

1. उच्च माध्यमिक विद्यालय के विद्यार्थियों में आत्म-सम्प्रत्यय एवं अभिभावक शैली के मध्य सहसम्बन्ध का अध्ययन करना।
2. उच्च माध्यमिक विद्यालय के विद्यार्थियों में उपलब्धि अभिप्रेरणा एवं अभिभावक शैली के मध्य सहसम्बन्ध का अध्ययन करना।
3. उच्च माध्यमिक विद्यालय के विद्यार्थियों में सामाजिक व्यवहार एवं

अभिभावक शैली के मध्य सहसम्बन्ध का अध्ययन करना।

अध्ययन की परिकपनाएँ :-

1. उच्च माध्यमिक विद्यालय के विद्यार्थियों में आत्म-सम्प्रत्यय एवं अभिभावक शैली में सार्थक सहसम्बन्ध है।
2. उच्च माध्यमिक विद्यालय के विद्यार्थियों में उपलब्धि अभिप्रेरणा एवं अभिभावक शैली में सार्थक सहसम्बन्ध है।
3. उच्च माध्यमिक विद्यालय के विद्यार्थियों में सामाजिक व्यवहार एवं अभिभावक शैली में सार्थक सहसम्बन्ध है।

न्यादर्श :-प्रस्तुत शोध में न्यादर्श के रूप में राजस्थान के जयपुर एवं टोंक जिले उच्च माध्यमिक विद्यालय के कुल 600 विद्यार्थियों को यादृच्छिक विधि से चयनित किया गया है,

शोध में प्रयुक्त उपकरण :-

1. आत्म-सम्प्रत्यय रेटिंग स्केल (प्रतिभा देव)
2. सामाजिक व्यवहार मापनी (एम.सी. जोशी एवं जगदीश पाण्डेय)
3. उपलब्धि अभिप्रेरणा मापनी (टी. आर. शर्मा)
4. अभिभावक शैली मापनी (आर. एल. भारद्वाज)

प्रदत्तों का विश्लेषण व विवेचन -

1. उच्च माध्यमिक विद्यालय के विद्यार्थियों में आत्म-सम्प्रत्यय एवं अभिभावक शैली में सार्थक सहसम्बन्ध है।

सारणी संख्या - 1

चर	संख्या	मध्यमान	प्रमाप विचलन	सह सम्बन्ध	सार्थकता का स्तर
आत्म-सम्प्रत्यय	600	243.98	18.271	0.058	स्वीकृत
अभिभावक शैली	600	295.57	11.252		

व्याख्या :- परिकल्पना संख्या 1 के अनुसार उच्च माध्यमिक विद्यालय के विद्यार्थियों में आत्म-सम्प्रत्यय एवं अभिभावक शैली सम्बन्धी दत्तों का विश्लेषण किया गया जिसमे गणना के आधार पर सहसम्बन्ध गुणांक त का मान 0.058 प्राप्त हुआ जो कि सार्थकता के स्तर .01 पर सार्थक है अत: शोधकर्त्ता द्वारा निर्मित परिकल्पना उच्च माध्यमिक विद्यालय के विद्यार्थियों में आत्म-सम्प्रत्यय एवं अभिभावक शैली में कोई सार्थक सहसम्बन्ध नहीं है, स्वीकृत की जाती है । अत: निष्कर्ष रुप में कहा जा सकता है कि उच्च माध्यमिक विद्यालय के विद्यार्थियों में आत्म-सम्प्रत्यय एवं अभिभावक शैली में सार्थक सहसम्बन्ध पाया गया।

2. उच्च माध्यमिक विद्यालय के विद्यार्थियों में उपलब्धि अभिप्रेरणा एवं अभिभावक शैली में सार्थक सहसम्बन्ध है।

सारणी संख्या - 2

चर	संख्या	मध्यमान	प्रमाप विचलन	सह सम्बन्ध	सार्थकता का स्तर
उपलब्धि अभिप्रेरणा	600	24.78	9.038	0.074	स्वीकृत
अभिभावक शैली	600	295.57	11.252		

परिकल्पना संख्या 2 के अनुसार उच्च माध्यमिक विद्यालय के विद्यार्थियों में उपलब्धि अभिप्रेरणा एवं अभिभावक शैली सम्बन्धी दत्तों का विश्लेषण किया गया जिसमे गणना के आधार पर सहसम्बन्ध गुणांक त का मान 0.074 प्राप्त हुआ जो कि सार्थकता के स्तर .01 पर सार्थक है अत: शोधकर्त्ता द्वारा निर्मित परिकल्पना उच्च माध्यमिक विद्यालय के विद्यार्थियों में उपलब्धि अभिप्रेरणा एवं अभिभावक शैली में कोई सार्थक सहसम्बन्ध नहीं है, स्वीकृत की जाती है। अत: निष्कर्ष रुप में कहा जा सकता है कि उच्च माध्यमिक विद्यालय के विद्यार्थियों में उपलब्धि अभिप्रेरणा एवं अभिभावक शैली में सार्थक सहसम्बन्ध पाया गया।

3 उच्च माध्यमिक विद्यालय के विद्यार्थियों में सामाजिक व्यवहार एवं अभिभावक शैली में सार्थक सहसम्बन्ध है।

सारणी संख्या - 3

चर	संख्या	मध्यमान	प्रमाप विचलन	सह सम्बन्ध	सार्थकता का स्तर
सामाजिक व्यवहार	600	131.40	14.688	0.062	स्वीकृत
अभिभावक शैली	600	295.57	11.252		

परिकल्पना संख्या 3 के अनुसार उच्च माध्यमिक विद्यालय के विद्यार्थियों में सामाजिक व्यवहार एवं अभिभावक शैली सम्बन्धी दत्तों का विश्लेषण किया गया जिसमे गणना के आधार पर सहसम्बन्ध गुणांक त का मान 0.062 प्राप्त हुआ जो कि सार्थकता के स्तर .01 पर सार्थक है अत: शोधकर्त्ता द्वारा निर्मित परिकल्पना उच्च माध्यमिक विद्यालय के विद्यार्थियों में सामाजिक व्यवहार एवं अभिभावक शैली में कोई सार्थक सहसम्बन्ध नहीं हैं स्वीकृत की जाती है। अत: निष्कर्ष रुप में कहा जा सकता है कि उच्च माध्यमिक विद्यालय के विद्यार्थियों में सामाजिक व्यवहार एवं अभिभावक शैली में सार्थक सहसम्बन्ध पाया गया।

शैक्षिक सुझाव :-

1. अभिभावक, समाज के सदस्य एवं परामर्शदाता अस्वीकृतिक केन्द्रित, अनुत्तरदायित्व, उपेक्षा केन्द्रित, आदर्श अपेक्षा केन्द्रित, उदार मानक केन्द्रित, स्वतंत्रता केन्द्रित, त्रुटिपूर्ण भूमिका अपेक्षा केन्द्रित एवं वैवाहिक द्वंद्व केन्द्रित अभिभावक शैलियों से न केवल स्वयं दूर रहेंगे अपितु समाज के अन्य अभिभावकों को इन अभिभावक शैलियों को न अपनाने हेतु प्रेरित करेंगे।
2. अभिभावक, समाज के सदस्य एवं परामर्शदाता स्वीकृति केन्द्रित, संरक्षात्मक केन्द्रित, अनुग्रह केन्द्रित, यथार्थवादिता केन्द्रित, नैतिकता केन्द्रित, अनुशासन केन्द्रित, यथार्थवादी अपेक्षा केन्द्रित एवं वैवाहिक समायोजन केन्द्रित अभिभावक शैलियों को न केवल स्वयं अपनायेंगे अपितु समाज के अन्य अभिभावकों को इस हेतु प्रेरित करेंगे।

भावी शोध हेतु सुझाव :

1. विभिन्न अभिभावक शैलियों का अन्य व्यक्तित्व विशेषकों, शैक्षिक उपलब्धि एवं व्यावसायिक सफलता के सन्दर्भ में अध्ययन किया जा सकता है।
2. विभिन्न अभिभावक शैलियों का विद्यार्थियों के जीवन पर पड़ने वाले प्रभाव का दीर्घावधि अध्ययन किया जा सकता है।

संदर्भ ग्रंथ सूची :-

1. ओझा ' छात्रों की उपलब्धि प्रेरणा का माता पिता के साथ व्यवहार के साथ सम्बन्ध का अध्ययन, एम. बी. बुच सर्वे आफ रिसर्च इन एजूकेशन विस्तार'
2. कुमारी, पी. (2009)'सामाजिक व्यवहार पर सामाजिक-सांस्कृतिक के प्रभाव का अध्ययन' इंडियन जर्नल ऑफ साइकोमैट्रिक एंड एजुकेशन, 40;182- 136-140
3. डॉ. शर्मा, वी. एस. 'शिक्षा मनोविज्ञान' साहित्य प्रकाशन आगरा

(2004)

4. डॉ. अरोड़ा रीता, सुदेश मारवाह (2005) 'शिक्षा मनो विज्ञान एवं सांख्यिकी' शिक्षा प्रकाशन जयपुर पृष्ठ संख्या (407–430)
5. राय कामेश्वर कान्त (1989) :- 'उच्च माध्यमिक विद्यालयों के विद्यार्थियों की अधिगम शैली, चिन्ता, आत्मप्रत्यय, उपलब्धि, अभिप्रेरणा, अकादमिक संप्राप्ति का अध्ययन।'
6. सिन्हा, रश्मि एवं अहमद, सरफराज़ (2007), अनुदानित एवं निजी उच्चतर माधयमिक विद्यालय के विद्यार्थियों की शैक्षिक उपलब्धि प्रेरणा का तुलनात्मक अध्ययन, भारतीय शिक्षा शोध पत्रिका, अंक 26 (2007)
7. सुखिया, एस.पी. (1990) 'शैक्षिक अनुसंधान के मूल तत्व' आगरा: विनोद पुस्तक मन्दिर।

****

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed/ Peer Review Research Journal)
RNI No.- MPHIN/2013/60638, ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Scientific Journal Impact Factor (SJIF)- 7.671
April to June 2023, E-Journal, Vol. I, Issue XLII

डी. एल.एड. प्रशिक्षित शिक्षकों की शिक्षक प्रभावशीलता, सुविधास्तर, स्वधारणा एवं कार्यात्मक मूल्यों का अध्ययन

डॉ. किरन गिल* विजेता जैन**

* सहायक प्रोफेसर (शिक्षा) टांटिया विश्वविद्यालय, श्री गंगानगर (राज.)भारत
** पी.एच.डी. शोद्यार्थी (शिक्षा) टांटिया विश्वविद्यालय, श्री गंगानगर (राज.) भारत

शोध सारांश – प्रस्तुत शोध मे डी. एल.एड. प्रशिक्षित शिक्षकों की शिक्षक प्रभावशीलता, सुविधास्तर, स्वधारणा एवं कार्यात्मक मूल्यों का अध्ययन का अध्ययन किया गया हैं। अध्ययन में प्राप्त आंकडों के आधार पर निष्कर्ष प्राप्त किये गए है। यह अध्ययन राजस्थान के जयपुर एवं टोंक जिले के कुल 600 डी. एल.एड. प्रशिक्षित शिक्षकों पर किया गया है। इस हेतु शिक्षक प्रभावशीलता मापनी (डॉ. प्रमोद कुमार एवं डॉ. डी.एन. मुथा), सुविधास्तर मापनी (प्रो. के.जी. शर्मा), स्व–धारणा (डॉ. आशा शर्मा एवं डॉ. श्रीकान्त मौर्य) एवं कार्यात्मक मूल्य प्रश्नावली (डॉ. सीमा संघी) का उपकरणों का उपयोग किया गया है। निष्कर्ष रूप में पाया गया कि डी. एल.एड. प्रशिक्षित शिक्षकों की शिक्षक प्रभावशीलता, सुविधास्तर, स्वधारणा एवं कार्यात्मक मूल्यों समान है।

शब्द कुंजी – डी. एल.एड. प्रशिक्षित शिक्षक, शिक्षक प्रभावशीलता, सुविधास्तर, स्वधारणा एवं कार्यात्मक मूल्य।

प्रस्तावना – आज हमारे यहॉ अध्यापक व छात्रों को निर्धारित पाठ्यक्रम के अनुसार शिक्षा भी देते हैं किन्तु सबसे महत्वपूर्ण बात जीवन निर्माण का व्यावहारिक शिक्षण आज नहीं हो पा रहा है। आज गुरू–शिष्य की तरह शिक्षक और छात्रों को सम्बन्ध पहले जैसे नहीं रहे। केवल कुछ अक्षरीय ज्ञान दे देने, एक निश्चित समय तक कक्षा में उपस्थित रहकर कुछ पढा देने के बाद शिक्षक का कार्य समाप्त हो जाता है तथा व्याख्यान सुनने के बाद विद्यार्थी भी मुक्त हो जाता है।

किसी भी युग में शिक्षा, शिक्षक और शिक्षा नीति पर राष्ट्रीय परम्परा, राष्ट्रीय प्रतिभा तथा राष्ट्र की परिस्थिति के सम्बन्ध में विचार होता आया है। इसका कारण है कि किसी भी राष्ट्र के बहुमुखी विकास के लिए चरित्रवान, नैतिक गुण सम्पन्न नागरिक सबसे अधिक महत्वपूर्ण होते हैं। सभ्य और सुसंस्कृत नागरिकों के निर्माण का दायित्व शिक्षा पर है, क्योंकि मानव के सन्तुलित और सर्वांगीण विकास में शिक्षा की भूमिका अत्यन्त महत्वपूर्ण है। मानव समाज भारतीय संस्कृति को सहेजे हुए है। इसमें काल और स्थानगत भेदों को आत्मसात करने की अपूर्व क्षमता है। इसकी संस्कृति और सभ्यता में वृद्धि महान शिक्षकों के समय–समय पर दिए गए उपदेशों की व्यवहारिकता से होती रही है। अत: आज भी समाज निर्माण उत्थान एवं विकास में शिक्षक समाज का विशेष महत्व है।

वर्तमान भौतिकवादी समाज की जागरूकता आज कार्यरत शिक्षकों तक ही सीमित है। यदि हम सेवारत् शिक्षकों की मनोदशा तथा उनकी समस्याओं को जानना चाहते हैं तो हमें सबसे पहले अध्यापक प्रशिक्षण पर प्रकाश डालना होगा। राष्ट्र का विकास मानवीय सत्ता में परिष्कार के द्वारा होता है। यह परिष्कार दक्ष शिक्षकों के द्वारा किया जाता है। परिष्कार की प्रवृत्ति सामाजिक क्षेत्र में सहायता और आंतरिक क्षेत्र में संस्कृति कहलाती है। शिक्षक एक कलाकार की तरह सजीव मूर्तियों को सुगढ़ बनाता है। उसका यह श्रम और मनोयोग का नियोजन सृजनात्मक प्रयोजनों के लिए होता है, जिससे नागरिकों की कुसंस्कारिता, असामाजिकता, विकृत चिन्तन, आदि विकारों में शनै: शनै: परिवर्तन होता है। वह समाज की संस्कृति एवं परम्पराओं की सामयिक व्याख्या, रक्षा और प्रसार करता है। शिक्षक ही शिक्षा के माध्यम से राज्य और समाज के बीच संतुलन स्थापित करता है। किसी राष्ट्र की गरिमा उसकी शिक्षा पति के ऊपर निर्भर करती है, और शिक्षा प(ति उसके गुणी शिक्षकों पर। शिक्षक राष्ट्र रूपी गाड़ी में पहिये की धरी के समान कार्य करता है। इसलिए मानव विकास से लेकर आज तक मानव समाज उसका ऋणी बना हुआ है।

विश्व के बदलते परिप्रेक्ष्य और संक्रमणकालीन मूल्य विहीनता को देखते हुए शिक्षा के क्षेत्र में अध्यापकों के मूल्य, शिक्षण प्रभावशीलता, सुविधास्तर स्तर आदि के परस्पर संबंधो की चर्चा ज्वलंत बनी हुई है। यह आवश्यक नहीं है कि जितने भी व्यक्ति शिक्षण व्यवसाय से जुडे हैं, वह सभी इस धारणा से ओत–प्रोत हों कि शिक्षण प्रक्रिया समाज की सबसे बड़ी सेवा है, बल्कि कुछ ऐसे भी व्यक्ति होते हैं जो कि अपने अभीष्ट लक्ष्य को न प्राप्त कर सकने की स्थिति में जीवन–निर्वाह हेतु इस व्यवसाय को अंगीकार कर लेते हैं। ऐसे ही शिक्षक प्राय: अपने कार्य में सफल एवं प्रभावपूर्ण नहीं होत हैं। वर्तमान समय में समस्त शिक्षा वैज्ञानिक शिक्षण में सुधार की आवश्यकता पर बल देते हैं, इसलिए इस सन्दर्भ में ऐसे शिक्षकों की आवश्यकता है जिनकी अध्यापन क्षेत्र में ही आगे बढ़ने की प्रवृनि हो।

इस बात से प्रभावित होकर विगत दणकों में यह जानने का प्रयास किया गया है कि किस प्रकार के व्यक्तित्व वाले शिक्षक अच्छा और प्रभावणाली शिक्षण करते हैं। इन अध्ययनों से ऐसे अध्यापकों की पहचान हो जाय तो निश्चित रूप से छात्रों को अधिगम के लिए उत्प्रेरित किया जा सकता है। इन अध्ययनों से ऐसे अध्यापकों के व्यक्तित्व–तत्वों व विशेषताओं की जानकारी भी की जा सकती है जो कक्षा में अच्छा तथा प्रभावी शिक्षण कार्य सम्पादित नहीं कर पाते।

प्रस्तुत शोध का महत्व –अनुसंधान मानव ज्ञान भण्डार को विस्तृत करता है– अनुसंधान से मनुष्य का ज्ञान दिन प्रतिदिन बढ़ता रहता है क्योंकि अनुसंधान के आधार पर नवीन वैज्ञानिक तथ्यों, सामान्य नियमों तथा सिद्धान्तों की रचना होती है। पूर्व स्थापित सि(ान्तों की पुनरावृत्ति होती है तथा नवीन उपकरणों तथा नवीन पद्धतियों द्वारा उसकी पृष्टि होती रहती है। अनुसंधान विभिन्न विज्ञानों की प्रगति की शक्तिशाली कुंजी है– अनुसंधान से भौतिक शास्त्र, रसायन शास्त्र, जन्तु विज्ञान, वनस्पति विज्ञान, शिक्षा शास्त्र, समाजशास्त्र तथा मनोविज्ञान आदि विज्ञानों के क्षेत्र में अपार उन्नति हुई है। अनुसंधान व्यावहारिक समस्याओं के समाधान का एक प्रबल यंत्र है– अनुसंधान व्यावहारिक समस्याओं के समाधान में सहायता करता है। आधुनिक जीवन के सामाजिक, औद्यौगिक, शैक्षिक, सैनिक, मनोवैज्ञानिक तथा चिकित्सा आदि क्षेत्रों में अनुसंधान की अत्यधिक उपयोगिता है, इसलिए सामाजिक अनुसंधान, औद्योगिक अनुसंधान तथा शैक्षिक अनुसंधान का विस्तार निरन्तर मानव जीवन में बढ़ रहा है। वास्तव में ग्रामीण समुदाय का जीवन स्तर ही देश का जीवन स्तर माना जाता है तथा इसी समुदाय की प्रगति सम्पूर्ण देश की प्रगति मानी जाती है। इस प्रगति के आधार पर भारत को उन्नत व ग्रामीण विकास के क्षेत्र को सार्थक बनाया जाना चाहिए और रचनात्मक कार्यो के द्वारा ग्रामीण क्षेत्र में बेकार पड़ी ग्रामीण समुदाय की अपार जनशक्ति और साधन का समुचित उपयोग किया जाना चाहिए। ऐसा करने से प्रत्येक ग्रामीण परिवार केवल अपना मानसिक, आर्थिक ,सामाजिक, शारीरिक एवं नैतिक विकास कर पाएगा बल्कि ग्रामीण समुदाय के विकास में भी अपना योगदान दे सकेगा। इसलिए कहा जा सकता है कि ग्रामीण समुदाय का यह विकास प्राइमरी एवं माध्यमिक स्तर के विद्यालयों के शिक्षकों द्वारा काफी सम्भव है। इस परिप्रेक्ष्य में यह अध्ययन अति महत्वपूर्ण भूमिका अवश्य निभायेगा।

यह अधिकांश शोधार्थी और शिक्षक स्वीकार करते हैं कि दोनों स्तरोंग्रमाध्यमिक तथा प्राथमिक पर शिक्षार्थियों की व्यक्तित्व विशेषताओं की विभिन्नता के कारण शिक्षको के शिक्षण कौशल व सम्प्रेषण कौशलता अलग–अलग प्रकार की होती है। प्रश्न तो यहां यह है कि क्या प्राथमिक स्तर पर शिक्षण करने वाले डी. एल.एड. शिक्षकों की भिन्न–भिन्न शिक्षण प्रशिक्षण प्रारूपों के कारण शिक्षण प्रभावशीलता समान है ? क्या इनकी व्यक्तित्व विशेषताएँ जो शिक्षण को प्रभावित करती हैं, यथा सुविधास्तर, स्वधारणा, कार्यात्यक मूल्य स्तर समान हैं ? क्या इन दोनो स्तरों के शिक्षकों की परिस्थितियों भी समान है या नही ? यह एक ज्वलन्त प्रश्न है जिनका उनर ज्ञात करना शोधकर्त्री के लिए आवश्यक महसूस होता हैं। वर्तमान शोध का उद्गम शोधकर्त्री के मन में उपजे इन प्रश्नों का उतर ज्ञात करने के लिए उद्गमित हुआ है और इसलिये डी. एल.एड. प्रशिक्षण प्राप्त शिक्षकों की विशेषताओं का उनके व्यवसाय पर क्या प्रभाव पड़ता है इसका अध्ययन करने हेतु इस समस्या का चयन किया गया है।

समस्या कथन – 'डी. एल.एड. प्रशिक्षित शिक्षकों की शिक्षक प्रभावशीलता, सुविधास्तर, स्वधारणा एवं कार्यात्मक मूल्यों का अध्ययन'

शोध शीर्षक में प्रयुक्त शब्दों का परिभाषीकरण

डी. एल.एड. शिक्षक – राज्य सरकार के शिक्षा विभाग द्वारा संचालित जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान एवं निजी संस्थानों में द्वि–वर्षीय पाठ्यक्रम में अध्ययन करने के पश्चात डी. एल.एड. प्रमाण पत्र प्राप्तकर्ता डी. एल.एड. अर्हतायुक्त शिक्षक कहलाता है। ये शिक्षक प्राथमिक स्तर के विद्यालयों में कक्षा 1 से 5 तक के विद्यार्थियों को अध्ययन करवाते है।

शिक्षक प्रभावशीलता – किसी भी शिक्षा प्रणाली के उद्देश्यों की प्राप्ति में शिक्षक, विद्यार्थी एवं पाठ्यक्रम तीनों अवयवों का अलग–अलग एवं सम्मिलित योगदान महत्वपूर्ण होता है, इनमें से एक की भी अनुपस्थिति शिक्षा प्रणाली को अधूरा स्वरूप प्रदान करती है तथा एक का भी असहयोग होने पर शैक्षिक उद्देश्यों की प्राप्ति असम्भव है। इसके अतिरिक्त शिक्षण अधिगम प्रक्रिया के उद्देश्य, शिक्षण शैलियाँ तथा शैक्षिक एवं सामाजिक वातावरण में ऐसे कुछ अन्य आधारभूत तत्व हैं, जो शिक्षण एवं अधिगम को सफल एवं सोद्देश्य बनाने में महत्वपूर्ण योगदान प्रदान करते हैं। इसमें एक महत्वपूर्ण तत्व है शिक्षक। शिक्षण को प्रभावी बनाने में शिक्षक का विशेष महत्व है। अत: शिक्षक प्रभावशीलता से तात्पर्य सीधे अर्थो में यही होगा कि विद्यार्थी के अधिगम की प्रक्रिया को किस प्रकार प्रभावशाली बनायी जाये? शिक्षक के प्रभावी होने के लिए आवश्यक है कि शिक्षक शिक्षण विषयवस्तु को सुनियोजित करें, पाठ के सामान्य एवं विशिष्ट उद्देश्य अत्यन्त स्पष्ट होने चाहिए।

स्वधारणा – यह भी निर्विवाद रूप से सत्य है कि सुविधा स्तर बढ़ाये जाने से मनोवैज्ञानिक रूप से व्यक्ति अपने कार्य में अधिक लगन एवं परिश्रम से कार्य करेगा, सुविधा स्तर व्यक्ति के लिए प्रेरणा का कार्य करती है। आज कक्षा शिक्षण का स्वरूप बदलता जा रहा है। आज हम स्मार्ट क्लास की बात करते है और स्मार्ट शिक्षण की आवश्यकता होती है और शिक्षण में नई तकनीकी आ रही है पुरानी चलन से बाहर हो रही है शिक्षण के तरीकों में अमल–चूल परिवर्तन हो रहे हैं। शिक्षण में नये–नये अवधारणाएं जन्म ले रही हैं सूक्ष्म शिक्षण, पावर पॉइट, रचनात्मक उपागम, ई–लर्निंग आदि। इन सुविधाओं से युक्त विद्यालय को ही समाज अच्छा स्तर प्रदान करता है अभिभावक अपने बच्चों को सुविधायुक्त विद्यालयों में प्रवेश दिलाने हेतु रूचि रखते है चाहे उन्हें कितना आर्थिक बोझ वहन क्यों न करना पड़े यही कारण है ।

स्वधारणा – आत्म सम्प्रत्यय (धारणा) का अर्थ है स्वयं के प्रति अपनाया गया दृष्टिकोण, अर्थात आत्म–मूल्यांकन से है। व्यक्ति खुद को जिस दृष्टिकोण से देखता है और स्वयं का प्रत्यक्षीकरण करता है वह ही उसका आत्म–सम्प्रत्यय है।

'आत्म सम्प्रत्यय मानव के व्यक्ति का वह गुण या स्व निर्मित विचार है जिसमें वह अपने संसार के प्रति प्रतिक्रिया या प्रत्यक्षीकरण करता है न कि उस संसार के प्रति जैसे कि वह अन्य व्यक्तियों द्वारा देखा जाता है और यह प्रत्यक्षीकरण परिपक्वता के साथ–साथ बदलते रहते हैं।'

कार्यात्मक मूल्य – मूल्यों का सम्बन्ध गुणों से होता है जिनपर संस्था के विभिन्न आयामों को सफल बनाने कस दामोदार होता है मूल्य एक प्रकार से मानदण्ड है। कार्यात्मक मूल्यों की उत्पत्ति किसी विचारधारा से उत्पन्न होती है। ये मूल्य राष्ट्र की संस्कृति सम्प्रदाय को सुरक्षित रखती है। किसी भी राष्ट्र की सांस्कृतिक विशेषता को वहाँ की शिक्षण संस्थाओं में कार्यरत अध्यापकों के कार्यात्मक मूल्य ही प्रतिनिधित्व करते है। प्राचीन काल में शिक्षक अपने कार्य को जीवन का प्रमुख ध्येय समझते थे, परन्तु आज शिक्षण कार्य एक व्यवसाय बनकर रह गया है। और जीविकोपार्जन मूल्य उद्देश्य यह आवश्यक नहीं है कि जितने भी व्यक्ति शिक्षण व्यवसाय से जुड़े है व सभी इस धारणा से ओतप्रोत हो कि शिक्षण कार्य समाज की सबसे बड़ी सेवा है। बल्कि कुछ व्यक्ति ऐसे होते है तो अपने अभिष्ट लक्ष्य को नहीं प्राप्त कर सकने की

स्थिति में जीवन निर्वाह हेतु इस व्यवसाय को अंगीकार कर लेते हैं। ऐसे ही शिक्षकों के कार्यात्मक मूल्य संदेह के धेरे में आते हैं।

अध्ययन के उद्देश्य :-

1. डी. एल.एड. प्रशिक्षित शिक्षकों की प्रभावशीलता, सुविधास्तर, स्वधारणा एवं कार्यात्मक मूल्यों के मध्य सहसम्बन्धें का अध्ययन करना।

अध्ययन की परिकपनाएँ :-

1. डी. एल.एड. प्रशिक्षित शिक्षकों की प्रभावशीलता व सुविधास्तर में कोई सार्थक सहसम्बन्ध नहीं है।
2. डी. एल.एड. प्रशिक्षित शिक्षकों की प्रभावशीलता व स्वधारणा में कोई सार्थक सहसम्बन्ध नहीं है।
3. डी. एल.एड. प्रशिक्षित शिक्षकों की प्रभावशीलता व कार्यात्मक मूल्यों में कोई सार्थक सहसम्बन्ध नहीं है।

न्यादर्श :-प्रस्तुत शोध में न्यादर्श के रूप में राजस्थान के जयपुर एवं टोंक जिले के जयपुर एवं टोंक जिले के कुल 600 डी. एल.एड. प्रशिक्षित कुल 600 शिक्षकों को याद्दच्छिक विधि से चयनित किया गया है,

शोध में प्रयुक्त उपकरण :-

1. शिक्षक प्रभावशीलता मापनी (डॉ. प्रमोद कुमार एवं डॉ. डी.एन. मुथा)
2. सुविधास्तर मापनी (प्रो. के.जी. शर्मा)
3. स्व-धारणा (डॉ. आशा शर्मा एवं डॉ. श्रीकान्त मौर्य)
4. कार्यात्मक मूल्य प्रश्नावली (डॉ. सीमा संघी)

प्रदत्तों का विश्लेषण व विवेचन -

1. डी. एल.एड. प्रशिक्षित शिक्षकों की प्रभावशीलता व सुविधास्तर में कोई सार्थक सहसम्बन्ध नहीं है।

सारणी संख्या - 1

चर	संख्या	मध्यमान	प्रमाप विचलन	सह सम्बन्ध	सार्थकता का स्तर
शिक्षक की प्रभावशीलता	600	304.76	15.163	0.053	स्वीकृत
सुविधास्तर	600	113.51	12.359		

व्याख्या :- परिकल्पना संख्या 1 के अनुसार डी. एल.एड. प्रशिक्षित शिक्षकों की प्रभावशीलता व सुविधास्तर सम्बन्धी दत्तों का विश्लेषण किया गया जिसमे गणना के आधार पर सहसम्बन्ध गुणांक का मान 0.053 प्राप्त हुआ जो कि सार्थकता के स्तर .01 पर असार्थक है अत: शोधकर्त्ता द्वारा निर्मित परिकल्पना डी. एल.एड. प्रशिक्षित शिक्षकों की प्रभावशीलता व सुविधास्तर में कोई सार्थक सहसम्बन्ध नहीं है, स्वीकृत की जाती है। अत: निष्कर्ष रुप में कहा जा सकता है कि डी. एल.एड. प्रशिक्षित शिक्षकों की प्रभावशीलता व सुविधास्तर में सार्थक सहसम्बन्ध नहीं पाया गया।

5. डी. एल.एड. प्रशिक्षित शिक्षकों की प्रभावशीलता व स्वधारणा में कोई सार्थक सहसम्बन्ध नहीं है।

सारणी संख्या - 2

चर	संख्या	मध्यमान	प्रमाप विचलन	सह सम्बन्ध	सार्थकता का स्तर
शिक्षक की प्रभावशीलता	600	304.76	15.163	0.037	स्वीकृत
स्वधारणा	600	161.31	15.418		

परिकल्पना संख्या 2 के अनुसार डी. एल.एड. प्रशिक्षित शिक्षकों की प्रभावशीलता व स्वधारणा सम्बन्धी दत्तों का विश्लेषण किया गया जिसमे गणना के आधार पर सहसम्बन्ध गुणांक का मान 0.037 प्राप्त हुआ जो कि सार्थकता के स्तर .01 पर असार्थक है अत: शोधकर्त्ता द्वारा निर्मित परिकल्पना डी. एल.एड. प्रशिक्षित शिक्षकों की प्रभावशीलता व स्वधारणा में कोई सार्थक सहसम्बन्ध नहीं है, स्वीकृत की जाती है। अत: निष्कर्ष रुप में कहा जा सकता है कि डी. एल.एड. प्रशिक्षित शिक्षकों की प्रभावशीलता व स्वधारणा में सार्थक सहसम्बन्ध नहीं पाया गया।

6. डी. एल.एड. प्रशिक्षित शिक्षकों की प्रभावशीलता व कार्यात्मक मूल्यों में कोई सार्थक सहसम्बन्ध नहीं है।

सारणी संख्या - 3

चर	संख्या	मध्यमान	प्रमाप विचलन	सह सम्बन्ध	सार्थकता का स्तर
शिक्षक की प्रभावशीलता	600	304.76	15.163	0.168	स्वीकृत
कार्यात्मक मूल्य	600	207.59	15.748		

परिकल्पना संख्या 3 के अनुसार डी. एल.एड. प्रशिक्षित शिक्षकों की प्रभावशीलता व कार्यात्मक मूल्यों सम्बन्धी दत्तों का विश्लेषण किया गया जिसमे गणना के आधार पर सहसम्बन्ध गुणांक का मान 0.168 प्राप्त हुआ जो कि सार्थकता के स्तर .01 पर सार्थक है अत: शोधकर्त्ता द्वारा निर्मित परिकल्पना डी. एल.एड. प्रशिक्षित शिक्षकों की प्रभावशीलता व कार्यात्मक मूल्यों में कोई सार्थक सहसम्बन्ध नहीं हैं अस्वीकृत की जाती है। अत: निष्कर्ष रुप में कहा जा सकता है कि डी. एल.एड. प्रशिक्षित शिक्षकों की प्रभावशीलता व कार्यात्मक मूल्यों में सार्थक सहसम्बन्ध पाया गया।

शैक्षिक सुझाव - किसी राष्ट्र के विकास में शिक्षक की अहम भूमिका होती है शिक्षा की गुणवत्ता में शिक्षक के शिक्षण की भूमिका होती है। एक शिक्षक विद्यार्थियों का सवार्गीण विकास करने में सहायक होता है परन्तु यह भी शिक्षक की शिक्षण प्रक्रिया पर निर्भर करता है। शोध अध्ययन मे पाया गया कि प्राइमरी एवं माध्यमिक स्तर के शिक्षक शिक्षण में विभिन्न चरों का प्रयोग करते हैं। शिक्षण कौशलों के प्रयोग द्वारा वे स्वयं में परिवर्तन लाकर विद्यार्थी की शैक्षिक उपलब्धि को बेहतर बना सकते हैं और अपने शिक्षण को प्रभावी बना सकते है।

भावी शोध हेतु सुझाव :-

1. न्यादर्श के लिए बड़े न्यादर्श का चयन किया जा सकता है इसके लिए महाविद्यालयों तथा शिक्षकों की संख्या को बढ़ाया जा सकता है।
2. प्रस्तुत शोध अध्ययन प्राथमिक एवं माध्यमिक स्तर पर कार्यरत शिक्षकों की विभिन्न व्यक्तित्व विशेषकों (स्वधारणा, सुविधा स्तर, प्रभावशीलता, कार्यात्मक मूल्य) के सन्दर्भ में किया गया है। भावी शोध कार्य इनके अतिरिक्त शैक्षिक योग्यता, शिक्षण अनुभव, शिक्षण दक्षता, सृजनात्मकता, व्यक्तिगतकारक आदि के सन्दर्भ में भी किये जा सकता हैं।

संदर्भ ग्रंथ सूची :-

1. अहमद, अलजौबी, मो. अल कुदाह, इस्माइल अल्बर्सन, 'रचनात्मक आत्म-प्रभावकारिता और संज्ञानात्मक प्रेरणा को बढ़ाने में रचनात्मक सोच शिक्षा का प्रभाव', जर्नल ऑफ एजुकेशनल एंड डेवलपमेंट

साइकोलॉजी 6;1), 117-117, 2016।
2. गुप्ता रितु (1989) 'सेल्फकोन्फिडेन्स इन चिल्ड्रन ऐज रिलेटेड टू देयर पेरेन्टल स्टेटस' पी. एच. डी. थिसिस, मेरठ विश्वविद्यालय
3. डॉ. शर्मा, वी. एस. 'शिक्षा मनोविज्ञान' साहित्य प्रकाशन आगरा (2004)
4. डॉ. अरोड़ा रीता, सुदेश मारवाह (2005) 'शिक्षा मनो विज्ञान एवं सांख्यिकी' शिक्षा प्रकाशन जयपुर पृष्ठ संख्या (407-430)
5. डॉ. मंगल अंशु, डॉ. बरौलियां ए. , श्रीमती अग्रवाल नीतू , श्री दुबे कृष्ण 'शैक्षिक अनुसंधान की विधियाँ समंक विशलेषण एवं शैक्षिक सांख्यिकी' राधा प्रकाशन मंदिर संस्करण 200
6. सुखिया, एस.पी. (1990) शैक्षिक अनुसंधान के मूल तत्व. आगरा: विनोद पुस्तक मन्दिर।

****

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed / Peer Review Research Journal)
RNI No.- MPHIN/2013/60638, ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Scientific Journal Impact Factor (SJIF)- 7.671
April to June 2023, E-Journal, Vol. I, Issue XLII

समावेशी शिक्षा : आधुनिक युग की आवश्यकता

बलविंदर सिंह* डॉ. कृष्ण कन्त सिंह**

* शोधार्थी (शिक्षा) टांटिया विश्वविद्यालय, श्री गंगानगर (राज.)भारत
** शोध निर्देशक (शिक्षा) टांटिया विश्वविद्यालय, श्री गंगानगर (राज.) भारत

प्रस्तावना – समावेशी का अर्थ है, बिना किसी डर के प्रतिनिधिनित्व करना है. समावेशी को एक समानता के अधिकार के रूप में देखा जा सकता है, जिसमें सभी को बोलने, सुनने तथा भाग लेने का अधिकारमिलता है. यह किसी के उस विकार या परेशानी को दूर करने का माध्यम है जो उसनेखुद से नहीं किया है

समावेशी शिक्षा क्या है ?

समावेशन का अर्थ है सम्मिलित करना।

समावेशी शिक्षा का अर्थ विकलांग बच्चों या किसी भी विविध पृष्ठभूमि के बच्चों को उसी उम्र के बच्चों के साथ नियमित कक्षाओं में रखना और शिक्षित करना है जिनमें विकलांग नहीं हैं।

समावेशी शिक्षा का तात्पर्य है किस भी बच्चे शामिल होते हैं और उनके स्थानीय स्कूलों द्वारा उपयुक्त नियमित कक्षाओं में नामांकित होते हैं और उन्हें स्कूल के अस्तित्व के सभी हिस्सों में सीखने, योगदान करने और भाग लेने का पूरा अवसर मिलता है।

समावेशी शिक्षा में 'सामान्य बालक' और 'विशिष्ठ बालक' एक ही विद्यालय में शिक्षा ग्रहण करते हैं। इसमें विशिष्ठ बालकों के लिए उचित वातावरण बनाया जाता है जिससे सामान्य बच्चों और विशिष्ठ बच्चों को एक साथ शिक्षा ग्रहण करने का मौकामिलता है.

समावेशी शिक्षा की परिभाषा –

1. **डकारवर्ल्ड एजुकेशन फोरम के अनुसार :** समावेशी शिक्षा का मतलब है कि स्कूलों को सभी छात्रों को उनकी शारीरिक, बौद्धिक, सामाजिक, भावनात्मक, भाषाई या अन्य स्थितियों की परवाह किए बिना समायोजित करना चाहिए। इसमें विकलांग और प्रतिभाशाली, कामकाजी छात्र, दूरस्थ और घुमंतू आबादी के छात्र, भाषाई, जातीय या सांस्कृतिक अल्पसंख्यकों के छात्र और अन्य वंचित या सीमांत क्षेत्रों या समूहों के छात्र शामिल होने चाहिए।
2. **'रशेल' के आनुसार** 'समावेशी शिक्षा के कुछ कारण योग्यता, लिंग, जाति, प्रजाति, भाषा, चिंता स्तर, सामाजिक आर्थिक स्तर, विकलांगता, लिंग व्यवहार या धर्म से संबंधित होते हैं।'
3. **'स्टीफन तथा ब्लेंकहर्ट' के अनुसार** 'शिक्षा की मुख्य धारा का अर्थ बाधित बच्चों की सामान्य कक्षाओं में शिक्षक व्यवस्था करना है। यह समान अवसर मनोवैज्ञानिक सोच पर आधारित है, जो व्यक्तिगत योजना के द्वारा उपयुक्त सामाजिक मानकीकरण और अधिगम को बढ़ावा देती है।'

- 'शिक्षाशास्त्री' के अनुसार 'समावेशी शिक्षा में 'सामान्य बालक' और 'विशिष्ठ बालक' एक ही विद्यालय में बिना किसी भेदभाव के शिक्षा ग्रहण करते हैं।'

समावेशी शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए यूनिसेफ का काम – विकलांग बच्चों के लिए शिक्षा के अंतर को कम करने के लिए, यूनिसेफ समावेशी शिक्षा प्रणाली को बढ़ावा देने और निगरानी करने के सरकारी प्रयासों का समर्थन करता है।यूनिसेफ का काम चार प्रमुख क्षेत्रों पर केंद्रित है :

हिमायत : यूनिसेफ विचार-विमर्श, उच्च-स्तरीय आयोजनों और नीति निर्माताओं और आम जनता की ओर पहुंच के अन्य रूपों में समावेशी शिक्षा को बढ़ावा देता है।

जागरूकता बढ़ाना : यूनिसेफ सरकारी भागीदारों के लिए अनुसंधान आयोजित करके और राउंडटेबल्स, कार्यशालाओं और अन्य कार्यक्रमों की मेजबानी करके विकलांग बच्चों की जरूरतों पर प्रकाश डालता है।

क्षमता निर्माण : यूनिसेफ शिक्षकों, प्रशासकों और समुदायों को प्रशिक्षण देकर और सरकारों को तकनीकी सहायता प्रदान करके भागीदार देशों में शिक्षा प्रणालियों की क्षमता का निर्माण करता है।

कार्यान्वयन समर्थन : यूनिसेफ नीति और अभ्यास के बीच कार्यान्वयन की खाई को पाटने के लिए भागीदार देशों में निगरानी और मूल्यांकन में सहायता करता है।

समावेशी शिक्षा का सिद्धांत – एक बच्चे को सीखने के लिए अच्छे वातावरण की आवश्यकता होती है, जहाँ उसकी सामाजिक और भावनात्मक जरूरतें पूरी होती है स्कूल का परिवेश बच्चे के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण होता है। समावेशी शिक्षा सभी तक सामान रूप से पहुंचे सबकी सामान भागीदारी हो, शोषित वर्ग का अंत हो और एक समतामूलक समाज की स्थापना हो।

- **पहुँच –** हर बच्चे की जरुरत के प्रति संवेदनशील होना, बच्चे पर सामाजिक रूप से प्रासंगिक और न्यायोचित सीखाने की प्रक्रिया प्रदान करना। शिक्षक अपने कौशल रवैये और प्रोत्साहन द्वारा सुविधाहीन और अधिकारहीन समुदाय के बच्चों की संलिप्तता, प्रतियोगिता व उपलब्धि उल्लेखनीय ढंग से बढ़ा सकते हैं. विद्यालयों की व्यवस्था को अच्छा बनाना होगा। विद्यालय भवन में शौचालय, पीने का पानी, खेल का मैदान, शिक्षक तथा अन्य भौतिक संसाधन उपलब्ध कराने होंगे। शिक्षकों को अधिक से अधिक अभिभावकों के संपर्क में रहना होगा और बच्चों की कमियों को दूर करने का प्रयास करना होगा।
- **समानता –** समानता एक ऐसी अवस्था है, जिसमे सभी व्यक्ति समान परिस्थितियों में सामान व्यवहार का अधिकार रखते हैं। समानता बिना किसी

भेदभाव के व्यक्ति को सभी संसाधनों पर सामान रूप से पहुँच प्राप्त करने का अधिकार है। राष्ट्रीय शिक्षा नीति (1986) में समानता के उद्देश्य को साकार बनाने के लिए सभी को शिक्षा का सामान अवसर उपलब्ध कराना और सभी को शिक्षा में सफलता प्राप्त करने का अवसर मिल सके।

- **भागीदारी –** शिक्षा का मुख्य लक्ष्य है कि छात्रों को सार्थक शिक्षा अनुकूल पर्यावरण में उपलब्ध कराई जाए, जिससे वे जीवन मार्ग में सफल हो सकें। हर बच्चे को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा मिले और इसमें योग्यता, शारीरिक अक्षमता, भाषा, संस्कृति, उम्र, लिंग आदि अवरोध पैदा ना करे। हर बच्चा जो विद्यालय में प्रवेश लेता है उसकी विद्यालयी गतिविधियों में संपूर्ण भागीदारी हो। प्रत्येक बच्चे को महत्व देना अनिवार्य है, क्योंकि इससे बच्चों में आत्मविश्वास बढ़ता है, अनुशासन और बच्चों के व्यवहार में सुधार होता है। यदि बच्चे विद्यालयी जीवन तक नहीं पहुँचपाते हैं तो उन्हें अनेक समस्याओं का सामना करना पड़ता है। विद्यालय में बच्चों का सर्वांगीण विकास होता है, इसलिए जब बच्चे विद्यालय में प्रवेश लेने के पश्चात उसे कक्षा की समस्त गतिविधियों में शामिल करना भी आवश्यक है।
- **प्रासंगिकता –** समावेशी शिक्षा प्रत्येक बच्चे के लिए उच्च और उचित उम्मीदों के साथ उसको व्यक्तिगत लक्ष्यों पर काम करने के लिए अभिप्रेरित करती है। इसका उद्देश्य तो सभी वर्गों के बच्चों को एक ही छत के नीचे शिक्षा देना है। इसमें बच्चों को सामाजिक, जातिगत, आर्थिक वर्गीय, लैंगिक, शारीरिक और मानसिक दृष्टि से भिन्न–भिन्न देखे जाने के बजाए एक सामान रूप में देखा जाता है। बच्चों को सीखने के लिए उचित वातावरण व अवसर देने की आवश्यकता है।
- **सशक्तिकरण –** समावेशन का एक सिद्धान्त सभी वर्गों के बच्चों को सशक्त बनाना भी है। विद्यालय स्तर पर प्रत्येक बच्चे को सशक्त बनाने के लिए हम निम्नलिखित उपाय कर सकते हैं

1. बच्चे को समझना आवश्यक है।
2. प्रत्येक बच्चे का सम्मान करना आवश्यक है।
3. बच्चे को शारीरिक व मानसिक दंड से दूर रखना आवश्यक है।
4. एक शिक्षक को बच्चे के प्रति सकारात्मक सोच आवश्यक है।
5. बच्चों को भी कभी शिक्षक की भूमिका निभाने का अवसर मिलना चाहिए।
6. प्रत्येक बच्चे को उसके उत्तरदायित्व का एहसास करना जरुरी है।

समावेशी शिक्षा की आवश्यकता और महत्व –शिक्षा हर बच्चे का अधिकार है, हर बच्चे को सामान शिक्षा प्राप्त करने की आवश्यकता होती है।

- **मानवाधिकार –** सभी बच्चों को एक साथ सीखने की आवश्यकता है, कोई भी अधिगम क्षमता, सामाजिक, आर्थिक, सांस्कृतिक और पारिवारिक पृष्ठभूमि के कारण बच्चों में भेदभाव नहीं कर सकता है।
- **शिक्षा –** समावेशित वातावरण में बच्चें शैक्षिक व सामाजिक रूप से बेहतर प्रदर्शन करते हैं, प्रतिबद्धता और समर्थन को देखते हुए समावेशी शिक्षा शैक्षिक संसाधनों का अधिक प्रभावी उपयोग है।
- सामाजिक द सभी बच्चे अपने आसपास के विभिन्न लोगों से सम्बन्ध बनाते हैं और यह उन्हें जीवन की मुख्यधारा के लिए तैयार करता है। समावेशन में डर कम करने और मित्रता विकसित करने की क्षमता होती है और दोस्तों के बीच आपसीसम्मान, समझ और करुणाबढ़ जाती है। समावेशी शिक्षा विभिन्न तरीकों से बच्चों के विकास में मदद करती है। विशिष्ठ रूप से बाधित बच्चे शारीरिक, संज्ञात्मक और सामाजिक विकास व कौशलों में बहुत अच्छी तरक्की करते हैं। जब हम बच्चों को स्कूलों में समावेशी शिक्षा से अलग करते हैं, तो समाज में भी उनको समानता नहीं मिलेगी, ऐसे बच्चों को बाद में समुदाय के किसी प्रयोजन में शामिल करना मुश्किल हो जाता है। इस प्रकार समावेशी शिक्षा एक समावेशी समाज की नींव डालती है।

समावेशी शिक्षा को प्रभावित करने वाले कारक –

समावेशी शिक्षा एक वैश्विक प्रवृत्ति है, स्कूलों को सभी समुदाय के बच्चों की आवश्यकताओं के अनुसार, उनकी क्षमताओं की परवाह कि ये बिना शिक्षा प्रदान करनी चाहिए।

- **शिक्षार्थियों में विविधता** – एक ही आयु के बच्चों के समूह में भी बहुत विविधता है. बच्चे अपनी पारिवारिक पृष्ठभूमि, प्रेरणा, सीखने की क्षमता व्यक्तिगत गुण, जो पढाई में सफलता, अभिवृत्तियाँ, रुचियाँ, और प्रतिबद्धताओं आदि में एक–दूसरे से भिन्न है।
- **भौतिक सुविधाएँ –** समावेशी शिक्षा प्रत्येक शिक्षक के लिए कक्षा का स्थान, जगह और व्यवस्था एक अनिवार्य कारक है। कई स्कूलों में अधिगम के लिए उपयुक्त मूल सुविधाएँ भी उपलब्ध नहीं है। शोर–शराबे से दूर जगह, कमरों में उचित हवा का आवागमन, कक्षा के अंदर और बाहर स्वतंत्र गति करने की जगह, खेलने के लिए मैदान, अन्य पाठ्येत्तर क्रियाओं का प्रावधान समावेशी शिक्षा का समर्थन करने के लिए अनिवार्य है।
- **शिक्षकों की तैयारी –** प्रत्येक शिक्षक में बच्चे की आवश्यकता को पहचानने का कौशल होना चाहिए। परंतु शिक्षक प्रशिक्षण कार्यक्रम इस मुद्दे पर कभी बात नहीं करते। कक्षा में दैनिक रूप से विविधता का ध्यान रखने के लिए विशेष प्रशिक्षण की आवश्यकता होती है। हमारे देश में इस आवश्यकता पर ध्यान नहीं दिया जाता है, इसीलिए यह समावेशी शिक्षा के लिए खतरा हो सकता है।
- **संसाधनों की उपलब्धि –** हमारे स्कूलों में अधिगम क्रिया का समर्थन करने हेतु संसाधनों की उपलब्धि के बारे में सोचा नहीं गया है। शिक्षक विभिन्न अधिगम सामग्रियों का प्रयोग नहीं कर पाते हैं।
- **मूल्यांकन व्यवस्था –** हमारी परीक्षा व्यवस्था में इतनी कठोरता है कि बच्चे का आकलनगलत हो जाता है। विविध शिक्षार्थियों के लिए विविध मूल्यांकन व्यवस्था की जरुरत है। यदि बच्चा लिख नहीं सकता, तो उसकी बाकी क्षमताएँ छिपी रह जाएंगी। यदि बच्चे को पढने, लिखने के अलावा कोई और मूल्यांकन के तरीके की जरुरत है तो वह हमारे पास है ही नहीं। इससे बच्चा परेशान हो जाता है।

समावेशी शिक्षा के लाभ :–

1. समावेशी शिक्षा गरीबी और अपवर्जन के चक्र को तोड़ने में मदद कर सकती है।
2. यह भेदभाव को मिटती है, जो हर समाज में बड़े पैमाने पर फैला है।
3. यह बच्चों को उनके परिवारों और समुदायों के साथ रहने के लिए प्रोत्साहित करती है।
4. इससे बच्चों में घृणा की भावना समाप्त हो जाती है।
5. समावेशी शिक्षा के कारण विशिष्ठ रूप से बाधित बच्चों में और सामान्य बच्चों में आप सीमित्रता अच्छी रहेगी।
6. यह स्कूल का वातावरण सुधारती है, जिसका लाभ सभी बच्चों को मिलता है।

समावेशी शिक्षा में आने वाली बाधाएं – समावेशी शिक्षा के दौरान अनेक समस्याओं या बाधाओं का सामना करना पड़ता है जिसमें से कुछ प्रमुख

समस्या या बाधा इस प्रकार हैं–

शिक्षक में शिक्षण कौशलों की कमी : समावेशी शिक्षा में विशिष्ट एवं सामान्य बालक अक्षम बालक सभी एक साथ एक ही कक्षा में शिक्षा ग्रहण करते हैं और यही कारण है कि एक शिक्षक को उन सभी बालकों को समान रूप से शिक्षा प्रदान करने की क्षमता होनी चाहिए उन्हें कक्षा के अनुरूप विभिन्न शिक्षण विधियों का उपयोग करना आना चाहिए साथ ही एक शिक्षक में इतनी शिक्षण कौशलों का विकास होना चाहिए कि वह विशिष्ट एवं सामान्य बालकों की समस्या को समझ कर उनकी समस्या का समाधान कर सके पर ये क्षमता सभी शिक्षक पर नहीं पाया जाता है। इसलिए समावेशी शिक्षा की सबसे बड़ी समस्या शिक्षक में शिक्षण कौशलों का विकास में कमी होना है।

सामाजिक मनोवृत्ति : हम जिस देश या समाज में रहते हैं यहां के लोगों की सामाजिक मनोवृत्ति ही ऐसी है कि अक्षम बालक या विशिष्ट बालको को नकारात्मक भाव से देखते हैं उनके मन में उस बालक के प्रति पहले से ही नकारात्मक भावना बैठ चुका है कि यह बालक आगे अपने जीवन में कुछ नहीं कर पाएगा साथ ही उनके परिवार या माता–पिता उन्हें यूं ही छोड़ देते हैं। उन्हें समाज से दूर रखते हैं। उन्हें शिक्षा देना भी नहीं चाहते और जो बालक आगे भी बढ़ना चाहते हैं उनके मन में यह बातें बैठा दी जाती हैं कि तुमसे ये नहीं हो पाएगा, तुम नहीं कर पाओगे। ये सामाजिक मनोवृत्ति समावेशी शिक्षा की समस्याओं का एक अहम हिस्सा ही है जो हर एक सामान्य व्यक्ति के दिमाग में घर कर बैठा है।

शारीरिक बाधाएं : समावेशी शिक्षा की और एक बड़ी समस्या यह भी है कि जो बालक शारीरिक रूप से अक्षम है बाधिर है ऐसे बालकों को अधिगम में समस्या होती ही है और वह किसी भी चीज को धीरे धीरे सीखते हैं उन्हें सीखने में बहुत ज्यादा मेहनत की आवश्यकता होती है पर उनके इन समस्याओं को नजर अंदाज कर उनके साथ सामान्य बालक जैसे ही व्यवहार, शिक्षण विधियां, प्रवृत्तियों आदि का प्रयोग किया जाता है। जिससे उनमें समस्या उत्पन्न होने लगती हैं।

पाठ्यक्रम : पाठ्यक्रम निर्माण करते समय इस बात का ध्यान रखना चाहिए कि पाठ्यक्रम लाचीला, उपयोगी एवं सामान्य एवं विशिष्ट बालक या अक्षम बालक सभी के अनुरूप हो।

भाषा और संवाद में समस्या: जैसे की हम सब जानते हैं कि समावेशी शिक्षा में हर तरह के बालक शिक्षा ग्रहण करने आते हैं जिसमें कुछ बालक ऐसे होते हैं जो श्रावण वाचन लेखन पठन में बहुत ही पीछे होते हैं। जिसके कारण भाषा को समझने और संवाद करने जैसी समस्याएं उत्पन्न हो जाती है। इससे यह पता चलता है कि समावेशी शिक्षा इतनी आसान नहीं है। इन समस्याओं का सामना सभी शिक्षक नहीं कर पाते है।

भारतीय शिक्षा नीतियां से बाधाएं : भारत में बहुत से ऐसे शिक्षा नीतियां हैं जो समावेशी शिक्षा के बीच रुकावट या बाधा उत्पन्न करती है शिक्षक या स्कूल उन नीतियों के दायरे में रहते हैं जो समावेशी शिक्षा में समस्या उत्पन्न करती है।

निष्कर्ष :– शिक्षा में समावेश की अवधारणा केवल कक्षा की दीवारों या विद्यालय परिसर तक ही सीमित नहीं है। विचार जीवन के प्रति दृष्टिकोण में बदलाव लाने का है। कक्षा में छोटे कदम समावेशी प्रकृति को उजागर करने में मदद कर सकते हैं। उदाहरण के लिए, दोपहर के भोजन में भोजन के बक्से साझा करने जैसी गतिविधियों के माध्यम से शुरुआत की जा सकती है। पाठ योजनाओं में प्रासंगिक उदाहरणों का उपयोग करने से शिक्षण के दायरे को व्यापक बनाने में मदद मिल सकती है। विविध संस्कृतियों से उपमाओं और कहानियों को शामिल करना और छात्रों को दूसरों के साथ जुड़ने में मदद करने वाले असाइनमेंट देना एक और तरीका है। सांस्कृतिक जागरूकता को बढ़ावा देने में मदद करने के लिए विषय को वास्तविक दुनिया के मुद्दों से जोड़ा जाना चाहिए। वैश्वीकरण के बढ़ने के साथ, लोगों को विभिन्न पारिस्थितिक तंत्रों में काम करने की आवश्यकता है। कक्षा में समावेशी शिक्षा और विविधता के संपर्क में आने वाले छात्रों को ऐसे समाज में रहने और काम करने में आसानी होगी।

संदर्भ ग्रंथ सूची :–

1. Banga, C. L. (2015). Inclusive Education in the Indian Context, International Multidisciplinary e-Journal, 4(3), p.67-74.
2. Dash, N. (2006): Inclusive Education Why Does it Matter? Edutracks, 5(11), p. 5-10
3. Miles, S. &Singal, N. (in press). The Education for All and Inclusive Education debate: Conflict, Contradiction or Opportunity? International Journal of Inclusive Education.
4. Ministry of Primary and Mass Education, Government of Bangladesh. (2015). Education for All 2015 National
5. Singh, J. D. (2016). INCLUSIVE EDUCATION IN INDIA – CONCEPT, NEED AND CHALLENGES, Scholarly Research Journal of Social Science and Humanities, 3(13), p. 3222-3232
6. UNESCO. (1990) World Declaration on Education for All. Paris: UNESCO.
7. UNESCO. (1994).Final Report: World conference on special needs education: Access and quality. Paris: UNESCO.
8. UNESCO. (2008).The EFA Global Monitoring Report. Education for All by 2015. Will we make it? Paris: UNESCO
9. UNESCO. (2010). Education for All movement.

****

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed / Peer Review Research Journal)
RNI No.- MPHIN/2013/60638, ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Scientific Journal Impact Factor (SJIF)- 7.671
April to June 2023, E-Journal, Vol. I, Issue XLII

मध्यकालीन मारवाड़ की बहियों में महारानियों की भूमिका, समाज एवं कतिपय प्रमाण

गणपत सिंह* डॉ. प्रमोद कुमार**

* शोधार्थी (इतिहास)टांटिया विश्वविद्यालय, श्री गंगानगर (राज.)भारत
** शोध निर्देशक (इतिहास) टांटिया विश्वविद्यालय, श्री गंगानगर (राज.) भारत

प्रस्तावना – पश्चिमी राजस्थान में स्थित मारवाड़ का महत्वपूर्ण स्थान रहा है। मारवाड़ का समूल विस्तृत क्षेत्र जोधपुर सहित 22 परगनों में विभक्त रहा था जिसके अन्तर्गत कई गांव और ठिकाने स्थित थे। राज्य के शासक के द्वारा किये गये कार्यों के साथ हुई उसके कार्यों को विभिन्न ऐतिहासिक बहियों में सजोया जाता था। जो उस काल खण्ड में सनद परवाना बही, हकीकत बही, हकीकत खाता बही, हकीकत रजिस्टर, हाकम के दफ्तर की बही के नाम से जानी जाती है।

मध्यकालीन राजस्थान की सामाजिक परम्पराऐं, सांस्कृतिक रीतिरिवाज अपने आप में अतुलनीय है, मारवाड़ के परगनों में स्थित जातीय पंचायते प्रत्येक गांव, कस्बे और नगरों में स्थित थी जिसके अधिकांश सन्दर्भ मिलते है। चूकि समाज का अधिकांश हिस्सा जो परम्पराओं का सख्ती से पालन करता था गांवों में ही निवास करता था अत: हम अपने आलेख में पष्चिमी राजस्थान के जोधपुर के परगने के अन्तर्गत आने वाले गांवों के समाज की झलक प्रस्तुत कर रहे है।

विभिन्न स्थान विशेष में जितनी जातियां होती थी उतनी ही पंचायते वहां रहती थी इन पंचायतों में जाति के अनुभवी, ईमानदार और सज्जन व्यक्ति होते थे गांव की पंचायतों में अनुभवी लोगो के साथ-साथ इन पंचायतों में एक से अधिक गांवों के पंच भी शामिल होते थे। शासक भी इन्हें कई मामले सौंपता था जो जातिगत और सामाजिक थे। भौगोलिक विषमताओं के कारण यहां के लोगो की जीवनशैली साधारण और स्वभाव भोलाभाला था, मारवाड़ की गौरवमयी संस्कृति सामाजिक मान्यताऐं वचन पालकता, कर्तव्यनिष्ठा, स्वामिभक्ति, अतिथियों का सत्कार, वतन के प्रति प्रेम, आस्था आदि उच्च स्तर के क्रियाकलापो के रूप में अपनी विशिष्ट पहचान रखती है ही साथ ही मारवाड़ का भौगोलिक परिदृश्य अपने आप में इतना व्यापक है कि यहाँ की वीर रज भूमि न केवल शूरमाओं की जन्मस्थली के रूप में पहचानी जाती है बल्कि यहां की जलवायु ने यहां की प्रजा को उन विपरीत परिस्थितियों में भी सम्बल प्रदान किया है जिसमें चाहे ग्रीष्म, सर्द मौसमी हवाओं का रूख हो या चाहे कम वर्षा के कारण जल आपूर्ति की न्यूनता हो।

जिस प्रकार शासक वर्ग की प्रशासनिक व राजनीतिक मुद्दों में महत्वपूर्ण भूमिका थी उसी प्रकार उन शासक विशेष के रणिवास में रहने वाली रानियों की समाज की विभिन्न व्यवस्थाओं में महत्वूपर्ण भूमिका रही थी रानियों के सन्दर्भ में सामाजिक व्यवस्था का दिग्दर्शन कराने में रानियों की जमाखर्च ही बही, हथ खर्च की बही, सावा बही, सोना रकमां रे जमा खरच रीबही, जोधपुर कचेड़ी तालके हुकम रूक्का री बही बहुत ही महत्वपूर्ण है। इन बहियों में रानियों के द्वारा किये गए कार्यों का विस्तृत लेखा-जोखा दिया गया मिलता है। जो मुख्य रूप ये जल संसाधन की व्यवस्था करने संबधी अपने पट्टे के गांवो में कानून व्यवस्था व अन्य सामाजिक उत्सवों की व्यवस्था बनाए रखने संबंधी और सांस्कृतिक क्रियाकलापों के संबंध में जानकारी देता है।[2] मारवाड़ री जनाना ड्योढ़ी री बही में मारवाड़ की रानियों की राजनीतिक, सांस्कृतिक, आर्थिक जीवन में प्रत्यक्ष व परोक्ष भागीदारी दृष्टिगोचर होती है। प्रतिष्ठित शोध संस्थानों में विभिन्न बहियां संग्रहित है जो इनके कार्यों की झलक प्रस्तुत करती है।[3] मारवाड़ की सभी राणियो में एक मुख्य रानी को उच्च पद प्रदान की परम्परा थी और यही मुख्य रानी पटरानी का दर्जा प्राप्त थी, इन्हें त्योहारों, उत्सवों व विशेष पर्व पर अन्य रानियों से अधिक खर्च का अधिकार प्राप्त था।[4]

'राणीपदे का दस्तुर' एक विशेष सामारोह था जो अन्य रानियो को पटरानी के पगैलागणी दिए जाने के अवसर पर आयोजित किया जाता था यह राजपरिवार का बड़ा उत्सव था जिसमें महाराजा व महारानी की पुरोहित तिलक लगाकर आरती करता था, राजा द्वारा रानी को नगद भेंट तथा गांवो के पट्टे भी इनायत किये जाते थे उदाहरण के तौर पर महाराजा मानसिंह की महारानी तीजा भटियाणी की हथबही वि.स. 1918 में उनको इनायत किये गए पट्टे के गांवो की पूरी सूची मिलती है जो इस प्रकार है-

गढ़ जोधपुर का गांव बावड़ी
परगना मेड़ता का गांव पादू
परगना गोडवाड़ का गांव डेडा
परगना फलोदी का गांव भोजासर
परगना सोजत का गांव मैलावास

इस प्रकार अपनी अनेक कमियों और दुर्बलताओं के बावजूद देश में पंचायतीराज ग्रामवासियों की जीवन-पद्धति का केन्द्र बनता जा रहा है। अशिक्षित जनता जातिगत और धर्मगत अन्धविश्वास, परम्परागत लोकतांत्रिक, सामाजिक और पारिवारिक ढांचे, परिपक्व राजनीतिक प्रबुद्धता की कमी आदि के कारण पंचायतीराज की उपलब्धियों का कम अंकन करने तथा पंचायतीराज की आलोचना करने की एक सामान्य प्रवृति विकसित हो गयी है। इससे इनकार करना कठिन है कि पंचायतीराज व्यवस्था ने देश के राजनीतिकरण तथा आधुनिकीकरण में महत्वपूर्ण योगदान दिया है। पंचायतीराज संस्थाओं के चुनावों और इसके कार्यकलापों ने ग्रामजीवन में एक नयी जागृति उत्पन्न की है। अब ग्रामवासियों का शोषण उस तरह नहीं किया जा सकता जिस प्रकार पूर्व में महाजन व जमीदार वर्ग करता था। वोट की कीमत समझी जाने लगी है, ग्रामीण जनता और विशेषतया महिलाओं की हिस्सेदारी बढ़ी है। लोकतांत्रिक विकेन्द्रीकृत संस्थाऐं स्वशासन की इकाईयों के रूप में विकसित हो रही हैं, ग्रामीण नेतृत्व पनपता जा रहा है, गाँवों की अवेहलना करना सरल कार्य नहीं रह गया है।

अन्ततः निष्कर्ष रूप में यही कहा जा सकता है कि पंचायतीराज व्यवस्था में महिलाओं के समक्ष चुनौतियों की संख्या कम नहीं है। हर कदम पर महिला जनप्रतिनिधियों को चुनौतियाँ स्वीकार करनी है और चुनौतियों को स्वीकार करके ही वे अपना उत्तरदायित्व निभा सकतीं हैं। पंचायतीराज संस्थाओं में महिला सशक्तिकरण समाज, सरकार तथा व्यवस्था के संयुक्त प्रयासों से ही सम्भव है। पहल स्वयं महिलाओं को ही करनी है, अपनी शक्ति को पहचानना है और निरन्तर विकास के पथ पर अग्रसर होना है।

संदर्भ ग्रंथ सूची :-

1. डॉ. महिपाल - 'पंचायतीराज की व्यवस्था के चार वर्ष: एक मूल्यांकन' कुरूक्षेत्र, नई दिल्ली, मई 1997
2. डॉ शारदा गोस्वामी - पंचायतीराज में महिला आरक्षण औचित्य व भूमिका, एक निबन्ध।
3. दुर्गादास वसु - भारत का संविधान।
4. के.बी. सक्सेना-'पंचायत और महिलाऐं , कुरूक्षेत्र, नई दिल्ली, फरवरी 1989
5 डॉ. निशान्त सिंह - पंचायती राज व्यवस्था।
6 डॉ. प्रवीण शुक्ला - महिला सशक्तिकरण - बाधाऐं एवं संकल्प।
7. पंचायती राज : महिला नेतृत्व की अभिवृत्तियाँ : सामाजिक आर्थिक एवं राजनीतिक -प्ररिपेक्ष्य में राजेश धाकड़ का।
8. आर.पी. जोशी रूपा मंगलानी -भारत में पंचायतीराज
9. आदर्श शर्मा - पंचायतीराज में महिला आरक्षण : औचित्य एवं सम्भावनाऐं।

****

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed / Peer Review Research Journal)
RNI No.- MPHIN/2013/60638, ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Scientific Journal Impact Factor (SJIF)- 7.671
April to June 2023, E-Journal, Vol. I, Issue XLII

भारत में क्षेत्रीय दलों का उदय एवं केन्द्रीय सरकार के निर्माण में उनकी महत्वपूर्ण भूमिका का अवलोकन

नमिता*

* एसोसिएट प्रोफेसर (राजनीति विज्ञान) राजकीय महाविद्यालय, बावल, जिला रेवाड़ी (हरियाणा) भारत

शोध सारांश – भारतीय लोकतंत्र विश्व का सबसे बड़ा लोकतंत्र है, विविधतापूर्ण भारतीय समाज में लोगों के विचारों में भिन्नता होना स्वभाविक है। वास्तव में राजनीतिक दल विचारों का ही समुच्चय होता है। अनेक संस्कृति, जाती, धर्म, होने के कारण भारत में अनेक क्षेत्रीय राजनीतिक दलों का उदय हुआ है। इस शोध पत्र के माध्यम से क्षेत्रीय दलों का केन्द्रीय सरकारों के गठन में और भारत के संघीय स्थिति को मजबूत करने में किए गए योगदान का विश्लेषण किया गया है। गठबंधन के समय सरकारों के निर्माण और इनके क्षेत्रीय मुद्दों को राष्ट्रीय पहचान दिलाने में इन क्षेत्रीय पार्टियों का महत्वपूर्ण योगदान दिखलाई पड़ता है। इस शोध के द्वारा एक पार्टी के प्रभुत्व, प्रमुख क्षेत्रीय राजनीतिक दलों के ऐतिहासिक विकास तथा केंद्र में इनकी भूमिका के बारे में तुलनात्मक अध्ययन किया गया है।

प्रस्तावना – भारत में दो प्रकार के दल मौजूद हैं– राष्ट्रीय राजनीतिक दल और क्षेत्रीय राजनीतिक पार्टियां। राष्ट्रीय राजनीतिक पार्टियों का केंद्र के चुनावों में महत्व अधिक होता है परंतु क्षेत्रीय राजनीतिक दल राज्य स्तर पर बहुत शक्तिशाली हो सकते हैं। देश की आजादी के बाद क्षेत्रीय राजनीतिक दलों कि भूमिका महत्वपूर्ण रही है। क्षेत्रीय राजनीतिक दल उन्हे कहा जाता है जिनका जनाधार एक क्षेत्र विशेष या राज्य विशेष में सीमित हो। इसलिए क्षेत्रीय दलों का दृष्टिकोण क्षेत्रीय स्तर की संस्कृति और समुदाय से जुड़ा होता है। वर्तमान में क्षेत्रीय राजनीतिक दलों का प्रभाव सिर्फ राज्य स्तर पर नहीं रह गया है बल्कि 1967 के बाद जब से भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस पार्टी के प्रभुत्व में कमी आई है तभी से ही यह दल केंद्र एवं राज्य सरकारों को सीधे प्रभावित करने लगे।

भारत में क्षेत्रीय दल मूलत: व्यक्ति केन्द्रित होते हैं, ये क्षेत्रीय दल क्षेत्रीय पहचान, क्षेत्रीय संस्कृति, इतिहास, भाषा की स्वायत्ता पहचान इत्यादि के समर्थक है। इनके मुद्दे अक्सर क्षेत्रीय होते हैं ताकि चुनावी राजनीति में उन्हें फायदा मिल सके। किसी देश में क्षेत्रीय राजनीतिक दल कई प्रकार के हो सकते हैं, लेकिन मुख्य रूप से इनका विभाजन क्षेत्रीय अस्मिता, भाषाई पहचान एवं राज्यों के निर्माण को लेकर होता है। भारत जैसे विशाल बहुलवादी देश में क्षेत्रीय राजनीतिक दलों की उपस्थिति स्वाभाविक है, इससे अधिक लोकतांत्रिकरण होता है। ये क्षेत्रीय दल क्षेत्र विशेष की आकांक्षाओं और मांगों को प्रकट करते हैं। कुछ विचारक तो यहाँ तक मानते हैं कि कांग्रेस पार्टी अनेक समूहों का विशाल संगठन रहा है। इसी कारण बहुत सारे क्षेत्रीय संगठन या क्षेत्रीय दल कांग्रेस से अलग होकर बने हैं। क्षेत्रीय दलों के शक्तिशाली होने से राज्यों को अधिक स्वायत्तता प्राप्त हुई तथा क्षेत्रीय दलों की सहभागिता संघीय सरकार में हुई, जिससे राज्यों कि मूल समस्याओं को राष्ट्रीय पहचान मिलने लगी।

उद्देश्य – इस शोध पत्र का मुख्य उद्देश्य भारतीय राजनीति में क्षेत्रीय राजनीतिक दलों की भूमिका के बारे में विश्लेषण किया गया है, इस शोध पत्र से आजादी के बाद भारत के लोकतंत्र की मजबूती में इन क्षेत्रीय राजनीतिक पार्टियों के योगदान को जानने में मदद मिलेगी। शोध पत्र में उन राजनीतिक दलों को मुख्य रूप से शामिल करने का प्रयास किया गया है जिन क्षेत्रीय राजनीतिक दलों ने संघीय सरकार में स्थायित्व के लिए महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

शोध प्रविधि– इस शोध पत्र में विश्लेषणात्मक पद्धति का प्रयोग किया गया है, कुछ मुद्दों को समझने ओर उनका मूल्यांकन करने के लिए एतिहासिक पद्धति का प्रयोग किया गया है। यह शोध साहित्य सर्वेक्षण पर आधारित हैय अध्ययन के लिए विभिन्न पत्रिकाओं, रिपोर्टों, शोध पत्रों में लिखे गये लेख, सरकारी वेबसाइटों, सरकारी संस्थाओं द्वारा जारी किये जाने वाले आंकड़ों का संग्रह किया गया है।

विश्लेषण– यह कहना अतिशयोक्ति नहीं होगा कि भारत में राजनीति क्षेत्रीय दलों द्वारा तय की जाती है। इन छोटे दलों का अलग–अलग राज्यों में काफी दबदबा है, जिसके कारण वोटों का बंटवारा बहुत अधिक हो गया है। केन्द्रीय राजनीतिक पार्टियां क्षेत्रीय दलों पर भी बड़े स्तर पर निर्भर होती हैं, क्योंकि राष्ट्रीय पार्टियों का जनाधार पूरे भारत में एक साथ नहीं होता। नतीजतन उन्हे क्षेत्रीय दलों से चुनाव पूर्व या चुनाव बाद गठबंधन करना होता है, इसलिए ये कहा जाता है कि भारत का राजनीतिक भविष्य क्षेत्रीय राजनीतिक दलों द्वारा तय किया जाता है। भारत के राजनीतिक इतिहास को देखें तो इसमें कोई शक नहीं कि क्षेत्रीय दल ही तुरुप का इक्का हैं। ये जिस तरफ झुकते हैं सरकार उनकी बनने के अधिक मौके होते हैं।

एक पार्टी को राज्य पार्टी के रूप में स्वीकार किए जाने के लिए निम्नलिखित में से कम से कम एक योग्यता को पूरा करना होगा–

- किसी राज्य विधानसभा चुनाव में 6 प्रतिशत मत तथा 2 सीटें प्राप्त की हों।
- राज्य, लोकसभा चुनाव में पार्टी को कुल मतों का कम से कम छह प्रतिशत हासिल हुआ हो, और दो विधानसभा सीटें भी प्राप्त की हों।

- राज्य विधानसभा चुनाव में कुल स्थानों का 3 प्रतिशत सीटें या तीन सीटें प्राप्त की हों।

भारतीय आजादी के दूसरे दशक तक कांग्रेस पार्टी प्रमुख पार्टी थी और भारतीय लोकतंत्र एक पार्टी प्रणाली थी जिसे 'कांग्रेस प्रणाली' भी कहा जाता है। कांग्रेस एक ऐसी पार्टी के रूप में विकसित हुई जिसमें सभी प्रकार की जातियाँ, समुदाय, विचारधाराएँ उपस्थित थीं। कांग्रेस तत्कालीन भारत देश की पूरी राजनीतिक स्थिति को दर्शाती थी।लेकिन जवाहरलाल नेहरू की मृत्यु के साथ ही कांग्रेस पार्टी पिछड़ने लगी 1967 के चुनावों ने कांग्रेस प्रणाली के प्रभुत्व के लिए चुनौती पेश की, कांग्रेस आठ राज्यों में बहुमत हासिल करने में विफल रही और लोकसभा में उसका बहुमत 54% सीटों तक सिमट कर रह गया। उसी समय एक क्षेत्रीय राजनीतिक दल तमिलनाडु में उभर रहा था जिसका नाम था द्रविड़ मुन्नेत्र कड़गम (डीएमके) इसकी स्थापना अन्नादुरै ने 1949 में की थी। द्रविड़ मुन्नेत्र कड़गम (डीएमके) ने 1967 का विधानसभा चुनाव जीतकर पहला गैर कांग्रेसी मुख्यमंत्री बनने का कार्य किया तथा 1967 से ही क्षेत्रीय राजनीतिक दल उभरने लगे।

क्षेत्रीय राजनीतिक दलों की शुरुआत– 1967 में कांग्रेस के निराशाजनक प्रदर्शन ने कांग्रेस के साथ सत्ता संघर्ष की एक श्रृंखला को जन्म दिया। अंतत: 1969 में पार्टी का विभाजन हो गया और पार्टी और सरकार दोनों में इंदिरा गांधी का वर्चस्व स्थापित हो गया। जिससे केन्द्रीय पार्टी में विरोध के स्वर उठने लगे फलत: इसने कई क्षेत्रीय दलों के उदय को निमंत्रण दिया। देश में क्षेत्रीय दलों का उदय होने लगा, परंतु इसका अकेला कारण सिर्फ कांग्रेस के प्रभुत्व में ही कमी आना नहीं था, बल्कि इतने सालों में देश में भी राजनीतिक जागृति आने लगी थी और इस कारण छोटे राजनीतिक दल भारत के मानचित्र पर दिखाई देने लगे थे।

क्षेत्रीय दलों की प्रकृति– ये क्षेत्रीय पहचान और सम्मान के समर्थक होते हैं, ये क्षेत्रीय संस्कृति और इतिहास को भी बनाए रखना चाहते हैं। हालांकि इन राजनीतिक दलों की कोई स्पष्ट विचारधारा नहीं होती है और चुनावी राजनीति और बदलती परिस्थिति के अनुसार वे इसमे बदलाव करते रहते हैं। क्षेत्रीय दलों का सबसे बड़ा यह दोष होता है कि ये व्यक्ति केंद्रित होते हैं, कुछ क्षेत्रीय राजनीतिक दल ऐसे भी होते हैं जिनका आधार तो क्षेत्रीय होता है परंतु एजेंडा देशव्यापी होता है, इस प्रकार के राजनीतिक दल केन्द्रीय स्तर पर महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

क्षेत्रीय दल और लोकतंत्र–भारत एक बहुलवादी एवं विशाल देश है, इस देश में कई राजनीतिक पार्टियों का उदय होना एक आम बात है, राजनीतिक दलों की अधिक संख्या होने का एक कारण यह भी है कि भारतीय संविधान बहुदलीय प्रथा का भी सम्मान करता है। भारतीय संविधान में गठबंधन की सरकारों को भी मान्यता दी गई है, जिससे भारत में कई क्षेत्रीय दल उभर कर आए हैं। क्षेत्रीय दलों की उपस्थिति से लोकतंत्र मजबूत होता है, लोकतंत्र का व्यापक अर्थ होता है सभी की भागीदारी, क्षेत्रीय दल क्षेत्रीय मुद्दों को भी राष्ट्रीय स्तर पर उठाते हैं इस कारण ये लोकतंत्र के निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। क्षेत्रीय दलों के मजबूत होने से संघीय प्रणाली सक्षम होती है। भारतीय संविधान के अनुसार भारत राज्यों का संघ है अर्थात जितने राज्यों की क्षेत्रीय पार्टियों का राष्ट्रीय स्तर पर उदय होगा ये संघवाद को उतना ही मजबूती देंगी। ये क्षेत्रीय दल सरकार बनाने में निर्णायक भूमिका भी निर्वाह करते हैं तथा किसी एक पार्टी को बहुमत न मिलने की अवस्था में ये गठबंधन कर सरकार के निर्माण में भागीदार बनते हैं। जैसे 2004 एवं 2009 में कोंग्रेस के साथ कई क्षेत्रीय दलों ने मिलकर यू.पी.ए. गठबंधन का निर्माण किया। हालांकि इसका दुष्परिणाम भी देखने को मिलता है, क्षेत्रवाद में वृद्धि होने से सरकार ज्यादा स्थायी नहीं हो पाती है और सरकार के गिरने का डर हमेशा बना रहता है। इसका उदाहरण 1996 से 1999 के बीच तीन आम चुनाव से समझा जा सकता है।

क्षेत्रीय दलों की संघ सरकार बनाने में भूमिका– 1977 में जनता पार्टी के नेतृत्व में नया गठबंधन उभरा और इसने 1977 में सरकार बनाई, 1977 में जिस जनता पार्टी के नेतृत्व में संघसरकार का निर्माण हुआ यह दल पाँच दलों के गठबंधन से निर्मित था, इसमें नीलम संजीव रेड्डी, अटल बिहारी बाजपेयी, लालकृष्ण आडवाणी, जग जीवन राम, जॉर्ज फर्नांडीज एवं चौधरी चरण सिंह शामिल थे जिससे एक बहुदलीय प्रणाली का उदय हुआ परंतु वैचारिक रूप से एक आपसी तालमेल की कमी के कारण जनता पार्टी सिर्फ कुछ वर्ष चल सकी और इसका पतन हुआ। पुन: 1980 में कांग्रेस ने सत्ता संभाली और इंदिरा गांधी ने वृहद स्तर पर वापसी की। इंदिरा गांधी की मृत्यु के बाद 1984 में राजीव गांधी कांग्रेस के प्रधानमंत्री बने जिनके नेतृत्व में एक सशक्त केन्द्रीय दल की स्थापना हुई जिसने क्षेत्रीय दलों की भूमिका को थोड़ा कम कर दिया। 1989 में व्यवहारिक रूप से पहली बार गठबंधन की सरकार का निर्माण हुआ, जिसमें तेलुगु देशम पार्टी, असमगण परिषद, डी.एम.के. शामिल थीं जिन्हे वामपंथी एवं बीजेपी ने बाहर से समर्थन दिया। 1983 में आंध्रप्रदेश और कर्नाटक में सम्पन्न हुए विधानसभा चुनाव में तेलुगु देशम पार्टी और जनता पार्टी को भारी विजय प्राप्त हुई। वर्ष 1983 में भी क्षेत्रीय दल प्रभावी हुए जिससे हिन्दी भाषी राज्यों में भी गैर कांग्रेसी सरकार का निर्माण हुआ। मंडलवाद के कारण उत्तर भारत में समाजवादी पार्टी एवं बहुजन समाजवादी पार्टी का निर्माण हुआ इससे भारत में एक बहुदलीय प्रणाली का उदय हुआ।

आठवें लोकसभा चुनाव (1984) में, आंध्र प्रदेश की एक क्षेत्रीय पार्टी तेलुगु देशम मुख्य विपक्षी दल के रूप में उभरी। चूंकि राजीव गांधी की मृत्यु, भ्रष्टाचार के मामले (बोफोर्स कांड), आर्थिक संकट, इन सभी ने मिलकर गठबंधन सरकारों के लगभग पच्चीस वर्षों तक चलने वाले युग के लिए एक मंच तैयार किया। कांग्रेस में सोनिया गांधी के प्रवेश के मुद्दे को लेकर शरद पवार ने कांग्रेस छोड़ दी और एन सी पी नामक पार्टी का निर्माण किया जिससे क्षेत्रीय दलों में इजाफा हुआ। वर्ष 1991 में लोकसभा में क्षेत्रीय दलों के सदस्यों की संख्या 56 थी जो 1998 मे बढ़कर 168 हो गयी। इतनी सदस्य संख्या से यह स्पष्ट हो गया कि क्षेत्रीय दलों के बिना शासन का संचालन कठिन है। वर्ष 1996 के आम चुनाव में भारतीय जनता पार्टी का सबसे बड़े दल के रूप में उदय हुआ परंतु भाजपा का अन्य पार्टियों ने सम्प्रदाय के मुद्दे को लेकर विरोध किया इस कारण भाजपा की सर्वाधिक सीटें होने के बावजूद सरकार नहीं बनी। 1996 में संयुक्त मोर्चे की सरकार का निर्माण हुआ जिसे कांग्रेस का समर्थन प्राप्त था। इससे ये आसानी से समझा जा सकता है कि यदि किसी पार्टी को सर्वाधिक सीटें भी प्राप्त हुई हैं परंतु यदि उसके पास किसी क्षेत्रीय दल का समर्थन नहीं है तो उसकी सरकार नहीं बन सकती, वहीं उनके समर्थन से दूसरे नंबर पर रहने वाली पार्टी भी सरकार बना सकती है। इसलिए क्षेत्रीय पार्टियां सरकार बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने लगीं, जिसने चुनाव पूर्व गठबंधन के विचार को बल दिया। 1998 में पहली बार क्षेत्रीय दलों के साथ भाजपा ने चुनाव पूर्व गठबंधन किया इसमें तृणमूल कांग्रेस और ए.आई.ए.डी.एम.के जेसी क्षेत्रीय राजनीतिक

पार्टियां शामिल थीं। 1996, 1998, 1999 तथा 2004 के चुनावों में क्षेत्रीय दलों का उत्कर्ष हुआ तथा इन्होंने राष्ट्रीय स्तर पर सरकार बनाने में मुख्य भूमिका निभाई। 2009 एवं 2014 के लोकसभा चुनावों में भी क्षेत्रीय दलों की भूमिका का अत्यधिक महत्त्व रहा है परन्तु इनकी संख्या में पहले की अपेक्षा कमी आई है। 2019 के लोकसभा चुनावों में भी क्षेत्रीय दल केन्द्र की सरकार में भागीदार बने। वास्तव में 2014 में भारतीय जनतापार्टी की जहां 282 सीट थीं वहीं 2019 में भारतीय जनता पार्टी की 303 सीटें थीं परंतु पार्टी ने कई राज्यविधानसभा में गठबंधन की सरकार भी बनाई है, इस कारण भारतीय जनता पार्टी को 2019 में पूर्ण बहुमत आने के बाद भी कई क्षेत्रीय दलों के साथ गठबंधन करना पड़ा।

भारत में 1996 से ही लगभग 235 सीटों पर क्षेत्रीय पार्टियों का कब्जा रहा है, यह भारतीय लोकतंत्र की एक मजबूत भावना को स्पष्ट करता है, इसे संघीय एकीकरण के रूप में भी जाना जा सकता है। क्षेत्रीय दलों ने भारत में केंद्र-राज्य संबंधों की प्रकृति पर गहरा प्रभाव डाला है। बढ़ती क्षेत्रीय राजनीतिक दलों की संख्या भारत जैसे बहु-जातीय, बहु-नस्लीय, बहु-धार्मिक और बहु-भाषाई समाजों में वयस्क मताधिकार पर आधारित लोकतांत्रिक व्यवस्था का एक स्वाभाविक परिणाम है।

महत्वपूर्ण क्षेत्रीय दल- समाजवादी पार्टी 4 अक्टूबर 1992 को अस्तित्व में आयी। श्री मुलायम सिंह यादव को पार्टी का पहला अध्यक्ष चुना गया। 13वीं लोकसभा में यह 27 सदस्यों के साथ 5वीं सबसे बड़ी पार्टी थी। वहीं शिवसेना का गठन बालासाहेब ठाकरे ने 1966 में किया था, पार्टी महाराष्ट्रीयन युवाओं के हितों को बढ़ावा देने के लिए अस्तित्व में आई थी। पार्टी अपनी हिंदुत्व विचारधारा को बनाए रखती है और एक दक्षिणपंथी राजनीतिक पार्टी है। दूसरी प्रमुख पार्टी अकाली दल है अकाली दल सिख समुदाय का प्रमुख राजनीतिक और सामाजिक संगठन है यह दल संकीर्ण पार्टी है। संकीर्ण दल वे होते हैं जो संकीर्ण मुद्दों को ही उठाते हैं, अकाली दल पंजाब और सिक्खों की समस्याओं तक सीमित है। एक महत्वपूर्ण पार्टी के रूप में आई.एम.आई.एम ने 1984 से हैदराबाद निर्वाचन क्षेत्र के लिए लोकसभा सीट पर कब्जा कर राजनीतिक शुरुआत की थी जबकी यह दल आजादी से पहले का है, यह पार्टी मुस्लिम समुदाय की एक प्रमुख पार्टी है। 2014 के तेलंगाना विधानसभा चुनावों में, पार्टी ने सात सीटें जीतीं और भारत के चुनाव आयोग द्वारा 'राज्य पार्टी' के रूप में मान्यता प्राप्त की। अलग अलग क्षेत्रों में 2014 के आम चुनाव में इसने 5 लोकसभा सीटों पर चुनाव लड़ा तथा 1 सीट जीती, वहीं 2019 के चुनाव में इसने दो सीटें हासिल कीं। अन्य प्रमुख पार्टी में तृणमूल कांग्रेस है, अब यह एक राष्ट्रीय पार्टी है जिसकी स्थापना वर्तमान पश्चिम बंगाल मुख्यमंत्री ममता बेनर्जी ने 1998 में की थी, इसका जनाधार सीमित होने के बावजूद इसने केंद्र में सरकार बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। वहीं अन्य विचारधाराओं वाली पार्टी में भारतीय कमुनिस्ट पार्टी एक महत्वपूर्ण राजनीतिक दल है जिसने तीसरे आम चुनाव में 27 सीटें अर्जित कीं, 1964 में इसका विभाजन हो गया और नई पार्टी माकपा का निर्माण हुआ। इसी के बाद इनके जनाधार में बंटवारा होता चला गया। माकपा ने 2004 के आम चुनाव में अपना सर्वोच्च प्रदर्शन किया और 43 सीटों पर जीत अर्जित की। वहीं बिहार की लोजपा ने 2009 में 7 सीटें जीतकर केंद्र सरकार के साथ सरकार में रही, परंतु रामविलास पससवान के बाद इस पार्टी की स्थिति कमजोर हुई है। क्षेत्रीय दलों ने देश में एक दलीय प्रभुत्व प्रणाली के लिए एक चुनौती पेश की और एक दल के प्रभुत्व में गिरावट का कारण बने। संसदीय लोकतंत्र के सफल कामकाज में इनका महत्वपूर्ण योगदान है। एक संसदीय लोकतंत्र में, अल्पसंख्यक को अपनी बात रखनी चाहिए, बहुमत का अपना रास्ता होना चाहिए, और क्षेत्रीय दलों ने कुछ राज्यों में सत्ताधारी दल और केंद्र में विपक्षी दलों के रूप में इस भूमिका को सफलतापूर्वक निभाया है।

निष्कर्ष- उपरोक्त शोध के माध्यम से यह स्पष्ट रूप से समझा जा सकता है कि भारत एक विशाल विविधतापूर्ण और कई भाषाओं वाला देश है इस कारण से यहाँ पर क्षेत्रीय दलों की उपस्थिति एक साधारण सी बात है। परन्तु इन क्षेत्रीय दलों ने भारत के मजबूत लोकतंत्रीकरण में बहुत ही महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। संघ सरकारों के साथ शामिल हो कर इन्होंने केंद्र में एक स्थायी सरकार का निर्माण किया। भारत में क्षेत्रीय दलों के उदय ने बेहतर शासन और एक स्थिर सरकार प्रदान करने में मदद की। उन्होंने देश में एक दलीय प्रभुत्व प्रणाली के लिए एक चुनौती पेश की। वे केंद्र राज्य संबंधों की प्रकृति और राजनीतिक आर्थिक व्यवस्था पर महत्वपूर्ण प्रभाव डालते हैं। राज्यों को अधिक स्वायत्तता मिलने के पीछे क्षेत्रीय राजनीतिक दलों का महत्वपूर्ण योगदान है। गठबंधन राजनीति के युग की शुरुआत के बाद क्षेत्रीय दलों ने राष्ट्रीय राजनीति में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। 1967 के बाद कांग्रेस के प्रभुत्व में अभूतपूर्व में कमी आई और क्षेत्रीय राजनीतिक दलों की स्थिती में सुधार हुआ तथा इनकी संख्या बढ़ी। 1989 से 2014 के बीच में इन राजनीतिक दलों का केन्द्रीय सरकारों के निर्माण में महत्वपूर्ण योगदान रहा है। इन्होने गठबंधन की सरकार बनाने में सहायता की तथा एक स्थिर और कामयाब सरकारों का निर्माण किया।

एक राजनीतिक दल के प्रभुत्व को समाप्त करने में तथा संघीय स्थिती को सुदृढ़ करने में क्षेत्रीय राजनीतिक दलों का महत्वपूर्ण योगदान रहा है। शोध से यह भी पता चलता है कि अलग-अलग वर्ग, समाज, धर्म, संस्कृति के लोगों ने अपने-अपने विचारों के रूप में अपने मतों के माध्यम से इन क्षेत्रीय दलों को चुना। इन क्षेत्रीय दलों ने उन सभी विचारों और भावनाओं को राष्ट्रीय स्तर पर उठाया। अतः शोध से यह स्पष्ट होता है कि भारतीय लोकतंत्र के सफल होने में क्षेत्रीय राजनीतिक दलों का महत्वपूर्ण योगदान है।

संदर्भ ग्रंथ सूची :-

1. Drishti IAS.(2019), *Rise of Regional Parties In India*.
2. ECI. (n.d.). *Recognition of Political Parties*. Election Commission of India. https://eci.gov.in/candidate-political-parties/recognition-derecognition/
3. Elections.in. (2014). *Political Parties in India and their Ideologies*. https://www.elections.in/political-corner/political-parties-in-india-and-their-ideologies/
4. Elections.in. (2020). *Political Parties in India*. https://www.elections.in/political-parties-in-india/
5. Jain, A. (2020) 'भारतीय राजनीति में बरकरार है क्षेत्रीय दलों का दबदबा - नजरिया' *BBC News* https://www.bbc.com/hindi/india-51153224
6. Mohita, N. (2014). *The Major Regional Political Parties of India*. https://www.your articlelibrary.com/essay/the-major-regional-political-parties-of-india/24938
7. Ranjan, A. (2018). 'क्षेत्रीय दल यदि साथ आ जाएं तो भाजपा-कांग्रेस के बुरे दिन आ सकते हैं' *The Wire - Hindi*. https://thewirehindi.com/38590/regional-parties-in-india-politics-sp-bsp-tmc-trs/

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed / Peer Review Research Journal)
RNI No.- MPHIN/2013/60638, ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Scientific Journal Impact Factor (SJIF)- 7.671
April to June 2023, E-Journal, Vol. I, Issue XLII

वर्षा जल संचयन हेतु तालाबों की उपयोगिता एवं समस्याएँ

डॉ. राजेश कुमारी*

* एसोसिएट प्रोफेसर (भूगोल) एफ.एल.टी.एम.एस.बी.पी. राजकीय कन्या महाविद्यालय, रेवाड़ी (हरियाणा) भारत

शोध सारांश – मानव सतही एवं भूजल को आधुनिक तकनीक से मशीनों की सहायता से अधिकाधिक प्रयोग में ला रहा है। इस अतिदोहन का परिणाम यह हुआ कि भूगर्भ में भूजल स्तर भारत सहित विश्व के अधिकांश भागों में नीचे गिरता जा रहा है, तथा उपलब्धता घट रही है। वर्षा जल एक अनमोल नैसर्गिक उपहार है, जो प्रति वर्ष पूरी धरती को बिना भेदभाव के प्राप्त होता है। परन्तु इस जल के समुचित प्रबन्धन के अभाव में यह जल नदी नालों से होकर समुद्र में चला जाता है। जल प्रबन्धन में कमी के कारण भारत के कुछ राज्य जैसे राजस्थान, गुजरात, मध्यप्रदेश, उड़ीसा, आन्ध्रप्रदेश, महाराष्ट्र आदि गंभीर जल संकट का सामना करते हैं। वर्षा जल के संचयन के लिए तालाब या पोखर बहुत अच्छे विकल्प हो सकते हैं। ऐतिहासिक अध्ययन से ज्ञात होता है कि हमारे देश में प्राचीन काल से ही जल संचयन की परम्परा रही है। वर्षा जल के संचयन के लिए सामूहिक प्रयास किया जाता रहा है। विभिन्न उपयुक्त स्थानों पर तालाबों, कुओं, बावड़ियों आदि का निर्माण किया जाता था। इन माध्यमों से वर्षा जल को संचित किया जाता था। इनसे भूजल स्तर में सुधार होता था, ग्रीष्म ऋतु में जल स्रोतों से पर्याप्त पानी मिलता था। मानवीय उपेक्षा, औद्योगीकरण, नगरीकरण, आधुनिक कृषि प्रणाली एवं जल के कुप्रबन्धन के कारण जल स्रोत मृतप्राय हो गये हैं। कई जल स्रोत कचरे के गड्ढों में तब्दील हो गए हैं, कई पर अवैध कब्जे हो गए हैं, तो कई मिट्टी व गाद से भर गए हैं। इससे उनकी जल ग्रहण क्षमता कम हो गयी है। प्राचीन तालाब, बावड़ी आदि दुर्दशा के शिकार हैं, जो मरम्मत की राह देख रहे हैं। अल्पवृष्टि, सूखा एवं पेयजल संकट हमारे देश में हर वर्ष नागरिकों का जीवन दुष्कर बना देते हैं। ऐसे संकटों का सामना करने के लिए तालाबों एव अन्य जल स्रोतों की प्राचीन काल में आवश्यकता थी, वर्तमान में है और भविष्य में भी आवश्यकता रहेगी। वर्षा जल को संचित करने, जल स्रोतों का पुनर्भरण करने, बाढ़ की समस्या पर नियंत्रण पाने, कृषि में सिंचाई हेतु, घरेलू उपयोग एवं निर्माण कार्य करने, मृदा कटाव को नियंत्रित करने तथा परिस्थिकी संतुलन बनाये रखने जैसे कार्यों के लिए तालाबों को संरक्षित एवं नवनिर्माण करने की आवश्यकता है।

प्रस्तावना – वन्दे मातरम्, वन्दे मातरम्! सुजलाम् सुफलाम् मलयज शीतलाम्, शस्य श्यामलाम् मातरम्। वन्दे मातरम्! भारत की स्वाधीनता पश्चात् 24 जनवरी 1950 को संविधान सभा द्वारा अंगीकृत इस राष्ट्रगीत की उपर्युक्त पंक्तियाँ स्वाधीनता संग्राम के दौरान मातृभूमि की प्रशंसा में 07 नवम्बर 1876 को बंकिमचंद्र चटर्जी द्वारा रचित हैं। ये पंक्तियाँ भारत की तत्कालीन प्राकृतिक पर्यावरण की सम्पन्नता की साक्षी हैं। स्वाधीनता पश्चात् देश में विकास करना तत्कालीन सरकारों की सबसे बड़ी चुनौती थी। देश में शिक्षा, स्वास्थ्य, पेयजल, परिवहन, उद्योग, तकनीकि, व्यापार, कृषि आदि का बुनियादी स्तर से प्रगति की शुरुआत की गई। प्राकृतिक संसाधनों का दोहन प्रतिस्पर्धात्मक रूप से होने लगा। सन् 1966 में प्रारम्भ, हरित क्रान्ति ने कृषि क्षेत्र में भारी परिवर्तन कर उत्पादन में वृद्धि कर दी। कृषि कार्यों, उद्योगों, रेलवे आदि के क्षेत्र में सतही एवं भूगर्भिक जल का दोहन अधिक होने लगा। 21वीं सदी में प्रवेश करने से पूर्व हमारी प्रत्याशा थी कि भविष्य में भारत विकास के साथ पर्यावरण की सम्पन्नता का संरक्षण व संवर्द्धन करेगा, किन्तु हमारी आशाएँ निष्प्रभ हो गयीं। नि:संदेह स्वाधीनता पश्चात् भारत ने शैक्षिक, आर्थिक, औद्योगिक, तकनीकि, कृषि आदि क्षेत्र में विकास अवश्य किया, किन्तु विकास के दूसरे पक्ष में उत्तरोत्तर जनसंख्या वृद्धि, संसाधनों का अनुचित विदोहन, जल, वायु, मृदा, ध्वनि एवं रेडियोएक्टिव प्रदूषण जैसे कुछ ऐसे तत्व हैं, जो विकास के साथ हमें नि:शुल्क प्राप्त हुये हैं, और हमें चुनौती दे रहे हैं। इन चुनौतियों में 21 वीं सदी की सबसे बड़ी चुनौती है : जल संकट। धरती पर जल का मुख्य स्रोत वर्षा है। भारतीय वर्षा मानसून पर आधारित है, और यह मानसून अनिश्चितताओं से ग्रसित है। देश के कुछ भागों को छोड़कर थार एवं प्रायद्वीपीय पठारी क्षेत्र अनावृष्टि एवं सूखा जैसे जल संकट से जूझते रहते हैं। अभी तक हमारे देश में वर्षा जल को संचित एवं संरक्षित करने एवं इसके दुरुपयोग को रोकने हेतु कोई गंभीर प्रयास नहीं किए गए हैं। एक अनुमान है कि स्थिति में यदि सुधार नहीं किया जाता तो आगामी कुछ दशकों में गंभीर जल संकट का सामना करना पड़ सकता है।

उद्देश्य :

1. वर्षा जल संचयन हेतु कम लागत वाली तकनीक की आश्यकता से परिचित होना।
2. जल संकट को कम करने हेतु तालाबों की महत्ता का अध्ययन करना।
3. वर्तमान में तालाबों की हालात से परिचित होना।
4. तालाबों के संरक्षण एवं परिवर्द्धन हेतु सूक्ष्म प्रयास करना।
5. तालाबों के बहुआयामी उपयोगिताओं का अध्ययन करना।

तालाबों की उपयोगिता – जल जीवन का आधार है। जल का प्रमुख स्रोत वर्षा है। वर्षा के इस अनमोल जल के समुचित प्रबन्धन के अभाव में अपने

चक्रानुसार समुद्रों में चला जाता है, जबकि विशाल जनसंख्या ग्रीष्म ऋतु में पानी के लिए तरसती है। अत: जल संचयन के लिए आवश्यक है कि वर्षा जल को कुओं, तालाबों, जलाशयों आदि के द्वारा संचित करें तथा विभिन्न प्रविधियों द्वारा इसे भूमिगत करना अनिवार्य है। वर्षा जल के संचयन और भूमिगत करने की दिशा में तालाबों की अहम् उपयोगिता हो सकती है। उपयोगिता को निम्नलिखित बिन्दुओं द्वारा समझा जा सकता है –

(क)प्रत्येक धरातल में निर्माण सम्भव – तालाबों का निर्माण तीव्र ढालयुक्त धरातल को छोड़कर पठारी, मैदानी, रेगिस्तानी, बन्जर आदि भूमि में आसानी से किया जा सकता है। अल्प प्रवणता युक्त भूमि में अपेक्षाकृत छोटे तथा समतल भूमि में बड़े तालाबों का निर्माण किया जा सकता है।

(ख)वर्षा जल संचयन की सस्ती प्रविधि – लघु, मध्यम एवं वृहत् स्तर की जल परियोजनाओं की उपयोगिता एवं लागत अवश्य अधिक होती है, किन्तु इनकी तुलना में तालाब निर्माण की लागत बहुत कम होती है। छोटे एवं बिखरे बस्तियों एवं कृषि क्षेत्रों में जल आपूर्ति हेतु तालाबों की विशेष उपयोगिता है। इन बिखरे लघु जल निकायों से विस्तृत क्षेत्रों में जल सम्भरण में वृद्धि एवं मृदा अपरदन को नियंत्रित किया जा सकता है।

(ग) शुष्क कृषि क्षेत्रों में उपयोगी – ऐसे कृषि क्षेत्र जो नहर पहुँच विहीन हों, कुएँ एवं ट्यूबवेल में पेयजल एवं सिंचाई हेतु जल की उपलब्धता कम हो, इन क्षेत्रों में तालाबों का निर्माण कर संचित वर्षा जल से सिंचाई की जा सकती है तथा इस संचित जल के भूगर्भिक रिसाव से भूजल स्तर में वृद्धि होने से भूगर्भिक जल स्रोतों में जल उपलब्धता बढ़ायी जा सकती है। भारतीय कृषि मानसून का जुआ है। सही समय पर वर्षा न होना, कम होना कृषि की आम समस्या है। किसानों को इन संकट की परिस्थितियों में तालाब मददगार हो सकते हैं।

(घ) बाढ़ की समस्या पर नियंत्रण – बाढ़ की समस्या पर नियंत्रण पाने की दिशा में तालाबों की अहम भूमिका हो सकती है। नदियों के जलग्रहण क्षेत्रों के ऊपरी भागों पर तालाबों में वर्षा जल को रोककर नदियों में बाढ़ की विभीषिका को कम किया जा सकता है।

(ङ) मृदा अपरदन पर नियंत्रण – वनस्पति विहीन और जुताई की गई प्रवण भूमि में वर्षा जल से मृदा अपरदन की मात्रा अधिक होती है। ऐसे क्षेत्रों में अपरदन को नियंत्रित करने के हेतु प्रवाही जल को रोकने के लिये तालाबों का निर्माण कारगर हो सकता है। वर्षा जल के साथ बहती मिट्टी को इन तालाबों में रोका जा सकता है।

(च) घरेलू कार्यों में उपयोगी – बस्तियों के निकट बने तालाबों से मानव के घरेलू कार्यों के लिए जल आपूर्ति हो सकती है। तालाबों के जल का उपयोग नहाने, कपड़ों की धुलाई, घरों की सफाई, भवन निर्माण के अतिरिक्त सड़क निर्माण, बागों की सिंचाई आदि के लिए किया जा सकता है। जिन बस्तियों में तालाबों एवं अन्य सतही जल स्रोतों की उपलब्धता नहीं है, वहाँ पेय जल स्रोतों पर ही लोग घरेलू कार्यों के लिए निर्भर रहते हैं, जिससे इन पर जल उपभोग का भार बढ़ जाता है, और जल स्तर निम्न होने की समस्या उत्पन्न होती है।

(छ)विभिन्न प्राणियों के लिए उपयोगी – बस्तियों के समीप या दूर स्थित तालाब पालतू जानवरों एवं वन्य प्राणियों के लिये पेय जल के महत्वपूर्ण स्रोत होते हैं। ग्रीष्म ऋतु में तो वन्य प्राणी बस्तियों के समीप तक पानी की तलाश में भटकते हुए पहुँच जाते हैं। इनके अतिरिक्त ये जल स्रोत विभिन्न प्रकार के जीवों एवं कीट पतंगों के पेय जल के आधार होते हैं।

(ज)पर्यावरणीय महत्व – तालाबों में विविध प्रकार के जलीय जीव और वनस्पतियाँ पायी जाती हैं। इनसे मिलकर तालाब का एक जलीय पारितंत्र निर्मित होता है। पर्यावरण में पारिस्थितिकी संतुलन के लिये ऐसे पारितंत्र महत्वपूर्ण होते हैं। इस दृष्टिकोण से भी तालाबों का विशेष महत्व होता है।

(झ)वैकल्पिक कृषि के लिए उपयोगी – तालाबों का जल एक ओर प्राणियों के जीवन का आधार है, तो वहीं कृषि कार्य में सिंचाई के लिए उपयोगी भी है। इनके अतिरिक्त मत्स्य पालन, बतख पालन, सिंघाड़ा एवं कमल की कृषि के लिए भी उपयोगी हो सकते हैं। तालाबों की मेड़ों पर फूलों व सब्जियों की भी कृषि की जा सकती है। इन मेड़ों पर फलदार वृक्ष लगाकर फलोत्पादन भी किया जा सकता है।

प्रमुख समस्याएँ – हमारे देश में तालाबों की बहुउद्देशीय उपयोगिताओं के बाद भी अधिकांश तालाब विभिन्न समस्याओं से ग्रस्त हैं। कुछ प्रमुख समस्याएँ इस तरह हैं –

(क)मानवीय उपेक्षा से ग्रसित – हमारे देश में प्राचीन काल से जल संचयन के लिए बहुउपयोगी ये तालाब अब हमारी उपेक्षा से ग्रसित हैं। पेयजल, सिंचाई, भवन निर्माण आदि कार्यों के लिए हम नल जल, ट्यूबवेल, व नहरों जैसे साधनों पर निर्भर होते जा रहे हैं। तालाबों का रखरखाव नहीं किया जा रहा है। हम अपने घरों व खेतों में गहरे गहरे बोर कराकर भूजल का अनियंत्रित विदोहन कर रहे हैं। तालाबों की महत्ता को हम नकार रहे हैं, ये दुर्दशा के शिकारग्रस्त हैं। इन तालाबों में गाद का जमाव हो चुका है, इनकी मेड़ खराब हैं या इनमें जलकुम्भी आदि जलीय पौधे अनावश्यक अतिक्रमण कर चुके हैं।

(ख)कचरे के गड्ढों के रूप में – वर्तमान में हम प्लास्टिक को अपने जीवन का अनिवार्य साधन बना चुके हैं। अपने अधिकांश छोटे बड़े कार्यों में हम प्लास्टिक का प्रयोग अवश्य करते हैं। हमारे द्वारा उपयोग के पश्चात् यह पॉलिथीन यूँ ही फेंक दिया जाता है। ऐसी पॉलिथीन का ढेर बस्तियों के किनारे तालाबों में हम अवश्य देख सकते हैं। यह दशा अन्य जल स्रोतों की भी है। कचरे के अलावा इन तालाबों पर घरों का गंदा पानी, सूक्ष्म एवं लघु उद्योगों का प्रदूषित जल एवं अन्य अपशिष्ट पदार्थ मुक्त किया जाता है। इससे तालाबों का जल प्रदूषित होता है, और यहाँ का पारितंत्र संकटग्रस्त हो जाता है।

(ग)अवैध कब्जा – सामान्यत: यह देखा जाता है कि तालाबों की मेड़ों एवं जल भराव क्षेत्रों में अवैध कब्जा कर भवन निर्माण या अन्य दूसरे कार्यों में उपयोग किया जाता है। कई जगहों पर पूरे तालाब को ही नष्ट कर उस भूमि में औद्योगिक इकाई, बस स्टैण्ड, बाजार, मॉल या संस्थान बना दिये जाते हैं, तो कहीं कृषि हेतु इस भूमि को उपयोग में लाया जाता है।

(घ) जल ग्रहण क्षमता में कमी – वर्षा जल के प्रवाह के साथ हर वर्ष बाहरी मृदा तालाबों या जलाशयों पर आकर गाद के रूप में निक्षेपित होती है। जिससे तालाबों की जल ग्रहण क्षमता कम होते जाती है। यह भी तालाबों की एक प्राकृतिक समस्या है।

(ङ) नये तालाबों के निर्माण में कमी – प्राचीन काल में अनेक राजा तालाब, बावड़ी, कुएँ आदि का निर्माण सार्वजनिक उपयोग हेतु कराते थे, किन्तु हमारे देश में अब प्राचीन काल की तरह तालाबों के निर्माण में ध्यान नहीं दिया जाता है। वहीं सरकारें बड़े बांधों के निर्माण में ज्यादा रुचि दिखाती हैं। सिंचाई व पेयजल के लिये बोरवेल्स को अधिक महत्व दिया जा रहा है।

सुझाव :

1. तालाबों के नवनिर्माण एवं रखरखाव के लिये समाज, स्थानीय संस्थाओं व सरकार सभी को आगे आना चाहिये।
2. तालाबों के धार्मिक, आर्थिक एवं पर्यावरणीय महत्व के बारे में जन जागरूकता की आवश्यकता है।
3. तालाबों को प्रदूषण व अवैध कब्जों से मुक्त कराने की आवश्यकता है।
4. शासन द्वारा तालाब निर्माण के साथ जलीय कृषि को प्रोत्साहित करने की आवश्यकता है।
5. जल को राष्ट्रीकृत संपदा घोषित कर जल एवं जल स्रोतों के दुरुपयोग एवं प्रदूषण पर दण्ड हेतु कानून बनाने एवं लागू करने की आवश्यकता है।

निष्कर्ष – ऐतिहासिक अध्ययन से ज्ञात होता है कि हमारे देश में प्राचीन काल से ही जल संचयन की परम्परा रही है। वर्षा जल के संचयन के लिये सामूहिक प्रयास किया जाता रहा है। विभिन्न उपयुक्त स्थानों पर तालाबों, कुओं, बावड़ियों आदि का निर्माण किया जाता था। इन माध्यमों से वर्षा जल को संचित किया जाता था। इनसे भूजल स्तर में सुधार होता था, ग्रीष्म ऋतु में जल स्रोतों से पर्याप्त पानी मिलता था। मानवीय उपेक्षा, औद्योगीकरण, नगरीकरण, आधुनिक कृषि प्रणाली एवं जल के कुप्रबन्धन के कारण जल स्रोत मृतप्राय हो गए हैं। कई जल स्रोत कचरे के गड्ढों में तब्दील हो गए हैं, कई पर अवैध कब्जे हो गए हैं, तो कई मिट्टी व गाद से भर गए हैं। इससे उनकी जल ग्रहण क्षमता कम हो गयी है। प्राचीन तालाब, बावड़ी आदि दुर्दशा के शिकार हैं, जो मरम्मत की राह देख रहे हैं। अल्पवृष्टि, सूखा एवं पेयजल संकट हमारे देश में हर वर्ष नागरिकों का जीवन दुष्कर बना देते हैं। इन तालाबों एव अन्य जल स्रोतों की प्राचीन काल में आवश्यकता थी, वर्तमान में है और भविष्य में भी आवश्यकता रहेगी। वर्षा जल को संचित करने, जल स्रोतों का पुनर्भरण करने, बाढ़ की समस्या पर नियंत्रण पाने, कृषि में सिंचाई हेतु, घरेलु उपयोग एवं निर्माण कार्य करने, मृदा कटाव को नियंत्रित करने तथा परिस्थिकी संतुलन बनाये रखने जैसे कार्यों के लिए तालाबों को संरक्षित एवं नवनिर्माण करने की आवश्यकता है।

संदर्भ ग्रंथ सूची :-

1. सिंह, अंकित, जल, वायु एवं मृदा संरक्षण की चुनौतियाँ, ए. जे. बुक्स गाजियाबाद (उ.प्र.), संस्करण 2016
2. यादव, चन्द्रशेखर, जल और हमारा भविष्य, वंदना पब्लिकेशन नई दिल्ली, संस्करण 2016
3. शर्मा, शिवांशु, पर्यावरण संकट के हल हेतु वैश्विक नीतियाँ, वरुण पब्लिकेशन्स नई दिल्ली, संस्करण 2016
4. सिंह, डॉ. निशान्त, आपदा प्रबन्धन, राधा पब्लिकेशन्स, दरियागंज नई दिल्ली, पहला संस्करण 2008
5. शुक्ल, प्रो. त्रिभुवन नाथ, प्रधान संपादक, पर्यावरणीय अध्ययन, म.प्र. हिन्दी ग्रन्थ अकादमी भोपाल, प्रथम संस्करण 2019
6. वर्मा, प्रो. धनंजय, प्रधान संपादक, पर्यावरण चेतना, म.प्र. हिन्दी ग्रन्थ अकादमी भोपाल, तृतीय संस्करण 2006
7. कृषक दूत पत्रिका, अंक 14, 27 अगस्त से 02 सितम्बर 2019, भोपाल (म.प्र.)
8. http://m.bharatdiscovery.org
9. www.drishtiias.com
10. www.hindi.indiawaterportal.org

****

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed / Peer Review Research Journal)
RNI No.- MPHIN/2013/60638, ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Scientific Journal Impact Factor (SJIF)- 7.671
April to June 2023, E-Journal, Vol. I, Issue XLII

जलवायु परिवर्तन का मानव स्वास्थ्य पर प्रभाव का भौगोलिक अध्ययन

डॉ. राजेश कुमारी*

* एसोसिएट प्रोफेसर (भूगोल) एफ.एल.टी.एम.एस.बी.पी. राजकीय कन्या महाविद्यालय, रेवाड़ी (हरियाणा) भारत

शोध सारांश –जलवायु परिवर्तन एक वास्तविकता है यह परिवर्तन प्राकृतिक व मानवीय दोनों कारणों से हो सकता है। यह परिवर्तन अल्पकालिक व दीर्घकालिक भी हो सकता है इसका प्रभाव प्रकृति व मानव पर स्पष्ट रूप से पड़ता है। यदि यह अल्पकालिक हो तो इसका दुष्प्रभाव अधिक हानिकारक होगा। वर्तमान में भू-मंडलीय जलवायु परिवर्तन विश्व समुदाय की सबसे बड़ी समस्या है। इस परिवर्तन से अतिवृष्टि, अनावृष्टि, तापमान वृद्धि, वायुदाब परिवर्तन, ऋतु चक्र में परिवर्तन, बाढ़, सूखा आदि वातावरणीय समस्या उत्पन्न होगी और इनका असर मानव स्वास्थ्य पर होगा। जलवायु परिवर्तन से मानव के लिये इष्टतम् तापमान की सीमा 250 के लगभग, टूट कर घट या बढ़ सकती है। अनुकूल आपेक्षिक आर्द्रता 40 प्रतिशत से परिवर्तित हो सकती है। ऋतु चक्र परिवर्तन से मानव का पाचनतंत्र प्रभावित होता है तथा अन्य विभिन्न प्रकार के रोगों की उत्पत्ति होती है। पर्यावरण में सूक्ष्म जीवों का प्रादुर्भाव होता है और रोगों की विविधता बढ़ती जाती है। ऋतु परिवर्तन के साथ चिकित्सालयों में बढ़ते रोगियों की संख्या इसका उदाहरण है।

प्रस्तावना –परिवर्तन प्रकृति का नियम है, तो जलवायु परिवर्तन भी एक वास्तविकता है। विगत कालों में जलवायु परिवर्तन हुये हैं; वर्तमान समय में जलवायु परिवर्तन हो रहा है तथा भविष्य में परिवर्तन होगा। जलवायु में संभावित परिवर्तन मंद गति से क्रमश: हो सकता है, त्वरित एवं प्रलयकारी हो सकता है, यह सामयिक, असामयिक, अल्पकालिक या दीर्घकालिक हो सकता है। यह स्थानीय या प्रादेशिक या भूमण्डलीय स्तर पर हो सकता है। जे.ई. हाब्स (1980) ने प्रतिपादित किया है कि 'विश्व की जलवायु में भूत में परिवर्तन हुये हैं, अब भी परिवर्तन हो रहे हैं तथा भविष्य में भी परिवर्तन होंगे।'

जलवायु परिवर्तन में जलवायु (मौसम) के तत्वों-सूर्यताप, सूर्य प्रकाश, आर्द्रता, वर्षा, पवनें, मेघ, वायुदाब आदि में असंतुलन या न्यूनाधिकता की दशा उत्पन्न होती है। इस असंतुलन से वायुमण्डलीय तापमान में तीव्र वृद्धि, ऋतुचक्र में परिवर्तन, अतिवृष्टि, अनावृष्टि, सूखा, बाढ़, भारी बर्फवारी, चक्रवात, प्रतिचक्रवात एवं तूफान जैसी आपदाएँ घटित हो सकती हैं। 20वीं शताब्दी में 1991-2000 विश्व के अभिलेखित तापमान के इतिहास में सर्वाधिक गर्म दशक रहा है। इस समय तक 2005 सर्वाधिक गर्म वर्ष रहा है। भूमण्डलीय स्तर पर 2004-05 में भारी बर्फबारी होना, 16-17 जून 2013 में उत्तराखण्ड के केदारनाथ में बादलों का फटना जलवायु परिवर्तन से उत्पन्न आपदाओं के बानगी हैं। ये परिवर्तन प्राकृतिक कारकों के साथ मानवीय कारकों से भी होते हैं। परिवर्तन के लिये खगोलीय सिद्धांत, महाद्वीपीय विस्थापन, सौर विकिरण में परिवर्तन, सौर कलंक सिद्धांत आदि प्राकृतिक कारक क्रियाशील हैं तो दूसरी ओर तीव्र औद्योगीकरण, जीवाश्म ईंधनों का दहन, वनों का कटाव, संसाधनों का अंसतुलित उपभोग, दूषित जीवन शैली जैसे मानवीय क्रियाएँ महत्वपूर्ण सहकारक हैं। भूमण्डलीय जलवायु परिवर्तन विश्व समुदाय की सबसे बड़ी पर्यावरणीय समस्या है। इसका प्रत्यक्ष एवं सर्वाधिक कुप्रभाव मानव स्वास्थ्य पर पड़ेगा, क्योंकि जलवायु और मानव स्वास्थ्य का गहरा संबंध है।

उद्देश्य – अध्ययन के निम्नलिखित उद्देश्य हैं –

1. जलवायु परिवर्तन से उत्पन्न संभावित पर्यावरणीय समस्याओं का अध्ययन करना।
2. जलवायु परिवर्तन के लिये मानव की जबावदेही को स्पष्ट करना।
3. इस परिवर्तन का मानव स्वास्थ्य पर दुष्प्रभावों को स्पष्ट करना।
4. जलवायु परिवर्तन को रोकने के लिये मानवीय प्रयासों को संकेत करना।

उत्तम मानव-स्वास्थ्य के लिये अनुकूल दशाएँ –

तापमान – मानव के शारीरिक व मानसिक विकास के लिये आवश्यक है कि शीत ऋतु का तापमान 3.30 सेग्रे0 से कम तथा उष्णतम माह का ताप 17.70 सेंग्रे. से अधिक नहीं होना चाहिये। मानव के लिये इष्टतम तापमान (Optimun Temperature) की सीमा 250 सेंग्रे. के लगभग है।

आर्द्रता – उत्तम स्वास्थ्य के लिये आवश्यक है कि वायुमण्डल में प्राय: 60 प्रतिशत तक आपेक्षिक आर्द्रता अनुकूल होती है। आर्द्रता अधिक होने पर मानव स्वास्थ्य ठीक नहीं रहता। अत्यधिक कम आर्द्रता भी चिड़चिड़ापन एवं त्वचा में दरारें उत्पन्न करती है।

परिवर्तनशील मौसम – पवनों के कारण ताप में साधारण प्रकार का परिवर्तन मानसिक क्षमता व दक्षता हेतु श्रेष्ठ माना जाता है। जैसे कैलिफोर्निया का तटीय भाग या भारत में बसंत ऋतु का मौसम।

जलवायु परिवर्तन से उत्पन्न वायुमण्डलीय परिघटनाएँ एवं मानव-

स्वास्थ्य – जलवायु के प्रभाव इतने सूक्ष्म, व्यापक एवं विविधता पूर्ण होते हैं कि उनका पूर्ण रूपेण विश्लेषण करना एक जटिल कार्य है। सभ्यता की जलवायुवीय अवधारणा के अनुसार हम जो कुछ भी हैं उसका निर्माण धूप, वर्षा अथवा पवनों ने ही किया है। मानव एक चिन्तनशील एवं सृजनशील प्राणी है किन्तु उसकी यह शक्ति प्रकृति या जलवायु से श्रेष्ठ नहीं है। बल्कि उसकी शक्तियाँ जलवायु के अनुसार पल्लवित एवं पुष्पित होती हैं। जलवायु के प्रभाव तात्कालिक एवं दूरगामी होते हैं।

अतिवृष्टि एवं मानव स्वास्थ्य – अतिवृष्टि से नदी तटीय क्षेत्रों में बाढ़ की समस्या उत्पन्न होती है। नगरों में जल निकास की उचित व्यवस्था न होने से जल भराव का संकट उत्पन्न होता है। लाखों कच्चे मकान गिर जाते हैं या उनमें शीलन आ जाती है। लोग राहत शिविरों या शीलन युक्त मकानों में रहने को विवश होते हैं। बाढ़ ग्रस्त क्षेत्रों में शुद्ध पेय जल एवं खाद्यान्न की उपलब्धता बाधित हो जाती है। अतिवृष्टि से वायुमण्डल में आर्द्रता बढ़ जाती है। आर्द्रता वृद्धि मानव की कार्य क्षमता में कमी और रोगोत्पादक जीवाणुओं की गतिविधि में वृद्धि करती है, पुरानी बीमारियाँ पुन: बढ़ सकती हैं। आर्द्रता अधिक होने से त्वचा से उष्णता का नाश कार्य ठीक से नहीं हो पाता जिससे शरीर की आन्तरिक गर्मी से बेचैनी उत्पन्न होती है, पसीने के कारण शरीर से दुर्गन्ध आती है। आर्द्रता से भोज्य पदार्थ एवं अन्य वस्तुएँ शीघ्र संक्रमित हो जाती हैं, इनके उपयोग से मानव रोगग्रस्त हो जाता है। आर्द्रता बढ़ने से कीट प्रकोप बढ़ जाता है, जिससे मलेरिया, डेंगू, बुखार आदि का प्रकोप बढ़ जाता है। दूषित पेयजल पीने से उल्टी, दस्त एवं पेट संबंधी अन्य बीमारियाँ उत्पन्न होती है। बाढ़ आपदा प्रभावित लोगों पर आवास, भोजन एवं चिकित्सा तथा स्वास्थ्य संबंधी समस्याएँ हावी होगी।

अनावृष्टि एवं मानव स्वास्थ्य – जलवायु परिवर्तन से अनावृष्टि अर्थात सूखा की समस्या उत्पन्न हो सकती है। मानव को पेयजल की कमी होगी, शरीर में पानी की कमी मानव को मृत्यु के निकट ला देती है। सूखे का सीधा असर कृषि उत्पादकता पर पड़ता है जिससे खाद्यान्न समस्या उत्पन्न होगी मानव के पोषण स्तर में कमी आयेगी और मानव के स्वास्थ्य का स्तर अवनत होगा। कृषि हेतु पानी की मांग बढ़ेगी और जल स्तर गिरेगा तथा जल संकट की समस्या उत्पन्न होगी। जल के बिना मानव जीवन असंभव है।

तापवृद्धि एवं मानव स्वास्थ्य – जलवायु परिवर्तन से वायुमंडल के तापमान में तीव्र वृद्धि दर्ज की जा रही है। यह तापीय अधिकता मानव स्वास्थ्य पर सीधा प्रहार करती है। जब गर्मी अधिक पड़ती है तो शरीर को उष्णता से बचाने के लिये शरीर से अधिक पसीना निकलता है जिससे त्वचा रोग– फोड़े, फुन्सियाँ, घमौरी आदि बीमारी होती हैं। अधिक गर्मी के प्रभाव से नाक से खून बहना, लू लगना, रक्तचाप में वृद्धि, पाचन शक्ति में कमी, रक्ताल्पता, कार्य क्षमता में कमी, शरीर में तृष्णा, क्षुधानाश, अनिद्रा, अवसाद, नेत्र रोग आदि उत्पन्न होते हैं। भीषण गर्मी से ताप अपस्मार, ताप ज्वर, सिकंजा और ताप शांति आदि रोग होना प्रारंभ हो जाते हैं।

सूर्य प्रकाश की तीव्रता भी हानिकारक होती है। इससे लू लगती है, ज्वर आता है, त्वचा रोग, सिर दर्द, चक्कर, बेहोशी, उल्टी और आँखों पर बुरा प्रभाव पड़ने लगते हैं। तापक्रम बढ़ने से मक्खियों, मच्छरों एवं जीवाणुओं में वृद्धि होती हैं, इससे मलेरिया, काला ज्वर जैसे रोग फैलते हैं।

जलवायु परिवर्तन की वर्तमान गति से आगामी 15–20 वर्षो में वातावरण में तापमान दो गुने होने की संभावना है। इससे ध्रुवों पर बर्फ पिघल सकती है, समुद्रों का जलस्तर बढ़ सकता है, समुद्री पारिस्थितिकी नष्ट हो सकती है और तटीय लोगों के रोजगार और भोजन की समस्या उत्पन्न होगी। गर्मी बढ़ने से वर्षा में वृद्धि होगी और अतिवृष्टि की समस्या और मानव स्वास्थ्य प्रभावित होगा। आंतरिक मैदानी भागों में, तापमान वृद्धि से पौधों में प्रकाश संश्लेषण की क्रिया बाधित होगी, वाष्प उत्सर्जन क्रिया तीव्र होगी, वृक्ष एवं पौधे मुरझा जायेंगे, पौधों में पुष्प एवं फल लगने की क्रिया बंद हो जायेगी मानव को पोषण संकट झेलना पड़ेगा, मानव की खाद्य श्रृंखला नष्ट हो सकती है और मानव के स्वास्थ्य में गिरावट आयेगी। उष्ण–आर्द्र जलवायु में एंथ्रेक्स, टायफाइड, कुष्ठ रोग, डेंगू, बर्डफ्लू, इन्फ्लूएन्जा जैसे रोगों की बढ़ने की संभावना रहती है।

वायुदाब परिवर्तन एवं मानव स्वास्थ्य – तापमान की उग्रता व न्यूनता से वायुदाब परिवर्तित होता है वायुदाब में अन्तर एवं प्रवणता के अनुसार पवनें, तूफान, चक्रवात, प्रति चक्रवात जैसी घटनाएँ होती हैं। वायुदाब में सहसा कमी आने से मानसिक थकान, चिड़चिड़ापन, सिरदर्द, नींद की कमी, सांस की गति में वृद्धि, हीमोग्लोबिन का गाढ़ापन, हृदय धड़कन के बढ़ने की शिकायत हो सकती हैं। वायुदाब घटने से मानव शरीर में स्थिति वायु द्वारा बाहर की ओर डाले गये बाह्य दाब एवं वायुमण्डल द्वारा अन्दर की ओर डाले गये दाब के बीच असंतुलन से मनुष्य के नाक–कान से खून आने लगता है तथा घुटन बढ़ने लगती है। चक्रवातों के केन्द्र में न्यून दाब की दशा उत्पन्न होती है। इनके अग्र एवं पश्च भागों में मूसलाधार बारिश होती हैं एवं तीव्र पवने चलती हैं इससे अपार जन–धन की हानि होती है। वायुमण्डलीय विक्षोभों से पृथ्वी के कई क्षेत्रों में भारी बर्फबारी होती है, तापमान गिर जाता है और मानव जीवन तबाह हो जाता है।

वायुदाब की अधिकता में ऑक्सीजन, नाइट्रोजन एवं कार्बन–डाइ–ऑक्साइड गैस रक्त में अधिक अवशोषित होते हैं, जिससे अधिक ऑक्सीजन के कारण मानसिक आक्षेप (Convulsions), अधिक नाइट्रोजन के कारण मानसिक कार्यक्षमता की कमी व संज्ञा लोप (Loss of Consciousness), बेहोशी आदि तथा अधिक कार्बन–डाई–ऑक्साइड से स्वापक स्थिति (Nascotic Condition) जिसमें नींद की प्रचुरता जैसे रोगों की शिकायत हो सकती है।

ऋतु चक्र में असामयिक परिवर्तन एवं मानव स्वास्थ्य – मनुष्य के शरीर में समय एवं परिस्थिति के अनुसार अनुकूलन क्षमता होती है। प्रतिदिन, प्रतिमाह और प्रतिवर्ष वातावरण एवं ऋतुओं में जो परिवर्तन होते हैं उसी के अनुसार मानव का शरीर भी साध्य हो जाता है। अनुकूलन हेतु समय की आवश्यकता होती है। अनुकूलन की अवधि अभ्यास, रहन–सहन, खानपान और शारीरिक शक्ति पर निर्भर होती है।

जब मानव लंबे समय तक किसी विशेष जलवायु वाले स्थान पर रहता है तो वह समय के साथ ही वहाँ अनुकूल कर लेता है। किन्तु जब अल्पावधि में जलवायु परिवर्तित हो जाती है या ऋतुएँ अचानक एवं असामयिक रूप से बदलती है तो मानव को शारीरिक कष्ट सहन करना पड़ता हैं, शरीर में अनेक विकार उत्पन्न हो सकते हैं, पाचन तंत्र प्रभावित हो सकता है और शरीर को विविध रोग लग सकते हैं। मौसम एवं ऋतुओं के बदलाव होते ही गाँव से लेकर शहरों तक मौसमी रोगों के इलाज हेतु चिकित्सालयों में बढ़ती भीड़ इसके उदाहरण हैं।

मानव एवं उसके उत्तरदायित्व – प्रकृति न तो पारसमणि है न ही मूकदर्शक। उसे बदला लेना आता है और जब वह बदला लेती है तो जमकर लेती है। यह स्पष्ट है कि आज का जो पर्यावरणीय संकट हमारे सामने गुर्रा है वह हमारे

ग्रह के भविष्य को गंभीर रूप से बदल देगा। यह संकट हमारे लिये नई-नई चुनौतियाँ प्रस्तुत कर सकता है। बाढ़, सूखा, पेयजल संकट, खाद्यान्न संकट, स्वास्थ्य संकट हमारे लिये चुनौती हो सकती हैं। यदि हम मानते हैं कि इन संकटों में कहीं हमारा भी हाथ है तो निश्चित रूप से हमें हमारे वेदों-पुराणों की ओर लौटना पड़ेगा जिससे हम एवं हमारी पीढ़ियाँ स्वस्थ रह सकें।

हमारे वेदों में पृथ्वी, जल, अग्नि, आकाश, सूर्य, वायु, वनस्पति एवं गाय आदि को माँ, पिता, पुत्री, बन्धु, देवता की तरह स्वीकार कर सुपूजित किया गया है। पुराणों में जीवन के पाँच तत्व पृथ्वी, जल, अग्नि, वायु और आकाश माने गये हैं इनसे ही समस्त सृष्टि की उत्पत्ति स्वीकार की गई हैं अथर्ववेद के पृथ्वी सूक्त में ऋषियों ने कहा हैं - 'हे! धरती माँ, जो कुछ मैं तुमसे लूँगा वह उतना ही होगा जिसे तू पुन: पैदा कर सके। तेरे मर्म स्थल पर या तेरी जीवन शक्ति पर कभी आघात नहीं करूँगा।'

जलवायु परिवर्तन की दशा में मानव स्वास्थ्य की सुरक्षा हेतु उपाय -

- जलवायु परिवर्तन से उत्पन्न आपदाओं के प्रभावों को कम करने के लिये आपदा प्रबंधन की अधोसंरचना को विस्तृत एवं आधुनिक करने की नितांत आवश्यकता है।
- मानव संसाधन का विकास समसामयिक रूप से किया जाना चाहिए माध्यमिक शिक्षा में आपदा प्रबन्धन एक विषय के रूप में रखने की आवश्यकता है।
- देश की वर्तमान ग्रामीण एवं शहरी स्वास्थ्य अधोसंरचना एवं सुविधाओं में गुणवत्ता पूर्ण सुधार एवं विस्तार की नितान्त आवश्यकता है जिससे पर्यावरणीय आपदाओं से गिरते स्वास्थ्य स्तर को ऊपर उठाया जा सके।
- मौसम के बदलते रूख को देखकर अनिवार्य है कि संकटों के आने के पूर्व ग्रामों एवं नगरों में जल संरक्षण के साथ जल निकास एवं अपशिष्ट निस्तारण की उन्नत व्यवस्था करें।
- नदी तटीय एवं पर्वतीय क्षेत्रों में आवास निर्माण पर पूर्णत: प्रतिबंध हो।
- देश में वर्तमान के खाद्यान्न भण्डारण की व्यवस्था को उन्नत एवं विस्तृत करने की आवश्यकता है।
- संतुलित औद्योगीकरण से जलवायु परिवर्तन की तीव्रता में कमी लायी जा सकती है।
- वीरान अनुपजाऊ भूमि में भू-स्वामियों द्वारा अनिवार्यत: वृक्षारोपण एवं उसकी रक्षा किया जाना चाहिये, सरकार द्वारा इसमें सहयोग वांछित है।
- वनों की वर्तमान सुरक्षा व्यवस्था को सुधारने की आवश्यकता है।
- हम विलासिता पूर्ण जीवन शैली से हटकर सादगीपूर्ण जीवन से उत्तम स्वास्थ्य को प्राप्त कर सकते हैं।

उपसंहार - अत: मानव स्वास्थ्य की रक्षा तथा आगामी पीढ़ियों को स्वस्थ्य प्रकृति की उपहार देने के लिये पर्यावरण से मित्रवत व्यवहार आवश्यक है। संपोषित विकास ही हमारा लक्ष्य हो हमारी जीवन शैली सादगी पूर्ण एवं पर्यावरण के अनुकूल हो। हम पर्यावरण से मित्रवत व्यवहार रखें न कि दास की तरह। हम कुपोषित विकास की संदूषित भावना का निस्तारण कर संपोषित विकास करें।

संदर्भ ग्रंथ सूची :-

1. 'योजना' पत्रिका, अंक 3 मार्च 2012, नई दिल्ली।
2. खत्री, हरीश कुमार (2012), स्वास्थ्य भूगोल, कैलाश पुस्तक सदन, भोपाल।
3. सिंह, रविन्द्र (2011), पर्यावरण भूगोल, प्रयाग पुस्तक भवन, इलाहाबाद।
4. सिंघई, जी.सी. (2010), चिकित्सा भूगोल, वसुन्धरा प्रकाशन गोरखपुर।
5. लाल, डी.एस. (2008), जलवायु विज्ञान, शारदा पुस्तक भवन, इलाहाबाद।
6. जोशी, रतन (2005), पर्यावरण अध्ययन, साहित्य भवन पब्लिकेशन्स, आगरा।
7. चतुर्वेदी, पुरूषोत्तम भट्ट (2004), पर्यावरण चेतना, म.प्र. हिन्दी ग्रन्थ अकादमी, भोपाल।
8. चौबे, कैलाश, (2001), स्वास्थ्य/चिकित्सा भूगोल, म.प्र. हिन्दी ग्रन्थ अकादमी, भोपाल।
9. आर्य, सत्यदेव, (2000), स्वास्थ्य विज्ञान, राजस्थान हिन्दी ग्रन्थ अकादमी, जयपुर।

****

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed / Peer Review Research Journal)
RNI No.- MPHIN/2013/60638, ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Scientific Journal Impact Factor (SJIF)- 7.671
April to June 2023, E-Journal, Vol. I, Issue XLII

Sports as a Cultural and Social Phenomenon

Dr. Mamta*

***Associate Professor (Physical Education) Ismail National Mahila P.G. College, Meerut (U.P.) INDIA**

Introduction - In recent years, philosophy has begun to make its way into the field of Physical Education—though not as quickly as in disciplines like psychology, sociology, or pedagogy. Traditionally, physical education was centered around practical knowledge and skill-building. But today, the conversation has shifted. There's now growing interest in the deeper values and meanings embedded in physical activity.

This paper argues that physical education is not just a set of physical routines, but also a form of art. It plays a powerful role in shaping young minds by nurturing both aesthetic and ethical values. Through critical reflection, we'll explore how physical education—when viewed through the lens of beauty, grace, and moral integrity—emerges as a truly artistic and value-driven educational experience.

Keywords – Culture, Society, Identity, Tradition, Ritual.

Physical Education As An Art: Art is often defined as doing something beautifully, with imagination and feeling. When people move with elegance, creativity, and control, we often refer to them as artists. Think of a perfect dive into a pool or a gymnast performing a flawless routine—such movements can evoke deep emotional responses, just like a beautiful painting or a moving piece of music.

These feelings are sparked through our senses: our eyes, ears, skin, and even our body's awareness of movement (called kinesthetic perception). In sports, for example, kinesthetic awareness helps us sense changes in body position, balance, and motion. When movement is performed gracefully and with intention, it becomes more than just physical action—it becomes art.

In this light, both the athlete and the teacher are artists. The athlete expresses beauty through motion, while the teacher creates an inspiring environment that nurtures that expression. The teacher's imagination, creativity, and vision are just as vital as the performer's grace and skill.

Two core principles of art—form and organization—are also central to physical education. Good form involves movements that are strong, flexible, and fluid. Organization reflects the creativity in structuring routines, adapting to individual differences, and expressing ideas through movement. Together, they make physical education a field rich in artistic value.

Physical Education And Aesthetic Development: Aesthetics, the branch of philosophy dealing with beauty and taste, is deeply connected to sports and physical activity. In athletic contexts, beauty is often linked to efficiency, fluidity, and control. Sports like gymnastics, figure skating, and diving are judged specifically for their artistic elements—grace, form, and elegance.

Physical activity plays a crucial role in aesthetic education. It provides a powerful way to experience and express beauty—not just through appearance, but through emotion, discipline, and creativity. As sports have evolved, they've become a major part of cultural and social life. Today, millions of people engage in activities not only for health or competition, but also for the joy and satisfaction that movement brings.

As athletes grow in skill, their performances become more refined and expressive. High-level competitions often carry a strong emotional charge—moments of tension, drama, and triumph that captivate both participants and spectators. Sports, in this way, reflect human ideals: striving for excellence, overcoming challenges, and expressing oneself fully.

